श्री सहजानन्द शास्त्रमाला

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

परमपूज्य श्रीमत्कुन्दकुन्दाचार्यदेव प्रणीत

समय-सार

एवं उस पर

परमपूज्य श्रीमदमृतचन्द्रसूरिविरचित संस्कृत टीका

आत्मख्याति

तथा दोनों पर

अध्यात्मयोगी न्यायतीर्थ गुरुवर्य सहजानन्द (मनोहर जी वर्णी) महाराज
द्वारा विरचित

सप्तदशाङ्गी-टीका

प्रकाशक—

श्री भारतवर्षीय वर्णी जैन साहित्य मन्दिर

१५-प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर (उ०प्र०)

प्रति ११००
सन् १९९५ ई०

लागत मूल्य ६०/

समयसार महिमा

सभी जीव शाश्वत शान्ति चाहते हैं और एतदर्थ ही भरसक प्रयत्न करते हैं। जो जीव विषय भोगोंमें ही आनन्द मानते हैं और विषय भोगोंके बाधक निमित्तोंसे द्वेष एवं कलह करके शान्ति प्राप्त करना चाहते हैं, उन जीवोंकी तो इसमें चर्चा ही नहीं करना है। जो अलौकिक उपायोंसे शान्तिका मार्ग ढूँढते हैं, उनकी ही कुछ चर्चाओं के बाद परिणामस्वरूप हितकर प्रकृत बातपर आना है।

कुछ विवेकी महानुभावोंकी धारणा है :—कि जिस परम ब्रह्म परमेश्वरने अपनी सृष्टि की है उस परम पिता परमात्माकी उपासनासे ही दुःखोंसे मुक्ति हो सकती है।

कुछ विवेकी महानुभावोंकी धारणा है :—कि प्रकृति और पुरुषमें एकरसता सम्बन्ध होनेसे ही क्लेश एवं जन्म-परम्परा हुई है, सो प्रकृति और पुरुषका भेदज्ञान कर लेनेसे ही क्लेश एवं जन्म-परम्परासे मुक्ति मिल सकती है।

कुछ विवेकी महानुभावोंकी धारणा है कि :—क्षणिक चित्तवृत्तियोंमें जो आत्मा माननेका भ्रम है इस आत्मभ्रमसे सारा क्लेश है, सो आत्माका भ्रम समाप्त कर देनेसे ही निर्वाण प्राप्त हो सकता है।

कुछ विवेकी महानुभावोंकी धारणा है कि :—आत्मा तो शाश्वत निर्विकार है। उसमें विकारका जब तक भ्रम है तब तक जीव दुःखी है, विकारका भ्रम समाप्त होनेसे ही जीव शान्ति प्राप्त कर सकता है।

कुछ विवेकी महानुभावोंकी धारणा है कि :—दुष्कर्मोंसे ही जीव सांसारिक यातनाएँ सहता है, और यातनाओंसे मुक्ति पाना सत्कर्म करनेसे ही सम्भव है।

और कुछ विवेकी महानुभावोंकी धारणा है कि :—विकल्पात्मक विविध उपयोगोंसे ही जीवका संसार परिभ्रमण चल रहा है। इस भवभ्रमणकी निवृत्ति निर्विकल्प समाधिसे ही हो सकती है।

इत्यादि प्रज्ञापूर्ण अनेक धारणाएँ हैं। इनमेंसे किसी भी धारणाको असत्य नहीं कहा जा सकता और यह भी नहीं कहा जा सकता कि इसमें कोई भी धारणा किसी दूसरेके विरुद्ध है। इन सब धारणाओंका जो लक्ष्य है वह सब है एक "समयसार"।

एक समयसार के यथार्थ परिज्ञानमें उक्त समस्त उपाय गर्भित हैं। एक समयसारके परिज्ञानसे उक्त सब उपाय कैसे प्रफलित हो जाते हैं यह बात अभिधेय समयसारके यत्किंचित् अभिधानके पश्चात् कहीं तो विशद उक्तियों-में और कहीं फलितार्थरूपमें प्रकट हो ही जावेंगी। अतः अन्य कोई विस्तृत विवेचन न करके अब समयसारके सम्बन्धमें ही संक्षिप्त प्रकाश डाला जाता है।

समयसार का अर्थ

समय शब्दके दो अर्थ हैं :—१-समस्त पदार्थ, २-आत्मा। इसमें अर्थात् समस्त पदार्थोंमें अथवा आत्मामें जो सार हो वह समयसार कहलाता है। 'सम्—एकीभावेन स्वगुणपर्यायान् गच्छति' इस निरुक्तिसे समय शब्दका अर्थ समस्त पदार्थोंमें घटित होता है; क्योंकि सभी पदार्थ अपने-अपने ही गुण पर्यायोंको प्राप्त हैं। 'सम्—एकत्वेन युगपत् अयते गच्छति, जानाति' इस निरुक्तिसे समय शब्दका अर्थ आत्मा होता है, क्योंकि आत्म—पदार्थ ही जानने वाला है और उसका स्वभाव सर्व पदार्थोंको एकत्वरूप अर्थात् केवल उसका सत्तात्मक बोध एक साथ जानने का है।

अब सब पदार्थोंमें सार कहो तो वह आत्मा नामका पदार्थ है और उसमें भी निरपेक्ष, शाश्वत, सहज, एक स्वरूप आत्मस्वभाव (चैतन्य स्वभाव) की दृष्टिसे दृष्ट आत्म-तत्व सार है। इसी प्रकार दूसरी निरुक्तिसे भी यही समयसार वाच्य है। समयसार के अपर नाम—ब्रह्म, परम-ब्रह्म, परमेश्वर, कारण परमात्मा, जगत्पिता,

शुद्धचेतन, परम-पारिणामिक भाव, शुद्धचेतना, सर्वविशुद्ध, चिन्मात्र, चैतन्य, प्रभु, विभु, अद्वैत, विष्णु, ब्रह्मा, परमज्योति और शिव इत्यादि अनेक हैं।

यह समयसार अजर, अमर, अविकार शुद्ध, बुद्ध, नित्य, निरंजन, अपरिणामी, ध्रुव, अचल, एक-ज्ञायक-स्वरूप अंतरसनिर्भर, सहजानन्दमय, चिन्मात्र, सहजसिद्ध, अकलंक, सर्वविशुद्ध, ज्ञानमात्र, सच्चिदानन्द स्वरूप इत्यादि अनेक द्वार से सम्वेद्य है।

वस्तु-व्यवस्था

समयसारके विशद परिज्ञानका उपाय भेद-विज्ञान है। अनेक पदार्थोंको स्व स्व लक्षणोंसे पृथक्-पृथक् नियत कर देना और उनमें से उपादेय पदार्थको लक्षित और उससे समस्त पदार्थोंको उपेक्षित कर देनेको भेद-विज्ञान कहते हैं। प्रकृत भेद-विज्ञानके लिए आत्म-अनात्मस्वरूप समस्त पदार्थोंका जान लेना प्रथम आवश्यक है। इस जानकारीके लिए समस्त पदार्थ कितने हैं यह जानना आवश्यक है। इस जानकारीके लिये आखिर एक पदार्थ होता कितना है यह भी जानना आवश्यक है।

एक परिणमन जितने पूरेमें होना ही पड़े और जितनेसे बाहर त्रिकालमें भी कभी न हो सके, उतनेको एक पदार्थ कहते हैं। जैसे—विचार, सुख, दुख, अनुभव आदि कोई परिणमन मेरा, केवल मेरे आत्मामें, व वह भी समस्त प्रदेशोंमें होता है और मेरे आत्म-प्रदेशोंसे बाहर अन्यत्र कभी नहीं हो सकता। इसलिए यह मैं आत्मा एक पदार्थ हूं। इसी प्रकार सब आत्मा हैं। इस तरह विश्वमें अक्षय अनन्तानन्त आत्मा हैं। दृश्यमान स्कंधोंमें जो कुछ दीखता है वह एक एक नहीं है; क्योंकि जलनेसे या अन्य हेतुओंसे या समय व्यतीत होनेसे उस एक पिण्डमें एक जगह तो रूप-परिवर्तन और तरह देखा जाता है; किन्तु वह परिवर्तन सर्वत्र नहीं होता। इसी प्रकार रस, गन्ध, स्पर्श में भी विविधता देखी जाती है। एक पदार्थका जो लक्षण है उसके अनुसार यह निर्णीत होता है कि इन पिण्डोंमें एक एक परमाणु करके अनन्त परमाणु हैं और वे एक-एक द्रव्य हैं। क्योंकि एक पदार्थका लक्षण इनमें घटित हो जाता है। इस तरह जब दृश्यमान छोटे से पिण्डमें अनन्त परमाणु हैं तब समस्त विश्वमें तो अक्षय अनन्तानंत परमाणु हैं। यह सुसिद्ध बात है। इन परमाणुओं को पुद्गल कहते हैं; क्योंकि इनमें पूर पूर कर एक पिण्ड होनेकी व गल-गलकर पुनः बिखरनेकी योग्यता है। अनन्तानन्त जीव व अनन्तानन्त पुद्गलद्रव्योंके चलनेमें जो उदासीन सहायक द्रव्य है, वह धर्मद्रव्य है, और वह एक है। अनन्तानन्त जीव व अनन्तानन्त पुद्गलद्रव्य के चलकर ठहरनेमें जो उदासीन सहायक द्रव्य है, वह अधर्मद्रव्य है, वह भी एक है। समस्त जीव व पुद्गल, धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य आदि समस्त द्रव्योंके अवगाह का जो उदासीन हेतु है ऐसा आकाश एक द्रव्य है। इन सबके परिणमनका जो उदासीन हेतुरूप है वह काल द्रव्य है। काल द्रव्य असंख्यात हैं। वे लोकाकाश (जितने आकाशमें सब द्रव्य हैं) के एक एक प्रदेशपर एक एक स्थित हैं। आकाश द्रव्य एक है। इस प्रकार अनन्तानन्त आत्मा, अनन्तानन्त पुद्गल, एक धर्म द्रव्य, एक अधर्म द्रव्य, एक आकाश द्रव्य व असंख्यात काल द्रव्य ऐसे अनन्तानन्त पदार्थ है।

समयसारके परिज्ञानके लिए अब अनन्तानन्त पदार्थोंमें से एक आत्मा स्वके रूपमें और अवशिष्ट अन्य अनन्तानन्त आत्मा, अनन्तानन्त पुद्गल, एक धर्म द्रव्य, एक अधर्म द्रव्य एक आकाश द्रव्य, असंख्यात काल द्रव्य इन सबको परके रूपमें जानना चाहिये। इसके अनन्तर उस एक आत्मामें भी उन सभी गुण व सभी पर्यायोंकी दृष्टि गौण करके सनातन एक चैतन्य स्वभाव की दृष्टि करनी चाहिये।

आवश्यक व ज्ञातव्य दृष्टियां

समयसारके परिज्ञानके लिए समयसार व समयसारसे भिन्न समस्त परभाव का जानना आवश्यक है और आवश्यक है उन समस्त परभावोंसे हटकर एक समयसारका ही उपयोग करना। एतदर्थ वह सब परिज्ञान अनेक दृष्टियोंसे आवश्यक होता है। अतः संक्षेपमें आवश्यक दृष्टियोंका वर्णन किया जाता है। इसके पश्चात् समयसार ग्रन्थमें वर्णित विषयोंका संक्षेप सारांश प्रकट किया जायगा। दृष्टिके अपर नाम नय, अभिप्राय, आशय, मत इत्यादि

अनेक हैं। इनमें प्रसिद्ध शब्द नय है। नय के मुख्य भेद दो हैं (१) निश्चयनय (२) व्यवहारनय। एक पदार्थके ही जाननेको निश्चनय कहते हैं। अनेक या अन्यके निमित्तसे होने वाले कार्य व्यपदेश आदिके जाननेको व्यवहारनय कहते हैं। चूंकि पदार्थोंको केवल भी जाना जा सकता है, संयुक्त या सहयोगी भावों द्वारा भी जाना जा सकता है, इसलिये नयोंकी द्विविधता होना प्राकृतिक बात है।

अथवा पदार्थोंको भेदरूपसे जाननेको व्यवहार कहते हैं और अभेदरूपसे जाननेको निश्चयनय कहते हैं। निश्चयनय एक व अभेद अथवा एक या अभेदको जानता है, व्यवहारनय अनेक व भेद अथवा अनेक या भेदको जानता है। इस कारण कितने ही निश्चयनय उसके सामने अन्य अन्तरंगकी दृष्टि प्राप्त होनेपर व्यवहारनय हो जाते हैं और कितने ही व्यवहारनय उसके सामने अन्य अधिक बहिरंग की दृष्टि प्राप्त होने पर निश्चयनय हो जाते हैं। फिर भी माध्यम द्वारा नयोंका संक्षिप्त विस्तार किया जाता है :—

निश्चयनयके परमशुद्धनिश्चयनय, विवक्षितैकदेशशुद्ध निश्चयनय, शुद्ध निश्चयनय, और अशुद्ध निश्चयनय आदि भेद हैं। व्यवहारनयके उपचरित असद्भूत व्यवहार, अनुपचरित असद्भूत व्यवहार, उपचरित सद्भूत व्यवहार और अनुपचरित सद्भूत व्यवहार आदि भेद हैं।

परम शुद्ध निश्चयनय—परिणमन व शक्तिभेद (गुण) की दृष्टि गौण कर एक स्वभावमय पदार्थको जानना परमशुद्ध निश्चयनय है; जैसे आत्मा चित्स्वरूप है। इसी नय का विषय समयसार है।

विवक्षितैकदेशशुद्ध निश्चयनय—उपादेय तत्वको शुद्ध निरखकर विकारका उपाधिसे सम्बन्ध जाननेको विवक्षितैकदेशशुद्ध निश्चयनय कहते हैं; जैसे रागादि औपाधिक हैं। यह आशय अशुद्ध निश्चयनयकी मुख्यता होने पर व्यवहारनय हो जाता है।

शुद्ध निश्चयनय—शुद्धपर्यायपरिणत पदार्थके जाननेको शुद्ध निश्चयनय कहते हैं जैसे सिद्ध प्रभु शुद्ध हैं।

अशुद्ध निश्चयनय—अशुद्धपर्यायपरिणत पदार्थके जाननेको अशुद्ध निश्चयनय कहते हैं। जैसे रागादि मान् संसारी जीव हैं।

उपचरित असद्भूत व्यवहारनय—अन्य उपाधिके निमित्तसे होने वाले प्रकट परभावको निमित्तसे उपचरित करना उपचरित असद्भूत व्यवहारनय है जैसे—अनुभूत विकारभाव पुद्गल कर्मके कारण जीवमें हुए हैं।

अनुपचरित असद्भूत व्यवहारनय :—अन्य उपाधिके निमित्तसे होने वाले सूक्ष्म (अप्रकट) विकारको कहना अनुपचरित असद्भूत व्यवहार नय है, जैसे औपाधिक अवुद्धिगत जीवके विकार भाव।

उपचरित सद्भूत व्यवहारनय :—उपाधि के क्षयोपशम से प्रकट होने वाले जीव के गुणों का विकास उपचरित सद्भूत व्यवहारनय है, जैसे जीव के मतिज्ञान।

अनुपचरित सद्भूत व्यवहारनय—जीवके निरपेक्ष आदिक स्वभाव-भावको गुण-गुणीका भेद करके कहना अनुपचरित सद्भूत व्यवहार नय है, जैसे जीवके ज्ञानादि गुण।

इस प्रकार अन्तरंगसे बहिरंगकी ओर, बहिरंगसे अन्तरंगकी ओर अभिप्रायोंका आलोडन विलोडन करके समय (आत्मा) का सम्यक् प्रकारसे निश्चय किया जाय और पश्चात् अनेक निश्चयनयोंमें से निकल कर परम शुद्ध निश्चयनयका अवलम्बन करके समयसारका परिज्ञान किया जावे और फिर परमशुद्धनिश्चयनयके आश्रयसे भी सहज छूटकर समयसारका अनुभव किया जावे।

समयसारका विषय विभाग

समयसार आत्मतत्त्वकी विवेचनाका अनुपम ग्रन्थ है। इस ग्रन्थका प्राकृत भाषामें नाम "समयपाहुड" है, जिसका संस्कृतानुवाद है समयप्राभृत। प्राभृतका अर्थ भेंट भी होता है जिससे यह ध्वनित हुवा कि समय अर्थात् शुद्ध आत्मतत्वकी जिज्ञासा करने वाले मुमुक्षु समयसार (कारणपरमात्मा या निर्दोषपरमात्मा) राजाके दर्शन करनेके लिये उद्यम करे तो इस भेंटका (ग्रन्थका) उपयोग करें। यदि कोई यह जानना चाहे कि जैन सिद्धान्तमें वर्तमान सर्व-

प्रमुख व्यवहारोपयोगी ग्रन्थ कौन है तो यह निःशंक कहा जा सकता है कि एक तत्त्वार्थ-सूत्र और दूसरा समयसार। ये दो ग्रन्थ प्रमुख लोकोपयोगी हैं। समयसारमें तो आत्म-तत्त्व विषयक सुविवेचना है और तत्त्वार्थसूत्रमें पदार्थकी विविध विषयक सुविवेचना है।

समयसार ग्रन्थका प्रतिपाद्य विषय विस्तृत है। अतः इसके मूलकर्ता (गाथाकार) पूज्य श्रीमत्कुन्दकुन्दाचार्य) की रचना इस प्रकार हुई है :—प्रारम्भ की १२ गाथा तो समयसारकी पीठिका है। पश्चात् मुख्य विषय जीवके स्वरूपका है सो जीवाधिकार आया। पश्चात् अजीवाधिकार आया। पश्चात् जीव-अजीवके बन्धनके मूल का अर्थात् कर्तृ-कर्म-भावका अधिकार आया। पश्चात् कर्तृकर्म भावके परिणाम स्वरूप अथवा संसारके प्रधान एक भाव निमित्तभूत पुण्यपापकर्मका अधिकार आया। पश्चात् पुण्यपापकर्मके द्वारभूत आस्रवका अधिकार आया। इसके पश्चात् आस्रवके विपक्षी अथवा मुक्तिके मूल उपायभूत संवरका अधिकार आया। पश्चात् संवरके होनेपर कार्यकारी एवं मोक्षके साधनभूत निर्जराका अधिकार आया। पश्चात् मोक्षके विपक्षभूत बन्धका अधिकार आया। पश्चात् मोक्षका अधिकार आया। पश्चात् मुक्ति के सर्व उपायोंके लक्ष्यभूत समयसारका विशुद्ध वर्णन करनेके लिए सर्वविशुद्ध ज्ञानाधिकार आया। अन्तमें इसी तत्त्वका तथा पूर्वमें उक्त व अनुक्त विषयोंका उपसंहार करने वाला परिशिष्ट रूप स्याद्वाद अधिकार आया।

इस प्रकार इस समयसार ग्रन्थमें (१) पीठिका (२) जीवाधिकार (३) अजीवाधिकार (४) कर्तृ-कर्माधिकार। (५) पुण्य-पापाधिकार (६) आस्रवाधिकार (७) संवराधिकार (८) निर्जराधिकार (९) बंधाधिकार (१०) मोक्षाधिकार (११) सर्वविशुद्ध ज्ञानाधिकार (१२) चूलिकाधिकार और (१३) स्याद्वादाधिकार आये। इन १३ अधिकारों में आत्मतत्त्व का वर्णन किया है। अद्यतन प्रसिद्धिके अनुसार पीठिका व जीवाधिकारका वर्णन एक धारामें होनेके हेतु इन दो अधिकारोंका एक पूर्वरंग ही जानेसे, व अजीवाधिकारमें ही विधि-निषेधके रूपमें जीवका वर्णन आ जानेके हेतु अजीवाधिकार हो जानेसे, तथा सर्वविशुद्ध ज्ञानाधिकार व चूलिकाधिकार का विषय भी एक धारामें चलने से एवं स्याद्वाद (परिशिष्ट) अधिकार समय प्राभृत ग्रन्थ के टीकाकार पूज्य श्री अमृतचन्द्रजी सूरि की स्वतन्त्र रचना होने से (१) पूर्वरंग (२) जीवाजीवाधिकार (३) कर्तृकर्माधिकार (४) पुण्य-पापाधिकार (५) आस्रवाधिकार (६) संवराधिकार (७) निर्जराधिकार (८) बंधाधिकार (९) मोक्षाधिकार (१०) सर्वविशुद्धज्ञानाधिकार। इस प्रकार १० अधिकार हैं।

अब समयसार ग्रन्थके उक्त अधिकारोंमें किस किस विषयका वर्णन है, इसपर संक्षेपमें प्रकाश डाला जाता है ताकि यह भी सुगमतासे जाननेमें आ सके कि हृदभावसे की गई अनेक ऋषियोंकी पूर्वोक्त विभिन्न आध्यात्मिक धारणाओंका लक्ष्य भी यही समयसार है; चाहे उनमें से किसीने उसपर लक्ष्य कर पाया हो या न कर पाया हो।

पीठिका

सर्व प्रथम समयसारके पूर्ण अनुरूप विकास अर्थात् सिद्ध प्रभुको नमस्कार करके समय (सामान्य आत्मा) का इस प्रकार संकेत किया है कि समयकी दो अवस्थायें होती हैं (१) स्वसमय (शुद्धावस्था) (२) परसमय (अशुद्धावस्था)। जो अपने दर्शन-ज्ञान-चरित्रमें स्थित हो, अर्थात् शुद्ध ज्ञान-दर्शनमय निज परमात्मतत्त्वकी रुचि, संवित्ति व निश्चल अनुभूतिसे परिणत हो, सो स्वसमय है और जो औपाधिक भावोंमें स्थित हो सो परसमय है। ये दोनों अवस्थायें जिस एक पदार्थकी हैं वह समय है। अन्य सर्व परपदार्थोंसे, सर्व पर्यायोंसे भिन्न देखा गया, केवल यही समय समयसार कहलाता है।

संसारी जीवोंने इस समयसारकी दृष्टि नहीं की। इसी कारण इसे जीवलोकमें आपत्तियोंका भाजन होना पड़ा है। इस समयसारका वर्णन करनेके पहले ग्रन्थकर्ता श्रीमत्कुन्दकुन्दाचार्य स्वयं कहते हैं कि इस समयसार (एकत्व विभक्त आत्मा) को आत्मविभव द्वारा दिखाऊँगा, यदि दिखा दूँ तो स्वयं अपने विभवसे प्रमाण करना, यदि दिखानेमें चूक जाऊँ तो छल ग्रहण नहीं करना। दिखाना शब्दों द्वारा ही तो हो रहा है, यह क्रिया नयगर्भित है अतः सुननेमें नयका ठीक उपयोग न करनेसे श्रोताका चूकना सम्भव है। इस ही बातको अपनेपर लेनेसे ग्रन्थकर्ताकी कितनी निर्गर्वता प्रकट हुई है और स्वयं अनुभवसे प्रमाण करना चाहिये इस भाव द्वारा वस्तुस्वातन्त्र्यकी प्रतीति

प्रकट हुई है; इससे सहसा विवेच्य विषयपर श्रद्धा होती है तथा मनन कर लेनेसे तो दृढ़ प्रतीति हो ही जावेगी क्योंकि इस विवेचनामें सब वैज्ञानिक पद्धति है।

समयसार अर्थात् शुद्ध आत्मतत्वका लक्ष्य इस प्रकार किया गया है, कि जो न प्रमत्त या कषायसहित है और न अप्रमत्त या कषायरहित है; किन्तु एक शुद्ध ज्ञायक-भावमय है, वह शुद्ध आत्मा है। इस शुद्ध आत्मामें बन्धकी कथा तो दूर ही रही इसमें ज्ञान-दर्शन-चरित्र आदिक गुणभेद भी नहीं हैं। फिर भी बुद्धिमें गुणभेद आदि किये बिना परमार्थभूत आत्माको समझाया नहीं जा सकता। इसलिये गुणभेद आदि निरूपक व्यवहार परमार्थका प्रतिपादक होनेसे वक्तव्य होता है और यह व्यवहार पहिली पदवीमें प्रयोजनवान् है, किन्तु परमार्थभूत चैतन्यमात्र आत्मतत्वके अवलोकन करने वालोंको व्यवहार प्रयोजनवान् नहीं है।

अधिकार-गाथा

उक्त प्रकारसे एकत्वविभक्त शुद्ध आत्मा अथवा समयसारका संक्षेपमें वर्णन किया गया है उसी को विस्तृत रूपमें कहनेके लिये एक अधिकार गाथा ग्रन्थ कर्ता ने दी है।

भूयत्थेणाभिगदा जीवाजीवा य पुण्ण पावं च।
आसव संवर णिज्जर बंधो मोक्खो य सम्मत्तं॥

भूतार्थनयसे जाने गये जीव, अजीव, पुण्य-पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध और मोक्ष सम्यक्त्व है। यहां कारणमें कार्यका उपचार करके सम्यक्त्वका वर्णन किया है, जिससे यह भाव निकला कि भूतार्थ नयसे जाने गये जीवादि नवतत्त्व सम्यक्त्वके कारण हैं। गुण पर्यायोंके भेदसे उठाकर एकत्वमें ले जाने वाले नयको भूतार्थनय कहते हैं। इस गाथामें अधिकारसूची भी आ गई। आध्यात्मिक ग्रन्थोंमें आवश्यक कर्तव्य होनेसे केवल कर्तृकर्माधिकार व सर्वविशुद्धज्ञानाधिकार और कहना पड़ा। चूलिका तो प्रायः सर्वत्र आपतित होती ही है।

उक्त नव तत्त्वोंमें जीव व अजीव तो द्रव्य है व पुण्य-पाप, आस्रव आदि पर्यायें है। इसी कारण ये सातों जीव रूप भी कहे गये हैं और अजीवरूप भी कहे गये हैं। जैसे जीव पुण्य, अजीव पुण्य आदि। जीवकी परिणतियां जीवपुण्य आदि हैं व अजीव (कर्म) की परिणतियां अजीवपुण्य आदि हैं। जीवपरिणतियोंके द्वारसे चलकर उन परिणतियोंके स्रोतभूत गुणपर आना और गुणद्वारसे चलकर गुणोंके अभेद पुञ्ज अथवा गुणोंके श्रोतभूत जीवद्रव्यपर आना यह भूतार्थ नयकी पद्धति है। इसी प्रकार अजीवमें भी लगानी चाहिये। यह सर्वविषय ग्रन्थके अध्ययनसे स्पष्ट करना चाहिये। यहां तो विषयोंका दिग्मात्र ही दिखाना है।

जीवाधिकार

जीवाधिकारमें सर्वप्रथम ही शुद्ध आत्माके स्वरूप, स्वामी व उपायका ही एकदम सुगम रीतिसे वर्णन कर दिया गया है, कि जो अपनी आत्माको (अपने आपको) अबद्ध, अस्पृष्ट, अनन्य, नियत, अविशिष्ट व असंयुक्त देखता है उसे शुद्धनय जानो, अथवा शुद्ध-नयसे जैसा शुद्ध आत्मतत्त्व देखा जाता है आत्मतत्त्व वैसा ही शुद्ध जानो। यही जिन शासनका सार है।

इस शुद्ध आत्माका श्रद्धान ज्ञान व आचरण करना चाहिये। वस्तुतः श्रद्धान-ज्ञान-आचरण भी आत्मा ही है। यद्यपि यह आत्मा स्वभावसे ही ज्ञानमय है किन्तु इसकी निजतत्त्वपर दृष्टि नहीं हुई; अतः इसकी उपासनाका आदेश दिया गया है।

समयसारका परिचय न होनेसे जीवकी दृष्टि कर्म, शरीर व विभावमें "यह मैं हूं या ये मेरे हैं" ऐसी मान्यताकी हो जाती है; और जबतक ऐसी दृष्टि रहती है तबतक यह जीव अज्ञानी कहलाता है। इतना ही नहीं अज्ञानी जीवके भूत, भविष्यत्का भी परिग्रह लगा रहता है। अज्ञानीके यह धारणा रहती है कि शरीरादिक मैं हूं ये मेरे हैं, मैं इनका हूं ये मेरे थे, मैं इनका था, ये मेरे होंगे, मैं इनका होऊंगा इत्यादि।

परन्तु शरीरादिक अजीव पदार्थ व चेतन आत्मा एक कैसे हो सकते हैं ? क्योंकि जीव तो ज्ञानलक्षण वाला है और अजीव ज्ञानरहित है। हे आत्मन् ! तू शरीर नहीं है, किन्तु शरीरका अभी पड़ोसी है, शरीरसे भिन्न उपयोग-स्वरूप अपने आत्माको देख।

चूंकि जीवलोकको इस शरीररूपमें ही जीवका परिचय रहा है और कभी धर्म भी चला तो इसी पद्धति से। इसी कारण उक्त उपदेशकी बात सुनते ही कोई शिष्य पूछता है कि प्रभो ! शरीरसे भिन्न आत्मा कहाँ है ? शरीर ही जीव है, यदि शरीर ही जीव न होता तो तीर्थंकर देवकी जो ऐसी स्तुति की जाती है कि आपकी कांति दसों दिशाओंमें फैल जाती है, आपका रूप बड़ा मनोहारी है, आपके १००८ शुभ लक्षण हैं, इत्यादि सब स्तुति मिथ्या हो जावेगी तथा आचार्य परमेष्ठीकी जो स्तुति की जाती है कि आप देश, जाति व कालसे शुद्ध है, शुद्ध मन, वचन, काय वाले हैं इत्यादि, वह भी स्तुति मिथ्या हो जावेगी। इसका पूज्य श्रीमत्कुन्दकुन्दाचार्य उत्तर देते हैं—

नय दो प्रकार के होते हैं (१) व्यवहारनय (२) निश्चयनय। व्यवहारनयसे तो देह व जीवका संयोग सम्बन्ध है; इसलिये देह व जीवमें कथंचित् एकत्व मान लिया जाता है, परन्तु निश्चयनयसे जीवमें ही जीव है, देह जीव हो ही नहीं सकता। शरीरकी स्तुतिसे आत्माकी स्तुति व्यवहाररूपसे कथंचित् हो सकती है, निश्चयनयसे तो शरीरके गुण आत्माके कुछ नहीं है; इसलिये शरीरकी स्तुतिसे आत्माकी स्तुति नहीं होती, आत्माकी स्तुतिसे ही आत्माकी स्तुति होती है। यहाँ यह अवश्य जान लेना चाहिये कि जो आत्मा आत्मस्वरूपसे बिलकुल अपरिचित है उसके लिये तो व्यवहारनयसे भी स्तुति नहीं कहला सकती।

अब निश्चयस्तुति किस प्रकार हो सकती है इस विषयपर आते हैं। चूंकि यह निश्चयस्तुति है, इसलिये जो भी विशुद्ध स्थिति कही जावेगी वह आत्माकी ही कही जावेगी। आचार्य पूज्य श्रीमत्कुन्दकुन्द प्रभुके द्वारा कही हुई निश्चय-स्तुतिका भाव पूज्य श्री अमृतचन्द्रजी सूरि व्यक्त करते हैं :—जिन्होंने असंग, अखण्ड, चैतन्य स्वभावके अवलम्बन द्वारा ज्ञेय पदार्थोंसे, भावेन्द्रियोंसे व द्रव्येन्द्रियोंसे पृथक् अपनी प्रतीति करके इन्द्रियोंको जीतकर स्वभावमय अपनेको माना है वे जितेन्द्रिय जिन कहलाते हैं। जो द्रव्यमोह व भावमोहसे अलग अपने आत्माको अपनेमें लेनेके द्वारा मोहको जीतकर परमार्थ सद्रूप ज्ञानस्वभावमय अपने आत्माको अनुभवते हैं, वे जितमोह कहलाते हैं। (पुनश्च) उक्त प्रकारसे मोहको जीत लेनेवाले निर्मल आत्माके मोह ऐसा समूल नष्ट हो जाता है कि फिर कभी भी उसका प्रादुर्भाव नहीं हो सकता। ऐसी उन निर्मल आत्माको क्षीण-मोह कहते हैं। सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, सहजानन्दमय इत्यादि स्तुति भी निश्चय स्तुति कहलाती है। इन्द्रियोंका विजय आत्मज्ञानसे ही है। वस्तुतः त्याग ज्ञानस्वरूप ही है, क्योंकि परको पर जानकर ही त्याग किया जाता है। व पर तो भिन्न है ही, मान्यतामें एक कर रक्खा था सो सच्चा ज्ञान करना ही उसका त्याग है।

इस प्रकार प्रासंगिक स्तुति-चर्चाके बाद अन्तमें दिखाया है कि सम्यग्ज्ञानीकी अन्तर्भावना ऐसी होती है—मोह मेरा कुछ नहीं है, मैं तो एक उपयोगमात्र हूं, ज्ञेयाकार व ज्ञेय पदार्थ मेरा कुछ नहीं है, मैं तो एक उपयोगमात्र हूं, मैं एक (केवल) हूं, शुद्ध हूं, दर्शनज्ञानमय हूं, अमूर्त हूं और अन्य कुछ परमाणुमात्र भी मेरा कुछ भी नहीं है।

(6) अजीवाधिकार

इस अधिकारमें उन सब भावोंको भी अजीव बतलाया है जो जीवके स्वरूपमें नहीं है अतः अजीव में अजीव द्रव्य तो है ही, साथ ही औपाधिक भाव भी अजीव है।

आत्माको नहीं जानने वाले अतएव परभावोंको आत्मा मानने वालोंकी विभिन्न धारणायें हैं। कोई तो राग-द्वेषको, कोई राग द्वेषके संस्कारको, कोई कर्मको, कोई शरीरको, कोई कर्मफलको, कोई सुख दुखको, कोई आत्मा व कर्मकी मिलावटको इत्यादि अनेक प्रकारसे जीव मानते हैं, किन्तु ये सब जीव नहीं हैं; क्योंकि ये सब या तो पुद्गलद्रव्यके परिणमन हैं या कर्मरूप पुद्गलद्रव्यके निमित्तसे हुए परिणमन हैं।

इस अवसरमें यह शंका उत्पन्न हो सकती है कि फिर तो जीवसमास, गुणस्थान आदि की चर्चा अथवा त्रस-स्थावर भेद वाले जीव मानना यह सब जैन शास्त्रोंमें क्यों कहा गया है ? इसका उत्तर यह है कि यह सब

व्यवहारका उपदेश है, जो कि तीर्थकी प्रवृत्तिके निमित्त बतलाना आवश्यक ही है। अन्यथा षट्कायके जीवपर्यायोंको अजीव मानकर जितना चाहे मर्दित कर दिया जावे, हिंसा नहीं होनी चाहिये। फिर तो हिंसाके अभावमें बन्धका अभाव व बन्धके अभावमें मोक्षका भी अभाव हो जायेगा अथवा उच्छृङ्खलता आ जावेगी। हाँ निर्विकल्प समाधिके उद्यममें तो शुद्ध चैतन्यस्वरूप ही जीव है, अवशिष्ट भाव सब अजीव हैं, इसी दृढ़ प्रतीतिसे काम चलेगा।

वस्तुतः जीवका लक्षण चेतना है। जीव वर्ण, गन्ध, रस, और स्पर्श, शब्दसे रहित है। जीव बाह्य चिन्ह से ग्रहणमें नहीं आ सकता। जीवका सहज नियत संस्थान भी कोई नहीं है। तात्पर्य यह है कि चैतन्य भावके अतिरिक्त अन्य सब भाव अजीव हैं। इसी कारण जीवके वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, मूर्तिकता, शरीर, संस्थान संहनन (अस्थिपिंजर) राग, द्वेष, मोह, कर्म, शरीर, विचार, योग, बन्ध, उदय, संक्लेश, विशुद्धि आदि कुछ नहीं हैं। ये सब व्यवहारनयसे जीवके कहे गये हैं। व्यवहारनय विरोधक नहीं, किन्तु व्यवहार नय भी वस्तुके किन्हीं भावोंके जाननेका एक तरीका है। जैसे कि जिस रास्तेमें चलते हुए मुसाफिरों को डाकुओं द्वारा लूटा जाता हो, लोग उस रास्तेको "यह रास्ता लूट लिया जाता है" ऐसा कह देते हैं। परन्तु वास्तवमें रास्ता क्या लूटेगा, फिर भी व्यवहारसे ऐसा तो कहा ही जाता है, क्योंकि लूटने वाले उस रास्तेमें होते हैं। इसी प्रकार जीवमें बन्धपर्यायसे स्थित कर्म व शरीरके वर्ण आदिको जानकर व्यवहारनयसे कहा जाता है कि जीवमें वर्णादिक है।

वस्तुतः जीवमें वर्णादिका कुछ भी तादात्म्य नहीं है। यदि जीवके साथ वर्णादिका तादात्म्य मान लिया जाता है तब तो अनेक अनिष्टापत्तियाँ आती हैं—जैसे कि (१) वर्णादिका जिसके साथ तादात्म्य है वह तो पुद्गल कहलाता है, यदि कभी संसारी जीव मुक्त हो तो यही माना जायेगा कि पुद्गलको मोक्ष हो गया। (२) जीव अजीवका कोई भेद नहीं रहा; तो जीव का ही अभाव हो गया इत्यादि।

इस प्रकार यह सिद्ध हुआ कि जिनका पुद्गल उपादान है वे परिणमन व जिनका पुद्गल कार्य निमित्त है वे परिणमन ये सब कोई भी परमार्थसे जीवके नहीं है। इन्हें अजीव कहा गया है।

कर्तृ-कर्माधिकार

अधिकार गाथामें यद्यपि कर्तृ-कर्मभाव अधिकारकी कोई सूचना नहीं है, तो भी जीवाजीवाधिकारके पश्चात् व आस्रव अधिकारके पहले कर्तृकर्म अधिकारका कहना यह दिखानेके लिये आवश्यक हुआ है कि जब जीव और अजीव स्वतन्त्र द्रव्य है तब जीव व अजीवके सम्बन्ध व बन्ध पर्याय कैसे हो जाती है? इसका उत्तर कर्तृ-कर्माधिकार में किया गया है। जीव व अजीवका सम्बन्ध व बन्ध पर्याय कैसे मिट सकती है इसका उत्तर भी उसी अधिकारमें दिया गया है। जब तक जीव निज-सहज-स्वरूप व क्रोधादि औपाधिक भावोंमें अन्तर नहीं जानता है तब तक क्रोधादि भावोंको निज स्वरूपमें जाननेके कारण उनमें जीवकी प्रवृत्ति होगी ही और क्रोधादिमें वर्तने वाले इस जीवके निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्धके वशसे पुद्गल कर्म (अजीव) का संचय हो जाता है। पुद्गल कर्मके आनेका नाम अजीवास्रव है और जीवमें जो ये क्रोधादिक भाव हुये हैं उनका नाम जीवास्रव है। यहाँ एक प्रश्न हो सकता है कि अजीवास्रवका निमित्त तो निज परमें परस्पर कर्तृकर्मभावकी मान्यता है, इस कर्तृकर्मभावकी मान्यतामें क्या निमित्त है? उत्तर—इस कर्तृ-कर्मभावकी मान्यता में पूर्वबद्ध अजीव कर्मका उदय निमित्त है। प्रश्न—इस कर्मास्रव में क्या निमित्त हुआ था? उत्तर:—इस कर्मास्रवमें पूर्वका स्वपरका कर्तृ-कर्मभाव निमित्त हुआ था। इस प्रकार यह अनादिप्रवाहक्रम चला आया है। इस स्वपरकर्तृकर्मभाव की प्रवृत्ति भी अनादिसे चली आई है।

यद्यपि यहाँ ऐसा सम्बन्ध है कि जीवके परिणामको हेतु पाकर पुद्गल कार्माणवर्गणायें कर्मरूपसे परिणम जाती है और पुद्गल कर्मके उदयको निमित्त पाकर जीवके ऐसे परिणाम हो जाते हैं, तो भी जीव व पुद्गल का परस्पर कर्तृकर्मभाव नहीं है, क्योंकि जीव न तो पुद्गलकर्मका कोई गुण या परिणमन करता है और न पुद्गल कर्म जीवका कोई गुण या परिणमन करता है। केवल अन्योन्यनिमित्तसे दोनोंका परिणमन हो जाता है।

इस ही निमित्त-नैमित्तिक-सम्बन्धके कारण व्यवहारनयसे 'जीव पुद्गलकर्म (द्रव्यास्रव) का कर्ता' और 'पुद्गल जीवास्रवका कर्ता' कहा जाता है। जीवमें अनुभवनशक्ति है, सो वस्तुतः पुद्गलकर्मके उदयको निमित्त पाकर जीव अपनेमें आनन्द-श्रद्धा-चारित्रादि गुणोंको विकृत परिणमनरूपसे भोगता है तो भी निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्धके

हेतु जीव पुद्गलकर्मको भोगता है यह भी व्यवहारनयसे कहा जाता है। परमार्थसे जीव न तो पुद्गल कर्मको करता है और न पुद्गलकर्मको भोगता है; क्योंकि यदि जीव पुद्गल कर्मको भी करे व भोगे तो एक तो जीव ने अपने परिणामको किया व भोगा और दूसरे पुद्गल कर्मको भी किया व भोगा तो इस तरह जीव दो द्रव्योंकी क्रियाका कर्ता बन जायेगा। ऐसा होनेपर चूँकि क्रियाका उस कालमें तादात्म्य रहता है, इस कारण जीव व अजीवमें भेद नहीं रहा अथवा जीव अजीवमें से एकका अथवादोनोंका अभाव हो जायेगा इत्यादि अनेक अनिष्टापत्तियां हो जायेंगी। एक द्रव्य दो द्रव्योंकी क्रियाका कर्ता है, ऐसा अनुभव करने वाला जीव सम्यग्दृष्टि नहीं, किन्तु मिथ्यादृष्टि है। अर्थात् वस्तुस्वरूपसे विपरीत दृष्टिवाला है। कर्म उपाधिके निमित्तसे होने वाले क्रोधादिक औपाधिक भाव हैं, उनका भी जीव सहज भावसे याने उपाधिको निमित्त पाये बिना कर्ता नहीं है। इन क्रोधादिक परभावोंका कर्ता न तो जीव है और न कर्म; किन्तु कर्मके निमित्तसे जीवके उपादानमें क्रोधादिक परिणमन होता है। जीव निज, सहज, चैतन्य स्वरूप व क्रोधादि परभावोंमें अन्तर नहीं समझता। इसी कारण यह बन्ध होता है यह मौलिक प्रकृत बात सिद्ध हुई।

अब जिज्ञासा होती है कि इस बन्धका अभाव कैसे हो? समाधान—जीवकी परभावके प्रति कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति होनेसे बन्ध होता था। जब कर्ता-कर्मकी प्रवृत्ति दूर हो जाती है तब बन्धका भी अभाव हो जाता है। प्रश्नः—इस कर्ता-कर्मप्रवृत्तिका अभाव कैसे हो जाता है? उत्तरः—जब यह जीव आत्मामें व परभावमें इस प्रकार से अन्तर जान लेता है कि वस्तु स्वभावमात्र होती है, मैं वस्तु हूं, सो मैं भी स्वभावमात्र हूं। स्वभाव कहते हैं स्वके होनेको, मैं स्वज्ञानमय हूं। सो जितना ज्ञानका होना है सो तो मैं आत्मा हूं और क्रोधादिका होना क्रोधादि है, आत्मा (स्व) व क्रोधादि-आस्रवोंमें एकवस्तुता नहीं है। जब जीव ऐसा आत्मा व आस्रवमें अन्तर जान लेता है तभी कर्ता-कर्मकी प्रवृत्ति दूर हो जाती है और कर्ता-कर्मकी प्रवृत्ति दूर होनेपर पुद्गल कर्मबन्ध भी दूर हो जाता है।

आत्मा और अनात्माके भेदविज्ञानसे उसी कालमें आस्रवकी निवृत्ति होने लगती है। ज्ञानी जीवके इस प्रकारका विशद ज्ञान प्रकट रहता है—मैं आत्मा सहज पवित्र हूं, ज्ञानस्वभावी हूं, दुःखका अकारण हूं, सम हूं, नित्य हूं, स्वयंशरण हूं, आनन्दस्वभाव हूं; किन्तु ये आस्रव [illegible], अपवित्र हैं, विरुद्ध स्वभाववाले हैं, दुःखके कारण हैं, विषम हैं, अनित्य हैं, अशरण हैं, दुःखस्वरूप है और इनका दुख ही फल है। मैं एक हूं, शुद्ध हूं, मोह रागादि परभावरहित हूं, ज्ञानदर्शनमय हूं, मैं (आत्मा) कर्मके परिणमनको व नोकर्मके परिणमनको नहीं करता हूं। पुद्गलकर्म परद्रव्य है। मैं परद्रव्यका ज्ञायक तो हूं, किन्तु पर परद्रव्यमें व्यापक नहीं हूं। अतएव परद्रव्यकी पर्यायरूपसे परिणमता नहीं हूं अर्थात् मैं परद्रव्यकी परिणतिका कर्ता नहीं हूं। मैं पुद्गलकर्मके फल सुख दुःखादिको जान तो सकता हूं, किन्तु पुद्गलकर्मको परिणतिका कर्ता नहीं हूं। इसी प्रकार पुद्गलकर्म भी मेरा कर्ता नहीं है।

अशुद्ध-निश्चयनयसे आत्मा तो मात्र अपने अशुद्ध भावका कर्ता है, उसको निमित्त पाकर पुद्गलद्रव्य कर्मरूप से स्वयं परिणम जाता है। जैसे कि हवाके चलनेके निमित्तसे समुद्रमें तरंग उठती है। निश्चयसे तरंगोंका कर्ता तो समुद्र ही है, हवा तो उसमें निमित्त है। हवामें हवाका कार्य है। समुद्रमें समुद्रकी परिणति है। प्रत्येक द्रव्यकी स्वतन्त्र सत्तात्मकताके ज्ञानसे कर्मबन्ध रुकता है और परको आत्मा मानने व आत्माको पररूप माननेसे कर्मका बंध होता है। अथवा परको आत्मा माननेवाला अज्ञानी जीव कर्मका कर्ता होता है। वस्तुतः तो अज्ञानी भी कर्मका कर्ता नहीं है, परन्तु अपने अशुद्ध भावका कर्ता है। उस अशुद्धभावको निमित्त पाकर कर्मका आस्रव स्वयं हो जाता है। वस्तुतः कर्मास्रवका निमित्तरूपसे भी जीव कर्ता नहीं है, किन्तु उसके योग व उपयोग जो कि अनित्य हैं, वे अनित्य परिणमन ही वहां निमित्त हैं। क्योंकि यह वस्तुस्वभाव अटल है—कि कोई द्रव्य किसी अन्य द्रव्यके रूप या अन्यके गुण-पर्याय रूप नहीं हो सकता। इसलिये यह सुप्रसिद्ध हुआ कि आत्मा पुद्गलकर्मका कर्ता नहीं है।

यहां दो दृष्टियोंसे यह निर्णय करना चाहिये—(१) निश्चयनयसे जीव पुद्गलकर्मका कर्ता नहीं है। (२) व्यवहारनयसे जीव पुद्गलकर्मका कर्ता है। (१) निश्चयनयसे जीव पुद्गलकर्मका भोक्ता नहीं है। (२) व्यवहारनयसे जीव पुद्गलकर्मका भोक्ता है। (१) निश्चयनयसे जीवमें पुद्गलकर्म बद्ध नहीं है। (२) व्यवहारनयसे

जीवमें पुद्गलकर्म बद्ध है (१) निश्चयनयसे जीवमें राग-द्वेषादि नहीं है। (२) व्यवहारनयसे जीवमें राग द्वेषादि है। (१) निश्चयनयसे जीव पुद्गलके परिणमनका निमित्त नहीं है। (२) व्यवहारनयसे जीव पुद्गलके परिणमनका निमित्त है। इत्यादि अनेक चर्चायें दोनों नयोंसे स्पष्ट कर लेनी चाहिये। पश्चात् समयसारके अनुभवके उद्यममें दोनों ही नयपक्षोंको ग्रहण नहीं करना चाहिये। जैसे कि पूर्ण निर्मल, देवाधिदेव, सर्वज्ञ परमात्मा विज्ञानघन-भूत होनेके कारण नयपक्षके परिग्रहसे दूर होनेसे किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करते हैं, इसी प्रकार जिनसंज्ञक निर्मल सम्यग्दृष्टि तत्त्वज्ञानी, अन्तरात्मा श्रुतज्ञानात्मक विकल्प वाले होकर भी परिग्रहके प्रति उत्सुकतासे निवृत होनेके कारण विकल्प-भूमिका से दूर होकर स्वरूपको ही जानते हैं और किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करते हैं, वे ही समयसारका अनुभव करते हैं।

पुण्य-पापाधिकार

मोह व रागद्वेषकी प्रवृत्तिके निमित्तसे जिन कर्मोंका आस्रव हुआ, उनमें से कारणभूत, शुभ-अशुभ योग उपयोगके अनुकूल कोई कर्म शुभ प्रकृतिके (पुण्यरूप) व कोई अशुभ प्रकृतिके (पापरूप) हो जाते हैं। होओ, फिर भी चाहे पुण्य कर्म (सुशील कर्म) हों; चाहे पाप-कर्म (कुशील कर्म) हों; सभी वस्तुतः कुशील ही हैं, क्योंकि सभी कर्म संसारमार्गके निमित्त हैं। जैसे कि चाहे सुवर्णकी बेड़ी हो, चाहे लोहेकी बेड़ी हो, कैदीके लिये दोनों भारभूत हैं। इसलिये दोनों प्रकारके कर्मोंको बंधमार्ग जानकर इनमें या इनके कारणभूत भावोंमें व आश्रयभूत विषयोंमें मन वचन कायसे राग व संसर्ग छोड़ देना चाहिये। रागी जीव कर्मों को बांधता है व विरागी-आत्मा कर्मोंसे छूट जाता है, इसलिए चाहे शुभ कर्म हो, चाहे अशुभ कर्म हो किसी भी कर्ममें राग मत करो। जैसे वनके हाथीको फंसानेके लिये शिकारी लोग एक गड्ढेपर बांस व कागजकी बड़ी सुन्दर एक हथिनी बनाते हैं और सामने एक झूठा हाथी। वन-हस्ती हथिनीके रागमें व दूसरे हाथीको विषय-बाधक जान कर उससे द्वेषके कारण शीघ्र वहां आता है और गड्ढेमें गिर जाता है। तो उस हाथीको गड्ढेका अज्ञानरूप मोह था व सुन्दर हथिनीका राग था व दूसरे हाथीसे द्वेष था। इस तरह मोह-राग द्वेष वश हाथीने विपत्ति ही पाई। पुण्यकर्म भी झूठी सुन्दर हथिनीके समान विपत्तिमें निमित्त बन जाता है। इसलिये किसी भी कर्ममें राग मत करो।

मोह-राग द्वेष ये सभी अज्ञानके विविध रूप हैं। ये भाव जाननेका कार्य नहीं करते, इसलिये भी अज्ञानरूप हैं। अज्ञानभाव बंधका हेतु है, व ज्ञानभाव मोक्षका हेतु है। परमार्थभूत ज्ञान होनेपर बाह्य व्रत नियम तपकी विशेषता न हो तो भी ज्ञान मोक्षका कारण है। जो परमार्थभूत समयसारसे अपरिचित हैं वे ही केवल अशुभ कर्मों को ही बन्धका कारण जानकर व शुभ कर्मको मोक्षका कारण जानकर पुण्य कर्मकी चाह करते हैं।

सब ही कर्म मोक्षके हेतुभूत सम्यक्त्व, ज्ञान व चरित्रका तिरोभाव करने वाले हैं। इसलिये ज्ञानभाव मोक्षका अर्थात् पूर्ण विकासका हेतु है। अतः सर्व कर्मोंका राग छोड़कर एक निज ज्ञायक स्वभावकी उपासना करना शान्तिका (मोक्ष का) मार्ग है।

आस्रवाधिकार

विकृतरूपसे आनेको आस्रव कहते हैं। आस्रवभाव जीवके राग द्वेष मोह भाव हैं। इनको निमित्त पाकर पौद्गलिक कार्माणवर्गणाओंमें भी विकारकी प्रकृति बनती है। इसलिये आस्रवका परिणाम होनेसे इन पौद्गलिक वर्गणाओंमें कर्मत्व आनेको भी आस्रव कहते हैं।

राग द्वेष मोह भाव अज्ञानमयअशय परिणाम हैं। अज्ञानमय परिणाम अज्ञानी जीवके होते हैं। ज्ञानीके ज्ञानमय परिणाम होते हैं। ज्ञानमय परिणामोंके द्वारा अज्ञानमय परिणामोंका निरोध हो जाता है। अतः ज्ञानी जीवके ज्ञानमय परिणामोंके द्वारा आस्रवका निरोध हो जाता है। अतश्च पुद्गलकर्मका बंध नहीं होता, क्योंकि अज्ञानमय परिणाम ही कर्तृत्वबुद्धिमें प्रेरक होता है, ज्ञानमय परिणाम तो स्वभावका ही उद्भासक है, उससे बन्ध कैसे हो सकता है।

यहाँ कोई पुरुष ऐसे शंकालु हो सकते हैं, कि सम्यग्दृष्टि ज्ञानी जीवके भी तो दशवें गुणस्थान तक बन्ध चलता है, फिर ज्ञानीको अबन्धक कैसे कहा गया है ? सो उन्हें तीन प्रकारसे बात जानकर अपना चित्त समाधान रूप कर लेना चाहिये। (१) जिस गुणस्थानमें जितनी प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता है, उतनी प्रकृतियोंकी अपेक्षा उन्हें अबन्धक समझना, (२) जो भी किंचित् बंध होता है वह संसारवृद्धिकी सामर्थ्य नहीं रखता, इसलिये अबन्धसम ही समझना। (३) ज्ञानी विशेषण कहनेसे उसको केवल ज्ञानपरिणमनरूपसे ही देखना, अन्य परिणमनरूपसे नहीं देखना। तब तो यह पूर्ण सिद्ध है कि ज्ञानीके किंचिन्मात्र भी बंध नहीं होता।

ज्ञानी जीवके पूर्वसंचित कर्म उदयमें आते तो हैं परन्तु बंधके कारण नहीं बनते, क्योंकि ज्ञानीके विभावमें राग नहीं रहा। ज्ञानी जीवके जो भी बंध चलता है वह ज्ञानकी जघन्यतासे अनुभीयमान शेष रहे अबुद्धिपूर्वक रागके कारण होता है। अतः कर्तव्य तो यही है कि तबतक ज्ञानकी अनवरत उपासना करना चाहिए, जबतक ज्ञानका पूर्ण विकास न हो।

शुद्धनयके विषयभूत समयसारसे च्युत रहकर या होकर जीव रागादि परिणामसे संकीर्ण हो जाता है और उसके निमित्तसे पुद्गल-कर्मवर्गणाएँ स्वयं बंधरूपसे परिणम जाती है। जैसे किसी पुरुषने आहार ग्रहण किया, यह तो उसका बुद्धिपूर्वक कार्य हुआ। अब आगे वह आहार स्वयं रस, रुधिर, मल आदि रूप परिणम जाता है और उसका जो विपाक होना होता है, होता है। यह सब निमित्त-नैमित्तिक भाववश होता ही है। यदि कोई आसक्तिसे आहार ग्रहण करे तो उसे उसके फलमें आहार-विपाकके समय वेदना भोगनी पड़ती है। इसी तरह यदि कोई आसक्तिसे, मोहसे विभावरति करे तो तन्निमित्तक हुए कर्मबंधके परिपाकसमयमें वेदना भोगनी पड़ती है। इसलिये कहा जा सकता है कि "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन"। अतः कल्याणार्थीको अपने परिणाम सदा सावधान रखना चाहिए।

संवराधिकार

संवर नाम रुकने का है। रागादि भावोंके आगमन रुकने के या न आनेको संवर कहते हैं। इस रागादिके संवर के परिणाममें कर्मोंका आना भी रुक जाता है। अतः कर्मोंका आना रुक जानेको भी संवर कहते हैं। संवर का उपाय भेदविज्ञान है। आत्मा तो ज्ञानमात्र है और ज्ञानभावके अतिरिक्त शेष सर्व औपाधिकभाव अनात्मा है। वहां अब यह देखना चाहिये कि ज्ञानमें (उपयोगमें, अथवा आत्मामें) क्रोधादिक औपाधिक भाव नहीं हैं और क्रोधादिक औपाधिक भावोंमें उपयोग नहीं हैं। क्रोधादिक तो क्रुध्यत्तादिक स्वरूपमें है और ज्ञान जानत्तारूपमें ही है। इस भेदविज्ञानसे शुद्धात्माकी उपलब्धि होती है और शुद्धात्माकी उपलब्धिसे संवर होता है।

शुद्धात्माको जानता हुआ आत्मा शुद्धात्मा को प्राप्त करता है और अशुद्ध आत्माको जानता हुआ आत्मा अपने को अशुद्ध ही पाता रहता है। शुद्धात्माकी प्राप्ति व संवरका बुद्धिपूर्वक व अबुद्धिपूर्वक उपाय यह है कि—शुभ तथा अशुभ योगमें प्रवर्तते हुये अपने आपको प्रबल भेदविज्ञानके उपयोग द्वारा इस प्रवर्तनसे रोके और शुद्ध चैतन्यात्मक निज आत्मतत्त्वमें प्रतिष्ठित करे। फिर यह आत्मा इच्छा-रहित व संग-रहित होकर अपने आपके द्वारा अपने आत्माका ध्याता हो जाता है। उस समय एकत्व-विभक्त निज आत्माका ध्यान करता हुआ अर्थात् चैतन्य चमत्कारमात्र आत्माका ध्यान करता हुआ निज अकलंक आत्माको प्राप्त करता है। यही संवरका प्रकार है व कर्मोंसे मुक्त होने का उपाय है।

तात्पर्य यह है कि भेदविज्ञानसे शुद्ध आत्मा की उपलब्धि होती है, शुद्ध आत्माकी उपलब्धि होनेसे अध्यवसानोंका अभाव होता है, अध्यवसानोंके अभाव होनेपर मोहका अभाव होता है, मोहभाव का अभाव होनेपर राग-द्वेषभाव का अभाव हो जाता है, राग-द्वेष का अभाव होने पर कर्मका अभाव हो जाता है, कर्मका अभाव होनेपर सदा के लिये शरीरका अभाव हो जाता है और शरीरका अभाव होनेपर संसारका अभाव हो जाता है। संसार ही

दुःख है, सो दुःखोंका अत्यन्ताभाव हो जाता है। इसलिये भेदविज्ञानकी तब तक निरन्तर भावना करनी चाहिये जब तक कि ज्ञान परसे बिलकुल न हट जावे और ज्ञानमें ही प्रतिष्ठित न हो जावे।

निर्जराधिकार

विकारके झड़नेका नाम निर्जरा है। निर्जरा दो प्रकार की है—(१) भावनिर्जरा (२) द्रव्यनिर्जरा—सुख-दुःख राग द्वेषादि विभाव जो उदित हुए, वे बंधके कारण न बनें और झड़ जावें इसका नाम तो भावनिर्जरा है और इसी कारण अन्य बंधका कारण न बन कर कर्मोंका व अन्य कर्मोंका निष्फल झड़ जाना सो द्रव्य-निर्जरा है।

ज्ञानका ऐसा ही सामर्थ्य है कि कर्मविपाकको भोगता हुआ भी ज्ञानी कर्मोंसे नहीं बँधता है। जैसे कि तान्त्रिक, मान्त्रिक अथवा विषवैद्य पुरुष विषको खाता हुआ भी मरणको प्राप्त नहीं होता। वैराग्यमें भी ऐसा ही सामर्थ्य है। वस्तुतः ज्ञान और वैराग्य अलग-अलग तत्त्व नहीं हैं, विधिरूपसे देखनेपर ज्ञान प्रतिष्ठित है और राग-निषेधकी ओरसे देखनेपर वैराग्य प्रतिष्ठित है।

सम्यग्दृष्टिका मुख्य विचार एक यह भी रहता है कि जो लोभ क्रोधादि प्रकृति वाले कर्म होते हैं, उन कर्मोंके उदयके निमित्तसे उत्पन्न हुये रागादिक भाव परभाव हैं। ये मेरे स्वभाव नहीं हैं। मैं तो टंकोत्कीर्णवत् निश्चल स्वतः सिद्ध एक ज्ञायक स्वभावरूप हूं। इस विचार-बलसे ज्ञानी परभावोंसे विरक्त रहकर उनको छोड़ देता है।

रागादिभाव आत्माका स्वपद नहीं है, क्योंकि ये सभी भाव अनेकस्वभावके विरुद्ध हैं, विषम हैं, अनेकरूप हैं, क्षणिक हैं और व्यभिचारी हैं। कभी कोई भाव रहे, कभी कोई भाव न रहे, दूसरा रहे; इस कारण स्थायीरूपसे आत्मामें स्थान नहीं पाते अर्थात् अस्थायी हैं। किन्तु ज्ञानस्वभाव आत्माका स्वपद है; क्योंकि यह ज्ञानस्वभाव आत्म-स्वभाव है, सम अर्थात् नियत है, एकरूप है, नित्य है व अव्यभिचारी अर्थात् अनवरत सदा आत्मामें रहता है। इस ही कारण ज्ञानस्वभाव स्थायीरूपसे आत्मामें स्थान पाता है। इसलिए हे आत्मन्! इस एक ज्ञानस्वभावका ही अनुभव करो। जिसमें रंचमात्र भी विपत्ति नहीं रहती।

इस ज्ञानस्वभावके जितने परिणमन हैं, उन परिणमनोंके ज्ञान-द्वारसे परिपूर्ण ज्ञानस्वभावको ही देखो। इस ज्ञानभावके आश्रयसे ही ज्ञानकी प्राप्ति है, अन्य क्रियाओंसे नहीं। इस ज्ञानभावके आश्रयके बिना महान् तपोंका भार भी सहे तो भी मुक्ति नहीं होती।

ज्ञानोपयोगी आत्मा निष्परिग्रह है, क्योंकि परिग्रह तो वास्तवमें इच्छा ही है, सो ज्ञानीके इच्छाका आदर ही नहीं, राग ही नहीं; केवल इच्छाका ही नहीं, किन्तु समस्त विभावोंका ज्ञानीके ममत्व नहीं, आदर नहीं, ज्ञानी किसी भी परभावको नहीं चाहता। इसी कारण बाह्य विषयोंकी चाह नहीं। ज्ञानी आत्मा अतीत भोगोंका तो ख्याल *ही क्या करेगा, वह तो वर्तमान भोगोंमें भी वियोगबुद्धिसे प्रवर्तमान हो रहा है। जो वियोगबुद्धिसे रहे, वह परिग्रही* नहीं है। भविष्यत् भोगकी चाहभी अनेक कारणोंसे ज्ञानीके नहीं है (१) ज्ञानीके वस्तुस्वभावकी ओर दृष्टि रहा करती है सो निदानको अवसर ही नहीं मिलता। (२) वस्तुस्वातंत्र्यकी प्रतीतिके कारण किसी भी बाह्य पदार्थसे ज्ञानीको हितकी आशा ही नहीं है। (३) ज्ञानीके यह दृढ़ निश्चय है कि इच्छाभाव व भोगभाव ये दोनों भाव एक समयमें हो ही नहीं सकते; क्योंकि जब किसी वस्तुकी चाह है तब तो उस वस्तुका भोग नहीं और कदाचित् उस वस्तुका भोग हो तो तद्विषयक चाह नहीं कि यह मिल जावे। जब इच्छा व भोग दोनों एक समयमें मिल नहीं सकते तो फिर चाह ही क्यों की जावे।

ज्ञानी आत्मा सर्व प्रकारके राग-रसका छोड़नेवाला होता है। इसी कारण कोई ज्ञानी कर्मके मध्य भी पड़ा हो, तो भी कर्मसे लिप्त नहीं होता। जैसे कि सुवर्णका जंगसे लिप्त जानेका स्वभाव नहीं है, तो कीचड़के बीच पड़ा हुआ सोना जंग नहीं खाता। लोहेका जंगसे लिप्त जानेका स्वभाव है, सो कीचड़के बीच पड़ा हुआ लोहा जंग खा

जाता है। इसी तरह अज्ञानी जीव राग-रससे लिप्त हो जानेकी प्रकृति वाला है, सो कर्मोदय पड़ा हुआ कर्मसे लिप्त रहता है।

ज्ञानीका मुख्य चिन्ह कामनाका अभाव है। कोई सोचे—मैं ज्ञानी हूं, मुझे भोगमें भी कर्मबंध नहीं होता, अरे यदि कामना बनी हुई है तो उसके बने रहनेसे कर्मबंधमें फरक नहीं आता, कर्मबन्ध होता ही है; ज्ञानीके भोगमें भी कर्मबन्ध नहीं यह मात्र कहनेकी चीज नहीं है। ज्ञानरूप प्रतीतिके परिणमनेकी करामात है।

सम्यग्दृष्टिका परिणमन कैसे होता है इस विषयको संक्षेपमें कहा जाय तो उसका अष्ट अंगों द्वारा वर्णन होता है। सम्यग्दृष्टिके अंग ८ हैं—(१) निःशंकित (२) निःकांक्षित (३) निर्विचिकित्सित (४) अमूढ़दृष्टि (५) उपगूहन (६) स्थितिकरण (७) वात्सल्य और (८) प्रभावना।

निःशंकित—ज्ञानी आत्मा सातों प्रकारके भयसे रहित होनेसे व यथार्थ वस्तु स्वरूपकी यथार्थ प्रतीतिके कारण सदा निःशंक रहता है। ज्ञानी जीवको इहलोकभय नहीं रहता कि इस जीवनका कैसे गुजारा होगा, क्योंकि ज्ञानीकी दृष्टि है कि मेरा लोक तो चैतन्य है इसका गुजारा याने परिणमन तो निर्बाध होता ही रहेगा। ज्ञानी जीवके परलोकभय नहीं रहता कि परलोकमें मेरा कैसे गुजारा होगा; क्योंकि ज्ञानीकी दृष्टि है कि चैतन्य ही मेरा परलोक है उसका गुजारा भी निर्बाध होगा। ज्ञानी जीवके वेदनाभय नहीं होता कि इस रोगसे मेरी वेदना (अनुभूति) कैसी होगी; क्योंकि ज्ञानीकी दृष्टि है कि यह अविचल ज्ञान स्वयं वेदा जा रहा है, यही मेरी वेदना है, यह अन्य वस्तुसे नहीं होती। ज्ञानी जीवके अरक्षाभय नहीं होता कि मेरी कोई रक्षा नहीं है, कभी मेरा नाश न हो जाय; क्योंकि ज्ञानी आत्माकी दृष्टि है कि जो सत् है उसका नाश नहीं होता, सत् स्वयं सुरक्षित है, मैं भी सत् हूं; अतः सुरक्षित हूं। ज्ञानी जीवके अगुप्तिभय नहीं होता कि मेरा कोई गुप्त स्थान (किला आदि सुदृढ़ स्थान) नहीं है, कोई मुझे बाधा देने न आ जावे। क्योंकि ज्ञानी जीवकी दृष्टि है कि मेरा स्वरूप ही मेरी गुप्ति है उसमें परका प्रवेश ही नहीं हो सकता। ज्ञानी जीवके मरण-भय नहीं कि मेरे प्राण नष्ट न हो जायें, क्योंकि ज्ञानी आत्माकी यह दृष्टि है कि मेरा प्राण तो ज्ञान है, वह कभी नष्ट नहीं हो सकता। ज्ञानी जीवके आकस्मिक भय नहीं होता, कि मुझपर अकस्मात् कोई आपत्ति न आ जाये; क्योंकि ज्ञानी जीव की यह दृष्टि है कि मैं अनादि, अनन्त, अचल, स्वतःसिद्ध, ज्ञानमात्र हूं, मुझमें दूसरेका आक्रमण नहीं हो सकता। ज्ञानी जीवके वस्तुस्वरूपकी अविचल प्रतीति है, उसके भय कहांसे हो? वह तो निःशंक स्वयं सहज ज्ञानका अनुभव करता है। इसलिये उसके शंकाजनित बंध नहीं होता, किन्तु निःशंक होनेसे निर्जरा ही होती है।

निःकांक्षित—सम्यग्दृष्टि जीवके सब प्रकारके कर्मोंमें कर्मके फलोंमें और भोगोंमें वाञ्छा नहीं रहती है, इसलिये उसके कांक्षाकृत बन्ध नहीं होता किन्तु निष्कांक्ष होनेसे निर्जरा होती है।

निर्विचिकित्सित—सम्यग्दृष्टि जीवके धर्मात्माओंके अशुचि शरीरकी सेवामें, धर्मात्माओंमें व समस्त वस्तु-धर्मों-में ग्लानि नहीं रहती और न कर्मविपाकस्वरूप क्षुधा आदि विपत्तियोंमें खेदरूप परिणाम रहता है; इसलिये उसके विचिकित्साकृत बन्ध नहीं होता; किन्तु निर्विचिकित्स होनेसे निर्जरा होती है।

अमूढ़दृष्टि—सम्यग्दृष्टि जीवके धर्म-विरुद्ध किसी भी कुभावमें व कुभाव वालोंमें सम्मोह नहीं होता। इसलिये उसके मूढ़दृष्टिकृत बन्ध नहीं है; किन्तु अमूढ़दृष्टि होनेसे निर्जरा ही होती है।

स्थितिकरण—उन्मार्गमें जाते हुये स्वयको उन्मार्गमें जानेसे रोक लेने व स्वयको स्वरूपमें स्थित कर देनेसे एवं परको भी धर्ममें स्थित कर देनेके निमित्त होनेसे ज्ञानी स्थितिकरण-युक्त होता है, इसलिये उसके मार्ग-पतन-कृत बन्ध नहीं होता, किन्तु धर्मस्थितताके कारण निर्जरा ही होती है।

वात्सल्य—रत्नत्रयको अपनेमें अभेदबुद्धिसे देखनेकी वत्सलता होनेसे व व्यवहारमें धर्मात्मा जनोंमें निश्छल वात्सल्य होनेसे सम्यग्दृष्टि मार्गवत्सल होते हैं। इसलिये उनके अवात्सल्यकृत बन्ध नहीं होता, किन्तु मार्गवत्सलताके कारण निर्जरा ही होती है।

प्रभावना—ज्ञानशक्तिके विकाससे सम्यग्दृष्टि प्रभावनाकारी होता है। अतः उसके अप्रभावनाकृत बन्धन ही है; किन्तु ज्ञानप्रभावक होनेसे निर्जरा ही होती है। ज्ञानी पुरुष अपनी अलौकिक आध्यात्मिक चर्याके कारण पूर्वबद्ध कर्मोंकी निर्जरा करता है। वह निर्जरा मोक्ष तत्त्वका साधन है।

बंधाधिकार

निर्जराका फल मोक्ष है। मोक्ष बन्धपूर्वक है। अतः मोक्षतत्त्वके वर्णनसे पहले बन्धतत्त्वका वर्णन किया जा रहा है। बन्ध किस कारण होता है यह व्यक्त करनेके लिये एक उदाहरण है। जैसे कोई मल्ल देहमें तेल लगाकर धूलभरी भूमिपर स्थित होकर तलवारसे कदली वंश आदि पेड़ोंको काटता है। इस अवसरमें उसका देह धूलसे लिप्त हो जाता है। यहाँ विचार करो कि वह धूल क्यों चिपट गई? क्या धूलभरी भूमिमें स्थित होनेसे धूल चिपट गई? नहीं। यदि धूलभरी भूमिमें स्थिति होनेके कारण धूल चिपटी होती तो अन्य कोई मल्ल जिसके देहमें तेल न लगा हो वह उसी भूमिमें वैसा ही व्यायाम करे उसके तो नहीं चिपटती। क्या शस्त्र चलाया इस कारण धूल चिपटी? नहीं, दूसरा भी तो वही शस्त्र चलाता है उसके तो नहीं चिपटती। क्या वृक्षोंका घात करता है इस कारण चिपटी? नहीं, दूसरा मल्ल भी तो घात करता है उसके क्यों नहीं चिपटती। निष्कर्ष यह है कि इन बाह्य साधनोंसे धूल नहीं चिपटी, किन्तु जो देहमें स्नेह (तेल) लगा है, उसके कारण धूल चिपटी। इसी प्रकार अज्ञानी जीव रागादि करता हुआ कार्माण-वर्गणाओंसे व्याप्त लोकमें मन वचन कायकी चेष्टा करता हुआ अनेक प्रकारके साधनोंसे सजीव अजीव पदार्थोंका घात करता हुआ कर्मसे बँध जाता है। यहां विचार करो कि कर्म बँधनेका कारण क्या है? क्या वह जीव कार्माणवर्गणाव्याप्त लोकमें स्थित है इस कारण कर्म-बंध हुआ? नहीं क्योंकि अरहंत सिद्ध भी तो ऐसे ही लोकमें हैं, उनके तो कर्मबंध नहीं होता। क्या मन वचन कायकी चेष्टा कर्मबंधका कारण है? नहीं, क्योंकि ग्यारहवें, बारहवें, तेरहवें गुणस्थान वालोंके भी योगचेष्टा है, उनके तो कर्म नहीं बंधता। क्या अनेक उपकरण उसके पास हैं इसलिये कर्म बंध होता है? नहीं, अरहंतदेवके समीप समवसरणादि महान वैभव है, उनके तो बंध नहीं, होता। क्या घात होनेसे कर्म बंध होता है? नहीं, समिति-पूर्वक क्रिया करने वाले मुनि-देहसे सूक्ष्म जन्तु-घात सम्भव है, उनके तो बन्ध नहीं होता। निष्कर्ष यह है, कि इन बाह्य साधनोंसे कर्मबन्ध नहीं होता, किन्तु उपयोगमें जो रागादि (स्नेह) को ले जाना है वह कर्मबन्धका कारण है।

जो ज्ञानी रागादिको उपयोगभूमिमें न ले आवे, ज्ञानस्वरूप रहे, वह कर्मसे नहीं बँधता। यहां विशेष यह जानना चाहिये कि रागसे जो बन्ध होता है वह संसारको दृढ़ नहीं करता, किन्तु रागमें राग होनेसे जो बन्ध होता है वह संसारको दृढ़ करता है। विकारमें लगाव होना मोह है, मोह कृतबन्ध संसारको दृढ़ करता है।

अज्ञानी जीवकी मान्यता परतन्त्रताकी रहती है। अज्ञानीके ऐसे भाव होते हैं कि मैं दूसरोंको मारता हूं, दूसरोंसे मारा जाता हूं, मैं दूसरोंको जिलाता हूं, दूसरोंके द्वारा मैं जिलाया जाता हूं, मैं दूसरोंको सुख दुःख देता हूं, दूसरे मुझे सुख दुःख देते इत्यादि; किन्तु यह सब भाव मिथ्या है। जीवोंका मरण उनके ही आयुकर्मके क्षयसे होता है। जीवोंका जीवन उनके ही आयु-कर्मके उदयसे होता है। सुख-दुख भी उनके ही कर्मके उदयसे होता है। किसी के विकल्पसे किसी अन्य जीवकी परिणति नहीं होती, विकल्प करके प्राणी कर्मबन्ध ही करता है। उन विकल्पोंमें यदि वे विकल्प पापसम्बन्धी हों तो पापका बन्ध होता है। यदि दया, व्रत तप आदिके शुभ विकल्प हों तो पुण्यका बन्ध होता है। बाह्य पदार्थ बन्धका कारण नहीं है। बन्धका कारण तो विकल्प है। विकल्पके आश्रयभूत बाह्य पदार्थ हैं।

ज्ञान-स्वभावका अनुभव बन्धका टालनेवाला है; परमार्थभूत ज्ञानभावके आश्रय बिना दुर्धर व्रत, तप भी निर्वाणके साधन नहीं होते, किन्तु कर्मबन्धके ही हेतु होते हैं। पर्यायबुद्धि जबतक रहती है तबतक जीव संसारका ही पात्र होता है। मोक्षमार्गकी सिद्धि उस अज्ञानीके कैसे हो सकती है।

तात्पर्य यह है कि निज आत्माको ज्ञायकस्वभावरूप स्वीकार किये बिना कितने भी विकल्प किये जायें उनसे मुक्ति नहीं होती, किन्तु बन्ध ही होता है। मैं साधु हूँ, मुझे दया करनी चाहिये, सत्य बोलना चाहिये, परीषह सहना चाहिये, व परीषह भी ऐसी सहे कि कोल्हूमें पिल जाय फिर भी उफ या क्रोध न करे। इन सब करामातोंके बावजूद भी चूँकि अपनेको साधुपर्यायरूपमें ही प्रतीत किया है, ज्ञायकस्वरूपके अनुभवसे अनभिज्ञ है, अतः पुण्य बंध तो होता है और मिथ्या आशयके कारण पाप बंध भी होता है, किन्तु धर्मभाव, संवर व निर्जरा भाव नहीं होता है। अतः दुखोंसे मुक्ति पानेके लिए निज शुद्ध सनातन चित्स्वरूपका प्रज्ञा द्वारा परिचय प्राप्त करना चाहिये।

मोक्षाधिकार

आत्मा और बंधको दो रूप अर्थात् अलग अलग कर देनेका नाम मोक्ष है। आत्मा स्वभावरूप है। बंध विभावरूप है। स्वभावका विभाव परिणमन न रहकर स्वभावपरिणमन रहे, यही अवस्था मोक्ष तत्त्वमें है।

कितने ही पुरुष बंधके चिन्तनपरिणामको मोक्षका कारण मानते हैं। वह ठीक नहीं; क्योंकि जैसे कि बेड़ीमें बँधा हुआ पुरुष बेड़ीबंधके स्वरूपको जाननेमात्रसे या बेड़ीबंधकी चिन्तामात्रसे छुटकारा नहीं पाता, किन्तु बेड़ीबंध कटनेसे अर्थात् अलग होनेसे ही छुटकारा पाता है। इसी प्रकार कर्मबन्धसे बद्ध आत्मा बन्धका स्वरूप जाननेमात्रसे या अपायविचयधर्मध्यानमें ही बुद्धि लगाने मात्रसे कर्ममुक्त नहीं होता, किन्तु बन्धच्छेदसे अर्थात् विभावपरिणमनके अलग करनेसे ही कर्ममुक्त होता है। बन्धच्छेदका उपाय क्या है ? प्रज्ञा। नियत स्वलक्षणका जो अवलम्बन करे ऐसे विज्ञानको प्रज्ञा कहते हैं। पहिले प्रज्ञासे यह निर्णय किया जाता है कि आत्माका स्वलक्षण चैतन्य है जो कि आत्मामें अनादि अनन्त तादात्म्यरूपसे है तथा आत्मातिरिक्त किसी भी पदार्थमें कभी नहीं रहता; और बन्धका स्वलक्षण रागादिक है जो कि चैतन्यचमत्कारसे अन्य तथा आत्मामें उपाधि-संयोगवश क्षण-क्षणको प्रतिभासते हैं व नष्ट होने वाले हैं। पश्चात् बन्धका स्वभाव विकारक जान कर बन्धसे विरक्त हुआ जाता है और शुद्ध आत्मतत्वको आत्मस्वभाव जानकर उसको ग्रहण किया जाता है। यह ग्रहण अभिन्न चेतन-क्रिया द्वारा अभिन्न षट्कारक रूपमें होता है। जैसे कि मैं चेतता हूं, चेतयमान होता हुआ चेतता हूं, चेतयमानको चेतता हूं, चेतयमानके द्वारा चेतता हूं, चेतयमानके लिए चेतता हूं, चेतयमानसे चेतता हूं, चेतयमानमें चेतता हूं। पश्चात् अभेद चैतन्यकी प्रखर उपासनामें अभिन्न षट्कारकके सूक्ष्म विकल्पका भी निषेध करके (कि मैं न चेतता हूं, न चेतयमान होता हुआ चेतता हूं, न चेतयमानको चेतता हूं आदि रूपसे निषेध करके) सर्वविशुद्ध चिन्मात्र हूं, ऐसा अनुभव होता है। इसी शुद्ध अनुभवके बलसे बन्धच्छेद होता है; क्योंकि परभावका ग्रहण करना ही अपराध अर्थात् राध (आत्मसिद्धि) से दूर रहनेका भाव था, इस अपराधके दूर होनेपर बन्धकी शंका ही सम्भव नहीं है।

सर्वविशुद्धचिन्मात्रके अनुभवका परिणमन व्यवहार प्रतिक्रमण आदि भावसे भी उत्कृष्ट है और वस्तुतः द्रव्यप्रतिक्रमणादि, व अज्ञानी जनोंके अप्रतिक्रमणादिसे विलक्षण यह सहज अप्रतिक्रमणादि तो अमृत है और वे दोनों विष है। सहज अप्रतिक्रमणादि रूप तृतीय भूमिका सम्बन्ध ही द्रव्य प्रतिक्रमणादिको अमृतपना व्यवहारसे सिद्ध कराता है। इस प्रकार सर्व विशुद्धचिन्मात्रके अनुभवका परिणमन सर्वोत्कृष्ट परिणमन है और यही मोक्षका हेतु है।

सर्वविशुद्ध ज्ञानाधिकार

नव तत्वोंका वर्णन करके, अब अन्तमें सबके आधार भूत उसी पारिणामिकभावका पुनः विस्तारसे इस अधिकारमें वर्णन किया गया है जिसकी कि सूचना पीठिकामें की गई थी।

सम्यग्दर्शनका विषय शुद्धद्रव्य है। ज्ञानकी समीचीनता भी शुद्ध द्रव्यके परिचयसे है। सम्यक्चारित्रका स्वरूप-लाभ भी शुद्ध द्रव्यके स्पर्शसे है। अतः शुद्ध अर्थात् आध्यात्मिक विकासका आश्रय ही शुद्ध आत्म-तत्त्व है। यह शुद्ध आत्म-तत्त्व सर्व-विशुद्ध ज्ञानस्वरूप है अर्थात् यह शुद्ध आत्मद्रव्य न तो किसीका कार्य है और न किसीका कारण

है। क्योंकि प्रत्येक द्रव्योंका केवल स्व स्वकी पर्यायोंसे तादात्म्य है। यहां शुद्धसे तात्पर्य परसे भिन्न व स्वके स्वभावभेदसे है। पर्याय व शक्तिभेदको गौणता करके अभेद स्वभावकी दृष्टिमें यह संवेद्य है।

आत्मतत्त्वका व परद्रव्यका कोई सम्बन्ध नहीं, क्योंकि प्रत्येक द्रव्य निज-निज सत्तात्मक ही रहता है। इसी कारण आत्मा व परद्रव्यमें कर्तृ-कर्म सम्बन्ध भी नहीं है। फिर आत्मा परद्रव्यका कर्ता कैसे हो सकता है? और इसी कारण आत्मा परद्रव्यका भोक्ता भी कैसे हो सकता है? जिनके आशयमें पर-द्रव्यका कर्तृत्व-भोक्तृत्व समाया हुआ है यह सब उनके अज्ञानभावकी महिमा है। जैसे दृष्टि (नेत्र) दृश्यमान पदार्थसे अत्यन्त भिन्न है। वह दृश्य वस्तुको न तो करती है और न भोगती है, केवल देखती मात्र है, क्योंकि यदि करे तो अग्निको देखनेसे जल जाना चाहिये, यदि भोगे तो अग्निको देखनेसे नेत्र तप्त व भस्म हो जाना चाहिये। इसी प्रकार ज्ञान भी एक दृष्टि ही तो है वह किसी परपदार्थको न तो करता है और न भोगता है। वह तो तत्त्वज्ञानके कारण पर पदार्थको अहं व मम रूपसे अनुभव नहीं कर सकनेके कारण केवल जानता है, चाहे बन्ध हो, मोक्ष हो, उदय हो या कुछ हो। यहां यह निर्णय कर लेना आवश्यक है कि शुद्ध आत्मतत्त्व अथवा समयसार अभेद शुद्ध चैतन्य स्वभाव है। वह अनादिसे अनन्त काल तक एकस्वरूप है। यही वह सहज सिद्ध भाव है जिसका अवलंबन मोक्ष मार्ग है। यह तो बंध मोक्ष पर्यायसे परे है। इस परम पारिणामिक भाव स्वरूप समयसारका ध्यान, भावना, दृष्टि, आश्रय और अवलंबन मोक्षमार्ग है। जीवमें यह अनादिसिद्ध भाव है, किन्तु इसकी दृष्टि बिना प्रकृतिस्वभाव (रागादिभाव) में स्थित होकर विपरीताशय होकर यह अज्ञानी जीव कर्मका कर्ता व कर्मफलका भोक्ता होता है। जब प्रकृति-स्वभावमें व आत्मामें भेदज्ञान करता है तब अकर्ता अभोक्ता हो जाता है।

स्याद्वाद

अब समस्या एक सुलझनेको आ जाती है कि राग-द्वेषादिभावोंका कर्ता कौन है? पुद्गलकर्म तो कर्ता नहीं है क्योंकि पुद्गलकर्म परद्रव्य है। परद्रव्य अन्य—परके गुण पर्यायका न कर्ता है और न अधिकारी है। आत्मा भी राग-द्वेषादिका कर्ता नहीं; क्योंकि यदि आत्मा राग-द्वेषादि करे, तो आत्मा तो नित्य है फिर तो आत्मा रागादिका नित्यकर्ता हो जायगा। अतएव मोक्षका अभाव हो जायगा। रागादिके विषयभूत पदार्थ भी रागादिके कर्ता नहीं। इस प्रकार रागादिका कर्ता न तो आत्मा ही है और न कर्म ही है और न विषय हैं। फिर भी रागादि परिणमन तो होता है। इस समस्याको सुलझानेके अनेकोंने अनेक प्रयत्न किये हैं, किन्तु एक सन्धि नियत किए बिना यह समस्या नहीं सुलझती। वह सन्धि है निमित्त-नैमित्तिक भाव। अनित्य कर्मोदयको निमित्त पाकर अनित्य रागादि होते हैं। अनित्य रागादिकका निमित्त पाकर अनित्य कर्मबन्ध होता है। फिर बद्ध अनित्य कर्मोदयका निमित्त पाकर अनित्य रागादि होते हैं। यह परम्परा चलती रहती है, जबतक कि प्रखर भेद-विज्ञान न हो जाय। यहां बन्धमें निमित्त आत्म-विभाव है। उपादान कारण कार्माणवर्गणा है तथा रागादिमें निमित्त कर्मोदय है व उपादान—अध्यवसित आत्मा है। निमित्त-नैमित्तिक भावकी इस सन्धिका होना भी अज्ञानकी महिमा है और आत्माका कर्ता भोक्ता बनना भी अज्ञानकी महिमा है।

इस प्रकरण से ऐसा नहीं समझना चाहिए ह कि आत्मा भिन्न वस्तु है और वृत्तियां सर्वथा भिन्न वस्तुतत्त्व है। क्योंकि ऐसा समझनेसे दो प्रकारकी पृथक्-पृथक् विचारधाराएं बहने लगती है। (१) आत्मा सर्वथा अविकार है। विकार तो किसी अन्यसे है उसे कोई जीव कहते हैं, कोई मन कहते हैं अथवा विकारको प्रकृतिका कार्य कहते हैं। (२) आत्मा कोई एक है ही नहीं, ये वृत्तियां ही आत्मा है सो करने वाला और है और भोगने वाला और है। इनपर विचार करना आवश्यक है। जीवका मन चेतन है या अचेतन? यदि चेतन है तो यही तो आत्मस्वरूप है, फिर तो आत्माके नामान्तर ही हुए यदि अचेतन है तो जानने, देखने और विचारने वाले पदार्थको घबड़ाने अथवा कल्याणकी क्या जरूरत? प्रकृति नाम कर्मका है। रागादि विकार यदि प्रकृतिका कार्य है, तो "कारण-सदृश कार्य"। इस न्यायसे

न समझता हुआ ब्राह्मणके सामने मेढ़ेकी तरह टकटकी लगाकर देखता ही रहा कि इसने क्या कहा है ? तब उस ब्राह्मणकी भाषा तथा म्लेच्छकी भाषा—इन दोनोंका अर्थ जानने वाले अन्य किसी पुरुषने उसे म्लेच्छ भाषामें समझाया कि 'स्वस्ति' शब्दका अर्थ है 'तेरा कल्याण हो।' उस समय उत्पन्न हुए अत्यन्त आनन्दके आंसुओंसे उस म्लेच्छके नेत्र भर आये, इस तरह वह म्लेच्छ उस 'स्वस्ति' शब्दका अर्थ समझ ही लेता है। उसी तरह व्यवहारी जन भी 'आत्मा' ऐसा शब्द कहे जानेपर यथावस्थित आत्मस्वरूपके ज्ञानसे रहित होनेके कारण कुछ भी नहीं समझता हुआ मेंढेकी तरह टकटकी लगाकर देखता ही रहता है। और जब कोई व्यवहार परमार्थ मार्गपर सम्यग्ज्ञान रूप महारथको चलाने वाले सारथीके समान आचार्य या अन्य कोई विद्वान् व्यवहारमार्गको वर्तकर 'दर्शन ज्ञान चारित्र रूप जो सदा परिणमन करे, वह आत्मा है' ऐसा आत्मा शब्दका अर्थ कहता है तब उसी समय उत्पन्न हुए अत्यंत आनन्द वाले हृदयमें सुन्दर ज्ञानरूप तरंगोंसे प्रमुदित वह उस आत्मशब्दका अर्थ अच्छी तरह समझ जाता है। इस प्रकार यहाँ जगतके म्लेच्छस्थानीयपना होनेसे और व्यवहारनयके म्लेच्छ भाषाके तुल्य होनेसे व्यवहार परमार्थका कहने वाला होनेसे उपदेश करने योग्य है। और ब्राह्मणको म्लेच्छित आचरण करना योग्य नहीं है, इस वचनसे निश्चय करें कि व्यवहारनय परमार्थदर्शीके अनुसरण करने योग्य नहीं है।

भावार्थ—शुद्धनयका विषय अभेद एकरूप वस्तु है, इस तथ्यको लोक जानते नहीं, किन्तु अशुद्धनयको ही जानते हैं, क्योंकि इसका विषय भेदरूप अनेक प्रकार है, इसलिये व्यवहारके द्वारा ही शुद्धनयरूप परमार्थको समझ सकते हैं। इस कारण व्यवहारनयका परमार्थोपदेशक होनेसे उपदेश किया जाता है। सो व्यवहारोपदेशमें आचार्य व्यवहारका आलंबन नहीं कराते हैं, किन्तु व्यवहारका आलंबन छुड़ाकर परमार्थमें पहुंचाते हैं।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानीके (आत्माके) ज्ञान है, दर्शन है, चारित्र है यह उपदेश व्यवहारसे ही है, परमार्थसे तो वह शुद्ध ज्ञायक ही है। इस

कथं व्यवहारस्य परमार्थं प्रतिपादकत्वमिति चेत्—

जो हि सुएणहिगच्छइ अप्पाणमिणं तु केवलं सुद्धं ।
तं सुयकेवलिमिसिणो भणंति लोयप्पईवयरा ॥९॥
जो सुयणाणं सव्वं जाणइ सुयकेवलिं तमाहु जिणा ।
णाणं अप्पा सव्वं जह्मा सुयकेवली तह्मा ॥१०॥ (जुम्मं)

जो श्रुतवेदित केवल, शुद्ध निजात्मा हि जानता होवे ।
ज्ञानी ऋषिवर उसको, निश्चयश्रुतकेवली कहते ॥९॥
जो सब श्रुतको जाने, उसको श्रुतकेवली प्रकट कहते ।
क्योंकि सकल श्रुतका जो, ज्ञान है सो आत्मा ही है ॥१०॥

यो हि श्रुतेनाभिगच्छति आत्मानमिमं तु केवलं शुद्धम् । तं श्रुतकेवलिनमृषयो भणंति लोकप्रदीपकराः ॥९॥
यः श्रुतज्ञानं सर्वं जानाति श्रुतकेवलिनं तमाहुर्जिनाः । ज्ञानमात्मा सर्वं यस्माच्छ्रुतकेवली तस्मात् ॥१०॥

यः श्रुतेन केवलं शुद्धमात्मानं जानाति स श्रुतकेवलीति तावत्परमार्थो यः श्रुतज्ञानं सर्वं जानाति स श्रुतकेवलीति तु व्यवहारः । तदत्र सर्वमेव तावत् ज्ञानं निरूप्यमाणं किमात्मा किमनात्मा ? न तावदनात्मा समस्तस्याप्यनात्मनश्चेतनेतरपदार्थपंचतयस्य ज्ञानतादात्म्यानुपपत्तेः । ततो गत्यंतराभावात् ज्ञानमात्मेत्यायात्यतः श्रुतज्ञानमप्यात्मैव स्यात् । एवं सति य

नामसंज्ञ—ज, हि, सुय, अप्प, इम, तु, केवल, सुद्ध, त, सुयकेवलि, इसि, लोयप्पईवयर, ज, सुयणाण, सव्व, सुयकेवलि, त, जिण, णाण, अप्प, सव्व, ज, सुयकेवलि, त । **धातुसंज्ञ**—अभि-गच्छ गतौ, भण व्यक्तायां वाचि, जाण अवबोधने । **प्रकृतिशब्द**—यत्, हि, श्रुत, आत्मन्, इदम्, तु, केवल, शुद्ध, तत्, श्रुतकेवलिन्, ऋषि, लोकप्रदीपकर, यत्, श्रुतज्ञान, सर्व, श्रुतकेवलिन्, तत्, जिन, ज्ञान, आत्मन्, सर्व, यत्,

---

तथ्यके प्रतिपादनपर यह जिज्ञासा होना प्राकृतिक है कि फिर तो व्यवहार कहा ही क्यों जाता, सिर्फ परमार्थ ही कहा जाना चाहिये । इसके समाधानके लिये इस गाथाका अवतार हुआ है ।

तथ्यप्रकाश—(१) भेदविधिसे प्रतिपादनरूपरूप व्यवहारके बिना अभेद स्वतत्त्वके अपरिचित जीवोंको यह परमार्थ नहीं समझाया जा सकता । (२) अभेद ज्ञायकस्वरूपसे अपरिचित यह जीव अनादिसे है, अतः व्यवहारनय व व्यवहार इस जीवका उपकारी है, हस्तावलम्बनरूप है । (३) परमार्थ अन्तस्तत्त्वका दर्शन अनुभव करने वाले पवित्र आत्मावोंको व्यवहारनय व व्यवहार अनुसरणीय (प्रयोजनवान) नहीं है ।

सिद्धान्त—(१) भेदविधिसे सहज तत्त्वका प्रतिपादन अनुसरणीय व्यवहार है ।

आत्मानं जानाति स श्रुतकेवलीत्यायाति स तु परमार्थ एव । एवं ज्ञानज्ञानिनौ भेदेन व्यपदिशता व्यवहारेणापि परमार्थमात्रमेव प्रतिपाद्यते न किंचिदप्यतिरिक्तं । अथ च यः श्रुतेन केवलं शुद्धमात्मानं जानाति स श्रुतकेवलीति परमार्थस्य प्रतिपादयितुमशक्यत्वाद्यः श्रुतज्ञानं सर्वं जानाति स श्रुतकेवलीति व्यवहारः परमार्थप्रतिपादकत्वेनात्मानं प्रतिष्ठापयति ॥९, १०॥

श्रुतकेवलिन्, तत् । **मूलधातु**—श्रु श्रवणे । अभि-गम्लृ गतौ, अत सातत्यगमने ब्रूञ् व्यक्तायां वाचि, ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**—यः—प्रथमा ए० । हि—अव्यय । श्रुतेन—तृ० ए० । अभिगच्छति—लट् अन्य० एक० । आत्मानं—द्वि० ए० । इमम्—द्वि० एकवचन । तु—अव्यय । केवलं—द्वि० ए० । शुद्धं—द्वि० ए० । तं—द्वितीया एक० कर्मकारक । श्रुतकेवलिनं—द्वितीया एकवचन कर्मविशेषण । भणंति—लट् वर्तमान, अन्य पुरुष बहु० ।

(२) व्यवहार परमार्थके प्रतिबोधका प्रयोजक है । (३) परमभावदर्शी पुरुषोंको व्यवहारनय व व्यवहार अनुसरणीय नहीं होता ।

दृष्टि—१– अनुपचरित परमशुद्ध सद्भूतव्यवहार व उपचरित परमशुद्ध सद्भूतव्यवहार (६९अ·७०) । २– भेदकल्पनानिरपेक्ष शुद्ध द्रव्य प्रतिपादक व्यवहार (८०) । ३– शुद्धनय (४९) ।

प्रयोग—हम अपने आत्माकी सहजशक्तियोंसे अपने आत्मस्वरूपका परिचय करके शक्तिभेदके विकल्पको त्यागकर अपनेमें विश्राम करें और चिद्ब्रह्मप्रकाशका अनुभव करें ॥८॥

अब प्रश्न उत्पन्न होता है कि व्यवहारनय परमार्थका प्रतिपादक कैसे है ? उसके उत्तरमें गाथा सूत्र कहते हैं—**[यः]** जो जीव **[हि]** निश्चयतः **[श्रुतेन]** श्रुतज्ञानसे **[तु इमं]** इस अनुभवगोचर **[केवलं शुद्धं]** केवल एक शुद्ध **[आत्मानं]** आत्माको **[अभिगच्छति]** सम्मुख हुआ जानता है **[तं]** उसे **[लोकप्रदीपकराः]** लोकको प्रकाश करने वाले **[ऋषयः]** ऋषीश्वर **[श्रुतकेवलिनं]** श्रुतकेवली **[भणंति]** कहते हैं । **[यः]** जो जीव **[सर्वं]** सब **[श्रुतज्ञानं]** श्रुतज्ञान को **[जानाति]** जानता है **[तं]** उसे **[जिनाः]** जिनदेव **[श्रुतकेवलिनं]** श्रुतकेवली **[आहुः]** कहते हैं **[यस्मात्]** क्योंकि **[सर्वं ज्ञानं]** सब ज्ञान **[आत्मा]** आत्मा ही है **[तस्मात्]** इस कारण **[श्रुतकेवली]** वह श्रुतकेवली है ।

तात्पर्य—परमार्थतः आत्मा क्या जानता है इसका प्रतिपादन बाह्य ज्ञेयोंके निर्देशसे हो पाता है ।

टीकार्थ—जो श्रुतज्ञानसे केवल शुद्ध आत्माको जानता है वह श्रुतकेवली है, यह तो परमार्थ है, और जो सब श्रुतज्ञानको जानता है वह श्रुतकेवली है यह व्यवहार है । अब यहाँ विचारिये कि यहाँ निरूपण किया जाने वाला सब ही ज्ञान आत्मा है कि अनात्मा ? उनमेंसे अनात्मा कहना तो ठीक नहीं है, क्योंकि जड़रूप अनात्मा आकाशादि पांच द्रव्य हैं उनका

कुतो व्यवहारनयो नानुसर्त्तव्य इति चेत्—

ववहारोऽभूयत्थो भूयत्थो देसिदो दु सुद्धणओ ।
भूयत्थमस्सिदो खलु सम्माइट्ठी हवइ जीवो ॥११॥

व्यवहार अभूतार्थ रु, भूतार्थ शुद्धनय कहा गया है ।
भूतार्थ आश्रयी ही, सम्यग्दृष्टी पुरुष होता ॥११॥

व्यवहारोऽभूतार्थो भूतार्थो दर्शितस्तु शुद्धनयः । भूतार्थमाश्रितः खलु सम्यग्दृष्टिर्भवति जीवः ॥११॥

व्यवहारनयो हि सर्वं एवाभूतार्थत्वादभूतमर्थं प्रद्योतयति । शुद्धनय एक एव भूतार्थत्वाद् भूतमर्थं प्रद्योतयति । तथाहि—यथा प्रबलपंकसंवलनतिरोहितसहजैकाच्छभावस्य पयसोऽनुभवितारः पुरुषाः पंकपयसोर्विवेकमकुर्वन्तो बहवोऽनच्छमेव तदनुभवंति । केचित्तु स्वकरविकीर्णकतकनिपातमात्रोपजनितपंकपयसोर्विवेकतया स्वपुरुषाकाराविर्भावितसहजैकाच्छभावत्वादच्छमेव

लोकप्रदीपकरः—प्रथमा० एक० कर्ताकारक । यः—प्रथमा एकवचन सर्वनाम कर्ता । श्रुतज्ञानं—द्वितीया० एक० कर्म० । सर्वं— द्वि० ए० कर्मविशेषण । जानाति—लट् वर्तमान अन्य पुरुष एकवचन । श्रुतकेवलिनं—द्वि० एकवचन । तं—द्वि० ए० कर्म । आहुः—लट् वर्तमान अन्य० बहुवचन । जिनाः—प्रथमा बहु० । ज्ञानं—प्र० ए० । आत्मा—प्र० एक० । सर्वं—प्र० ए० । यस्मात्—पंचमी० एक० । श्रुतकेवली—प्रथमा० एक० कर्ताकारक । तस्मात्—पंचमी विभक्ति एकवचन ॥९-१०॥

ज्ञानके साथ तादात्म्य नहीं है । इसलिए अन्य उपायका अभाव होनेसे ज्ञान आत्मा ही है ऐसा लक्ष्य सिद्ध होता । श्रुतज्ञान भी आत्मा ही है ऐसा होनेपर यह सिद्ध हुआ कि जो आत्माको जानता है वह श्रुतकेवली है और वही परमार्थ है । इस तरह ज्ञान और ज्ञानीको भेदसे कहने वाले व्यवहारसे भी परमार्थमात्र ही कहा जाता है, उससे अधिक कुछ भी नहीं । अथवा जो श्रुतज्ञानसे केवल शुद्ध आत्माको जानता है वह श्रुतकेवली है, इस परमार्थका निश्चयनयके द्वारा कहना अशक्य है, इसलिए जो समस्त श्रुतज्ञानको जानता है, वह श्रुतकेवली है, ऐसा बताने वाला व्यवहारनय परमार्थका प्रतिपादक होनेके कारण अपनेको प्रतिष्ठित कराता है ।

भावार्थ—जो द्वादशाङ्गके जाननरूप परिणत मात्र आत्माको जानता है, वह श्रुतकेवली है यह तो परमार्थका कथन है और वही सब द्वादशाङ्ग शास्त्रज्ञानको जानता है यह कहना व्यवहारकथन है । वस्तुविषयक ज्ञान आत्मा है ऐसा जिसने ज्ञानको जाना उसने आत्माको ही जाना यही परमार्थ है । इस प्रकार ज्ञान और ज्ञानीके भेद कहने वाले व्यवहारने भी परमार्थ ही कहा, अन्य कुछ नहीं कहा । यहाँ ऐसा है कि परमार्थका विषय तो कथंचित् वचनगोचर नहीं भी है; इसलिए व्यवहारनय ही परमार्थ आत्माका प्रतिपादन करता है ।

तदनुभवंति । तथा प्रबलकर्मसंवलनतिरोहितसहजैकज्ञायकस्यात्मनोऽनुभवितारः पुरुषा आत्मकर्मणोर्विवेकमकुर्वन्तो व्यवहारविमोहितहृदयाः प्रद्योतमानभाववैश्वरूप्यं तमनुभवंति । भूतार्थदर्शिनस्तु स्वमतिनिपातितशुद्धनयानुबोधमात्रोपजनितात्मकर्मविवेकतया स्वपुरुषाकाराविर्भावित-

---

नामसंज्ञ—ववहार, अभूयत्थ, भूयत्थ, देसिद, हु, सुद्धणय, भूयत्थ, अस्सिद, खलु, सम्माइट्ठि जीव । **धातुसंज्ञ**—वि–अव हर हरणे, भव सत्तायां, सुज्झ नैर्मल्ये, णे प्रापणे, अस्स आश्रयणे, हव सत्तायां, जीव प्राणधारणे, सम्मंच पूजायां । **प्रकृतिशब्द**—व्यवहार, अभूतार्थ, भूतार्थ, देशित, खलु, शुद्धनय, भूतार्थ, आश्रित, खलु, सम्यग्दृष्टि, जीव । **मूलधातु**—वि-अव-हृ हरणे । भू सत्तायां । आ-श्रिञ् सेवायां । **पदविच्छेद**—

प्रसंगविवरण—अनन्तर पूर्व गाथामें कहा गया था कि व्यवहारके बिना परमार्थका समझाया जाना अशक्य है, अतः व्यवहार परमार्थका प्रतिपादक है । सो यहाँ उसके विवरण की जिज्ञासाका समाधान है कि व्यवहार परमार्थका प्रतिपादक कैसे है ?

तथ्यप्रकाश—(१) परमार्थतः आत्मा अपनेको (ज्ञेयाकारपरिणत अपनेको) ही जानता है । (२) परमार्थतः आत्मा किसे जानता है यह सीधा कहना अशक्य है सो आत्मा जिस समय जिस वस्तुके विषयमें जानकारी कर रहा है उस वस्तुको जानता है यों कहकर समझाया जाता है । (३) अन्य दृष्टान्तसे इस तथ्यको समझें जैसे घटको जानने वाला आत्मा परमार्थसे क्या जान रहा है ? परमार्थसे वह घटके विषयके ज्ञानरूपसे परिणत मात्र (शुद्ध) अपने आत्मा को जान रहा है, किन्तु परमार्थतः वह किसे जान रहा है यह सीधा कहना अशक्य है सो वह घटको जान रहा है यों कहकर समझाया जाता है । (४) परवस्तुको जाननेकी बात कहना व्यवहार है और उस प्रकारके ज्ञानसे परिणत मात्र (शुद्ध) आत्माको जानना यह परमार्थ है । (५) इस प्रकरणमें दृष्टान्त श्रुतकेवलीका दिया है जो द्वादशाङ्ग श्रुतको जानता है वह श्रुतकेवली परमार्थसे किसको जानता है ? वह परमार्थसे द्वादशांग श्रुतके विषयके ज्ञानसे परिणत मात्र (शुद्ध) आत्माको जानता है, किन्तु परमार्थतः वह किसे जानता यह सीधा कहना अशक्य है सो वह द्वादशाङ्ग श्रुतको जानता है यों व्यवहारसे समझाया जाता है । (६) अन्तर्दृष्टिसे व्यवहार व परमार्थ देखिये—श्रुतकेवली द्वादशाङ्गश्रुत ज्ञानको जानता है । यहाँ ज्ञान ज्ञानीका भेद किया वह व्यवहार है, भेद न कर आत्मा ही लक्षित हो वह परमार्थ है । (७) अन्तर्दृष्टि का दूसरा दृष्टान्त—घटज्ञानी व्यवहारसे घटज्ञानको जानता है, परमार्थतः वहां आत्माको जानता है । यहां ज्ञान ज्ञानीका भेद किया वह व्यवहार है, भेद न कर वहां आत्मा ही लक्षित हो वह परमार्थ है ।

सिद्धान्त—(१) परमार्थतः आत्मा आत्माको जानता है । (२) व्यवहारतः आत्मा परवस्तुको जानता है

सहजैकज्ञायकस्वभावत्वात् प्रद्योतमानैकज्ञायकभावं तमनुभवंति। तदत्र ये भूतार्थमाश्रयंति त एव सम्यक् पश्यंतः सम्यग्दृष्टयो भवंति न पुनरन्ये कतकस्थानीयत्वाच्छुद्धनयस्यातः प्रत्यगात्मदर्शिभिर्व्यवहारनयो नानुसर्त्तव्यः। अथ च केषांचित्कदाचित्सोपि प्रयोजनवान्। यतः—

रण—व्यवहारः—प्रथमा विभक्ति एकवचन कर्ताकारक, अभूतार्थः—प्रथमा विभक्ति एकवचन कर्तृविशेषण, भूतार्थः—प्रथमा० एक०, देशितः—प्रथमा एकवचन कृदन्त क्रिया, खलु—अव्यय, शुद्धनयः—प्रथमा० एक०, भूतार्थ—द्वितीया एकवचन, आश्रितः—प्रथमा एकवचन, खलु—अव्यय, सम्यग्दृष्टिः—प्रथमा विभक्ति एकवचन, भवति—लट् वर्तमान अन्य पुरुष एकवचन, जीवः—प्रथमा विभक्ति एकवचन ॥११॥

दृष्टि—१— कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (७३)। २— स्वाभाविक उपचरित स्वभाव व्यवहार, परकर्तृत्व व्यवहार (१०५, १२९)।

प्रयोग—व्यवहारसे अपनी सर्व कलायें जानकर अन्तर्दृष्टिसे परमार्थ सहज ज्ञानमात्र अपने आत्माको अनुभवना चाहिये ॥९-१०॥

अब प्रश्न उठता है कि पहले कहा था कि व्यवहारको अंगीकार नहीं करना, परन्तु जब यह परमार्थका कहने वाला है तो ऐसे व्यवहारको क्यों नहीं अंगीकार करना चाहिये? इसके उत्तरमें गाथासूत्र कहते हैं—[**व्यवहारः**] व्यवहारनय [**अभूतार्थः**] अभूतार्थ है [**तु**] और [**शुद्धनयः**] शुद्धनय [**भूतार्थः**] भूतार्थ है ऐसा [**दर्शितः**] ऋषीश्वरोंने दिखलाया है। [**भूतार्थं**] भूतार्थके [**आश्रितः**] आश्रयको प्राप्त [**जीवः**] जीव [**खलु**] निश्चयतः [**सम्यग्दृष्टिः**] सम्यग्दृष्टि [**भवति**] है।

तात्पर्य—सहज स्वयं सिद्ध अन्तस्तत्त्व भूतार्थ है, अन्य सब अभूतार्थ है।

टीकार्थ—समस्त व्यवहारनय अभूतार्थ होनेसे अभूतार्थको प्रकट करता है और केवल शुद्धनय ही भूतार्थ होनेके कारण सहज सत्यभूत अर्थको प्रकट करता है। जैसे प्रबल कीचड़के मिलनेसे जिसका निर्मल स्वभाव आच्छादित हो गया है, ऐसे जलके अनुभव करने वाले बहुत से पुरुष तो ऐसे हैं कि जल और कीचड़का भेद न करके उस मैले जलका ही अनुभव करते हैं और कोई पुरुष अपने हाथसे निर्मली औषधि डालकर कर्दम और जलको भिन्न-भिन्न करने से जिसमें अपना पुरुषाकार दिखलाई दे ऐसे स्वाभाविक निर्मल स्वभावरूप जलको पीनेका अनुभव करते हैं। उसी प्रकार प्रबल कर्मके संयोग होनेसे जिसका स्वाभाविक एक ज्ञायकभाव आच्छादित हो गया है, ऐसे आत्माके अनुभव करने वाले पुरुष आत्मा और कर्मका भेद न करके व्यवहारमें विमोहितचित्त होते हुए, जिसके भावोंका अनेकरूपपना प्रकट है ऐसे अशुद्ध आत्माका ही अनुभव करते हैं और शुद्धनयके देखने वाले जीव अपनी बुद्धिसे प्रयुक्त शुद्धनयके अनुसार ज्ञानमात्रसे उत्पन्न हुए आत्मा और कर्मकी विवेक-बुद्धिसे अपने पुरुषाकाररूप स्वरूप

सुद्धो सुद्धादेसो णायव्वो परमभावदरिसीहिं ।
ववहारदेसिदा पुण जे दु अपरमे ट्ठिदा भावे ॥१२॥

शुद्ध शुद्धदेशक नय—को जानो परमभावदर्शी गण ।
जो अपरमभावस्थित, उनको व्यवहारदेशन है ॥१२॥

शुद्धः शुद्धादेशो ज्ञातव्यः परमभावदर्शिभिः । व्यवहारदेशितास्तु पुनर्ये त्वपरमे स्थिता भावे ॥१२॥

ये खलु पर्यंतपाकोत्तीर्णजात्यकार्त्तस्वरस्थानीयं परमं भावमनुभवंति, तेषां प्रथमद्वितीयाद्यनेकपाकपरम्परापच्यमानकार्त्तस्वरानुभवस्थानीयपरमभावानुभवनशून्यत्वाच्छुद्धद्रव्यादेशितया

नामसंज्ञा—सुद्ध, सुद्धादेस, णायव्व, परमभावदरिसि, ववहारदेसिद, पुण, ज, दु, अपरम, भाव,

---

से प्रकट हुए स्वाभाविक एक ज्ञायकभावपनेसे जिसमें एक ज्ञायकभाव प्रकाशमान है ऐसे शुद्ध आत्माका अनुभव करते हैं । इसलिए जो पुरुष शुद्धनयका आश्रय करते हैं वे ही सम्यक् अवलोकन करते हुए सम्यग्दृष्टि हैं और जो अशुद्धनयका सर्वथा आश्रय करते हैं वे सम्यग्दृष्टि नहीं हैं, क्योंकि शुद्धनय निर्मली द्रव्यके समान है । इस कारण कर्मसे भिन्न आत्माको जो देखना चाहते हैं उन्हें व्यवहारनय अंगीकार नहीं करना चाहिये ।

भावार्थ—यहाँ व्यवहारनयको अभूतार्थ और शुद्धनयको भूतार्थ कहा है । जो सहज अस्तित्वमय है उसे भूतार्थ कहते हैं और जो सहज नहीं है, किन्तु औपाधिक है उसे अभूतार्थ कहते हैं । इसका अभिप्राय यह है कि शुद्धनयका विषय सहज अभेद एकाकाररूप नित्य द्रव्य है इसकी दृष्टिमें भेद नहीं दीखता । इसलिये इसकी दृष्टिमें वह अभूतार्थ अविद्यमान-असत्यार्थ ही कहना चाहिये । यहाँ ऐसा समझिये कि जिनवाणी स्याद्वादरूप है, प्रयोजनके वशसे नयको मुख्य गौण करके कहती है । भेदरूप व्यवहारका पक्ष तो प्राणियोंको अनादिकालसे है ही और उसका उपदेश भी बहुधा सभी परस्परमें करते हैं, किन्तु आगममें व्यवहारका उपदेश शुद्धनयका सहायक जानकर किया है । चूँकि शुद्धनयका पक्ष इस जीवने कभी नहीं ग्रहण किया तथा उसका उपदेश भी कहीं कहीं है, इसलिये भगवंतोंने शुद्धनयके ग्रहणका फल मोक्ष जानकर इसीका उपदेश मुख्यतासे दिया है कि शुद्धनय भूतार्थ है, सत्यार्थ है, इसीका आश्रय करनेसे सम्यग्दृष्टि हो सकता है, इसके जाने बिना व्यवहारमें जब तक मग्न है तब तक आत्माका ज्ञान श्रद्धानरूप निश्चयसम्यक्त्व नहीं हो सकता ।

प्रसङ्गविवरण—शुद्ध ज्ञायकस्वरूप आत्मा परमार्थ है उसको समझानेके लिये भेदविधिसे प्रतिपादन करने वाला व्यवहार प्रयोजनवान है, किन्तु परमभावदर्शी पुरुषोंको व्यवहारनय प्रयोजनवान नहीं, अतः व्यवहारनयका अनुसरण नहीं करना चाहिये यह प्रसंग इस

समुद्योतितास्खलितैकस्वभावैकभावः शुद्धनय एवोपरितनैकप्रतिबन्धिकास्थानीयत्वात्परिज्ञायमानः प्रयोजनवान्। ये तु प्रथमद्वितीयाद्यनेकपाकपरंपरापच्यमानकार्त्तस्वरस्थानीयमपरमं भावमनुभवंति

छिद। **धातुसंज्ञ**—सुञ्झ नैर्मल्ये, दिस प्रेक्षणे, दरिस दर्शनायां, द्वा गतिनिवृत्तौ। **प्रकृतिशब्द**—शुद्ध, शुद्धा-

---

स्थल तक चल रहा है। सो उसी विषयमें यह जिज्ञासा होना प्राकृतिक है कि व्यवहारनयका अनुसरण क्यों नहीं करना चाहिये। इसके ही उत्तरमें इस गाथाका अवतार हुआ है।

तथ्यप्रकाश—(१) जो सहज शाश्वत सत् (भूत) अर्थ है वह भूतार्थ है। (२) जो सहज शाश्वत सत् (भूत) अर्थ नहीं वह अभूतार्थ है। (३) अभूतार्थ मिथ्या नहीं, किन्तु सहज शाश्वत स्वभाव अनुभूयमान होनेपर अभूतार्थ मिथ्या है। (४) उपाधिसंसर्ग, बन्धन, क्षणिक भाव, विकार, गुणभेद, कारककारकिभेद, गुणगुणिभेद, उपचार—ये सब अभूतार्थ हैं। (५) अभूतार्थसे हटकर भूतार्थका आश्रय करनेके लिये प्रथम कदम भेदविज्ञान है, द्वितीय कदम शुद्धनयका आलम्बन है।

सिद्धान्त—(१) सहज शाश्वत अभेद चैतन्यस्वभाव भूतार्थ है। (२) गुणगुणिभेद, कारककारकिभेद, गुणभेद, क्षणिकभाव, विकार, उपाधिबन्धन, उपचार आदि ये सब अभूतार्थ हैं।

दृष्टि—१– शुद्धनय, परमशुद्धनिश्चयनय भेदकल्पनानिरपेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकप्रतिपादक (४४, ४६, ८०)। २– गुणगुणिबोधक परमशुद्ध सद्भूतव्यवहार (६६अ), कारककारकिभेदक-सद्भूतव्यवहार (७३), भेदकल्पनासापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकप्रतिपादकव्यवहार, उपचरित परम-शुद्धसद्भूतव्यवहार, भेदकल्पनासापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (८२, ७०, २६), सत्तागौणोत्पाद-व्ययग्राहकनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिकनय (३७), उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४), पर-सम्बन्धव्यवहार (१२५), उपचार (१०३ से १५१) आदि।

प्रयोग—परमशुद्धनिश्चयनय अथवा शुद्धनय भूतार्थको विषय करते हैं शेष सभी नय अभूतार्थको विषय करते हैं, किन्तु वस्तुका परिचय कराते हैं। सो वस्तुपरिचयके लिये सर्व नयोंका उपयोग कर भूतार्थसम्मुख होते हुए सर्वनयोंका परित्याग करके एक शुद्ध नयका आलम्बन लेकर भूतार्थ सहज अन्तस्तत्त्वको अनुभवना चाहिये ॥११॥

अब कहते हैं कि यह व्यवहारनय भी किसी किसीको, किसी कालमें प्रयोजनवान् है, सर्वथा निषेध्य करने योग्य नहीं है, इसलिये इसका उपदेश है—[**परमभावदर्शिभिः**] जो शुद्धनय तक पहुंचकर श्रद्धावान् हुए तथा पूर्ण ज्ञानचारित्रवान् हो गये उनको तो [**शुद्धादेशः**] शुद्ध ज्ञायकमात्र आत्माका उपदेश करने वाला [**शुद्धः**] शुद्धनय [**ज्ञातव्यः**] जानने योग्य है

तेषां पर्यन्तपाकोत्तीर्णजात्यकार्त्तस्वरस्थानीय परमभावानुभवनशून्यत्वादशुद्धद्रव्यादेशितयोपदर्शितप्रतिविशिष्टैकभावानेकभावो व्यवहारनयो विचित्रवर्णमालिकास्थानीयत्वात्परिज्ञायमानस्तदात्वे प्रयोजनवान्, तीर्थतीर्थफलयोरित्थमेव व्यवस्थितत्वात् । उक्तं च——जइ जिणमयं पवज्जह

देश, परमभावदर्शिन्, व्यवहारदेशित, पुनस्, यत्, तु, अपरम, स्थित, भाव । **मूलधातु**—दृशिर् अवलोकने,

---

[पुनः] और **[ये तु]** जो जीव **[अपरमे भावे]** अपरमभावमें अर्थात् श्रद्धा, ज्ञान और चारित्र के पूर्ण भावको नहीं पहुंच सके ऐसी इस प्रकारसे इस साधक अवस्थामें ही **[स्थिताः]** ठहरे हुए हैं वे **[व्यवहारदेशिताः]** व्यवहार द्वारा उपदेश करने योग्य हैं ।

तात्पर्य— प्राक् पदवीमें व्यवहारनयका उपदेश प्रयोजनवान् है ।

टीकार्थ——जो पुरुष अन्तिम पाकसे उतरे हुए शुद्ध सोनेके समान वस्तुके उत्कृष्ट असाधारण भावका अनुभव करते हैं उनको प्रथम द्वितीय आदि अनेक पाकोंकी परम्परासे पच्यमान (पकाये जाते हुए) अशुद्ध सुवर्णके समान अपरमभावका अर्थात् अनुत्कृष्ट मध्यम भावका अनुभव नहीं होता । इस कारण शुद्धद्रव्यका ही कहने वाला होनेसे जिसने अचलित अखंड एकस्वभावरूप एक भाव प्रकट किया है, ऐसा शुद्धनय ही उपरितन एक शुद्ध सुवर्णावस्थाके समान जाना हुआ प्रयोजनवान् है । परन्तु जो पुरुष प्रथम द्वितीय आदि अनेक पाकोंकी परम्परासे पच्यमान अशुद्ध सुवर्णके समान वस्तुके अनुत्कृष्ट मध्यम भावका अनुभव करते हैं उनको अन्तिम पाकसे उतरे हुए शुद्ध सुवर्णके समान वस्तुके उत्कृष्ट भावका अनुभव न होनेसे उस कालमें जाना हुआ व्यवहारनय ही प्रयोजनवान् है । (क्योंकि व्यवहारनय अशुद्ध द्रव्यको कहने वाला होनेसे भिन्न-भिन्न एक एकभावस्वरूप अनेकभाव दिखलाता है तथा वह विचित्र अनेक वर्णमालाके समान है । इस तरह अपने-अपने समयमें दोनों ही नय कार्यकारी हैं) क्योंकि तीर्थ और तीर्थके फलकी ऐसी ही व्यवस्थिति है । (जिससे तरा जावे वह तीर्थ है, ऐसा तो व्यवहार धर्म है और जो पार होना वह व्यवहारधर्मका फल है अथवा अपने स्वरूप का पाना वह तीर्थफल है) । ऐसा ही दूसरी जगह भी 'जइ जिणमयं' इत्यादि गाथामें कहा है । **अर्थ**—यदि तुम जैनधर्मका प्रवर्तन चाहते हो तो व्यवहार और निश्चय इन दोनों नयोंको मत छोड़ो, क्योंकि एक व्यवहारनयके बिना तो तीर्थ याने व्यवहारमार्गका नाश हो जायगा चिह्नित जिनेन्द्र भगवानके वचनमे जो पुरुष रमण करते हैं——प्रचुर प्रीतिसहित अभ्यास करते हैं, वे पुरुष स्वयं मिथ्यात्व-कर्मके उदयका वमन करते हुए इस उत्कृष्ट परमज्योतिस्वरूप सनातन सर्वथा एकांतरूप कुनयके पक्षसे खंडित नहीं होने वाले समयसारको निरखते हैं ।

भावार्थ——जिनवचन स्याद्वादरूप हैं, जहाँ दो नयोंके विषयका विरोध है, जैसे जो

ता मा ववहारणिच्छए मुयह । एक्केण विणा छिज्जइ तित्थं अण्णेण उण तच्चं । उभयनय-विरोधध्वंसिनि स्यात्पदांके, जिनवचसि रमंते ये स्वयं वांतमोहाः । सपदि समयसारं ते परं

दिशि देशने, ष्ठा गतिनिवृत्तौ । पदविवरण—शुद्धः—प्रथमा एक० । शुद्धादेशः—प्रथमा एक० । ज्ञातव्यः—

और दूसरे निश्चयके बिना तत्त्व (वस्तु) का नाश हो जायगा ।

भावार्थ—लोकमें सोनेके सोलह ताव प्रसिद्ध हैं उनमें पन्द्रह ताव तक तो परसंयोग की कालिमा रहती है, अतः तब तक उसे अशुद्ध कहते हैं और फिर ताव देते-देते जब अंतिम तावसे उतरे, तब सोलहवान शुद्ध सुवर्ण कहलाता है । जिन जीवोंको सोलहवान वाले सोने का ज्ञान, श्रद्धान तथा उसकी प्राप्ति हुई है उनको पंद्रहवान तकका सोना कुछ प्रयोजनवान् नहीं है । और जिनको सोलहवान वाले शुद्ध सुवर्णकी प्राप्ति जब तक नहीं हुई तब तक पंद्रह-वान तकका भी प्रयोजनीय है । उसी तरह यह जीव पदार्थ पुद्गलके संयोगसे अशुद्धअनेक-रूप हो रहा है । सो जिनको सब परद्रव्योंसे भिन्न एक ज्ञायकतामात्रका ज्ञान, श्रद्धान तथा आचरणरूप प्राप्ति हो गई है उनको तो पुद्गलसंयोगजनित अनेकरूपताको कहने वाला अशुद्ध-नय कुछ प्रयोजनवान् नहीं है, और जब तक शुद्धभावकी प्राप्ति नहीं हुई है तब तक जितना अशुद्धनयका कथन है उतना यथापदवी प्रयोजनवान् है । अतः जिनवचनोंका सुनना, धारण करना तथा जिनवचनके कहने वाले श्री जिनगुरुकी भक्ति, जिनबिंबका दर्शन इत्यादि व्यवहार मार्गमें प्रवृत्त होना प्रयोजनवान् है । और जिसके श्रद्धान और ज्ञान तो हुआ, पर साक्षात्प्राप्ति न हुई, तब तक परद्रव्यका आलंबन छोड़नेरूप अणुव्रत और महाव्रतका ग्रहण, समिति, गुप्ति, पंचपरमेष्ठीके ध्यानरूप प्रवर्तन तथा उसी प्रकार प्रवर्तन करने वालोंकी संगति करना और विशेष जाननेके लिए शास्त्रोंका अभ्यास करना इत्यादि व्यवहारमार्गमें स्वयं प्रवर्तन करना तथा अन्यको प्रवृत्त करना आदि सब व्यवहारनयका उपदेश अंगीकार करना प्रयोजनवान् है । व्यवहारनयको शुद्धनयके समक्ष असत्यार्थ कहा गया है, यदि कोई उसे सर्वथा असत्यार्थ जान-कर छोड़ दे तो वह शुभोपयोगरूप व्यवहारको ही छोड़ देगा और चूंकि शुद्धोपयोगकी साक्षात् प्राप्ति हुई नहीं, इसलिये उल्टा अशुभोपयोगमें ही आकर भ्रष्ट होकर यथाकथंचित् स्वेच्छारूप प्रवृत्ति करेगा तब नरकादिगति तथा परम्परासे निगोदको प्राप्त होकर संसारमें ही भ्रमण करेगा । इस कारण साक्षात् शुद्धनयका विषय जो शुद्ध आत्मा है उसकी प्राप्ति जब तक न हो तब तक व्यवहार भी प्रयोजनवान् है । ऐसा स्याद्वादशासनमें श्री गुरुओंका उपदेश है ।

इसी अर्थका कलशरूप काव्य टीकाकार कहते हैं—"उभय" इत्यादि । अर्थ—निश्चय व्यवहाररूप दो नयोंमें विषयके भेदसे होने वाले परस्परके विरोधको दूर करने वाले स्यात्पदसे

ज्योतिरुच्चैरनवमनयपक्षाक्षुण्णमीक्षत एव ॥४॥ व्यवहरणनयः स्याद्यद्यपि प्राक्पदव्यामिह निहितपदानां हंत हस्तावलंबः । तदपि परममर्थं चिच्चमत्कारमात्रं परविरहितमंतः पश्यतां

प्रथमा एकवचन, कृदन्त क्रिया, परमभावदर्शिभिः—तृतीया बहु० कर्ताकारक । व्यवहारदेशिताः—प्रथमा०

चिह्नित जिनेन्द्र भगवानके वचनमें जो पुरुष रमण करते हैं—प्रचुर प्रीतिसहित अभ्यास करते हैं, वे पुरुष स्वयं मिथ्यात्वकर्मके उदयका वमन करते हुए इस उत्कृष्ट परमज्योतिस्वरूप सनातन, नयोंके पक्षोंसे खंडित होने वाले समयसारको निरखते हैं ।

भावार्थ—जिनवचन स्याद्वादरूप है, वहाँ दो नयोंके विषयका विरोध है, जैसे जो सद्रूप है वह असद्रूप नहीं होता, जो एक है वह अनेक नहीं होता, नित्य है वह अनित्य नहीं होता, भेदरूप है वह अभेदरूप नहीं होता, शुद्ध है वह अशुद्ध नहीं होता इत्यादि नयोंके विषयोंमें विरोध है, वहाँ जिनवचन कथंचित् विवक्षासे सत्-असद्रूप, एक-अनेकरूप, नित्य-अनित्यरूप, भेद-अभेदरूप, शुद्ध-अशुद्धरूप जिस प्रकार विद्यमान वस्तु है, उसी प्रकार कहकर विरोध मिटा देता है, झूठी कल्पना नहीं करता । इसलिये द्रव्यार्थिक, पर्यायार्थिक दोनों नयोंमें प्रयोजनके वश शुद्ध द्रव्यार्थिकको मुख्यकर निश्चयनय कहता है और अशुद्ध द्रव्यार्थिकरूप पर्यायार्थिकको गौणकर व्यवहारनय कहता है । इस प्रकार जिनवचनमें जो पुरुष रमण करते हैं, वे इस शुद्ध आत्माको यथार्थ पाते हैं, अन्य सर्वथा एकांतवादी वस्तुतथ्यको नहीं पाते ।

अब कहते हैं कि व्यवहारनयको कथञ्चित् प्रयोजनवान् कहा है तो भी यह कुछ वस्तुभूत नहीं है । "व्यवहरण" इत्यादि । **अर्थ**—यद्यपि इस प्रथम पदवीमें याने जब तक शुद्ध स्वरूपकी प्राप्ति न हुई हो तब तककी स्थितिमें जिन्होंने अपना पैर रखा है, ऐसे पुरुषोंके लिये व्यवहारनयको हस्तावलम्बतुल्य कहा है तो भी जो पुरुष चैतन्यचमत्कारमात्र, परद्रव्यभावोंसे रहित शुद्धनयके विषयभूत परम अर्थको अंतरंगमें अवलोकन करते हैं, उसका श्रद्धान करते हैं तथा उस स्वरूपमें लीनतारूप चारित्रभावको प्राप्त होते हैं, उनके लिये यह व्यवहारनय कुछ भी प्रयोजनवान् नहीं है अर्थात् शुद्धस्वरूपका ज्ञान, श्रद्धान तथा आचरण होनेके पश्चात् अशुद्ध नय कुछ भी प्रयोजनभूत नहीं है ।

अब आगेके कलशमें निश्चयसम्यक्त्वका स्वरूप कहते हैं—"एकत्वे" इत्यादि । **अर्थ**—शुद्धनयसे एकत्वमें नियत, अपने गुण पर्यायोंमें व्यापक, पूर्ण ज्ञानघन, अन्य द्रव्योंसे पृथक् इस आत्माका जो दर्शन है यह ही नियमसे सम्यग्दर्शन है और यह आत्मा उतने ही मात्र है । इस नव तत्त्वकी परिपाटीको छोड़कर हमको तो एक यह आत्मा ही प्राप्त होओ ।

नैष किंचित् ॥५॥ एकत्वे नियतस्य शुद्धनयतो व्याप्तुर्यदस्यात्मनः । पूर्णज्ञानघनस्य दर्शनमिह द्रव्यांतरेभ्यः पृथक् ॥ सम्यग्दर्शनमेतदेव नियमादात्मा च तावानयं । तन्मुक्त्वा नवतत्त्वसंतति-

---

बहु०, पुनः—अव्यय, ये—प्रथमा बहु०, तु—अव्यय, अपरमे—सप्तमी एक०, स्थिताः—प्रथमा बहु०, भावे—

भावार्थ—अपनी सभी स्वाभाविक तथा नैमित्तिक अवस्थारूप गुणपर्यायभेदोंमें व्याप कर रहने वाला यह आत्मा शुद्धनयके द्वारा एकत्वमें निश्चित किया गया है—शुद्धनयसे ज्ञायकमात्र एक आकार दिखलाया गया है, उसको सब अन्य द्रव्यों और अन्य द्रव्योंके भावों से पृथक् देखना और श्रद्धान करना सो नियमसे सम्यग्दर्शन है। शुद्धनयका विषयभूत आत्मा पूर्ण ज्ञानघन है सब लोकालोकका जाननहार ज्ञानस्वरूप है, ऐसे आत्माका श्रद्धानरूप जो सम्यग्दर्शन है वह कुछ आत्मासे भिन्न पदार्थ नहीं है, आत्माका ही परिणाम है। इसलिए आत्मा ही है। इस कारण जो सम्यग्दर्शन है वह आत्मा है, अन्य नहीं है। यहाँ यह ज्ञातव्य है कि नय श्रुतप्रमाणके अंश हैं, इसलिए शुद्धनय भी श्रुतप्रमाणका ही अंश हुआ। श्रुतप्रमाण है वह परोक्ष प्रमाण है, क्योंकि श्रुतप्रमाणने वस्तुको आगमसे जाना है। यह शुद्धनय भी सब द्रव्योंसे भिन्न आत्माकी सब पर्यायोंमें व्याप्त पूर्णचैतन्य केवलज्ञानरूप सब लोकालोकके जानने वाले असाधारण चैतन्यधर्मको परोक्ष दिखलाता है, उसको यह व्यवहारी छद्मस्थ अल्पज्ञानी जीव आगमसे प्रमाण मानकर सानुभव आत्माका श्रद्धान करे, वही श्रद्धान निश्चयसम्यग्दर्शन है। जब तक व्यवहारनयके विषयभूत जीवादिक भेदरूप तत्त्वोंका ही श्रद्धान रहता है तब तक निश्चयसम्यग्दर्शन नहीं होता। इसलिए आचार्य कहते हैं कि इन तत्त्वोंकी संतति याने परिपाटीको छोड़कर शुद्धनयका विषयभूत एक यह आत्मा ही हमको प्राप्त होओ, हम अन्य कुछ नहीं चाहते। यह वीतरागता पानेकी प्रार्थना है, कुछ नयपक्ष नहीं है। सर्वथा नयोंका पक्षपात मिथ्यात्व है। जैसे आत्मा चैतन्य है मात्र इतना ही आत्माको माने तो चैतन्यमात्र तो नास्तिकके अतिरिक्त सभी मत वाले आत्माको मानते हैं, यदि इतने ही श्रद्धानको सम्यक्त्व कहा जाय तो सभीके सम्यक्त्व सिद्ध हो जायगा। सो ऐसा नहीं, तो क्या है ? सर्वज्ञकी वाणी में जैसा पूर्ण आत्माका स्वरूप कहा है वैसा श्रद्धान होनेसे निश्चयसम्यक्त्व होता है। अब आगेके वक्तव्यकी उत्थानिकारूप कलश कहते हैं, 'अतः' इत्यादि। **अर्थ**—अब शुद्धनयके आधीन वह भिन्न आत्मज्योति प्रगट होती है जो नवतत्त्वमें प्राप्त होनेपर भी अपने एकत्वको नहीं छोड़ती। **भावार्थ**—नवतत्त्वोंमें प्राप्त हुआ आत्मा अनेकरूप दीखता है। वास्तवमें यदि इसका भिन्न स्वरूप विचारा जाय तो यह अपनी चैतन्यचमत्कारमात्र ज्योतिको नहीं छोड़ता।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व यह बताया था कि किन्हींको कभी व्यवहारनय भी

मिमामात्मायमेकोस्तु नः ॥६॥ अतः शुद्धनयायत्तं प्रत्यग्ज्योतिश्चकास्ति तत् । नवतत्त्वगतत्वेपि यदेकत्वं न मुंचति ॥७॥

सप्तमी एकवचन ॥१२॥

प्रयोजनवान् है । इसके विवरणके साथ अब यह निश्चित किया जा रहा है कि जिनशासनमें दोनों ही नय अपनी-अपनी भूमिकामें उपयोगी हैं ।

तथ्यप्रकाश—(१) जो सहज शुद्ध चिन्मात्र परमभावके अनुभवी हैं उनको शुद्धादेशक शुद्धनय ही ज्ञातव्य है । (२) जो जब तक परमभावमें स्थित नहीं हो सकते हैं उनको तब तक व्यवहारोपदेश उपकारी है । (३) शुद्धनय एकत्वविभक्त शुद्धद्रव्यका आदेश करता है । (४) व्यवहारनय गुणगुणीभेदरूप, नानागुणरूप, पर्यायभेदरूप अशुद्ध (भेदरूप अथवा मलिन) द्रव्यका आदेश करता है । (५) व्यवहारनयके उच्छेदसे तीर्थका (आत्मलाभोपायका) उच्छेद हो जायगा । (६) निश्चयनयके उच्छेदसे तीर्थफलका (आत्मलाभका) उच्छेद हो जायगा । (७) स्याद्वादरूप जिनवचनका जो सादर अभ्यास करते हैं वे यथाशीघ्र अखंड समयसार (सहज परमात्मतत्त्व) का अवलोकन कर लेते हैं । (८) प्राक् पदवीमें व्यवहारनय उपादेय है । (९) चैतन्यचमत्कारमात्र परम भावके अनुभवने वालोंको व्यवहारनय कुछ भी प्रयोजक नहीं है । (१०) ज्ञानमात्र ज्ञानघन अन्तस्तत्त्वका दर्शन सम्यग्दर्शन है । (११) सहज परमात्मतत्त्व शुद्धनयसे ज्ञातव्य है

सिद्धान्त—(१) शुद्धनयका विषय नयपक्षसे आतक्रान्त अनुभाव्य समयसार है । (२) समस्त शास्त्र तत्त्वके प्रतिपादक हैं, अतः सभी व्यवहाररूप हैं, सो व्यवहारनयके उच्छेद से मोक्षमार्ग व उसके उपायका विनाश हो जायगा । (३) निश्चयनय परमार्थज्ञानरूप है सो निश्चयनयके उच्छेदसे आत्मोपलब्धिका उच्छेद हो जायगा ।

दृष्टि—१– शुद्धनय (४९) । २– व्यवहार (६२ से १०२) । ३– परमशुद्धनिश्चय-नयादि (४४ से ४९ तक) .

प्रयोग—व्यवहारनय व निश्चयनयसे आत्मविज्ञान करके सर्व नयपक्षको गौण कर शुद्धनयसे अखंड एकत्वविभक्त समयसारको ध्यानमें रखे रहना चाहिये ॥१२॥

अब शुद्धनयसे जानना ही सम्यक्त्व है, ऐसा सूत्रकार कहते हैं—[**भूतार्थेन अभिगताः**] भूतार्थनयसे ज्ञात [**जीवाजीवौ**] जीव, अजीव [**च**] और [**पुण्यपापं**] पुण्य, पाप [**च**] तथा [**आस्रवसंवरनिर्जराः**] आस्रव, संवर, निर्जरा [**बंधः**] बंध [**च**] और [**मोक्षः**] मोक्ष [**सम्यक्त्वं**] यह नवतत्त्व सम्यक्त्व है

भूयत्थेणाभिगदा जीवाजीवा य पुण्णपावं च ।
आसवसंवरणिज्जरबंधो मोक्खो य सम्मत्तं ॥१३॥

भूतार्थतया सुविदित, जीव अजीव अरु पुण्यपापास्रव ।
संवर निर्जर बन्धन, मोक्ष हि सम्यक्त्वके साधक ॥१३॥

भूतार्थेनाभिगता जीवाजीवौ च पुण्यपापं च । आस्रवसंवरनिर्जरा बंधो मोक्षश्च सम्यक्त्वम् ॥१३॥

अमूनि हि जीवादीनि नवतत्त्वानि भूतार्थेनाभिगतानि सम्यग्दर्शनं संपद्यंत एवामीषु तीर्थप्रवृत्तिनिमित्तमभूतार्थनयेन व्यपदिश्यमानेषु जीवाजीवपुण्यपापास्रवसंवरनिर्जराबंधमोक्षलक्षणेषु नवतत्त्वेष्वेकत्वद्योतिना भूतार्थनयेनैकत्वमुपानीय शुद्धनयत्वेन व्यवस्थापितस्यात्मनोनुभूतेरात्मख्यातिलक्षणायाः, संपद्यमानत्वात् । तत्र विकार्यविकारकोभयं पुण्यं तथा पापं । आस्राव्यास्रावकोभयमास्रवः, संवार्यसंवारकोभयं संवरः, निर्जर्यनिर्जरकोभयं निर्जरा, बंध्यबंधकोभयं बंधः, मोच्यमोचकोभयं मोक्षः । स्वयमेकस्य पुण्यपापास्रवसंवरनिर्जराबंधमोक्षानुपपत्तेः । तदुभयं च

नामसंज्ञा—भूयत्थ, अभिगद, जीवाजीव, य, पुण्णपाव, च, आसवसंवरणिज्जर, बंध, मोक्ख, य,

तात्पर्य—एकत्वकी अभिमुखता लाकर नवतत्त्वोंका जानना सम्यक्त्वको संपादित करता ही है ।

टीकार्थ—जो जीवादि नौ तत्त्व हैं वे भूतार्थनयसे जाने हुए सम्यग्दर्शन ही हैं, क्योंकि तीर्थ (व्यवहारधर्म) की प्रवृत्तिके लिये अभूतार्थनयसे कहे जाने वाले जो जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध और मोक्ष लक्षण वाले जीवादि नवतत्त्व हैं उनमें एकत्व प्रगट करने वाले भूतार्थनयसे एकत्व प्राप्त कर शुद्धनयसे स्थापित किए गए आत्माकी ख्याति लक्षण वाली अनुभूतिकी प्राप्ति होती है, क्योंकि शुद्धनयसे नवतत्त्वको जाननेसे आत्माकी अनुभूति होती है । वहाँ विकारी होने योग्य और विकार करने वाला—ये दोनों पुण्य भी हैं और पाप भी हैं तथा आस्राव्य व आस्रावक (आस्रव करने वाले) ये दोनों आस्रव हैं; संवार्य (संवररूप होने योग्य) व संवारक (संवर करने वाले) ये दोनों संवर हैं, निर्जरने योग्य व निर्जरा करने वाले—ये दोनों निर्जरा हैं; बंधने योग्य व बंधन करने वाले ये दोनों बंध हैं और मोक्ष होने योग्य व मोक्ष करने वाले—ये दोनों मोक्ष हैं । क्योंकि एकके ही अपने आप पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध और मोक्षकी उपपत्ति (सिद्धि) नहीं बनती । वे दोनों जीव और अजीव हैं । इनको बाह्यदृष्टिसे देखा जाय तब जीव पुद्गलकी अनादिबंधपर्यायको प्राप्त करके उनका एकत्व अनुभव किये जानेपर तो ये नौ भूतार्थ हैं—सत्यार्थ हैं तथा एक जीवद्रव्यके ही स्वभाव को लेकर अनुभव किये जानेपर ये अभूतार्थ हैं—असत्यार्थ हैं । जीवके एकाकार स्वरूपमें ये

जीवाजीवाविति । बहिर्दृष्टया नवतत्त्वान्यमूनि जीवपुद्गलयोरनादिबंधपर्यायमुपेत्यैकत्वेनानुभूय-मानतायां भूतार्थानि, अथ चैकजीवद्रव्यस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थानि । ततोऽमीषु नवतत्त्वेषु भूतार्थनयेनैको जीव एव प्रद्योतते । तथांतर्दृष्टया ज्ञायको भावो जीवो जीवस्य विकारहेतुरजीवः । केवला जीवविकाराश्च पुण्यपापास्रवसंवरनिर्जराबंधमोक्षलक्षणाः, केवला जीवविकारहेतवः पुण्यपापास्रवसंवरनिर्जराबंधमोक्षा इति । नवतत्त्वान्यमून्यपि जीवद्रव्यस्वभाव-

---

सम्मत । **धातुसंज्ञ**- अभि-गम गतौ, बंध बंधने । **प्रकृतिशब्द**—भूतार्थं अभिगत, जीवाजीव, च, पुण्यपाप,

---

नहीं हैं । इसलिए इन तत्त्वोंमें भूतार्थनयसे जीव एकरूप ही प्रकाशमान है । उसी तरह अंत-र्दृष्टिसे देखा जाय तब ज्ञायकभाव जीव है और जीवके विकारका कारण अजीव है, और केवल जीवविकार पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध और मोक्ष लक्षण वाले हैं व जीवविकारके कारणरूप केवल अजीव पुण्य, पाप, आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा, मोक्ष ये नवतत्त्व जीवस्वभाव को छोड़कर स्वपरनिमित्तक एक द्रव्यपर्यायरूपसे अनुभव किए जानेपर भूतार्थ हैं तथा सब कालमें नहीं चिगते एक जीवद्रव्यके स्वभावको अनुभव करनेपर ये अभूतार्थ हैं, असत्यार्थ हैं । इसलिए इन नौ तत्त्वोंमें भूतार्थनयसे देखा जाय तब जीव तो एकरूप ही प्रकाशमान है । ऐसे यह जीवतत्त्व एकत्वरूपसे प्रकट प्रकाशमान हुआ शुद्धनयसे अनुभव किया जाता है । यह अनुभवन ही आत्मख्याति है—आत्माका ही प्रकाश है, जो आत्मख्याति है वही सम्यग्दर्शन है । इस प्रकार यह सब कथन निर्दोष है, बाधारहित है ।

भावार्थ—इन नवतत्त्वोंमें शुद्धनयसे देखा जाय तो जीव ही एक चैतन्यचमत्कारमात्र प्रकाशरूप प्रकट हो रहा है । इसके अतिरिक्त जुदे-जुदे नवतत्त्व कुछ दिखाई नहीं देते । जब तक इस तरह जीवतत्त्वका जानना नहीं है, तब तक व्यवहारदृष्टिमें होकर पृथक् पृथक् नव-तत्त्वोंका मानना है याने जीव पुद्गलकी बंधपर्यायरूप दृष्टिसे ये पदार्थ भिन्न-भिन्न दीखते हैं और जब शुद्धनयसे जीव पुद्गलका निज स्वरूप जुदा-जुदा देखा जाय, तब ये पुण्य पाप आदि सात तत्त्व कुछ भी वस्तु नहीं दीखती, वे निमित्तनैमित्तिक भावसे हुए थे सो निमित्तनैमित्तिक भाव जब मिट गया तब जीव पुद्गल जुदे-जुदे होनेसे दूसरा कोई पदार्थ सिद्ध नहीं हो सकता । वस्तु तो द्रव्य है और द्रव्यका निजभाव द्रव्यके ही साथ रहता है तथा निमित्तनैमित्तिक भावका अभाव ही होता है, इसलिए शुद्धनयसे जीवको जाननेसे ही सम्यग्दर्शन प्राप्त हो सकता है । जब तक भिन्न-भिन्न नव ही पदार्थोंको जाने, और शुद्धनयसे आत्माको नहीं जाने तब तक पर्यायबुद्धि होनेसे सम्यक्त्व नहीं होता है ।

अब यहाँ इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं "**चिरं**" इत्यादि । **अर्थ**—इस प्रकार

मपोह्य स्वपरप्रत्ययैकद्रव्यपर्यायत्वेनानुभूयमानतायां भूतार्थानि, अथ च सकलकालमेवास्खलंत-मेकं जीवद्रव्यस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थानि । ततोऽमीष्वपि नवतत्त्वेषु भूतार्थनयेनैको जीव एव प्रद्योतते । एवमसावेकत्वेन द्योतमानः शुद्धनयत्वेनानुभूयत एव । या त्वनुभूतिः सात्म-ख्यातिरेवात्मख्यातिस्तु सम्यग्दर्शनमेवेति समस्तमेवं निरवद्यं ।

च आस्रवसंवरनिर्जरा, बन्ध, मोक्ष, सम्यक्त्व । मूलधातु—अभि-गम्लृ गतौ, पुण्य-पुन्, पवने, पाप-पा रक्षणे,

नौ तत्त्वोंमें बहुत कालसे छुपी हुई यह आत्मज्योति शुद्धनयसे प्रकट की गई है । जैसे कि वर्णों (रंगों) के समूहमें छुपे हुए एकाकार सुवर्णको प्रकट किया जाता है । अब हे भव्य जीवो, सदा अन्य द्रव्योंसे तथा उनके निमित्तसे हुए नैमित्तिक भावोंसे भिन्न एकरूप देखो जो हर एक पर्यायमें एकरूप चिच्चमत्कारमात्र उद्योतमान है ।

भावार्थ—यह आत्मा सब अवस्थाओंमें नानारूप दीखता था, उसे शुद्धनयने एक चैतन्यचमत्कार मात्र दिखलाया है सो अब सदा एकाकार ही अनुभवन करो । पर्यायबुद्धिका एकांत मत रखो ।

टीकार्थ—अब जैसे नवतत्त्वोंमें एक जीवका ही जानना भूतार्थ कहा है, उसी तरह एकत्वसे प्रकाशमान आत्माके अधिगमके उपाय जो प्रमाण, नय और निक्षेप हैं, वे भी निश्चय से अभूतार्थ हैं, उनमें भी एक आत्मा ही भूतार्थ है, क्योंकि ज्ञेय और वचनके भेदोंसे वे प्रमा-णादि अनेक भेदरूप होते हैं । उनमेंसे प्रमाण दो प्रकार है—परोक्ष और प्रत्यक्ष । उपात्त अर्थात् इन्द्रिय और मन, अनुपात्त अर्थात् प्रकाश उपदेशादि इन दोनों परद्वारोंसे प्रवर्तमान ज्ञानको परोक्ष कहते हैं तथा जो आत्माके प्रतिनियतपनेसे प्रवर्तमान हो वह प्रत्यक्ष है अर्थात् प्रमाण ज्ञान है और वह पाँच प्रकारका है—मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञान । उनमेंसे मति और श्रुत—ये दो ज्ञान परोक्ष हैं, अवधि, मनःपर्यय—ये दो विकल प्रत्यक्ष हैं और केवलज्ञान सकल प्रत्यक्ष है । ये दोनों तरहके ही प्रमाण याने ये सब भेद प्रमाता, प्रमाण और प्रमेयके भेदका अनुभव करनेपर तो भूतार्थ हैं, सत्यार्थ हैं और जिसमें सब भेद गौण हो गये हैं, ऐसे एक जीवके स्वभावका अनुभव करनेपर अभूतार्थ हैं, असत्यार्थ हैं ।

नय दो प्रकारके हैं—द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक । उनमेंसे जो द्रव्यपर्यायस्वरूप वस्तु को द्रव्यत्वकी मुख्यतासे अनुभव कराता वह द्रव्यार्थिकनय है और पर्यायकी मुख्यतासे अनुभव कराता वह पर्यायार्थिकनय है । ये दोनों ही नय द्रव्य और पर्यायको भेदरूप अनुभव करनेपर भूतार्थ हैं, सत्यार्थ हैं और द्रव्य तथा पर्याय इन दोनोंसे अनालीढ (स्वाद न लिये गये) शुद्ध वस्तुमात्र जीवके स्वभाव चैतन्यमात्रका अनुभव करनेपर वे भेदरूप नय अभूतार्थ हैं, असत्यार्थ

'चिरमिति नवतत्त्वच्छन्नमुन्नीयमानं कनकमिव निमग्नं वर्णमालाकलापे ।
अथ सततविविक्तं दृश्यतामेकरूप प्रतिपदमिदमात्मज्योतिरुद्योतमानम् ॥८॥

अथैवमेकत्वेन द्योतमानस्यात्मनोऽधिगमोपायाः प्रमाणनयनिक्षेपाः ये ते खल्वभूतार्थास्तेष्वप्ययमेक एव भूतार्थः । प्रमाणं तावत्परोक्षं प्रत्यक्षं च । तत्रोपात्तानुपात्तपरद्वारेण प्रवर्त्तमानं परोक्षं, केवलात्मप्रतिनियतत्वेन प्रवर्त्तमानं प्रत्यक्षं च, तदुभयमपि प्रमातृप्रमाणप्रमेयभेदस्यानुभूयमानतायां भूतार्थमथ च व्युदस्तसमस्तभेदैकजीवस्वभावस्यानुभूयमानतायामभूतार्थं । नयस्तु द्रव्यार्थिकः पर्यायार्थिकश्च । तत्र द्रव्यपर्यायात्मके वस्तुनि द्रव्यं मुख्यतयानुभावयतीति

पाति रक्षति शुभात् इति पापं, मुच्लृ मोक्षणे । **पदविवरण**—भूतार्थेन—तृतीया वि० एक०, अभिगता—प्रथमा

हैं । निक्षेप भी नाम, स्थापना, द्रव्य और भावके भेदसे चार तरहका है । जिसमें वह गुण तो न हो, किन्तु व्यवहारके लिये उसकी संज्ञा करना वह नामनिक्षेप है; अन्य वस्तुमें अन्यकी प्रतिनिधिरूप स्थापना करना कि यह वही है यह स्थापनानिक्षेप है; वर्तमान पर्यायसे अन्यका याने अतीत व भविष्य पर्यायोंका वर्तमानमें आरोप करना द्रव्यनिक्षेप है, और वर्तमान पर्याय रूप वस्तुको वर्तमानमें कहना यह भावनिक्षेप है । ये चारों ही निक्षेप अपने-अपने लक्षण भेदसे भिन्न-भिन्न विलक्षण रूप अनुभव किये जानेपर भूतार्थ हैं, सत्यार्थ हैं और भिन्न लक्षणसे रहित एक अपने चैतन्य-लक्षणरूप जीवस्वभावका अनुभव किये जानेपर चारों ही अभूतार्थ हैं, असत्यार्थ हैं । इस तरह इन प्रमाण, नय और निक्षेपोंमें भूतार्थपनेसे एक जीव ही प्रकाशमान है ।

भावार्थ—इन प्रमाण, नय और निक्षेपोंका विस्तारसे व्याख्यान तद्विषयक ग्रंथोंमें से जानना । इन्हींसे द्रव्यपर्यायस्वरूप वस्तुकी सिद्धि होती है । ये साधक अवस्थामें तो सत्यार्थ ही हैं, क्योंकि ये ज्ञानके ही विशेष हैं, इनके बिना वस्तुको यथाकथंचित् (एकान्तरूपसे) साधा जाय तब विपरीत हो जाता है । अवस्थानुसार व्यवहारके अभावकी तीन पदवियाँ हैं । प्रथम अवस्थामें प्रमाण आदिसे यथार्थ वस्तुको जानकर ज्ञान और श्रद्धानकी सिद्धि करना । ज्ञान और श्रद्धान सिद्ध होनेके बाद प्रमाणादिकसे श्रद्धान करनेका कुछ प्रयोजन नहीं है । किन्तु अब यहाँ दूसरी अवस्थामें प्रमाणादिके आलम्बनसे विशेष ज्ञान होता है और राग, द्वेष, मोह, कर्मका सर्वथा अभावरूप यथाख्यात चारित्र प्रकट होता है, इसीसे केवलज्ञानकी प्राप्ति होती है, केवलज्ञान होनेके बाद प्रमाणादिकका आलंबन नहीं रहता । उसके बाद तीसरी साक्षात् सिद्ध अवस्था है । वहाँपर भी कुछ आलम्बन नहीं है इस कारण सिद्ध अवस्थामें भी प्रमाण-नय-निक्षेपका अभाव ही है ।

इसी अर्थका कलशरूप "उदयति" इत्यादि श्लोक कहते हैं । **अर्थ**—इन सब भेदोंका

द्रव्यार्थिकः, पर्यायं मुख्यतयानुभावयतीति पर्यायार्थिकः, तदुभयमपि द्रव्यपर्याययोः पर्यायेणानुभूयमानतायां भूतार्थं । अथ च द्रव्यपर्यायानालीढशुद्धवस्तुमात्रजीवस्वभावस्यानुभूयमानतायामभूतार्थं । निक्षेपस्तु नाम, स्थापना, द्रव्यं, भावश्च । तत्रातद्गुणे वस्तुनि संज्ञाकरणं नाम । सोऽयमित्यन्यत्र प्रतिनिधिव्यवस्थापनं स्थापना । वर्त्तमानतत्पर्यायादन्यद्द्रव्यं, वर्त्तमानतत्पर्यायो भावस्तच्चतुष्टयं स्वस्वलक्षणवैलक्षण्येनानुभूयमानतायां भूतार्थं । अथ च निखिलक्षणस्वलक्षणैक-

---

बहुवचन, जीवाजीवौ–प्रथमा द्विवचन, च–अव्यय, पुण्यपापं–प्रथमा एक०, च–अव्यय, आस्रव-संवरनिर्जरा:–

नाश करने वाले शुद्धनयके विषयभूत चैतन्यचमत्कारमात्र तेजपुंज आत्माके अनुभवमें आनेपर नयोंकी लक्ष्मी उदयको प्राप्त नहीं होती, प्रमाण अस्तको प्राप्त हो जाता है और निक्षेपोंका समूह भी कहाँ चला जाता है यह हम नहीं जानते । इससे अधिक क्या कहे कि द्वैत ही प्रतिभासित नहीं होता अर्थात् यहाँ भेदको अत्यंत गौण कर कहा है कि शुद्ध एकाकार चिन्मात्रके अनुभव होनेपर प्रमाणनयादिक भेदकी तो बात क्या है, द्वैत ही प्रतिभासित नहीं है ।

इस विषयमें विज्ञानाद्वैतवादी तथा वेदांतीका मत है कि परमार्थमें (असलमें) तो अद्वैत का ही अनुभव हुआ, यही हमारा मत है, तुमने विशेष क्या कहा ? इसका उत्तर यह है कि तुम्हारे मतमें सर्वथा अद्वैत मानते हैं । यदि सर्वथा अद्वैत ही माना जाय तो बाह्य वस्तुका अभाव ही हो जाय, किन्तु ऐसा अभाव प्रत्यक्षविरुद्ध है । जिनशासनमें नयविवक्षा है, वह बाह्य वस्तुका लोप नहीं करती । शुद्ध अनुभवसे विकल्प नष्ट हो जाता है, तब आत्मा परमानन्दको प्राप्त हो जाता है, इसलिये अनुभव करानेको ऐसा कहा गया है । यदि बाह्य वस्तुका लोप किया जावे तो आत्माका भी लोप हो जानेसे शून्यवादका प्रसंग आ सकता है । इसलिये मुखसे कहनेसे ही वस्तुस्वरूपकी सिद्धि नहीं हो जाती और वस्तुस्वरूपकी यथार्थ श्रद्धाके बिना जो शुद्ध अनुभव भी किया जाय वह भी मिथ्यारूप है । ऐसा होनेसे शून्यवादका प्रसंग आता है तब आकाशके फूलके समान अनुभव असत् हो जायगा ।

अब शुद्धनयका उदय होता है उसकी सूचनारूप श्लोक कहते हैं—'आत्मस्वभावं' इत्यादि । **अर्थ**—परभावसे भिन्न, परिपूर्ण, आदि-अन्तरहित, एक, संकल्पविकल्पजालशून्य आत्मस्वभावको प्रकट करता हुआ अब शुद्धनय उदयरूप (उदीयमान) होता है । **भावार्थ**—शुद्धनय आत्माको परद्रव्य, परद्रव्यके भाव तथा परद्रव्यके निमित्तसे हुए अपने विभाव सब तरहके परभावोंसे भिन्न प्रकट करता है । शुद्धनय समस्त रूपसे पूर्ण सब लोकालोकके जानने वाले स्वभावको प्रकट करता है, क्योंकि ज्ञानमें भेद कर्मसंयोगसे है, शुद्धनयमें कर्म गौण हैं । शुद्धनय आदिअंत रहित (कुछ आदि लेकर किसीसे उत्पन्न नहीं हुआ और न कभी किसीसे

जीवस्वभावस्यानुभूयमानतायामभूतार्थं । अथैवममीषु प्रमाणनयनिक्षेपेषु भूतार्थत्वेनैको जीव एव प्रद्योतते ॥१३॥

उदयति न नयश्रीरस्तमेति प्रमाणं क्वचिदपि च न विद्मो याति निक्षेपचक्रं ।
किमपरमभिदध्मो धाम्नि सर्वंकषेऽस्मिन्ननुभवमुपयाते भाति न द्वैतमेव ॥९॥

आत्मस्वभावं परभावभिन्नमापूर्णमाद्यंतविमुक्तमेकम् ।
विलीनसंकल्पविकल्पजालं प्रकाशयन् शुद्धनयोऽभ्युदेति ॥१०॥

प्रथमा विभक्ति बहुवचन, बन्धः—प्रथमा एक०, मोक्षः—प्रथमा एक०, च—अव्यय, सम्यक्त्वम्—प्रथमा विभक्ति एकवचन ॥१३॥

नष्ट होगा) ऐसे पारिणामिक भावको प्रकट करता है। शुद्धनय एक, (द्वैत भावोंसे रहित) एकाकार तथा जिसमें समस्त संकल्प-विकल्पोंके समूहका विलय (नाश) हो गया है, ऐसे आत्मस्वभावको प्रकट करता है। द्रव्यकर्म, भावकर्म और नोकर्म आदि पुद्गलद्रव्योंमें अपनी कल्पना करनेको **संकल्प** और ज्ञेयोंके भेदसे ज्ञानमें भेदोंकी प्रतीतिको **विकल्प** कहते हैं।

प्रसंगविवरण—अनन्तर पूर्व गाथामें शुद्धनयका आदेश दिया गया है उसी शुद्धनयके प्रयोगको इस गाथामें झाँकी है।

तथ्यप्रकाश—(१) नवतत्त्व आदिका विविध प्रकाशन तीर्थप्रवृत्तिके लिये है। (२) एकत्वप्रकाशक भूतार्थनयसे नवतत्त्वोंके मूल स्रोतमें विलीन हो जानेसे शुद्ध ज्ञायकस्वभाव आत्मतत्त्वकी अनुभूति होती है। (३) जीव और कर्मविषयक आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा, मोक्षमें परस्पर निमित्तनैमित्तिक भाव है, इसी कारण भूतार्थनयसे निरखनेपर ये तत्त्वभेद कुछ भी नहीं रहते। (४) वस्तुके अधिगमके उपायभूत प्रमाण नय निक्षेप उनके भेद प्रभेद तीर्थ-प्रवृत्तिके लिये हैं। (५) शुद्ध वस्तुमात्र जीवस्वभावका अनुभव होनेपर प्रमाण नय निक्षेप आदि विकल्प कुछ भी नहीं रहते।

सिद्धान्त—(१) भूतार्थका आश्रय सम्यक्त्वका कारण है। (२) व्यवहारका अनुसरण तीर्थप्रवृत्तिका कारण है।

दृष्टि—१– परमभावग्राहक द्रव्यार्थिकनय (३०)। २– भेदकल्पनासापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक, भेदकल्पनासापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (२६, ८२)।

प्रयोग—व्यवहारनय व निश्चयनयसे आत्माके गुण पर्याय तत्त्वोंको जानकर उनका मूल स्रोत जो सहज चैतन्य है उसपर दृष्टि देकर परमविश्राम पावें ॥१३॥

अब निर्विकल्प शुद्धनयकी गाथासूत्रसे कहते हैं—(यः) जो नय (आत्मानं) आत्माको (अबद्धस्पृष्टं) बंधरहित और परके स्पर्शरहित (अनन्यं) अन्यत्वरहित (नियतं) चलाचलता-

जो पस्सदि अप्पाणं अबद्धपुट्ठं अणण्णयं णियदं ।
अविसेसमसंजुत्तं तं सुद्धणयं वियाणाहि ॥१४॥

जो लखता अपनेको, अबद्ध अस्पृष्ट अनन्य व नियमित ।
अविशेष असंयोगी, उसको ही शुद्धनय जानो ॥१४॥

यः पश्यति आत्मानं अबद्धस्पृष्टमनन्यकं नियतं । अविशेषमसंयुक्तं तं शुद्धनयं विजानीहि ॥१४॥

या खल्वबद्धस्पृष्टस्यानन्यस्य नियतस्याविशेषस्यासंयुक्तस्य चात्मनोऽनुभूतिः स शुद्धनयः सात्वनुभूतिरात्मैवेत्यात्मैक एव प्रद्योतते । कथं यथोदितस्यात्मनोनुभूतिरिति चेद्बद्धस्पृष्टत्वादीनामभूतार्थत्वात्तथाहि——यथा खलु बिसिनीपत्रस्य सलिलनिमग्नस्य सलिलस्पृष्टत्वपर्यायेणानुभूयमानतायां सलिलस्पृष्टत्वं भूतार्थमप्येकांततः सलिलास्पृश्यं बिसिनीपत्रस्वभावमुपेत्यानुभूयमान-

---

नामसंज्ञ—ज, अप्प, अबद्धपुट्ठ, अणण्णय, णियद, अविसेस, असंजुत्त, त सुद्धणय । **धातुसंज्ञ**—पास दर्शने, बंध बंधने, जाण अवबोधने । **प्रकृतिशब्द**—यत्, आत्मन्, अबद्धस्पृष्ट, अनन्यक, नियत, अविशेष,

---

रहित (**अविशेषं**) विशेषरहित (**असंयुक्तं**) अन्यसे संयोगरहित—ऐसे पाँच भावरूप (**पश्यति**) अवलोकन करता है (**तं**) उसे (**शुद्धनयं**) शुद्धनय (**विजानीहि**) जानो ।

तात्पर्य—सहजसिद्ध केवल अन्तस्तत्त्वका अवलोकनहार ज्ञान शुद्धनय (नयपक्षसे दूर) है ।

टीकार्थ——निश्चयसे जो अबद्ध, अस्पृष्ट, अनन्य, नियत, अविशेष, असंयुक्त——आत्माका अनुभव है वह शुद्धनय है । और वह अनुभूति निश्चयसे आत्मा ही है । ऐसा आत्मा ही एक प्रकाशमान है अर्थात् शुद्धनय, आत्माकी अनुभूति या आत्मा इन सबका एक ही अभिप्राय है । यहाँ शिष्य पूछता है कि आपने जैसा कहा है, वैसे आत्माकी अनुभूति कैसे हो सकती है ? इसका समाधान——जो बद्धस्पृष्टत्व आदि पाँच भाव हैं उनमें अभूतार्थता है, असत्यार्थता है, इसलिये शुद्धनयात्मक ही आत्माकी अनुभूति है । इसी बातको दृष्टान्तसे प्रकट करते हैं—— जैसे कमलिनीका पत्र जलमें डूबा हुआ है उसका जल-स्पर्शनरूप अवस्थासे अनुभव किये जाने पर जल-स्पर्शरूप दशा भूतार्थ है, सत्यार्थ है तो भी वास्तवमें जलके स्पर्शनयोग्य नहीं, ऐसे कमलिनीपत्रस्वभावको लेकर अनुभव किये जानेपर जल-स्पर्शरूप दशा अभूतार्थ है, असत्यार्थ है । उसी तरह आत्माके अनादि पुद्गलकर्मसे बद्धस्पृष्टत्वरूप अवस्थासे अनुभव किये जानेपर बद्धस्पृष्टत्व भूतार्थ है, सत्यार्थ है तो भी वास्तवमें जो पुद्गलके स्पर्श योग्य नहीं, ऐसे आत्मस्वभावको लेकर अनुभव किये जानेपर बद्धस्पृष्टत्व असत्यार्थ है । और जैसे मिट्टीका कुण्डो, घट, कलश, खप्पर आदि पर्यायभेदोंका अनुभव करनेपर अन्यत्व सत्यार्थ है तो भी सब पर्यायों

तायामभूतार्थं । तथात्मनोनादिबद्धस्पृष्टत्वपर्यायेणानुभूयमानतायां बद्धस्पृष्टत्वं भूतार्थमप्येकांततः पुद्गलास्पृश्यमात्मस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं । यथा च मृत्तिकायाः करककरीरकर्करीकपालादिपर्यायेणानुभूयमानतायामन्यत्वं भूतार्थमपि सर्वतोप्यस्खलंतमेकं मृत्तिकास्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं । तथात्मनो नारकादिपर्यायेणानुभूयमानतायामन्यत्वं भूतार्थमपि सर्वतोप्यस्खलंतमेकमात्मस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं । यथा च वारिधेर्वृद्धिहानिपर्यायेणानुभूयमानतायामनियतत्वं भूतार्थमपि नित्यव्यवस्थितं वारिधिस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायाम-

---

असंयुक्त, तत्, शुद्धनय । **मूलधातु**—दृशिर् अवलोकने, णीञ्—प्रापणे । **पदविवरण**—यः—प्रथमा एकवचन

के भेदरूप नहीं होते हुए एक मिट्टीके स्वभावका अनुभव करनेपर यह पर्यायभेद अभूतार्थ है, असत्यार्थ है । उसी तरह आत्माको नारक आदि पर्यायभेदोंके रूपमें अनुभवनेपर पर्यायोंका अन्यत्व सत्यार्थ है, तो भी सब पर्यायभेदोंमें अचल एक चैतन्याकार आत्मस्वभावको लेकर अनुभव करनेपर अन्यत्व अभूतार्थ है, असत्यार्थ है । जैसे समुद्रको वृद्धि-हानि अवस्थारूप अनुभव करनेसे अनियतता भूतार्थ है तो भी नित्य स्थिर समुद्रस्वभावको अनुभवनेपर अनियतता अभूतार्थ है, असत्यार्थ है । उसी तरह आत्माका वृद्धि हानि पर्यायभेदोंरूप अनुभव करनेपर अनियतता भूतार्थ है, सत्यार्थ है तो भी नित्य व्यवस्थित निश्चल आत्माके स्वभावका अनुभव करनेपर अनियतता अभूतार्थ है, असत्यार्थ है । जैसे सुवर्णका चिकना, भारी और पीला आदि गुणरूप भेदोंसे अनुभव करनेपर विशेषता सत्यार्थ है तो भी जिसमें सब विशेष विलय हो गये हैं, ऐसे सुवर्णस्वभावको लेकर अनुभव करनेसे विशेषता अभूतार्थ है, असत्यार्थ है । उसी तरह आत्माका ज्ञान, दर्शन आदि गुणरूप भेदोंसे अनुभव करनेपर विशेषता भूतार्थ है, सत्यार्थ है तो भी जिसमें सब विशेष विलय हो गये हैं, ऐसे चैतन्यमात्र आत्मस्वभावको लेकर अनुभव करनेपर विशेषता अभूतार्थ है, असत्यार्थ है । जैसे अग्निके निमित्तसे उत्पन्न उष्णतासे मिले हुए जलकी तप्तरूप अवस्थाका अनुभव करनेपर जलमें उष्णताकी संयुक्तता भूतार्थ है, सत्यार्थ है तो भी वास्तवमें शीतल स्वभावको लेकर जलका अनुभव करनेपर उष्णताकी संयुक्तता अभूतार्थ है, असत्यार्थ है । उसी तरह कर्म निमित्तक मोहसंयुक्ततारूप अवस्था द्वारा आत्माका अनुभव करनेपर संयुक्तता भूतार्थ है, सत्यार्थ है तो भी वास्तवमें आत्मबोधका बीजरूप चैतन्यस्वभावको लेकर अनुभव करनेपर मोहसंयुक्तता अभूतार्थ है, असत्यार्थ है ।

भावार्थ—आत्मा पाँच तरहसे अनेक रूप दीखता है—(१) अनादिकालसे कर्म पुद्गलके सम्बन्धसे बंधा हुआ व कर्मपुद्गलसे स्पर्श वाला दीखता है । (२) वह कर्मके निमित्तसे हुए नर नारकादिपर्यायोंमें भिन्न-भिन्न स्वरूप दीखता है । (३) शक्तिके अविभागप्रतिच्छेद

भूतार्थं तथात्मनो वृद्धिहानिपर्यायेणानुभूयमानतायामनियतत्वं भूतार्थमपि नित्यव्यवस्थितमात्मस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं । यथा च कांचनस्य स्निग्धपीतगुरुत्वादिपर्यायेणानुभूयमानतायां विशेषत्वं भूतार्थमपि प्रत्यस्तमितसमस्तविशेषं कांचनस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं तथात्मनो ज्ञानदर्शनादिपर्यायेणानुभूयमानतायां विशेषत्वं भूतार्थमपि प्रत्यस्तमितसमस्तविशेषमात्मस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं । यथा चापां सप्तार्चिःप्रत्ययोष्णसमाहितत्व-

---

कर्ताकारक, पश्यति—लट् वर्तमान अन्य पुरुष एकवचन, आत्मानं—द्वितीया एक० कर्मकारक, अबद्धस्पृष्टं—

(अंश) घटते भी हैं, बढ़ते भी हैं, यह वस्तुका स्वभाव है, इसलिए वह नित्य नियत एकरूप नहीं दीखता । (४) वह दर्शन ज्ञान आदि अनेक गुणोंसे विशेषरूप दीखता है । (५) वह कर्म के निमित्तसे उत्पन्न हुए मोह रागद्वेषादिक परिणामसहित सुख दुःख स्वरूप दीखता है । यह सब अशुद्ध द्रव्यार्थिकरूप व्यवहारनयका विषय है । उस दृष्टिसे देखा जाय तो यह सब ही सत्यार्थ है, परन्तु आत्माका एकस्वभाव नयसे ग्रहण नहीं होता और एकस्वभावके जाने बिना यथार्थ आत्माको कोई कैसे जान सके, इस कारण दूसरे नयको—इसके प्रतिपक्षी शुद्ध द्रव्यार्थिकको ग्रहण कर एक असाधारण ज्ञायकमात्र आत्माका भाव लेकर शुद्धनयकी दृष्टिसे सब परद्रव्योंसे भिन्न, सब पर्यायोंमें एकाकार, हानि-वृद्धिसे रहित, विशेषोंसे रहित, नैमित्तिक भावोंसे रहित देखा जाय तब सभी (पाँच) भावों द्वारा अनेकरूपता है वह अभूतार्थ है, असत्यार्थ है । यहाँ ऐसा जानना कि वस्तुका स्वरूप जो अनन्तधर्मात्मक है, वह स्याद्वादसे यथार्थ सिद्ध होता है । आत्मा भी अनन्तधर्मा है, उसके कितने ही धर्म तो स्वाभाविक हैं और कितने ही पुद्गलके संयोगसे उत्पन्न हैं । जो कर्मके संयोगसे होते हैं, उनसे तो आत्माके संसारकी प्रवृत्ति होती है, और तत्सम्बन्धी सुख-दुःखादिक होते हैं उनको यह भोगता है । इस आत्माके अनादि अज्ञानसे पर्यायबुद्धि है, अनादि अनन्त एक आत्माका ज्ञान नहीं है । उसको बतलाने वाला सर्वज्ञका आगम है । उसमें शुद्ध द्रव्यार्थिकनयसे यह बतलाया गया है कि आत्माका एक असाधारण चैतन्यभाव है—जो कि अखंड है, नित्य है, अनादिनिधन है । इसीके जाननेसे पर्यायबुद्धिका पक्षपात मिट जाता है । परद्रव्योंसे तथा उनके भावोंसे अथवा उनके निमित्तसे हुए अपने विभावोंसे पृथक् अपने आत्माको जानकर इसका अनुभव करें, तब परद्रव्यके भावस्वरूप परिणमन नहीं होता । उस समय कर्म नहीं बंधते तथा संसारसे निवृत्ति हो जाती है । इसलिए पर्यायार्थिकरूप व्यवहारनयको गौण करके अभूतार्थ (असत्यार्थ) कहकर, शुद्धनिश्चयनयको सत्यार्थ कहकर आलम्बन दिया है । वस्तुस्वरूपकी प्राप्ति होनेके बाद उसका भी आलंबन नहीं रहता । इस कथनसे ऐसा नहीं समझ लेना कि शुद्धनयको जो सत्यार्थ कहा है, इस

पर्यायेणानुभूयमानतायां संयुक्तत्वं भूतार्थमप्येकांततः शीतमप्स्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थं तथात्मनः कर्मप्रत्ययमोहसमाहितत्वपर्यायेणानुभूयमानतायां संयुक्तत्वं भूतार्थमप्येकांततः स्वयं-बोधबीजस्वभावमुपेत्यानुभूयमानतायामभूतार्थम् ॥१४॥

द्वितीया एकवचन कर्मविशेषण, अनन्यकं–द्वि० ए० कर्मविशेषण, नियतं–द्वि० ए० कर्मविशेषण, अविशेषं–

कारण अशुद्धनय सर्वथा असत्यार्थ ही है। ऐसा माननेसे वे एकांत मत वाले जो कि संसारको सर्वथा अवस्तु मानते हैं उनका सर्वथा एकान्त पक्ष आ जायगा, तब मिथ्यात्व आ जायगा और उस समय इस शुद्धनयका भी आलम्बन उन एकांतियोंकी तरह मिथ्यादर्शन हो जायगा। इसलिए सभी नयोंका कथंचित् रीतिसे श्रद्धान करनेपर सम्यग्दर्शन होता है। इस प्रकार स्याद्वादको समझकर जिनमतका सेवन करना; मुख्य गौण कथन सुनकर सर्वथा एकांत पक्ष न पकड़ लेना। इसी प्रकार इस गाथासूत्रका व्याख्यान टीकाकारने किया है कि आत्मा व्यवहार-नयकी दृष्टिमें जो बद्धस्पृष्ट आदि रूप दिखता है, यह इस दृष्टिमें तो सत्यार्थ ही है, परंतु शुद्ध-नयकी दृष्टिमें बद्धस्पृष्ट आदि रूप असत्यार्थ है। इस कथनमें स्याद्वाद बतलाया गया है, उसे जानना। जो ये नय हैं वे श्रुतज्ञान प्रमाणके अंश हैं। वह श्रुतज्ञान वस्तुको परोक्ष बतलाता है सो ये नय भी परोक्ष ही बतलाते हैं। शुद्ध द्रव्यार्थिकनयका विषय बद्धस्पृष्टत्वादि पाँच भावोंसे रहित आत्मा चैतन्यशक्तिमात्र है, वह शक्ति तो परोक्ष आत्मामें है ही और उसकी व्यक्तियाँ कर्मसंयोगसे मति, श्रुत आदि ज्ञानरूप हैं, वे कथंचित् अनुभवगोचर हैं सो वे प्रत्यक्ष रूप भी कहलाती हैं तथा सम्पूर्ण ज्ञान केवलज्ञान यद्यपि छद्मस्थके (अल्पज्ञानीके) प्रत्यक्ष नहीं है तो भी यह शुद्धनय आत्माके केवलज्ञानरूपको परोक्ष बतलाता है। जब तक जीव इस नय को नहीं जानता तब तक आत्माके पूर्ण रूपका ज्ञान श्रद्धान नहीं होता। इसलिए श्रीगुरुने इस शुद्धनयको प्रकट कर दिखलाया है कि बद्धस्पृष्टत्व आदि पाँच भावोंसे रहित पूर्ण ज्ञानघन-स्वभाव आत्माको जानकर श्रद्धान करना, पर्यायबुद्धि नहीं करना।

टीकार्थ—जैसे इस लोकमें सुवर्ण और चांदीको गलाकर मिलानेसे एक पिंडका व्यवहार होता है, उसी तरह आत्माके और शरीरके परस्पर एक जगह रहनेकी अवस्था होनेसे एकत्व का व्यवहार होता है । इस प्रकार व्यवहारमात्रसे ही आत्मा और शरीरका एकत्व है, परन्तु निश्चयसे एकत्व नहीं है; क्योंकि पीले स्वभाव वाला सोना है और सफेद स्वभाव वाली चांदी है, उनको जब निश्चयसे विचारा जाय तब अत्यन्त भिन्नता होनेसे एक पदार्थकी असिद्धि है, इसलिये अनेकरूपता ही है । उसी तरह आत्मा और शरीर उपयोग तथा अनुपयोग स्वभाव वाले हैं । उन दोनोंके अत्यंत भिन्नपना होनेसे एक पदार्थपनेकी प्राप्ति नहीं है, इसलिये अनेकता ही है । ऐसा यह प्रकट नयविभाग है । इस कारण व्यवहारनयसे ही शरीरकी स्तुति करनेसे आत्माकी स्तुति हो सकती है ।

भावार्थ—व्यवहारनय तो आत्मा और शरीरको एक कहता है और निश्चयनय एक

एवं नयविभागानभिज्ञोऽसि—

ववहारणओ भासदि जीवो देहो य हवदि खलु इक्को।
ण दु णिच्छयस्स जीवो देहो य कदावि एकट्ठो ॥२७॥

व्यवहारनय बताता, जीव तथा देह एक ही समझो।
निश्चयमें नहिं कबहूं, जीव तथा देह इक वस्तु ॥२७॥

व्यवहारनयो भाषते जीवो देहश्च भवति खल्वेकः। न तु निश्चयस्य जीवो देहश्च कदाप्येकार्थः ॥२७॥

इह खलु परस्परावगाढावस्थायामात्मशरीरयोः समावर्त्तितावस्थायां कनककलधौतयोरेकस्कंधव्यवहारवद्व्यवहारमात्रेणैवैकत्वं न पुनर्निश्चयतः। निश्चयतो ह्यात्मशरीरयोरुपयोगानुपयोगस्वभावयोः कनककलधौतयोः पीतपांडुरत्वादिस्वभावयोरिवात्यंतव्यतिरिक्तत्वेनैकार्थत्वानु-

नामसंज्ञ—ववहारणय, जीव, देह, य, खलु, इक्क, ण, दु, णिच्छय, जीव, देह, य, कदा, वि, एकट्ठ। **धातुसंज्ञ**—ने प्रापणे, भास व्यक्तायां वाचि, हव सत्तायां, जीव प्राणधारणे। **प्रकृतिशब्द**—व्यवहारनय, जीव, देह, च, खलु, एक, न, तु, निश्चय, जीव, देह, च, कदा, अपि, एकार्थ। **मूलधातु**—वि-अव-हृञ् हरणे, भाष व्यक्तायां वाचि, भू सत्तायां, ऋ गतिप्रापणयोः। **पदविवरण**—व्यवहारनय—प्रथमा एक० कर्ता। भाषते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया। जीवः—प्रथमा एक०। देहः—प्रथमा एक०। च—अव्यय। भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। खलु—अव्यय। एकः—प्रथमा एक०। न—अव्यय। तु—अव्यय।

एक द्रव्यसत्त्वको निरखनेके कारण उन्हें भिन्न-भिन्न कहता है, इसलिये व्यवहारनयसे ही शरीर का स्तवन करके आत्माका स्तवन माना जाता है, निश्चयसे नहीं।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें अज्ञानीका विचार दिखाया था कि जीव और देह एक है। अब उसके समाधानमें कहा जा रहा है कि जीव और देहको एक कहना व्यवहार मात्रसे है, परमार्थसे तो जीव और देह कभी भी एक पदार्थ नहीं हो सकते।

तथ्यप्रकाश—(१) सिद्धान्तग्रन्थोंमें जीवकी संयोगी पर्यायोंका वर्णन है, वहाँ भी सिर्फ देहमें ही जीवका व्यवहार नहीं, किन्तु उस समावर्तित अवस्थामें जीवका निर्देश है। (२) मात्र जीवस्वभावको निरखनेपर जीव देहसे तो भिन्न प्रकट सिद्ध है ही, किन्तु विकारभावसे भी यह जीव भिन्न है।

सिद्धान्त—(१) देहको आत्मा कहना उपचार है। (२) देहको देह व आत्माको आत्मा कहना यथार्थ व्यवहार है।

दृष्टि— १—द्रव्येद्रव्योपचारक असद्भूतव्यवहार (१०६)। २—अनेक अपरसंग्रहभेदक व्यवहारनय (११)।

प्रयोग—अपने आत्माको देहसे भिन्न जानकर, देहका ख्याल छोड़कर ज्ञानमात्र आत्म-

पपत्तेः नानात्वमेवेत्येवं हि किल नयविभागः ततो व्यवहारनयेनैव शरीरस्तवनेनात्मस्तवनमुपपन्नं ॥२७॥

निश्चयस्य–षष्ठी एक० । जीवः–प्रथमा एक० । देहः–प्रथमा एक० । च–अव्यय । कदा–अव्यय । अपि–अव्यय । एकार्थः–प्रथमा एकवचन ॥२७॥

स्वरूपमें विश्राम करना चाहिये ॥२७॥

यही बात आगेकी गाथामें स्पष्ट करते हैं—[**जीवात् अन्यं**] जीवसे भिन्न [**इमं पुद्गलमयं देहं**] इस पुद्गलमय देहकी [**स्तुत्वा**] स्तुति करके [**मुनिः**] साधु [**खलु मन्यते**] निश्चयतः ऐसा मानता है कि [**मया**] मैंने [**केवलीभगवान्**] केवलीभगवान्की [**स्तुतः**] स्तुति की और [**वंदितः**] वन्दना की ।

तात्पर्य—देहकी स्तुति करनेपर प्रभुकी ही स्तुति होना अज्ञानी मानता है ।

टीकार्थ—जैसे चांदीके गुण श्वेतपनेके नामसे सुवर्णको भी श्वेत कहते हैं सो परमार्थसे विचारा जाय तब सुवर्णका स्वभाव सफेद नहीं है, पीला है; तो भी व्यवहारमात्रसे ही स्वर्ण श्वेत है, ऐसा कहा जाता है । उसी तरहसे शुक्ल रक्तपना आदिक शरीरके गुण हैं, उनके स्तवनसे परमार्थसे शुक्लपना आदि तीर्थंकर केवली पुरुषका स्वभाव न होनेपर भी तीर्थङ्कर केवली पुरुषका व्यवहारमात्रसे ही तीर्थङ्कर केवली पुरुष शुक्ललोहित है, ऐसा स्तवन होता है । परन्तु निश्चयनयसे शरीरका स्तवन करनेसे आत्माका स्तवन नहीं बन सकता ।

प्रश्न—व्यवहारनयको तो असत्यार्थ कहा है और शरीर जड़ है सो व्यवहारका आश्रय करके जड़की स्तुति करनेका क्या फल है ? **उत्तर**—व्यवहारनय सर्वथा असत्यार्थ नहीं है निश्चयको प्रधान कर असत्यार्थ कहा है, छद्मस्थ (अल्पज्ञानी) को अपना परका आत्मा साक्षात् दीखता नहीं है शरीर ही दीखता है, उसकी शान्तरूप मुद्राको देख अपने भी शांतभाव हो जाते हैं । अतः ऐसा उपकार जान शरीरके आश्रयसे भी स्तुति करता है, शांतमुद्रा देख अन्तरंगमें वीतराग भावका निश्चय होता है यह भी तो उपकार है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें प्रासंगिक स्तुतिके विषयमें बताया गया था कि अप्रतिबुद्ध व्यवहार व निश्चयका विभाग नहीं जानता । उसके सम्बन्धमें यहाँ व्यवहारस्तुति का विभाग बताया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) प्रभुकी निर्मलताके अतिशयसे वह देह भी निर्मल हो गया है, निमित्तप्रदर्शनार्थ व प्रयोजनवश प्रभुस्तवनके लिये देहके गुणोंका स्तवन किया जाता है । (२) निश्चयनयसे आत्माके स्तवनसे ही आत्माका स्तवन माना जाता है ।

सिद्धान्त—(१) निमित्तका प्रसाद बतानेके लिये अन्य द्रव्यके नैमित्तिक अतिशयकी

तथाहि—

इणमण्णं जीवादो देहं पुग्गलमयं थुणित्तु मुणी।
ण णदि हु संथुदो वंदिदो मए केवली भयवं ॥२८॥

चित्से न्यारे भौतिक, तनको स्तुति कर भले मुनी माने।
श्री भगवत्केवलिकी, मैंने थुति वन्दना की है ॥२८॥

इममन्यं जीवाद्देहं पुद्गलमयं स्तुत्वा मुनिः। मन्यते खलु संस्तुतो वंदितो मया केवली भगवान् ॥२८॥

यथा कलधौतगुणस्य पांडुरत्वस्य व्यपदेशेन परमार्थतोऽतत्स्वभावस्यापि कार्त्तस्वरस्य व्यवहारमात्रेणैव पांडुरं कार्त्तस्वरमित्यस्ति व्यपदेशः। तथा शरीरगुणस्य शुक्ललोहितत्वादेः स्तवनेन परमार्थतोऽतत्स्वभावस्यापि तीर्थंकरकेवलिपुरुषस्य व्यवहारमात्रेणैव शुक्ललोहितस्तीर्थंकरकेवलिपुरुष इत्यस्ति स्तवनं। निश्चयनयेन तु शरीरस्तवनेनात्मस्तवनमनुपपन्नमेव ॥२८॥

नामसंज्ञ—इम, अण्ण, जीव, देह, पुग्गलमय, मुणि, हु, संथुद, वंदिद, अम्ह, केवलि, भगवंत। **धातुसंज्ञ**—ष्टुञ स्तुतौ, वंद स्तुतौ, मन्न अवबोधने। **प्रकृतिशब्द**—इदम्, अन्य, जीव, देह, पुद्गलमय, मुनि, खलु, संस्तुत, वंदित, अस्मद् केवलिन्, भगवत्। **मूलधातु**—ष्टुञ् स्तुतौ, मन-ज्ञाने दिवादि। **पदविवरण**—इमं–द्वितीया एक०। अन्यं–द्वि० ए०। जीवात्–पंचमी एक०। देहं–द्वि० एक०। पुद्गलमयं–द्वितीया ए०। स्तुत्वा–असमाप्तिकी क्रिया। मुनिः–प्रथमा एक०। मन्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। खलु–अव्यय। संस्तुतः–प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया। वंदितः–प्रथमा एक० क्रिया कृदन्त। मया–तृतीया एक० कर्मवाच्ये कर्ता, केवली–प्रथमा एक०। भगवान्–प्रथमा ए० कर्मवाच्यमें कर्म ॥२८॥

प्रशंसा बताई जाती है। (२) परमार्थतः खुदके गुणकी प्रशंसासे उसकी प्रशंसा होती है।

दृष्टि— १–संश्लिष्ट विजात्यसद्भूतव्यवहार (१२५)। २–शुद्ध निश्चयनय (४६)।

प्रयोग—देहसे अत्यन्त भिन्न ज्ञानमात्र प्रभुको निरखकर प्रभुसमान अपने स्वभावको निरखें ॥२८॥

ऊपरकी बातको गाथासे कहते हैं—[**तत्**] वह स्तवन [**निश्चये**] निश्चयमें [**न युज्यते**] ठीक नहीं है [**हि**] क्योंकि [**शरीरगुणाः**] शरीरके गुण [**केवलिनः**] केवलीके [**न भवंति**] नहीं है। [**यः**] जो [**केवलिगुणान्**] केवलीके गुणोंकी [**स्तौति**] स्तुति करता है [**सः**] वही [**तत्त्वं**] परमार्थसे [**केवलिनं**] केवलीकी [**स्तौति**] स्तुति करता है।

तात्पर्य—वास्तवमें प्रभु परमात्माके गुणोंके स्तवनसे ही प्रभु परमात्माकी स्तुति बनती है।

टीकार्थ—जैसे सुवर्णमें चाँदीके सफेद गुणका अभाव होनेके कारण निश्चयसे सफेदपने के नामसे सोनेका नाम नहीं बनता, सुवर्णके गुण जो पीतपना आदि हैं उनके ही नामसे सुवर्ण

तथाहि—

ं णिच्छये ण जुज्जदि ण सरीरगुणा हि होंति केवलिणो।
केवलिगुणो थुणदि जो सो तच्चं केवलिं थुणदि ॥२६॥

यह न सही निश्चयसे, होते तनके न केवलीमें गुण।
जो प्रभुके गुण कहता, वही प्रभूका स्तवन करता ॥२६॥

तन्निश्चये न युज्यते न शरीरगुणा हि भवंति केवलिनः। केवलिगुणान् स्तौति यः स तत्त्वं केवलिनं स्तौति।

यथा कार्त्तस्वरस्य कलधौतगुणस्य पांडुरत्वस्याभावान्न निश्चयतस्तद्व्यपदेशेन व्यपदेशः कार्तस्वरगुणस्य व्यपदेशेनैव कार्तस्वरस्य व्यपदेशात्, तथा तीर्थंकरकेवलिपुरुषस्य शरीरगुणस्य शुक्ललोहितत्वादेरभावान्न निश्चयतस्तत्स्तवनेन स्तवनं, तीर्थङ्करकेवलिपुरुषगुणस्य स्तवनेनैव तीर्थङ्करकेवलिपुरुषगुणस्य स्तवनात् ॥२६॥

नामसंज्ञ—त, णिच्छय, ण, ण, सरीरगुण, हि, केवलि, केवलिगुण ज, त, तच्च, केवलि। **धातुसंज्ञ**—जुंज योगे, हो सत्तायां, त्थुण स्तुतौ। **प्रकृतिशब्द**—तत्, निश्चय, न, न, शरीरगुण, हि, केवलिन्, केवलिगुण, यत्, तत्, तत्त्व, केवलिन्। **मूलधातु**—युजिर् योगे रुधादि, ष्टुञ् स्तुतौ, भू सत्तायां। **पदविवरण**—तत्—प्रथमा एक०। निश्चये—सप्तमी एक०। न—अव्यय। युज्यते—वर्तमान लट् कर्मवाच्य अन्य पुरुष एक०। न—अव्यय। शरीरगुणाः—प्रथमा बहु०। हि—अव्यय। भवंति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु०। केवलिनः—षष्ठी एक०। केवलिगुणान्—द्वितीया बहु०। स्तौति—अन्य पुरुष एक० क्रिया। यः—प्रथमा एक० कर्ता। सः—प्रथमा ए० कर्ता। तत्त्वं—अव्यय। केवलिनं—द्वि० ए०। स्तौति—अन्य पुरुष एक० क्रिया ॥२६॥

का नाम होता है। उसी तरह तीर्थंकर केवली पुरुषमें शरीरके शुक्ल रक्तता आदि गुणोंका अभाव होनेसे निश्चयतः शरीरके गुणोंके स्तवन करनेसे तीर्थंकर केवली पुरुषका स्तवन नहीं होता। तीर्थंकर केवली पुरुषके गुणोंके स्तवन करनेसे ही केवलीका स्तवन होता है।

प्रसंगविवरण—प्रकरणमें यह कहा गया था कि देहके स्तवनसे आत्माका स्तवन अप्रतिबुद्ध मानता है, क्योंकि वह नयविभागको नहीं जानता। उसमेंसे व्यवहारनयका विभाग तो अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था। अब निश्चयनयका विभाग बता रहे हैं।

तथ्यप्रकाश—(१) निश्चयसे देहके गुणोंके स्तवनसे तीर्थंकर केवली प्रभुके गुणोंका स्तवन नहीं बनता, क्योंकि देहके गुण तीर्थङ्कर केवली प्रभुमें नहीं हैं। (२) तीर्थङ्कर केवली प्रभुके गुणके स्तवनसे ही तीर्थङ्कर केवली प्रभुकी स्तुति परमार्थतः है।

सिद्धान्त—(१) किसी द्रव्यके द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव अन्य द्रव्यमें नहीं होते। (२) किसी द्रव्यकी प्रशंसा उस ही के गुणोंके कथनसे है।

दृष्टि— १—परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२६)। २—स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिक-

कथं शरीरस्तवनेन तदधिष्ठातृत्वादात्मनो निश्चयेन स्तवनं न युज्यत इति चेत्—

णयरम्मि वण्णिदे जह ण वि रण्णो वण्णणा कदा होदि ।
देहगुणे थुव्वंते ण केवलिगुणा थुदा होंति ॥३०॥

नगरीके वर्णनमें, ज्यों राजाकी न वर्णना होती ।
तन गुणके वर्णनमें, त्यों नहिं प्रभुकी स्तुती होती ॥३०॥

नगरे वर्णिते यथा नापि राज्ञो वर्णना कृता भवति । देहगुणे स्तूयमाने न केवलिगुणाः स्तुता भवंति ॥३०॥

तथाहि—प्राकारकृतलिंघनमुपवनराजीनिषीदितभूमितलं । पिबतीव हि नगरमिदं परिखावलयेन पातालं ॥२५॥ इति नगरे वर्णितेपि राज्ञः तदधिष्ठातृत्वेपि प्राकारोपवनपरिखादिमत्त्वाभावाद्वर्णनं न स्यात् । तथैव——नित्यमविकारसुस्थितसर्वांगमपूर्वसहजलावण्यं । अक्षोभ-

---

नामसंज्ञ—णयर, वण्णिद, जह, ण, वि, राय, वण्णणा, कदा, देहगुण, थुव्वंत ण, केवलिगुण, थुद । **धातुसंज्ञ**—वण्ण वर्णने, हो सत्तायां । **प्रकृतिशब्द**—नगर, वर्णित, यथा, न, अपि, राजन्, वर्णनत्र्, कृता, देहगुण, स्तूयमान, न केवलिगुण, स्तुत । **मूलधातु**—वर्ण-वर्णने, राज् दीप्तौ, भू सत्तायां, ष्टुञ् स्तुतौ ।

नय (२८) ।

प्रयोग——प्रभुके गुणोंके स्तवनसे प्रभुका ध्यान बनाकर शुद्ध पर्यायको स्रोतमें मग्न कर सहजात्मस्वरूपका ध्यान करना चाहिये ॥२९॥

अब जिज्ञासा होती है कि आत्मा तो शरीरका अधिष्ठाता है, इसलिये शरीरकी स्तुति करनेसे आत्माका स्तवन निश्चयसे क्यों ठीक नहीं है ? इसका समाधानरूप गाथा दृष्टांतसहित कहते हैं——[**यथा**] जैसे [**नगरे**] नगरका [**वर्णिते**] वर्णन करनेपर [**राज्ञः वर्णना**] राजाका वर्णन [**नापि कृता**] किया नहीं [**भवति**] होता उसी तरह [**देहगुणे स्तूयमाने**] देहके गुणों का स्तवन होनेपर [**केवलिगुणाः**] केवलीके गुण [**स्तुता न**] स्तवनरूप किये नहीं [**भवन्ति**] होते ।

तात्पर्य——नगरीका वर्णन होनेपर राजाका वर्णन न होनेकी तरह देहके गुणोंका वर्णन होनेपर परमात्माका वर्णन नहीं हो पाता ।

इसी अर्थकी टीकामें काव्य कहा गया है——'**प्राकार**' इत्यादि । **अर्थ**——यह नगर ऐसा है कि जिसने कोट (परकोटा) से आकाशको ग्रस लिया है अर्थात् इसका कोट बहुत ऊँचा है । बगीचोंकी पंक्तियोंसे जिसने भूमितलको निगल लिया है अर्थात् चारों ओरके बागोंसे पृथ्वी ढक गई है । कोटके चारों तरफ खाईके घेरेसे मानो पातालको पी रहा है अर्थात् खाई बहुत गहरी है । लोग ऐसे नगरका वर्णन करते हैं सो यद्यपि इसका अधिष्ठाता राजा है तो भी कोट, बाग,

मिव समुद्रं जिनेन्द्ररूपं परं जयति ॥२६॥ इति शरीरे स्तूयमानेपि तीर्थङ्करकेवलिपुरुषस्य तदधिष्ठातृत्वेपि सुस्थितसर्वांगत्वलावण्यादिगुणाभावात्स्तवनं न स्यात् ॥३०॥

पदविवरण—नगरे–सप्तमी एक० । वर्णिते–सप्तमी एक० । यथा–अव्यय । न–अव्यय । अपि–अव्यय । राज्ञः–षष्ठी एक० । वर्णना–प्रथमा एक० । कृता–प्र० ए० । अपि–अव्यय । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । देहगुणे–सप्तमी एक० । स्तूयमाने–सप्तमी एक० । न–अव्यय । केवलिगुणाः–प्रथमा बहु० । स्तुताः–प्रथमा बहु० । भवंति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० ॥३०॥

खाई आदि वाला राजा नहीं है, इसलिये ऐसे नगरके वर्णनसे राजाका वर्णन नहीं हो सकता। उसी तरह तीर्थङ्करका स्तवन शरीरकी स्तुति करनेसे नहीं हो सकता है। इसी अर्थको काव्य में कहते हैं—

'नित्य' इत्यादि। **अर्थ**—अच्छी तरह सुखरूप सर्वांग जिसमें अविकार स्थित है, अपूर्व स्वाभाविक लावण्य है जिसमें याने जो सबको प्रिय लगता है, जो समुद्रकी तरह क्षोभरहित है, ऐसा जिनेन्द्ररूप सदा जयवंत हो। इस प्रकार शरीरकी स्तुति की, सो यद्यपि तीर्थङ्कर केवली पुरुषके शरीरका अधिष्ठातापना है तो भी सुस्थित सर्वांगपना लावण्यपना आत्मा का गुण नहीं है, इसलिये तीर्थंकर केवली पुरुषके इन गुणोंका अभाव होनेसे शरीरकी स्तुति द्वारा उनकी स्तुति नहीं हो सकती।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें यह बताया गया था कि निश्चयतः शरीरकी स्तुतिसे प्रभुकी स्तुति नहीं होती, उसीका विवरण इस गाथामें है।

तथ्यप्रकाश—(१) परमात्माकी विशेषता समझानेके लिये शरीरकी विशेषता बतानेमें परमात्माके शरीरका अधिष्ठातृत्व सम्बन्ध सूचित होता है। (२) परमौदारिक शरीरका अधिष्ठातृत्व होनेपर भी शरीरका गुण परमात्मामें न होनेसे शरीरस्तवनसे परमात्मस्तवन नहीं होता।

सिद्धान्त—(१) एकसे सम्बंधित विजातीय पदार्थकी विशेषतासे उस एककी विशेषता बताना उपचारभाषाकी विधि है। (२) किसी एक पदार्थका गुण किसी अन्य पदार्थमें संक्रान्त नहीं होता।

दृष्टि— १–परसम्बन्धव्यवहार (१३५)। २–परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९)।

प्रयोग—शरीरकी विशेषताओंको शरीरमें परिसमाप्त जानकर उसका ख्याल छोड़कर अपनेको चैतन्यात्मक स्वरूपमें तन्मय अनुभवना चाहिये ॥३०॥

अब जिस तरह तीर्थङ्कर केवलीकी निश्चय स्तुति हो सकती है उसी रीतिसे कहते हैं उसमें भी पहले ज्ञेय ज्ञायकके संकरदोषका परिहार करके स्तुति करते हैं—[यः] जो [इन्द्रि-

अथ निश्चयस्तुतिमाह, तत्र ज्ञेयज्ञायकसंकरदोषपरिहारेण तावत्—

जो इन्दिये जिणित्ता णाणसहावाधियं मुणदि आदं ।
तं खलु जिदिंदियं ते भणंति जे णिच्छिदा साहू ॥३१॥

जो जीति इन्द्रियोंको, ज्ञानस्वभावी हि आपको माने ।
नियत जितेन्द्रिय उसको, परम कुशल साधुजन कहते ॥३१॥

यः इन्द्रियाणि जित्वा ज्ञानस्वभावाधिकं जानात्यात्मानं । तं खलु जितेन्द्रियं ते भणंति ये निश्चिताः साधवः ।

यः खलु निरवधिबंधपर्यायवशेन प्रत्यस्तमितसमस्तस्वपरविभागानि निर्मलभेदाभ्यासकौशलोपलब्धांतःस्फुटातिसूक्ष्मचित्स्वभावावष्टंभबलेन शरीरपरिणामापन्नानि द्रव्येन्द्रियाणि प्रतिविशिष्टस्वस्वविषयव्यवसायितया खंडशः आकर्षंन्ति प्रतीयमानाखंडैकचिच्छक्तितया भावेन्द्रियाणि

नामसंज्ञ— ज, इंदिय, णाणसहावाधिय, अत्त, त, खलु, जिदिंदिय, त, ज, णिच्छिद, साहु । **धातुसंज्ञ**—जिण जये, मुण ज्ञाने, भण कथने । **प्रकृतिशब्द**—यत्, इन्द्रिय, ज्ञानस्वभावाधिक, आत्मन्, तत्, खलु, जितेन्द्रिय, तत्, यत्, निश्चित, साधु । **मूलधातु**—इदि परमैश्वर्ये, जि-जये, मन-ज्ञाने, अत सातत्यगमने,

---

याणि] इन्द्रियोंको [जित्वा] जीतकर [ज्ञानस्वभावाधिकं] ज्ञानस्वभाव द्वारा अन्य द्रव्यसे अधिक [**आत्मानं**] आत्माको [**जानाति**] जानता है [**तं खलु**] उसको नियमसे [**ये निश्चिताः साधवः**] जो निश्चयनयमें स्थित साधुजन हैं [**ते**] वे [**जितेन्द्रियं**] जितेन्द्रिय ऐसा [**भणंति**] कहते हैं ।

तात्पर्य—जो सहज ज्ञानस्वभावमय आत्माको अनुभव कर इन्द्रियोंपर विजय प्राप्त कर लेते हैं वे जितेन्द्रिय कहलाते हैं ।

टीकार्थ—जो मुनि द्रव्येन्द्रिय, भावेन्द्रिय तथा इन्द्रियके विषयोंके पदार्थ इन तीनोंको ही अपनेसे पृथक् कर सब अन्य द्रव्योंसे भिन्न अपने आत्माका अनुभव करता है, वह निश्चयसे जितेन्द्रिय है । कैसी हैं द्रव्येन्द्रियाँ ? अनादि अमर्यादरूप बंधपर्यायके वशसे जिनसे समस्त स्वपरका विभाग नष्ट हो गया है और जो शरीर परिणामको प्राप्त हुई हैं अर्थात् आत्मासे ऐसे एक हो रही हैं कि भेद नहीं दिखता, उनको तो निर्मल भेदके अभ्यासकी प्रवीणतासे प्राप्त अन्तरंगमें प्रकट अति सूक्ष्म चैतन्यस्वभावके अवलम्बनसे अपनेसे पृथक् किया है, यही द्रव्येन्द्रियोंका जीतना हुआ । कैसी हैं भावेन्द्रियाँ ? पृथक्-पृथक् विशेषोंको लिये हुए जो अपने विषय उनमें व्यापार करनेके कारण जो विषयोंको खंडखंड ग्रहण करती हैं अर्थात् ज्ञानको खंडखंडरूप जानती हैं, उनको प्रतीतिमें आती हुई अखंड एक चैतन्यशक्तिसे अपनेसे भिन्न

ग्राह्यग्राहकलक्षणसम्बन्धप्रत्यासत्तिवशेन सह संविदा परस्परमेकीभूतानिव चिच्छक्तेः स्वयमेवानुभूयमानासंगतया भावेन्द्रियावगृह्यमाणान् स्पर्शादीनिन्द्रियार्थांश्च सर्वथा स्वतः पृथक्करणेन विजित्योपरतसमस्तज्ञेयज्ञायकसंकरदोषत्वेनैकत्वे टंकोत्कीर्ण विश्वस्याप्यस्योपरि तरता प्रत्यक्षो-

---

भण-शब्दार्थः, साध-संसिद्धौ। **पदविवरण**—यः—प्रथमा एक० पुं० कर्ता। इन्द्रियाणि—द्वितीया बहु०। असमाप्तिकी क्रियाका कर्म। जित्वा—असमाप्तिकी क्रिया। ज्ञानस्वभावाधिकं—द्वितीया एक०। मन्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। आत्मानं—द्वितीया एक०। तं—द्वितीया एक०। खलु—अव्यय। जितेन्द्रियं—द्वितीया

जानती है, यही भावेन्द्रियोंका जीतना हुआ। इंद्रियोंके विषयभूत पदार्थ कैसे हैं ? ग्राह्यग्राहकलक्षण सम्बन्धकी निकटताके वशसे अपने सम्वेदन (अनुभव) के साथ परस्पर मानो एक सरीखे हो गये हों ऐसे दीखते हैं, उनको अपनी चैतन्यशक्तिके अपने आप अनुभवमें आता हुआ जो असंगपना—एकत्व उसके द्वारा भावेन्द्रियसे ग्रहण किये हुए स्पर्शादिक पदार्थोंको अपनेसे पृथक् किया है। यही विषयभूत पदार्थोंका जीतना हुआ। इस प्रकार इन्द्रियज्ञानके और विषयभूत पदार्थोंके ज्ञेयज्ञायकका संकरनामक दोष आता था, उसके दूर होनेसे आत्मा एकपने में टंकोत्कीर्णवत् निश्चल स्थित समस्त पदार्थोंके ऊपर तैरता, जानता हुआ भी उनरूप नहीं होता, प्रत्यक्ष उद्योतपनेसे नित्य ही अन्तरंगमें प्रकाशमान, अविनश्वर, आप ही से सिद्ध और परमार्थरूप ऐसे भगवान ज्ञानस्वभावके द्वारा सब अन्य द्रव्योंसे अतिरिक्त परमार्थतः जो जानता है वह जितेन्द्रिय जिन है, इस प्रकार एक निश्चयस्तुति तो यह हुई।

भावार्थ—अज्ञानमें ज्ञेय तो इन्द्रियोंके विषयभूत पदार्थ और ज्ञायक आप आत्मा इन दोनोंका अनुभव विषयोंकी आसक्तितासे एकसा होता था, सो जब ज्ञेय व ज्ञायककी भेदज्ञानसे भिन्नता जानी तब ज्ञेयज्ञायकसंकर दोष दूर हुआ, ऐसा जानना।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया था कि देहकी स्तुतिसे प्रभुकी स्तुति नहीं, किन्तु प्रभुके गुणोंकी स्तुतिसे प्रभुकी स्तुति होती है। उसी प्रसंगसे सम्बंधित प्रथम निश्चयस्तुति इस गाथामें की गई है।

तथ्यप्रकाश—(१) सम्यक्त्व हुए बाद मोक्षमार्गकी प्रगतिमें प्रथम कदम इन्द्रियविजय का बताया गया है। (२) इन्द्रियविषयोपभोगमें अन्तरंग बहिरंग साधन कुल ३ होते हैं—द्रव्येन्द्रिय, भावेन्द्रिय व विषयसंग; सो इन तीनोंके विजयमें इन्द्रियविजय है (३) द्रव्येन्द्रियाँ स्थूल, भौतिक (शारीरिक) हैं उनका विजय अन्तःप्रकाशमान सूक्ष्म चैतन्यस्वभावके अवलम्बन से होता है। (४) भावेन्द्रियाँ खण्डखण्ड जाननरूप हैं उनका विजय अखण्ड एक चित् शक्तिके अवलम्बनसे होता है। (५) विषयभूत पदार्थ संग कहलाते हैं उनका विजय असंग चैतन्यमात्र अन्तस्तत्त्वके अनुभवसे होता है। (६) यहाँ ज्ञेय हैं विषयभूत पदार्थ और प्रासंगिक ज्ञायक है

द्योततया नित्यमेवांतःप्रकाशमानेनानपायिना स्वतः सिद्धेन परमार्थसता भगवता ज्ञानस्वभावेन सर्वेभ्यो द्रव्यांतरेभ्यः परमार्थतोतिरिक्तमात्मानं संचेतयते स खलु जितेन्द्रियो जिन इत्येका निश्चयस्तुतिः ॥३१॥

एव० । ते–पुं० प्रथमा बहु० । भणंति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० । ये–प्रथमा बहु० पुं० । निश्चिताः–प्रथमा बहु० कर्तृ विशेषण । साधवः–प्रथमा बहु० कर्ता ॥३१॥

द्रव्येन्द्रिय व भावेन्द्रिय उन तीनोंका जो सहज ज्ञायकस्वरूप जीवके साथ सांकर्य है, सम्बन्ध है उस दोषको दूर किया गया होनेसे ज्ञेयज्ञायकसंकरदोषका परिहार हो जाता है।

सिद्धान्त—(१) भूतार्थके आश्रयसे उपाधियोंका परिहार होता है। (२) शुद्धनयके आश्रयसे एकत्वविभक्त अन्तस्तत्त्वका प्रकाश होता है।

दृष्टि— १–शुद्धभावनाशेष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (१४८)। २–शुद्धनय (४६)।

प्रयोग—विषयभूत पदार्थ, द्रव्येन्द्रिय व भावेन्द्रियके लगावसे हटकर सहजसिद्ध चिन्मात्र अन्तस्तत्त्वरूप अपनेको अनुभवना चाहिये ॥३१॥

अब भाव्य भावक संकरदोष दूर कर स्तुति कहते हैं—[यः तु] जो मुनि [मोहं] मोह को [जित्वा] जीतकर [आत्मानं] अपने आत्माको [ज्ञानस्वभावाधिकं] ज्ञानस्वभावके द्वारा अन्य द्रव्यभावोंसे अधिक [जानाति] जानता है [तं साधु] उस मुनिको [परमार्थविज्ञायकाः] परमार्थके जानने वाले [जितमोहं] जितमोह ऐसा [विंदन्ति] जानते हैं।

तात्पर्य—जो सहजज्ञानस्वभावमय आत्माको अनुभव कर मोहको जीत लेते हैं वे जितमोह कहलाते हैं।

टीकार्थ—जो मुनि फल देनेकी सामर्थ्यसे प्रकट उदयरूप होकर भावकरूपसे प्रगट हुए भी मोहकर्मको तदनुकूल परिणत आत्मा भाव्यके व्यावर्तनसे तिरस्कार करके (पृथक् करके) जिसमें समस्त भाव्यभावक संकरदोष दूर हो गया है, उसके रूपसे एकत्व होनेपर टंकोत्कीर्णवत् निश्चल, समस्त लोकके ऊपर तैरता, प्रत्यक्ष उद्योतरूपसे नित्य ही अन्तरंगमें प्रकाशमान, अविनाशी और आपसे ही सिद्ध हुआ परमार्थरूप भगवान् ऐसा वह ज्ञानस्वभाव, उसके द्वारा अन्य द्रव्यके स्वभावसे होने वाले सब ही अन्य भावोंसे परमार्थतः अतिरिक्त ऐसे ज्ञानस्वरूप आत्माको अनुभव करता है वह निश्चयतः जितमोह जिन है। इस प्रकार यह द्वितीय निश्चयस्तुति हुई। इस ही प्रकार मोहके पदको बदलकर उसकी जगह राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया, लोभ, कर्म, नोकर्म, मन, वचन, काय—ये ग्यारह तो इस सूत्र द्वारा और श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रसना, स्पर्शन—ये पांच इन्द्रियसूत्र द्वारा ऐसे सोलह पद पलटनेसे सोलह

अथ भाव्यभावकसंकरदोषपरिहारेण—

जो मोहं तु जिणित्ता णाणसहावाधियं मुणइ आदं ।
तं जिदमोहं साहुं परमट्ठवियाणया विंति ॥३२॥

जो जीति मोह सारे, ज्ञानस्वभावी हि आपको माने ।
जितमोह साधु उसको, परमार्थग साधुजन कहते ॥३२॥

यो मोहं तु जित्वा ज्ञानस्वभावाधिकं जानात्यात्मानं । तं जितमोहं साधुं परमार्थविज्ञायका विन्दन्ति ॥३२॥

यो हि नाम फलदानसमर्थतया प्रादुर्भूय भावकत्वेन भवंतमपि दूरत एव तदनुवृत्तेरात्मनो भाव्यस्य व्यावर्त्तनेन हठान्मोहं न्यक्कृत्योपरतसमस्तभाव्यभावकसंकरदोषत्वेनैकत्वे टंकोत्कीर्णं विश्वस्याप्यस्योपरि तरता प्रत्यक्षोद्योततया नित्यमेवांतःप्रकाशमानेनानपायिना स्वतः

नामसंज्ञ—ज, मोह, तु, णाणसहावाधिय, अत्त, त, जिदमोह, साहु, परमट्ठवियाणय । **धातुसंज्ञ**—जिण जये, मुण ज्ञाने, विद ज्ञाने । **प्रकृतिशब्द**—यत्, मोह, तु, ज्ञानस्वभावाधिक, आत्मन्, तत्, जितमोह, साधु, परमार्थविज्ञायक । **मूलधातु**—मुह वैचित्ये, जि जये, मन-ज्ञाने, अत-सातत्यगमने, साध-संसिद्धौ, विदॢ लाभे । **पदविवरण**—यः—प्रथमा एक० पुं० कर्ता । मोहं—द्वितीया एक० असमाप्तिकी क्रियाका कर्म । तु—अव्यय । जित्वा—असमाप्तिकी क्रिया । ज्ञानस्वभावाधिकं—द्वितीया एक० कर्मविशेषण । मन्यते—वर्तमान

सूत्र पृथक्-पृथक् व्याख्यानरूप करने चाहिये और इसी उपदेशसे अन्य भी विचार लेने चाहियें ।

भावार्थ—जो अपने आत्माको जो भावक मोहके अनुसार प्रवर्तनसे भाव्यरूप हुआ, उसे भेदज्ञानके बलसे पृथक् अनुभव करता है, वह जितमोह जिन है । इस तरह भाव्य-भावक भावके संकरदोषको दूर कर दूसरी निश्चयस्तुति हुई । यहाँ ऐसा आशय है कि जो श्रेणी चढ़नेपर मोहका उदय अनुभवमें न रहकर अपने बलसे उपशमादि कर आत्माको अनुभव करता है, उसको जितमोह कहा है । यहाँपर मोहको जीता है, उसका नाश हुआ मत जानना ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया था कि ज्ञेयज्ञायकभावसंकरदोष दूर कर प्रभु जितेन्द्रिय बने यह प्रथम निश्चयस्तुति है । अब उससे ही सम्बन्धित द्वितीय निश्चयस्तुति यहाँ कही जा रही है ।

तथ्यप्रकाश—(१) फलदानसमर्थरूपसे उघड़कर भावकरूपसे हुआ मोह है और उसके अनुरूप प्रवृत्ति होनेसे आत्मा भाव्य है इस कथनसे निमित्तनैमित्तिक भावका सही स्वरूप प्रसिद्ध हुआ है । (२) भाव्य और भावकसे पृथक् शुद्ध ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वका संचेतन करना मोहपर विजय करना कहलाता है ।

सिद्धान्त—(१) भावकका निमित्त पाकर आत्मा विभाव्य होता है । (२) मोहसे विविक्त ज्ञानमात्र आत्मतत्त्वका संचेतन करना मोहका परभाव है ।

सिद्धेन परमार्थसता भगवता ज्ञानस्वभावेन द्रव्यांतरस्वभावभावेभ्यः सर्वेभ्यो भावान्तरेभ्यः परमार्थतोऽतिरिक्तमात्मानं संचेतयते स खलु जितमोहो जिन इति द्वितीया निश्चयस्तुतिः। एवमेव च मोहपदपरिवर्त्तनेन रागद्वेषक्रोधमानमायालोभकर्मनोकर्ममनोवचनकायसूत्राण्येकादश पञ्चानां श्रोत्रचक्षुर्घ्राणरसनस्पर्शनसूत्राणामिन्द्रियसूत्रेण पृथग्व्याख्यातत्वाद्व्याख्येयानि। अनया दिशान्यान्यप्यूह्यानि ॥३२॥

लट् अन्य पुरुष एक०। आत्मानं–द्वितीया एक० कर्ता०। तं–द्वितीया एक०। जितमोहं–द्वितीया एक० कर्म-विशेषण। साधुं–द्वितीया एक० कर्म। परमार्थविज्ञायकाः–प्रथमा बहुवचन कर्ता या कर्तृविशेषण। विदंति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० क्रिया ॥३२॥

दृष्टि—१– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४)। २–उपाध्यभावापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४अ)।

प्रयोग—विकारभावको नैमित्तिक अतएव अस्वाभाविक जानकर उससे अत्यंत उपेक्षा करके अपनेको ज्ञानमात्र अनुभवना चाहिये ॥३२॥

आगे भाव्यभावकभावके अभाव द्वारा निश्चयस्तुति कहते हैं—[**जितमोहस्य तु साधोः**] जिसने मोहको जीत लिया है ऐसे साधुके [**यदा**] जिस समय [**मोहः क्षीणः**] मोह क्षीण याने नष्ट [**भवेत्**] होता है [**तदा**] उस समय [**निश्चयविद्भिः**] निश्चयके जानने वाले [**खलु**] निश्चयसे [**सः**] उस साधुको [**क्षीणमोहः**] क्षीणमोह ऐसे नामसे [**भण्यते**] कहते हैं।

तात्पर्य—जितमोह साधुके निर्विकल्प समाधिबलसे जब मोह समूल नष्ट हो जाता है तब उसे क्षीणमोह कहते हैं।

टीकार्थ—इस निश्चयस्तुतिमें पूर्वोक्त विधान द्वारा आत्मासे मोहका तिरस्कार कर जैसा कहा, वैसे ज्ञानस्वभाव द्वारा अन्य द्रव्यसे अधिक आत्माका अनुभव करनेसे जितमोह हुआ, उसके जिस समय अपने स्वभावभावकी भावनाका अच्छी तरह अवलम्बन करनेसे मोह की संतानका ऐसा अत्यंत विनाश हो जाता है कि फिर उसका उदय नहीं होता, ऐसा भावक-रूप मोह जिस समय क्षीण होता है, उस समय याने भावकमोहका क्षय होनेपर आत्माके विभावरूप भाव्यभावका भी अभाव हो जाता है उस समय भाव्यभावकभावके अभावसे एकत्व होनेपर टङ्कोत्कीर्णवत् निश्चल परमात्माको प्राप्त हुआ 'क्षीणमोह जिन' ऐसा कहा जाता है अर्थात् साधु पहले अपने बलसे उपशमभाव द्वारा मोहको जीते, पीछे जिस समय अपनी बड़ी सामर्थ्यसे मोहका सत्तामें से नाश कर ज्ञानस्वरूप परमात्माको प्राप्त होता है तब 'क्षीणमोह

अथ भाव्यभावकभावाभावेन—

जिदमोहस्स दु जइया खीणो मोहो हविज्ज साहुस्स ।
तइया हु खीणमोहो भण्णदि सो णिच्छयविदूहिं ॥३३॥

मोहजयी साधूके, ज्यों हि सकल मोह क्षीण हो जाता ।
त्यों हि परमार्थ ज्ञायक, कहते हैं क्षीणमोह उन्हें ॥३३॥

जितमोहस्य तु यदा क्षीणो मोहो भवेत्साधोः । तदा खलु क्षीणमोहो भण्यते स निश्चयविद्भिः ॥३३॥

इह खलु पूर्वप्रक्रांतेन विधानेनात्मनो मोहं न्यक्कृत्य यथोदितज्ञानस्वभावानतिरिक्तात्मसंचेतनेन जितमोहस्य सतो यदा स्वभावभावभावनासौष्ठवावष्टंभात्तत्संतानात्यंतविनाशेन पुनरप्रादुर्भावाय भावकः क्षीणो मोहः स्यात्तदा स एव भाव्यभावकभावाभावेनैकत्वे टंकोत्कीर्णपरमात्मानमवाप्तः क्षीणमोह जिन इति तृतीया निश्चयस्तुतिः । एवमेव च मोहपदपरिवर्तनेन रागद्वेषक्रोधमान मायालोभकर्मनोकर्ममनोवचनकायश्रोत्रचक्षुर्घ्राणरसनस्पर्शनसूत्राणि षोडश व्याख्ये-

---

नामसंज्ञ—जिदमोह, हु, जइया, खीण, मोह, साहु, तइया, हु, खीणमोह, त, णिच्छयविदु । **धातुसंज्ञ**—क्षि क्षये, हव सत्तायां तृतीयगणे, भण कथने, विद ज्ञाने । **प्रकृतिशब्द**—जितमोह, तु, यदा, क्षीण, मोह, साधु, तदा, खलु, क्षीणमोह, तत्, निश्चयवित् । **मूलधातु**—जि जये, क्षि क्षये, मुह-वैचित्ये, भू

जिन' कहा जाता है । यहाँ भी जैसे पूर्व कहा था, उसी तरह मोह पदको पलटकर राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया, लोभ, कर्म, नोकर्म, मन, वचन, काय, श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रसना, स्पर्शन—ये पद रखकर सोलह सूत्र पढ़ना और व्याख्यान करना तथा इसी प्रकार उपदेश कर अन्य भी विचारना ।

अब इस निश्चय व्यवहाररूप स्तुतिके अर्थको कलशरूप काव्यमें कहते हैं—'एकत्वं' इत्यादि । **अर्थ**—शरीर और आत्माका व्यवहारनयसे एकत्व है, किन्तु निश्चयनयसे एकत्व नहीं है । इसी कारण शरीरके स्तवनसे आत्मा-पुरुषका स्तवन व्यवहारनयसे हुआ कहा जाता है, किन्तु निश्चयनयसे नहीं । निश्चयसे तो चैतन्यके स्तवनसे ही चैतन्यका स्तवन होता है । यह चैतन्यका स्तवन तो जितेन्द्रिय, जितमोह, क्षीणमोह कहनेसे होता है । इस प्रकार यह सिद्ध हुआ कि जो अज्ञानीने तीर्थंकरके स्तवनका प्रश्न किया था, उसका यह नयविभाग द्वारा उत्तर दिया । उसके बलसे आत्मा और शरीरका एकत्व निश्चयसे नहीं है ।

अब फिर इसी अर्थके जाननेसे भेदज्ञानकी सिद्धि होती है, ऐसा अर्थरूप काव्य कहते हैं—'इति परिचित' इत्यादि । **अर्थ**—इस तरह जिसने वस्तुके यथार्थस्वरूपका परिचय किया है, ऐसे मुनिजनोंके द्वारा आत्मा और शरीरके एकत्वके नयविभागकी युक्ति द्वारा अत्यन्त

यानि । अनया दिशान्यान्यप्यूह्यानि । इत्यप्रतिबुद्धोक्तिनिरासः ।

एकत्वं व्यवहारतो न तु पुनः कायात्मनोर्निश्चया-
न्नुःस्तोत्रं व्यवहारतोस्ति वपुषः स्तुत्या न तत्तत्त्वतः ।
स्तोत्रं निश्चयतश्चितो भवति चित्स्तुत्यैव सैवं भवे-
न्नातस्तीर्थंकरस्तवोत्तरबलादेकत्वमात्मांगयोः ॥२७॥

इति परिचिततत्त्वैरात्मकायैकतायां नयविभजनयुक्त्यात्यंतमुच्छादितायां ।
अवतरति न बोधो बोधमेवाद्य कस्य स्वरसरभसकृष्टः प्रस्फुटन्नेक एव ॥२८॥ ॥३३॥

सत्तायां, साध संसिद्धौ, भण-शब्दार्थः । **पदविवरण**— जितमोहस्य—षष्ठी एक० । तु—अव्यय । यदा—अव्यय । क्षीणः—प्रथमा एक० । मोहः—प्रथमा एक० । साधोः—षष्ठी एक० । तदा—अव्यय । खलु—अव्यय । क्षीणमोहः—प्रथमा एक० । भण्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० भावकर्मलिङ् । सः—प्रथमा एक० कर्मवाच्यमें कर्म । निश्चयविद्भिः—तृतीया बहुवचन कर्मवाच्यमें कर्ता ॥३३॥

उच्छेदित किये जानेपर निजरसके वेग द्वारा खेंचा हुआ एकस्वरूप होकर वह ज्ञान यथार्थरूप में किस पुरुषके प्रकट नहीं होता अर्थात् अवश्य प्रगट होता ही है ।

भावार्थ— निश्चय व्यवहारनयके विभागसे आत्माका और परका अत्यन्त भेद जो दिखलाया है, उसको जानकर ऐसा कौन पुरुष है कि जिसके भेदज्ञान नहीं होगा ? क्योंकि ज्ञान अपने स्वरससे आप अपना स्वरूप जानता है । इस प्रकार अप्रतिबुद्धने जो ऐसा कहा था कि हमें तो यह निश्चय है कि जो देह है वही आत्मा है, उसका निराकरण (समाधान) किया ।

प्रसंगविवरण— अनन्तरपूर्व गाथामें निश्चयस्तुतिके प्रकरणमें भाव्यभावकसंकर दोष दूर करने वाली द्वितीय निश्चयस्तुति की गई थी अब भाव्यभावकभावके अभावसे होने वाले क्षीणमोहत्वकी उत्कृष्टता बताने वाली तृतीय निश्चयस्तुति की जा रही है ।

तथ्यप्रकाश— १—परमात्मपदके लाभके लिये अनिवारित ४ पौरुषोंका इस निश्चयस्तुतिके प्रकरणमें वर्णन हुआ है— (१) जितेन्द्रिय होना, (२) मोहका तिरस्कार होना, (३) जितमोह होना और (४) क्षीणमोह होना । २—यहाँ क्षीणमोह होनेका उपाय स्वभावभावकी निरन्तर दृढ़ भावना होना बताया गया है । ३—ज्ञानमें आत्मा व देहकी एकता पूर्णतया नष्ट होनेपर ज्ञान मात्र जाननरूपसे बर्तता हुआ प्रकट व प्रगत होता ही है ।

सिद्धान्त—(१) स्वभावभावकी भावनाका निमित्त पाकर भावक मोहकर्म कर्मत्वरहित हो जाता है । (२) आत्मा व देहादि परभावमें एकत्वबुद्धिके पूर्णतया नष्ट होनेपर जाननमात्र बर्तता हुआ ज्ञान विलसित होता है ।

दृष्टि— १— शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ ब) । २— उपाध्यभावापेक्ष शुद्ध

एवमयमनादिमोहसंतानविरूपितात्मशरीरैकत्वसंस्कारतयात्यन्तमप्रतिबुद्धोपि प्रसभोज्जृम्भिततत्त्वज्ञानज्योतिर्नेत्रविकारोव प्रकटोद्घाटितपटलष्टसितिप्रतिबुद्धः साक्षात् द्रष्टारं स्वं स्वयमेव हि विज्ञाय श्रद्धाय च तं चैवानुचरितुकामः स्वात्मारामस्यास्यान्यद्रव्याणां प्रत्याख्यानं किं स्यादिति पृच्छन्निदमाह वाच्यः—

सव्वे भावे जम्हा पच्चक्खाई परेत्ति णादूणं ।
तह्मा पच्चक्खाणं णाणं णियमा मुणेयव्वं ॥३४॥

चूंकि सकल भावोंको, पर हैं यह जानि त्यागता होता ।
इस कारण निश्चयसे, प्रत्याख्यान ज्ञानको जानो ॥३४॥

सर्वान् भावान् यस्मात्प्रत्याख्याति परानिति ज्ञात्वा । तस्मात्प्रत्याख्यानं ज्ञानं नियमात् ज्ञातव्यं ॥३४॥

यतो हि द्रव्यांतरस्वभावभाविनोऽन्यानखिलानपि भावान् भगवज्ज्ञातृद्रव्यं स्वस्वभावभावाव्याप्यतया परत्वेन ज्ञात्वा प्रत्याचष्टे ततो य एव पूर्वं जानाति स एव पश्चात्प्रत्याचष्टे न

नामसंज्ञ—सव्व, भाव, ज, पर, इत्ति, त, पच्चक्खाण, णाण, णियम । **धातुसंज्ञ**—पडि-आ-वखा कथने तृतीयगणे उपसर्गादर्थान्तरम्, जाण अवबोधने, मुण ज्ञाने । **प्रातिपदिक**—सर्व, भाव, यत्, पर इति, तत्, प्रत्याख्यान, ज्ञान, नियम । **मूलधातु**—प्रति-आ-ख्या प्रकथने उपसर्गादर्थपरिवर्तनम्, नि-यम परिवे-

---

द्रव्यार्थिकनय (२४ अ) ।

प्रयोग—इन्द्रियविजय व मोहविजय करनेके लिये एकमात्र चैतन्यस्वभावकी आराधना का पौरुष करना चाहिये ॥३३॥

आगे कहते हैं कि इस तरह यह अज्ञानी जीव अनादिकालीन मोहसंतानसे निरूपित किये गये आत्मा और शरीरके एकत्वके संस्कारसे अत्यन्त अप्रतिबुद्ध था, सो अब तत्त्वज्ञान स्वरूप ज्योतिके प्रकट होनेसे नेत्रके विकारकी तरह (जैसे किसी पुरुषके नेत्रमें विकार था तब वर्णादिक अन्यथा दीखते थे, जब विकार मिट गया तब जैसेका तैसा दीखने लगा) अच्छी तरह उघड़ गया है पटलरूप आवरण कर्म जिसका ऐसा प्रतिबुद्ध हुआ तब साक्षात् देखने वाला अपनेको अपनेसे ही जान श्रद्धान कर उसके आचरण करनेका इच्छुक हुआ पूछता है कि इस आत्मारामके अन्य द्रव्योंका प्रत्याख्यात (त्यागना) क्या है, उसका समाधान आचार्य करते हैं—**[यस्मात्]** जिस कारण **[सर्वान् भावान्]** अपने सिवाय सभी पदार्थ **[परान्]** पर हैं **[इति ज्ञात्वा]** ऐसा जानकर **[प्रत्याख्याति]** त्यागता है **[तस्मात्]** इस कारण **[ज्ञानं]** पर हैं यह जानना ही **[नियमात्]** निश्चयसे **[प्रत्याख्यानं]** प्रत्याख्यान है ।

तात्पर्य—अपने ज्ञानमें त्यागरूप अवस्था ही प्रत्याख्यान है ज्ञानका जाननरूप ही

पुनरन्य इत्यात्मनि निश्चित्य प्रत्याख्यानसमये प्रत्याख्येयोपाधिमात्रप्रवर्त्तितकर्तृत्वव्यपदेशत्वेपि

ष्टने, ज्ञा अवबोधने। **पदविवरण**—सर्वान्–द्वितीया बहुवचन पुल्लिग कर्मविशेषण, भावान्–द्वितीया बहुवचन कर्म, यस्मात्–हेत्वर्थे पंचमी एक०, प्रत्याख्याति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया, परान्–द्वि०

रहने, ग्रहणविकल्पका परिहार हो जावे, ऐसे ज्ञानको निश्चयसे प्रत्याख्यान कहते हैं।

टीकार्थ—जिस कारण यह ज्ञाता द्रव्य भगवान् आत्मा अन्य द्रव्यके स्वभावसे हुए अन्य समस्त परभावोंको अपने स्वभावसे अप्राप्त होनेसे पररूप जानकर त्यागता है, इस कारण जिसने पहले जाना है, वही पीछे त्याग करता है, दूसरा तो कोई त्यागने वाला नहीं है, ऐसे त्यागभाव आत्मामें ही निश्चित करके, त्यागके समय प्रत्याख्यान करने योग्य परभाव की उपाधिमात्रसे प्रवृत्त त्यागके कर्तृत्वका नाम होनेपर भी परमार्थसे देखा जाय तब परभाव के त्यागके कर्तृत्वका नाम अपनेको नहीं है, स्वयं तो इस नामसे रहित ज्ञानस्वभावसे नहीं छूटा है, इसलिये प्रत्याख्यान ज्ञान ही है, ऐसा अनुभव करना चाहिये।

भावार्थ—आत्माको परभावके त्यागका कर्तृत्व है, वह नाममात्र है। आप तो ज्ञान-स्वभाव है। परद्रव्यको पर जानो, फिर परभावका ग्रहण नहीं किया, यही त्याग है। ऐसा स्थिर हुआ ज्ञान ही प्रत्याख्यान है, ज्ञानके सिवाय कुछ भी दूसरा भाव नहीं है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व प्रकरणमें अज्ञानीको आत्मस्वरूपका प्रतिबोध किया है तब वह स्वयंको जानकर व श्रद्धान कर स्वयंके आचरणरूप ही रहना चाहता है सो यह अन्य द्रव्योंके त्याग बिना नहीं बनता है सो वह जानना चाहता है कि अन्य द्रव्योंका प्रत्याख्यान क्या है? उसके ही समाधानमें इस गाथाका अवतार हुआ है।

तथ्यप्रकाश—(१) नैमित्तिक भाव ज्ञाता भगवान आत्माके स्वभावमें व्याप्य न हो सकनेसे परभाव हैं। (२) पर व परभावको पररूप दृढ़तासे जान लेना ही प्रत्याख्यान है, क्योंकि आत्मा परपदार्थको न ग्रहण करता है, न त्यागता है। (३) जिस परपदार्थके विषयमें यह जीव लगावकी कल्पना करता है उसका तो ग्रहण करनेमें नाम लिया जाता है और जब उस पदार्थके विषयमें लगावकी कल्पना नहीं रहती तब उसका त्याग करनेमें नाम लिया जाता है।

सिद्धान्त—(१) यह जीव परद्रव्यको न ग्रहण करता है, न त्यागता है। (२) आत्म-स्वभावमें व्याप्य नहीं होनेसे विकार परभाव हैं, पौद्गलिक हैं।

दृष्टि—१– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९)। २– विवक्षितैकदेश शुद्धनिश्चय-नय (४८)।

परमार्थेनाव्यपदेश्यज्ञानस्वभावादप्रच्यवनात्प्रत्याख्यानं ज्ञानमेवेत्यनुभवनीयम् ॥३४॥

बहु०, इति–अव्यय, ज्ञात्वा–असमाप्तिकी क्रिया, तस्मात्–हेत्वर्थे पंचमी एक०, प्रत्याख्यानं–प्रथमा एक०, ज्ञानं–प्रथमा एक०, नियमात्–पंचमी एक०, ज्ञातव्यं–प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया ॥३४॥

प्रयोग—मैं केवल ज्ञानमात्र हूं, इसी स्वरूपमें जाननका कार्य किया करता हूं, अन्य कुछ नहीं, ऐसी ज्ञानवृत्ति बनानी चाहिये ॥३४॥

आगे पूछते हैं कि ज्ञाताके प्रत्याख्यानको ज्ञान ही कहा गया है इसका दृष्टान्त क्या है ? उसके उत्तररूप दृष्टान्त दार्ष्टान्तको गाथा द्वारा व्यक्त कर कहते हैं—[**यथा नाम**] जैसे लोकमें [**कोपि पुरुषः**] कोई पुरुष [**परद्रव्यं इति ज्ञात्वा**] परवस्तुको कि यह परवस्तु है ऐसा जान करके [**त्यजति**] परवस्तुको त्यागता है [**तथा**] उसी तरह [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**सर्वान्**] सब [**परभावान्**] परद्रव्योंके भावोंको [**ज्ञात्वा**] ये परभाव हैं, ऐसा जानकर [**विमुञ्चति**] उनको छोड़ता है ।

तात्पर्य—परद्रव्यमें परत्वके जाननपूर्वक ही परपरिहार होनेके दृष्टांतसे ज्ञाताके वास्तविक प्रत्याख्यानका समर्थन किया गया है ।

टीकार्थ—जैसे कोई पुरुष धोबीके घर दूसरेका वस्त्र लाकर उसे भ्रमसे अपना समझ ओढ़कर सो गया । उसके पश्चात् दूसरेने उस वस्त्रका पल्ला पकड़ खींचकर उघाड़कर नंगा किया और कहा कि "तू शीघ्र जाग सावधान हो, मेरा वस्त्र बदलेमें आ गया है, सो मेरा मुझे दे" ऐसा बारम्बार वचन कहा । सो सुनता हुआ उस वस्त्रके सब चिह्न देख परीक्षा कर ऐसा जाना कि "वह वस्त्र तो दूसरेका ही है" ऐसा जानकर ज्ञानी हुआ उस दूसरेके कपड़ेको शीघ्र ही त्यागता है । उसी तरह ज्ञानी भी भ्रमसे परद्रव्यके भावोंको ग्रहण कर अपने जान आत्मामें एकरूप मानकर सोता है, बेखबर हुआ आप ही से अज्ञानी हो रहा है । सो जब श्रीगुरुके द्वारा परभावका भेदज्ञान कराके एक आत्मभाव रूप कराया गया "तू शीघ्र जाग, सावधान हो, यह तेरा आत्मा एक ज्ञानमात्र है, ऐसे बारम्बार आगमके वाक्य सुनता हुआ समस्त चिह्नोंसे अच्छी तरह परीक्षा करके निश्चित ये सब परभाव हैं । ऐसा जानकर ज्ञानी सब परभावोंको तत्काल छोड़ देता है ।

भावार्थ—जब तक परवस्तुको भूलकर अपनी जानता है, तब तक ही ममत्व रहता है और जब यथार्थज्ञान हो जानेसे परकी पराई जाने, तब दूसरेकी वस्तुसे ममत्व नहीं रहता ।

अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं '**अवतरति**' इति । **अर्थ**—यह परभावके त्यागके दृष्टान्तकी दृष्टि जिस तरह पुरानी न पड़े, उस तरह अत्यन्त वेगसे जब तक प्रवृत्तिको

अथ ज्ञातुः प्रत्याख्याने को दृष्टान्त इत्यत आह—

जह णाम कोवि पुरिसो परदव्वमिणंति जाणिदुं चयदि ।
तह सव्वे परभावे णाऊण विमुंचदे णाणी ॥३५॥

जैसे कोई पुरुष पर, वस्तुको पर हि जानकर तजता ।
त्यों सब परभावोंको, पर जानत विज्ञ है तजता ॥३५॥

यथा नाम कोपि पुरुषः परद्रव्यमिदमिति ज्ञात्वा त्यजति । तथा सर्वान् परभावान् ज्ञात्वा विमुंचति ज्ञानी ।

यथा हि कश्चित्पुरुषः संभ्रांत्या रजकात्परकीयं चीवरमादायात्मीयप्रतिपत्त्या परिधाय शयानः स्वयमज्ञानी सन्नन्येन तदंचलमालंब्य बलान्नग्नीक्रियमाणो भंक्षु प्रतिबुध्यस्वार्पय परिवर्तितमेतद्वस्त्रं मामकमित्यसकृद्वाक्यं शृण्वन्नखिलैश्चिन्हैः सुष्ठु परीक्ष्य निश्चितमेतत्परकीयमिति ज्ञात्वा ज्ञानी सन्मुंचति तच्चीवरमचिरात् तथा ज्ञातापि संभ्रांत्या परकीयान्भावानादायात्मीय-

---

नामसंज्ञ—जह, णाम, क, त्रि, पुरिस, परदव्व, इम, इति तह, सव्व, परभाव, णाणि । **धातुसंज्ञ**—जाण अवबोधने, च्चय त्यागे, वि-मुंच त्यागे तृतीयगणे । **प्रातिपदिक**—यथा, नामन्, किम्, अपि, पुरुष, परद्रव्य, इदम्, इति, तथा, सर्व, परभाव, ज्ञानिन् । **मूलधातु**—इ गतौ, ज्ञा अवबोधने, त्यज हानौ वि-मुच्लृ मोक्षणे । **पदविवरण**—यथा—अव्यय, नाम—प्रथमा एक० या अव्यय, कः—प्रथमा एक०, अपि—अव्यय,

---

प्राप्त न हो; उसके पहले ही तत्काल सकल अन्य भावोंसे रहित आप ही यह अनुभूति प्रकट हो जाती है ।

भावार्थ—यह परभावके त्यागका दृष्टान्त कहा, उसपर दृष्टि पड़े, उससे पहले सब अन्य भावोंसे रहित अपने स्वरूपका अनुभव तो तत्काल हो ही जाता है, क्योंकि यह प्रसिद्ध है कि जब वस्तुको परकी जान ली, तब उसके पश्चात् ममत्व नहीं रहता ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें ज्ञानका प्रत्याख्यान बताया गया था, अब उसी विषयको दृष्टान्त द्वारा स्पष्ट कर रहे हैं ।

तथ्यप्रकाश—(१) परकीयभावोंमें आत्मीय प्रतिपत्ति होना व्यामोह है । (२) आत्मा के सनातन असाधारण चिह्नसे भिन्न नैमित्तिक चिह्न परभाव हैं ।

सिद्धान्त—१— अन्य वस्तुमें आत्माका आरोपण करना उपचार है, मिथ्या है । (२) आत्माके असाधारण शाश्वत गुणोंसे आत्माका परिचय पाना समीचीन उपाय है ।

दृष्टि—(१) संश्लिष्ट विजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार व असंश्लिष्ट विजात्युपचरित असद्भूतव्यवहार (१२३, १२५) । २— अभेद परमशुद्धनिश्चयनय, सभेद परमशुद्धनिश्चयनय (४४, ४५) ।

प्रयोग—संश्लिष्ट व असंश्लिष्ट सब पर व परभावोंसे विविक्त सहजपरमात्मतत्त्वका

प्रतिपत्यात्मन्यध्यास्य शयानः स्वयमज्ञानी सन् गुरुणा परभावविवेकं कृत्वैकीक्रियमाणो मंक्षु प्रतिबुध्यस्वैक· स्वत्वसमाहेरयमुच्छ्रीतं ज्ञानं श्रृण्वन्नखिलैश्चिन्हैः सुष्ठु परीक्ष्य निश्चितमेते परभावा इति ज्ञात्वा ज्ञानी सन् मुंचति सर्वान्परभावानचिरात् ।

अवतरति न यावद् वृत्तिमत्यंतवेगादनवमपरभावत्याग्दृष्टांतदृष्टिः ।
झटिति सकलभावैरन्यदीयैर्विमुक्ता स्वयमियमनुभूतिस्तावदाविर्बभूव ॥२९॥३५॥

पुरुषः—प्रथमा एक० कर्ता, परद्रव्यम्—प्रथमा एक० इदम्—प्रथमा एक०, इति—अव्यय ज्ञात्वा—असमाप्तिकी क्रिया, त्यजति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया, तथा—अव्यय, सर्वान्—द्वितीया बहु०, परभावान्—द्वि० बहु०, ज्ञात्वा—असमाप्तिकी क्रिया, विमुंचति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया, ज्ञानी—प्रथमा एक० कर्ता ॥३५॥

भेदविधिमें ज्ञान दर्शनादि गुणोंरूप व अभेदविधिमें चैतन्यस्वरूपमात्र अपनेमें अपनेको अनुभवना चाहिये ॥ २५॥

आगे इस अनुभूतिसे परभावका भेदज्ञान किस तरह हुआ, ऐसी आशंका करके प्रथम भावक जो मोहकर्मके उदयरूप भाव, उनके भेदज्ञानका प्रकार कहते हैं—[**बुध्यते**] जो ऐसा जाने कि [**मोहः मम कोपि नास्ति**] मोह मेरा कोई भी सम्बन्धी नहीं [**एकः उपयोग एव अहं**] एक उपयोग ही मैं हूं [**तं**] ऐसे जाननेको [**समयस्य**] सिद्धान्तके अथवा स्व-परस्वरूप के [**विज्ञायकाः**] जानने वाले [**मोहनिर्मत्वं**] मोहसे निर्ममत्व [**विंदंति**] समझते हैं, कहते हैं ।

तात्पर्य—मोहशून्य उपयोगमात्र अंतस्तत्त्वके जाननहारको मोहनिर्मम कहते हैं ।

टीकार्थ—मैं सत्यार्थरूपसे ऐसा जानता हूं कि यह मोह है, वह मेरा कुछ भी नहीं लगता है । निश्चयसे इस मेरे अनुभवमें फल देनेकी सामर्थ्य द्वारा प्रकट होकर भावकरूप हुए पुद्गलद्रव्य परमार्थसे परके भावके भावसे भाव्य नहीं कर सकते । यहां यह समझना कि स्वयमेव सब वस्तुओंके प्रकाश करनेमें चतुर विकासरूप हुई और जिसमें निरंतर हमेशा प्रताप सम्पदा पायी जाती है, ऐसी चैतन्यशक्ति, उस मात्र स्वभावभाव द्वारा भगवान् आत्माको ही जाना जाता है कि मैं परमार्थसे एक चित्शक्तिमात्र हूं । इस कारण यद्यपि सब द्रव्योंके परस्पर साधारण एक क्षेत्रावगाह होनेसे मेरा आत्मा जड़के साथ श्रीखण्डकी तरह एकमेक हो रहा है तो भी श्रीखण्डकी तरह स्पष्ट स्वदमान स्वादभेदके कारण मोहके प्रति मैं निर्मम ही हूं, क्योंकि यह आत्मा सदाकाल ही अपने एकरूपताको प्राप्त हुआ अपने स्वभावरूप समय महलमें विराज रहा है । इस तरह भावकभावरूप मोहके उदयसे भेदज्ञान हुआ जानना ।

भावार्थ—मोहकर्म जड़ पुद्गल द्रव्य है, इसका उदित कलुष (मलिन) भाव भी पुद्-

अथ कथमनुभूते: परभावविवेको भूत इत्याशंक्य भावकभावविवेकप्रकारमाह—

णत्थि मम को वि मोहो बुज्झदि उवओग एव अहमिक्को ।
तं मोहणिम्ममत्तं समयस्स विआणया विंति ॥ ३६ ॥

मोह न मेरा कुछ है, मैं तो उपयोगमात्र एकाकी ।
यों जाने उसको मुनि, मोहनिर्ममत्व कहते हैं ॥३६॥

नास्ति मम कोपि मोहो बुध्यते उपयोग एवाहमेकः । तं मोहनिर्ममत्वं समयस्य विज्ञायकाः विदंति ॥३६॥

इह खलु कलत्रानसमर्थतया प्रादुर्भूय भावकेन सता पुद्गलद्रव्येणाभिनिर्वर्त्यमानष्टंकोत्कीर्णैकज्ञायकस्वभावभावस्य परमार्थतः परभावेन भावयितुमशक्यत्वात्कतमोपि न खल्वस्ति मम मोहोस्ति किंचैतत्स्वयमेव च विश्वप्रकाशचंचुरविकस्वरानवरतप्रतापसंपदा चिच्छक्तिभावेण स्वभावभावेन भगवानात्मैवावबुध्यते । यत्किलाहं खल्वेकः ततः समस्तद्रव्याणां परस्परसाधारणावगाहस्य निवारयितुमशक्यत्वान्मज्जितावस्थायामपि दधिखंडावस्थायामिव परिस्फुटस्वदमानस्वादभेदतया मोहं प्रति निर्ममत्वोस्मि । सर्वदैवात्मैकत्वगतत्वेन समयस्यैवमेव स्थितत्वात् । इतीत्थं भावकभावविवेको भूतः ।

नामसंज्ञा—ण, अम्ह, क, वि, मोह, उवओग, एव, अम्ह, इक्क, त, मोहणिम्ममत्त, समय, विआणय । **धातुसंज्ञा**—अस सत्तायां, बुज्झ अवगमने, विद ज्ञाने, वि-जाण अवबोधने । **प्रातिपदिक**—न, अस्मद्, किम्, अपि, मोह, उपयोग, एव, तत्, मोहनिर्ममत्व, समय, विज्ञायक । **मूलधातु**—अस भुवि, मुह वैचित्ये, बुध अवगमने, उप-युजिर् योगे, विद ज्ञाने । **पदविवरण**—न—अव्यय । अस्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक-

---

गलका विकार है, यही भावकका भाव है । जब यह चैतन्यके उपयोगके अनुभवमें आता है, तब उपयोग भी विकारी हुआ रागादिरूप मलिन दीखता है । और जब इसका भेदज्ञान होवे कि चैतन्यकी शक्तिकी व्यक्ति तो ज्ञानदर्शनोपयोग मात्र है तथा यह कलुषता रागद्वेष मोहरूप है, और वह कलुषता द्रव्यकर्मरूप जड़ पुद्गलद्रव्यकी है, ऐसा भेदज्ञान हो जाय तब भावकभाव जो द्रव्यकर्मरूप मोहके भाव उनसे भेद अवश्य हो सकता है और आत्मा भी अपने चैतन्यके अनुभवरूप होगा ।

अब इस अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं **'सर्वतः'** इत्यादि । **अर्थ**—मैं सर्वांग अपने निजरसरूप चैतन्यके परिणमनसे पूर्ण भाव वाले एक अपने आपको यहाँ स्वयं अनुभवता हूं, इसी कारण यह मोह मेरा कुछ भी नहीं लगता अर्थात् इसका और मेरा कुछ भी नाता नहीं है । मैं तो शुद्ध चैतन्यका समूहरूप तेज पुंजका निधि हूं । इस तरह आन्तरिक भावकभावका अनुभव करे । इसी प्रकार गाथामें जो मोहपद है, उसे पलटकर राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया, लोभ, कर्म, नोकर्म, मन, वचन, काय, श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रसना, स्पर्शन—ये सोलह पृथक्-

सर्वतः स्वरसनिर्भरभावं चेतये स्वयमहं स्वमिहैकं ।
नास्ति नास्ति मम कश्चन मोहः शुद्धचिद्घनमहोनिधिरस्मि ॥३०॥

एवमेव च मोहपदपरिवर्त्तनेन रागद्वेषक्रोधमानमायालोभकर्मनोकर्ममनोवचनकायश्रोत्र-चक्षुर्घ्राणरसनस्पर्शनसूत्राणि षोडश व्याख्येयानि । अनया दिशान्यान्यप्यूह्यानि ॥३६॥

वचन क्रिया । मम–षष्ठी एक० । कः–पुल्लिग प्रथमा एक० । अपि–अव्यय । मोहः–प्रथमा एक० । बुध्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० दिवादि क्रिया । उपयोगः–प्रथमा एक० । एव–अव्यय । अहं–प्रथमा एक० । एकः–प्रथमा एक० । तं–द्वितीया एक० । मोहनिर्ममत्वं–द्वितीया एक० । समयस्य–षष्ठी ए० । विज्ञायकाः–प्रथमा बहु० कर्ता या कर्तृविशेषण । विदन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन क्रिया ॥३६॥

पृथक् सोलह गाथा सूत्रों द्वारा व्याख्यान करना और इसी उपदेशसे अन्य भी विचार लेना ।

प्रसंगविवरण—इस स्थलमें निश्चयस्तुतिसे सम्बंधित परभावके विवेककी बात चल रही थी । अनन्तरपूर्व गाथामें दृष्टान्तपूर्वक परभावविवेकके परिणामकी बात कही थी । अब इस गाथामें परभावसे विवेक करनेके याने जुदा होनेके उपायके निर्देशनमें भावकभावके विवेक की रीति बताई गई है ।

लक्ष्यप्रकाश—(१) द्रव्यमोह उपादानतया भावक पुद्गलद्रव्यके द्वारा रचा गया है । (२) भावमोह भावक पुद्गलद्रव्यके द्रव्यमोहका प्रतिफलन होनेसे नैमित्तिक है । (३) द्रव्यमोह तो उपादानतया प्रकट परभाव हैं । (४) भावमोह नैमित्तिक होनेसे परभाव है । (५) प्रत्येक पदार्थ सदाकाल ही अपने आपके स्वरूपमें ही रहा करता है ।

सिद्धान्त—(१) जीवदशा व पुद्गलदशामें परस्पर निमित्तनैमित्तिक भाव होनेसे द्रव्यमोह भी नैमित्तिक है व भावमोह भी नैमित्तिक है । (२) निमित्त व नैमित्तिकका परिचय दोनोंको परभाव जानकर उनका अपोहन करके शुद्ध द्रव्यका उपादान करनेके लिये है ।

दृष्टि—१– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) । २– विवक्षितैकदेशशुद्ध-निश्चयनय (४८) ।

प्रयोग—द्रव्यमोह, भावमोह व भावमोहके आश्रयभूत विषयसंग इन सबसे विभक्त चित्शक्ति मात्र मैं सहज परमात्मतत्त्व हूं, ऐसी अन्तः आराधना रहनी चाहिये ॥३६॥

आगे ज्ञेयभावसे भेदज्ञान करनेकी रीति बतलाते हैं—[**बुध्यते**] ऐसा जाने कि [**धर्मादयः**] ये धर्म आदि द्रव्य [**मम न सन्ति**] मेरे कुछ भी नहीं लगते [**अहं**] मैं तो [**एक उपयोग एव**] एक उपयोग ही हूं [**तं**] ऐसा जाननेको [**समयस्य विज्ञायकाः**] सिद्धान्त व स्वपरसमयरूप समयके जानने वाले [**धर्मनिर्ममत्वं**] धर्मद्रव्यसे निर्ममत्व [**विन्दन्ति**] कहते हैं ।

तात्पर्य—अपनेको धर्मादि द्रव्योंसे अत्यन्त विविक्त परखकर एक उपयोगमात्र अन्त-

अथ ज्ञेयभावविवेकप्रकारमाह—

णत्थि मम धम्म आदी बुज्झदि उवओग एव अहमिक्को ।
तं धम्मणिम्ममत्तं समयस्स वियाणया विंति ॥ ३७ ॥

धर्मादि पर न मेरे, मैं तो उपयोगमात्र एकाकी ।
यों जाने उसको मुनि, धर्मनिर्ममत्व कहते हैं ॥३७॥

न सन्ति मम धर्मादयो बुध्यते उपयोग एवाहमेकः । तं धर्मनिर्ममत्वं समयस्य विज्ञायका विदन्ति ॥३७॥

अमूनि हि धर्माधर्माकाशकालपुद्गलजीवांतराणि स्वरसविजृम्भितानिवारितप्रसरविश्वघस्मरप्रचंडचिन्मात्रशक्तिकवलिततयात्यंतमंतर्मग्नानीवात्मनि प्रकाशमानानि टंकोत्कीर्णैकज्ञायकस्वभावत्वेन तत्त्वतोंतस्तत्त्वस्य तदतिरिक्तस्वभावतया तत्त्वतो बहिस्तत्त्वरूपतां परित्यक्तुमशक्यत्वान्न नाम मम संति । किंचैतत्स्वयमेव च नित्यमेवोपयुक्तस्तत्त्वत एवैकमनाकुलमात्मानं

नामसंज्ञा—ण, अम्ह, धम्मआदि, उवओग, अम्ह, इक्क, त, धम्मणिम्ममत्त, समय, वियाणय । **धातुसंज्ञा**—अस्स सत्तायां, बुज्झ अवगमने, विद ज्ञाने । **प्रातिपदिक**—न, अस्मद्, एक, तत्, धर्मनिर्ममत्व, समय, विज्ञायक । **मूलधातु**—अस भुवि, बुध अवगमने, विद ज्ञाने । **पदविवरण**—न—अव्यय अस्ति—वर्त-

---

स्तत्त्वके जाननहारको धर्मद्रव्यादिनिर्मम कहते हैं ।

टीकार्थ—अपने निजरससे प्रकट और निवारण नहीं किया जाय ऐसा जिसका फैलाव है तथा समस्त पदार्थोंके ग्रसनेका जिसका स्वभाव है, ऐसी प्रचंड चिन्मात्रशक्तिके द्वारा ग्रासीभूत होनेसे अत्यन्त निमग्नकी तरह आत्मामें प्रकाशमान जो धर्म, अधर्म, आकाश, काल, पुद्गल व अन्य जीव ये समस्त परद्रव्य मेरे कुछ नहीं है । क्योंकि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक स्वभावरूपसे परमार्थतः अन्तरंग तत्त्व तो मैं हूं और वे परद्रव्य उस मेरे स्वभावसे भिन्न होनेके कारण परमार्थसे बाह्य तत्त्वरूप छोड़नेको असमर्थ हैं । यहाँ ऐसा समझना कि यह आत्मा चैतन्यमें आप ही उपयुक्त हुआ परमार्थसे निराकुल एक आत्माको ही अनुभवता हुआ भगवान आत्मा ही जाना जाता है कि मैं प्रकट निश्चयसे एक ही हूं । इस कारण ज्ञेयज्ञायकभावमात्र से उपजात परद्रव्योंसे परस्पर मिलन होनेपर भी प्रकट स्वादमें आते हुए स्वभावभेदके कारण धर्म, अधर्म, आकाश, काल, पुद्गल व अन्य जीवोंके प्रति मैं निर्मम हूं । क्योंकि सदाकाल ही अपने एकत्वमें प्राप्त होनेसे पदार्थोंकी ऐसी ही व्यवस्था है कि अपने स्वभावको कोई नहीं छोड़ता । ऐसा यों ज्ञेयभावोंसे भेदज्ञान हुआ ।

यहाँपर इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—'इति सति' इत्यादि । **अर्थ**—इस तरह पूर्वकथित रीतिसे भावकभावोंसे और ज्ञेयभावोंसे भेदज्ञान होनेपर सभी अन्य भावोंसे जब

कलयन् भगवानात्मैववाबुध्यते । यत्किलाहं खल्वेकः ततः संवेद्यसंवेदकभावमात्रोपजातेतरेतरसंबलनेपि परिस्फुटस्वदमानस्वभावभेदतया धर्माधर्माकाशकालपुद्गलजीवांतराणि प्रति निर्ममत्वोस्मि । सर्वदैवात्मैकत्वमतत्वेन समयस्यैवमेव स्थितत्वात् इतीत्थं ज्ञेयभावविवेको भूतः ।

इति सति सह सर्वैरन्यभावैर्विवेके स्वयमयमुपयोगो विभ्रदात्मानमेकं ।
प्रकटितपरमार्थैर्दर्शनज्ञानवृत्तैः कृतपरिणतिरात्माराम एव प्रवृत्तः ॥३१॥ ॥३७॥

मान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया, मम–षष्ठी एक०, धर्मादयः–प्रथमा बहु०, बुध्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया दिवादिगणे, उपयोगः–प्रथमा ए०, एव–अव्यय, अहं–प्रथमा एक०, एकः–प्रथमा एक०, तं–द्वितीया ए०, धर्मनिर्ममत्वं–द्वि० एक०, समयस्य–षष्ठी एक०, विज्ञायकाः–प्रथमा बहु०, विदन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० क्रिया ॥३७॥

भिन्नता हुई, तब यह उपयोग स्वयं ही अपने एक आत्माको ही धारता हुआ, जिनका परमार्थ प्रकट हुआ है, ऐसे जो सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र उनरूप जिसने परिणमन किया है ऐसा होता हुआ अपने आत्मा रूपी बाग (क्रीड़ावन) में प्रवृत्ति करता है, अन्य जगह नहीं जाता। **भावार्थ**––सब परद्रव्योंसे तथा उनसे उत्पन्न हुए भावोंसे जब भेद जाना, तब उपयोगको रमने के लिए अपना आत्मा ही रहा, दूसरा स्थान नहीं रहा। इस तरह दर्शन, ज्ञान और चारित्र से एकरूप हुआ ज्ञानी आत्मामें ही रमण करता है, अन्यत्र नहीं।

प्रसंगविवरण––अनन्तरपूर्व गाथामें भावकभावके विवेकका प्रकार बताया था, अब निश्चयस्तुतिके प्रकरणसे सम्बंधित ज्ञेयभावके विवेकका प्रकार बताया जा रहा है।

तथ्यप्रकाश––(१) एक धर्मद्रव्य, एक अधर्मद्रव्य, एक आकाशद्रव्य, असंख्यात कालद्रव्य, अनंत पुद्गलद्रव्य व अनंत जीवांतर इनका एक ज्ञाता जीवके साथ मात्र ज्ञेयज्ञायक संबंध है। (२) ज्ञाता अन्तस्तत्त्व है, ज्ञेय बहिस्तत्त्व है। (३) प्रत्येक पदार्थ अपने-अपने स्वरूपके एकत्वमें प्राप्त है, अतः किसी भी पदार्थका दूसरा कुछ भी सम्बंधी नहीं है।

सिद्धान्त––(१) ज्ञाताका ज्ञेयोंके साथ ज्ञेयज्ञायक सम्बंध है। (२) प्रत्येक पदार्थ अपने स्वरूपके एकत्वमें प्राप्त है अन्य सबसे विभक्त है।

दृष्टि––१– स्वजातिविजातीयसद्भूतव्यवहार (९९)। २– स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय, परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२८, २९)।

प्रयोग––मुझ ज्योतिस्वरूपका स्वभाव है कि जो सत् है तद्विषयक जानन परिणमन चलता है, किन्तु बाह्य ज्ञेयसे मेरा कुछ सम्बन्ध नहीं और तद्विषयक प्रतिभास भी औपाधिक है, मैं प्रतिभासमात्रस्वभावी हूं, अतः मैं अपनेमें अपना जानन वर्तता हुआ रहूं ऐसा अन्तः पौरुष करना चाहिये ॥३७॥

अथैवं दर्शनज्ञानचारित्रपरिणतस्यास्यात्मनः कीदृक् स्वरूपसंचेतनं भवतीत्यावेदयन्नुपसंहरति—

अहमिक्को खलु सुद्धो दंसणणाणमइओ सदारूवी ।
णवि अत्थि मज्झ किंचिवि अण्णं परमाणुमित्तंपि ॥३८॥

मैं एक शुद्ध चिन्मय, शुचि दर्शनज्ञानमय अरूपी हूं ।
अन्य परमाणु तक भी, मेरा कुछ भी नहीं होता ॥३८॥

अहमेकः खलु शुद्धो दर्शनज्ञानमयः सदाऽरूपी । नाप्यस्ति मम किंचिदप्यन्यत्परमाणुमात्रमपि ॥३८॥

यो हि नामानादिमोहोन्मत्ततयात्यंतमप्रतिबुद्धः सन् निर्विण्णेन गुरुणानवरतं प्रतिबोध्यमानः कथंचनापि प्रतिबुध्य निजकरतलविन्यस्तविस्मृतचामीकरावलोकनन्यायेन परमेश्वरमात्मानं ज्ञात्वा श्रद्धायानुचर्य च सम्यगेकात्मारामो भूतः स खल्वहमात्मात्मप्रत्यक्षं चिन्मात्रं ज्योतिः । समस्तक्रमाक्रमप्रवर्त्तमानव्यावहारिकभावैश्चिन्मात्राकारेणाभिद्यमानत्वादेको नारकादिजीवविशेषाजीवपुण्यपापास्रवसंवरनिर्जराबंधमोक्षलक्षणव्यावहारिकनवतत्त्वेभ्यष्टंकोत्कीर्णैकज्ञा-

---

नामसंज्ञ—अम्ह, इक्क, खलु, सुद्ध, दंसणणाणमइअ, सदा, अरूवि, ण, वि, अम्ह, किंचि, वि, अण्ण, परमाणुमित्त, पि । **धातुसंज्ञ**—सुज्झ शौचे, अस सत्तायां, दंस दर्शनायां । **प्रातिपदिक**—अस्मद्, एक, खलु,

स्वयं नहीं परिणमनेके कारण वास्तवमें सदा ही अरूपी हूँ । ऐसे सबसे पृथक् स्वरूपका अनुभव करता हुआ मैं प्रताप सहित हूं । ऐसे प्रताप रूप हुए मुझमें बाह्य अनेक प्रकार स्वरूपकी सम्पदासे समस्त परद्रव्य स्फुरायमान हैं तो भी परमाणु-मात्र द्रव्य भी मुझे आत्मीय रूप नहीं प्रतिभासित होता जिससे कि मेरे भावकरूपसे तथा ज्ञेयरूपसे मुझसे एक होकर फिर मोह उत्पन्न करे । क्योंकि मेरे निज रससे ही ऐसा महान् ज्ञान प्रकट हुआ है, जिसने मोहको मूलसे उखाड़ कर दूर किया है, जो फिर उसका अंकुर न उपजे ऐसा नाश किया है ।

भावार्थ—यह आत्मा अनादिकालसे लेकर मोहके उदयसे अज्ञानी था, सो श्रीगुरुके उपदेशसे और अपनी अच्छी होनहारसे ज्ञानी हुआ, अपने स्वरूपको परमार्थसे जाना कि मैं एक हूँ, शुद्ध हूँ, अरूपी हूँ, दर्शन ज्ञानमय हूँ । ऐसा अन्तस्तत्त्व जाननेसे मोहका समूल नाश हुआ, भावकभावसे और ज्ञेयभावसे भेदज्ञान हुआ, स्वरूपसम्पदा अनुभवमें आई, तब फिर मोह क्यों उत्पन्न होगा ?

अब जिस आत्माका अनुभव हुआ, उसकी महिमा आचार्य कहकर आशीर्वाद देते हैं कि ऐसे ज्ञानस्वरूप आत्मामें समस्त लोक मग्न होवे 'मज्जंतु' इत्यादि । **अर्थ**—यह ज्ञानसमुद्र भगवान् आत्मा विभ्रमरूप चादरको शक्तिसे डुबोकर (दूर कर) आप सर्वांग प्रकट हुआ है सो अब समस्त लोक इसके शांतरसमें एक ही समय अतिशयसे मग्न होवे । जो शांतरस समस्त

यकस्वभावभावेनात्यंतविविक्तत्वाच्छुद्धः । चिन्मात्रतया सामान्यविशेषोपयोगात्मकतानतिक्रमणा-दर्शनज्ञानमयः स्पर्शरसगंधवर्णनिमित्तसंवेदनपरिणतत्वेपि स्पर्शादिरूपेण स्वयमपरिणमनात्पर-मार्थतः सदैवारूपीति प्रत्यगहं स्वरूपं संचेतयमानः प्रतपामि । एवं प्रतपतश्च मम बहिर्विचित्र-

---

शुद्ध, दर्शनज्ञानमय, सदा, अरूपिन्, न, अपि, मम किंचित्, अपि, अन्यत्, परमाणुमात्र, अपि । **मूलधातु**—शुध शोचे, इशिर् प्रेक्षणे, ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**- अहं—प्रथमा एक० । एकः—प्रथमा एक० । खलु—

लोक पर्यंत उछल रहा है ।

अब कहते हैं कि जैसे वर्णादिकभाव जीव नहीं हैं, उसा प्रकार यह भी सिद्ध हुआ कि रागादिक भाव भी जीव नहीं हैं--[यानि इमानि] जो ये [गुणस्थानानि] गुणस्थान हैं वे [मोहनकर्मणः उदयात् तु] मोहकर्मके उदयसे होते हैं ऐसे [वर्णितानि] सर्वज्ञके आगममें वर्णन किये गये हैं [तानि] वे [जीवाः] जीव [कथं] कैसे [भवन्ति] हो सकते हैं [यानि] जो कि [नित्यं] हमेशा [अचेतनानि] अचेतन [उक्तानि] कहे गये हैं।

तात्पर्य--उपयोगमें प्रतिफलित ये विकार मोहकर्मके विपाक हैं, अचेतन हैं वे जीव कैसे हो सकते हैं।

टीकार्थ--मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थान पुद्गलरूप मोहकर्मकी प्रकृतिके उदयपूर्वक होने से नित्य ही अचेतन हैं, क्योंकि जैसा कारण होता है, उसीके अनुसार कार्य होता है। जैसे जौ से जौ होते हैं, वे जौ ही हैं, इस न्यायसे वे पुद्गल ही हैं, जीव नहीं हैं। यहाँ गुणस्थानों की नित्य अचेतनता आगमसे सिद्ध है और चैतन्यस्वभावसे व्याप्त आत्मासे भिन्नपनेसे वे गुणस्थानादि भेदज्ञानी पुरुषोंके द्वारा स्वयं उपलभ्यमान हैं, इस हेतुसे सिद्ध करना। अर्थात् चैतन्यमात्र आत्माके अनुभवसे ये बाह्य हैं, इसलिये अचेतन ही हैं। इसी प्रकार राग, द्वेष, मोह,

एतदपि स्थितमेव यद्रागादयो भावा न जीवा इति—

मोहणकम्मस्सुदया दु वण्णिया जे इमे गुणट्ठाणा ।
ते कह हवंति जीवा जे णिच्चमचेदणा उत्ता ॥६८॥

जो भि गुणस्थान कहे, होते सब मोहकर्मके कारण ।
उन सब अचेतनोंको, फिर कैसे जीव कह सकते ॥६८॥

मोहनकर्मण उदयात्तु वर्णितानि यानीमानि गुणस्थानानि, तानि कथं भवंति जीवा यानि नित्यमचेतनान्युक्तानि ।

मिथ्यादृष्ट्यादीनि गुणस्थानानि हि पौद्गलिकमोहकर्मप्रकृतिविपाकपूर्वकत्वे सति नित्यमचेतनत्वात् कारणानुविधायीनि कार्याणीति कृत्वा यत्पूर्वका यदा यदा एवेति न्यायेन पुद्गल एव न तु जीवः । गुणस्थानानां नित्यमचेतनत्वं चागमाच्चैतन्यस्वभावव्याप्तस्यात्मनोतिरिक्तत्वेन विवेचकैः स्वयमुपलभ्यमानत्वाच्च प्रसाध्यं । एवं रागद्वेषमोहप्रत्ययकर्मनोकर्मवर्गवर्गणास्पर्द्धकाध्यात्मस्थानानुभागस्थानयोगस्थानबंधस्थानोदयस्थानमार्गणास्थानस्थितिबंधस्थानसंक्लेश-

---

नामसंज्ञ—मोहणकम्म, उदय, दु, वण्णिय, ज, इम, गुणट्ठाण, त, कह, जीव, ज, णिच्चं, अचेदण, उत्त । **धातुसंज्ञ**—उद्-अय गतौ, वण्ण वर्णने, हव सत्तायां । **प्रातिपदिक**—मोहनकर्मन्, उदय, तु, वर्णित,

---

प्रत्यय, कर्म, नोकर्म, वर्ग, वर्गणा, स्पर्धक, अध्यात्मस्थान, अनुभागस्थान, योगस्थान, बंधस्थान, उदयस्थान, मार्गणास्थान, स्थितिबंधस्थान, संक्लेशस्थान, विशुद्धिस्थान, संयमलब्धिस्थान—ये सभी पुद्गलकर्मपूर्वक होनेसे नित्य अचेतन होनेके कारण पुद्गल ही हैं, जीव नहीं हैं, ऐसा स्वयं (अपने आप) सिद्ध हुआ, इसलिये रागादिक भाव जीव नहीं हैं, ऐसा सिद्ध हुआ ।

भावार्थ—पुद्गल कर्मके उदयका निमित्त पाकर हुए चैतन्यके विकार भी पुद्गल ही हैं, क्योंकि शुद्ध द्रव्यार्थिकनयकी दृष्टिमें चैतन्य अभेदरूप है और इसके परिणाम भी स्वाभाविक शुद्ध ज्ञान दर्शन हैं । इस कारण परनिमित्तसे होने वाले विकार चैतन्यसरीखे दीखते हैं, तो भी चैतन्यकी सर्व अवस्थाओंमें व्यापक नहीं हैं । इसलिये वे स्वभाव चैतन्यशून्य (जड़) हैं इस तरह जो जड़ है वह पुद्गल है, ऐसा निश्चय हुआ ।

यहाँ पूछते हैं कि यदि वर्णादिक और रागादिक जीव नहीं हैं तो जीव क्या है ? उसका उत्तररूप श्लोक कहते हैं—**अनाद्यनंत** इत्यादि । **अर्थ**—अनादि अनन्त, अचल, स्पष्ट स्वसंवेद्य चैतन्य जो अत्यन्त प्रकाशमान हो रहा है, वह स्वयं ही जीव है ।

अब चेतनत्व ही जीवका लक्षण है ऐसा काव्य द्वारा कहते हैं—**वर्णाद्यैः** इत्यादि । **अर्थ**—चूँकि वर्णादिसे सहित तथा वर्णादिसे रहित यों अजीव पदार्थ दो प्रकारके हैं याने धर्म, अधर्म, आकाश और काल—ये चार अजीव तो वर्णादि भावसे रहित हैं और पुद्गल वर्णादि-

स्थानविशुद्धिस्थानसंयमलब्धिस्थानान्यपि पुद्गलकर्मपूर्वकत्वे सति नित्यमचेतनत्वात्पुद्गल एव न तु जीव इति स्वयमायातं । ततो रागादयो भावा न जीव इति सिद्धं । तर्हि को जीव इति चेत् । अनाद्यनंतमचलं स्वसंवेद्यमिदं स्फुटं । जीवः स्वयं तु चैतन्यमुच्चैश्चकचकायते ॥४१॥ वर्णाद्यैः सहितस्तथा विरहितो द्वेधास्त्यजीवो यतो । नामूर्त्तत्वमुपास्य पश्यति जगज्जीवस्य तत्त्वं ततः । इत्यालोच्य विवेचकैः समुचितं नाव्याप्यतिव्यापि वा । व्यक्तं व्यंजितजीवतत्त्वमचलं

यत्, इदम्, गुणस्थान, तत्, कथं, जीव, यत्, नित्यं, अचेतन, उक्त । **मूलधातु**—मुह वैचित्ये, वर्ण वर्णने, भू सत्तायां, अचिती संज्ञाने । **पदविधरण**—षष्ठी एकवचन । उदयात्—पंचमी एक० । तु—अव्यय । वर्णितानि—

सहित है, इसलिये अमूर्तिकपनेको ग्रहण करके लोक जीवके यथार्थस्वरूपको नहीं देख सकते, क्योंकि इसमें अतिव्याप्ति दोष आता है । वर्णादिकसे रागादिका भी ग्रहण होता, सो यदि रागादिकको जीवका लक्षण कहा जाय तो उनकी व्याप्ति पुद्गलसे ही है, जीवकी सब अवस्थाओंमें रागादिककी व्याप्ति नहीं, इसलिये अव्याप्ति दोष आता है । इस प्रकार भेदज्ञानी पुरुषोंने परीक्षा कर अतिव्याप्ति, अव्याप्ति दोषसे रहित चेतनपना ही जीवका लक्षण कहा है वही ठीक है । उसीने जीवका यथार्थस्वरूप प्रकट किया है । और वह जीव कभी चलाचल नहीं है, सदा मौजूद है । इसलिये जगत् इसी लक्षणको अवलम्बन करे, इसीसे यथार्थ जीवका ग्रहण होता है ।

ऐसे लक्षणसे जीव तो प्रकट है तो भी अज्ञानी लोकोंको इसका अज्ञान किस तरह रहता है ? उसको आचार्य आश्चर्य तथा खेदसहित कहते हैं—**जीवाद** इत्यादि । **अर्थ**—इस प्रकार पूर्वकथित लक्षणके कारण जीवसे अजीव भिन्न है । ज्ञानी जन उसे अपने आप प्रकट उदय हुआ अनुभव करते हैं तो भी अज्ञानी जनोंके यह अमर्यादित मोह (अज्ञान) प्रकट फैलता हुआ कैसे अत्यन्त नृत्य करता है ? इसका हमको बड़ा अचम्भा है तथा खेद है ।

अब काव्य द्वारा कहते हैं कि मोह नृत्य करता है तो करे तो भी यह जीव ऐसा है—**अस्मिन्** इत्यादि । **अर्थ**—इस अनादिकालीन बड़े अविवेकरूप नृत्यमें वर्णादिमान् पुद्गल ही नृत्य करता है, अन्य कोई नहीं है (अविवेकनाट्यमें पुद्गल ही अनेक प्रकार दीखता है, जीव तो अनेक प्रकार नहीं है) और यह जीव, रागादिक पुद्गल विकारोंसे विलक्षण शुद्ध चैतन्यस्वायुमय मूर्ति है ।

भावार्थ—रागादि चैतन्यविकारको देखकर ऐसा भ्रम नहीं करना कि ये भी चैतन्य ही हैं, क्योंकि यदि ये चैतन्यके सब अवस्थाओंमें व्याप्त होकर रहें, तब तो ये चैतन्यके कहे जायेंगे, सो ऐसा नहीं है, मोक्षअवस्थामें इनका अभाव है । तथा इनका अनुभव भी आकुलतामय दुःखरूप है । चैतन्यका अनुभव निराकुल है, सो चैतन्य ही जीवका स्वभाव जानना ।

चैतन्यमालंब्यतां ॥४२॥ जीवादजीवमिति लक्षणतो विभिन्नं ज्ञानी जनोनुभवति स्वयमुल्लसंतं। अज्ञानिनो निरवधिप्रविजृंभितोयं मोहस्तु तत्कथमहो बत नानटीति ॥४३॥ नानट्यतां तथापि— अस्मिन्ननादिनि महत्यविवेकनाट्ये वर्णादिमान्नटति पुद्गल एव नान्यः। रागादिपुद्गलविकार-विरुद्धशुद्धचैतन्यधातुमयमूर्तिरयं च जीवः ॥४४॥ इत्थं ज्ञानक्रकचकलनापाटनं नाटयित्वा जीवा-

प्रथमा बहु० क्रदन्त क्रिया। ये—प्रथमा बहु०। इमानि—प्रथमा बहु०। गुणस्थानानि—प्रथमा बहु०। तानि—प्रथमा बहु०। कथं—अव्यय। भवंति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु०। जीवाः—प्रथमा बहु०। यानि—प्रथमा

अब ज्ञाता द्रव्यकी महिमा बताकर प्रथम अधिकारको पूर्ण करते हैं। उसका कलश रूप काव्य कहते हैं—इत्थं इत्यादि। अर्थ—इस प्रकार ज्ञानरूप आरेको चलानेके बारम्बार अभ्यासको नचाकर जीव और अजीव दोनों स्पष्ट रूपसे जब तक पृथक् न हुए तब तक यह ज्ञाता द्रव्य आत्मा, प्रकट विकास रूप हुई प्रकट चैतन्यमात्र शक्तिसे विश्वको व्याप्त करके अपने आप वेगके अतिशयसे प्रकाशमान हो गया। इस प्रकार जीव और अजीव दोनों पृथक् होकर निकल गये अर्थात् रंगभूमिसे बाहर हो गये।

भावार्थ—जीव अजीव दोनोंका अनादिकालीन संयोग है सो अज्ञानसे दोनों एक दीखते हैं। जब साधकको लक्षणभेद ज्ञात होता है तब भेदज्ञानके अभ्याससे सम्यग्दृष्टि होनेके बाद जब तक केवलज्ञान उत्पन्न नहीं होता, तब तक तो सर्वज्ञके आगमसे उत्पन्न हुए श्रुतज्ञान से समस्त वस्तुओंका संक्षेप तथा विस्तारसे परोक्ष ज्ञान होता है, उस ज्ञानस्वरूप आत्माका जो अनुभव होता है, वही इसका प्रकट होता है। और जब घातिया कर्मोंके नाशसे केवलज्ञान प्रकट हो जाता है, तब सब वस्तुओंको साक्षात् प्रत्यक्ष जानता है। ऐसे ज्ञानस्वरूप आत्माका साक्षात् अनुभव करता है। वही इसका सर्वतः प्रकट होना है। यही तो जीव अजीवके पृथक् होनेकी रीति है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि बादर, पर्याप्त आदि देहकी संज्ञावोंको जीवकी संज्ञायें आगममें व्यवहारसे बताई गईं। निश्चयसे ये सब कुछ भी जीवके नहीं हैं। इस विषयमें यह तो जल्दी समझमें आ जाता है कि वर्ण, रस, गंध आदिक पुद्गल के ही हैं जीवके नहीं, किन्तु यह समझ सुगम नहीं हो पाती कि जीवके विभावपरिणमन रागादिक भाव व संयमस्थान गुणस्थान आदिक भाव भी पौद्गलिक हैं। सो यहाँ इसी विषयको स्पष्ट किया गया है।

तथ्यप्रकाश—(१) प्रत्येक गुणस्थान कर्मप्रकृतिविपाकका निमित्त पाकर होते हैं। (२) जो-जो गुणस्थानके काम हैं, ऐसे ही कर्मप्रकृतियोंके अनुभाग हैं, यह तथ्य तब समझमें आता है जब प्रत्येक गुणस्थानोंमें जो आत्मविकासकी कमी है उसपर ध्यान किया जावे।

जीवो स्फुटविघटनं नैव यावत्प्रयातः । विश्वं व्याप्य प्रसर्भविकसद्व्यक्तचिन्मात्रशक्त्या ज्ञातृद्रव्यं स्वयमतिरसात्तावदुच्चैश्चकाशे ॥४५॥ इति जीवाजीवौ पृथग्भूत्वा निष्क्रांतौ ॥६८॥

॥ इति श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचितायां समयसारव्याख्यायामात्मख्यातौ
जीवाजीवप्ररूपकः प्रथमोऽङ्कः ॥१॥

बहु० । नित्यं—अव्यय प्रथमा एक० । अचेतनानि—प्रथमा बहु० । उक्तानि—प्रथमा बहु० कृदन्त क्रिया ॥६८॥

(३) कार्य सब कारणके अनुसार होते हैं, सो पुद्गलकर्मविपाकके ये प्रतिफलनस्वरूप गुणस्थान भी पुद्गल अथवा पौद्गलिक हैं । (४) चेतन वही है जो चेतनागुण व मात्र चेतनागुणकी परिणति हो, सो चैतन्यस्वभावसे व्याप्त आत्मासे अन्य हैं ये गुणस्थान, राग, विशुद्धिस्थान, संयमस्थान आदि, अतः ये सब अचेतन हैं । (५) परमार्थतः जीव अचल सनातन स्वसंवेद्य चैतन्यस्वरूप ही है, क्योंकि जो जीवमें निरन्तर एकरूप हो वही जीवस्वरूप है । (६) परमार्थ अखण्ड अचल जीवस्वरूपकी दृष्टिमें यह सारा जगजाल ऐसा लगता है कि यह सारा नाच पुद्गल ही कर रहा है । (७) परमार्थ जीव व शेष अजीव भली-भाँति पृथक्-पृथक् ज्ञात होते ही यह ज्ञाता भगवान आत्मा चैतन्यमात्र शक्तिसे स्पष्ट प्रकाशमान होता है ।

सिद्धान्त—(१) पुद्गलकर्मोदयादिके निमित्तसे होने वाले विकार पौद्गलिक हैं, आत्मा तो केवल चैतन्यचमत्कारमात्र है । (२) आत्मा शाश्वत चैतन्यस्वभावसे व्याप्त है, अतः आत्मा चेतन है ।

दृष्टि—१– विवक्षितैकदेशशुद्धनिश्चयनय (४८), २– परमशुद्धनिश्चयनय (४४-४५) ।

प्रयोग—अपने परमार्थ सहज चैतन्यस्वरूपको निरखते हुए उपयोगको अन्तः विकारसे परभावोंसे बिल्कुल हटाकर चैतन्यस्वरूपमें लीन होनेका पौरुष करना ॥६८॥

॥ इति जीवाजीवाधिकार समाप्तः ॥

अथ कर्तृकर्माधिकारः

अथ जीवाजीवावेव कर्तृकर्मवेषेण प्रविशतः ।

एकः कर्ता चिदहमिह मे कर्म कोपादयोऽमी, इत्यज्ञानां शमयदभितः कर्तृकर्मप्रवृत्तिं ।
ज्ञानज्योतिः स्फुरति परमोदात्तमत्यंतधीरं साक्षात्कुर्वन्निरुपधि पृथग्द्रव्यनिर्भासि विश्वं ॥४६॥

जाव ण वेदि विसेसंतरं तु आदासवाण दोह्णंपि ।
अण्णाणी तावदु सो कोधादिसु वट्टदे जीवो ॥६९॥
कोधादिसु वट्टंतस्स तस्स कम्मस्स संचओ होदि ।
जीवस्सेवं बंधो भणिदो खलु सव्वदरसीहिं ॥७०॥ (युग्मं)

जब तक न लखे अन्तर, आस्रव आत्मस्वरूप दोनोंमें ।
तब तक वह अज्ञानी, क्रोधादिकमें लगा रहता ॥६९॥
क्रोधादिकमें लगा जो, संचय उसके हि कर्मका होता ।
यों बन्ध जीवका हो, दर्शाया सर्वदर्शीने ॥७०॥

यावन्न वेत्ति विशेषांतरं त्वात्मास्रवयोर्द्वयोरपि । अज्ञानी तावत्स क्रोधादिषु वर्तते जीवः ॥६९॥
क्रोधादिषु वर्तमानस्य तस्य कर्मणः संचयो भवति । जीवस्यैवं बंधो भणितः खलु सर्वदर्शिभिः ॥७०॥

यथायमात्मा तादात्म्यसिद्धसम्बंधयोरात्मज्ञानयोरविशेषाद्भेदमपश्यन्नविशंकमात्मतया ज्ञाने वर्तते तत्र वर्त्तमानश्च ज्ञानक्रियायाः स्वभावभूतत्वेनाप्रतिषिद्धत्वाज्जानाति तथा संयोग-

---

नामसंज्ञ—जाव, ण, विसेसंतर, तु, आदासवाण, दु, पि, अण्णाणि, तावदु, त, क्रोधादि, जीव, क्रोधादि, वट्टंत, त, कम्म, संचअ, जीव, एवं बंध, भणिद, खलु, सव्वदरिसि । **धातुसंज्ञ**—विद ज्ञाने, वत्त

अब जीव, अजीव दोनों कर्ता कर्मका वेष धारण करके प्रवेश करते हैं । (जैसे दो पुरुष आपसमें कोई स्वांग रचकर नृत्यके अखाड़ेमें प्रवेश करते हैं, उसी प्रकार यहाँ अलंकार जानना । उस स्वांगको जो ज्ञान यथार्थ जान लेता है, उसकी महिमामें काव्य कहते हैं)—एकः इत्यादि । **अर्थ**—इस लोकमें मैं चैतन्यस्वरूप आत्मा तो एक कर्ता हूं और ये क्रोधादिक भाव मेरे कर्म हैं, इस प्रकारकी कर्ता कर्मकी प्रवृत्तिको शमन करती हुई ज्ञानज्योति स्फुरायमान होती है । जो ज्ञानज्योति उत्कृष्ट उदात्त है, किसीके आधीन नहीं है, अत्यंत धीर है अर्थात् किसी प्रकारसे आकुलतारूप नहीं है, और दूसरेकी सहायताके बिना भिन्न-भिन्न द्रव्योंके प्रका-

सिद्धसंबंधयोरप्यात्मक्रोधाद्यास्रवयोः स्वयमज्ञानेन विशेषमजानन् यावद्भेदं न पश्यति तावदशक्यमात्मतया क्रोधादौ वर्त्तते । तत्र वर्त्तमानश्च क्रोधादिक्रियाणां परभावभूतत्वात्प्रतिषिद्धत्वेपि स्वभावभूतत्वाध्यासात्क्रुध्यति रज्यते मुह्यति चेति । तदत्र योयमात्मा स्वयमज्ञानभवने ज्ञान-

वर्तने, सभ्-चय पतनचयनयोः, हो सत्तायां, भण कथने, दरस दर्शनायां । **प्रातिपदिक**—यावत्, पि, विशेषान्तर, तु, आत्मास्रव, द्वि, अपि अज्ञानिन्, तावत्, तत्, क्रोधादि, जीव, क्रोधादि, वर्तमान, तत्, कर्मन्,

शित करनेका जिसका स्वभाव है, इसी कारण समस्त लोकालोकको साक्षात् करती है ।

भावार्थ—ज्ञानस्वरूप आत्मा परद्रव्य तथा परभावोंके कर्ताकर्मपनेके अज्ञानको दूर कर स्वयं प्रकट प्रकाशमान होता है ।

आगे कहते हैं कि यह जीव जब तक आस्रव और आत्माके भेदको नहीं जानता तब तक अज्ञानी हुआ आस्रवोंमें लीन होकर कर्मोंका बंध करता है—[**जीवः**] यह जीव [**यावत्**] जब तक [**आत्मास्रवयोः द्वयोः अपि तु**] आत्मा और आस्रव इन दोनोंके [**विशेषांतरं**] भिन्न-भिन्न लक्षणको [**न वेत्ति**] नहीं जानता (**तावत्**) तब तक (**स अज्ञानी**) वह अज्ञानी हुआ (**क्रोधादिषु**) क्रोधादिक आस्रवोंमें (**वर्तते**) प्रवर्तता है । (**क्रोधादिषु**) क्रोधादिकोंमें (**वर्तमानस्य तस्य**) वर्तते हुए उसके (**कर्मणः**) कर्मोंका (**संचयः भवति**) संचय होता है । (**खलु**) निश्चयतः (**एवं**) इस प्रकार (**जीवस्य**) जीवके (**बंधः**) कर्मोंका बंध (**सर्वदर्शिभिः**) सर्वज्ञदेवोंने (**भणितः**) कहा है ।

तात्पर्य—स्वभाव व विभावमें भेदज्ञान न होनेके कारण अज्ञानी जीव विभावमें निःशंक प्रवर्तता है, अतएव उसके कर्मोंका विकट बन्ध होता रहता है ।

टीकार्थ—जैसे यह आत्मा तादात्म्यसिद्ध सम्बन्ध वाले आत्मा और ज्ञानमें भेद नहीं देखता हुआ ज्ञानमें निःशंक होकर आत्मरूपसे प्रवृत्त होता है । वहाँ प्रवर्तन करने वालेके ज्ञानक्रियारूप प्रवृत्ति स्वभावभूत है, अतः उसका निषेध नहीं है । इसलिये उस ज्ञानक्रियासे जानता है । अर्थात् जाननमात्र रूपसे परिणमन करता है, उसी प्रकार संयोगसिद्धसम्बन्धरूप आत्मा और क्रोधादिक आस्रवमें भी अपने अज्ञानसे विशेष भेद न जानता हुआ जब तक उनके भेदको नहीं देखता तब तक निःशंक होकर क्रोधादिमें आत्मरूपसे प्रवृत्ति करता है । वहाँ प्रवृत्ति करते हुए उसके जो क्रोधादि क्रिया है वह परभावसे हुई है, इसलिये वे क्रोधादि प्रतिषेधरूप हैं तो भी उनमें स्वभावका अध्यास होनेके कारण आप क्रोध, राग और मोहरूप परिणमन करता है । अतः अपने अज्ञानभावसे परिणमन मात्र स्वभावजन्य उदासीन-ज्ञाता-द्रष्टा मात्र अवस्थाका त्याग कर यह अज्ञानी जीव क्रोधादिव्यापाररूप परिणमन करता हुआ प्रतिभासित होता है, इसलिये कर्मोंका कर्ता है । अब यहाँ जो ज्ञानपरिणमनरूप प्रवर्तनेसे पृथक्

भवनमात्रसहजोदासीनावस्थात्यागेन व्याप्रियमाणः प्रतिभाति स कर्ता । यत्तु ज्ञानभवनव्याप्रियमाणत्वेभ्यो भिन्नं क्रियमाणत्वेनांतरुल्लसमानं प्रतिभाति क्रोधादि तत्कर्म । एवमियमनादिरज्ञानजा कर्तृकर्मप्रवृत्तिः । एवमस्यात्मनः स्वयमज्ञानात्कर्तृकर्मभावेन क्रोधादिषु वर्तमानस्य

संचय, जीव, एवं, बन्ध, खलु, सर्वदर्शिन् । **मूलधातु**—विद ज्ञाने, स्तृ गतौ, क्रुध क्रोधे दिवादि, वृतु वर्तने, सं-चिञ् चयने स्वादि, भू सत्तायां, बंध बंधने, भण शब्दार्थः, दृशिर् प्रेक्षणे । **पदविवरण**—यावत्—अव्यय । न—अव्यय । वेत्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । विशेषान्तरं—द्वितीया एक० कर्मकारक । तु—अव्यय । आत्मास्रवयोः—षष्ठी द्विवचन । अपि—अव्यय । अज्ञानी—प्रथमा एक० । तावत्—अव्यय । सः—प्रथमा एक० कर्तृविशेषण । क्रोधादिषु—सप्तमी बहुवचन । वर्तते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । जीवः—

किये गये अन्तरंगमें उत्पन्न क्रोधादिक प्रतिभासित होते हैं, वे उस कर्ताके कर्म हैं । इस प्रकार यह अनादिकालसे हुई इस आत्माकी कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति है । ऐसे अज्ञानभावसे कर्ताकर्मभाव द्वारा क्रोधादिकोंमें वर्तमान इस जीवके क्रोधादिकको प्रवृत्तिरूप परिणामको निमित्तमात्र कर अपने आप ही परिणमता हुआ पुद्गलमय कर्म संचित होता है । इस भांति जीवके और पुद्गलके परस्पर अवगाहलक्षण सम्बन्धस्वरूप बंध सिद्ध होता है । और अनेकात्मक होनेपर भी एकसंतानपना होनेसे इतरेतराश्रयदोषरहित होता हुआ वह बंध कर्ता-कर्मकी प्रवृत्तिका निमित्त जो अज्ञान उसका निमित्त कारण है ।

भावार्थ—जैसे ज्ञानी आत्मा अपने आत्मा और ज्ञानको एक जानकर अपने ज्ञानस्वभावरूप परिणमन करता है उसी प्रकार अज्ञानी जीव क्रोधादिक भाव व अपने आत्माको एक जानकर क्रोधादिरूप परिणमन करता है सो ज्ञानमें और क्रोधादिकमें जब तक भेद नहीं जानता तब तक इसके कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति है । क्रोधादिरूप परिणमन करता हुआ आप तो कर्ता है और वे क्रोधादिक इसके कर्म हैं । अनादि अज्ञानसे यों कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति है और कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिसे बन्ध है तथा बन्धके निमित्तसे अज्ञान है । यों उसकी संतान (परम्परा) है । अतः इसमें इतरेतराश्रय दोष भी नहीं है । ऐसे जब तक आत्मा क्रोधादिक कर्मका कर्ता होकर परिणमन करता है, तब तक कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति है और तभी तक कर्मका बंध होता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व स्थलमें जीव और अजीवका निश्चयनयसे वर्णन करके दिखाया था कि ये परस्पर कर्तृकर्मभावसे रहित है । अब उसी कर्तृकर्मभावरहितपनेका विवरण किया जाना आवश्यक है । इसके लिये प्रथम यह जानना आवश्यक है कि अज्ञानदशामें स्वयं कर्तृकर्मभावकी कैसी प्रवृत्ति होती है तब यह भी सुगमतासे ज्ञात हो जावेगा कि सम्यग्ज्ञान होनेपर यह कर्तृकर्मभाव यों सुगमतया दूर हो जाता है । सो यहाँ पहिले अज्ञानदशाके

तमेव क्रोधादिवृत्तिरूपं परिणामं निमित्तमात्रीकृत्य स्वयमेव परिणममानं पौद्गलिकं कर्म संचय-मुपयाति । एवं जीवपुद्गलयोः परस्परावगाहलक्षणसम्बन्धात्मा बंधः सिद्ध्येत् । सचानेकात्मकै-कसंतानत्वेन निरस्तेतरेतराश्रयदोषः कर्तृकर्मप्रवृत्तिनिमित्तस्याज्ञानस्य निमित्तं ॥६६-७०॥

प्रथमा एकवचन कर्ता । क्रोधादिषु—सप्तमी एक० । वर्तमानस्य—षष्ठी एक० । तस्य—षष्ठी एक० । कर्मणः—षष्ठी एक० । संचयः—प्रथमा एक० । भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । जीवस्य—षष्ठी एक० । एवं—अव्यय । बन्धः—प्रथमा एक० । भणितः—प्रथमा एकवचन कृदन्त क्रिया । खलु—अव्यय । सर्वदर्शिभिः—तृतीया बहुवचन ॥ ६६-७० ॥

तथ्यको जाननेके लिये जीव और अजीवका कर्ताकर्मके वेशसे प्रवेश कराया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) अज्ञानदशामें मूलमें कर्ताकर्मप्रवृत्तिकी बुद्धि ऐसी रहती है कि मैं समझदार तो करता हूं व इन क्रोधादिभावोंको करता हूं । (२) बाह्यमें कर्ताकर्मबुद्धि ऐसी रहती है कि मैं इन घट-पट आदि पदार्थोंको करता हूं, पुत्रादिको सुखी करता हूं आदि । (३) बाहरी कितना भी विवेक व प्रयत्न करनेपर भी ज्ञान, वैराग्य व शान्ति तब तक नहीं बनती जब तक आत्मस्वरूप और औपाधिक भावोंमें स्व-परका अन्तर ज्ञात न हो जाय । (४) औपाधिक भाव पर हैं यह तब तक विदित नहीं होगा, जब तक ये विकार नैमित्तिक हैं यह ज्ञात न हो जाय । (५) विकारके नैमित्तिकपनेका ज्ञान स्वभावपरिचयके साथ अविनाभावी है । (६) मैं अविकारस्वरूप मात्र ज्ञाता हूं ये विभाव कर्मविपाकके प्रतिफलनके जुड़ावसे है, ऐसा ज्ञान होनेपर ही कर्मरसमें उपयोग नहीं जुड़ता ।

सिद्धान्त—(१) आत्मा और आस्रवादिका भेद ज्ञात न होनेसे जो उनमें एकत्वकी बुद्धि है वह मोह है । (२) क्रोधादिक आस्रवमें प्रवर्तनका निमित्त पाकर कार्माणवर्गणायें कर्म-स्वरूप परिणत हो जाती है ।

दृष्टि—१– संश्लिष्टस्वजातिविजात्युपचरित असद्भूत व्यवहार (१२७) । २– उपाधि-सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) ।

प्रयोग—कर्मविपाकके प्रतिफलनसे विलक्षण सहज आत्मस्वभावको निरखना व उसमें गुप्त होनेका पौरुष करना ॥६६-७०॥

यहाँ प्रश्न होता है कि इस कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिका अभाव किस कालमें होता है उसका उत्तर कहते हैं—[**यदा**] जिस समय [**अनेन जीवेन**] इस जीवके द्वारा [**आत्मनः**] अपना [**तथैव च**] और [**आस्रवाणां**] आस्रवोंका [**विशेषांतरं**] भिन्न लक्षण [**ज्ञातं भवति**] विदित हो जाता है [**तदा तु**] उसी समय [**तस्य**] उसके [**बंधः न**] बंध नहीं होता ।

तात्पर्य—आत्मस्वभाव और आस्रव विकारमें जब ही भेद दृढ़तासे हो जाता तब ही

कदाऽस्याः कर्तृकर्मप्रवृत्तेर्निवृत्तिरिति चेत्—

जइया इमेण जीवेण अप्पणो आसवाण य तहेव ।
णादं होदि विसेसंतरं तु तइया ण बंधो से ॥७१॥

जब इस आत्मा द्वारा, आस्रव आत्मस्वरूपमें अन्तर ।
हो जाता ज्ञात तभी-से इसके बंध नहिं होता ॥७१॥

यदानेन जीवेनात्मनः आस्रवाणां च तथैव । ज्ञातं भवति विशेषांतरं तु तदा न बंधस्तस्य ॥७१॥

इह किल स्वभावमात्रं वस्तु, स्वस्य भवनं तु स्वभावः, तेन ज्ञानस्य भवनं खल्वात्मा । क्रोधादेर्भवनं क्रोधादिः । अथ ज्ञानस्य यद्भवनं तन्न क्रोधादेरपि भवनं यतो यथा ज्ञानभवने ज्ञानं भवद्विभाव्यते न तथा क्रोधादिरपि । यत्तु क्रोधादेर्भवनं तन्न ज्ञानस्यापि भवनं यतो यथा

नामसंज्ञ—जइया, इम, जीव, अप्प, आसव, य, तह, एव, णाद, विसेसंतरं, तु, तइया, ण, बंध, त । **धातुसंज्ञ**—आ-सव स्रवणे गतौ च, जाण अवबोधने, हो सत्तायां बंध बंधने । **प्रातिपदिक**—यदा, इदम्, जीव, आत्मन्, आस्रव, च, तथा, एव, ज्ञान, विशेषान्तर, तु, तदा, न, बन्ध, तत् । **मूलधातु**—जीव प्राण-धारणे, अत सातत्यगतौ, स्रु गतौ, ज्ञा अवबोधने, भू सत्तायां, बन्ध बन्धने । **पदविवरण**—यदा—अव्यय ।

बन्ध नहीं होता ।

टीकार्थ—इस लोकमें वस्तु अपने स्वभावमात्र है और अपने भावका होना ही स्वभाव है, इसलिये यह सिद्ध हुआ कि ज्ञानका जो होना (परिणमन) है वह तो आत्मा है तथा क्रोधादिकका जो होना (परिणमना) है वह क्रोधादिक है । ऐसा होनेसे जो ज्ञानका परिणमन है, वह क्रोधादिका परिणमन नहीं है, क्योंकि जैसे ज्ञान होनेपर ज्ञान ही हुआ मालूम होता है वैसे क्रोधादिक नहीं मालूम होते । जो क्रोधादिकका परिणमन है, वह ज्ञानका परिणमन नहीं है, क्योंकि क्रोधादिक होनेपर क्रोधादिक हुए ही प्रतीत होते हैं, ज्ञान हुआ मालूम नहीं होता । इस प्रकार क्रोधादिक और ज्ञान इन दोनोंके निश्चयसे एकवस्तुपना नहीं है । अतः आत्मा और आस्रवोंका भेद देखनेसे जिस समय यह आत्मा भेद जानता है, उस समय इसके अनादि-कालसे उत्पन्न हुई परमें कर्ताकर्मकी प्रवृत्ति निवृत्त हो जाती है । और उसकी निवृत्ति होनेपर अज्ञानके निमित्तसे होने वाला पुद्गलद्रव्य कर्मका बन्ध भी निवृत्त हो जाता है । ऐसा होनेपर ज्ञानमात्रसे ही बंधका निरोध सिद्ध होता है । **भावार्थ**—क्रोधादिक और ज्ञान पृथक्-पृथक् वस्तु हैं । ज्ञानमें क्रोधादिक नहीं हैं, क्रोधादिकमें ज्ञान नहीं है । इस प्रकार ज्ञानसे ही बंधका निरोध होता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथायुगलमें बताया था कि अज्ञानसे जीवकी परभावमें कर्तृकर्मप्रवृत्ति होती है और इस प्रवृत्तिसे कर्मसंचय होता है जो संसारक्लेशकी मूल है । इस

क्रोधादिभवने क्रोधादयो भवंतो विभाव्यंते न तथा ज्ञानमपि इत्यात्मनः क्रोधादीनां च न खल्वेकवस्तुत्वं इत्येवमात्मात्मास्रवयोर्विशेषदर्शनेन यदा भेदं जानाति तदास्यानादिरप्यज्ञानजा कर्तृकर्मप्रवृत्तिर्निवर्त्तते तन्निवृत्तावज्ञाननिमित्तं पुद्गलद्रव्यकर्मबंधोपि निवर्तते । तथा सति ज्ञानमात्रादेव बंधनिरोधः सिद्ध्येत् ॥७१॥

अनेन–तृतीया एक० । जीवेन–तृतीया एकवचन । आत्मनः–षष्ठी एक० । आस्रवाणाम्–षष्ठी बहुवचन । च–अव्यय । तथा–अव्यय । एव–अव्यय । ज्ञानं–प्रथमा एकवचन कृदन्त क्रिया । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । विशेषान्तरं–प्रथमा एक० । तु–अव्यय । तदा–अव्यय । न–अव्यय । बंधः–प्रथमा एक० । तस्य–षष्ठी एकवचन ॥ ७१ ॥

चर्चाको सुनकर यह जाननेकी उत्सुकता होना प्राकृतिक है कि फिर जीवकी इस कर्तृकर्मप्रवृत्तिकी निवृत्ति कब और कैसे होगी, इसी जिज्ञासाका इसमें समाधान किया गया है ।

तथ्यप्रकाश— (१) वस्तुतः वस्तु स्वस्वभावमात्र है । (२) पौद्गलिक क्रोधप्रकृतिमें क्रोधविपाक होना उपादानतया परभाव है । (३) क्रोधप्रकृतिविपाकका निमित्त पाकर उपयोग में प्रतिफलित क्रोध औपाधिक परभाव है । (४) यहाँ भावके परिचयसे स्व-परका निर्णय किया गया है । (५) ज्ञानभावमें क्रोधभाव नहीं है, क्रोधभावमें ज्ञानभाव नहीं है । (६) ज्ञान आत्मा है, क्रोध आस्रव है । (७) आत्मा और आस्रवमें एकत्वबुद्धि होना अज्ञान है । (८) अपने आत्माको स्व और आस्रवको पर जान लेना भेदज्ञान है । (९) आत्मा और आस्रवमें भेद जानकर आत्माभिमुखताकी भावना सहित आत्माका जानना ज्ञान है । (१०) ज्ञान होने पर ज्ञानकी स्थिरतादि माफिक कर्मबन्धका निरोध हो जाता है ।

सिद्धान्त—(१) वस्तु स्वस्वभावमात्र है । (२) पुद्गलकर्मका विपाक पुद्गल कर्ममें ही है । (३) कर्मविपाकके प्रतिफलनकी अशुद्धता जीवमें है । (४) आत्माको कर्मास्रवमय समझना अज्ञान है । (५) आत्माको विभाव आस्रवमय समझना अज्ञान है ।

दृष्टि— १– शुद्धनय (४९) । २– अशुद्ध निश्चयनय (४७) । ३– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) । ४– एकजातिद्रव्ये अन्यजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार (११३) । ५– स्वजातिद्रव्ये स्वजातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार (११४) ।

प्रयोग—अपनेको सहज ज्ञानस्वभावमात्र निरखते हुए नैमित्तिक विकारोंकी उपेक्षा करके अपनेको ज्ञानमात्र अनुभवनेका उद्यम करना ॥७१॥

अब पूछते है कि ज्ञानमात्रसे ही बंधका निरोध कैसे है ? उसका उत्तर कहते हैं— **[आस्रवाणां च]** आस्रवोंके **[अशुचित्वं]** अशुचिपनेको **[च विपरीतभावं]** और विपरीतपनेको **[च दुःखस्य कारणानि इति]** तथा ये दुःखके कारण हैं, इस तथ्यको **[ज्ञात्वा]** जानकर

कथं ज्ञानमात्रादेव बंधनिरोध इति चेत्—

णादूण आसवाणं असुचित्तं च विवरीयभावं च।
दुक्खस्स कारणं ति य तदो णियत्तिं कुणदि जीवो ॥७२॥

अशुचि विपरीत आस्रव, दुखके कारण है जानकर ज्ञानी।
क्रोधादि आस्रवोंसे, स्वयं सहज पृथक् हो जाता ॥७२॥

ज्ञात्वा आस्रवाणामशुचित्वं च विपरीतभावं च। दुःखस्य कारणानीति च ततो निवृत्तिं करोति जीवः।

जले जंबालवत्कलुषत्वेनोपलभ्यमानत्वादशुचयः खल्वास्रवाः भगवानात्मा तु नित्यमेवातिनिर्मलचिन्मात्रत्वेनोपलंभकत्वादत्यंतं शुचिरेव जडस्वभावत्वे सति परचेत्यत्वादन्यस्वभावाः खल्वास्रवाः भगवानात्मा तु नित्यमेव विज्ञानघनस्वभावत्वे सति स्वयं चेतकत्वादनन्यस्वभाव एव। आकुलत्वोत्पादकत्वाद् दुःखस्य कारणानि खल्वास्रवाः भगवानात्मा तु नित्यमेवानाकुल-

---

नामसंज्ञ—आस्रव, असुचित्त, च, विवरीयभाव, च, दुक्ख, कारण, इति, य, तदो, णियत्ति, जीव। **धातुसंज्ञ**—आ-सव स्रवणे गतौ, कुण करणे। **प्रातिपदिक**—आस्रव, अशुचित्व, च, विपरीतभाव, च, दुःख,

---

[जीवः] यह जीव **[ततो निवृत्तिं]** उससे निवृत्ति **[करोति]** करता है।

तात्पर्य—आस्रवोंकी मलिनता, विपरीतता व दुःखकारणताको जानकर यह जीव आस्रवोंसे हट जाता है।

टीकार्थ—जैसे जलमें सेवाल मलिन होनेसे जलको मैला दिखलाती है, उसी प्रकार ये आस्रव भी कलुषतासे प्राप्यमान हैं; अतः मलिन हैं, किन्तु भगवान (ज्ञानस्वरूप) आत्मा सदा अति निर्मल चैतन्यमात्रपनेसे उसका उपलंभक है, इस कारण अत्यंत पवित्र ही है। आस्रव जड़स्वभाव होनेसे परसे जानने योग्य हैं अर्थात् जो जड़ होता है, वह अपनेको तथा परको नहीं जानता, उसको दूसरा ही जानता है, अतः आस्रव अन्यस्वभाव है और आत्मा सदा ही विज्ञानघनस्वभाव है, इसलिये आप ज्ञाता है, ज्ञानसे अनन्यस्वभाव है। आस्रव दुःखके कारणभूत होनेसे आत्माको आकुलताके उपजाने वाले हैं और भगवान् आत्मा सदा ही निराकुल स्वभाव है, इस कारण किसीका न तो कार्य है और न किसीका कारण है, इसलिये दुःखका कारण ही नहीं है। इस प्रकार आत्मा और आस्रवोंका अन्तर दिखनेसे जिस समय भेद जान लिया, उसी समय वह इन क्रोधादिक आस्रवोंसे निवृत्त हो जाता है। क्योंकि उनसे जब तक निवृत्त नहीं होता, तब तक उस आत्माके पारमार्थिक सच्ची भेदज्ञानकी सिद्धि नहीं होती। इसलिये यह सिद्ध हुआ कि क्रोधादिक आस्रवोंकी निवृत्तिके अविनाभावी ज्ञानसे अज्ञानजन्य पौद्गलिक कर्मबंधका निरोध होता है। और क्या? देखिये आत्मा और आस्रवका जो यह

त्वस्वभावेनाकार्यकारणत्वाद् दुःखस्याकारणमेव । इत्येवं विशेषदर्शनेन यदैवायमात्मास्रवयोर्भेदं जानाति तदैव क्रोधादिभ्य आस्रवेभ्यो निवर्तते । तेभ्योऽनिवर्तमानस्य पारमार्थिकतद्भेदज्ञानासिद्धेः । ततः क्रोधाद्यास्रवनिवृत्त्यविनाभाविनो ज्ञानमात्रादेवाज्ञानस्य पौद्गलिकस्य कर्मणो बंधनिरोधः सिद्ध्येत् । किंच यदिदमात्मास्रवयोर्भेदज्ञानं तत्किमज्ञानं किं वा ज्ञानं ? यद्यज्ञानं तदा तदभेदज्ञानान्न तस्य विशेषः । ज्ञानं चेत् किमास्रवेषु प्रवृत्तं किं वास्रवेभ्यो निवृत्तं ? आस्र-

---

कारण, इति, च, ततः, निवृत्ति, जीव । **मूलधातु**—ज्ञा अवबोधने, आ-स्रु गतौ, अ-शुच्य अभिषवे, नि-वृतु वारणे दिवादि, डुकृञ् करणे । **पदविवरण**—ज्ञात्वा—असमाप्तिकी क्रिया । आस्रवाणां—षष्ठी बहु० । अशु-

---

भेदज्ञान है वह अज्ञान है कि ज्ञान ? यदि अज्ञान है तो आस्रवसे अभेदज्ञान होनेसे उसका कोई अन्तर न हुआ, तथा यदि वह ज्ञान है तो आस्रवोंमें प्रवृत्तिरूप है या उनसे निवृत्तिरूप है ? यदि आस्रवोंमें प्रवर्तता है तो वह ज्ञान आस्रवोंसे अभेदरूप अज्ञान ही है इससे भी कोई विशेषता न हुई और यदि वह ज्ञान आस्रवोंसे निवृत्तिरूप है तो ज्ञानसे ही बंधका निरोध क्यों नहीं कह सकते ? सिद्ध हुआ ही कह सकते हैं । ऐसा सिद्ध होनेपर अज्ञानके अंश क्रियानयका खण्डन हुआ । तथा जो आत्मा और आस्रवोंका भेदज्ञान है वह भी आस्रवोंसे निवृत्त न हुआ तो वह ज्ञान ही नहीं है, ऐसा कहनेसे ज्ञानके अंशरूप ज्ञाननयका निराकरण हुआ ।

भावार्थ—आस्रव अशुचि हैं, जड़ हैं, दुःखके कारण हैं, और आत्मा पवित्र है, ज्ञाता है, सुख स्वरूप है । इस प्रकार दोनोंको लक्षणभेदसे भिन्न जानकर आत्मा आस्रवोंसे निवृत्त होता है और उसके कर्मका बंध नहीं होता । यदि ऐसा जाननेसे भी कोई निवृत्त न हो तो वह ज्ञान ही नहीं है, अज्ञान ही है । **प्रश्न**—अविरतसम्यग्दृष्टिके मिथ्यात्व और अनन्तानुबंधी प्रकृतियोंका तो आस्रव नहीं होता, परन्तु अन्य प्रकृतियोंका तो आस्रव व बन्ध होता है, वह ज्ञानी है या अज्ञानी ? **समाधान**—सम्यग्दृष्टिके प्रकृतियोंका जो बंध होता है, वह अभिप्रायपूर्वक नहीं है, सम्यग्दृष्टि होनेके पश्चात् परद्रव्यके स्वामित्वका अभाव है । इस कारण जब तक इसके चारित्रमोहका उदय है तब तक उसके उदयके अनुसार आस्रव-बंध होते हैं, उसका स्वामित्व नहीं है । वह अभिप्रायमें निवृत्त होना ही चाहता है, इसलिए ज्ञानी ही कहा जाता है । मिथ्यात्वसम्बन्धी बन्ध ही अनंत संसारका कारण है, यही यहाँ प्रधानतासे विवक्षित है । जो अविरतादिकसे बन्ध होता है, वह अल्पस्थिति अनुभागरूप है, दीर्घ संसारका कारण नहीं है, इसलिए प्रधान नहीं गिना जाता । ज्ञान बंधका कारण नहीं है । जब तक ज्ञानमें मिथ्यात्वका उदय था तब तक अज्ञान कहलाता था, मिथ्यात्व चले जानेके बाद अज्ञान नहीं, ज्ञान ही है । इसमें जो कुछ चारित्रमोह सम्बन्धी विकार है, उसका स्वामी ज्ञानी नहीं बनता; इसी कारण ज्ञानीके बंध नहीं है । विकार बन्धरूप है, वह बन्धकी पद्धतिमें है, ज्ञानकी पद्धतिमें

वेषु प्रवृत्तं चेत्तदपि तदभेदज्ञानान्न तस्य विशेषः । आस्रवेभ्यो निवृत्तं चेत्तर्हि कथं न ज्ञानादेव बंधनिरोधः इति निरस्तोऽज्ञानांशः क्रियानयः । यत्त्वात्मास्रवयोर्भेदज्ञानमपि नास्रवेभ्यो निवृत्तं

चित्वं–द्वितीया एकवचन । च–अव्यय । विपरीतभावं–द्वितीया एक० । दुःखस्य–षष्ठी एक० । कारणं–द्वितीया एकवचन अथवा उक्त तीनों प्रथमा विभक्ति एकवचन । इति–अव्यय । च–अव्यय । ततः–अव्यय

नहीं है ।

अब यही कलशरूप काव्यमें कहते हैं—**'परपरिणतिं'** इत्यादि । **अर्थ**–परपरिणतिको छोड़ता हुआ, भेदके कथनोंको तोड़ता हुआ यह अखण्ड तथा अत्यन्त प्रचण्ड ज्ञान यहाँ उदित हुआ है । अहो ऐसे ज्ञानमें परद्रव्यविषयक तथा विकारविषयक कर्ताकर्मप्रवृत्तिका अवकाश कैसे हो सकता है तथा पौद्गलिक कर्मबन्ध भी कैसे हो सकता है ? **भावार्थ**—कर्मबन्ध तो अज्ञानसे हुए कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिसे था । अब जब भेदभावको और परपरिणतिको दूर कर एकाकार ज्ञान प्रकट हुआ तब भेदरूप कारककी प्रवृत्ति मिट गई, फिर कैसे बन्ध हो सकता है ? नहीं हो सकता ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि जिस समय आत्मा और आस्रवमें भेदज्ञान हो जाता है, तो ऐसे ज्ञानमात्रसे उस समय बन्धका निरोध हो जाता है । सो यहाँ यह जिज्ञासा होना प्राकृतिक है कि ज्ञानमात्रसे ही बंधनिरोध कैसे हो जाता है, इस जिज्ञासाका समाधान इस गाथामें दिया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१–आत्मा और आस्रवमें पारमार्थिक भेदज्ञान होनेपर ज्ञानीका उपयोग क्रोधादिक आस्रवोंसे हट जाता है । २– आस्रवोंमें (रागादिक भावोंमें) मलीनता होनेसे अपवित्रता है, किन्तु भगवान आत्मामें सहज शुद्धअविकार निर्मल चेतना होनेसे परिपूर्ण पवित्रता है । ३– भगवान आत्मा तो स्वयं ज्ञानघन होनेके कारण स्वयं ज्ञाता होनेसे अनन्यस्वभाव है चैतन्यस्वभावमय है, किन्तु आस्रव जड़स्वभाव है और परके द्वारा (जीवके द्वारा) ज्ञेय हैं अतः अन्यस्वभाव हैं । ४– आस्रव तो आकुलताके उत्पादक होनेसे दुःखके कारण हैं, किन्तु भगवान आत्मा अनाकुलस्वभाव होनेसे जाननके सिवाय अन्य कुछ कार्य नहीं करनेसे दुःखका अकारण है । ५–आस्रव और आत्मामें भेदज्ञान होना आस्रवनिवृत्तिका अविनाभावी है, अतः ऐसे ज्ञानमात्रसे अज्ञानजन्य पौद्गलिक कर्मके बन्धका निरोध हो जाता है । ६–जहाँ परपरिणति हट रही हो, भेदवादनहीं हो, अखंड ज्ञानस्वभाव उपयोगमें उदित हो वहाँ कर्ताकर्मप्रवृत्ति नहीं हो सकती और अत एव पौद्गलिक कर्मबंध भी नहीं होता ।

सिद्धान्त—उपयोगकी आत्माके प्रति अभिमुखता पौद्गलिक कर्मबन्ध निरोधका निमित्त है । २–जीवक्रोध व अजीवक्रोधमें भिन्न-भिन्न द्रव्याश्रयता है, उसमें सम्बन्ध मानना

भवति तज्ज्ञानमेव न भवतीति ज्ञानांशो ज्ञाननयोपि निरस्तः । परपरणतिमुज्झत् खंडयद्भेद-वादानिदमुदितमखंडं ज्ञानमुच्चंडमुच्चैः । ननु कथमवकाशः कर्तृकर्मप्रवृत्तेरिह भवति कथं वा पौद्गलः कर्मबंधः ॥४७॥ ॥७२॥

पंचम्यां तसल् । निवृत्ति–द्वितीया एक० । करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । जीवः–प्रथमा एक-वचन कर्ता ॥७२॥

उपचार है ।

दृष्टि— १– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ ब) । २– एकजातिपर्यायें अन्य-जातिपर्यायोपचारक असद्भूत व्यवहार (१०७) ।

प्रयोग—विकार भावोंको अशुचि, विपरीत व दुःखकारण जानकर उनसे उपेक्षा करके अपने पवित्र शान्तिधाम आत्मामें उपयोगको रमानेका पौरुष करना ॥७२॥

अब जिज्ञासा होती है कि आस्रवोंसे किस तरह निवृत्ति होती है ? उसका उत्तररूप गाथा कहते हैं—ज्ञानी विचारता है कि [खलु] निश्चयतः [अहं] मैं [एकः] एक हूं [शुद्धः] शुद्ध हूं [निर्ममतः] ममतारहित हूं [ज्ञानदर्शनसमग्रः] ज्ञान दर्शनसे पूर्ण हूं [तस्मिन् स्थितः] ऐसे स्वभावमें स्थित [तच्चित्तः] उसी चैतन्य अनुभवमें लीन हुआ [एतान्] इन [सर्वान्] क्रोधादिक सब आस्रवोंको [क्षयं] क्षयको [नयामि] प्राप्त कराता हूं ।

तात्पर्य—अपनेको एक शुद्ध अविकार ज्ञानदर्शनघन निरखनेसे इसी स्वभावमें आत्मा लीन होता है और तब आस्रव दूर हो जाते हैं ।

टीकार्थ—यह मैं आत्मा प्रत्यक्ष अखंड, अनंत, चैतन्यमात्र ज्योतिस्वरूप, अनादि, अनंत नित्य उदयरूप, विज्ञानघन स्वभाव रूपसे तो एक हूं और समस्त कर्ता, कर्म, करण, संप्रदान, अपादान, अधिकरणस्वरूप जो कारकोंका समूह उसकी प्रक्रियासे उत्तीर्ण याने दूरवर्ती निर्मल चैतन्य अनुभूति मात्ररूपसे शुद्ध हूं । तथा जिनका पुद्गलद्रव्य स्वामी है ऐसे क्रोधादि भावोंको विश्वरूपता (समस्तरूपता) के स्वामित्वसे सदा ही नहीं परिणमनेके कारण उनसे ममतारहित हूं । तथा वस्तुका स्वभाव सामान्यविशेषस्वरूप है और चैतन्यमात्र तेज पुंज भी वस्तु है, इस कारण सामान्यविशेषस्वरूप जो ज्ञानदर्शन उनसे पूर्ण हूं । ऐसा आकाशादि द्रव्य की तरह परमार्थस्वरूप वस्तुविशेष हूं । इस कारण मैं इसी आत्मस्वभावमें समस्त परद्रव्यसे प्रवृत्तिकी निवृत्ति करके निश्चल स्थित हुआ समस्त परद्रव्यके निमित्तसे जो विशेषरूप चैतन्य में चंचल कल्लोलें होती थीं, उनके निरोधसे इस चैतन्यस्वरूपको ही अनुभव करता हुआ अपने ही अज्ञानसे आत्मामें उत्पन्न होते हुए क्रोधादिक भावोंका क्षय करता हूं ऐसा आत्मामें निश्चय कर तथा जैसे बहुत कालका ग्रहण किया जो जहाज था, उसे जिसने छोड़ दिया है,

केन विधिनायमास्रवेभ्यो निवर्त्त इति चेत्—

अहमिक्को खलु सुद्धो णिम्ममओ णाणदंसणसमग्गो ।
तम्हि ठिओ तच्चित्तो सव्वे एए खयं णेमि ॥ ७३ ॥

मैं एक शुद्ध केवल, निर्ममत सुयुक्त ज्ञानदर्शनसे ।
इसमें लीन हुआ अब, आस्रव प्रक्षीण करता हूँ ॥७३॥

अहमेकः खलु शुद्धः निर्ममतः ज्ञानदर्शनसमग्रः । तस्मिन् स्थितस्तच्चित्तः सर्वानेतान् क्षयं नयामि ॥७३॥

अहमयमात्मा प्रत्यक्षमक्षुण्णमनंतं चिन्मात्रं ज्योतिरनाद्यनंतनित्योदितविज्ञानघनस्वभावभावत्वादेकः । सकलकारकचक्रप्रक्रियोत्तीर्णनिर्मलानुभूतिमात्रत्वाच्छुद्धः । पुद्गलस्वामिकस्य क्रोधादिभाववैश्वरूपस्य स्वस्य स्वामित्वेन नित्यमेवापरिणमनान्निर्ममतः । चिन्मात्रस्य महसो वस्तुस्वभावत एव सामान्यविशेषाभ्यां सकलत्वाद् ज्ञानदर्शनसमग्रः । गगनादिवत्पारमार्थिको वस्तुविशेषोस्मि तदहमधुनास्मिन्नेवात्मनि निखिलपरद्रव्यप्रवृत्तिनिवृत्त्या निश्चलमवतिष्ठमानः

नामसंज्ञ—अम्ह, इक्क, खलु, सुद्ध, णिम्ममअ णाणदंसणसमग्ग, त, ठिअ, तच्चित्त, सव्व, एत, खय । **धातुसंज्ञ**- टुञा गतिनिवृत्तौ, खिञ क्षये, णेञ् प्रापणे । **प्रातिपदिक**—अस्मद्, एक, खलु, शुद्ध, निर्ममत, ज्ञानदर्शनसमग्र, तत्, स्थित, तच्चित्त, सर्व, एतत्, क्षय । **मूलधातु**—शुध शौचे दिवादि अथवा शुन्ध शुद्धौ भ्वादि, ष्ठा गतिनिवृत्तौ, चिती संज्ञाने भ्वादि, चित संचतने चुरादि, क्षि क्षये, णीञ् प्रापणे भ्वादि । **पद-**

ऐसे समुद्रके भंवरकी तरह शीघ्र ही दूर किये हैं समस्त विकल्प जिसने, ऐसा निर्विकल्प, अचलित, निर्मल आत्माका अवलंबन करता हुआ विज्ञानघनभूत यह आत्मा आस्रवोंसे निवृत्त होता है ।

भावार्थ—शुद्धनयसे ज्ञानीने आत्माका ऐसा निश्चय किया कि मैं एक हूं, शुद्ध हूं, परद्रव्यके प्रति ममतारहित हूं, ज्ञान दर्शनसे पूर्ण वस्तु हूं, सो जब ऐसे अपने स्वरूपमें स्थित होनेसे ज्ञानी उसीका अनुभव रूप हो, तब क्रोधादिक आस्रव क्षयको प्राप्त होते हैं । जैसे समुद्रकी भँवरने बहुत कालसे जहाजको पकड़ रक्खा था, पीछे किसी कालमें भंवर पलटती है तब वह जहाजको छोड़ देती है; उसी प्रकार आत्मा विकल्पोंकी भंवरको उपशान्त करता हुआ आस्रवोंको छोड़ देता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें यह बताया गया था कि ज्ञानमात्रसे ही बन्ध-निरोध होता है । सो इस सम्बन्धमें यह जिज्ञासा होना प्राकृतिक है कि वह विधि क्या है कि जिससे यह ज्ञाता आस्रवोंसे हट जावे । इसी जिज्ञासाका समाधान इस गाथामें है ।

तथ्यप्रकाश—(१) प्रत्येक आत्मा अपने आप सहज अखण्ड अविनाशी चिन्मात्र ज्योतिस्वरूप है । (२) प्रत्येक आत्मा सहज त्रिकाल ज्ञानघनस्वभाव है । (३) प्रत्येक आत्मा

सकलपरद्रव्यनिमित्तकविशेषचेतनचंचलकल्लोलनिरोधेनैकमेव चेतयमानः स्वाज्ञानेनात्मन्युत्प्लवमानानेतान् भावानखिलानेव क्षययामीत्यात्मनि निश्चित्य चिरसंगृहीतमुक्तपोतपात्रः समुद्रावर्त्त इव झगित्येवोद्वांतसमस्तविकल्पोऽकल्पितमचलितममलमात्मानमालंबमानो विज्ञानघनभूतः खल्वयमात्मास्रवेभ्यो निवर्त्तते ॥७२॥

विवरण—अहं—प्रथमा एक० कर्तृविशेषण। शुद्धः—प्रथमा एक० कर्तृविशेषण। निर्ममतः—प्रथमा एक० कर्तृविशेषण। ज्ञानदर्शनसमग्रः—प्रथमा एक०। तस्मिन्—सप्तमी एक०। स्थितः—प्रथमा एक० कर्तृविशेषण। तच्चित्तः—प्रथमा एक० कर्तृविशेषण। सर्वान्—द्वितीया बहुवचन। क्षयं—द्वितीया एक०। क्षयामि—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया ॥७२॥

सहज अविकार केवल चैतन्यानुभवमात्र है। (४) प्रत्येक आत्मा औपाधिक भावोंसे विविक्त सहज स्वसत्त्वमात्र है। (५) समस्त परद्रव्यभावोंमें की प्रवृत्ति हटाकर पारमार्थिक सहज चिद्वृत्तिमें ठहरने वाला शुद्धोपयोगमें ज्ञानघन हुआ आत्मा आस्रवोंसे अलग हो जाता है।

सिद्धान्त—(१) आत्मा सहज अखण्ड चिज्ज्योतिस्वरूप है। (२) आत्मा सहज विज्ञानघनस्वभाव है। (३) आत्मद्रव्य सहज स्वसत्त्वमात्र है। (४) सहजशुद्धात्मभावनाके प्रतापसे आस्रवनिरोध हो जाता है।

दृष्टि— १– परमशुद्धनिश्चयनय (४४)। २– भेदकल्पनानिरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२३)। ३– उत्पादव्ययगौणसत्ताग्राहक शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२२)। ४– शुद्धभावनासापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब)।

प्रयोग—अपनेको अविकारस्वभाव चिन्मात्र केवल निरखकर अपनेमें मग्न होनेका पौरुष करना ॥७२॥

आगे पूछते हैं कि ज्ञान होनेका और आस्रवोंकी निवृत्तिका समान काल कैसे है? उसका उत्तररूप गाथा कहते हैं— [एते] ये आस्रव [जीवनिबद्धाः] जीवके साथ निबद्ध हैं [अध्रुवाः] अध्रुव हैं [तथा] तथा [अनित्याः] अनित्य हैं [च] और [अशरणाः] अशरण हैं [दुःखानि] दुःखरूप हैं [च] और [दुःखफलाः] दुःखफल वाले हैं [इति ज्ञात्वा] ऐसा जानकर ज्ञानी पुरुष [तेभ्यः] उनसे [निवर्त्तते] अलग हो जाता है।

तात्पर्य—आस्रवोंकी असारता जानकर ज्ञानी आस्रवोंसे हट जाता है।

टीकार्थ—लाख और वृक्ष इन दोनोंकी तरह बध्य घातक स्वभावरूप होनेसे आस्रव जीवके साथ निबद्ध हैं, सो वे अविरुद्धस्वभावपनेका अभाव होनेके कारण अर्थात् जीवगुणके घातकरूप विरुद्ध स्वभाव वाले होनेके कारण जीव ही नहीं हैं। आस्रव तो मृगीके वेगकी तरह बढ़ने वाले व फिर घटने वाले होनेके वे कारण अध्रुव हैं, किन्तु जीव चैतन्य भावमात्र है सो

कथं ज्ञानास्रवनिवृत्त्योः समकालत्वमिति चेत्—

जीवणिबद्धा एए अधुव अणिच्चा तहा असरणा य ।
दुक्खा दुक्खफलात्ति य णादूण णिवत्तए तेहिं ॥७४॥

अध्रुव अनित्य अशरण, उपाधिभव ये विचित्र दुःखमई ।
दुःखफल जानि आस्रव-से अब विनिवृत्त होता हूं ॥७४॥

जीवनिबद्धा एते अध्रुवा अनित्यास्तथा अशरणाश्च । दुःखानि दुःखफला इति च ज्ञात्वा निवर्त्तते तेभ्यः ।

जतुपादपवद्बध्यघातकस्वभावत्वाज्जीवनिबद्धाः खल्वास्रवाः, न पुनरविरुद्धस्वभावत्वाभावाज्जीव एव । अपस्माररयवद्वर्द्धमानहीयमानत्वादध्रुवाः खल्वास्रवाः ध्रुवश्चिन्मात्रो जीव एव । शीतदाहज्वरावेशवत् क्रमेणोज्जृंभमाणत्वादनित्याः खल्वास्रवाः, नित्यो विज्ञानघनस्वभावो जीव एव । बीजनिर्मोक्षक्षणक्षीयमाणदारुणस्मरसंस्कारवत् त्रातुमशक्यत्वादशरणाः

नामसंज्ञ—जीवणिबद्ध, एत, अधुव, अणिच्च, तहा, असरण, य, दुक्ख, दुक्खफल, इत्ति, य, त । **धातुसंज्ञ**—बंध बंधने, जाण अवबोधने, नि-वत्त वर्त्तने । **प्रातिपदिक**—जीवनिबद्ध, एतत्, अध्रुव, अनित्य,

---

ध्रुव है । आस्रव तो शीतदाहज्वरके स्वभावकी तरह क्रमसे उत्पन्न होते हैं इसलिये अनित्य हैं और जीव विज्ञानघन स्वभाव है इस कारण नित्य है । आस्रव अशरण हैं, जैसे काम सेवन में वीर्य छूटता है, उस समय अत्यंत कामका संस्कार क्षीण हो जाता है, किसीसे नहीं रोका जाता, उसी प्रकार उदयकाल आनेके बाद आस्रव झड़ जाते हैं, रोके नहीं जा सकते, इसलिये अशरण हैं, और जीव अपनी स्वाभाविक चित्शक्ति रूपसे आप ही रक्षारूप है, इसलिये शरणसहित है । आस्रव सदा ही आकुलित स्वभावको लिये हुए हैं, इसलिये दुःखरूप हैं, और जीव सदा ही निराकुल स्वभाव रूप है, इस कारण अदुःखरूप है । आस्रव आगामी कालमें आकुलताके उत्पन्न कराने वाले पुद्गल परिणाममें कारण हैं, इसलिये वे दुःखफल स्वरूप हैं और जीव समस्त ही पुद्गलपरिणामका कारण नहीं है इसलिये दुःख फलस्वरूप नहीं है । ऐसा आस्रवोंका और जीवका भेदज्ञान होनेसे जिसके कर्मका उदय शिथिल हो गया है ऐसा यह आत्मा जैसे दिशा बादलोंकी रचनाके अभाव होनेसे निर्मल हो जाती है उस भाँति अमर्यादि विस्तृत तथा स्वभावसे ही प्रकाशमान हुई चिच्छक्ति रूपसे जैसा-जैसा विज्ञानघन स्वभाव होता है वैसा वैसा आस्रवोंसे निवृत्त होता जाता है तथा जैसा जैसा आस्रवोंसे निवृत्त होता जाता है वैसा वैसा विज्ञानघनस्वभाव होता जाता है । सो उतना विज्ञानघनस्वभाव होता है जितना कि आस्रवोंसे सम्यक् निवृत्त होता है । तथा उतना आस्रवोंसे सम्यक् निवृत्त होता है, जितना कि सम्यक् विज्ञानघनस्वभाव होता है । इस प्रकार ज्ञान और आस्रवकी

खल्वास्रवाः, सशरणाः स्वयं गुप्तः सहजचिच्छक्तिर्जीव एव । नित्यमेवाकुलस्वभावत्वाद् दुःखानि खल्वास्रवाः, अदुःखं नित्यमेवानाकुलस्वभावो जीव एव । आयत्यामाकुलत्वोत्पादकस्य पुद्गलपरिणामस्य हेतुत्वाद् दुःखफलाः खल्वास्रवाः अदुःखफलः सकलस्यापि पुद्गलपरिणामस्याहेतुत्वाज्जीव एव । इति विकल्पानंतरमेव शिथिलितकर्मविपाको विघटितघनौघघटनो दिगाभोग इव निरर्गलप्रसरः सहजविजृम्भमाणचिच्छक्तितया यथा यथा विज्ञानघनस्वभावो भवति तथा तथास्रवेभ्यो निवर्तते । यथा यथास्रवेभ्यश्च निवर्तते तथा तथा विज्ञानघनस्वभावो भवतीति । तावद्विज्ञानघनस्वभावो भवति यावत्सम्यगास्रवेभ्यो निवर्त्तते । तावदास्रवेभ्यश्च निवर्त्तते याव-

---

तथा, अशरण, च, दुःख दुःखफल, इति, च, तत् । **मूलधातु**—जीव प्राणधारणे, नि-बन्ध बन्धने, ध्रु स्थैर्ये भ्वादि-ध्रु ध्रुव गतिस्थैर्ययोः तुदादि, नि-वृतु वर्तने भ्वादि । **पदविवरण**—जीवनिबद्धाः—प्रथमा बहुवचन ।

निवृत्तिके समकालता है ।

भावार्थ—आत्मस्वरूप और औपाधिक आस्रवमें भेद जान लेनेके बाद जितना अंश जिस-जिस प्रकार आस्रवोंसे निवृत्त होता है उस-उस प्रकार उतना अंश विज्ञानघनस्वभाव होता जाता है । इस ही प्रक्रियामें तो गुणस्थान ऊँचे-ऊँचे होते जाते हैं । और जब समस्त आस्रवोंसे निवृत्त हो जाता है, तब सम्पूर्ण विज्ञानघनस्वभाव आत्मा होता है । इस प्रकार आस्रवकी निवृत्तिका और ज्ञानके होनेका एक काल जानना चाहिये ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें यह संकेत दिया गया है कि आत्मस्वभाव अथवा आत्मा तथा आस्रवमें भेदज्ञान होनेपर ज्ञानघनभूत होता हुआ आत्मा आस्रवसे निवृत हो जाता है । सो जब इसी सम्बन्धमें यह जिज्ञासा हुई कि ज्ञान और आस्रवनिवृत्तिका काल वही एक अर्थात् समान कैसे है, इस जिज्ञासाका समाधान इस गाथामें दिया है ।

तथ्यप्रकाश—१—जीवमें प्रतिफलित आस्रव बध्यघातकस्वभाव होनेसे जीवनिबद्ध कहलाते हैं, किन्तु जीवका स्वभाव मोदक है, घातक नहीं । २— अतीव क्षणिकत्वकी (समय-समयमें नष्ट होनेकी) अपेक्षासे आस्रवको अध्रुव कहा गया है, किन्तु जीव शाश्वत एकस्वरूप है । ३— छद्मस्थके अनुभवनकी अपेक्षा जाल्पा कुछ ठहरे रहनेपर भी वेगकी घटा बढ़ी होनेसे उतनी भी क्रमसे स्थिरता न होनेसे आस्रवको अनित्य कहा गया है, किन्तु जीवस्वभाव समान स्थिर है । ४— कोई भी विभाव होते ही दूसरे क्षण भी नहीं रह पाता है, नष्ट हो जाता है अतः आस्रव अशरण है, किन्तु जीव सदा स्वयं स्वयंमें है, अतः शरण है । ५—क्रोधादि आस्रव का स्वरूप ही दुःखरूप है, जीवका स्वरूप आनन्दमय है । ६— आस्रवसे नये कर्म बंधते जिनके उदयसे आगे भी दुःख मिलेगा अतः आस्रव दुःखफल वाला है, किन्तु जीव आनन्दमय है उससे सदैव आनन्द ही प्रकट होगा । ७—जीवस्वभाव व आस्रवमें यथार्थतया भेदविज्ञान होते ही उपयोगमें कर्मरस हटता है और स्वभावका विकास होता है । ८— ज्ञानविकास व आस्रव-

स्म्यग्विज्ञानघनस्वभावो भवतीति ज्ञानास्रवनिवृत्त्योः समकालत्वं । इत्येवं विरिच्य संप्रति परद्रव्यान्निवृत्तिं परां, स्वं विज्ञानघनस्वभावमभयादास्तिघ्नुवानः परं । अज्ञानोत्थितकर्तृकर्मकलनात् क्लेशान्निवृत्तः स्वयं, ज्ञानीभूत इतश्चकास्ति जगतः साक्षी पुराणः पुमान् ॥४८॥ ॥७४॥

एते–प्रथमा बहु० । अध्रुवाः–प्रथमा बहु० । अनित्याः–प्रथमा बहु० । तथा–अव्यय । अशरणाः–प्रथमा बहु० । च–अव्यय । दुःखाः–प्रथमा बहु० । दुःखफलाः–प्रथमा बहु० । इति–अव्यय । ज्ञात्वा–असमाप्तिकी क्रिया कृदन्त । निवर्तते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । तेभ्यः–पंचमी बहुवचन ॥७४॥

निवृत्ति इन दोनोंमें परस्पर दोनों ओरसे साध्यसाधकभाव है । ९– ज्ञानविकास तब तक बढ़ता रहता है जब तक पूर्ण आस्रवनिवृत्ति हो जाय । १०– आस्रवनिवृत्ति तब तक होती चली जाती है जब तक पूर्ण ज्ञानस्वभाव प्रकट हो जाय ।

सिद्धान्त—१–क्रोधादि आस्रव कर्मविपाकोदय होनेपर जीवमें निबद्ध होनेसे जीवस्वभावसे विरुद्धस्वभाव हैं । २– क्षणिक कर्मविपाकोदय होने पर हुए जीवविभाव अशरण हैं वे एक क्षणसे अधिक ठहर नहीं सकते । ३–भेदज्ञानातिशयसे कर्मत्व क्षीण होता है । ४– कर्मत्व विघटनसे आत्माकी स्वच्छताका प्रसार होता है ।

दृष्टि— १– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (५२) । २– अशुद्ध सूक्ष्मऋजुसूत्रनय नामक पर्यायार्थिकनय (३४) । ३– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब) । ४– उपाध्यभावापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ अ) ।

प्रयोग—विषय कषायभावोंको अध्रुव, अशरण, दुःखरूप व दुःख फल वाले निरख कर उनसे उपयोगमुख मोड़कर अविकार आत्मस्वरूपमें विश्राम करना चाहिये ॥७४॥

अब इसी अर्थ तथा आगेके कथनकी सूचनारूप काव्य कहते हैं—**इत्येवं** इत्यादि । **अर्थ**—पहले कही हुई रीतिसे परद्रव्यसे उत्कृष्ट सब प्रकार निवृत्ति कर और विज्ञानघन स्वभावरूप केवल अपने आत्माको निःशंक आस्तिक्यभावरूप स्थिरीभूत करता हुआ अज्ञानसे हुई कर्ता-कर्मकी प्रवृत्तिके अभ्याससे हुए क्लेशोंसे निवृत्त हुआ स्व ज्ञानस्वरूप होता हुआ जगतका साक्षी पुराण पुरुष (आत्मा) अब यहाँसे प्रकाशमान होता है ।

यहाँ जिज्ञासा होती कि कोई आत्मा ज्ञानी हुआ यह कैसे पहचाना जा सकता है ? उसका उत्तररूप गाथा कहते हैं:—[**यः**] जो [**आत्मा**] जीव [**एनं**] इस [**कर्मणः परिणामं च**] कर्मके परिणामको [**च तथैव**] और उसी भांति [**नोकर्मणः परिणामं**] नोकर्मके परिणामको [**न करोति**] नहीं करता है, परंतु [**जानाति**] जानता है [**सः**] वह [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**भवति**] है ।

टीकार्थ—वस्तुतः आत्मा मोह, राग, द्वेष, सुख-दुःख आदि स्वरूपसे अन्तरंगमें उत्पन्न

कथमात्मा ज्ञानीभूतो लक्ष्यत इति चेत्—

कम्मस्स य परिणामं णोकम्मस्स य तहेव परिणामं ।
ण करेइ एयमादा जो जाणदि सो हवदि णाणी ॥७५॥

कर्म तथा नोकर्मों-के परिणामको जीव नहिं करता ।
यों सत्य मानता जो, वह सम्यग्दृष्टि ही ज्ञानी ॥७५॥

कर्मणश्च परिणामं नोकर्मणश्च तथैव परिणामं । न करोत्येनमात्मा यो जानाति स भवति ज्ञानी ॥७५॥

यः खलु मोहरागद्वेषसुखदुःखादिरूपेणांतरुत्प्लवमानं कर्मणः परिणामं स्पर्शरसगंधवर्ण-शब्दबंधसंस्थानस्थौल्यसौक्ष्म्यादिरूपेण बहिरुत्प्लवमानं नोकर्मणः परिणामं च समस्तमपि परमार्थतः पुद्गलपरिणामपुद्गलयोरेव घटमृत्तिकयोरिव व्याप्यव्यापकभावसद्भावात्पुद्गलद्रव्येण कर्त्रा स्वतंत्रव्यापकेन स्वयं व्याप्यमानत्वात्कर्मत्वेन क्रियमाणं पुद्गलपरिणामात्मनोर्घटकुंभकारयोरिव व्याप्यव्यापकभावाभावात् कर्तृकर्मत्वासिद्धौ न नाम करोत्यात्मा । किंतु परमार्थतः

नामसंज्ञ—कम्म, य, परिणाम, णोकम्म य, तह, एव, परिणाम, ण, एय, अत्त, ज, त, णाणि । **धातुसंज्ञ**—कर करणे, जाण अवबोधने, हव सत्तायां । **प्रातिपदिक**—कर्मन्, च, परिणाम, नोकर्मन्, च,

---

होने वाले कर्मके परिणामको और स्पर्श, रस, गंध, वर्ण, शब्द, बंध, संस्थान, स्थौल्य, सूक्ष्म आदि रूपसे बाहर उत्पन्न होने वाले नोकर्मके परिणामको नहीं करता है, किन्तु उनके परिणमनोंके ज्ञानरूपसे परिणममान अपनेको ही जानता है, ऐसा जो जानता है वह ज्ञानी है । इसका विवरण इस प्रकार है—ये मोहादिक वे स्पर्शादिक परिणाम परमार्थतः पुद्गलके ही हैं । सो जैसे घड़ेके और मिट्टीके व्याप्य-व्यापकभावके सद्भावसे कर्ता कर्मपना है, उसी प्रकार वे पुद्गलद्रव्यसे स्वतंत्र व्यापक कर्ता होकर किये गये हैं और वे आप अंतरंग व्याप्य रूप होकर व्याप्त हैं, इस कारण पुद्गलके कर्म हैं । परंतु पुद्गलपरिणाम और आत्माका घट और कुम्हारकी तरह व्याप्यव्यापक रूप नहीं है, इसलिये कर्ताकर्मत्वकी असिद्धि है । इसी कारण कर्म व नोकर्मके परिणामको आत्मा नहीं करता । किन्तु परमार्थसे पुद्गलपरिणाम विषयक ज्ञानका और पुद्गलका घट और कुम्हारकी तरह व्याप्यव्यापक भावका अभाव है, अतः उन दोनोंमें कर्ता-कर्मत्वकी सिद्धि न होनेपर आत्मपरिणामके और आत्माके घट मृत्तिकाकी तरह व्याप्यव्यापक भावके सद्भावसे आत्मद्रव्य कर्ताने आप स्वतंत्र व्यापक होकर ज्ञाननामक कर्म किया है, इसलिये वह ज्ञान आप ही आत्मासे व्याप्यरूप होकर कर्मरूप हुआ है, इसी कारण पुद्गल परिणामविषयक ज्ञानको कर्म (कर्मकारक) रूपसे करते हुए आत्माको आप जानता है, ऐसा आत्मा पुद्गलपरिणामरूप कर्म नोकर्मसे अत्यंत भिन्न ज्ञान-

पुद्गलपरिणामज्ञानपुद्गलयोर्घटकुंभकारवद्व्याप्यव्यापकभावाभावात् कर्तृकर्मत्वासिद्धावात्मपरिणामात्मनोर्घटमृत्तिकयोरिव व्याप्यव्यापकभावसद्भावादात्मद्रव्येण कर्त्रा स्वतंत्रव्यापकेन स्वयं व्याप्यमानत्वात्पुद्गलपरिणामज्ञानं कर्मत्वेन कुर्वन्तमात्मानं जानाति सोत्यंतविविक्तज्ञानोभूतो ज्ञानी स्यात् । न चैवं ज्ञातुः पुद्गलपरिणामो व्याप्यः पुद्गलात्मनोर्ज्ञेयज्ञायकसंबंधव्यवहा-

---

तथा, एव, परिणाम, न, एतत्, आत्मन्, यत्, तत्, ज्ञानिन् । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, ज्ञा अवबोधने क्र्यादि, भू सत्तायां । **पदविवरण**—कर्मणः—षष्ठी एकवचन । च—अव्यय । परिणामं—द्वितीया एक० । नोकर्मणः—षष्ठी एक० । च—अव्यय । तथा—अव्यय । एव—अव्यय । परिणामं—द्वितीया एक० । न—अव्यय ।

रूप हुआ ज्ञानी ही है, कर्ता नहीं है । ऐसा होनेपर कहीं ज्ञाता पुरुषके पुद्गलपरिणाम व्याप्यस्वरूप नहीं हैं क्योंकि पुद्गल और आत्माका ज्ञेयज्ञायक संबंध व्यवहारमात्रसे होता हुआ भी पुद्गलपरिणाम निमित्तक ज्ञान ही ज्ञाताके व्याप्य है । इसलिये वह ज्ञान ही ज्ञाताका कर्म है ।

अब इसी अर्थके समर्थनका कलशरूप काव्य कहते हैं— **व्याप्य** इत्यादि । **अर्थ**—व्याप्य व्यापकता तत्स्वरूपके ही होती है अतत्स्वरूपमें नहीं ही होती और व्याप्य-व्यापकभावके संभव बिना कर्ताकर्मकी स्थिति कुछ भी नहीं है ऐसे उदार विवेकरूप और समस्तको साक्षीभूत करनेका स्वभाव जिसका है ऐसे ज्ञानस्वरूप प्रकाशके भारसे अज्ञानरूप अंधकारको भेदता हुआ यह आत्मा ज्ञानी होकर उस समय कर्तृत्वसे रहित हुआ भासता है । **भावार्थ**—जो सब अवस्थाओंमें व्याप्त हो वह तो व्यापक है और जो अवस्थाके विशेष हैं वे व्याप्य हैं । सो द्रव्य तो व्यापक है और पर्याय व्याप्य है । सो द्रव्य पर्याय अभेदरूप ही हैं । जो द्रव्यका आत्मा है वही पर्यायका आत्मा है, ऐसा व्याप्यव्यापक भाव तत्स्वरूपमें ही होता है, अतत्स्वरूपमें नहीं होता । तथा व्याप्यव्यापक भावके बिना कर्ता-कर्मभाव नहीं होता । इस प्रकार जो जानता है वह पुद्गलके और आत्माके कर्ता-कर्मभावको नहीं करता, तभी ज्ञानी होता है और कर्ता कर्मभावसे रहित होकर ज्ञाता द्रष्टा जगतका साक्षीभूत होता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें कहा गया था कि ज्ञान होने और आस्रवनिवृत्ति होनेका काल एक कैसे है ? अब उसी विषयमें जिज्ञासा हो रही है कि आत्मा ज्ञानी हो गया यह कैसे पहिचाना जाये ? उसीके समाधानमें इस गाथाका अवतार हुआ है ।

तथ्यप्रकाश—१— कर्ममें जो मोह राग द्वेष आदि प्रकृति व अनुभागका बंध हुआ था वह परिणमन कर्मका उपादानदृष्टिसे है । २— शरीरमें मोटा पतला रूप आकार आदिक जो परिणमन है वह परिणमन शरीरका उपादान दृष्टिसे है । ३— पुद्गलका परिणमन (मोहादि) पुद्गलमें ही व्याप्य हैं अतः पुद्गलपरिणाम (मोहादि) का कर्ता पुद्गलद्रव्य ही है निश्चयतः, आत्मा कर्ता नहीं । ४—मोहादिक अनुभाग पुद्गलकर्मके द्वारा ही व्याप्य होता है अतः मोहा-

रमात्रे सत्यपि पुद्गलपरिणामनिमित्तकस्य ज्ञानस्यैव ज्ञातुर्व्याप्यत्वात् । व्याप्यव्यापकता तदात्मनि भवेन्नैवातदात्मन्यपि, व्याप्यव्यापकभावसंभवमृते का कर्तृकर्मस्थितिः । इत्युद्दामविवेकघस्मरमहो भारेण भिदंस्तमो, ज्ञानीभूय तदा स एष लसितः कर्तृत्वशून्यः पुमान् ॥४६॥ ॥७५॥

करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । एनं–द्वितीया एक० । आत्मा–प्रथमा एक० । यः–प्रथमा एक० । जानाति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । सः–प्रथमा एक० । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । ज्ञानी–प्रथमा एकवचन ॥७५॥

दिक परिणाम पुद्गलकर्मका कार्य है, आत्माका कार्य नहीं । ५–पुद्गल परिणाम (मोहादिक) आत्मामें प्रतिफलित होते हैं, ज्ञेय होते हैं, इस कारण मोहादिक परिणामका आत्माके साथ ज्ञेय ज्ञायक संबंधका व्यवहार है । ६– पुद्गलपरिणामके ज्ञेय होनेपर आत्माका कर्म पुद्गल परिणामविषयक ज्ञान है और आत्मा इस ज्ञानका कर्ता है, क्योंकि तब आत्मामें व्याप्य वह ज्ञान ही है । ७– अन्तर्व्याप्यव्यापकभाव तदात्मकमें ही हुआ करता है अतदात्मकमें नहीं । ८–अंतर्व्याप्यव्यापकभावमें ही कर्ताकर्मपना होता । ९–पर व परभावोंसे विविक्त ज्ञानज्योतिर्मय सहज अन्तस्तत्त्वका प्रकाश जगनेपर परकर्तृत्वका भ्रम भारान्धकार नष्ट होकर शाश्वत अलौकिक सहज आनन्दका लाभ होता है ।

सिद्धान्त— १– मोह राग द्वेषादि अनुभागका प्रस्फुटन कर्मका परिणाम है । २– दृष्टिगत देहाकार आदि देहका परिणाम है । ३– कर्मनोकर्मादिविषयक प्रतिफलनविकल्प जीवका परिणाम है । ४–जीवाजीवविषयक यथार्थज्ञान ज्ञानीका परिणाम है ।

दृष्टि— १– सभेद अशुद्धनिश्चयनय (४७अ) । २– सभेद अशुद्धनिश्चयनय (४७अ)। ३– सभेद अशुद्धनिश्चयनय (४७अ) । ४– सभेद शुद्धनिश्चयनय (४६अ) ।

प्रयोग—अपनेको कर्म नोकर्म (देह) व आश्रयभूत बाह्य पदार्थ इन समस्त परद्रव्योंके परिणमनसे अलग ज्ञानमात्र निरखनेका पौरुष करना ॥७५॥

अब जिज्ञासा होती है कि जो जीव पुद्गल कर्मको जानता है, उसका पुद्गलके साथ कर्ता-कर्मभाव है या नहीं है ? उसका उत्तर कहते हैं—[**ज्ञानी**] ज्ञानी [**अनेकविधं**] अनेक प्रकारके [**पुद्गलकर्म**] पुद्गलद्रव्यके पर्यायरूप कर्मोंको [**जानन् अपि**] जानता हुआ भी [**खलु**] निश्चयसे [**परद्रव्यपर्याये**] परद्रव्यके पर्यायोंमें [**न परिणमति**] न तो परिणमित होता है [**न गृह्णाति**] न ग्रहण करता है [**न उत्पद्यते**] और न उत्पन्न होता है ।

तात्पर्य—पुद्गलकर्मसे अलग ही रहता हुआ आत्मा पुद्गलकर्मविषयक ज्ञान ही करता है, अतः पुद्गलकर्मके साथ आत्माका कर्ता-कर्मभाव नहीं है ।

टीकार्थ—चूंकि प्राप्य, विकार्य, निर्वर्त्य ऐसे व्याप्यलक्षण वाले पुद्गल परिणामको,

पुद्गलकर्म जानतो जीवस्य सह पुद्गलेन कर्तृकर्मभावः किं भवति किं न भवतीति चेत्—

णवि परिणमइ ण गिह्णइ उप्पज्जइ ण परदव्वपज्जाए ।
णाणी जाणंतो वि हु पुग्गलकम्मं अणेयविहं ॥७६॥

ज्ञानी सुजानता भी, पुद्गल कर्मोंके फल अनंतोंको ।
नहिं परिणमे न पावे, उपजे न परार्थभावोंमें ॥७६॥

नापि परिणमति न गृह्णात्युत्पद्यते न परद्रव्यपर्याये । ज्ञानी जानन्नपि खलु पुद्गलकर्मानेकविधं ॥७६॥

यतो यं प्राप्यं विकार्यं निर्वर्त्यं च व्याप्यलक्षणं पुद्गलपरिणामं कर्म पुद्गलद्रव्येण स्वयमंतर्व्यापकेन भूत्वादिमध्यांतेषु व्याप्य तं गृह्णता तथा परिणमता तथोत्पद्यमानेन च क्रिय-माणं जानन्नपि हि ज्ञानी स्वयमंतर्व्यापको भूत्वा बहिःस्थस्य परद्रव्यस्य परिणामं मृत्तिकाकल-

नामसंज्ञ—ण, वि, ण, ण, परदव्वपज्जाय, णाणि, जाणंत, वि, हु, पुग्गलकम्म, अणेयविह । धातु-संज्ञ—परि-नम नम्रीभावे, गिण्ह ग्रहणे तृतीयगणे, उव पज्ज गतौ, जाण अवबोधने । प्रातिपदिक—न, अपि, न, न, परद्रव्यपर्याय, ज्ञानिन्, जानत्, अपि, खलु, पुद्गलकर्म, अनेकविध । मूलधातु—परि-णम प्रह्व-त्वे शब्दे च, ग्रह उपादाने, क्र्यादि, उत्-पद गतौ दिवादि, ज्ञा अवबोधने, पूरी आप्यायने दिवादि, गल

तात्पर्य—मिथ्यात्वादिक कर्मप्रकृतियाँ तो अजीव हैं और उन प्रकृतियोंके विपाकका सान्निध्य पाकर उपयोगमें जो उस विपाकका प्रतिफलन व विकल्प होता है वह जीव (जीव-विकार) है।

टीकार्थ—जो निश्चयसे मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति इत्यादि अजीव हैं वे अमूर्तिक चैतन्यके परिणामसे अन्य मूर्तिक पुद्गलकर्म हैं और जो मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति इत्यादि जीव हैं वे मूर्तिक पुद्गलकर्मसे अन्य चैतन्यपरिणामके विकार हैं।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि मिथ्यात्व आदि जीव व अजीव दोनोंरूप हैं, इसपर यह जिज्ञासा हुई कि वे जीव अजीवरूप कौन-कौन हैं? इसके समाधानमें यह गाथा आई है।

तथ्यप्रकाश—(१) मिथ्यात्वप्रकृति, अनन्तानुबंधी क्रोधादि १२ चारित्रमोहनीयप्रकृतियाँ, ज्ञानावरण व शरीर अङ्गोपाङ्गादि नामकर्म आदि ये सब अजीव द्रव्यप्रत्यय हैं। (२) मिथ्यात्वभाव, हिंसादि पापभाव, अज्ञान व भावयोग ये सब जीवरूप भावप्रत्यय हैं। (३) द्रव्यप्रत्यय जीवसे पृथक् हैं। (४) भावप्रत्यय पुद्गलकर्मसे पृथक् हैं।

सिद्धान्त—(१) द्रव्यप्रत्यय उपादानरूप पौद्गलिक हैं। (२) भावप्रत्यय उपादानतया जीवरूप हैं।

दृष्टि—१– अशुद्धनिश्चयनय (४७)। २– अशुद्धनिश्चयनय (४७)।

पुद्गलकर्म, यस्तु मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरित्यादि जीवः स मूर्तात्पुद्गलकर्मणोऽन्यश्चैतन्य-परिणामस्य विकारः ॥८८॥

उपयोगः—प्रथमा एक०। अज्ञानं—प्रथमा एक०। अविरतिः—प्रथमा एक०। मिथ्यात्वं—प्रथमा एकवचन। च—अव्यय। जीवः—प्रथमा एकवचन। तु—अव्यय ॥८८॥

प्रयोग—प्रकृतिसे, प्रकृतिनिमित्तक प्रभावसे भिन्न पुरुषतत्त्व (आत्मतत्त्व) को आपा निरखकर इस ही अन्तस्तत्त्वमें रमनेका पौरुष करना ॥८८॥

प्रश्न—जीव मिथ्यात्वादिक भाव चैतन्यपरिणामका विकार किस कारण है ? **उत्तर**—[**मोहयुक्तस्य**] अनादिसे मोहयुक्त [**उपयोगस्य**] उपयोगके [**अनादयः**] अनादिसे लेकर [**त्रयः परिणामाः**] तीन परिणाम हैं वे [**मिथ्यात्वं**] मिथ्यात्व [**अज्ञानं**] अज्ञान [**च अविरतिभावः**] और अविरतिभाव ये तीन [**ज्ञातव्यः**] जानना चाहिये।

टीकार्थ—निश्चयसे समस्त वस्तुओंका स्वरसपरिणमनसे स्वभावभूत स्वरूपपरिणमन में समर्थता होनेपर भी उपयोगका अनादिसे ही अन्य वस्तुभूत मोहयुक्त होनेसे मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति ऐसे तीन प्रकारका परिणामविकार है। और वह स्फटिकमणिकी स्वच्छतामें परके डंकसे परिणामविकार हुएकी भांति परसे भी होता हुआ देखा गया है। जैसे स्फटिककी स्वच्छतामें अपना स्वरूप उज्ज्वलतारूप परिणामकी सामर्थ्य होनेपर भी किसी समय काला, हरा, पीला जो तमाल, केर, सुवर्णपात्र समीपवर्ती आश्रयकी युक्ततासे नीला, हरा, पीला ऐसा तीन प्रकार परिणामका विकार दीखता है, उसी प्रकार आत्माके (उपयोगके) अनादि मिथ्या-दर्शन, अज्ञान, अविरति स्वभावरूप अन्य वस्तुभूत मोहकी युक्तता होनेसे मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति ऐसे तीन प्रकार परिणामविकार निरख लेना चाहिये। **भावार्थ**—आत्माके उपयोग में ये तीन प्रकारके परिणाम विकार अनादि कर्मके निमित्तसे हैं। कहीं ऐसा नहीं है कि पहले आत्मा शुद्ध ही था, अब यह नवीन ही अशुद्ध हुआ हो। ऐसा हो तो सिद्धोंको भी फिरसे अशुद्ध होना चाहिये, किन्तु ऐसा नहीं है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि मिथ्यात्वादि पुद्गलकर्मरूप हैं और उपयोगरूप याने जीवरूप भी हैं। इस कथनपर यह प्रश्न हो जाता है कि चैतन्यस्वरूप जीवके ये मिथ्यात्वादि विकार कैसे हो गये ? इसका उत्तर इस गाथामें है।

तथ्यप्रकाश—(१) सभी पदार्थोंकी भांति उपयोग (जीव) भी स्वरूपपरिणमनमें समर्थ होनेसे परिणमता रहता है। (२) इस उपयोग (जीव) का अनादिवस्त्वन्तरभूत मोहसे युक्तपना होनेसे निमित्तनैमित्तिक योगवश वस्त्वंतरभूत विपाकके अनुरूप मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति-रूप परिणमता रहता है।

मिथ्यादर्शनादिश्चैतन्यपरिणामस्य विकारः कुत इति चेत्—

उवओगस्स अणाई परिणामा तिण्णि मोहजुत्तस्स ।
मिच्छत्तं अण्णाणं अविरदिभावो य णायव्वो ॥८९॥

उपयोग मोहयुतके, अनादिसे तीन परिणमन वर्तें ।
मिथ्या अज्ञान तथा, अविरति इन तीनको जानो ॥८९॥

उपयोगस्यानादयः परिणामास्त्रयो मोहयुक्तस्य । मिथ्यात्वमज्ञानमविरतिभावश्च ज्ञातव्यः ॥८९॥

उपयोगस्य हि स्वरसत एव समस्तवस्तुस्वभावभूतस्वरूपपरिणामसमर्थत्वे सत्यनादिवस्त्वंतरभूतमोहयुक्तत्वान्मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरिति त्रिविधः परिणामविकारः । स तु तस्य स्फटिकस्वच्छताया इव परतोपि प्रभवन् दृष्टः । यथा हि स्फटिकस्वच्छतायाः स्वरूपपरिणामसमर्थत्वे सति कदाचिन्नीलहरितपीततमालकदलीकांचनपात्रोपाश्रययुक्तत्वान्नीलो हरितः पीत इति त्रिविधः परिणामविकारो दृष्टस्तथोपयोगस्यानादिमिथ्यादर्शनाज्ञानाविरतिस्वभाववस्त्वंतरभूतमोहयुक्तत्वान्मिथ्यादर्शनमज्ञानमविरतिरिति त्रिविधः परिणामविकारो दृष्टव्यः ॥८९॥

नामसंज्ञ—उवओग, अणाइ, परिणाम, ति, मोहजुत्त, मिच्छत्त, अण्णाण, अविरदिभाव, य । **धातुसंज्ञ**—जु मिश्रणे, जाण अवबोधने । **प्रकृतिशब्द**—उपयोग, अनादि, परिणाम, त्रि, मोहयुक्त, मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरतिभाव, च, ज्ञातव्य । **मूलधातु**—उप-युजिर् योगे, मुह वैचित्ये, ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**—उपयोगस्य—षष्ठी एकवचन । अनादयः—प्रथमा बहु० । परिणामाः—प्रथमा बहुवचन । त्रयः—प्रथमा बहु० । मोहयुक्तस्य—षष्ठी एक० । मिथ्यात्वं—प्रथमा एक० । अज्ञानं—प्रथमा एक० । अविरतिभावः—प्रथमा एक० । च—अव्यय । ज्ञातव्यः—प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया ॥८९॥

सिद्धान्त—(१) उपयोग (जीव) स्वयं सहज चैतन्यस्वरूपमात्र है । (२) स्वयं सहज चैतन्यस्वरूपका स्वभाव स्वभावविकासरूप परिणमते रहनेका है । (३) उपाधिसम्पर्कमें जीव विकाररूप परिणमता है ।

दृष्टि—१– परमशुद्धनिश्चयनय (४४), शुद्धनय (४६) । २– शुद्धनिश्चयनय (४६) । ३– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (५३) ।

प्रयोग—मोहनीयकर्मविपाकके प्रतिफलनमें आत्मत्वबुद्धि होनेसे संसारसंकटोंकी परम्परा चलती है और ये प्रतिफलन मेरे स्वरूप नहीं, ऐसा दृढ़ निर्णय रखकर कर्मरससे हटकर अविकार सहज चैतन्यस्वरूपमें उपयुक्त होनेका पौरुष करना ॥८९॥

अब आत्माके इन तीन प्रकारके परिणामविकारोंका कर्तृत्व दिखलाते हैं—[एतेषु च] मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति इन तीनोंके अनादिसे निमित्तभूत होनेपर [शुद्धः] यद्यपि शुद्धनय से एक शुद्ध [निरंजनः] निरञ्जन [उपयोगः] उपयोग याने आत्मा है तो भी [एतेषु च]

अथात्मनस्त्रिविधपरिणामविकारस्य कर्तृत्वं दर्शयति—

एएसु य उवओगो तिविहो सुद्धो णिरंजणो भावो ।
जं सो करेदि भावं उवओगो तस्स सो कत्ता ॥९०॥

शुद्ध निरंजन भी यह, उन तीनोंके प्रयोग होनेपर ।
जिन भावोंको करता, कर्ता उपयोग उनका है ॥९०॥

एतेषु चोपयोगस्त्रिविधः शुद्धो निरंजनो भावः । यं स करोति भावमुपयोगस्तस्य स कर्ता ॥९०॥

अथैवमयमनादिविस्वंतरभूतमोहयुक्तत्वादात्मन्युत्प्लवमानेषु मिथ्यादर्शनाज्ञानाविरतिभावेषु परिणामविकारेषु त्रिष्वेतेषु निमित्तभूतेषु परमार्थतः शुद्धनिरंजनानादिनिधनवस्तुसर्वस्व-

---

नामसंज्ञ—एत, य, उवओग, तिविह, सुद्ध, णिरंजण, भाव, ज, त, भाव, उवओग, त, त, कत्तार । **धातुसंज्ञ**—सुज्झ नैर्मल्ये, कर करणे । **प्रकृतिशब्द**—एतत्, च, उपयोग, त्रिविध, शुद्ध, निरंजन, भाव, यत्, तत्, भाव, उपयोग, तत्, तत्, कर्तृ । **मूलधातु**—शुध शौचे दिवादि, निर-अञ्जू व्यक्तिम्रक्षणकान्तिगतिषु जुहोत्यादि, विध विधाने, डुकृञ् करणे, उप-युजिर् योगे । **पदविवरण**—एतेषु—सप्तमी बहु०, च—अव्यय,

---

मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति इन तीनोंके निमित्तभूत होनेपर [त्रिविधः भावः] मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति इस तरह तीन प्रकार परिणाम वाला होता है । [सः] सो वह आत्मा [यं] इन तीनोंमें से जिस [भावं] भावको [करोति] स्वयं करता है [तस्य] उसीका [सः] वह [कर्ता] कर्ता [भवति] होता है ।

टीकार्थ—अब पूर्वोक्त प्रकारसे अनादि अन्यवस्तुभूतमोहसहित होनेसे आत्मामें उत्पन्न हुए जो मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरति भावरूप तीन परिणाम विकार उनके निमित्तभूत होनेपर, यद्यपि आत्माका स्वभाव परमार्थसे देखा जाय तो शुद्ध, निरंजन, एक, अनादिनिधन वस्तुका सर्वस्वभूत चैतन्यभावरूपसे एक प्रकार है, तो भी अशुद्ध सांजन अनेक भावपनेको प्राप्त हुआ तीन प्रकार होकर आप अज्ञानी हुआ कर्तृत्वको प्राप्त होता हुआ विकार रूप परिणामसे जिस जिस भावको आप करता है, उस उस भावका उपयोग निश्चयसे कर्ता होता है ।

भावार्थ—पहले कहा था कि जो परिणमता है, वह कर्ता है सो यहाँ अज्ञानरूप हो कर उपयोगसे जिस रूप परिणमन करता है, उसीका कर्ता कहा जाता है । शुद्ध द्रव्यार्थिकनय से आत्मा कर्ता नहीं है । यहाँ उपयोगको कर्ता कहा, उपयोग और आत्मा एक ही वस्तु है, इसलिये आत्माको ही कर्ता जानना ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया था कि मोहयुक्त उपयोगके तीन प्रकारके विकृत परिणाम होते हैं उन्हींके विषयमें इस गाथामें बताया गया है कि उनका निश्चयसे कर्ता कौन है ?

भूतचिन्मात्रभावत्वेनैकविधोप्यशुद्धसांजनानेकभावत्वमापद्यमानस्त्रिविधो भूत्वा स्वयमज्ञानीभूतः कर्तृत्वमुपढौकमानो विकारेण परिणम्य यं यं भावमात्मनः करोति तस्य तस्य किलोपयोगः कर्ता स्यात् ॥९०॥

उपयोगः—प्रथमा एकवचन, त्रिविधः—प्रथमा एक०, शुद्धः—प्रथमा एक०, निरंजनः—प्रथमा एक०, भावः—प्रथमा एक०, यं—द्वितीया एक०, सः—प्रथमा एक०, करोति—वर्तमान लट् क्रिया पुरुष एक०, भावं—द्वितीया एक० कर्म, उपयोगः—प्रथमा एक० कर्ता, तस्य—षष्ठी एक०, सः—प्रथमा ए०, कर्ता—प्रथमा एकवचन ॥९०॥

तथ्यप्रकाश—(१) उदयागत मिथ्यादर्शन ज्ञानावरण व चारित्रमोह द्रव्यप्रत्ययका निमित्त होनेपर जीव त्रिविध विकृत होता है। (२) परमार्थसे जीव शुद्ध निरञ्जन अनादि-निधन चिन्मात्र वस्तु है। (३) विकारोंसे परिणम परिणम कर जिस-जिस भावको आत्मा करता है आत्मा उस उस भावका कर्ता होता है।

सिद्धान्त—(१) आत्मा मोहयुक्तदशामें अपने विकाररूप परिणमता है सो उस परिणामका कर्ता है। (२) आत्मा परमार्थसे शुद्ध चिन्मात्र वस्तु है।

दृष्टि— १— उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (५३)। २— शुद्धनय (१९८)।

प्रयोग—सर्व परसंगको बाह्य तत्त्व जानकर उससे विविक्त शुद्ध चैतन्यस्वरूप अपने को अनुभवनेका पौरुष करना ॥९०॥

आगे आत्माके तीन प्रकारके परिणामविकारका कर्तापना होनेपर पुद्गलद्रव्य आप ही कर्मत्व रूप होकर परिणमन करता है, ऐसा कहते हैं—[**आत्मा**] आत्मा [**यं भावं**] जिस भावको [**करोति**] करता है [**तस्य भावस्य**] उस भावका [**कर्ता**] कर्ता [**सः**] वह [**भवति**] होता है [**तस्मिन्**] उसके कर्ता होनेपर [**पुद्गलद्रव्यं**] पुद्गलद्रव्य [**स्वयं**] अपने आप [**कर्मत्वं**] कर्मरूप [**परिणमते**] परिणमन करता है।

तात्पर्य—आत्मा जिस विभावको करता है उस विभावका निमित्त पाकर पुद्गलद्रव्य स्वयं कर्मरूप परिणम जाता है।

टीकार्थ—आत्मा निश्चयसे आप ही उस प्रकार परिणमन कर प्रगटरूपसे जिस भाव को करता है उसका यह कर्ता होता है, जैसे मंत्र साधने वाला पुरुष जिस प्रकारके ध्यानरूप-भावसे स्वयं परिणमन करता है, उसी ध्यानका कर्ता होता है और समस्त उस साधकके साधने योग्य भावकी अनुकूलतासे उस ध्यानभावके निमित्तमात्र होनेपर उस साधकके बिना ही अन्य सर्पादिककी विषकी व्याप्ति स्वयमेव मिट जाती है, स्त्री जन विडम्बनारूप हो जाती हैं और बंधन खुल जाते हैं इत्यादि कार्य मंत्रके ध्यानकी सामर्थ्यसे हो जाते हैं। उसी प्रकार यह आत्मा अज्ञानसे मिथ्यादर्शनादिभावसे परिणमन करता हुआ मिथ्यादर्शनादिभावका कर्ता होता

अथात्मनस्त्रिविधपरिणामविकारकर्तृत्वे सति पुद्गलद्रव्यं स्वत एव कर्मत्वेन परिणमतीत्याह—

जं कुणइ भावमादा कत्ता सो होदि तस्स भावस्स ।
कम्मत्तं परिणमदे तह्मि सयं पुग्गलं दव्वं ॥६१॥

जीव जो भाव करता, होता उस भावका वही कर्ता ।
उसके होते पुद्गल, स्वयं कर्मरूप परिणमता ॥६१॥

यं करोति भावमात्मा कर्ता स भवति तस्य भावस्य । कर्मत्वं परिणमते तस्मिन् स्वयं पुद्गलद्रव्यं ॥६१॥

आत्मा ह्यात्मना तथापरिणमनेन यं भावं किल करोति तस्यायं कर्ता स्यात्साधकवत् तस्मिन्निमित्ते सति पुद्गलद्रव्यं कर्मत्वेन स्वयमेव परिणमते । तथाहि—यथा साधकः किल तथाविधध्यानभावेनात्मना परिणममानो ध्यानस्य कर्ता स्यात् । तस्मिंस्तु ध्यानभावे सकलसाध्यभावानुकूलतया निमित्तमात्रीभूते सति साधकं कर्तारमन्तरेणापि स्वयमेव बाध्यंते विषव्या-

नामसंज्ञ—ज, भाव, अत्त, कत्तार, त, त, भाव, कम्मत्त, त, सयं, पुग्गल, दव्व । **धातुसंज्ञ**—कुण करणे, हो सत्तायां, परि-नम नम्रीभावे । **प्रकृतिशब्द**—यत्, भाव, आत्मन्, कर्तृ, तत्, तत्, भाव, कर्मत्व, तत्, स्वयं, पुद्गल, द्रव्य । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, भू सत्तायां, परि-णम प्रह्वत्वे, पूरी आप्यायने दिवादि व चुरादि, गल स्रवणे चुरादि । **पदविवरण**—यं—द्वितीया एक० कर्मविशेषण, करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया, भावं—द्वितीया एक० कर्म, आत्मा—प्रथमा एक०, कर्ता—प्रथमा एक०, सः—प्र० ए०,

है, तब उस मिथ्यादर्शनादिभावके अपनी अनुकूलतासे निमित्तमात्र होनेपर आत्मा कर्ताके बिना पुद्गलद्रव्य आप ही मोहनीयादि कर्मरूपसे परिणमन करता है । **भावार्थ**—आत्मा जब अज्ञान रूप परिणम करता है, तब किसीसे ममत्व करता है, किसीसे राग करता है, किसीसे द्वेष करता है, उन भावोंका आप कर्ता होता है । उस विकारभावके निमित्तमात्र होनेपर पुद्गलद्रव्य आप अपने भावसे कर्मरूप होकर परिणमन करता है । यहाँ यद्यपि परस्पर निमित्तनैमित्तिक भाव है । तो भी कर्ता दोनों अपने-अपने भावके हैं, यह निश्चय है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया है कि आत्मा त्रिविध परिणाम विकारका कर्ता है । सो इस सम्बन्धमें यह जिज्ञासा होती है कि इस स्थितिसे बिगाड़ और क्या होता है उसका समाधान इस गाथामें है ।

तथ्यप्रकाश—(१) यह जीव जिस परिणामसे परिणमता है उसी भावका कर्ता होता है । (२) जीवके विभावपरिणमनका निमित्त पाकर पुद्गलद्रव्य स्वयमेव कर्मरूपसे परिणमता है । (३) पुद्गलद्रव्यका कर्मरूप परिणमन मात्र उस पुद्गलद्रव्यमें अन्य द्रव्य (जीव) का परिणमन लिये बिना उसीके परिणमनसे होता है यह स्वयं परिणमनेका अर्थ है । (४) विकार

ष्यो, विडंब्यंते योषितो, ध्वंस्यंते बंधास्तथायमज्ञानादात्मा मिथ्यादर्शनादिभावेनात्मना परिणममानो मिथ्यादर्शनादिभावस्य कर्ता स्यात्। तस्मिंस्तु मिथ्यादर्शनादौ भावे स्वानुकूलतया निमित्तमात्रीभूते सत्यात्मानं कर्तारमंतरेणापि पुद्गलद्रव्यं मोहनीयादिकर्मत्वेन स्वयमेव परिणमते ॥६१॥

भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया, तस्य–षष्ठी एकवचन, भावस्य–षष्ठी एक०, कर्मत्वं–प्र० ए० अथवा अव्यय क्रियाविशेषण यथा स्यात्तथा, परिणमते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया, तस्मिन्–सप्तमी एक०, स्वयं–अव्यय, पुद्गलं–प्र० ए०, द्रव्यम्–प्रथमा एकवचन ॥ ६१ ॥

रूप परिणमन उपाधिसम्पर्क बिना सम्भव नहीं है।

सिद्धान्त––(१) द्रव्यप्रत्ययके सन्निधानमें आत्मा अपने विकारभावसे परिणमता है। (२) आत्माके विकारभावके सन्निधानमें पुद्गलकार्माणद्रव्य अपने कर्मत्वरूप विकारसे परिणमता है। (३) परिणमन सबका अपने स्वयंमें स्वयंके लिये स्वयंसे स्वयंकी परिणतिसे होता है।

दृष्टि– १– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४)। २– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४)। ३– कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (७३), कारककारकिभेदक अशुद्ध सद्भूतव्यवहार (७३अ)।

प्रयोग—जीव और कर्मका औपाधिक परिणमन होनेसे परभावपना जानकर उससे मुक्त होनेकी सुगमतापर उत्साह बढ़ाना और उनसे मुक्त होनेके एकमात्र साधनभूत सहज चैतन्यस्वरूपमें रत होकर तृप्त होना ॥६१॥

अज्ञानसे ही कर्म होता है ऐसा अब तात्पर्य कहते हैं––[**अज्ञानमयः**] अज्ञानमय [**सः जीवः**] वह जीव [**परं**] परको [**आत्मानं कुर्वन्**] आपरूप करता है [**च**] और [**आत्मानं अपि**] अपनेको [**परं**] पररूप [**कुर्वन्**] करता हुआ [**कर्मणां**] कर्मोंका [**कारकः**] कर्ता [**भवति**] होता है।

तात्पर्य––स्व व परमें एकत्वकी अवस्था रखने वाला अज्ञानी है और कर्मका कर्ता है।

टीकार्थ––यह आत्मा अज्ञानसे परके और अपने विशेषका भेदज्ञान न होनेपर अन्य को तो अपने करता है, और अपनेको अन्यके करता है, इस प्रकार स्वयं अज्ञानी हुआ कर्मोंका कर्ता होता है। जैसे शीत उष्णका अनुभव करानेमें समर्थ जो पुद्गल परिणामकी शीत उष्ण अवस्था है वह पुद्गलसे अभिन्न होनेसे आत्मासे नित्य ही अत्यंत भिन्न है, वैसे उस प्रकारका अनुभव करानेमें समर्थ जो रागद्वेष सुखदुःखादिरूप पुद्गल परिणामकी अवस्था वह पुद्गलकी अभिन्नताके कारण आत्मासे नित्य ही अत्यन्त भिन्न है। तथा उस पौद्गलिककर्मविपाकके

अज्ञानादेव कर्म प्रभवतीति तात्पर्यमाह—

परमप्पाणं कुव्वं अप्पाणं पि य परं करिंतो सो।
अण्णाणमओ जीवो कम्माणं कारगो होदि ॥९२॥

परको अपना करता, अपनेको भि परूप यह करता।
अज्ञानमयी आत्मा, सो कर्ता होय कर्मोंका ॥९२॥

परमात्मानं कुर्वन्नात्मानमपि च परं कुर्वन् सः। अज्ञानमयो जीवः कर्मणां कारको भवति ॥९२॥

अयं किलाज्ञानेनात्मा परात्मनोः परस्परविशेषानिज्ञाने सति परमात्मानं कुर्वन्नात्मानं च परं कुर्वन्स्वयमज्ञानमयीभूतः कर्मणां कर्ता प्रतिभाति। तथाहि—तथाविधानुभवसंपादनसमर्थायाः रागद्वेषसुखदुःखादिरूपायाः पुद्गलपरिणामावस्थायाः शीतोष्णानुभवसंपादनसमर्थायाः शीतोष्णायाः पुद्गलपरिणामावस्थाया इव पुद्गलादभिन्नत्वेनात्मनो नित्यमेवात्यंतभिन्नायास्तन्निमित्तं तथाविधानुभवस्य चात्मनोऽभिन्नत्वेन पुद्गलान्नित्यमेवात्यंतभिन्नस्याज्ञानात्परस्परवि-

---

नामसंज्ञ—पर, अप्प, कुव्वन्त्, अप्प, पि, य, करिन्त्, त, अण्णाणमय, जीव, कम्म कारग। **धातुसंज्ञ**—कुव्व करणे, कर करणे, हो सत्तायां। **प्रकृतिशब्द**—पर, आत्मन्, अपि, च, पर, तत्, अज्ञानमय, जीव, कर्मन्, कारक। **मूलधातु**—अत सातत्यगमने, डुकृञ् करणे, जीव प्राणधारणे, भ्वादि, भू सत्तायां। **पदविवरण**—परं—द्वितीया एक०। आत्मानं—द्वितीया एक०। कुर्वन्—प्रथमा एकवचन कृदन्त। आत्मानं—

निमित्तसे हुए उस प्रकारके रागद्वेषादिकके अनुभवका आत्मासे अभिन्नताके कारण पुद्गलसे नित्य ही अत्यन्त भिन्नता है, तो भी उस पुद्गल परिणामरूप रागद्वेषादिकका और उसके अनुभवका अज्ञानसे परस्पर भेदज्ञान न होनेसे एकत्वके निश्चयसे यद्यपि जिस प्रकार शीत उष्णरूपसे आत्मा परिणमन करनेमें असमर्थ है, उसी प्रकार रागद्वेष सुख-दुःखादिरूप भी अपने आप परिणमन करनेमें असमर्थ है तो भी रागद्वेषादिक पुद्गल परिणामकी अवस्थाको उसके अनुभवका निमित्तमात्र होनेसे अज्ञानस्वरूप रागद्वेषादिरूप परिणमन करता हुआ अपने ज्ञानकी अज्ञानताको प्रकट करता आप अज्ञानी हुआ 'यह मैं रागी हूं' इत्यादि विधानकर ज्ञानविरुद्ध रागादिककर्मका कर्ता प्रतिभासित होता है।

भावार्थ—रागद्वेष सुख-दुःखादि अवस्था पुद्गलकर्मके उदयका स्वाद है, अतः यह उदयविपाक पुद्गलकर्मसे अभिन्न है, आत्मासे अत्यन्त भिन्न है। आत्माको अज्ञानसे इसका भेदज्ञान नहीं है, इसलिए ऐसा जानता है कि यह स्वाद मेरा ही है, क्योंकि ज्ञानकी स्वच्छता ऐसी ही है कि रागद्वेषादिका विपाक (स्वाद) शीत उष्णकी तरह ज्ञानमें प्रतिबिम्बित होता है तब ऐसा मालूम होता है कि मानो ये ज्ञान ही हैं। इस कारण ऐसे अज्ञानसे इस अज्ञानी जीवके इनका कर्तृत्व भी आया। क्योंकि इसके ऐसी मान्यता हुई कि मैं रागी हूं, द्वेषी हूं,

शेषानिर्ज्ञानि सत्येकत्वाध्यासात् शीतोष्णरूपेणैवात्मना परिणमितुमशक्येन रागद्वेषसुखदुःखादिरूपेणाज्ञानात्मना परिणममानो ज्ञानस्याज्ञानत्वं प्रकटीकुर्वन्स्वयमज्ञानमयीभूत एषोहं रज्ये इत्यादिविधिना रागादेः कर्मणो (ज्ञानविरुद्धस्य) कर्ता प्रतिभाति ॥६२॥

द्वितीया एक० । अपि–अव्यय । च–अव्यय । परं–द्वितीया एक० । कुर्वन्–प्रथमा एक० कृदन्त । सः–प्रथमा एक० । अज्ञानमयः–प्रथमा एक० । जीवः–प्रथमा एक० कर्ता । कर्मणां–षष्ठी बहु० । कारकः–प्रथमा ए० । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥६२॥

क्रोधी हूं, मानी हूं इत्यादि । इस प्रकार वह परका कर्ता होता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया था कि आत्माके जीवपरिणाम विकार कर्मका कर्तृत्व होनेपर पुद्गलकार्माण द्रव्य स्वयं कर्मरूपसे परिणमता है । इसी विषयका मौलिक तात्पर्य यह है कि अज्ञानसे कर्मका प्रभव होता है यही इस गाथामें स्पष्ट किया है ।

तथ्यप्रकाश—१–परको आत्मरूप व आत्माको पररूप मानना अज्ञान है । २–अज्ञानसे आत्मा मैं रागी द्वेषी हूं आदि विधिसे भावकर्मका कर्ता है । ३– रागद्वेषप्रकृतिरूप पुद्गलपरिणाम आत्मासे अत्यन्त भिन्न है । ४– रागद्वेषप्रकृतिरूप पुद्गलपरिणाम पुद्गलसे अभिन्न है । ५– रागद्वेषप्रकृतिविपाकनिमित्तक रागद्वेषभावानुभव पुद्गलसे अत्यन्त भिन्न है । ६– रागद्वेषप्रकृतिविपाकनिमित्तक रागद्वेषभावानुभव उस समय जीवसे अभिन्न है । ७– जीव अज्ञानात्मक रागद्वेषविपाकरूपसे परिणम नहीं सकता, किन्तु उसरूपसे अपना परिणमना मानना, यह अज्ञानमय भाव है ।

सिद्धान्त— १– परको आत्मा माननेकी मान्यताका कर्तृत्व अज्ञानी जीवमें है । २– रागद्वेषप्रकृतिविपाकोदय होनेपर जीवमें रागद्वेषभावानुभवन होता है ।

दृष्टि— १– कारककारकिभेदक अशुद्ध सद्भूतव्यवहार (७३अ), अशुद्ध निश्चयनय (४७) । २– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) ।

प्रयोग—विपरीतमान्यतासे ही विकारोंका प्रादुर्भाव जानकर यथार्थ ज्ञानबलसे विपरीत मान्यता समाप्त करके अपनेमें कृतार्थताका अभ्युदय करना ॥६२॥

अब कहते हैं कि ज्ञानसे कर्म नहीं उत्पन्न होता—[जीवः] जीव [आत्मानं] अपनेको [परं] पररूप [अकुर्वन्] नहीं करता हुआ [च] और [परं] परको [आत्मानं अपि] अपने रूप भी [अकुर्वन्] नहीं करता हुआ [सः] वह [ज्ञानमयः] ज्ञानमय [जीवः] जीव [कर्मणां] कर्मों का [अकारकः] करने वाला नहीं [भवति] है ।

तात्पर्य—कर्मविपाकको आपा न माननेवाला ज्ञानी जीव कर्मका कर्ता नहीं होता है ।

टीकार्थ—यह जीव ज्ञानसे परका और अपना परस्पर भेदज्ञान होनेसे परको तो

ज्ञानात्तु न कर्म प्रभवतीत्याह—

परमप्पाणमकुव्वं अप्पाणं पि य परं अकुव्वंतो।
सो णाणमओ जीवो कम्माणमकारओ होदि ॥९३॥

परको निज नहिं करता, अपनेको न पररूप करता यह।
संज्ञानमयी आत्मा, कर्ता होता न कर्मोंका ॥९३॥

परमात्मानमकुर्वन्नात्मानमपि च परमकुर्वन्। स ज्ञानमयो जीवः कर्मणामकारका भवति ॥९३॥

अयं किल ज्ञानादात्मा परात्मनोः परस्परविशेषनिज्ञाने सति परमात्मानमकुर्वन्नात्मानं च परमकुर्वन्स्वयं ज्ञानमयीभूतः कर्मणामकर्ता प्रतिभाति। तथाहि—तथाविधानुभवसंपादनसमर्थायाः रागद्वेषसुखदुःखादिरूपायाः पुद्गलपरिणामावस्थायाः शीतोष्णानुभवसंपादनसमर्थायाः शीतोष्णायाः पुद्गलपरिणामावस्थाया इव पुद्गलादभिन्नत्वेनात्मनो नित्यमेवात्यंतभिन्नायास्त-

---

नामसंज्ञ—पर, अप्प, अकुव्वंत, अप्प, पि, य, पर, अकुव्वंत, त, णाणमअ, जीव, कम्म, अकारअ। **धातुसंज्ञ**—कुव्व करणे, हो सत्तायां। **प्रकृतिशब्द**—पर, आत्मन्, आत्मन्, अपि, च, पर, तत्, ज्ञानमय, जीव, कर्मन्, अकारक। **मूलधातु**—अत सातत्यगमने, डुकृञ् करणे, ज्ञा अवबोधने, जीव प्राणधारणे, भू

आत्मरूप नहीं करता हुआ और अपनेको पररूप नहीं करता हुआ आप ज्ञानी हुआ कर्मोंका अकर्ता प्रतिभासित होता है। उसीको स्पष्ट करते हैं—जैसे शीत उष्ण अनुभव करानेमें समर्थ शीत उष्णस्वरूप पुद्गलपरिणामकी अवस्था पुद्गलसे अभिन्न होनेके कारण आत्मासे नित्य ही अत्यंत भिन्न है, उसी प्रकार रागद्वेष सुख दुःखादिरूप अनुभव करानेमें समर्थ राग-द्वेष सुख-दुःखादिरूप पुद्गलपरिणामकी अवस्था पुद्गलसे अभिन्न होनेके कारण आत्मासे नित्य ही, अत्यंत भिन्न है, तथा ऐसी पुद्गलविपाक अवस्थाके निमित्तसे हुआ उस प्रकारका अनुभव आत्मासे अभिन्नताके कारण पुद्गलसे अत्यंत सदा ही भिन्न है। ऐसी दोनोंकी भिन्नताके ज्ञानसे परस्पर विशेषका भेदज्ञान होनेपर नानात्वके विवेकसे, जैसे शीत उष्ण रूप आत्मा स्वयं परिणमनमें असमर्थ है, उसी प्रकार राग-द्वेष सुख-दुःखादिरूप भी स्वयं परिणमन करनेमें असमर्थ है। इस प्रकार अज्ञानस्वरूप जो राग-द्वेष-सुख-दुःखादिक उन रूपसे न परिणमन करता, ज्ञानके ज्ञानत्वको प्रकट करता, ज्ञानमय हुआ ज्ञानी ऐसा जानता है कि "यह मैं रागद्वेषादिकको जानता ही हूं और ये पुद्गल रागरूप होते हैं। इत्यादि विधानसे सर्व ही ज्ञानविरुद्ध रागादिककर्मका अकर्ता प्रतिभासित होता है।

भावार्थ—जब ज्ञानी राग-द्वेष सुख-दुःख अवस्थाको ज्ञानसे भिन्न जानता है कि 'जैसे पुद्गलकी शीत उष्ण अवस्था तद्विषयक ज्ञानसे भिन्न है, उसी प्रकार रागद्वेषादिक भी तद्विषयक ज्ञानसे भिन्न हैं' ऐसा भेदज्ञान हो तब अपनेको ज्ञाता जाने व रागादिको पुद्गलको

न्निमित्तशीतोष्णावस्थानुभवस्य चात्मनोऽभिन्नत्वेन पुद्गलान्नित्यमेवात्यंतभिन्नस्य ज्ञानात्परस्परविशेषनिश्चिते सति नानात्वविवेकाच्छीतोष्णरूपेणेवात्मना परिणमितुमशक्येन रागद्वेषसुखदुःखादिरूपेणाज्ञानात्मना मनागप्यपरिणममानो ज्ञानस्य ज्ञानत्वं प्रकटीकुर्वन् स्वयं ज्ञानमयीभूतः एषोहं जानाम्येव, रज्यते तु पुद्गल इत्यादिविधिना समग्रस्यापि रागादेः कर्मणो ज्ञानविरुद्धस्याकर्ता प्रतिभाति ॥६३॥

सत्तायां। पदविवरण—परं–द्वितीया एकवचन। आत्मानं–द्वितीया एकवचन। अकुर्वन्–अ-कुर्वन्–प्रथमा एक० कृदंत। सः–प्रथमा एकवचन। ज्ञानमयः–प्रथमा एक०। जीवः–प्रथमा एक० कर्ता। कर्मणां–षष्ठी बहु०। अकारकः–प्रथमा एक०। भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन ॥६३॥

जाने। ऐसा होनेपर इनका कर्ता आत्मा नहीं होता ज्ञाता ही रहता है, क्योंकि ज्ञानी जानता है कि जैसे शीत-उष्ण अवस्था पुद्गलकी है वह आत्माकी नहीं, ऐसे ही रागादि अनुभाग दशा पुद्गलकर्मकी है वह आत्माकी नहीं है, आत्माकी दशा तो तद्विषयक अनुभव है जो कि पुद्गलसे बिल्कुल जुदा है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें कहा गया था कि अज्ञानसे कर्मका प्रभव होता है। अब उसीके प्रतिपक्षमें कहते हैं कि यथार्थ ज्ञान होनेसे कर्मका प्रभव नहीं होता है।

तत्त्वप्रकाश—१– स्वपरका यथार्थ ज्ञान होनेसे आत्मा परको आपा नहीं मानता तथा आत्माको पररूप नहीं मानता है यही मूलमें ज्ञानमय भाव है। २– आत्मा स्वयं रागद्वेषादि विपाकरूप परिणम तो सकता ही नहीं था अब भेदज्ञान होनेसे अज्ञानात्मक रागद्वेषादिरूपसे रंच भी नहीं परिणमता। ३–ज्ञानीके यह स्पष्ट निर्णय है कि यह मैं तो मात्र जानता ही हूं, कर्मप्रतिफलन हो उसे भी मात्र जानता हूं, मूलतः रागरूप तो पुद्गल हैं। ४–मैं मात्र जानन भावका ही करने वाला हूं इस दृढ़ निर्णयके कारण ज्ञानी समस्त रागादि परभावोंका अकर्ता है।

सिद्धान्त—१– आत्मा स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावसे है। २– आत्मा पुद्गलकर्मादि समस्त परपदार्थोंके द्रव्य-क्षेत्र-काल-भावसे नहीं है। ३– स्वपरके यथार्थ ज्ञान और ज्ञानभावना करने वाला ज्ञानी अज्ञानमय कर्मका अकर्ता है।

दृष्टि—१– स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२८)। २– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९)। ३– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब)।

प्रयोग—परको पर निजको निज जानकर ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वमें रत होकर कृतकृत्य होनेका पौरुष करना ॥६३॥

अब कहते हैं कि कैसे अज्ञानसे कर्म उत्पन्न होता है? [एषः] यह [त्रिविधः] तीन

कथमज्ञानात्कर्म प्रभवतीति चेत्—

तिविहो एसुवओगो अप्पवियप्पं करेइ कोहोहं।
कत्ता तस्सुवओगस्स होइ सो अत्तभावस्स ॥६४॥

उपयोग त्रिविध यह हो, क्रोध हूं यों स्वविकल्प करता है।
सो उस आत्मभावमय, होता उपयोगका कर्ता ॥६४॥

त्रिविध एष उपयोग आत्मविकल्पं करोति क्रोधोहं। कर्ता तस्योपयोगस्य भवति स आत्मभावस्य ॥६४॥

एष खलु सामान्येनाज्ञानरूपो मिथ्यादर्शनाज्ञानाविरतिरूपस्त्रिविधः सविकारश्चैतन्यपरिणामः परात्मनोरविशेषदर्शनेनाविशेषज्ञानेनाविशेषविरत्या च समस्तं भेदमपह्नुत्य भाव्यभावकभावापन्नयोश्चेतनाचेतनयोः सामानाधिकरण्येनानुभवनात्क्रोधोहमित्यात्मनो विकल्पमुत्पादयति। ततोयमात्मा क्रोधोहमिति भ्रांत्या सविकारेण चैतन्यपरिणामेन परिणमन् तस्य सवि-

---

नामसंज्ञ—तिविह, एत, उवओग, अप्पवियप्प, कोह, अम्ह, कत्तार, त, उवओग, त, अत्तभाव। **धातुसंज्ञ**—उव-जुंज योगे, कर करणे, हो सत्तायां। **प्रकृतिशब्द**—त्रिविध, एतत्, उपयोग आत्मविकल्प, क्रोध, अस्मद्, कर्तृ, तत्, उपयोग, तत्, आत्मभाव। **मूलधातु**—विध विधाने, उप-युजिर् योगे, डुकृञ्

प्रकारका [**उपयोगः**] उपयोग [**आत्मविकल्पं**] अपनेमें विकल्प [**करोति**] करता है कि [**अहं क्रोधः**] मैं क्रोधस्वरूप हूं, [**सः**] सो वह [**तस्य**] उस [**उपयोगस्य**] उपयोगरूप [**आत्मभावस्य**] अपने भावका [**कर्ता**] कर्ता [**भवति**] होता है।

तात्पर्य—अज्ञानी जीव क्रोधादिस्वरूप अपनेको मानता है, अतः वह क्रोधादिरूप अपने उपयोगका कर्ता होता है।

टीकार्थ—वास्तवमें यह सामान्यतः अज्ञानरूप मिथ्यादर्शन अज्ञान और अविरतिरूप तीन प्रकारका सविकार चैतन्य परिणाम पर और आत्माको अभेदश्रद्धासे, अभेदज्ञानसे और अभेदरूप रतिसे सब भेदको ओझल कर भाव्यभावकभावको प्राप्त हुए चेतन अचेतन दोनोंको समान अनुभव करनेसे 'मैं क्रोध हूं' ऐसा असद्भूत आत्मविकल्प उत्पन्न करता है याने वह क्रोधको ही अपना जानता है। इस कारण यह आत्मा 'मैं क्रोध हूं' ऐसी भ्रांतिसे विकार सहित चैतन्य परिणामसे परिणमन करता हुआ, उस विकारसहित चैतन्यपरिणामरूप अपने भावका कर्ता होता है। इसी प्रकार क्रोध पदके परिवर्तनसे मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, कर्म, नोकर्म, मन, वचन, काय, श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रसन, स्पर्शन, इन सोलह सूत्रोंका व्याख्यान करना चाहिये। और इसी उपदेशसे अन्य भी विचार लेना चाहिये।

भावार्थ—मिथ्यादर्शन, अज्ञान और अविरति ऐसे त्रिविध विकारसहित चैतन्यपरिणाम अपना और परका भेद न जानकर मैं क्रोधी हूं, मैं मानी हूं इत्यादि मानता है ऐसा

कारचैतन्यपरिणामरूपस्यात्मभावस्य कर्ता स्यात् । एवमेव च क्रोधपदपरिवर्तनेन मानमाया-लोभमोहरागद्वेषकर्मनोकर्ममनोवचनकायश्रोत्रचक्षुर्घ्राणरसनस्पर्शनसूत्राणि षोडश व्याख्येयान्यनया दिशान्यान्यप्यूह्यानि ॥९४॥

करणे, कुस क्रोधे, भू सत्तायां । **पदविवरण**—त्रिविधः–प्रथमा एक० । एषः–प्रथमा एक० । उपयोगः–प्रथमा एकवचन । आत्मविकल्पं–द्वितीया एक० । करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । क्रोधः–प्रथमा एक० । अहं–प्रथमा एक० । कर्ता–प्रथमा एक० । तस्य–षष्ठी एक० । उपयोगस्य–षष्ठी एक० । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । सः–प्रथमा एक० । आत्मभावस्य–षष्ठी एकवचन ॥९४॥

माननेसे अपने विकार सहित चैतन्य परिणामका यह अज्ञानी जीव कर्ता होता है और वह अज्ञानभाव कर्म होता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि अज्ञानसे कर्म (भावकर्म) का प्रभव होता है और ज्ञानसे कर्मका प्रभव नहीं होता । सो अब यहाँ यह पूछा गया कि अज्ञान से कर्म कैसे उत्पन्न होते हैं इसीके समाधानमें यह गाथा आई है ।

तथ्यप्रकाश—(१) सर्वज्ञता न होने तक जो भी सोपाधि सविकार चैतन्यपरिणाम है वह सब सामान्यसे अज्ञानरूप है । (२) सम्यक्त्व न होने तक मिथ्याज्ञानरूप अज्ञान है । (३) मिथ्याज्ञानी याने प्रबल अज्ञानी अज्ञानसे भाव्य अपनेको और भावक कर्मविपाकरस क्रोधादि को एक आधाररूपसे अनुभव करके "मैं क्रोध आदि हूं" ऐसा विकल्प बनाता है सो वह सविकार चैतन्यपरिणामरूप भावकर्मका कर्ता होता है ।

सिद्धान्त—(१) जीव अज्ञानसे अज्ञानमय भावकर्मका कर्ता है । (२) अज्ञानदशामें भी पर्याय एक अवक्तव्य है उसका व्यवहारसे मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरतिरूप तीन प्रकारों में वर्णन होता है ।

दृष्टि—१– अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २– सभेद अशुद्धनिश्चयनय (४७अ), उपचरित अशुद्ध सद्भूतव्यवहार (७५)।

प्रयोग—अपने अविकार चित्स्वरूप और कर्मरसमें अभेदबुद्धिसे ही सर्वसंकट होना जानकर अविकार चित्स्वरूपमें ही आत्मत्व स्वीकार कर इस अन्तःस्वरूपमें मग्न होनेका पुरुषार्थ करना ॥९४॥

अज्ञानी धर्मद्रव्य आदि अन्य द्रव्योंमें भी कैसा आत्मविकल्प करता है:—[एष] यह [त्रिविधः] तीन प्रकारका [उपयोगः] उपयोग [धर्मादिकं] धर्म आदिक द्रव्यरूप [आत्मविकल्पं] आत्मविकल्प [करोति] करता है याने उनको अपने जानता है [सः] सो वह [तस्य] उस [उपयोगस्य] उपयोगरूप [आत्मभावस्य] अपने भावका [कर्ता] कर्ता [भवति] होता है ।

तिविहो एसुवओगो अप्पवियप्पं करेदि धम्माई ।
कत्ता तस्सुवओगस्स होदि सो अत्तभावस्स ॥६५॥

उपयोग त्रिविध यह ही, धर्मादिक हूं विकल्प यों करता ।
सो उस आत्मभावमय, होता उपयोगका कर्ता ॥६५॥

त्रिविध एष उपयोग आत्मविकल्पं करोति धर्मादिकं । कर्ता तस्योपयोगस्य भवति स आत्मभावस्य ॥६५॥

एष खलु सामान्येनाज्ञानरूपो मिथ्यादर्शनाज्ञानाविरतिरूपस्त्रिविधः सविकारश्चैतन्यपरिणामः परस्परमविशेषदर्शनेनाविशेषज्ञानेनाविशेषविरत्या च समस्तं भेदमपह्नुत्य ज्ञेयज्ञायकभावापन्नयोः परात्मनोः सामानाधिकरण्येनानुभवनाद्धर्मोऽहमधर्मोऽहमाकाशमहं कालोऽहं पुद्गलोऽहं जीवांतरमहमित्यात्मनो विकल्पमुत्पादयति । ततोऽयमात्म धर्मोऽहमधर्मोऽहमाकाशमहं

नामसंज्ञ—तिविह, एत, उवओग, अप्पवियप्प, धम्मादि, कत्तार, त, अत्तभाव । **धातुसंज्ञ**—उव-उज्ज योगे, कर करणे, हो सत्तायां । **प्रकृतिशब्द**—त्रिविध, एतत्, उपयोग, आत्मविकल्प, धर्मादिक, कर्तृ, तत्, उपयोग, तत्, आत्मभाव । **मूलधातु**—धृञ् धारणे भ्वादि, उप-युजिर् योगे । **पदविवरण**—त्रिविधः—प्रथमा एक० । एषः—प्र० ए० । उपयोगः—प्र० ए० । आत्मविकल्पं—द्वितीया एकवचन । करोति—वर्तमान

टीकार्थ—सामान्यसे मिथ्यादर्शन, अज्ञान, अविरतिरूप तीन प्रकारका अज्ञानरूप सविकार चैतन्यपरिणाम ही परके और अपने परस्पर अविशेष दर्शनसे, अविशेष ज्ञानसे और अविशेष चारित्रसे समस्त भेदोंको लोप करके ज्ञेयज्ञायकभावको प्राप्त धर्मादि द्रव्योंके अपने और उनके एक समान आधारके अनुभव करनेसे ऐसा मानता है कि मैं धर्मद्रव्य हूं, मैं अधर्मद्रव्य हूं, मैं आकाशद्रव्य हूं, मैं कालद्रव्य हूं, मैं पुद्गलद्रव्य हूं, मैं अन्य जीव भी हूं, ऐसे भ्रमसे उपाधिसहित अपने चैतन्यपरिणामसे परिणमन करता हुआ उस उपाधिसहित चैतन्यपरिणमनरूप अपने भावका कर्ता होता है । इस कारण यह निर्णय रहा कि कर्तृत्वका मूल अज्ञान है ।

भावार्थ—यह आत्मा अज्ञानसे धर्मादि द्रव्यमें भी आपा मानता है । अतः उस अपने अज्ञानरूप चैतन्यपरिणामका स्वयं ही कर्ता होता है । **प्रश्न**—पुद्गल और अन्य जीव तो प्रवृत्तिमें दीखते हैं, उनमें तो अज्ञानसे आपा मानना ठीक है, परन्तु धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य, कालद्रव्य तो देखनेमें भी नहीं आते, उनमें आपा मानना कैसे कहा ? **उत्तर**—यह धर्मास्तिकाय है ऐसा ज्ञानविकल्प भी उपचारसे धर्मास्तिकाय है सो इस विकल्पके करनेके समय अज्ञानी शुद्धात्मस्वरूपको भूल जाता है, सो उस विकल्पके करनेपर मैं धर्मास्तिकाय हूं ऐसा एकाकार होना यही धर्मद्रव्यको अपना करना कहलाता है । ऐसा ही अधर्मादिद्रव्यमें भी समझना ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें भाव्यभावकविधिसे परको आतमत्व स्वीकारने

कालोऽहं पुद्गलोऽहं जीवांतरमहमिति भ्रांत्या सोपाधिना चैतन्यपरिणामेन परिणमन् तस्य सोपाधिचैतन्यपरिणामरूपस्यात्मभावस्य कर्ता स्यात्। ततः स्थितं कर्तृत्वमूलमज्ञानं ॥६५॥

लट् अन्य पुरुष एक०। धर्मादिकं–द्वितीया एक०। कर्ता–प्रथमा एक०। तस्य–षष्ठी एक०। उपयोगस्य–षष्ठी एक०। भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। सः–प्र० ए०। आत्मभावस्य–षष्ठी एकवचन ॥६५॥

वाले अज्ञानसे भावकर्मप्रभवकी बात बताई थी, अब ज्ञेयज्ञायकविधिसे परको आत्मत्व स्वीकारने वाले अज्ञानसे भावकर्मप्रभवकी बात इस गाथामें कही गई।

तत्त्वप्रकाश—(१) मिथ्याज्ञानरूप अज्ञानसे जीव ज्ञेय परपदार्थको व ज्ञायक अपने आपको समान आधाररूपसे अनुभव करके परज्ञेयाकारमें यह मैं हूं इस विकल्पको करता है। (२) अज्ञानसे यह जीव परद्रव्य ज्ञानविकल्पको स्वयं आपा मानकर अज्ञानी सोपाधि चैतन्यपरिणामरूप आत्मभावका कर्ता होता है।

सिद्धान्त—(१) अज्ञानी परपरिच्छित्तिविकल्पमें स्वत्व अनुभव कर सोपाधिचैतन्यपरिणामरूप भावकर्मका कर्ता होता है। (२) धर्मास्तिकायादि-परिच्छित्तिरूप विकल्पमें धर्मास्तिकायादिका आरोप होता है।

दृष्टि— १– अशुद्धनिश्चयनय (४७)। २– एकजातिपर्याये अन्यजातिद्रव्योपचारक असद्भूतव्यवहार (१२१)।

प्रयोग—ज्ञेयोंसे पृथक् ज्ञेयाकारपरिच्छित्तिरूप विकल्पसे विविक्त ज्ञानमय एक ज्ञायक भावमें दृष्टि रखकर ज्ञेयज्ञायकसंकरता दूर कर परमविश्राम अनुभवना चाहिये ॥६५॥

यहाँ कर्तृत्वका मूल कारण अज्ञान है, इसीके समर्थनमें कहते हैं—[एवं तु] ऐसे पूर्वकथित रीतिसे [मंदबुद्धिः] अज्ञानी [अज्ञानभावेन] अज्ञानभावसे [पराणि द्रव्याणि] परद्रव्योंको [आत्मानं] अपनेरूप [करोति] करता है [अपि च] और [आत्मानं] अपनेको [परं करोति] परूप करता है।

तात्पर्य—यह मंदबुद्धि मिथ्यादृष्टि जीव परको आत्मरूप व आत्माको परूप अज्ञानके कारण मानता है।

टीकार्थ—यह आत्मा मैं क्रोध हूं, मैं धर्मद्रव्य हूं इत्यादि पूर्वोक्त प्रकारसे परद्रव्योंको आत्मरूप करता है और अपनेको परद्रव्यरूप करता है, ऐसा यह आत्मा यद्यपि समस्त वस्तुके सम्बन्धसे रहित अमर्यादरूप शुद्ध चैतन्य धातुमय है तो भी अज्ञानसे सविकार सोपाधिरूप किये अपने चैतन्य परिणामरूपसे उस प्रकारका अपने परिणामका कर्ता प्रतिभासित होता है। इस प्रकार आत्माके भूताविष्ट पुरुषकी भांति तथा ध्यानाविष्ट पुरुषकी भांति कर्तापनेका मूल अज्ञान प्रतिष्ठित हुआ। यही अब स्पष्ट करते हैं–भूताविष्ट पुरुष (अपने शरीरमें भूतप्रवेश किया

एवं पराणि दव्वाणि अप्पयं कुणदि मंदबुद्धीओ।
अप्पाणं अवि य परं करेइ अण्णाणभावेण ॥९६॥

यों मंदबुद्धि करता, परद्रव्योंको हि आत्मा अपना।
अपनेको भी परमय, करता अज्ञानभावोंसे ॥७७॥

एवं पराणि द्रव्याणि आत्मानं करोति मंदबुद्धिस्तु। आत्मानमपि च परं करोति अज्ञानभावेन ॥९६॥

यत्किल क्रोधोऽहमित्यादिवद्धर्मोऽहमित्यादिवच्च परद्रव्याण्यात्मीकरोत्यात्मानमपि परद्रव्यीकरोत्येवमात्मा, तदयमशेषवस्तुसंबंधविधुरनिरवधिविशुद्धचैतन्यधातुमयोप्यज्ञानादेव सविकारसोपाधीकृतचैतन्यपरिणामतया तथाविधस्यात्मभावस्य कर्ता प्रतिभातीत्यात्मनो भूताविष्टध्यानाविष्टस्येव प्रतिष्ठितं कर्तृत्वमूलमज्ञानं। तथाहि--यथा खलु भूताविष्टोऽज्ञानाद्भूतात्मानावेकीकुर्वन्नमानुषोचितविशिष्टचेष्टावष्टंभनिर्भरभयंकरारंभगंभीरामानुषव्यवहारतया तथाविधस्य

नामसंज्ञ—एवं, पर, दव्व, अप्पय, मंदबुद्धि, अप्प, अवि, य, पर, अण्णाणभाव। धातुसंज्ञ—कुण करणे, कर करणे। प्रकृतिशब्द—एवं, पर, द्रव्य, आत्मन्, मंदबुद्धि, आत्मन्, अपि, च, पर, अज्ञानभाव।

हुआ) अज्ञानसे भूतको और अपनेको एकरूप करता हुआ जैसी मनुष्यके योग्य चेष्टा न हो, वैसी चेष्टाके आलम्बन रूप अत्यन्त भयकारी आरंभसे भरा अमानुष व्यवहारसे उस प्रकार चेष्टारूप भावका कर्ता प्रतिभासित होता है, उसी प्रकार यह आत्मा भी अज्ञानसे ही पर और आत्माको भाव्य-भावकरूप एक करता हुआ निर्विकार अनुभूतिमात्र भावकके अयोग्य अनेक प्रकार भाव्यरूप क्रोधादि विकारसे मिले चैतन्यके विकार सहित परिणामसे उस प्रकारके भाव का कर्ता प्रतिभासित होता है। तथा जैसे किसी अपरीक्षक आचार्यके उपदेशसे भैंसेका ध्यान करने वाला कोई भोला पुरुष अज्ञानसे भैंसेको और अपनेको एकरूप करता हुआ अपनेमें गगनस्पर्शी सींग वाले महान् भैंसापनेके अध्याससे मनुष्यके योग्य छोटी कुटीके द्वारसे निकलनेसे च्युत रहा उस प्रकारके भावका कर्ता प्रतिभासित होता है। उसी प्रकार यह आत्मा भी अज्ञानसे ज्ञेयज्ञायकरूप पर और आत्माको एकरूप करता हुआ आत्मामें परद्रव्यके अध्याससे (निश्चयसे) मनके विषयरूप किये धर्म, अधर्म, आकाश, काल, पुद्गल और अन्य जीवद्रव्य शुद्ध चैतन्यधातु रुकी होनेसे तथा इंद्रियोंके विषयरूप किये गये रूपी पदार्थोंके द्वारा अपना केवल (एक) ज्ञान ढका गया होनेसे तथा मृतक शरीरमें परम अमृतरूप विज्ञानघन आत्माके मूर्छित होनेसे उस प्रकारके भावका कर्ता प्रतिभासित होता है।

भावार्थ—यह आत्मा अज्ञानसे अचेतनकर्मरूप भावकके क्रोधादि भावको चेतनभावक के साथ याने अपनेसे एकरूप मानता है और धर्मादिद्रव्य ज्ञेयरूप हैं, उनको भी ज्ञायकके साथ

भावस्य कर्ता प्रतिभाति । तथायमात्माप्यज्ञानादेव भाव्यभावकौ परात्मानावेकीकुर्वन्नविकारानुभूतिमात्रभावकानुचितविचित्रभाव्यक्रोधादिविकारकरंबितचैतन्यपरिणामविकारतया तथाविधस्य भावस्य कर्ता प्रतिभाति । यथा चापरीक्षकाचार्यादेशेन मुग्धः कश्चिन्महिषध्यानाविष्टोऽज्ञानान्महिषात्मानावेकीकुर्वन्नात्मन्यभ्रंकषविषाणमहामहिषत्वाध्यासात्प्रच्युतमानुषोचितापवरकद्वारविनि-

---

मूलधातु—द्रु गतौ द्रवणे, डुकृञ् करणे, बुध अवगमने भ्वादि व दिवादि । **पदविवरण**—एवं—अव्यय । पराणि—द्वितीया बहुवचन । द्रव्याणि—द्वितीया बहुवचन । आत्मानं—द्वि० एक० । करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । मंदबुद्धिः—प्रथमा एक० । तु—अव्यय । आत्मानं—द्वि० एक० । अपि—अव्यय । च—अव्यय ।

यानें अपनेसें एकरूप मानता है । अतः वह सविकार और सोपाधिक चैतन्यपरिणामका कर्ता होता है । यहां क्रोधादिकसे एक माननेका तो भूताविष्ट पुरुषका दृष्टांत है और धर्मादि अन्य द्रव्यसें एकता माननेका ध्यानाविष्ट पुरुषका दृष्टांत है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथायुग्ममें यह बताया गया था कि अज्ञानसे जीव भाव्यभावकविषयक अभेदबुद्धिसे भावकर्मका कर्ता है और परज्ञेयज्ञायकविषयक अभेदबुद्धिसे भावकर्मका कर्ता है । इस विवरणके बाद इस गाथामें निर्णय पुष्ट किया गया है कि कर्तृत्वका मूल अज्ञान ही है ।

तथ्यप्रकाश—१—जैसे भूताविष्ट पुरुष भूत और अपनेको एक करता हुआ अमानुषीय अटपट चेष्टा करता है इसी प्रकार कर्मविपाकाक्रान्त जीव कर्मरस और अपनेको एक करता हुआ स्वभावानुचित क्रोधादिविकार विकल्प करता है । २—जैसे महिषध्यानाविष्ट पुरुष विकल्प में भैंसा और अपनेको एक करता हुआ महाविषाणपनेके अध्याससे कैसे मनुष्योचित छोटे द्वार से निकलूं ऐसा विकल्पविमूढ होकर असद्विकल्प करता है इसी प्रकार परज्ञेयध्यानाविष्ट जीव परज्ञेय व ज्ञायकरूप अपनेको एक करता हुआ परद्रव्यके अध्याससे मूर्च्छित होकर पररूपात्मविकल्पविमूढ होकर असद्विकल्प करता है ।

सिद्धान्त—१—परभावोंको व परद्रव्योंको आत्मरूप मानना मिथ्या है, केवल किसी सम्पर्कके कारण परद्रव्योंको आत्मरूप मानना मिथ्या है, केवल किसी सम्पर्कके कारण परद्रव्योंको व परभावोंको आत्मरूप कहना रूढ़ हो गया है । २—वस्तुतः आत्मा परद्रव्यों व परभावोंसे विविक्त केवल चेतनामात्र है ।

दृष्टि—१—उपाधिज उपचरित प्रतिफलन व्यवहार (१०४), उपाधिज उपचरित स्वस्वभावव्यवहार (१०३), एकजातिद्रव्ये अन्यजातिद्रव्योपचारक असद्भूतव्यवहार (१०६), स्वजातिद्रव्ये स्वजातिद्रव्योपचारक असद्भूतव्यवहार (१०६अ) । २—परमशुद्धनिश्चयनय (४४), शुद्धनय (४६) ।

स्मरणतया तथाविधस्य भावस्य कर्ता प्रतिभाति । [तथायमात्माप्यज्ञानाद् ज्ञेयज्ञायको परात्मानावेकीकुर्वन्नात्मनि परद्रव्याध्यासान्नोइंद्रियविषयीकृतधर्माधर्माकाशकालपुद्गलजीवांतरनिरुद्धशुद्धचैतन्यधातुतया तथेंद्रियविषयीकृतरूपिपदार्थांतिरोहितकेवलबोधतया मृतककलेवरमूर्छितपरमामृतविज्ञानघनतया च तथाविधस्य भावस्य कर्ता प्रतिभाति ॥९६॥

परं–द्वितीया एक० । करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । अज्ञानभावेन–तृतीया एकवचन करणकारक ॥९६॥

प्रयोग—परमशान्ति पानेके लिये परद्रव्योंसे अत्यन्त भिन्न अपने चैतन्यस्वरूपमात्र अपनेको अनुभवना चाहिये ॥९६॥

अब कहते हैं कि इसी कारणसे यह ठीक रहा कि ज्ञानसे कर्तृत्वका नाश होता है—**[एतेन तु]** इस पूर्वकथित कारणसे **[निश्चयविद्भिः]** निश्चयके जानने वाले ज्ञानियोंके द्वारा **[स आत्मा]** वह आत्मा **[कर्ता परिकथितः]** कर्ता कहा गया है **[एवं खलु]** इस प्रकार निश्चयसे **[यः]** जो **[जानाति]** जानता है **[सः]** वह ज्ञानी हुआ **[सर्वकर्तृत्वं]** सब कर्तृत्व को **[मुंचति]** छोड़ देता है ।

तात्पर्य—परद्रव्यभावके कर्तृत्वविकल्पको अज्ञानलीला समझ लेनेपर कर्तृत्वबुद्धि हट जाती है ।

टीकार्थ—जिस कारणसे यह आत्मा अज्ञानसे परके और आत्माके एकत्वका विकल्प करता है, उस कारणसे निश्चयसे कर्ता प्रतिभासित होता है, ऐसा जो जानता है, वह समस्त कर्तृत्वको छोड़ देता है, इस कारण वह अकर्ता प्रतिभासित होता है । यही स्पष्ट कहते हैं—इस जगतमें यह आत्मा अज्ञानी हुआ अज्ञानसे अनादि संसारसे लगाकर पुद्गल कर्मरस और अपने भावके मिले हुए आस्वादका स्वाद लेनेसे जिसकी अपने भिन्न अनुभवकी शक्ति मुद्रित हो गई है, ऐसा अनादिकालसे ही है, इस कारण वह परको और अपनेको एकरूप जानता है । इसी कारण मैं क्रोध हूं इत्यादिक विकल्प अपनेमें करता है, इसलिए निर्विकल्प रूप अकृत्रिम अपने विज्ञानघनस्वभावसे भ्रष्ट हुआ बारम्बार अनेक विकल्पोंसे परिणमन करता हुआ कर्ता प्रतिभासित होता है । और जब ज्ञानी हो जाय, तब सम्यग्ज्ञानसे उस सम्यग्ज्ञानको आदि लेकर प्रसिद्ध हुआ जो पुद्गलकर्मके स्वादसे अपना भिन्न स्वाद, उसके आस्वादनसे जिसकी भेदके अनुभवकी शक्ति प्रकट हो गई है, तब ऐसा जानता है कि अनादिनिधन निरंतर स्वादमें आता हुआ समस्त अन्य रसके स्वादोंसे विलक्षण, अत्यन्त मधुर एक चैतन्यरस स्वरूप तो यह आत्मा है, और कषाय इससे भिन्न रस हैं, कड़ैले हैं, बेस्वाद हैं, उनसे युक्त एकत्वका जो विकल्प करना है; वह अज्ञानसे है । इस प्रकार परको और आत्माको पृथक्-पृथक् नानारूपसे

ततः स्थितमेतद् ज्ञानाज्ञश्यति कर्तृत्वं—

एदेण दु सो कत्ता आदा णिच्छयविदूहिं परिकहिदो ।
एवं खलु जो जाणदि सो मुंचदि सव्वकत्तित्तं ॥९७॥

इस आत्माको कर्ता, होना अज्ञानमें बताया है ।
ऐसा हि जानता जो, वह सब कर्तृत्वको तजता ॥९७॥

एतेन तु स कर्तात्मा निश्चयविद्भिः परिकथितः । एवं खलु यो जानाति स मुंचति सर्वकर्तृत्वं ॥९७॥

येनायमज्ञानात्परात्मनोरेकत्वविकल्पमात्मनः करोति तेनात्मा निश्चयतः कर्ता प्रतिभाति । यस्त्वेवं जानाति स समस्तं कर्तृत्वमुत्सृजति, ततः स खल्वकर्ता प्रतिभाति । तथाहि—इहायमात्मा किलज्ञानी सन्नज्ञानादासंसारप्रसिद्धेन मिलितस्वादस्वादनेन मुद्रितभेदसंवेदनशक्तिरनादित एव स्यात् ततः परात्मानावेकत्वेन जानाति ततः क्रोधोहमित्यादिविकल्पमात्मनः करोति ततो निर्विकल्पादकृतकादेकस्माद्विज्ञानघनात्प्रभ्रष्टो बारम्बारमनेकविकल्पैः परिणमन् कर्ता प्रतिभाति । ज्ञानी तु सन् ज्ञानात्तदादिप्रसिद्ध्यता प्रत्येकस्वादस्वादनेनोन्मुद्रितभेदसंवेदनशक्तिः स्यात् ।

नामसंज्ञ—एत, दु, कत्तार, अत्त, णिच्छयविदु, परिकहिद, एवं, खलु, ज, जाण अवबोधने, त, सव्वकत्तित्त । **धातुसंज्ञ**—विद ज्ञाने, परि-कह वाक्यप्रबन्धे, जाण अवबोधने, मुंच त्यागे । **प्रकृतिशब्द**—

जानता है । इसलिए अकृत्रिम, नित्य, एक ज्ञान ही मैं हूं और कृत्रिम, अनित्य, अनेक जो ये क्रोधादिक हैं, वे मैं नहीं हूं ऐसा जाने तब क्रोधादिक मैं हूं' इत्यादिक विकल्प अपनेमें किंचिन्मात्र भी नहीं करता । इस कारण समस्त ही कर्तृत्वको छोड़ता हुआ सदा ही उदासीन वीतराग अवस्था स्वरूप होकर ज्ञायक ही रहता है, इसीलिए निर्विकल्पस्वरूप अकृत्रिम नित्य एक विज्ञानघन हुआ अत्यन्त अकर्ता प्रतिभासित होता है ।

भावार्थ—यदि कोई परद्रव्यके भावोंके अपने कर्तृत्वको अज्ञान जान ले तब आप विकल्पमें भी उसका कर्ता क्यों बने ? अज्ञानी रहना हो तो परद्रव्यका कर्ता बने । इसलिए ज्ञान होनेके बाद परद्रव्यका कर्तृत्व नहीं रहता । अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**अज्ञान** इत्यादि । **अर्थ**– जो पुरुष निश्चयसे स्वयं ज्ञानस्वरूप हुआ भी अज्ञानसे तृण सहित मिले हुये अन्नादिक सुन्दर आहारको खाने वाले हस्ती आदि तिर्यंञ्चके समान होता है, वह शिखरिनी (श्रीखण्ड) को पीकर उसके दही मीठेके मिले हुए खट्टे मीठे रसकी अत्यन्त इच्छासे उसके रसभेदको न जानकर दूधके लिये गायको दुहता है ।

भावार्थ—जैसे कोई पुरुष शिखरिनको पीकर उसके स्वादकी अतिइच्छासे रसके ज्ञान बिना ऐसा जानता है कि यह गायके दूधमें स्वाद है, अतः अतिलुब्ध हुआ गायको दुहता है,

ततोऽनादिनिधनानवरतस्वदमाननिखिलरसांतरविविक्तात्यंतमधुरचैतन्यैकरसोऽयमात्मा भिन्नरसाः कषायास्तैः सह यदेकत्वविकल्पकरणं तदज्ञानादित्येवं नानात्वेन परात्मानौ जानाति। ततोऽकृतकमेकं ज्ञानमेवाहं न पुनः कृतकोऽनेकः क्रोधादिरपीति क्रोधोऽहमित्यादिविकल्पमात्मनो मनागपि न करोति ततः समस्तमपि कर्तृत्वमपास्यति। ततो नित्यमेवोदासीनावस्थो जानन् एवास्ते। ततो निर्विकल्पोऽकृतक एको विज्ञानघनो भूतोऽत्यंतमकर्ता प्रतिभाति। अज्ञानतस्तु सतृणाभ्यवहारकारी ज्ञानं स्वयं किल भवन्नपि रज्यते यः। पीत्वा दधीक्षुमधुराम्लरसातिगृद्ध्या मां दोग्धि दुग्धमिव नूनमसौ रसालां ॥५७॥ अज्ञानान्मृगतृष्णिकां जलधिया धावंति पातुं मृगा,

---

एतत्, तु, तत्, कर्तृ, आत्मन्, निश्चयविद्, परिकथित, एवं, खलु, यत्, तत्, सर्वकर्तृत्व। मूलधातु— डुकृञ् करणे, अत सातत्यगमने, निस्-चित्र् चयने, विद ज्ञाने अदादि, परि-कथ वाक्यप्रबंधे चुरादि, ज्ञा अवबोधने,

---

उसी प्रकार अज्ञानी पुरुष अपना और पुद्गलकर्मविपाकका भेद न जानकर रागादि भावमें एकाकाररूपसे प्रवृत्त होता है और इसी चोटसे विषयोंमें स्वाद जानकर पुद्गलकर्मको अतिलुब्ध होकर ग्रहण करता है, अपने ज्ञानका और पुद्गलकर्मका स्वाद पृथक् नहीं अनुभव करता। वह हाथीकी भाँति घासमें मिले हुए मिष्ट अन्नका एक स्वाद लेता है।

अब कहते हैं कि अज्ञानसे ही जीव पुद्गलकर्मका कर्ता होता है—**अज्ञानान्मृग** इत्यादि। **अर्थ**—ये जीव निश्चयसे शुद्ध एक ज्ञानमय हैं, तो भी वे अज्ञानके कारण पवनसे तरंगित समुद्रकी भाँति विकल्पसमूहके करनेसे व्याकुल होकर परद्रव्यके कर्तारूप होते हैं। देखो अज्ञानसे ही मृग बालूको जल जानकर पीनेको दौड़ते हैं और देखो अज्ञानसे ही लोक अंधकारमें रस्सीमें सर्पका निश्चय कर भयसे भागते हैं।

भावार्थ—अज्ञानसे क्या नहीं होता? मृग तो बालूको जल जानकर पीनेको दौड़ता है और खेद-खिन्न होता है, मनुष्य लोक अंधेरेमें रस्सीको सर्प मान डरकर भागते हैं, उसी प्रकार यह आत्मा, जैसे वायुसे समुद्र क्षोभरूप हो जाता है, वैसे अज्ञानसे अनेक विकल्पोंसे क्षोभरूप होता है। सो ऐसे ही देखिये— यद्यपि आत्मा परमार्थसे शुद्ध ज्ञानघन है तो भी अज्ञानसे कर्ता होता है।

अब कहते हैं कि ज्ञान होनेपर यह जीव कर्ता नहीं होता—**ज्ञानाद्** इत्यादि। **अर्थ**—जो पुरुष ज्ञानसे भेदज्ञानकी कला द्वारा परका तथा आत्माका विशेष भेद जानता है, वह पुरुष दूध जल मिले हुएको भेदकर दूध ग्रहण करने वाले हंसकी तरह है, अचल चैतन्यधातुको सदा आश्रय करता हुआ जानता ही है, और कुछ भी नहीं करता। **भावार्थ**—जो निजको निज व परको पर जानता है, वह ज्ञाता ही है, कर्ता नहीं है।

अब बताते हैं कि जो कुछ जाना जाता है, वह ज्ञानसे ही जाना जाता है—**ज्ञानादेव**

अज्ञानात्तमसि द्रवंति भुजगाध्यासेन रज्जौ जनाः । अज्ञानाच्च विकल्पचक्रकरणाद्वातोत्तरंगाब्धिवत्, शुद्धज्ञानमया अपि स्वयममी कर्त्रीभवंत्याकुलाः ॥५८॥ ज्ञानाद्विवेचकतया तु परात्मनोर्यो, जानाति हंस इव वाःपयसोर्विशेषं । चैतन्यधातुमचलं स सदाधिरूढो जानाति एव हि करोति न किंचनापि ॥५९॥ ज्ञानादेव ज्वलनपयसोरौष्ण्यशैत्यव्यवस्था, ज्ञानादेवोल्लसति लवणस्वादभेद-

मुच्लृ मोक्षणे तुदादि । **पदविवरण**—एतेन-तृतीया एक० । तु-अव्यय । सः-प्रथमा एक० । कर्ता-प्रथमा एक० । आत्मा-प्रथमा एक० । निश्चयविद्भिः-तृतीया बहु० कर्मवाच्ये कर्ता । एवं-अव्यय । खलु-अव्यय ।

इत्यादि । **अर्थ**—जैसे अग्नि और जलकी उष्णता और शीतलताकी व्यवस्था ज्ञानसे ही जानी जाती है; लवण तथा व्यंजनके स्वादका भेद ज्ञानसे ही जाना जाता है । उसी प्रकार अपने रस से विकासरूप हुआ जो नित्य चैतन्यधातु उसका तथा क्रोधादिक भावोंका भेद भी ज्ञानसे ही जाना जाता है । यह भेद कर्तृत्वके भ्रमको दूर करता हुआ प्रकट होता है ।

अब कहते हैं कि आत्मा अपने भावका ही कर्ता है—**अज्ञानं** इत्यादि । **अर्थ**—इस प्रकार अज्ञानरूप तथा ज्ञानरूप भी आत्माको ही करता हुआ आत्मा प्रकट रूपसे अपने ही भावका कर्ता है, वह परभावका कर्ता तो कभी नहीं है । अब आगेकी गाथाकी सूचनिकारूप श्लोक कहते हैं— **आत्मा** इत्यादि । **अर्थ**—आत्मा ज्ञानस्वरूप है, वह स्वयं ज्ञान ही है, वह ज्ञानसे अन्य किसको करता है ? किसीको नहीं करता । तब परभावका कर्ता आत्मा है ऐसा मानना तथा कहना व्यवहारी जीवोंका मोह (अज्ञान) है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया था कि यह निर्णय हुआ कि अज्ञानसे कर्मका प्रभव होता है । अब यहाँ यह निर्णय इस गाथामें दिया है कि ज्ञानसे कर्तृत्व नष्ट हो जाता है ।

तथ्यप्रकाश— १— पर और आत्माका एकत्व नहीं है, किन्तु प्राणी अज्ञानसे पर व आत्माके एकत्वका विकल्प करता है, इसीसे आत्मा कर्ता कहलाता है । २— जो अज्ञानसे होने वाले विकल्प कर्तृत्वके तथ्यको जानता है वह ज्ञानी है, वह कर्तृत्वको छोड़ देता है । ३— पर और आत्माको एकमेक जाननेका कारण ज्ञेयमिश्रित ज्ञानका स्वाद लेनेसे भेदज्ञानकी शक्तिका मुद्रित हो जाना है । ४—पर और आत्माको एकरूपसे जाननेके कारण अज्ञानी जीव "मैं क्रोध हूं" इत्यादिरूप आत्मविकल्प करता है । ५— विकारोंमें आत्मविकल्प करनेसे निर्विकल्प विज्ञानघन स्वरूपसे भ्रष्ट होता हुआ यह अज्ञानी बारबार अनेक विकल्पोंसे परिणमता हुआ कर्ता कहा जाता है । ६— स्वभाव परभावका भेद जानने वाला ज्ञानी परतत्त्वसे भिन्न अपना स्वादभेदसंवेदन शक्तिवाला होता है । ७—मैं तो एक चैतन्यरस हूं, कषायें भिन्नरस हैं, भेदज्ञानमें ऐसा स्पष्ट ज्ञान रहता है । ८— सहजसिद्ध ज्ञानमात्र अपनेको स्वीकारने वाला तथा

व्युदासः । ज्ञानादेव स्वरसविकसन्नित्यचैतन्यधातोः, क्रोधादेश्च प्रभवति भिदा भिदती कर्तृ-भावं ॥६०॥ अज्ञानं ज्ञानमप्येवं कुर्वन्नात्मानमंजसा । स्यात्कर्तात्मभावस्य परभावस्य न क्वचित् ॥६१॥ आत्मा ज्ञानं स्वयं ज्ञानं ज्ञानादन्यत्करोति किं । परभावस्य कर्तात्मा मोहोऽयं व्यवहारिणां ॥६२॥ ॥६७॥

यः—प्रथमा एक० । जानाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । सः—प्रथमा एक० । मुंचति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । सर्वकर्तृत्वं—द्वितीया एकवचन ॥६७॥

अपनेमें कृतक अनेक विकाररूपोंको निषेधने वाला ज्ञानी क्रोधादिरूप आत्मविकल्पको रंच भी नहीं करता है अतः वह अकर्ता है । ६-- आत्मा स्वयं ज्ञानमात्र है, वह ज्ञान सिवाय अन्य कुछ नहीं करता है ।

सिद्धान्त—१–समस्त परद्रव्यों व परभावोंसे विविक्त यह आत्मा चैतन्यैकरस है । २–अविकार सहजज्ञानस्वभावके आश्रयसे समस्त कर्मत्व कलंक दूर हो जाता है ।

दृष्टि—१–परमशुद्धनिश्चयनय (४४) । २–शुद्धभावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४ब) ।

प्रयोग—चैतन्यरसमात्र आत्मामें स्वपरके अज्ञानसे ही परात्मविकल्प होता है ऐसा जानकर अपने अकर्तृस्वभाव चैतन्यस्वरूपमें रत होकर निराकुल होना चाहिये ॥६७॥

अब यही कहते हैं कि व्यवहारी ऐसा कहते हैं:—[**आत्मा**] आत्मा [**व्यवहारेण**] व्यवहारसे [**घटपटरथान् द्रव्याणि**] घट पट रथ इन वस्तुओंको [**च**] और [**करणानि**] इंद्रियादिक करणपदार्थोंको [च] और [**कर्माणि**] ज्ञानावरणादिक तथा क्रोधादिक द्रव्यकर्म, भावकर्मोंको [**च इह**] तथा इस लोकमें [**विविधानि**] अनेक प्रकारके [**नोकर्माणि**] शरीरादि नोकर्मोंको [**करोति**] करता है ।

तात्पर्य—व्यवहारसे ही यह कहा जाता है कि जीव परद्रव्य व परभावको करता है ।

टीकार्थ—जिस कारण व्यवहारी जीवोंको यह आत्मा अपने विकल्प और व्यापार इन दोनोंके द्वारा घट आदि परद्रव्य स्वरूप बाह्यकर्मको करता हुआ प्रतिभासित होता है, इस कारण उसी प्रकार क्रोधादिक परद्रव्यस्वरूप समस्त अंतरंग कर्मको भी करता है । क्योंकि दोनों परद्रव्यस्वरूप हैं, परत्वकी दृष्टिसे इनमें भेद नहीं । सो यह व्यवहारी जीवोंका अज्ञान है । **भावार्थ**– घट पट कर्म नोकर्म आदि परद्रव्योंका कर्ता अपनेको मानना यह तो व्यवहारी जनों का अज्ञान है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि निश्चयसे यह आत्मा जानता ही है, परद्रव्यको व परभावको करता नहीं है । इस विवरणपर यह जिज्ञासा होती है कि घट

तथा हि–

ववहारेण दु आदा करेदि घडपडरथाणि दव्वाणि ।
करणाणि य कम्माणि य णोकम्माणीह विविहाणि ॥९८॥

व्यवहारमात्रसे यह, आत्मा करता घटादि द्रव्योंको ।
करणोंको कर्मोंको, नोकर्मोंको बताया है ॥९८॥

व्यवहारेण त्वात्मा करोति घटपटरथान् द्रव्याणि । करणानि च कर्माणि च नोकर्माणीह विविधानि ॥९८॥

व्यवहारिणां हि यतो यथायमात्मात्मविकल्पव्यापाराभ्यां घटादिपरद्रव्यात्मकं बहिःकर्म कुर्वन् प्रतिभाति ततस्तथा क्रोधादिपरद्रव्यात्मकं च समस्तमंतःकर्मापि करोत्यविशेषादित्यस्ति व्यामोहः ॥९८॥

नामसंज्ञ—ववहार, दु, अत्त, घडपडरथ, दव्व, करण, य, कम्म, य, णोकम्म, इह, विविह । **धातुसंज्ञ**—कर करणे । **प्रकृतिशब्द**—व्यवहार, तु, आत्मन्, घटपटरथ, करण, च, कर्मन्, च, नोकर्मन्, इह, विविध । **मूलधातु**—वि-अव-हृञ् हरणे, घट संघाते चुरादि, पट गतौ भ्वादि । **पदविवरण**– व्यवहारेण–तृतीया एक० । तु–अव्यय । आत्मा–प्रथमा एक० । करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । घट-पटरथानि–द्वितीया बहु० । द्रव्याणि–द्वितीया बहु० कर्मकारक । करणानि–द्वितीया बहु० । च–अव्यय । कर्माणि–द्वि० बहु० । च–अ० । नोकर्माणि–द्वि० बहु० । इह–अव्यय । विविधानि–द्वितीया बहुवचन ॥९८॥

पट आदिको करनेका प्ररूपण किस प्रकार है इसके समाधानमें यह गाथा आई है ।

तथ्यप्रकाश—(१) आत्मा घटपट आदि परद्रव्योंको करता है यह उपचारसे कहा जाता है । (२) इस उपचारमें यद्यपि निमित्तनैमित्तिक परम्परा है तो भी निश्चयदृष्टिसे मिथ्या है । (३) आत्मा कर्म नोकर्म व इन्द्रियोंको करता है यह कथन भी उपचारसे है । (४) आत्माकी कर्ममें निमित्तता, नोकर्मादिमें निमित्तनिमित्तता आदि सम्बन्ध होनेपर भी जीवसे अत्यन्त भिन्न द्रव्य होनेसे निश्चयसे यह उपचारकथन मिथ्या है ।

सिद्धान्त—(१) आत्मा घट पट आदि परद्रव्यको करता है यह उपचार कथन है । (२) आत्मा कर्म नोकर्मको करता है यह भी उपचार कथन है ।

दृष्टि—१– असंश्लिष्टविजात्युपचरित असद्भूतव्यवहार (१२६) । २– संश्लिष्ट विजात्युपचरित असद्भूतव्यवहार (१२५) ।

प्रयोग—आत्मा परभावका कर्ता है इस वार्ताको मोहचेष्टामात्र जानकर इस अज्ञानको छोड़कर अकारण अकार्य अविकार सहज ज्ञानस्वरूपमें रुचि करके संकटमुक्तिका पौरुष करना ॥९८॥

यह व्यवहारका मानना परमार्थदृष्टिमें सत्यार्थ नहीं है—[यदि] यदि [सः] वह

स न सन्—

जदि सो परदव्वाणि य करिज्ज णियमेण तम्मओ होज्ज।
जह्मा ण तम्मओ तेण सो ण तेसिं हवदि कत्ता ॥९९॥

यदि वह परद्रव्योंको, करता तो तन्मयी हि हो जाता।
चूंकि नहीं तन्मय वह, इससे परका नहीं कर्ता ॥९९॥

यदि स परद्रव्याणि च कुर्यान्नियमेन तन्मयो भवेत्। यस्मान्न तन्मयस्तेन स न तेषां भवति कर्ता।

यदि खल्वयमात्मा परद्रव्यात्मकं कर्म कुर्यात् तदा परिणामपरिणामिभावान्यथानुपपत्ते-

---

नामसंज्ञा- जदि, न, परदव्व, य, णियम, तम्मअ, ज, ण, तम्मअ, त, त, ण, त, कत्तार। **धातुसंज्ञा**- कर करणे, हो सत्तायां, हव सत्तायां। **प्रकृतिशब्द**—यदि, तत्, परद्रव्य, च, नियम, तन्मय, यत्, न, तन्मय, तत्, तत्, न, तत्, कर्तृ। **मूलधातु**—डु कृञ् करणे, भू सत्तायां। **पदविवरण**—यदि—अव्यय। सः—प्रथमा एकवचन। परद्रव्याणि—द्वितीया बहु०। च—अव्यय। कुर्यात्—विधि लिङ् अन्य पुरुष

आत्मा [परद्रव्याणि] परद्रव्योंको **[कुर्यात्]** करे **[च]** तो **[नियमेन]** नियमसे वह आत्मा उन परद्रव्योंसे **[तन्मयः]** तन्मय **[भवेत्]** हो जाय **[यस्मात्]** परन्तु **[तन्मयः न]** आत्मा तन्मय नहीं होता **[तेन]** इसी कारण **[सः]** वह **[तेषां]** उनका **[कर्ता]** कर्ता **[न भवति]** नहीं है।

तात्पर्य—आत्मा परद्रव्योंसे पृथक् अपनी सत्तामात्रमें है, अतः वह परद्रव्योंका कर्ता कैसे हो सकता है ?

टीकार्थ—यदि वास्तवमें यह आत्मा परद्रव्यस्वरूप कर्मको करे, तो परिणाम-परिणामभावकी अन्यथा अप्राप्ति होनेसे नियमसे तन्मय हो जाय, किन्तु अन्य द्रव्यको अन्य द्रव्यमें तन्मयता होनेपर अन्य द्रव्यके नाशकी आपत्तिका प्रसंग आनेसे तन्मय है ही नहीं। इसलिये व्याप्यव्यापकभावसे तो उस द्रव्यका कर्ता आत्मा नहीं है। **भावार्थ**—यदि आत्मा अन्य द्रव्य का कर्ता होवे, तो पृथक्-पृथक् द्रव्य क्यों रहें ? फिर तो एक द्रव्य दूसरे द्रव्यरूप हो जावेगा, यों अन्य द्रव्यका नाश हो जायगा यह बड़ा दोष आता जैसा कि है ही नहीं। इसलिये अन्य द्रव्यका कर्ता अन्य द्रव्यको कहना सत्यार्थ नहीं है निश्चयसे तो यही है कि आत्मा मात्र अपने गुणोंमें ही परिणम सकता है, अन्यके गुणोंमें नहीं।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि आत्मा परद्रव्यको करता है यह कथन व्यवहारसे है। अब इसी विषयमें इस गाथामें कहा है कि ऐसा व्यवहारकथन सत्यार्थ नहीं है।

तथ्यप्रकाश—(१) यदि आत्मा परद्रव्यको करे तो आत्मा परद्रव्यमय हो जायगा यह

नियमेन तन्मयः स्यात् न च द्रव्यांतरमयत्वे द्रव्योच्छेदापत्तेस्तन्मयोस्ति । ततो व्याप्यव्यापक-भावेन न तस्य कर्तास्ति ॥९९॥

एकवचन क्रिया । नियमेन–तृतीया एक० । तन्मयः–प्रथमा एक० । भवेत्–विधि लिङ् अन्य पुरुष एक० क्रिया । यस्मात्–पंचमी एकवचन हेत्वर्थे । न–अव्यय । तन्मयः–प्र० ए० । तेन–तृतीया एक० । सः–प्रथमा एक० । न–अव्यय । तेषां–षष्ठी बहु० । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । कर्ता–प्रथमा एकवचन ॥९९॥

स्वयं अपरिणमतेको, कैसे यह परिणमा देगा ॥११८॥

नामसंज्ञा— जीव, ण, सयं, बद्ध, ण, सयं, कम्मभाव, जइ, पुग्गलदव्व, इम, अपरिणामि, तदा, कम्मइयवग्गणा, य, अपरिणमंती, कम्मभाव, संसार, अभाव, संखसमअ, वा, जीव, पुग्गलदव्व, कम्मभाव, त, सयं, अपरिणमंत, कहं, णु, चेदा, अह, सयं, एव, हि, कम्मभाव, पुग्गल, दव्व, जीव, कम्म, कम्मत्त, इदि, मिच्छा, णियम, कम्मपरिणद, कम्म, चि, य, पुग्गल, दव्व, तह, त, णाणावरणादि, परिणद, त, च, एव ।

ज्ञानावरणादि ही हैं, ऐसा (जानीत) जानो ।

तात्पर्य—जीवविभाव तो निमित्तमात्र है, कर्मरूप परिणत तो पुद्गलकार्माणवर्गणायें ही होती हैं ।

टीकार्थ—यदि पुद्गलद्रव्य जीवमें आप नहीं बँधा हुआ कर्मभावसे स्वयमेव नहीं परिणमन करता है तो पुद्गलद्रव्य अपरिणामी ही सिद्ध हो जायगा । ऐसा होनेपर संसारका अभाव हो जायगा । यदि कोई ऐसा तर्क करे कि जीव पुद्गलद्रव्यको कर्मभावसे परिणमाता

यदि यह पुद्गल वस्तु, स्वयं हि परिणमे कर्मभावोंसे ।
सो जीव परिणमाता, पुद्गलको कर्म यह मिथ्या ॥११९॥
कर्मरूप परिणत हो, पुद्गल ही कर्मरूप होता है ।
सो वह पुद्गल वस्तु, ज्ञानावरणादिपरिणत है ॥१२०॥

जीवे न स्वयं बद्धं न स्वयं परिणमते कर्मभावेन । यदि पुद्गलद्रव्यमिदमपरिणामि तदा भवति ॥ ११६ ॥ कार्मणवर्गणासु चापरिणममानासु कर्मभावेन । संसारस्याभावः प्रसज्यते सांख्यसमयो वा ॥ ११७ ॥ जीवः परिणामयति पुद्गलद्रव्याणि कर्मभावेन । तानि स्वयमपरिणममानानि कथं नु परिणामयति चेतयिता । अथ स्वयमेव हि परिणमते कर्मभावेन पुद्गलद्रव्यं । जीवः परिणामयति कर्म कर्मत्वमिति मिथ्या ॥ ११९ ॥ नियमात्कर्मपरिणतं कर्म चैव भवति पुद्गलद्रव्यं । तथा तज्ज्ञानावरणादिपरिणतं जानीत तच्चैव ॥ १२० ॥

यदि पुद्गलद्रव्यं जीवे स्वयमबद्धं सत्कर्मभावेन स्वयमेव न परिणमेत तदा तदपरिणाम्येव स्यात् । तथा सति संसाराभावः । अथ जीवः पुद्गलद्रव्यं कर्मभावेन परिणामयति ततो न संसाराभावः इति तर्कः ? किं स्वयमपरिणममानं परिणममानं वा जीवः पुद्गलद्रव्यं कर्म-

---

धातुसंज्ञ—बंध बंधने, परि-नम नम्रीभावे, हो सत्तायां, प-सज्ज समवाये, मुण ज्ञाने । **प्रकृतिशब्द**—जीव, न, स्वयं, बद्ध, न, स्वयं, कर्मभाव, यदि, पुद्गलद्रव्य, इदं, अपरिणामिन्, तदा, कार्मणवर्गणा, च, अपरिणममाना, कर्मभाव, संसार, अभाव, सांख्यसमय, वा, जीव, पुद्गलद्रव्य, कर्मभाव, तत्, स्वयं, अपरिणममान, कथं, नु, चेतयितृ । **मूलधातु**—जीव प्राणधारणे, बन्ध बन्धने, परि-णम प्रह्वत्वे, पूरी आप्यायने, गल स्रवणे, डु गतौ, भू सत्तायां, सम्-सृ गतौ भ्वादि । **पदविवरण**—जीवे—सप्तमी एकवचन । न—अव्यय । स्वयं—अव्यय । बद्धं—प्रथमा एक० कृदन्त । न—अव्यय । स्वयं—अव्यय । परिणमते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष

है, इसलिये संसारका अभाव नहीं हो सकता, उसके समाधानमें प्रश्न है कि यदि जीव पुद्गलको परिणमित कराता है तो वह स्वयं अपरिणमितको परिणमित कराता है या स्वयं परिणमितको परिणमित कराता है ? यदि इनमें से पहला पक्ष लिया जाय तो स्वयं अपरिणमितको कोई नहीं परिणमा सकता, क्योंकि स्वयं अपरिणमितको परके द्वारा परिणमानेकी सामर्थ्य नहीं होती । स्वतः शक्ति जिसमें नहीं होती, वह परके द्वारा भी नहीं आ सकती । यदि स्वयं परिणमित पुद्गलद्रव्यको जीव कर्मभावसे परिणमाता है, ऐसा दूसरा पक्ष लिया जाय तो यह भी ठीक नहीं, क्योंकि अपने आप परिणमित हुए को अन्य परिणमानेवालेकी आवश्यकता ही नहीं, क्योंकि वस्तुकी शक्ति परकी अपेक्षा नहीं करती । इसलिये पुद्गलद्रव्य परिणामस्वभाव स्वयमेव होवे । ऐसा होनेपर जैसे कलशरूप परिणत हुई मिट्टी अपने आप कलश ही है, उसी भाँति जडस्वभाव ज्ञानावरण आदि कर्मरूप परिणत हुआ पुद्गलद्रव्य ही आप ज्ञानावरण आदि कर्म ही है । इस प्रकार पुद्गल द्रव्यका परिणामस्वभावपना सिद्ध हुआ ।

अब इस अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**स्थिते** इत्यादि । **अर्थ**—इस प्रकार पुद्गल द्रव्यकी परिणमनशक्ति स्वभावभूत निर्विघ्न सिद्ध हुई । उसके सिद्ध होनेपर पुद्गलद्रव्य

भावेन परिणामयेत् ? न तावत्तत्स्वयमपरिणममानं परेण परिणामयितुं पार्येत । न हि स्वतोऽसती शक्तिः कर्तुमन्येन पार्यते । स्वयं परिणममानं तु न परं परिणमयितारमपेक्षेत । न हि वस्तुशक्तयः परमपेक्षंते । ततः पुद्गलद्रव्यं परिणामस्वभावं स्वयमेवास्तु । तथा सति कलशपरिणता मृत्तिका स्वयं कलश इव जडस्वभावं ज्ञानावरणादिकर्मपरिणतं तदेव स्वयं ज्ञानावर-

एक० क्रिया । कर्मभावेन–तृतीया एक० । यदि–अव्यय । पुद्गलद्रव्यं–प्रथमा एक० । इदं–प्र० ए० । अपरिणामि–प्र० एक० नपुंसकलिङ्ग । तदा–अव्यय । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । कार्मणवर्गणासु–सप्तमी बहु० । च–अव्यय । अपरिणममानासु–सप्तमी बहु० । कर्मभावेन–तृतीया एक० । संसारस्य–षष्ठी एक० । अभावः–प्र० ए० । प्रसजति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । सांख्यसमयः–प्र० ए० । वा–अव्यय । जीवः–प्र० ए० । परिणामयति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० णिजंत क्रिया । पुद्गलद्रव्याणि–द्वितीया एक० । कर्मभावेन–तृ० ए० । तानि–द्वि० बहु० । अपरिणममानानि–द्वि० ए० । कथं–अव्यय । तु–अव्यय । परिणामयति–वर्तमान अन्य० एक० । चेतयिता–प्र० ए० । परिणमते–वर्तमान लट्

अपने जिस भावको करता है, उसका वह पुद्गलद्रव्य ही कर्ता है । **भावार्थ**—सब द्रव्योंका परिणाम स्वभावतः सिद्ध है, इसलिये प्रत्येक द्रव्य अपने भावका आप ही कर्ता है । अतः पुद्गल भी जिस भावको अपनेमें करता है, उसका वही कर्ता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथात्रयमें यह निर्णय दिया गया था कि जीव और द्रव्यप्रत्यय ये भिन्न भिन्न हैं इनमें एकत्व नहीं । सो इसकी पुष्टि तब ही हो सकती है जब यह सिद्ध हो कि जीव अपनेमें अपने परिणमनेका स्वभाव रखता है और अजीव कर्म पुद्गलद्रव्य अपनेके खुदमें परिणमनेका स्वभाव रखता है । इन दो निर्णयोंमें प्रथम पुद्गलद्रव्यका परिणाम स्वभावत्व इन पाँच गाथाओंमें सिद्ध किया है ।

तथ्यप्रकाश—१– पुद्गलद्रव्यको जीवमें स्वयं बद्ध व कर्मभावसे स्वयं परिणत न माननेपर पुद्गलद्रव्य अपरिणामि बन बैठेगा । २– यदि पुद्गलद्रव्यकर्मको अपरिणामी माना जायगा तो संसारके अभावका प्रसंग हो जायगा । ३– कर्मरूपसे अपरिणत पुद्गलद्रव्यको जीव परिणमा देगा ऐसा यों नहीं हो सकता कि जो परिणम न सके उसे निमित्तरूपसे भी कोई परिणमा नहीं सकता । ४– यदि स्वयं परिणमते पुद्गलकर्मको जीव परिणमा देता यह माना जाय तो जब पुद्गल परिणम रहा तो इसमें दूसरेकी अपेक्षा नहीं, दूसरा निमित्तमात्र ही होता । ५– पुद्गलद्रव्य स्वयं परिणामस्वभाव है वह ज्ञानावरणादि कर्मरूप हो जाता है । ६– निमित्तनैमित्तिकभाव व वस्तुस्वातंत्र्य इन दोनोंका एक साथ होनेमें विरोध नहीं है ।

सिद्धान्त—१–पुद्गलद्रव्य कर्मरूपसे अकेला परिणमता है दूसरेको लेकर नहीं । २– जीवपरिणाम व कर्मपरिणामका परस्पर निमित्तनैमित्तिक सम्बन्ध है, कर्तृकर्मत्वसंबंध नहीं ।

दृष्टि— १–अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २–उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) ।

णादिकर्म स्यात् । इति सिद्धं पुद्गलद्रव्यस्य परिणामस्वभावत्वं । स्थितेत्यविघ्ना खलु पुद्गलस्य स्वभावभूता परिणामशक्तिः तस्यां स्थितायां स करोति भावं यमात्मनस्तस्य स एव कर्ता ॥६४॥ ॥ ११६-१२० ॥

अन्य पुरुष एक० । कर्मभावेन–तृ० ए० । पुद्गलं–प्र० ए० । द्रव्यम्–प्र० ए० । जीवः–प्र० ए० । कर्म–द्वि० एक० । कर्मत्वं–द्वि० ए० या क्रियाविशेषण अव्यय । इति–अव्यय । मिथ्या–अ० । नियमात्–पंचमी एक० । कर्मपरिणतं, कर्म–प्र० ए० । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ ११६-१२० ॥

प्रयोग—पुद्गलद्रव्य स्वयं परिणमनस्वभाव है उसको जीवपरिणाम निमित्तमात्र है, किन्तु जीव उसे करता नहीं है, ऐसा जानकर पुद्गलसे भिन्न निज परमात्मतत्त्वकी उपासना करनेका पौरुष करना ॥ ११६-१२० ॥

अब जीवद्रव्यका परिणामित्व सिद्ध करते हैं—सांख्यमतानुयायी शिष्यसे आचार्य कहते हैं कि हे भाई [तव] तेरी बुद्धिमें [यदि] यदि [एष जीवः] यह जीव [कर्मणि] कर्ममें [स्वयं] स्वयं [बद्धः न] बँधा नहीं है और [क्रोधादिभिः] क्रोधादि भावोंसे [स्वयं] स्वयं [न परिणमति] नहीं परिणमता [तदा] तो [अपरिणामी] वह जीव अपरिणामी [भवति] प्रसक्त होता है [जीवे] और जीवके [क्रोधादिभिः भावैः] क्रोधादि भावों द्वारा [स्वयं अपरिणममाने] स्वयं परिणत न होनेपर [संसारस्य अभावः] संसारका अभाव [प्रसज्यते] प्रसक्त हो जायगा [वा] अथवा [सांख्यसमयः] सांख्यमत प्रसक्त हो जावेगा । यदि कोई कहे कि [पुद्गलकर्म] पुद्गलकर्म जो [क्रोधः] क्रोध है वह [जीवं] जीवको [क्रोधत्वं] क्रोधभावरूप [परिणमयति] परिणमाता है तो [स्वयं अपरिणममानं] स्वयं न परिणत हुए [तं] जीवको [क्रोधः] क्रोधकर्म [कथं नु] कैसे [परिणामयति] परिणमा सकता है ? [अथ] यदि [ते एषा बुद्धिः] तेरी ऐसी समझ है कि [आत्मा] आत्मा [स्वयं] अपने आप [क्रोधभावेन] क्रोधभावसे [परिणमते] परिणमन करता है तो [क्रोधः] पुद्गलकर्मरूप क्रोध [जीवं] जीवको [क्रोधत्वं] क्रोधभावरूप [परिणामयति] परिणमाता है [इति मिथ्या] ऐसा कहना मिथ्या ठहरता है । इसलिये यह सिद्धान्त है कि [क्रोधोपयुक्तः] क्रोधमें उपयुक्त अर्थात् जिसका उपयोग क्रोधाकाररूप परिणमता है, ऐसा [आत्मा] आत्मा [क्रोधः] क्रोध ही है [मानोपयुक्तः] मानसे उपयुक्त होता हुआ [मानः] मान ही है, [मायउवजुत्तो] मायासे उपयुक्त [माया] माया ही है [य] और [लोभोपयुक्तः] लोभसे उपयुक्त होता हुआ [लोभः] लोभ ही [भवति] है ।

टीकार्थ—जीव कर्ममें स्वयं नहीं बँधा हुआ क्रोधादि भावसे आप नहीं परिणमे तो वह जीव वास्तवमें अपरिणामी ही सिद्ध होगा । ऐसा होनेपर संसारका अभाव आता है अथवा

जीवस्य परिणामित्वं साधयति—

ण सयं बद्धो कम्मे ण सयं परिणमदि कोहमादीहिं ।
जइ एस तुज्झ जीवो अप्परिणामी तदा होदी ॥१२१॥
अपरिणमंतम्हि सयं जीवे कोहादिएहिं भावेहिं ।
संसारस्स अभावो पसज्जदे संखसमओ वा ॥१२२॥
पुग्गलकम्मं कोहो जीवं परिणामएदि कोहत्तं ।
तं सयमपरिणमंतं कहं णु परिणामयदि कोहो ॥१२३॥
अह सयमप्पा परिणमदि कोहभावेण एस दे बुद्धी ।
कोहो परिणामयदे जीवं कोहत्तमिदि मिच्छा ॥१२४॥
कोहुवजुत्तो कोहो माणुवजुत्तो य माणमेवादा ।
माउवजुत्तो माया लोहुवजुत्तो हवदि लोहो ॥१२५॥

कर्मोंमें स्वयं न बँधा, न वह स्वयं क्रोधरूप परिणमता ।
आत्मा यदि यह मानो, जीव अपरिणामि होवेगा ॥१२१॥
यह जीव स्वयं क्रोधा-दिक भावोंसे न परिणमे तब तो ।
भवका अभाव होगा, सांख्यसमयकी प्रसक्ति भी होगी ॥१२२॥

नामसंज्ञा—ण, सयं, बद्ध, कम्म, ण, सयं, कोहमादि, जइ, एत, तुम्ह, जीव, अप्परिणामि, तदा, अपरिणमंत, सयं, जीव, कोहादिअ, भाव, संसार, अभाव, संखसमअ, वा, पुग्गलकम्म, कोह, जीव, कोहत्त, त, सयं, अपरिणमंत, कहं, णु, कोह, अह, सयं, अप्प, कोहभाव, एत, तुम्ह, बुद्धि, कोह, जीव, कोहत्त, इदि, मिच्छा, कोहुवजुत्त, कोह, माणुवजुत्त, य, माण, एव, अत्त, माउवजुत्त, माया, लोहुवजुत्त, लोह ।

कोई ऐसा तर्क करे कि पुद्गलकर्म क्रोधादिक ही जीवको क्रोधादिक भावसे परिणमाते हैं इस लिये संसारका अभाव नहीं हो सकता । ऐसा कहनेमें दो पक्ष पूछने योग्य हैं कि पुद्गलकर्म क्रोधादिक अपने आप अपरिणमते जीवको परिणमाते हैं या परिणमतेको परिणमाते हैं ? प्रथम तो जो आप नहीं परिणमता हो, उसमें परके द्वारा कुछ भी परिणमन नहीं कराया जा सकता है क्योंकि आपमें जो शक्ति नहीं, वह परके द्वारा नहीं की जा सकती तथा जो स्वयं परिणमता हो, वह अन्य परिणमाने वाले की अपेक्षा नहीं करता, क्योंकि वस्तुकी शक्तियाँ परकी अपेक्षा नहीं करती । इसलिये यह सिद्ध हुआ कि जीव परिणमन स्वभाव वाला स्वयमेव है । ऐसा होनेपर जैसे कोई मंत्रसाधक गरुडका ध्यान करता हुआ याने उस गरुडभावरूप परिणत

क्रोधादिकर्म पुद्गल, जीवको कर्मरूप परिणमावे ।
स्वयं अपरिणमतेको, कैसे विधि परिणमा देगा ॥१२३॥
यदि यह आत्मा वस्तू, स्वयं हि परिणमे क्रोधभावोंसे ।
तो कर्म परिणमाता, आत्माको कर्म यह मिथ्या ॥१२४॥
क्रोधोपयुक्त आत्मा, क्रोध तथा मान मान उपयोगी ।
मायोपयुक्त माया, लोभ तथा लोभ उपयोगी ॥१२५॥

न स्वयं बद्धः कर्मणि न स्वयं परिणमते क्रोधादिभिः । यद्येषः तव जीवोऽपरिणामी तदा भवति ॥१२१॥ अपरिणममाने स्वयं जीवे क्रोधादिभिः भावैः । संसारस्याभावः प्रसज्यते सांख्यसमयो वा ॥१२२॥ पुद्गलकर्म क्रोधो जीवं परिणामयति क्रोधत्वं । तं स्वयमपरिणममानं कथं नु परिणामयति क्रोधः ॥१२३॥ अथ स्वयमात्मा परिणमते क्रोधभावेन एषा ते बुद्धिः । क्रोधः परिणामयति जीवं क्रोधत्वमिति मिथ्या । क्रोधोपयुक्तः क्रोधो मानोपयुक्तश्च मान एवात्मा । मायोपयुक्तो माया लोभोपयुक्तो भवति लोभः ॥१२५॥

यदि कर्मणि स्वयमबद्धः सन् जीवः क्रोधादिभावेन स्वयमेव न परिणमेत तदा स किलापरिणाम्येव स्यात् । तथा सति संसाराभावः । अथ पुद्गलकर्मक्रोधादि जीवं क्रोधादिभावेन परिणामयति ततो न संसाराभाव इति तर्कः । किं स्वयमपरिणममानं परिणममानं वा

धातुसंज्ञ—परि-नम नम्रीभावे, हो सत्तायां, प-सज्ज समवाये, हव सत्तायां । **प्रकृतिशब्द**—न, स्वयं, बद्ध, कर्मन्, न, स्वयं, क्रोधादि, यदि, एतत्, युष्मद्, जीव, अपरिणामिन्, तदा, अपरिणममान, स्वयं, जीव, क्रोधादि, भाव, संसार, अभाव, सांख्यसमय, वा, पुद्गलकर्मन्, क्रोध, जीव, क्रोधत्व, तत्, स्वयं, अपरिणममान, कथं, नु, क्रोध, अथ, स्वयं, आत्मन्, क्रोधभाव, एतत्, युष्मद्, बुद्धि, क्रोध, जीव, क्रोधत्व, इति, मिथ्या, क्रोधोपयुक्त, क्रोध, मानोपयुक्त, च, मान, एव, आत्मन्, मायोपयुक्त, माया, लोभोपयुक्त, लोभ ।

हुआ गरुड ही है, उसी भाँति यह जीवात्मा अज्ञानस्वभाव क्रोधादिरूप परिणत उपयोगरूप हुआ स्वयमेव क्रोधादिक ही होता है । इस प्रकार जीवका परिणामस्वभाव होना सिद्ध हुआ । **भावार्थ**—जीव परिणामस्वभाव है । जब अपना उपयोग क्रोधादिरूप परिणमता है, तब स्वयं क्रोधादिरूप ही होता है ।

अब इस अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं **स्थितेति**—इत्यादि । **अर्थ**—इस प्रकार जीवके अपने स्वभावसे ही हुई परिणमनशक्ति निर्विघ्न सिद्ध हुई । उसके सिद्ध होनेसे यह जीव अपने जिस भावको करता है उसीका वह कर्ता होता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथा पंचकमें पुद्गलद्रव्यका स्वयं परिणामित्व बताया गया था । अब इस गाथा पंचकमें जीवका स्वयं परिणामित्व बताया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१– जीवको कर्ममें स्वयं बद्ध व क्रोधादिभावसे परिणत न माननेपर जीव अपरिणामी बन बैठेगा । २– यदि जीवको अपरिणामी माना जायगा तो संसारके अभाव

पुद्गलकर्म क्रोधादि जीवं क्रोधादिभावेन परिणामयेत् ? न तावत्स्वयमपरिणममानः परेण परिणामयितुं पार्येत, न हि स्वतोऽसती शक्तिः कर्तुमन्येन पार्यते । स्वयं परिणममानस्तु न परं परिणमयितारमपेक्षेत । न हि वस्तुशक्तयः परमपेक्षंते । ततो जीवः परिणामस्वभावः स्वयमेवास्तु तथा सति गरुडध्यानपरिणतः साधकः स्वयं गरुड इवाज्ञानस्वभावक्रोधादिपरिणतोपयोगः स एव स्वयं क्रोधादिः स्यादिति सिद्धं जीवस्य परिणामस्वभावत्वं ॥१२१-१२५॥

मूलधातु— बन्ध बन्धने, परि-णम प्रह्वत्वे, क्रुध क्रोधने, भू सत्तायां, सं-सृ गतौ, प्र-यज् सङ्गे, सम्-अय गतौ, पूरी आप्यायने, गल स्रवणे, बुध अवबोधने, उप-युजिर् योगे, मान पूजायां भ्वादि चुरादि, लुभ गार्ध्ये दिवादि, लुभ विमोहने तुदादि । **पदविवरण**— न, स्वय–अव्यय । बद्धः–प्रथमा एक० । कर्मणि–सप्तमी ए० । परिणमते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । क्रोधादिभिः–तृतीया बहु० । यदि–अव्यय । एषः–प्र० ए० । तव–षष्ठी एक० । जीवः, अपरिणामी–प्र० ए० । तदा–अव्यय । भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । अपरिणममाने, जीवे–सप्तमी एक० । क्रोधादिभिः–तृतीया बहु० । भावैः–तृ० ब० । संसारस्य–षष्ठी एक० । अभावः–प्र० ए० । प्रसज्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । सांख्यसमयः–प्र० ए० । वा–अव्यय । पुद्गलकर्म, क्रोधः–प्र० ए० । जीवं–द्वितीया एक० । परिणामयति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन णिजंत क्रिया । क्रोधत्वं–प्र० ए० या क्रियाविशेषण क्रोधत्वं यथा स्यात्तथा । तं–द्वि० ए० । अपरिणममानं–द्वि० एक० । **कथं, नु**–अव्यय । परिणामयति–वर्त० लट् अन्य० एक० । क्रोधः–प्रथमा एक० । **अथ**–अव्यय । आत्मा–प्र० ए० । परिणमते–वर्तमान० अन्य० एक० । क्रोधभावेन–तृ० ए० । एषा–प्र० ए० स्त्रीलिङ्ग । ते–षष्ठी एक० । बुद्धिः, क्रोधः–प्र० ए० । परिणामयति–वर्तमान० अन्य० एक० । जीवं–द्वि० एक० कर्मकारक । क्रोधत्वं–द्वि० ए० या क्रियाविशेषण क्रोधत्वं यथा स्यात्तथा । क्रोधोपयुक्तः, क्रोधः, मानोपयुक्तः–प्र० ए० । च–अव्यय । मानः–प्र० ए० । एव–अव्यय । आत्मा, मायोपयुक्तः, माया, लोभोपयुक्तः–प्र० एक० । भवति–वर्तमान लट् अन्य० एक० । लोभः–प्रथमा एकवचन ॥ १२१-१२५ ॥

का प्रसंग आ जावेगा । ३– न परिणमते हुए जीवको क्रोधादि प्रकृतिकर्म परिणमा देगा ऐसा यों नहीं हो सकता कि जो परिणम न सके उसे निमित्तरूपसे भी कोई परिणमा नहीं सकता ४–यदि स्वयं परिणमते जीवको क्रोधादिकर्म परिणमा देगा यह माना जाय तो जब जीव परिणम रहा तो इसमें दूसरेकी अपेक्षाकी जरूरत नहीं, दूसरा निमित्तमात्र ही होता । ५– जीव परिणामस्वभाव स्वयं है वह अज्ञानस्वभावक्रोधादिपरिणतोपयोग होता हुआ स्वयं क्रोधादि हो जाता है । ६– निमित्तनैमित्तिक भाव व वस्तुस्वातंत्र्य दोनोंका एक साथ होनेमें विरोध नहीं है ।

सिद्धांत— १–जीव क्रोधादिपरिणतोपयोग अकेला होता है दूसरेको लेकर नहीं । २– क्रोधादिकर्मप्रकृतिका विपाकोदय होनेपर अशुद्धोपादान जीव स्वयं विकाररूप परिणम जाता है ।

दृष्टि— १– अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २– उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४) ।

प्रयोग— आत्मा स्वयं परिणामस्वभाव है उसको क्रोधादिकर्म निमित्तमात्र है, किन्तु

तथाहि--

जं कुणदि भावमादा कत्ता सो होदि तस्स कम्मस्स ।
णाणिस्स स णाणमओ अण्णाणमओ अणाणिस्स ॥१२६॥

आत्मा जो भाव करे, होता वह उस भावका कर्ता ।
ज्ञानमय भाव बुधका, अज्ञानमय हि अबुधका है ॥१२६॥

यं करोति भावमात्मा कर्ता स भवति तस्य कर्मणः । ज्ञानिनः स ज्ञानमयोऽज्ञानमयोऽज्ञानिनः ॥१२६॥

एवमयमात्मा स्वयमेव परिणामस्वभावोपि यमेव भावमात्मनः करोति तस्यैव कर्मतामापद्यमानस्य कर्तृत्वमापद्येत । स तु ज्ञानिनः सम्यक्स्वपरविवेकेनात्यंतोदितविविक्तात्मख्या-

---

नामसंज्ञ—ज, भाव, अत्त, अत्त, कत्तार, त, त, कम्म, णाणि, त, णाणमअ, अण्णाणमअ, अणाणि । **धातुसंज्ञ**—कुण करणे, हो सत्तायां । **प्रकृतिशब्द**—यत्, भाव, आत्मन्, कर्तृ, तत्, तत्, कर्मन्, ज्ञानिन्, तत्, ज्ञानमय, अज्ञानमय, अज्ञानिन् । **मूलधातु**- डुकृञ् करणे, अत सातत्यगमने, भू सत्तायां, ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**--यं–द्वितीया एकवचन । करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । भावं–द्वि० एक०

क्रोधादिकर्म जीवपरिणामको करता नहीं, अतः कायरताका कोई प्रसंग नहीं ऐसा जानकर अपने अविकार सहज ज्ञानमात्र स्वरूपको निरखकर निजस्वरूपमें ही दृष्टि रखनेका पौरुष करना । ॥ १२१-१२५ ॥

अब उक्त अर्थको लेकर भावोंका विशेषकर कर्ता कहते हैं:—[आत्मा] आत्मा [यं भावं] जिस भावको [करोति] करता है [तस्य कर्मणः] उस भावरूप कर्मका [सः] वह [कर्ता] कर्ता [भवति] होता है । वहाँ [ज्ञानिनः] ज्ञानीके तो [सः] वह भाव [ज्ञानमयः] ज्ञानमय है और [अज्ञानिनः] अज्ञानीके [अज्ञानमयः] अज्ञानमय है ।

टीकार्थ—इस प्रकार यह आत्मा स्वयमेव परिणमनस्वभाव वाला होनेपर भी जिस भावको अपने करता है, कर्मत्वको प्राप्त हुए उस भावका ही कर्तापना प्राप्त होता है । सो वह भाव ज्ञानीका ज्ञानमय ही है, क्योंकि उसको अच्छी प्रकारसे स्व-परका भेदज्ञान हो गया है, जिससे सब परद्रव्य भावोंसे भिन्न आत्माकी ख्याति अत्यन्त उदित हो गई है । परंतु अज्ञानीके अज्ञानमय भाव ही है, क्योंकि उसके भली-भाँति स्वपरके भेदज्ञानका अभाव होनेसे भिन्न आत्माकी ख्याति अत्यंत अस्त हो गई है । **भावार्थ**—ज्ञानीके तो अपना परका भेदज्ञान हो गया है इसलिये ज्ञानीके तो अपने ज्ञानमय भावका ही कर्तृत्व है, किन्तु अज्ञानीके अपना पर का भेदज्ञान नहीं है इस कारण अज्ञानमय भावका ही कर्तृत्व है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथापंचकमें जीवको परिणामी सिद्ध करते हुए प्रसिद्ध किया था कि जीव अपने जिस भावको करता है उसीका कर्ता होता है । सो उसी स्वकर्तृत्व

तित्वात् ज्ञानमय एव स्यात् । अज्ञानिनस्तु सम्यक्स्वपरविवेकाभावेनात्यंतप्रत्यस्तमितविविक्तात्मख्यातित्वादज्ञानमय एव स्यात् ॥१२६॥

कर्मकारक । आत्मा—प्रथमा एकवचन कर्तृकारक । कर्ता, सः—प्र० ए० । भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । तस्य, कर्मणः, ज्ञानिनः—षष्ठी एकवचन । सः, ज्ञानमयः, अज्ञानमयः—प्र० ए० । अज्ञानिनः—षष्ठी एकवचन ॥ १२६ ॥

का स्पष्टीकरण इस गाथामें किया है ।

तथ्यप्रकाश—१—आत्मा अपने जिस भावको करता है उस कर्मका (जीवपरिणामका) कर्ता होता है । २—ज्ञानीके स्वपरविवेक होनेके कारण दृष्टिमें सर्वपरविविक्त आत्माकी ख्याति होनेसे ज्ञानमय ही भाव होता है । ३—अज्ञानीके सही स्वपरविवेक न होनेके कारण विविक्त आत्माकी ख्याति (प्रतीति) न होनेसे अज्ञानमय ही भाव होता है ।

सिद्धान्त—१—स्वपरविवेकपूर्वक स्वभावदृष्टि होनेसे ज्ञानीके ज्ञानमय भाव होते हैं । २—स्वपरविवेक न होनेके कारण स्वभावदृष्टि अस्त रहनेसे अज्ञानीके अज्ञानमय भाव होते हैं ।

दृष्टि—१— अपूर्ण शुद्धनिश्चयनय (४६ब) । २— अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—ज्ञानमयभावको स्वभावभाव व निराकुल जानकर उसकी कारणभूत अविकारज्ञानस्वभावदृष्टि रखनेका पौरुष करना ॥१२६॥

ज्ञानमय भावसे क्या होता है और अज्ञानमय भावसे क्या होता है, अब यह कहते हैं—[**अज्ञानिनः**] अज्ञानीका [**अज्ञानमयः**] अज्ञानमय [**भावः**] भाव है [**तेन**] इस कारण [**कर्माणि**] अज्ञानी कर्मोंको [**करोति**] करता है [**तु**] और [**ज्ञानिनः**] ज्ञानीके [**ज्ञानमयः**] ज्ञानमय भाव होता है [**तस्मात्तु**] इसलिये वह ज्ञानी [**कर्माणि**] कर्मोंको [**न**] नहीं [**करोति**] करता ।

टीकार्थ—अज्ञानीके अच्छी प्रकार स्वपरका भेदज्ञान न होनेसे विविक्त आत्माकी ख्याति अत्यंत अस्त हो जानेके कारण अज्ञानमय ही भाव होता है । उस अज्ञानमय भावके होनेपर आत्माके और परके एकत्वका अध्यास होनेसे ज्ञानमात्र अपने आत्मस्वरूपसे भ्रष्ट हुआ परद्रव्यस्वरूप राग-द्वेषके साथ एक होकर अहंकारमें प्रवृत्त हुआ अज्ञानी ऐसा मानता है कि 'मैं रागी हूं, द्वेषी हूं' इस प्रकार वह रागी द्वेषी होता है । उस रागादि स्वरूप अज्ञानमय भावसे अज्ञानी हुआ परद्रव्यस्वरूप जो राग-द्वेष उन रूप अपनेको करता हुआ कर्मोंको करता है । और ज्ञानीके अच्छी तरह अपना परका भेदज्ञान हो गया है इसलिये जिसके भिन्न आत्माकी प्रकटता—'ख्याति' अत्यंत उदित हो गई है, उस भावके कारण ज्ञानमय ही भाव होता है । उस भावके होनेपर अपने व परको भिन्नपनेका ज्ञान भेदज्ञान होनेसे ज्ञानमात्र अपने

किं ज्ञानमयभावात्किमज्ञानमयाद्भवतीत्याह—

अण्णाणमओ भावो अणाणिणो कुणदि तेण कम्माणि ।
णाणमओ णाणिस्स दु ण कुणदि तम्हा दु कम्माणि ॥१२७॥

भाव अज्ञानमय है, अज्ञानीको सु कर्मका कर्ता ।
ज्ञानमय भाव बुधका, सो नहिं वह कर्मका कर्ता ॥१२७॥

अज्ञानमयो भावोऽज्ञानिनः करोति तेन कर्माणि । ज्ञानमयो ज्ञानिनस्तु न करोति तस्मात्तु कर्माणि ॥१२७॥

अज्ञानिनो हि सम्यक्स्वपरविवेकाभावेनात्यंतप्रत्यस्तमितविविक्तात्मख्यातित्वाद्यस्माद-ज्ञानमय एव भावः स्यात् तस्मिंस्तु सति स्वपरयोरेकत्वाध्यासेन ज्ञानमात्रात्स्वस्मात्प्रभ्रष्टः परा-भ्यां रागद्वेषाभ्यां सममेकीभूय प्रवर्तिताहंकारः स्वयं किलैषोहं रज्ये रुष्यामीति रज्यते रुष्यति च तस्मादज्ञानमयभावादज्ञानी परौ रागद्वेषावात्मानं कुर्वन् करोति कर्माणि । ज्ञानिनस्तु

नामदर्शक- अण्णाणमअ, भाव, अणाणि, त, कम्म, णाणमअ, णाणि, दु, ण, त, दु, कम्म । धातु-संज्ञा—कुण करणे । प्रकृतिशब्द—अज्ञानमय, भाव, अज्ञानिन्, तत्, कर्मन्, ज्ञानमय, ज्ञानिन्, तु, न, तत्,

---

आत्मस्वरूपमें ठहरा हुआ वह ज्ञानी परद्रव्यस्वरूप राग-द्वेषोंसे पृथग्भूत हो जानेके कारण अपने रससे ही परमें अहंकार निवृत्त हो गया है, ऐसा हुआ निश्चयसे केवल जानता ही है, राग-द्वेषरूप नहीं होता । इसलिये ज्ञानमय भावसे ज्ञानी हुआ परद्रव्यस्वरूप जो राग-द्वेष उन रूप आत्माको नहीं करता हुआ कर्मोंको नहीं करता है । **भावार्थ**—इस आत्माके क्रोधा-दिक मोहकी प्रकृतिका उदय आनेपर उसका अपने उपयोगमें रागद्वेषरूप मलिन स्वाद आता है, सो मोही जीव भेदज्ञानके बिना अज्ञानी हुआ ऐसा मानता है कि यह रागद्वेषमय मलिन उपयोग ही मेरा स्वरूप है, यही मैं हूं, इस प्रकार अज्ञानरूप अहंकारसे आच्छन्न हुआ प्राणी कर्मोंको बांधता है । इस प्रकार अज्ञानमय भावसे कर्मबंध होता है और जब ऐसा है कि ज्ञानमात्र शुद्ध उपयोग तो मेरा स्वरूप है, 'वह मैं हूं' तथा रागद्वेष हैं वे कर्मके रस हैं, मेरे स्वरूप नहीं हैं, ऐसा भेदज्ञान होनेपर ज्ञानी होता है, तब अपनेको रागद्वेष भावरूप नहीं करता, केवल ज्ञाता ही रहता है, तब कर्मको नहीं करता ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञानीके ज्ञानमय भाव होता है और अज्ञानीके अज्ञानमय भाव होता है । अब इस गाथामें उससे संबंधित इस जिज्ञासाका समाधान किया गया है कि अज्ञानमयभावसे क्या होता है और ज्ञानमयभावसे क्या होता है ?

तथ्यप्रकाश—१– अज्ञानीके सम्यक् स्वपरविवेक नहीं होता है । २– स्वपरविवेक न होनेसे एकत्वविभक्त आत्माकी दृष्टि नहीं बनती । ३– एकत्वविभक्त आत्माकी दृष्टि न होनेसे

सम्यक्स्वपरविवेकेनात्यंतोदितविविक्तात्मख्यातित्वाद्यस्माद् ज्ञानमय एव भावः स्यात् तस्मिंस्तु सति स्वपरयोर्नानात्वविज्ञानेन ज्ञानमात्रे स्वस्मिन्सुनिविष्टः पराभ्यां रागद्वेषाभ्यां पृथग्भूततया स्वरसत एव निवृत्ताहंकारः स्वयं किल केवलं जानात्येव न रज्यते न च रुष्यति तस्माद् ज्ञानमयभावाद् ज्ञानी परौ रागद्वेषावात्मानमकुर्वन्न करोति कर्माणि। ज्ञानमय एव भावः कुतो भवेद् ज्ञानिनो न पुनरन्यः। अज्ञानमयः सर्वः कुतोयमज्ञानिनो नान्यः ॥६६॥ ॥ १२७ ॥

तु, कर्मन्। मूलधातु—ज्ञा अवबोधने, डुकृञ् करणे। **पदविवरण**—अज्ञानमयः, भावः—प्रथमा एकवचन। अज्ञानिनः—षष्ठी एक०। करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया। तेन—तृतीया एक०। कर्माणि—द्वितीया बहु०। ज्ञानमयः—प्र० ए०। ज्ञानिनः—षष्ठी एकवचन। तु, न—अव्यय। करोति—वर्तमान अन्य० एकवचन। तस्मात्—पंचमी एकवचन हेत्वर्थे। तु—अव्यय। कर्माणि—द्वितीया बहुवचन ॥१२७॥

अज्ञानमय भाव होता है। ४— अज्ञानमयभाव होनेपर स्वपरमें एकत्वका अध्यास होता है। ५—स्वपरमें एकत्वका अध्यास होनेसे ज्ञानमात्र स्वसे भ्रष्ट रहता है। ६— ज्ञानमात्र स्वसे भ्रष्ट रहनेसे परद्रव्यस्वरूप रागद्वेषके साथ एकरूप अनुभव होता है। ७— रागद्वेष प्रकृतिमें एकरूप अनुभव होनेसे अहंकार विकल्प बनता है। ८— अहंकार विकल्प बननेसे अज्ञानी अपने आत्माको परद्रव्यस्वरूप रागद्वेषमय करता हुआ कर्मोंको करता है। ९— ज्ञानीके सम्यक् स्व-पर विवेक होता है। १०— स्व-परविवेक होनेसे एकत्वविभक्त आत्माकी दृष्टि रहती है। ११— एकत्वविभक्त आत्माकी दृष्टि रहनेसे ज्ञानमय भाव होता है। १२— ज्ञानमय भाव होनेपर स्वपरकी भिन्नताका बोध संस्कृत रहता है। १३— स्वपरकी भिन्नताका बोध संस्कृत रहनेसे ज्ञानमात्र स्वमें ठहरना होता है। १४— ज्ञानमात्र स्वमें ठहरना होनेसे परद्रव्यस्वरूप रागद्वेषसे पृथक् रहनेसे स्वरसतः ही उनमें अहंकार नहीं होता है, अहंकार निवृत्त हो जाता है। १५— परद्रव्यस्वरूप राग द्वेषमें अहंकार नष्ट हो जानेसे ज्ञानी मात्र जानता ही है वह रागद्वेषरूप अपनेको नहीं कर सकता। १७— रागद्वेषरूप न होनेसे ज्ञानी कर्मोंको नहीं करता है।

सिद्धान्त—१— अज्ञानीके अज्ञानमय भाव होता है। २— अज्ञानमयभावका निमित्त पाकर पुद्गलकार्माणद्रव्यमें कर्मत्वका आस्रव होता है। ३— ज्ञानीके ज्ञानमयभाव होता है। ४— ज्ञानमयभावका निमित्त पाकर कार्माणद्रव्यमें संवरत्व होता है।

दृष्टि—१— अशुद्धनिश्चयनय (४७)। २— उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४)। ३—शुद्धनिश्चयनय (४६), अपूर्ण शुद्धनिश्चयनय (४६ब)। ४— शुद्धभावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिक नय (२४ब)।

प्रयोग—ज्ञानमय भाव होनेपर बन्धन नहीं होता तथा भव-भवके संचित कर्म भी अपना कर्मत्व तज देते हैं यह जानकर अविकार ज्ञानस्वरूपकी उपासनारूप ज्ञानमय भावना

णाणमया भावाओ णाणमओ चेव जायदे भावो ।
जम्हा तम्हा णाणिस्स सव्वे भावा हु णाणमया ॥१२८॥
अण्णाणमया भावा अण्णाणो चेव जायए भावो ।
जम्हा तम्हा भावा अण्णाणमया अणाणिस्स ॥१२९॥

ज्ञानमय भावसे तो, ज्ञान परिणाम ही जनित होता ।
इस कारण ज्ञानीके, सारे परिणाम ज्ञानमय ही हैं ॥१२८॥
भाव अज्ञानमयसे, होता अज्ञानभाव इस कारण ।
अज्ञानी आत्माके, भावहि अज्ञानमय होते ॥१२९॥

ज्ञानमयाद्भावाद् ज्ञानमयश्चैव जायते भावः । यस्मात्तस्माज्ज्ञानिनः सर्वे भावाः खलु ज्ञानमयाः ॥१२८॥ अज्ञानमयाद्भावादज्ञानश्चैव जायते भावः । यस्मात्तस्माद्भावादज्ञानमया अज्ञानिनः ॥१२९॥

यतो ह्यज्ञानमयाद्भावाद्यः कश्चनापि भावो भवति स सर्वोप्यज्ञानमयत्वमनतिवर्तमानोऽज्ञानमय एव स्यात् ततः सर्व एवाज्ञानमया अज्ञानिनो भावाः । यतश्च ज्ञानमयाद्भावाद्यः

नामसंज्ञ—णाणमअ, भाव, णाणमअ, च, एव, भाव, ज, त, णाणि, सव्व, भाव, हु, णाणमअ, अण्णाणमअ, भाव, अण्णाणि, च, एव, भाव, ज, त, भाव, अण्णाणमअ, अणाणि । **धातुसंज्ञ**—जा प्रादुर्भावे । **प्रकृतिशब्द**—ज्ञानमय, भाव, ज्ञानमय, च, एव, भाव, यत्, तत्, ज्ञानिन्, सर्व, भाव, खलु, ज्ञानमय, अज्ञानमय, भाव, अज्ञान, च, एव, भाव, यत्, तत्, भाव, अज्ञानमय, अज्ञानिन् । **मूलधातु**—जनी प्रादुर्भावे दिवादि, ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**—ज्ञानमयात्, भावात्—पंचमी एकवचन । ज्ञानमयः—प्रथमा एकवचन ।

ही करना चाहिये ॥१२७॥

अब अगली गाथाके अर्थकी सूचनाका काव्य कहते हैं—**ज्ञानमय** इत्यादि । **अर्थ**—ज्ञानीके तो ज्ञानमय ही भाव होते हैं अन्य नहीं होता यह क्यों ? और अज्ञानीके **अज्ञानमय** ही सब भाव होते हैं अन्य नहीं यह कैसे ? इसी प्रश्नकी उत्तररूप गाथा कहते हैं—**[यस्मात्]** जिस कारण **[ज्ञानमयात् भावात् च]** ज्ञानमय भावसे **[ज्ञानमय एव]** ज्ञानमय ही **[भावः]** भाव **[जायते]** उत्पन्न होता है । **[तस्मात्]** इस कारण **[ज्ञानिनः]** ज्ञानीके **[खलु]** निश्चय से **[सर्वे भावाः]** सब भाव **[ज्ञानमयाः]** ज्ञानमय हैं । और **[यस्मात्]** जिस कारण **[अज्ञानमयात् भावात् च]** अज्ञानमय भावसे **[अज्ञान एव]** अज्ञानमय ही **[भावः]** भाव **[जायते]** उत्पन्न होता है **[तस्मात्]** इस कारण **[अज्ञानिनः]** अज्ञानीके **[अज्ञानमयाः]** अज्ञानमय ही **[भावाः]** भाव उत्पन्न होते हैं ।

तात्पर्य—ज्ञानीके ज्ञानमय भाव होते हैं और अज्ञानीके अज्ञानमय भाव होते हैं ।

टीकार्थ—जिस कारण निश्चयसे अज्ञानमय भावसे जो कुछ भाव होता है, वह सभी

कश्चनापि भावो भवति स सर्वोपि ज्ञानमयत्वमनतिवर्तमानो ज्ञानमय एव स्यात् ततः सर्वे एव ज्ञानमया ज्ञानिनो भावाः । ज्ञानिनो ज्ञाननिर्वृत्ताः सर्वे भावा भवंति हि । सर्वोप्यज्ञाननिर्वृत्ता भवंत्यज्ञानिनस्तु ते ॥६७॥ ॥ १२८-१२९ ॥

च, एव–अव्यय । जायते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । भावः–प्र० ए० । यस्मात्, तस्मात्–पंचमी एक० । ज्ञानिनः–षष्ठी ए० । सर्वे–प्र० बहु० । भावाः–प्र० बहु० । खलु–अव्यय । ज्ञानमयाः–प्रथमा बहु० । अज्ञानमयात्, भावात्–पंचमी एक० । अज्ञानः–प्रथमा ए० । जायते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । भावः–प्र० एक० । यस्मात्, तस्मात्–पंचमी एकवचन । भावाः, अज्ञानमयाः–प्रथमा बहु० । अज्ञानिनः–षष्ठी एकवचन ॥ १२८-१२९ ॥

अज्ञानमयपनेको उल्लंघन नहीं करता हुआ अज्ञानमय ही होता है; इसलिए अज्ञानीके सभी भाव अज्ञानमय हैं । और जिस कारण ज्ञानमयभावसे जो कुछ भाव होता है, वह सभी ज्ञानमयपनेको नहीं उल्लंघन करता हुआ ज्ञानमय ही होता है, इसलिये ज्ञानीके सभी भाव ज्ञानमय हैं । अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**ज्ञानिनो** इत्यादि । अर्थ—ज्ञानीके सभी भाव ज्ञानसे रचे हुए होते हैं और अज्ञानीके सभी भाव अज्ञानसे रचे हुए होते हैं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया था कि अज्ञानीके अज्ञानमय भाव होता है और इससे वह कर्मको करता है तथा ज्ञानीके ज्ञानमय भाव होता है और इससे वह कर्म को नहीं करता । अब इस गाथामें बताया है कि ज्ञानीके ज्ञानमय ही भाव क्यों होता है और अज्ञानीके अज्ञानमय ही भाव क्यों होता है ?

तथ्यप्रकाश—१– अज्ञानमय भावसे जो कुछ भी भाव होता है वह सब अज्ञानमयता का उल्लंघन न करनेसे अज्ञानमय ही भाव होता है । २– ज्ञानमयभावसे जो कुछ भी भाव होता है वह सब ज्ञानमयताका उल्लंघन न करनेसे ज्ञानमय ही होता है ।

सिद्धान्त—१– अज्ञानमय परभावको आत्मा मानने वाले विकल्पसे अज्ञानमय भाव ही प्रकट होता है । २– ज्ञानघन अन्तस्तत्त्वकी दृष्टि वालेके ज्ञानसंस्कृत ही भाव होता ।

दृष्टि—१– अशुद्धनिश्चयनय (४७) । २– शुद्धनिश्चयनय, अपूर्ण शुद्धनिश्चयनय (४६, ४६ब) ।

प्रयोग—मूलमें अविकार ज्ञानस्वभावका आलम्बन होनेसे ज्ञानमय भाव प्रकट होता है सो अपना उपयोग अविकार ज्ञानस्वभावको दृष्टिमें रखनेका पौरुष करना ॥ १२८-१२९ ॥

अब इस उक्त गाथार्थको ही दृष्टान्तसे दृढ़ करते हैं—[यथा] जैसे [**कनकमयात् भावात्**] सुवर्णमय भावसे [**कुंडलाद्यः भावाः**] सुवर्णमय कुंडलादिक भाव [**जायंते**] उत्पन्न होते हैं [**तु**] और [**अयोमयात् भावात्**] लोहमय भावसे [**कटकाद्यः**] लोहमयी कड़े इत्या-

अथैतदेव दृष्टांतेन समर्थयते —

कणयमया भावादो जायंते कुंडलादयो भावा ।
अयमयया भावादो जह जायंते तु कडयादी ॥१३०॥
अण्णाणमया भावा अणाणिणो बहुविहा वि जायंते ।
णाणिस्स दु णाणमया सव्वे भावा तहा होंति ॥१३१॥ (युग्मम्)

स्वर्णमयी पासासे, होते उत्पन्न कुण्डलादि विविध ।
लोहमयी वस्तूसे, होते उत्पन्न लोहमयी ॥१३०॥
अज्ञानी आत्माके, होते अज्ञानभाव नानाविध ।
ज्ञानी आत्माके तो, ज्ञानमयी भाव ही होते ॥१३१॥

कनकमयाद्भावाज्जायंते कुंडलादयो भावाः । अयोमयकाद्भावाद्यथा जायंते तु कटकादयः ॥ १३० ॥ अज्ञानमयाद्भावादज्ञानिनो बहुविधा अपि जायंते । ज्ञानिनस्तु ज्ञानमया सर्वे भावास्तथा भवंति ॥ १३१ ॥

यथा खलु पुद्गलस्य स्वयं परिणामस्वभावत्वे सत्यपि कारणानुविधायित्वात्कार्याणां जांबूनदमयाद्भावाज्जांबूनदजातिमनतिवर्तमानाज्जांबूनदकुंडलादय एव भावा भवेयुर्न पुनः कालायसवलयादयः । कालायसमयाद्भावाच्च कालायसजातिमनतिवर्तमानाः कालायसवलयादय

नामसंज्ञा—कणयमअ, भाव, कुंडलादि, भाव, अयमयय, भाव, जह, तु, कडयादि, अण्णाणमअ, भाव, अणाणि, बहुविह, वि, णाणि, णाणमअ, सव्व, भाव, तह । धातुसंज्ञा—जा प्रादुर्भावे, हो सत्तायां । प्रकृतिशब्द—कणयमय, भाव, कुण्डलादि, भाव, अयोमयक, भाव, यथा, तु, कटकादि, अज्ञानमय, भाव,

---

दिक भाव उत्पन्न होते हैं [तथा] उसी प्रकार [अज्ञानिनः] अज्ञानीके [अज्ञानमयात् भावात्] अज्ञानमय भावसे [बहुविधा अपि] अनेक तरहके [अज्ञानमयाः भावाः] अज्ञानमय भाव [जायंते] उत्पन्न होते हैं [तु] परन्तु [ज्ञानिनः] ज्ञानीके [सर्वे] सभी [ज्ञानमयाः भावाः] ज्ञानमय भाव [भवंति] होते हैं ।

तात्पर्य—अज्ञानीके शुभाशुभ भावोंमें आत्मबुद्धि होनेसे अज्ञानमयभाव होते, ज्ञानीके सहजज्ञानस्वरूपमें आत्मबुद्धि होनेसे ज्ञानमयभाव होते ।

टीकार्थ—जैसे कि पुद्गलद्रव्य स्वयं परिणामस्वभावी होनेपर भी जैसा कारण हो, उस स्वरूप कार्य होते हैं, अतः सुवर्णमय भावसे सुवर्णजातिका उल्लंघन न करने वाले होनेसे सुवर्णमय ही कुंडल आदिक भाव होते हैं, सुवर्णसे लोहमयी कड़ा आदिक भाव नहीं होते । और लोहमय भावसे लोहकी जातिको उल्लंघन न करने वाले लोहमय कड़े आदिक भाव होते हैं, लोहसे सुवर्णमय कुण्डल आदिक भाव नहीं होते, उसी प्रकार जीवके स्वयं परिणामस्व-

एव भवेयुर्न पुनर्जाम्बूनदकुंडलादयः । तथा जीवस्य स्वयं परिणामस्वभावत्वे सत्यपि कारणानुविधायित्वादेव कार्याणां अज्ञानिनः स्वयमज्ञानमयाद्भावादज्ञानजातिमनतिवर्तमाना विविधा अप्य-

---

अज्ञानिन्, बहुविध, अपि, ज्ञानिन्, तु, ज्ञानमय, सर्व, भाव, तथा । **मूलधातु**—कुडि रक्षणे चुरादि, कटी गतौ (स्वार्थेकः) जनी प्रादुर्भावे दिवादि, ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**—कनकमयात्, भावात्–पंचमी एक० । जायंते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन क्रिया । कुण्डलादयः, भावाः–प्रथमा बहु० । अयोमयकात्–पंचमी एक० । भावात्–पं० एक० । यथा–अव्यय । जायंते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन क्रिया । कटकादयः–

भावरूप होनेपर भी 'जैसा कारण होता है वैसा ही कार्य होता है' इस न्यायसे अज्ञानीके स्वयमेव अज्ञानमय भावसे अज्ञानकी जातिको नहीं उल्लंघन करने वाले अनेक प्रकारके अज्ञानमय ही भाव होते हैं, ज्ञानमय भाव नहीं होते, और ज्ञानीके ज्ञानकी जातिको नहीं उल्लंघन करने वाले सब ज्ञानमय ही भाव होते हैं, अज्ञानमय नहीं होते । **भावार्थ**—जैसा कारण हो, वैसा ही कार्य होता है, इस न्यायसे जैसे लोहसे लोहमय वस्तुयें होती हैं, और सुवर्णसे सुवर्णमय आभूषण होते हैं उसी प्रकार अज्ञानीके अज्ञानसे अज्ञानमय भाव होते हैं और ज्ञानीके ज्ञानसे ज्ञानमय ही भाव होते हैं । अज्ञानमयभाव तो क्रोधादिक हैं और ज्ञानमयभाव क्षमा आदिक हैं । यद्यपि अविरत सम्यग्दृष्टिके चारित्रमोहके उदयसे क्रोधादिक भी प्रवर्तते हैं तथापि उस ज्ञानी की उनमें आत्मबुद्धि नहीं है, वह इन्हें परके निमित्तसे हुई उपाधि मानता है, सो उसके ये क्रोधादि कर्म उदयमें आकर खिर जाते हैं, ज्ञानी आगामी ऐसा बंध नहीं करता कि जिससे संसारका भ्रमण बढ़े । और आप उद्यमी होकर उनरूप परिणमन भी नहीं करता है; उदयको जबरदस्तीसे परिणमता है, इसलिए वहाँ भी ज्ञानमें ही अपना स्वामित्व माननेसे उन क्रोधादिभावोंका भी अन्य ज्ञेयके समान ज्ञाता ही है, कर्ता नहीं है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथायुगलमें कहा गया था ज्ञानमय भावसे ज्ञानमय ही भाव होते और अज्ञानमय भावसे अज्ञानमय ही भाव होते हैं । अब इस गाथा युगलमें इसी तथ्यको दृष्टांत द्वारा समर्थित किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१–जीव स्वयं परिणामस्वभाव है सो जीवको परिणमता तो रहना है ही । २–कार्य उपादान कारणका अनुविधान किया करते हैं याने जैसा कारण होता है वैसा कार्य होता है । ३– अज्ञानीके स्वयं अज्ञानमय भाव हैं सो अज्ञानमय कारणसे अज्ञानमय ही भाव होगा । ४–ज्ञानीके स्वयं ज्ञानमय भाव हैं सो ज्ञानमय कारणसे ज्ञानमय ही भाव होगा ।

सिद्धान्त—१– जिस काल सहजज्ञानस्वभावकी दृष्टि, प्रतीति, रुचि है उस काल यह आत्मा ज्ञानमय भाव वाला है । २– जिस काल रागादि प्रकृतिविपाक प्रतिफलनमें आत्मत्वकी

ज्ञानमया एव भावा भवेयुर्न पुनर्ज्ञानिमयाः ज्ञानिनश्च स्वयं ज्ञानमयाद्भावाज्ज्ञानजातिमनतिवर्तमानाः सर्वे ज्ञानमया एव भावा भवेयुर्न पुनरज्ञानमयाः ॥१३०-१३१॥

अज्ञानमयभावजामज्ञानी व्याप्य भूमिकां । द्रव्यकर्मनिमित्तानां भावानामेति हेतुतां ॥६८॥

प्र० बहु० । अज्ञानमयात्, भावात्–पंचमी एक० । अज्ञानिनः–षष्ठी एक० । बहुविधाः–प्र० बहु० । अपि–अव्यय । ज्ञानिनः–षष्ठी एक० । ज्ञानमयाः, सर्वे, भावाः–प्रथमा बहुवचन । भवन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ १३०-१३१ ॥

दृष्टि, प्रतीति व रुचि है उस काल यह आत्मा अज्ञानमयभाव वाला है ।

दृष्टि— १– शुद्धनिश्चयनय (४६), अपूर्ण शुद्धनिश्चयनय (४६ब) । २–अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग—अविकार सहज शुद्ध आत्मत्वकी उपलब्धि बिना ही संसार संकट है, अतः अविकार सहजशुद्ध अंतस्तत्त्वमें आत्मत्वका अनुभव करनेका पौरुष करना ॥ १३०-१३१ ॥

अब अगली गाथाकी सूचनाके अर्थ श्लोक कहते हैं—**अज्ञान** इत्यादि । अज्ञानी अज्ञानमय भावोंकी भूमिकाको व्याप्त कर आगामी द्रव्यकर्मके निमित्तभूत भावोंकी हेतुताको प्राप्त होता है । इसी अर्थको पाँच गाथाओं द्वारा कहते हैं— [**जीवानां**] जीवोंके [**या**] जो [**अतत्त्वोपलब्धिः**] अन्यथास्वरूपका जानना है [**सः**] वह [**अज्ञानस्य**] अज्ञानका [**उदयः**] उदय है [**तु**] और [**जीवस्य**] जीवके [**अश्रद्धानत्वं**] जो तत्त्वका अश्रद्धान है वह [**मिथ्यात्वस्य**] मिथ्यात्वका [**उदयः**] उदय है [**तु**] और [**जीवानां**] जीवोंके [**यत्**] जो [**अविरमणं**] अत्यागभाव [**भवेत्**] है [**असंयमस्य**] वह असंयमका [**उदयः**] उदय है [**तु**] और [**जीवानां**] जीवोंके [**यः**] जो [**कलुषोपयोगः**] मलिन याने जानपनेकी स्वच्छतासे रहित उपयोग है [**सः**] वह [**कषायोदयः**] कषायका उदय है [**तु यः**] और जो [**जीवानां**] जीवों के [**शोभनः**] शुभरूप [**वा**] अथवा [**अशोभनः**] अशुभरूप [**कर्तव्यः**] प्रवृत्तिरूप [**वा**] अथवा [**विरतिभावः**] निवृत्तिरूप [**चेष्टोत्साहः**] मन वचन कायकी चेष्टाका उत्साह है [**सं**] उसे [**योगोदयं**] योगका उदय [**जानीहि**] जानो । [**एतेषु**] इनके [**हेतुभूतेषु**] हेतुभूत होनेपर [**यत्तु**] जो [**कर्मवर्गणागतं**] कार्मणवर्गणागत पुद्गलद्रव्य [**ज्ञानावरणादिभावैः अष्टविधं**] ज्ञानावरण आदि भावोंसे आठ प्रकार [**परिणमते**] परिणमन करता है [**तत्**] वह [**कार्मणवर्गणागतं**] कार्मणवर्गणागत पुद्गलद्रव्य [**यदा**] जब [**खलु**] वास्तवमें [**जीवनिबद्धं**] जीवमें निबद्ध होता है [**तदा तु**] उस समय [**परिणामभावानां**] उन अज्ञानादिक-परिणाम भावोंका [**हेतुः**] कारण [**जीवः**] जीव [**भवति**] होता है ।

तात्पर्य—प्रकृतिविपाक, कर्मास्रव व कर्मबन्ध, तथा जीवविभाव अपने अपने उपादान

अण्णाणस्स स उदओ जं जीवाणं अतच्चउवलद्धी ।
मिच्छत्तस्स दु उदओ जीवस्स असद्दहाणत्तं ॥१३२॥
उदओ असंजमस्स दु जं जीवाणं हवेइ अविरमणं ।
जो दु कलुसोवओगो जीवाणं सो कसाउदओ ॥१३३॥
तं जाण जोगउदयं जो जीवाणं तु चिट्ठउच्छाहो ।
सोहणमसोहणं वा कायव्वो विरदिभावो वा ॥१३४॥
एदेसु हेदुभूदेसु कम्मइयवग्गणागयं जं तु ।
परिणमदे अट्ठविहं णाणावरणादिभावेहिं ॥१३५॥
तं खलु जीवणिबद्धं कम्मइयवग्गणागयं जइया ।
तइया दु होदि हेदू जीवो परिणामभावाणं ॥१३६॥

अज्ञानका उदय वह, जो जीवोंको न तत्त्व उपलब्धी ।
मिथ्यात्वका उदय जो, जीवोंके अश्रद्धानपना ॥१३२॥
उदय असंयमका वह, जो जीवोंको न पापसे विरती ।
उदय कषायोंका यह, कलुषित उपयोगका होना ॥१३३॥

नामसंज्ञ—अण्णाण, त, उदअ, ज, जीव, अतच्चउवलद्धि, मिच्छत्त, दु, उदअ, जीव, असद्दहाणत्त, उदअ, असंजम, दु, ज, जीव, अविरमण, ज, दु, कलुसोवओग, जीव, त, कसाउदअ, त, जोगउदअ, ज, जीव, तु, चिट्ठउच्छाह, सोहण, असोहण, व, कायव्व, विरदिभाव, वा, एत, हेदुभूद, कम्मइयवग्गणागअ, ज, तु, अट्ठविह, णाणावरणादिभाव, त, खलु, जीवणिबद्ध, कम्मइयवग्गणागअ, जइया, तइया, दु, हेदु, जीव, परिणामभाव । **धातुसंज्ञ**—उद्-अय गतौ, सद् दह धारणे, उव-उज्ज योगे कस-तनूकरणे, उत्-साह साधने, परि-नम नम्रीभावे, हो सत्तायां । **प्रकृतिशब्द**—अज्ञान, तत्, उदय, यत्, जीव, अतत्त्वोपलब्धि, मिथ्यात्व, तु, उदय, जीव, अश्रद्दधानत्व, उदय, असंयम, तु, यत्, जीव, अविरमण, यत्, तु, कलुषोपयोग,

---

में होते हैं, उनमें परस्पर निमित्तनैमित्तिकभावमात्र बना है ।

टीकार्थ—अयथार्थ वस्तुस्वरूपकी उपलब्धिसे ज्ञानमें स्वादरूप होता हुआ अज्ञानका उदय है । और नवीन कर्मोंके हेतुभूत मिथ्यात्व, असंयम, कषाय, योगोदय ये अज्ञानमय चार भाव हैं । उनमें से जो तत्त्वके अश्रद्धानरूपसे ज्ञानमें आस्वादका आना वह तो मिथ्यात्वका उदय है; जो अत्याग भावसे ज्ञानमें आस्वादरूप आये वह असंयमका उदय है; जो मलिन उपयोगपनेसे ज्ञानमें आस्वादरूप आये, वह कषायका उदय है, और जो शुभाशुभप्रवृत्तिनिवृत्तिरूप

योग उदय वह जानो, जो चेष्टोत्साह होय जीवोंके ।
शुभ हो तथा अशुभ हो, हेय उपादेय अथवा हो ॥१३४॥
इनके निमित्त होने पर पुद्गल कर्मवर्गणागत जो ।
परिणमता आठ तरह, ज्ञानावरणादि भावोंसे ॥१३५॥
कार्माणवर्गणागत, वह कर्म जीवनिबद्ध होता जब ।
तब ही कारण होता, जीव विपरिणामभावोंका ॥१३६॥

अज्ञानस्य स उदयो या जीवानामतत्वोपलब्धिः । मिथ्यात्वस्य तूदयो जीवस्याश्रद्दधानत्वं ॥१३२॥
उदयोऽसंयमस्य तु यज्जीवानां भवेदविरमणं । यस्तु कलुषोपयोगो जीवानां सः कषायोदयः ॥१३३॥
तं जानीहि योगोदयं यो जीवानां तु चेष्टोत्साहः । शोभनोऽशोभनो वा कर्तव्यो विरतिभावो वा ॥१३४॥
एतेषु हेतुभूतेषु कार्मणवर्गणागतं यत्तु । परिणमतेऽष्टविधं ज्ञानावरणादिभावैः ॥१३५॥
तत्खलु जीवनिबद्धं कार्मणवर्गणागतं यदा । तदा तु भवति हेतुर्जीवः परिणमभावानां ॥१३६॥

अतत्त्वोपलब्धिरूपेण ज्ञाने स्वदमानो अज्ञानोदयः । मिथ्यात्वासंयमकषाययोगोदयाः कर्महेतवस्तन्मयाश्चत्वारो भावाः । तत्त्वाश्रद्धानरूपेण ज्ञाने स्वदमानो मिथ्यात्वोदयः अविरमण-

---

जीव, तत्, कषायोदय, तत्, योगोदय, यत्, जीव, तु, चेष्टोत्साह, शोभन, अशोभन, वा, कर्तव्य, विरति-भाव, वा, एतत्, हेतुभूत, कार्मणवर्गणागत, यत्, तु, अष्टविध, ज्ञानावरणादिभाव, तत्, खलु, जीवनिबद्ध, कार्मणवर्गणागत, यदा, तदा, तु, हेतु, जीव, परिणामभाव । **मूलधातु**—ज्ञा अवबोधने, डुलभष् प्राप्तौ भ्वादि, अ-सम्-यम संयमने, अ-वि-रमु रमणे, नि-बध बन्धने, चेष्ट चेष्टायां भ्वादि, षह मर्षणे चुरादि, षह चक्यर्थे चक्यर्थस्तृप्तिः दिवादि, शुभ शोभार्थे तुदादि । **पदविवरण**—अज्ञानस्य—षष्ठी एक० । सः, उदयः—प्रथमा एकवचन । या—प्रथमा एक० स्त्रीलिङ्ग । जीवानां—षष्ठी बहु० । अतत्त्वोपलब्धिः—प्रथमा एकवचन । मिथ्यात्वस्य—षष्ठी एक० । तु—अव्यय । उदयः—प्रथमा एकवचन । जीवस्य—षष्ठी एक० । अश्रद्दधानत्वं, उदयः—प्रथमा एक० । असंयमस्य—षष्ठी एक० । तु—अव्यय । यत्—प्रथमा एक० । जीवानां—षष्ठी बहुवचन ।

व्यापाररूपसे ज्ञानमें स्वादरूप होता है, यह योगका उदय है । इन पौद्गलिक मिथ्यात्वादिके उदयस्वरूप चारों भावोंके हेतुभूत होनेपर कार्माणवर्गणागत पुद्गलद्रव्य ज्ञानावरणादि भावोंसे अष्ट प्रकार जो स्वयमेव परिणमता है । वह कर्मवर्गणागत ज्ञानावरणादिक कर्म जब जीवमें निबद्ध होता है, तब जीव स्वयमेव अपने अज्ञानभावसे पर और आत्माके एकत्वका निश्चय कर अज्ञानमय अतत्त्वश्रद्धानादिक अपने परिणामस्वरूप भावोंका कारण होता है । **भावार्थ**—यहाँ अज्ञानभावके भेदरूप जो मिथ्यात्व, अविरत, कषाय, योगरूप परिणाम कहे गये हैं, वे पुद्गलके परिणाम हैं और उनका स्वाद अश्रद्धानादिकरूपसे ज्ञानमें आता है ये विभाव ज्ञानावरणादि आगामी कर्मबंधके कारण हैं अर्थात् जीव उन मिथ्यात्वादि भावोंके उदय होनेका निमित्त पाकर अपने अज्ञानभावसे अतत्त्वश्रद्धानादि भावोंके रूपमें परिणमन करता है, सो उस अपने अज्ञानरूप भावोंका उपादानकारण यह जीव होता है, निमित्तकारण कर्मविपाक होता है ।

रूपेण ज्ञाने स्वदमानोऽसंयमोदयः कलुषोपयोगरूपेण ज्ञाने स्वदमानः कषायोदयः शुभाशुभ प्रवृत्तिनिवृत्तिव्यापाररूपेण ज्ञाने स्वदमानो योगोदयः। अथैतेषु पौद्गलिकेषु मिथ्यात्वाद्युदयेषु हेतुभूतेषु यत्पुद्गलद्रव्यं कर्मवर्गणागतं ज्ञानावरणादिभावैरष्टधा स्वयमेव परिणमते तत्खलु कर्मवर्गणागतं जीवनिबद्धं यदा स्यात्तदा जीवः स्वयमेवाज्ञानात्परात्मनोरेकत्वाध्यासेनाज्ञानमयानां तत्त्वाश्रद्धानादीनां स्वस्य परिणामभावानां हेतुर्भवति ॥ १३२-१३६ ॥

भवेत्–विधि लिङ् अन्य पुरुष एक० क्रिया। अविरमणं, यः–प्रथमा एक०। तु–अव्यय। कलुषोपयोगः–प्र० ए०। जीवानां–षष्ठी बहु०। सः, कषायोदयः–प्र० ए०। तं–द्वितीया एकवचन। जानीहि–आज्ञायां लोट् मध्यम पुरुष एक०। योगोदयं–द्वितीया एकवचन कर्मकारक। यः–प्रथमा एकवचन। जीवानां–षष्ठी बहु०। तु–अव्यय। चेष्टोत्साहः–प्रथमा एक०। शोभनः, अशोभनः–प्र० ए०। वा–अव्यय। कर्तव्यः–कृदंत प्रथमा एक० क्रिया। विरतिभावः–प्रथमा एक०। वा–अव्यय। एतेषु–सप्तमी बहु०। हेतुभूतेषु–सप्तमी बहु०। कार्मणवर्गणागतं, यत्–प्रथमा एक०। तु–अव्यय। परिणमते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया। अष्टविधं–क्रियाविशेषणं यथा स्यात्तथा। ज्ञानावरणादिभावैः–तृतीया बहु०। तत्–प्र० ए०। खलु–अव्यय। जीवनिबद्धं, कार्मणवर्गणागतं–प्र० ए०। यदा, तदा, तु–अव्यय। भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। हेतुः, जीवः–प्र० ए०। परिणामभावानां–षष्ठी बहुवचन ॥ १३२-१३६ ॥

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथायुगलमें बताया गया था कि अज्ञानमयभावसे अज्ञानमयभाव होते हैं। अब इसी तथ्यका विशेषतासे वर्णन इस गाथापञ्चकमें किया गया है।

तथ्यप्रकाश—१– जीवोंको जो तत्त्वकी उपलब्धि नहीं हो रही है वह अज्ञानके उदय का प्रतिफल है। २– जीवोंको जो यथार्थ श्रद्धान नहीं हो रहा है वह मिथ्यात्वके उदयका प्रतिफल है। ३– जीवोंको जो पापोंसे विरति नहीं हो रही है वह असंयमके उदयका प्रतिफल है। ४– जीवोंको जो चेष्टामें उत्साह हो रहा है वह योगके उदयका प्रतिफल है। ५– इन द्रव्यप्रत्ययोंका निमित्त पाकर कार्माणवर्गणागत पुद्गलद्रव्य ज्ञानावरणादि आठ प्रकाररूप परिणम जाता है। ६– वह बद्ध कर्म जब जीवनिबद्ध याने उदयमें आकर प्रतिफलित होता है तब यह अज्ञानी जीव अज्ञानमय परिणामोंका हेतु होता है। ७– उदयागत द्रव्यप्रत्यय (कर्म) जीवविभावका तथा नवीन कर्मत्वका दोनोंका निमित्त है। ८– जीवविभाव द्रव्यप्रत्ययोंके निमित्तत्वका निमित्त है।

सिद्धान्त—१– उदित द्रव्यप्रत्ययका निमित्त पाकर नवीन कार्माणवर्गणाओंमें कर्मत्व आता है। २– जीवविभाव परिणामोंका निमित्त पाकर द्रव्यप्रत्यय नवीन कर्मोंके आस्रवका निमित्त हो जाता है।

दृष्टि—१, २– उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४)।

पुद्गलद्रव्यात्पृथग्भूत एव जीवस्य परिणामः—

जीवस्स दु कम्मेण य सह परिणामा हु होंति रागादी ।
एवं जीवो कम्मं च दोवि रागादिमावण्णा ॥१३७॥
एकस्स दु परिणामो जायदि जीवस्स रागमादीहिं ।
ता कम्मोदयहेदूहिं विणा जीवस्स परिणामो ॥१३८॥

जीवके राग आदिक, विधिके परिणाम साथ होवें तो ।
यों जीव कर्म दो के, रागादि प्रसक्त होवेंगे ॥१३७॥
इन राग आदिसे यदि, होता परिणाम जीव एकहि का ।
तो उदयागत विधिसे, जीवपरिणाम पृथक् ही है ॥१३८॥

जीवस्य तु कर्मणा च सह परिणामाः खलु भवंति रागादयः । एवं जीवः कर्म च द्वे अपि रागादित्वमापन्ने । एकस्य तु परिणामो जायते जीवस्य रागादिभिः । तत्कर्मोदयहेतुभिर्विना जीवस्य परिणामः ।

यदि जीवस्य तन्निमित्तभूतविपच्यमानपुद्गलकर्मणा सहैव रागाद्यज्ञानपरिणामो भव-

---

नामसंज्ञ—जीव, दु, कम्म, य, सह, परिणाम, रागादि, एवं, जीव, कम्म, च, दो, वि, रागादि, आवण्ण, दु, परिणाम, जीव, रागमादि, त, कम्मोदयहेदु, विणा, जीव, परिणाम । **धातुसंज्ञ**—हो सत्तायां, जा प्रादुर्भावे । **प्रकृतिशब्द**—जीव, तु, कर्मन्, च, सह, परिणाम, रागादि, एवं, जीव, कर्मन्, च, द्वि, अपि, रागादित्व, आपन्न, एक, तु, परिणाम, जीव, रागादि, तत् कर्मोदयहेतु, विना, जीव, परिणाम । **मूलधातु**—जीव प्राणधारणे, परि-णम प्रह्वत्वे, भू सत्तायां, रंज रागे भ्वादि दिवादि, जनी प्रादुर्भावे । **पदविवरण**—

प्रयोग—जीव अपनी स्वभावदृष्टि तजकर रागादिरूपसे परिणमता है तब द्रव्यप्रत्यय नवीनकर्मके आस्रवका निमित्त होता है । अतः अपने अविकार ज्ञानस्वभावमय आत्माकी दृष्टि का पौरुष करना ताकि द्रव्यप्रत्यय नवीनकर्मास्रवका निमित्त न हो सके ॥१३२-१३६॥

अब जीवका परिणाम पुद्गलद्रव्यसे पृथक् ही है इसका युक्तिपूर्वक समर्थन करते हैं— [**तु जीवस्य**] यदि ऐसा माना जाय कि जीवके [**रागादयः**] रागादिक [**परिणामाः**] परिणाम [**खलु**] वास्तवमें [**कर्मणा च सह**] कर्मके साथ होते हैं [**एवं**] इस प्रकार तो [**जीवः च कर्म**] जीव और कर्म [**द्वे अपि**] ये दोनों ही [**रागादित्वं आपन्ने**] रागादि परिणामको प्राप्त हो पड़ते हैं । [**तु**] परन्तु [**रागादिभिः**] रागादिकोंसे [**परिणामः**] परिणमन तो [**एकस्य जीवस्य**] एक जीवका ही [**जायते**] उत्पन्न होता है [**तत्**] वह [**कर्मोदयहेतुं विना**] कर्मके उदयरूप निमित्त कारणसे पृथक् [**जीवस्य परिणामः**] जीवका ही परिणाम है ।

तात्पर्य—जीवका परिणमन जीवमें, पुद्गलकर्मका परिणमन पुद्गलकर्ममें है, कोई भी परिणमन दोनोंका एक नहीं है ।

तीति वितर्कः तदा जीवपुद्गलकर्मणोः सहभूतसुधाहरिद्रयोरिव द्वयोरपि रागाद्यज्ञानपरिणामा-

जीवस्य–षष्ठी एक० । तु–अव्यय । कर्मणा–तृतीया एक० । च–अव्यय । सह–अव्यय । परिणामाः–प्रथमा बहुवचन । खलु–अव्यय । भवंति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन । रागादयः–प्र० बहु० । एवं–अव्यय । जीवः–प्रथमा एक० । कर्म–प्रथमा एक० । च–अव्यय । द्वे–प्रथमा द्विवचन । अपि–अव्यय । रागादित्वं–द्वितीया एक० । आपन्ने–प्रथमा द्विवचन । एकस्य–षष्ठी एक० । तु–अव्यय । परिणामः–प्रथमा एक० ।

टीकार्थ—यदि जीवका रागादि अज्ञान परिणाम अपने निमित्तभूत उदयमें आये हुए पुद्गलकर्मके साथ ही होता है, यह तर्क किया जाय तो हल्दी और फिटकरीकी भाँति याने जैसे रंगमें हल्दी और फिटकरी साथ डालनेसे उन दोनोंका एक रंगस्वरूप परिणाम होता है वैसे ही जीव और पुद्गलकर्म दोनोंके ही रागादि अज्ञानपरिणामका प्रसंग आ जायगा (किन्तु ऐसा तथ्य नहीं है) । यदि रागादि अज्ञानपरिणाम एक जीवके ही माना जाय तो इस मन्तव्यसे ही यह सिद्ध हुआ कि पुद्गलकर्मका उदय जो कि जीवके रागादि अज्ञान परिणामोंका कारण है, उससे पृथग्भूत ही जीवका परिणाम है । **भावार्थ**—यदि माना जाय कि जीव और कर्म मिलकर रागादिरूप परिणमते हैं तो जीव और कर्म इन दोनोंके रागादिककी प्राप्ति आ जायगी, किन्तु ऐसा नहीं है । इसलिये पुद्गलकर्मका उदय जीवके अज्ञानरूप रागादि परिणामोंको निमित्त है । उस निमित्तसे भिन्न ही जीवका परिणाम है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथापंचकमें जीवपरिणाम व कर्मपरिणामके निमित्त-नैमित्तिक भावका निर्देश किया है । सो इससे कहीं यह नहीं समझना कि उनमें कर्तृकर्मत्व हो या वे एकरूप हों । इसी तथ्यको इन दो गाथाओंमें दर्शाया गया है कि जीवके परिणाम पुद्गलद्रव्यसे पृथग्भूत ही हैं ।

तथ्यप्रकाश—(१) जीवका परिणाम जीवमें अकेलेमें जीवके अकेलेके परिणमनसे ही होता है । (२) यदि जीवके रागादि परिणाम तन्निमित्तभूत उदित कर्मके साथ हों तो जीव और पुद्गल दोनोंमें ही रागादि अज्ञानपरिणाम हो बैठनेका दोष आवेगा । (३) जब जीवमें अकेलेके परिणामसे ही जीवविभाव होता है तब स्पष्ट सिद्ध है कि निमित्तभूत पुद्गलकर्म-विपाकसे भिन्न ही जीवविभाव है ।

सिद्धान्त—१– जीव उपचारसे द्रव्यकर्मका कर्ता है । २– अशुद्धोपादान जीव भाव-कर्मका कर्ता है ।

दृष्टि—१– परकर्तृत्व अनुपचरित असद्भूतव्यवहार (१२९) । २– अशुद्धनिश्चय-नय (४७) ।

प्रयोग—अपने विभावपरिणामको कर्मपरिणामसे भिन्न समझकर और कर्मपरिणाम

पत्तिः । अथ चैकस्यैव जीवस्य भवति रागाद्यज्ञानपरिणामः ततः पुद्गलकर्मविपाकाद्धेतोः पृथग्भूतो जीवस्य परिणामः ॥ १३७-१३८ ॥

जायते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । जीवस्य—षष्ठी एक० । रागादिभिः—तृतीया बहु० । तत्—अन्ययार्थे हेतौ । कर्मोदयहेतुभिः—तृतीया बहु० । विना—अव्यय । जीवस्य—षष्ठी एकवचन । परिणामः—प्रथमा एकवचन ॥ १३७-१३८ ॥

का निमित्त होनेपर भी अपनी स्वभावदृष्टिके अभावसे अपनी निर्बलताके कारण हुए जानकर अपनी स्वभावदृष्टिको प्रबल बनावें ताकि कर्मफल अव्यक्त होकर निकल जावें और संसार-बन्धनसे बच जावें ॥ १३७-१३८ ॥

अब कहते हैं कि पुद्गलद्रव्यका परिणाम जीवसे पृथक् ही है:—[यदि] यदि [जीवेन सह चैव] जीवके साथ ही [पुद्गलद्रव्यस्य] पुद्गलद्रव्यका [कर्मपरिणामः] कर्मरूप परिणाम होता है, तो [एवं] इस प्रकार [पुद्गलजीवौ द्वौ अपि] पुद्गल और जीव दोनों [खलु] ही [कर्मत्वं आपन्नौ] कर्मत्वको प्राप्त हो जावेंगे [तु] परंतु [कर्मभावेन] कर्मरूपसे [परिणामः] परिणाम [एकस्य] एक [पुद्गलद्रव्यस्य] पुद्गलद्रव्यका होता है [तत्] इसलिये [जीवभावहेतुभिः विना] जीवभाव निमित्तकारणसे पृथक् [कर्मणः] कर्मका [परिणामः] परिणाम है ।

तात्पर्य—कर्मपरिणमन जीवसे पृथक् ही है जैसे कि जीवपरिणाम पौद्गलिक कर्मसे पृथक् है ।

टीकार्थ—यदि पुद्गलद्रव्यका कर्मपरिणाम उसके निमित्तभूत रागादि अज्ञान परिणाम रूप परिणत जीवके साथ ही होता है, इस प्रकार तर्क उपस्थित किया जाय तो जैसे मिली हुई हल्दी और फिटकरी दोनोंका साथ ही लाल रंगका परिणाम होता है, उसी प्रकार पुद्गलद्रव्य और जीव दोनोंके ही कर्मपरिणामकी प्राप्तिका प्रसंग आ जायगा, किन्तु एक पुद्गलद्रव्यके ही कर्मत्व परिणाम होता है । इस कारण कर्मबन्धके निमित्तभूत जीवके रागादिस्वरूप अज्ञानपरिणामसे पृथक् ही पुद्गलकर्मका परिणाम है ।

भावार्थ—पुद्गलद्रव्यका कर्मपरिणाम होना यदि पुद्गल व जीव दोनोंका ही माना जाय तो दोनोंके ही कर्मपरिणामका प्रसंग आ जायगा, किन्तु जीवका अज्ञानरूप रागादिपरिणाम कर्मका निमित्तमात्र है । इस कारण पुद्गलकर्मका परिणाम जीवसे पृथक् ही है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथायुगलमें बताया गया था कि जीवका परिणाम पुद्गलद्रव्यसे पृथग्भूत है । अब इन दो गाथाओंमें बताया है कि पुद्गलद्रव्यका परिणाम जीवसे पृथग्भूत है ।

तथ्यप्रकाश—१–पुद्गलद्रव्यका परिणमन पुद्गलद्रव्यमें पुद्गलद्रव्यके अकेलेके परिण-

जीवात्पृथग्भूत एव पुद्गलद्रव्यस्य परिणामः—

जइ जीवेण सहच्चिय पुग्गलदव्वस्स कम्मपरिणामो ।
एवं पुग्गलजीवा हु दोवि कम्मत्तमावण्णा ॥१३९॥
एकस्स दु परिणामो पुग्गलदव्वस्स कम्मभावेण ।
ता जीवभावहेदूहिं विणा कम्मस्स परिणामो ॥१४०॥

कर्मपरिणाम पुद्गलका यदि जीवके साथ होवे तो ।
यों कर्म जीव दो के, कर्मत्व प्रसक्त होवेगा ॥१३९॥
इस कर्मभावसे यदि, होता परिणाम एक पुद्गलका ।
तो जीवभावसे यह, कर्मपरिणाम पृथक् ही है ॥१४०॥

यदि जीवेन सह चैव पुद्गलद्रव्यस्य कर्मपरिणामः । एवं पुद्गलजीवौ खलु द्वावपि कर्मत्वमापन्नौ ॥१३९॥
एकस्य तु परिणामः पुद्गलद्रव्यस्य कर्मभावेन । तज्जीवभावहेतुभिर्विना कर्मणः परिणामः ॥१४०॥

यदि पुद्गलद्रव्यस्य तन्निमित्तभूतरागाद्यज्ञानपरिणामपरिणतजीवेन सहैव कर्मपरिणामो भवतीति वितर्कः तदा पुद्गलद्रव्यजीवयोः सहभूतहरिद्रासुधयोरिव द्वयोरपि कर्मपरिणामापत्तिः ।

नामसंज्ञ—जइ, जीव, सह, च, एव, पुग्गलदव्व, कम्मपरिणाम, एवं, पुग्गलजीव, दु, दु, वि, कम्मत्त, आवण्ण, एक, दु, परिणाम, पुग्गलदव्व, कम्मभाव, त, जीवभावहेदु, विणा, कम्म, परिणाम । **धातुसंज्ञ**—जीव प्राणधारणे, डुदाञ् प्राप्तौ, पूर पालनपूरणयोः, गल स्रवणे । **प्रकृतिशब्द**—यदि, जीव, सह, च, एव, पुद्गलद्रव्य, कर्मपरिणाम, एवं, पुद्गलजीव, खलु, द्वि, अपि, कर्मत्व, आपन्न, एक, तु, परिणाम, पुद्गलद्रव्य, कर्मभाव, तत्, जीवभावहेतु, विना, कर्मन्, परिणाम । **मूलधातु**—जीव प्राणधारणे, पूरी आप्यायने, गल स्रवणे, आ-पद गतौ दिवादि । **पदविवरण**—यदि—अव्यय । जीवेन—तृतीया एक० । सह—अव्यय । पुद्गलद्रव्यस्य—षष्ठी एक० । कर्मपरिणामः—प्रथमा एक० । एवं—अव्यय । पुद्गलजीवौ—प्रथमा द्विवचन । खलु—अव्यय । द्वौ—प्रथमा द्विवचन । अपि—अव्यय । कर्मत्वं—द्वितीया एक० । आपन्नौ—प्र० द्वि० ।

मनसे ही होता है । २—यदि पुद्गलद्रव्यका कर्मपरिणाम तन्निमित्तभूत रागादि अज्ञानपरिणाम परिणत जीवके साथ ही हो तो पुद्गलद्रव्य और जीव दोनोंमें ही कर्मपरिणाम हो बैठनेका दोष आता है । ३—जब पुद्गलद्रव्यमें पुद्गलद्रव्यके परिणमनसे ही कर्मपरिणाम होता है तब स्पष्ट सिद्ध है कि निमित्तभूत जीवपरिणामसे भिन्न ही पुद्गलद्रव्यपरिणाम है ।

सिद्धान्त—१—पुद्गलकर्म उपचारसे जीवपरिणामका कर्ता है । २—कार्माणवर्गणागत पुद्गलद्रव्य कर्मत्वपरिणामका कर्ता है ।

दृष्टि—१—परकर्तृत्व अनुपचरित असद्भूतव्यवहार (१२९) । २—अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

अथ चैकस्यैव पुद्गलद्रव्यस्य भवति कर्मत्वपरिणामः ततो रागादिजीवाज्ञानपरिणामाद्धेतोः पृथग्भूत एव पुद्गलकर्मणः परिणामः ॥ १३९-१४० ॥

एकस्य–षष्ठी एक० । तु–अव्यय । परिणामः–प्रथमा एक० । पुद्गलद्रव्यस्य–षष्ठी एक० । कर्मभावेन–तृ० एक० । तत्–अव्ययभावे । जीवभावहेतुभिः–तृ० बहु० । विना–अव्यय । कर्मणः–षष्ठी एक० । परिणामः–प्रथमा एकवचन ॥ १३९-१४० ॥

प्रयोग—पुद्गलकर्मविपाक पुद्गलकर्मका परिणाम है उससे भिन्न अपनेको ज्ञानाकार मात्र निरखकर ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वमें रमनेका पौरुष करना ॥१३९-१४०॥

अब पूछते हैं कि आत्मामें कर्म बद्धस्पृष्ट है कि अबद्धस्पृष्ट ? उसका उत्तर नयविभाग से कहते हैं—[जीवे] जीवमें [कर्म] कर्म [बद्धं] बँधा हुआ है [च] तथा [स्पृष्टं] छुआ हुआ है [इति] ऐसा [व्यवहारनयभणितं] व्यवहारनयका वचन है [तु] और [जीवे] जीवमें [कर्म] कर्म [अबद्धस्पृष्टं] अबद्धस्पृष्ट [भवति] है अर्थात् न बँधा है, न छुआ है ऐसा [शुद्धनयस्य] कथन शुद्धनयका है ।

तात्पर्य—व्यवहारनयसे जीवमें कर्म बद्धस्पृष्ट ज्ञात होता है, किन्तु शुद्धनयसे अबद्धस्पृष्ट ज्ञात होता है ।

टीकार्थ—जीव और पुद्गलकर्मको एक बंधपर्यायरूपसे देखनेपर उस समय भिन्नताका अभाव होनेसे जीवमें कर्म बँधे हैं और छुए हैं ऐसा कहना तो व्यवहारनयका पक्ष है और जीव तथा पुद्गलकर्मके अनेकद्रव्यपना होनेसे अत्यन्त भिन्नता है, अतः जीवमें कर्म बद्धस्पृष्ट नहीं है, ऐसा कथन निश्चयनयका पक्ष है ।

भावार्थ—निश्चयनय तो एक द्रव्यको देखता है सो उसके मतसे कोई भी पदार्थ बद्धस्पृष्ट नहीं है, व्यवहारनय घटनाको भी निरखता है सो व्यवहारनयसे बद्धस्पृष्ट है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथायुगलमें बताया गया था कि पुद्गलद्रव्यका परिणाम जीवसे पृथग्भूत है । इस वर्णनपर जिज्ञासा हुई कि तो क्या कर्म आत्मामें बद्धस्पृष्ट है या अबद्धस्पृष्ट है इस जिज्ञासाका समाधान इस गाथामें किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१– संसारदशामें जीव और पुद्गलकर्मका एकबन्धपर्यायपना है । २– बन्धावस्थामें जीव और पुद्गलकर्मकी भिन्नता विदित नहीं होती । ३– जीवमें कर्म बद्ध है व स्पृष्ट है यह व्यवहारनयका सिद्धान्त है । ४– जीव और पुद्गलकर्म ये भिन्न-भिन्न द्रव्य हैं, अतः जीवमें कर्म अबद्धस्पृष्ट है यह निश्चयनयका सिद्धान्त है । ५– घटना व वस्तुगतताकी दृष्टिसे दोनों अपनी-अपनी दृष्टिमें तथ्यभूत हैं । ६– बद्धाबद्धादिविकल्परूप शुद्धात्मस्वरूप नहीं है ।

ततः किमात्मनि बद्धस्पृष्टं किमबद्धस्पृष्टं कर्मेति नयविभागेनाह—

जीवे कम्मं बद्धं पुट्ठं चेदि ववहारणयभणिदं ।
सुद्धणयस्स दु जीवे अबद्धपुट्ठं हवइ कम्मं ॥१४१॥

छुआ हुआ आत्मामें, है कर्म यह व्यवहारनय कहता ।
जीवमें शुद्धनयसे, न बँधा न छुआ है कुछ कर्म ॥१४१॥

जीवे कर्म बद्धं स्पृष्टं चेति व्यवहारनयभणितं । शुद्धनयस्य तु जीवे अबद्धस्पृष्टं भवति कर्म ॥ १४१ ॥

जीवपुद्गलकर्मणोरेकबंधपर्यायत्वेन तदात्वे व्यतिरेकाभावाज्जीवे बद्धस्पृष्टं कर्मेति व्यवहारनयपक्षः । जीवपुद्गलकर्मणोरनेकद्रव्यत्वेनात्यंतव्यतिरेकाज्जीवेऽबद्धस्पृष्टं कर्मेति निश्चयनयपक्षः ॥१४१॥

नामसंज्ञा— जीव, कम्म, बद्ध, पुट्ठ, च, इदि, ववहारणयभणिद, सुद्धणय, दु, जीव, अबद्धपुट्ठ, कम्म । **धातुसंज्ञा**—भण कथने, हव सत्तायां । **प्रकृतिशब्द**—जीव, कर्मन्, बद्ध, स्पृष्ट, च, इति, व्यवहारनयभणित, शुद्धनय, तु, जीव, अबद्धस्पृष्ट, कर्मन् । **मूलधातु**—स्पृश संस्पर्शने तुदादि; वि-अप-हृञ हरणे, भण शब्दार्थः, शुध शौचे दिवादि, बंध बन्धने, भू सत्तायां । **पदविवरण**—जीवे—सप्तमी एक० । कर्म—प्रथमा एक० । बद्धं—प्र० ए० । स्पृष्टं—प्र० ए० । च, इति—अव्यय । व्यवहारनयभणितं—प्रथमा एक० । शुद्धनयस्य—षष्ठी एक० । तु—अव्यय । जीवे—सप्तमी एकवचन । अबद्धस्पृष्टं—प्र० एक० । भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । कर्म—प्रथमा एकवचन ॥१४१॥

सिद्धान्त— १— घटनामें जीव कर्मसे बँधा व छुआ हुआ है । २— स्वरूपमें जीव कर्मसे बँधा छुवा हुआ नहीं है ।

दृष्टि— १— संश्लिष्ट विजात्युपचरित असद्भूतव्यवहार (१२५) । २— प्रतिषेधक शुद्धनय (४६म) ।

प्रयोग—अपनी बद्धस्पृष्ट दशाका परिचय कर दुर्दशाके निमित्तभूत मोहका परिहार कर अबद्धस्पृष्ट अन्तस्तत्त्वको निहारकर बद्धाबद्धविकल्पसे दूर होकर अपने ज्ञानमात्र स्वरूपमें रत होनेका पौरुष करना ॥ १४१ ॥

अब बताते हैं कि नयविभाग जाननेसे क्या होता है ?—[जीवे] जीवमें [कर्म] कर्म [बद्धं] बँधा हुआ है अथवा [अबद्धं] नहीं बँधा हुआ है [एवं तु] इस प्रकार तो [नयपक्षं] नयपक्ष [जानीहि] जानो [पुनः यः] और जो [पक्षातिक्रांतः] पक्षसे पृथक् हुआ [भण्यते] कहा जाता है [सः समयसारः] वह समयसार है, निर्विकल्प आत्मतत्त्व है ।

टीकार्थ—जीवमें कर्म बँधा हुआ है ऐसा कहना तथा जीवमें कर्म नहीं बँधा हुआ है ऐसा कहना ये दोनों ही विकल्प नयपक्ष हैं । जो इस नयपक्षके विकल्पको लांघ जाता है

ततः किं—

कम्मं बद्धमबद्धं जीवे एवं तु जाण णयपक्खं।
पक्खातिक्कंतो पुण भण्णदि जो सो समयसारो ॥१४२॥

बद्ध व अबद्ध विधि है, जीवमें नयका पक्ष यह जानो।
किन्तु जो पक्षव्यपगत, उसको ही समयसार कहा ॥१४२॥

कर्म बद्धमबद्धं जीवे एवं तु जानीहि नयपक्षं। पक्षातिक्रांतः पुनर्भण्यते यः स समयसारः ॥१४२॥

यः किल जीवे बद्धं कर्मेति यश्च जीवेऽबद्धं कर्मेति विकल्पः स द्वितयोपि हि नयपक्षः। य एवैनमतिक्रामति स एव सकलविकल्पातिक्रांतः स्वयं निर्विकल्पैकविज्ञानघनस्वभावो भूत्वा साक्षात्समयसारः संभवति। तत्र यस्तावज्जीवे बद्धं कर्मेति विकल्पयति स जीवेऽबद्धं कर्मेति एकं पक्षमतिक्रामन्नपि न विकल्पमतिक्रामति। यस्तु जीवेऽबद्धं कर्मेति विकल्पयति सोपि जीवे बद्धं कर्मेत्येकं पक्षमतिक्रामन्नपि न विकल्पमतिक्रामति। यः पुनर्जीवे बद्धमबद्धं च कर्मेति विकल्पयति स तु तं द्वितयमपि पक्षमनतिक्रामन्न विकल्पमतिक्रामति। ततो य एव समस्त-

---

नामसंज्ञ—कम्म, बद्ध, अबद्ध, जीव, एव, तु, जाण, णयपक्ख, पक्खातिक्कंत, पुण, ज, त, समयसार। **धातुसंज्ञ**—जाण अवबोधने, भण कथने। **प्रकृतिशब्द**—कर्मन्, बद्ध, अबद्ध, जीव, एव, तु, नयपक्ष,

---

अर्थात् छोड़ देता है, वही समस्त विकल्पोंसे दूर रहता हुआ स्वयं निर्विकल्प एक विज्ञानघन-स्वभावरूप होकर साक्षात् समयसार हो जाता है। वहाँ जो जीवमें कर्म बँधा है ऐसा विकल्प करता है वह 'जीवमें कर्म नहीं बँधा है' ऐसे एक पक्षको छोड़ता हुआ भी विकल्पको नहीं छोड़ता। और जो जीवमें कर्म नहीं बँधा है, ऐसा विकल्प करता है वह 'जीवमें कर्म बँधा है' ऐसे विकल्परूप एक पक्षको छोड़ता हुआ भी विकल्पको नहीं छोड़ता, और जो 'जीवमें कर्म बँधा भी है तथा नहीं भी बँधा है' ऐसा विकल्प करता है वह उन दोनों ही नयपक्षोंको नहीं छोड़ता हुआ विकल्पको नहीं छोड़ता। इसलिये जो सभी नयपक्षोंको छोड़ता है, वही समस्त विकल्पोंको छोड़ता है तथा वही समयसारको जानता है, अनुभवता है।

भावार्थ—जीव कर्मोंसे बँधा हुआ है तथा नहीं बँधा है, ये दोनों नयपक्ष हैं। उनमें से किसीने तो बंधपक्षको ग्रहण कर लिया, उसने भी विकल्प ही ग्रहण किया; किसीने अबंधपक्ष ग्रहण किया, उसने भी विकल्प ही लिया और किसीने दोनों पक्ष लिए, उसने भी पक्षका ही विकल्प ग्रहण किया। लेकिन जो ऐसे विकल्पोंको छोड़ देता व किसी भी पक्षको नहीं पकड़ता, वही शुद्ध पदार्थका स्वरूप जानकर सहज अविकार समयसारको प्राप्त कर लेता है। नयोंका पक्ष पकड़ना राग है, और रागमें सहज अन्तस्तत्त्व ज्ञानमें नहीं ठहरता सो सब नयपक्षोंको

नयपक्षमतिक्रामति स एव समस्तं विकल्पमतिक्रामति । य एव समस्तं विकल्पमतिक्रामति स एव समयसारं विंदति । यद्येवं तर्हि को हि नाम नयपक्षसंन्यासभावनां न नाटयति । य एव मुक्त्वा नयपक्षपातं स्वरूपगुप्ता निवसंति नित्यं । विकल्पजालच्युतशांतचित्तास्त एव साक्षादमृतं पिबंति ॥६९॥ एकस्य बद्धो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्धाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युत-पक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७०॥ एकस्य मूढो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्धाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७१॥ एकस्य रक्तो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्धाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७२॥ एकस्य दुष्टो (द्विष्टो) न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्धाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्व-वेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७३॥ एकस्य कर्ता न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्धाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७४॥

पक्षातिक्रान्त, पुनस् यत्, तत्, समयसार । **मूलधातु**—बन्ध बन्धने क्र्यादि, पक्ष परिग्रहे भ्वादि चुरादि,

---

छोड़नेपर ही सहजसिद्ध समयसारका परिचय होता है ।

जिज्ञासा—यदि ऐसा है तो नयपक्षके त्यागकी भावनाको कौन नहीं नचावेगा ? इसका समाधानरूप काव्य कहते हैं—**य एव** इत्यादि । **अर्थ**—जो पुरुष नयके पक्षपातको छोड़कर अपने स्वरूपमें गुप्त होते हुए निरन्तर निवास करते हैं, वे ही पुरुष विकल्पके जालसे च्युत व शांत चित्त होते हुए साक्षात् अमृतको पीते हैं । **भावार्थ**—जब तक कुछ भी पक्षपात रहता है, तब तक चित्त क्षुब्ध रहता । जब सब नयोंका पक्षपात दूर हो जाता है, तब ही स्वरूपका यथार्थ अनुभव होता है ।

अब तत्त्वज्ञानी होकर स्वरूपको पाता है, इस भावको बतानेके लिये कलशरूप बीस काव्य कहते हैं—**एकस्य** इत्यादि । **अर्थ**—यह चिन्मात्र जीव कर्मसे बँधा हुआ है यह एक नयका पक्ष है और दूसरे नयका पक्ष ऐसा है कि कर्मसे नहीं बँधा । इस तरह दो नयोंके दो पक्ष हैं । सो दोनों नयोंका जिसके पक्षपात है, वह तत्त्ववेदी नहीं है और जो तत्त्ववेदी है, वह पक्षपातसे रहित है, उस पुरुषके उपयोगमें चिन्मात्र आत्मा शाश्वत चिन्मात्र ही है । **भावार्थ**—यहाँ शुद्धनयकी मुख्यतासे जीवका परिचय कराया जा रहा है सो जीव पदार्थको शुद्ध, नित्य, अभेद, चैतन्यमात्र निरखकर कहते हैं कि जो इस शुद्धनयका भी पक्षपात करेगा, वह भी उस स्वरूपके स्वादको नहीं पायेगा । अशुद्धनयपक्षमें तो प्रकट अशुद्धताका परिचय है, किंतु शुद्धनय का भी पक्षपात करेगा तो पक्षका राग नहीं मिटेगा, वीतरागता नहीं होगी । इसलिये पक्षपात को छोड़ चिन्मात्रस्वरूपमें लीन होनेपर ही भव्य समयसारको पा सकता है । चैतन्यके परिणाम

एकस्य भोक्ता न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७५॥ एकस्य जीवो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७६॥ एकस्य सूक्ष्मो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७७॥ एकस्य हेतुर्न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७८॥ एकस्य कार्यं न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥७९॥ एकस्य भावो न तथा परस्य

अति-क्रमु पादविक्षेपे, भण शब्दार्थः । **पदविवरण**—कर्म–प्रथमा एक० । बद्ध, अबद्ध–प्रथमा एक० । जीवे–

परनिमित्तसे अनेक होते हैं, उन सबको गौण कर शुद्धनयमें पहुंचना, फिर शुद्धनयके पक्षको छोड़ शुद्धस्वरूपमें प्रवृत्तिरूप चारित्र होनेसे वीतराग दशा होती है ।

अब बद्ध अबद्ध पक्षके छुड़ानेकी तरह मोही अमोही पक्षको प्रकट कहकर छुड़ाते हैं—**एकस्य** इत्यादि । **अर्थ**—जीव मोही है यह एक नयका पक्ष है और दूसरे नयका पक्ष है कि जीव मोही नहीं है । इस तरह ये दोनों ही चैतन्यमें पक्षपात है । जो तत्त्ववेदी है, वह पक्षपातरहित है, उसके ज्ञानमें तो चित् चित् ही है ।

अब मोही अमोही पक्ष छुड़ानेकी भांति रागी अरागी पक्षको प्रकट कहकर छुड़ाते हैं—**एकस्य** इत्यादि । **अर्थ**—यह जीव रागी है एक नयका तो ऐसा पक्ष है और दूसरे नय का ऐसा पक्षपात है कि रागी नहीं है । ये दोनों ही चैतन्यमें नयके पक्षपात हैं । जो तत्त्ववेदी है, वह पक्षपातरहित है, उसके उपयोगमें तो जो चित् है, वह चित् ही है ।

अब रागी अरागी पक्ष छुड़ानेकी भांति अन्य पक्षोंको भी प्रकट कहकर छुड़ाते हैं—**एकस्य दुष्टो** इत्यादि । **अर्थ**—एक नयके तो द्वेषी हैं ऐसा पक्ष है और दूसरे नयके द्वेषी नहीं है ऐसा पक्ष है ऐसे ये चैतन्यमें दोनों नयोंके दो पक्षपात हैं । तत्त्ववेदी पक्षपातरहित है, अतः उसके ज्ञानमें तो चित् चित् ही है । एक नयके कर्ताका पक्ष है, दूसरे नयके कर्ता नहीं ऐसा पक्ष है, ऐसे ये चैतन्यमें दोनों नयोंके दो पक्षपात हैं, किन्तु तत्त्ववेदी पक्षपातरहित है, अतः उसकी दृष्टिमें तो चित् चित् ही है । एक नयके भोक्ता है, दूसरे नयके भोक्ता नहीं यह पक्ष है । ऐसे चैतन्यमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं, किन्तु तत्त्ववेदी पक्षपातरहित है, अतः उसके ज्ञान में तो चित् चित् ही है । एक नयके मतमें जीव है, दूसरे नयके मतमें जीव है ऐसा नहीं ये चैतन्यमें दोनों नयोंके पक्षपात हैं, किन्तु तत्त्ववेदी पक्षपातरहित है, उसके उपयोगमें तो चित् चित् ही है । एक नयके मतमें सूक्ष्म है, दूसरे नयके मतमें सूक्ष्म है ऐसा नहीं, ऐसे ये चैतन्य

चिति द्वयोर्द्वावितिं पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८०॥ एकस्य चैको न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वावितिं पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८१॥ एकस्य सांतो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वावितिं पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८२॥ एकस्य नित्यो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वावितिं पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८३॥ एकस्य वाच्यो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वावितिं पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८४॥ एकस्य नाना न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वावितिं पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८५॥ एकस्य चेत्यो न तथा परस्य

सप्तमी एक० । एवं, तु—अव्यय । जानीहि—आज्ञायां लोट् मध्यम पुरुष एक० क्रिया । नयपक्षम्—द्वितीया

में दोनों नयोंके दो पक्षपात हैं, किन्तु तत्त्ववेदी पक्षपातरहित है उसके ज्ञानमें तो चित् चित् ही है । एक नयके मतमें हेतु है, दूसरे नयके मतमें हेतु नहीं है, ऐसे ये चैतन्यमें दोनों नयोंके दो पक्षपात हैं, किन्तु तत्त्ववेदी पक्षपातरहित है, अतः उसके ज्ञानमें तो चित् चित् ही है । एक नयके मतमें यह जीव कार्य है, दूसरे नयके मतमें कार्य है ऐसा नहीं ये चैतन्यमें० । एक नय के मतमें जीव भावरूप है दूसरे नयके मतमें अभावरूप है ऐसे ये चैतन्यमें० । एक नयके मत में जीव एक है, दूसरे नयके मतमें अनेक है ऐसे ये चैतन्यमें० । एक नयके मतमें जीव सांत है, दूसरे नयके मतमें अंतसहित नहीं है ऐसे ये चैतन्यमें० । एक नयके मतमें जीव नित्य है, दूसरे नयके मतमें अनित्य है ऐसे ये चैतन्यमें० । एक नयके मतमें जीव वाच्य है, दूसरे नयके मतमें वचनगोचर नहीं है ऐसे ये चैतन्यमें० । एक नयके मतमें जीव नानारूप है, दूसरे नयके मतमें नानारूप नहीं है, ऐसे ये चैतन्यमें० । एक नयके मतमें चेत्य अर्थात् जानने योग्य है, दूसरे नयके मतमें चेतने योग्य नहीं है, ऐसे ये चैतन्यमें० । एक नयके मतमें जीव दृश्य है दूसरे नयके मतमें देखनेमें नहीं आता, ऐसे ये चैतन्यमें० । एक नयके मतमें जीव वेद्य (वेदने योग्य) है दूसरे नयके मतमें वेदनेमें नहीं आता, ऐसे ये चैतन्यमें० । एक नयके मतमें जीव वर्तमान प्रत्यक्ष है, दूसरे नयके मतमें नहीं, ये दोनों नयोंके चैतन्यमें दो पक्षपात हैं, किन्तु तत्त्ववेदी पक्षपातरहित है, अतः उसके ज्ञानमें तो चित् चित् ही है ।

अब उक्त कथनोंका उपसंहारात्मक काव्य कहते हैं—**स्वेच्छा** इत्यादि । **अर्थ**—ज्ञानी इस प्रकार पूर्व कही हुई रीतिसे जिसमें बहुत विकल्पोंके जाल अपने आप उठते हैं ऐसी बड़ी नयपक्षकक्षाको लांघकर अन्दर व बाहर जिसमें समतारस ही एक रस है, ऐसे स्वभाव वाले अनुभूतिमात्र आत्माके भावरूप अपने स्वरूपको प्राप्त होता है ।

चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८६॥ एकस्य दृश्यो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८७॥ एकस्य वेद्यो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८८॥ एकस्य भातो न तथा परस्य चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ । यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातस्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव ॥८९॥ स्वेच्छासमुच्छलदनल्पविकल्पजालमेवं व्यतीत्य महतीं नयपक्षकक्षां । अंतर्बहिः समरसैकरसस्व-

एक० । पक्षातिक्रान्तः—प्रथमा एक० । पुनः—अव्यय । भण्यते—वर्तमान लट् भावकर्मप्रक्रिया अन्य पुरुष एक-

अब तत्त्ववेदीका अनुभव दिखलाते हैं—**इंद्रजाल** इत्यादि । **अर्थ**—विपुल चंचल विकल्प तरंगों द्वारा उछलने वाले इस समस्त इन्द्रजालको जिसका स्फुरण ही तत्काल विलीन कर देता है वह चैतन्यमात्र तेजः पुंज मैं हूं । **भावार्थ**—अविकार सहज चैतन्यका अनुभव ही ऐसा है कि इसके होनेसे समस्त नयोंका विकल्परूप इंद्रजाल उसी समय विलीन हो जाता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि जीवमें कर्म बद्धस्पृष्ट है । यह व्यवहारनयसे कहा गया है, किन्तु शुद्धनयके मतमें जीवमें कर्म अबद्धस्पृष्ट है । इस विवरणपर यह जिज्ञासा हुई कि इन दोनों नयपक्षोंके विषयमें होना क्या चाहिये ? इसका समाधान इस गाथामें दिया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) जीवमें कर्म बद्ध है यह व्यवहारनयका पक्ष है । (२) जीवमें कर्म अबद्ध है यह निश्चयनयका पक्ष है । (३) जीवमें कर्म बद्ध है ऐसा जिसने विकल्प किया उसने यद्यपि जीवमें कर्म अबद्ध है इस विकल्पका अतिक्रमण किया तो भी विकल्पातीत तो न रहा । (४) जीवमें कर्म अबद्ध है ऐसा जिसने विकल्प किया उसने यद्यपि जीवमें कर्मबद्ध है इस विकल्पका अतिक्रमण किया तो भी विकल्पातीत तो न रहा । (५) जीवमें कर्म बद्ध है और अबद्ध है जिसने ऐसा विकल्प किया उसने दोनों पक्षोंका ही अतिक्रमण न किया सो विकल्पातीत तो है ही कहाँ ? (६) जो समस्त विकल्पोंका अभाव कर दे वह ही निर्विकल्प ज्ञानघनस्वभाव होता हुआ साक्षात् समयसार है । (७) तत्त्वज्ञानी आत्मा दोनों पक्षपातोंसे रहित है, उसके तो चित् (चेतन) चित् ही है, बद्ध अबद्ध आदि नहीं ।

सिद्धान्त—(१) जीवमें कर्म बद्ध है । (२) जीवमें जीवस्वरूप ही है, कर्म बद्ध नहीं है । (३) जीव निर्विकल्प अखण्ड चिन्मात्र है ।

दृष्टि—१— पराश्रितकरणत्व असद्भूतव्यवहार (१३४) । २— परमशुद्धनिश्चयनय (१४), प्रतिषेधक शुद्धनय (४९अ) । ३— शुद्धनय (४९), परमभावग्राहक द्रव्यार्थिकनय (३०), शुद्ध पारिणामिक परमभावग्राहक शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (३०अ) ।

भावं स्वं भावमेकमुपयात्यनुभूतिमात्रं ॥६०॥ इंद्रजालमिदमेवमुच्छलत्पुष्कलोच्चलविकल्पवीचिभिः । यस्य विस्फुरणमेव तत्क्षणं कृत्स्नमस्यति तदस्मि चिन्महः ॥६१॥ ॥ १४२ ॥

वचन क्रिया । यः, सः—प्रथमा एक० । समयसारः—प्रथमा एकवचन ॥ १४२ ॥

प्रयोग—नयोंसे आत्मपरिचय करके नयपक्षातिक्रान्त होकर अभेद अन्तस्तत्त्वके अभिमुख होनेका सहज अन्तः पौरुष होना ॥ १४२ ॥

अब पूछते हैं कि पक्षातिक्रान्त ज्ञानीका क्या स्वरूप है ? उसका उत्तररूप गाथा कहते हैं—[**नयपक्षपरिहीनः**] नयपक्षसे रहित [**समयप्रतिबद्धः**] अपने शुद्धात्मासे प्रतिबद्ध ज्ञानी पुरुष [**द्वयोरपि**] दोनों ही [**नययोः**] नयोंके [**भणितं**] कथनको [**केवलं**] केवल [**जानाति तु**] जानता ही है [**तु**] परन्तु [**नयपक्षं**] नयपक्षको [**किञ्चिदपि**] किञ्चिन्मात्र भी [**न गृह्णाति**] नहीं ग्रहण करता ।

तात्पर्य—व्यवहारनयसे गुजरकर निश्चयनयसे जानकर, शुद्धनय द्वारा सर्वनयपक्षसे अतीत होकर भव्यात्मा सहज अन्तस्तत्त्वका अनुभव करता है ।

टीकार्थ—जैसे केवली भगवान विश्वसाक्षी होनेसे श्रुतज्ञानके अवयवभूत व्यवहार निश्चयनयके पक्षरूप दो नयके स्वरूपको केवल जानते ही हैं, परन्तु किसी भी नयके पक्षको ग्रहण नहीं करते, क्योंकि केवली भगवान निरंतर समुल्लसित स्वाभाविक निर्मल केवलज्ञानस्वभाव हैं, इसलिये नित्य ही स्वयमेव विज्ञानघनस्वरूप हैं, और इसी कारण श्रुतज्ञानकी भूमिकासे अतिक्रान्त होनेके कारण समस्त नयपक्षोंके परिग्रहसे दूरवर्ती हैं । उसी प्रकार जो श्रुतज्ञानके अवयवभूत व्यवहार निश्चयरूप दोनों नयोंके स्वरूपको क्षयोपशमविजृम्भित श्रुतज्ञानस्वरूप विकल्पोंकी उत्पत्ति होनेपर भी ज्ञेयोंके ग्रहण करनेमें उत्सुकताकी निवृत्ति होनेसे केवल जानता है, परन्तु तीक्ष्ण ज्ञानदृष्टिसे ग्रहण किये गये निर्मल नित्य उदित चैतन्यस्वरूप अपने शुद्धात्मासे प्रतिबद्धताके कारण उस स्वरूपके अनुभवनेके समय स्वयमेव केवलीकी तरह विज्ञानघनरूप होनेसे श्रुतज्ञानस्वरूप समस्त अंतरंग और बाह्य अक्षरस्वरूप विकल्पकी भूमिकासे अतिक्रांत होनेसे समस्त नयपक्षके ग्रहणसे दूरीभूत होनेके कारण किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करता है । वह मतिश्रुतज्ञानी भी निश्चयसे समस्त विकल्पोंसे दूरवर्ती परमात्मा, ज्ञानात्मा, प्रत्यग्ज्योति, आत्मख्यातिरूप अनुभूतिमात्र समयसार है ।

भावार्थ—जैसे केवली भगवान् सदा नयपक्षोंके साक्षीमात्र हैं, वैसे श्रुतज्ञानी भी जिस समय समस्त नयपक्षोंसे अतिक्रान्त होकर शुद्ध चैतन्यमात्र भावका अनुभव करता है, तब नयपक्षका साक्षी मात्र ही है । यदि एक नयका सर्वथा पक्ष ग्रहण करे तो मिथ्यात्वसे मिला हुआ पक्षका राग हुआ तथा प्रयोजनके वशसे एक नयको प्रधान कर ग्रहण करे तो मिथ्यात्वके बिना

पक्षातिक्रांतस्य किं स्वरूपमिति चेत्—

दोण्हवि णयाण भणियं जाणइ णवरिं तु समयपडिबद्धो ।
ण दु णयपक्खं गिण्हदि किंचिवि णयपक्खपरिहीणो ॥१४३॥

शुद्धात्मतत्त्व ज्ञाता, दोनों नयपक्ष जानता केवल ।
नहिं पक्ष कोइ गहता, वह तो नयपक्ष परिहारी ॥१४३॥

द्वयोरपि नययोर्भणितं जानाति केवलं तु समयप्रतिबद्धः । न तु नयपक्षं गृह्णाति किंचिदपि नयपक्षपरिहीनः ।

यथा खलु भगवान्केवली श्रुतज्ञानावयवभूतयोर्व्यवहारनिश्चयनयपक्षयोः विश्वसाक्षितया केवलं स्वरूपमेव जानाति न तु सततमुल्लसितसहजविमलसकलकेवलज्ञानतया नित्यं स्वयमेव विज्ञानघनभूतत्वाच्छ्रुतज्ञानभूमिकातिक्रांततया समस्तनयपक्षपरिग्रहदूरीभूतत्वात्कंचनापि नयपक्षं परिगृह्णाति । तथा किल यः श्रुतज्ञानावयवभूतयोर्व्यवहारनिश्चयनयपक्षयोः क्षयोपशमविजृ-

---

नामसंज्ञ—दु, वि, णय, भणिय, णवरि, तु, समयपडिबद्ध, ण, दु, णयपक्ख, किंचि, वि, णयपक्ख-परिहीण । **धातुसंज्ञ**—णे प्रापणे, भण कथने, जाण अवबोधने, गिण्ह ग्रहणे । **प्रकृतिशब्द**—द्वि, अपि, नय, भणित, केवलं, तु, समयप्रतिबद्ध, न, तु, नयपक्ष, किंचित्, अपि, नयपक्षपरिहीन । **मूलधातु**—भण शब्दार्थः, ज्ञा अवबोधने, ओहाक् त्यागे जुहोत्यादि, ग्रह उपादाने क्र्यादि, पक्ष परिग्रहे भ्वादि चुरादि । **पदविवरण**—

चारित्रमोहके पक्षका राग हुआ । हाँ, जब नयपक्षको छोड़कर वस्तुस्वरूपको केवल जानता ही रहे, तब उस समय श्रुतज्ञानी भी केवलीकी तरह ज्ञाताद्दष्टा ही होता है, साक्षीमात्र होता है ।

अब इस अर्थको मनमें धारण कर तत्त्ववेदी ऐसा अनुभव करता है—**चित्स्वभाव** इत्यादि । **अर्थ**—चैतन्यस्वभावके पुञ्जसे भावित भाव अभावस्वरूप एक भावरूप परमार्थरूप से एक अपार समयसारको समस्त बंधकी परिपाटीको दूर करके मैं अनुभवता हूं । **भावार्थ**—परद्रव्यविषयक कर्ताकर्मभावसे बंधकी चली आई हुई परिपाटी दूर कर मैं समयसारका अनुभव करता हूं, जो कि अपार है अर्थात् जिसके अनन्त ज्ञानादि गुणका पार नहीं है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि पक्षातिक्रान्त आत्मा समयसार है । सो इसी विषयमें प्रश्न हुआ कि पक्षातिक्रान्तका स्वरूप क्या है ? इसीका समाधान इस गाथामें किया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) केवलज्ञानी प्रभु विश्वके साक्षी मात्र होनेसे श्रुतज्ञानके अंशरूप व्यवहारनय व निश्चयनयका केवल स्वरूप ही जानते हैं, किंतु किसी भी पक्षको ग्रहण नहीं करते । (२) प्रभु सर्वज्ञताके कारण ज्ञानघनभूत हैं, अतः श्रुतज्ञानकी भूमिकासे अतिक्रान्त होनेसे नयपक्षके परिग्रहसे दूर हैं । (३) श्रुतज्ञानी श्रुतज्ञानात्मक विकल्प उठनेपर भी परतत्त्व का परिग्रहण करनेकी उत्सुकता निवृत्त हो जानेसे व्यवहारनय व निश्चयनयका मात्र स्वरूप

म्भितश्रुतज्ञानात्मकविकल्पप्रत्युद्गमनेपि परपरिग्रहप्रतिनिवृत्तौत्सुक्यतया स्वरूपभेदं केवलं जानाति न तु खरतरदृष्टिगृहीतसुनिस्तुषनित्योदितचिन्मयसमयप्रतिबद्धतया तदात्वे स्वयमेव विज्ञानघनभूतत्वात् श्रुतज्ञानात्मकसपत्नांतर्बहिर्जल्परूपविकल्पभूमिकातिक्रांततया समस्तनयपक्ष-परिग्रहदूरीभूतत्वात्कंचनापि नयपक्षं परिगृह्णाति स खलु निखिलविकल्पेभ्यः परतरः परमात्मा ज्ञानात्मा प्रत्यग्ज्योतिरात्मख्यातिरूपोऽनुभूतिमात्रः समयसारः। चित्स्वभावभरभावितभावाऽभा-वभावपरमार्थतयैकं। बंधपद्धतिमपास्य समस्तां चेतये समयसारमपारं ॥६२॥ ॥ १४३ ॥

द्वयोः—षष्ठी द्विवचन। अपि—अव्यय। नययोः—षष्ठी द्विवचन। भणितं—द्वितीया एक०। जानाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। केवलं—अव्ययभावे। समयप्रतिबद्धः—प्रथमा एकवचन। न—अव्यय। तु—अव्यय। नयपक्षं—द्वितीया एक०। गृह्णाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। किंचित्—अव्यय। अन्तः—प्रथमा एक-वचन। अपि—अव्यय। नयपक्षपरिहीनः—प्रथमा एकवचन ॥१४३॥

ही जानते, किन्तु नयपक्षका परिग्रहण नहीं करते। (४) श्रुतज्ञानी अन्तःप्रकाशमान चिन्मय समयसारमें प्रतिबद्ध होनेसे उसके उपयोगके समय स्वयं ज्ञानघनभूत हैं, अतः समस्त विकल्प-भूमिकासे अतिक्रांत होनेके कारण समस्त नयपक्ष परिग्रहसे दूर हैं। (५) पक्षातिक्रान्त दशामें अनुभूतिमात्र आत्मख्यातिरूप ज्ञानात्मक ज्योति समयसार है।

सिद्धान्त—(१) अन्तस्तत्त्वाभिमुख आत्मा नयपक्षको ग्रहण नहीं करता। (२) केवलज्ञानी प्रभु विश्वके साक्षीमात्र हैं।

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब)। २– शुद्धनिश्चयनय (४६)।

प्रयोग—विकल्पबुद्धिको दूर कर निर्विकल्प चित्स्वभावमय समयसारकी दृष्टिमें बने रहनेका पौरुष करना ॥ १४३ ॥

पक्षसे दूरवर्ती ही समयसार है अब यह सिद्ध करते हैं—[**यः**] जो [**सर्वनयपक्षरहितः**] सब नयपक्षोंसे रहित है [**सः**] वही [**समयसारः**] समयसार [**भणितः**] कहा गया है। [**एषः**] यह समयसार ही [**केवलं**] केवल [**सम्यग्दर्शनज्ञानं**] [**इति**] ऐसे [**व्यपदेशं**] नामको [**लभते**] पाता है।

टीकार्थ—जो निश्चयसे समस्त नयपक्षसे खण्डित न होनेसे जिसमें समस्त विकल्पोंके व्यापार विलय हो गए हैं, ऐसा समयसार शुद्ध स्वरूप है सो यही एक केवल सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान ऐसे नामको पाता है। ये परमार्थसे एक ही हैं, क्योंकि आत्मा, प्रथम तो श्रुतज्ञान के अवलम्बनसे ज्ञानस्वभाव आत्माका निश्चय कर, पीछे निश्चयसे आत्माकी प्रकट प्रसिद्धि होनेके लिए परपदार्थकी ख्याति होनेके कारणभूत इन्द्रिय और मनके द्वारा हुई प्रवृत्तिरूप बुद्धिको गौण कर जिसने मतिज्ञानका स्वरूप आत्माके सन्मुख किया है ऐसा होता हुआ

पक्षातिक्रांत एव समयसार इत्यवतिष्ठते—

सम्मद्दंसणणाणं एसो लहदित्ति णवरि ववदेसं ।
सव्वणयपक्खरहिदो भणिदो जो सो समयसारो ॥१४४॥

सर्वनयपक्ष अपगत, जो है उसको ही समयसार कहा ।
यह ही केवल सम्यग्, दर्शन संज्ञान कहलाता ॥१४४॥

सम्यग्दर्शनज्ञानमेष लभते इति केवलं व्यपदेशं । सर्वनयपक्षरहितो भणितो यः स समयसारः ॥ १४४ ॥

अयमेक एव केवलं सम्यग्दर्शनज्ञानव्यपदेशं किल लभते । यः खल्वखिलनयपक्षाक्षुण्णतया विश्रांतसमस्तविकल्पव्यापारः स समयसारः । यतः प्रथमतः श्रुतज्ञानावष्टंभेन ज्ञानस्वभावमात्मानं निश्चित्य ततः खल्वात्मख्यातये परख्यातिहेतूनखिलानेवेन्द्रियानिन्द्रियबुद्धीरवधीर्य आत्माभिमुखीकृतमतिज्ञानतत्त्वः, तथा नानाविधनयपक्षालंबनेनानेकविकल्पैराकुलयंतीः श्रुतज्ञान-

---

नामसंज्ञ—सम्मद्दंसणणाण, एत, इत्ति, णवरि, ववदेस, सव्वणयपक्खरहिद, भणिद, ज, त, समय-

---

तथा नाना प्रकारके नयोंके पक्षोंको अवलम्बन कर अनेक विकल्पोंसे आकुलता उत्पन्न कराने वाली श्रुतज्ञानकी बुद्धिको भी गौण कर तथा श्रुतज्ञानको भी आत्मतत्त्वके स्वरूपमें सन्मुख करता हुआ अत्यन्त निर्विकल्परूप होकर तत्काल अपने निजरससे ही प्रकट हुआ आदि, मध्य और अन्तके भेदसे रहित अनाकुल एक (केवल) समस्त पदार्थ समूहरूप लोकके ऊपर तैरतेकी तरह अखंड प्रतिभासमय, अविनाशी, अनन्त विज्ञानघन परमात्मस्वरूप समयसारको ही अनुभवता हुआ सम्यक् प्रकार देखा जाता है, श्रद्धान किया जाता है, सम्यक् प्रकार जाना जाता है । इस कारण सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान समयसार ही है । **भावार्थ**—पहले तो आगमज्ञानसे आत्माको ज्ञानस्वरूप निश्चय करना, पीछे इन्द्रियबुद्धिरूप मतिज्ञानको भी ज्ञानमात्रमें ही मिलाना तथा श्रुतज्ञानरूप नयोंके विकल्प मेट श्रुतज्ञानको भी निर्विकल्प कर एक ज्ञानमात्रमें मिलाना और अखण्ड प्रतिभासका अनुभव करना यही सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान नाम पाता है, ये दर्शन ज्ञान आत्मासे कुछ पृथक् नहीं है ।

अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**आक्रामन्** इत्यादि । **अर्थ**—नयोंके पक्ष बिना निर्विकल्प भावको प्राप्त हुआ जो समय (आगम व आत्मा) का सार सुशोभित होता है, जो कि निश्चित पुरुषों द्वारा स्वयं आस्वाद्यमान है अर्थात् उन्होंने अनुभवसे जान लिया है वही यह भगवान्, जिसका विज्ञान ही एक रस है, ऐसा पवित्र पुराण पुरुष है । इसको ज्ञान कहो अथवा दर्शन कहो अथवा कुछ अन्य नामसे कहो, जो कुछ है सो यह एक ही है, मात्र तीर्थप्रवृत्तिके लिये वह अनेक नामोंसे कहा जाता है ।

बुद्धीरप्यवधीर्य श्रुतज्ञानतत्त्वमप्यात्माभिमुखीकुर्वन्नत्यंतमविकल्पो भूत्वा भगित्येव स्वरसत एव व्यक्तीभवंतमादिमध्यांतविमुक्तमनाकुलमेकं केवलमखिलस्यापि विश्वस्योपरि तरंतमिवाखंडप्रतिभासमयमनंतं विज्ञानघनं परमात्मानं समयसारं विंदन्नेवात्मा सम्यग्दृश्यते ज्ञायते च ततः सम्यग्दर्शनं ज्ञानं च समयसार एव । आक्रामन्नविकल्पभावमचलं पक्षैर्नयानां विना, सारो यः समयस्य भाति निभृतैरास्वाद्यमानः स्वयं । विज्ञानैकरसः स एष भगवान्पुण्यः पुराणः पुमान्, ज्ञानं दर्शनमप्ययं किमथवा यत्किंचनैकोऽप्यहं ॥६२॥ दूरं भूरिविकल्पजालगहने भ्राम्यन्निजौघाच्च्युतो, दूरादेव विवेकनिम्नगमनान्नीतो निजौघं बलात् । विज्ञानैकरसस्तदेकरसिनामात्मानमात्मा हरन्,

---

सार । **धातुसंज्ञ**—लभ प्राप्तौ, भण कथने । **प्रकृतिशब्द**—सम्यग्दर्शनज्ञान, एतत्, इति; केवलं, व्यपदेश, सर्वनयपक्षरहित, भणित, यत्, तत्, समयसार । **मूलधातु**—सम्-अंचु विशेषणे चुरादि, दृशिर् प्रेक्षणे, ज्ञा

अब ज्ञानसे च्युत हुआ यह आत्मा ज्ञानमें ही आ मिलता है—**दूरं** इत्यादि । **अर्थ**—अपने विज्ञानघन स्वभावसे च्युत यह आत्मा बहुत विकल्पोंके जालके गहन वनमें अत्यंत भ्रमण करता हुआ अब दूरसे ही मुड़कर विवेकरूप निम्न मार्गमें गमनकर जलकी भाँति अपने आप अपने विज्ञानघनस्वभावमें आ मिला । कैसा है वह आत्मा ? जो विज्ञानरसके ही रसीले हैं उनको एक विज्ञानरसस्वरूप ही है । ऐसा आत्मा अपने आत्मस्वभावको अपनेमें ही समेटता हुआ गतानुगतताको पाता है याने जैसे बाह्य गया था वैसे ही अपने स्वभावमें आ जाता है ।

भावार्थ—जैसे समुद्रादि जलके निवासमें से जल सूर्यताप आदिके कारण च्युत होकर उड़ा उड़ा फिरा, फिर वह ढीला होकर गिरा तो वह वनमें अनेक जगह भ्रमता है, फिर कोई नीचे मार्गसे बह-बहकर जैसाका तैसा अपने जलके निवासमें आ मिलता है । उसी प्रकार आत्मा भी अज्ञान मोहादि अनेक संतापोंसे अपने स्वभावसे च्युत हुआ भ्रमण करता कोई सुयोग पाकर भेदज्ञान (विवेक) रूप नीचे मार्गसे अपने आप अपनेको लाता हुआ अपने स्वभाव रूप विज्ञानघनमें आ मिलता है ।

अब कर्ता-कर्मके संक्षेप अर्थके कलशरूप श्लोक कहते हैं—**विकल्पकः** इत्यादि । **अर्थ**—विकल्प करने वाला ही केवल कर्ता है और विकल्प केवल कर्म है, विकल्पसहितका कर्ताकर्मपना कभी नष्ट नहीं होता । **भावार्थ**—जब तक विकल्पभाव है, तब तक कर्ताकर्मभाव है । जिस समय विकल्पका अभाव होता है उस समय कर्ता-कर्मभावका भी अभाव हो जाता है ।

यः करोति इत्यादि । **अर्थ**—जो करता है वह केवल करता ही है और जो जानता है वह केवल जानता ही है । जो करता है, वह कुछ जानता ही नहीं है और जो जानता है, वह कुछ भी नहीं करता है ।

ज्ञप्तिः इत्यादि । **अर्थ**—जाननेरूप क्रिया करनेरूप क्रियाके अन्दर नहीं प्रतिभासित

आत्मन्येव सदा गतानुगततामायात्ययं तोयवत् ॥९४॥ विकल्पकः परं कर्ता विकल्पः कर्म केवलं। न जातु कर्तृकर्मत्वं सविकल्पस्य नश्यति ॥९५॥ यः करोति स करोति केवलं यस्तु वेत्ति स तु वेत्ति केवलं। यः करोति न हि वेत्ति स क्वचित् यस्तु वेत्ति न करोति स क्वचित् ॥९६॥ ज्ञप्तिः करोतौ न हि भासतेऽन्तः ज्ञप्तौ करोतिश्च न भासतेऽन्तः। ज्ञप्तिः करोतिश्च ततो विभिन्ने

अवबोधने, डुलभष् प्राप्तौ भ्वादि, पक्ष परिग्रहे, रह त्यागे भ्वादि चुरादि, भण शब्दार्थः। **पदविवरण**—होती और करनेरूप क्रिया जाननेरूप क्रियाके अन्दर नहीं प्रतिभासित होती इसलिये ज्ञप्ति-क्रिया और करोतिक्रिया दोनों भिन्न-भिन्न हैं। इस कारण यह सिद्ध हुआ कि जो ज्ञाता है, वह कर्ता नहीं है। **भावार्थ**—जिस समय जीव ऐसा परिणाम करता है कि मैं परद्रव्यको करता हूं, उस समय तो उस परिणमन क्रियाका कर्ता ही है ज्ञातामात्रकी स्थिति नहीं है। तथा जिस समय ऐसा परिणमन करता है कि वह परद्रव्यको जानता है उस समय उस जानन क्रियारूप ज्ञाता ही है वहाँ कर्तृत्वभाव नहीं है। **प्रश्न**—सम्यग्दृष्टिके जब तक चारित्रमोहका उदय है तब तक कषायरूप परिणमन होता है, तब तक उसे कर्ता कहें या नहीं? **समाधान**—अविरतसम्यग्दृष्टि आदिके परद्रव्यके स्वामित्वरूप कर्तृत्वका अभिप्राय नहीं है, परन्तु कर्मके उदयकी झाँकीका कषायरूप परिणमन है, उसका यह ज्ञाता है, इसलिये अज्ञानसम्बन्धी कर्तृत्व अविरत सम्यग्दृष्टिके भी नहीं है तथापि निमित्तकी बलवानतासे विभाव परिणमनका फल कुछ होता है, किन्तु वह संसारका कारण नहीं है। जैसे जड़ कटनेके बाद वृक्ष कुछ समय तक हरा रहता है, परन्तु वह हरापन सूखनेकी ओर ही है, ऐसे ही मिथ्यात्वमूल कटनेके बाद कुछ राग-द्वेष रहें, किन्तु वे मिटनेकी ओर ही हैं और जितने हैं उतनेका भी स्वामित्व सम्यग्दृष्टिके आशयमें नहीं है।

कर्ता इत्यादि। **अर्थ**—निश्चयतः कर्ता तो कर्ममें नहीं है और कर्म भी कर्तामें नहीं है। इस प्रकार दोनोंका ही परस्पर अत्यन्त निषेध है तब क्या कर्ता-कर्मकी कहीं स्थिति हो सकती है? नहीं हो सकती। तब वस्तुकी मर्यादा व्यक्तरूप यह सिद्ध हुई कि ज्ञाता तो सदा ज्ञानमें ही है और कर्म है वह सदा कर्ममें ही है। तो भी अहो! यह मोह (अज्ञान) नेपथ्यमें क्यों नाचता है? **भावार्थ**—कर्म तो पुद्गल है, और जीव चेतन है। सो जीव तो पुद्गलमें नहीं है और पुद्गल जीवमें नहीं है, तब इन दोनोंके कर्ता-कर्म भाव कैसे बन सकता है? इससे जीव तो ज्ञाता है सो ज्ञाता ही है, पुद्गलका कर्ता नहीं है और पुद्गलकर्म है, वह कर्म ही है। ऐसे ये दोनों प्रकट भिन्न-भिन्न द्रव्य हैं तो भी अज्ञानीका यह मोह कैसे नाचता है कि मैं तो कर्ता हूँ और यह पुद्गल मेरा कर्म है यह बड़ा अज्ञान है। इस अनहोनीपर आचार्य ने बत शब्द कहकर खेद प्रकट किया है। अथवा इस तरह मोह नाचे तो नाचो, परन्तु वस्तु

ज्ञाता न कर्तेति ततः स्थितं च ॥६७॥ कर्ता कर्मणि नास्ति नास्ति नियतं कर्मापि तत्कर्तरि, द्वंद्वं विप्रतिषिध्यते यदि तदा का कर्तृकर्मस्थितिः। ज्ञाता ज्ञातरि कर्म कर्मणि सदा व्यक्तेति वस्तुस्थिति-र्नैपथ्ये वत नानटीति रभसा मोहस्तथाप्येष किं ॥६८॥ अथवा नानट्यतां तथापि।

सम्यग्दर्शनज्ञानं—प्रथमा व द्वितीया एकवचन। एतत्—द्वितीया एक०। लभते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक

का स्वरूप तो जैसा है वैसा ही रहता है—**कर्ता कर्ता** इत्यादि। **अर्थ**—अन्तरंगमें अतिशयसे अपनी चैतन्यशक्तिके समूहके भारसे अत्यंत गम्भीर यह ज्ञानज्योतिस्वरूप अन्तस्तत्त्व ऐसा निश्चल व्यक्तरूप (प्रकट) हुआ कि पहले जैसे अज्ञानमें आत्मा कर्ता था उस प्रकार अब कर्ता नहीं होता और इसके अज्ञानसे जो पुद्गल कर्मरूप होता था, वह भी अब कर्मरूप नहीं होता, किन्तु ज्ञान तो ज्ञानरूप ही हुआ और पुद्गल पुद्गलरूप रहा, ऐसे प्रकट हुआ। **भावार्थ**—जब आत्मा निज सहज अविकार ज्योतिका ज्ञानी होता है तब ज्ञान तो ज्ञानरूप ही परिणमन करता है, पुद्गलकर्मका कर्ता नहीं बनता और फिर पुद्गल पुद्गलरूप ही रहता है, कर्मरूप नहीं परिणमन करता। इस प्रकार आत्माका यथार्थ ज्ञान होनेसे दोनों द्रव्योंके परिणामोंमें निमित्तनैमित्तिक भाव नहीं होता, इस प्रकार जीव और अजीव दोनों कर्ता-कर्मके वेषसे पृथक् होकर निकल गये।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें पक्षातिक्रान्तका स्वरूप बताया गया था। अब इस गाथामें निश्चित किया गया कि पक्षातिक्रान्त ही समयसार है।

तथ्यप्रकाश—(१) सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान यह केवल एक आत्मा ही है। (२) सर्व-नयपक्षोंसे अखण्डित, विकल्पव्यापारशून्य सहजात्मस्वरूप समयसार है। (३) मुमुक्षु, सर्व-प्रथम श्रुतज्ञानबलसे अपनेको ज्ञानस्वभावमय निश्चित करता है। (४) उससे फिर मुमुक्षु आत्मख्यातिके लिये इन्द्रियज व अनिन्द्रियज ज्ञानोंको परख्यातिका हेतुभूत निश्चित करता है। (५) जिससे कि पश्चात् मुमुक्षु मतिज्ञानतत्त्वको अपने सहजात्मस्वरूपके अभिमुख करता है। (६) तथैव मुमुक्षु ज्ञानगत बुद्धियोंको अनेकपक्षोंके आलम्बनसे अनेक विकल्पों द्वारा आकुलित करने वाली अवधारित करता है। (७) जिससे कि वह श्रुतज्ञान तत्त्वको भी आत्माभिमुख करता है। (८) मोक्षाभिलाषी आत्मा मति श्रुतज्ञानको आत्माभिमुख करता हुआ अत्यन्त अविकल्प होकर ज्ञानघन समयसारको अनुभवता है। (९) सूर्य ताप द्वारा समुद्रजल उड़कर बादल बनकर भटक-भटककर स्वनम्रतासे नीचे गिरकर निम्नापथसे बहकर समुद्रमें मिलकर स्वरूपस्थ हो जाता है। (१०) मोहताप द्वारा ज्ञानसमुद्रगत उपयोगजल उड़कर अज्ञ बनकर भटक-भटककर विनयभावसे अन्तः आकर विवेकपथसे अनुभवमें आकर ज्ञानपुंजमें मिलकर स्वरूपस्थ हो जाता है। (११) विकल्पक प्राणी कर्ता कहलाता है। (१२) करणक्रियामें

कर्ता कर्ता भवति न यथा कर्म कर्मापि नैव ज्ञानं ज्ञानं भवति च यथा पुद्गलः पुद्गलोऽपि ।
ज्ञानज्योतिर्ज्वलितमचलं व्यक्तमंतस्तथोच्चैश्चिच्छक्तीनां निकरभरतोऽत्यंतगंभीरमेतत् ॥९९॥
॥१४४॥

॥ इति जीवाजीवौ कर्तृकर्मवेषविमुक्तौ निष्क्रांतौ ॥

इति श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचितायां समयसारव्याख्यायामात्मख्यातौ
कर्तृकर्मप्ररूपको द्वितीयोऽङ्कः ॥ २ ॥

क्रिया । इति–अव्यय । केवलं–अव्ययभावे । व्यपदेशं–द्वितीया एक० । सर्वनयपक्षरहितः–प्रथमा एकवचन । भणितः–प्र० ए० कृदन्त । यः, सः–प्र० ए० । समयसारः–प्रथमा एकवचन ॥१४४॥

जाननक्रिया नहीं, जाननक्रियामें करणक्रिया नहीं । (१३) सम्यग्ज्ञान प्रकाशमें ज्ञानी कर्ता नहीं होता तब कार्माणवर्गणा कर्मरूप नहीं होती ।

सिद्धान्त—१– सम्यक् ज्ञानबलसे आत्मा आत्मामें उपयुक्त होता है । (२) समयसार अविकल्प अखण्ड चिन्मात्र अन्तस्तत्त्व है ।

दृष्टि—१– शुद्धनिश्चयनय (४६), अपूर्ण शुद्धनिश्चयनय । (४६ब), २–अखंड परमशुद्धनिश्चयनय (४४) ।

प्रयोग—सर्वनयपक्षरहित होकर दर्शनज्ञानसामान्यात्मक आत्मतत्त्वको अन्तः अनुभवने का पौरुष करना ॥ १४४ ॥

॥ इति श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचित समयसारव्याख्या आत्मख्यातिमें
कर्तृकर्माधिकार सम्पूर्ण ॥२॥



अथ पुण्यपापाधिकारः

अथैकमेव कर्म द्विपात्रीभूय पुण्यपापरूपेण प्रविशति—

तदथ कर्म शुभाशुभभेदतो, द्वितयतां गतमैक्यमुपानयन् ।
श्लपितनिर्भरमोहरजा अयं, स्वयमुदेत्यवबोधसुधाप्लवः ॥१००॥

एको दूरात्त्यजति मदिरां ब्राह्मणत्वाभिमानादन्यः शूद्रः स्वयमहमिति स्नाति नित्यं तयैव ।
द्वावप्येतौ युगपदुदरान्निर्गतौ शूद्रिकायाः शूद्रौ साक्षादथ च चरतो जातिभेदभ्रमेण ॥१०१॥

नामसंज्ञ—कम्म, असुह, कुसील, सुहकम्म, च, अवि, सुसील, कह, त, सुसील, ज, संसार । **धातु-संज्ञ**—जाण अवबोधने, हो सत्तायां, प-विस प्रवेशने । **प्रकृतिशब्द**—कर्मन्, अशुभ, कुशील, शुभकर्मन्, च,

---

अब एक ही कर्म दो पात्ररूप होकर पुण्यपापरूपसे प्रवेश करता है—**तदथ** इत्यादि । **अर्थ**—कर्तृकर्माधिकारमें तथ्यबोधके बाद शुभ अशुभके भेदसे द्विरूपताको प्राप्त हुए कर्मके एकत्वको प्राप्त करता हुआ यह अनुभवगोचर सम्यग्ज्ञानरूप चंद्रमा स्वयं उदयको प्राप्त होता है ।

भावार्थ—कर्म एक होकर भी अज्ञानसे दो प्रकारमें दीखता था, उसे ज्ञानने एकरूप-में ही दिखला दिया सो इस ज्ञानने जो मोहरूपी रज लगी हुई थी, उसे दूर कर दी, तब ही यथार्थ ज्ञान हुआ । जैसे कि चन्द्रमाके सामने बादल अथवा पालेका समूह आदि आ जाय तब यथार्थ प्रकाश नहीं होता, आवरण दूर होनेपर यथार्थ प्रकाश होता है ।

आगे पुण्यपापके स्वरूपका दृष्टांतरूप काव्य कहते हैं—**एको दूरात्** इत्यादि । **अर्थ**—एक तो मैं ब्राह्मण हूं, इस अभिमानसे मद्यको दूरसे ही छोड़ देता है तथा दूसरा पुत्र 'मैं शूद्र हूं' ऐसा मानकर उस मदिरासे नित्य स्नान करता है, उसे शुद्ध मानता है । विचारा जाय तब दोनों ही शूद्रीके पुत्र हैं, क्योंकि दोनों ही शूद्रीके उदरसे जन्मे हैं, इस कारण साक्षात् शूद्र हैं । वे जातिभेदके भ्रमसे ऐसा आचरण करते हैं । **भावार्थ**—किसी शूद्रीके दो पुत्र हुए, उसने दोनोंको नदीके घाटपर पेड़के नीचे छोड़ दिये उनमें एकको ब्राह्मण उठा लाया, एकको शूद्र उठा लाया । अब जो ब्राह्मणके यहां पला वह ब्राह्मणपनेके गर्वसे ब्राह्मण जैसा आचरण करता है और जो शूद्रके यहां पला वह शूद्र जैसा आचरण करता है वास्तवमें हैं दोनों शूद्र । ऐसे ही कर्म तो पुण्य-पाप दोनों हैं, पर उनमें शुभ अशुभका भेद डाल दिया गया है ।

अब शुभाशुभ कर्मके स्वभावका वर्णन करते हैं—[**अशुभं कर्म**] अशुभ कर्मको [**कुशीलं**] पापस्वभाव [**अपि च**] और [**शुभकर्म**] शुभकर्मको [**सुशीलं**] पुण्यस्वभाव [**जानीथ**]

कम्ममसुहं कुसीलं सुहकम्मं चावि जाणह सुसीलं ।
कह तं होदि सुसीलं जं संसारं पवेसेदि ॥१४५॥

है पापकर्म कुत्सित, सुशील है पुण्यकर्म जग जाने ।
शुभ है सुशील कैसा, जो भवमें जीवको डारे ॥१४५॥

कर्माशुभं कुशीलं शुभकर्म चापि जानीथ सुशीलं । कथं तद् भवति सुशीलं यत्संसारं प्रवेशयति ॥१४५॥

शुभाशुभजीवपरिणामनिमित्तत्वे सति कारणभेदात् शुभाशुभपुद्गलपरिणाममयत्वे सति स्वभावभेदात् शुभाशुभफलपाकत्वे सत्यनुभवभेदात् शुभाशुभमोक्षबंधमार्गाश्रितत्वे सत्याश्रयभेदात् चैकमपि कर्म किंचिच्छुभं किंचिदशुभमिति केषांचित्किल पक्षः, स तु सप्रतिपक्षः । तथाहि—

अपि, सुशील, कथं, तत्, सुशील, यत्, संसार । **मूलधातु**—अ-शुभ शोभार्थे चुरादि, शील समाधौ भ्वादि, सम्-सृ गतौ, प्र-विश प्रवेशने तुदादि णिजन्त । **पदविवरण**—कर्म–द्वितीया एक० । अशुभं–द्वितीया एक० ।

जानो । परन्तु परमार्थदृष्टिसे कहते हैं कि [यत्] जो [संसारं] प्राणीको संसारमें ही [प्रवेशयति] प्रवेश कराता है [तत्] वह कर्म [सुशीलं] शुभ, अच्छा [कथं] कैसे [भवति] हो सकता है ?

तात्पर्य—संसारप्रवेशक कर्ममें अच्छा बुराका भेद नहीं मानना वे सब हेय हैं ।

टीकार्थ—कितने ही लोकोंका ऐसा पक्ष है कि कर्म एक होनेपर भी शुभ-अशुभके भेद से दो भेदरूप है, क्योंकि (१) शुभ और अशुभ जो जीवके परिणाम हैं, वे उसको निमित्त है उस रूपसे कारणके भेदसे भेद है । (२) शुभ और अशुभ पुद्गल परिणाममय होनेसे स्वभाव के भेदसे भेद है और (३) कर्मका जो शुभ-अशुभ फल है, उसके रसास्वादके भेदसे भेद है तथा (४) शुभ-अशुभ मोक्ष तथा बंधके मार्गकी आश्रितता होनेपर आश्रयमें भेदसे भेद है । इस प्रकार इन चारों हेतुओंसे कोई कर्म शुभ है, कोई कर्म अशुभ है, ऐसा किसीका पक्ष है । परन्तु वह पक्ष उसका निषेध करने वाले प्रतिपक्षसे सहित है । अब यही कहते हैं—शुभ व अशुभ जीवका परिणाम केवल अज्ञानमय होनेसे एक ही है, सो उसके एक होनेपर कारणका अभेद होनेसे कर्म भी एक ही है तथा शुभ अथवा अशुभ पुद्गलका परिणाम केवल पुद्गलमय होनेसे एक ही है और उसके एक होनेपर स्वभावके अभेदसे कर्म भी एक ही है । शुभ अथवा अशुभ कर्मके फलका रस केवल पुद्गलमय होनेसे एक है और उसके एक होनेपर आस्वादके अभेदसे कर्म भी एक ही है । शुभ अशुभरूप मोक्ष और बंधका मार्ग ये दोनों पृथक् हैं, केवल जीवमय तो मोक्षका मार्ग है और केवल पुद्गलमय बंधका मार्ग है अतः वे अनेक हैं, एक नहीं हैं और उनके एक न होनेपर केवल पुद्गलमय बंधमार्गकी आश्रितताके कारण आश्रयके

शुभोऽशुभो वा जीवपरिणामः केवलाज्ञानमयत्वादेकस्तदेकत्वे सति कारणाभेदात् एकं कर्म। शुभोऽशुभो वा पुद्गलपरिणामः केवलपुद्गलमयत्वादेकस्तदेकत्वे सति स्वभावाभेदादेकं कर्म। शुभोऽशुभो वा फलपाकः केवलपुद्गलमयत्वादेकस्तदेकत्वे सत्यनुभवाभेदादेकं कर्म। शुभाशुभो

कुशीलं—द्वितीया एकवचन। शुभकर्म—द्वि० एक०। च—अव्यय। अपि—अव्यय। जानीथ—वर्तमान लट् मध्यम

अभेदसे कर्म एक ही है।

भावार्थ—कर्ममें शुभ-अशुभके भेदका समर्थन पूर्वस्थलमें शङ्काकारने चार युक्तियां (१) कारणभेद, (२) स्वभावभेद, (३) अनुभवभेद, (४) आश्रयभेद देकर कहा था उसमें कारणभेद तो बताया था कि शुभबंध शुभपरिणामसे होता व अशुभबन्ध अशुभपरिणामसे होता है। जैसे जीवका शुभपरिणाम है अरहंतादिमें भक्तिका अनुराग, जीवोंमें अनुकंपा परिणाम और मंदकषायसे चित्तकी उज्ज्वलता इत्यादि, तथा अशुभका हेतु जीवके अशुभ परिणाम हैं—तीव्र क्रोधादिक, अशुभलेश्या, निर्दयता, विषयासक्तता, देव गुरु आदि पूज्य पुरुषोंमें अविनयरूप प्रवृत्ति इत्यादिक, सो इन हेतुओंके भेदसे कर्म शुभाशुभरूप दो प्रकारके कहे थे। और शुभ अशुभ पुद्गलके परिणामके भेदसे स्वभावका भेद कहा था, शुभद्रव्यकर्म तो सातावेदनीय, शुभआयु, शुभनाम, शुभगोत्र हैं तथा अशुभ चार घातियाकर्म, असातावेदनीय, अशुभआयु, अशुभनाम, अशुभगोत्र ये हैं, इनके उदयसे प्राणीको इष्ट-अनिष्ट सामग्री मिलती है, ये पुद्गलके स्वभाव हैं, यों इनके भेदसे कर्ममें स्वभावका भेद बताया था। तथा शुभ अशुभ अनुभवके भेदसे भेद बताया था—शुभका अनुभव तो सुखरूप स्वाद है और अशुभका दुःखरूप स्वाद है। तथा शुभाशुभ आश्रयके भेदसे भेद बताया था कि शुभका तो आश्रय मोक्षमार्ग है और अशुभका आश्रय बंधमार्ग है। अब इस गाथामें उन भेदोंका निषेधपक्ष कह रहे हैं—शुभ और अशुभ दोनों जीवके परिणाम अज्ञानमय हैं इसलिये दोनोंका एक अज्ञान ही कारण है, इस कारण हेतुके भेदसे कर्ममें भेद नहीं है। शुभ-अशुभ ये दोनों पुद्गलके परिणाम हैं इसलिये पुद्गलपरिणामरूप स्वभाव भी दोनोंका एक ही है, इस कारण स्वभावके अभेदसे भी कर्म एक ही है। शुभाशुभ फल सुखदुःखस्वरूप स्वाद भी पुद्गलमय ही है इसलिये स्वादके अभेदसे भी कर्म एक ही है। शंकाकारने शुभ-अशुभ मोक्ष-बंधमार्ग कहे थे, किंतु वहां मोक्षमार्ग तो केवल जीवका ही परिणाम है और बंधमार्ग केवल एक पुद्गलका ही परिणाम है, आश्रय भिन्न-भिन्न हैं इसलिये बंधमार्गके आश्रयसे भी शुभ व अशुभ कर्म एक ही है। इस प्रकार यहां कर्मके शुभाशुभ भेदके पक्षको गौणकर निषेध किया, क्योंकि यहां अभेदपक्ष प्रधान है, अतः अभेदपक्षसे देखा जाय तो कर्म एक ही है, शुभ अशुभ ऐसे भिन्न दो नहीं हैं ॥१४५॥

मोक्षबंधमार्गौ तु प्रत्येकं केवलंजीवपुद्गलमयत्वादनेकौ तदनेकत्वे सत्यपि केवलपुद्गलमयबंधमार्गाश्रितत्वेनाश्रयाभेदादेकं कर्म । हेतुस्वभावानुभवाश्रयाणां सदाप्यभेदान्न हि कर्मभेदः तद्बंधमार्गाश्रितमेकमिष्टं स्वयं समस्तं खलु बंधहेतुः ॥१०२॥ ॥१४५॥

पुरुष बहुवचन । कर्म–अव्यय । तत्–प्रथमा एकवचन । सुशीलं–प्रथमा एक० । यत्–प्रथमा एक० । संसारं–द्वि० ए० । प्रवेशयति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन णिजंत ॥१४५॥

अब इसी अर्थका समर्थक कलशरूप काव्य कहते हैं—हेतु इत्यादि । अर्थ—हेतु, स्वभाव, अनुभव और आश्रय इन चारोंके सदाकाल ही अभेदसे कर्ममें भेद नहीं है, इसलिये बंधके मार्गको आश्रय कर कर्म एक ही माना है क्योंकि सभी कर्म याने शुभ तथा अशुभकर्म दोनों ही स्वयं निश्चयसे बंधके ही कारण हैं ।

प्रसंगविवरण—पूर्व कर्तृकर्माधिकारमें जीव व पुद्गलकर्मके संबंधमें कर्तृकर्मत्वप्रतिषेध, निमित्तनैमित्तिकभाव आदि कई स्थलोंमें पुद्गलकर्मकी चर्चा आई थी । वही पुद्गलकर्म अब इस पुण्यपापाधिकारमें दो पात्र बनकर प्रवेश करता है । इस गाथामें उन्हीं पुण्यपाप दोनों वेशोंकी समीक्षा की गई है ।

तथ्यप्रकाश—१—यद्यपि शुभपरिणामसे पुण्यबंध व अशुभपरिणामसे पाप बंध होनेसे याने कारणभेद होनेसे पुण्य पाप ये भिन्न-भिन्न हैं तथापि शुभ अशुभ दोनों जीवपरिणाम अज्ञानमय होनेसे एक अज्ञानमय है और कारणभेद न होनेसे पुण्य पाप दोनों एक ही हैं । २—यद्यपि पुण्य शुभपुद्गलपरिणाम है, पाप अशुभपुद्गलपरिणाममय है तथापि हैं केवल पुद्गलमय, अतः स्वभावका भेद न होनेसे दोनों एक ही है । ३—यद्यपि पुण्य शुभफलपाक है, पाप अशुभफलपाक है तथापि हैं दोनों पुद्गलमय विकाररूप, अतः अनुभवके अभेदसे दोनों कर्म एक ही हैं । ४— यद्यपि लौकिक जीवोंको ऐसा मालूम होता है कि पुण्य तो मोक्षमार्ग है और पाप बंधमार्ग है, लेकिन ऐसा है नहीं, मोक्षमार्ग तो केवल जीवमय है और बंधमार्ग *केवल पुद्गलमय है, यों पुण्यपाप दोनों केवल पुद्गलमय बन्धमार्गाश्रित हैं, अतः आश्रयका* अभेद होनेसे पुण्यपाप दोनों कर्म एक ही हैं ।

सिद्धान्त—(१) प्रकृत्यादिभेदसे पुण्य व पापकर्ममें भेद है । (२) दुःखरूपत्व आदिकी दृष्टिसे पुण्यपापमें अभेद है ।

दृष्टि—१– वैलक्षण्यनय (२०३) । २– सादृश्यनय (२०२) ।

प्रयोग—पुण्य-पापकर्मको, पुण्य-पापकर्मके फल सुख-दुःखको, पुण्य-पापके हेतुभूत शुभाशुभभावको विकृतपनेकी दृष्टिसे एक समान जानकर उन सबसे उपेक्षा करके निष्कर्म

अथोभयं कर्माविशेषेण बंधहेतुं साधयति--

सौवण्णियं पि णियलं बंधदि कालायसं पि जह पुरिसं ।
बंधदि एवं जीवं सुहमसुहं वा कदं कम्मं ॥१४६॥

जैसे सुवर्ण अथवा, लोहसंकल है जीवको बांधे ।
त्यौं कृत कर्म अशुभ या, शुभ हो सब जीवको बांधे ॥१४६॥

सौवर्णिकमपि निगलं बध्नाति कालायसमपि च यथा पुरुषं । बध्नात्येवं जीवं शुभमशुभं वा कृतं कर्म ।

प्राकृत शब्द--सौवण्णिय, वि, णियल, कालायस, वि, जह, पुरिस, एवं, जीव, सुह, असुह, वा, कद, कम्म । प्राकृत धातु - बन्ध बन्धने, जीव प्राणधारणे, सोम दीप्तौ, करकरणे । प्रकृतिशब्द--सौवर्णिक, अपि, निगल, कालायस, अपि, यथा, पुरुष, एवं, जीव, शुभ, अशुभ, वा, कृत, कर्म । मूलधातु--वर्ण क्रियाविस्तारगुणवचनेषु चुरादि, नि-गल अदने भ्वादि, बन्ध बन्धने क्र्यादि, पुर अग्रगमने तुदादि,

कारणसमयसारके अभिमुख रहनेका पौरुष करना ॥ १४५ ॥

अब आगे शुभ अशुभ दोनों कर्मोंको ही अविशेषतासे बंधके कारण साधते हैं— [यथा] जैसे [कालायसं निगलं] लोहेकी बेड़ी [पुरुषं बध्नाति] पुरुषको बांधती है [अपि] और [सौवर्णिकं] सुवर्णकी बेड़ी [अपि] भी पुरुषको बांधती है [एवं] इसी प्रकार [शुभं वा अशुभं] शुभ तथा अशुभ [कृतं कर्म] किया हुआ कर्म [जीवं] जीवको [बध्नाति] बांधता ही है ।

तात्पर्य--पुण्य व पाप दोनों ही कर्म जीवके लिये बन्धन ही हैं ।

टीकार्थ--शुभ और अशुभ कर्म अविशेषरूपसे ही आत्माको बांधते हैं, क्योंकि दोनोंमें ही बंधरूपपनेकी अविशेषता है जैसे कि सुवर्णकी बेड़ी और लोहेकी बेड़ीमें बंधकी अपेक्षा भेद नहीं है । **भावार्थ**--जैसे किसी कैदीको लोहेकी बेड़ीसे बांधा हो, किसीको सोनेकी बेड़ीसे बांधा हो बन्धनके क्लेशमें दोनों हैं, ऐसे ही किसीके चाहे पुण्यबन्ध हो, चाहे पापबन्ध हो सांसारिक क्लेशके बन्धनमें दोनों हैं, अतः पुण्य-पाप दोनों बन्धन हैं ।

प्रसंगविवरण--अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि लोक कहते हैं कि अशुभकर्म तो कुशील है और शुभकर्म सुशील है, किन्तु वह कर्म सुशील कैसा कि जो संसारमें प्रवेश करावे याने शुभ अशुभ दोनों ही कर्म कुशील हैं । उसी कुशीलताको बतानेके लिये इस गाथा में बताया है कि शुभ अशुभ दोनों ही कर्म अविशेषतासे बन्धनके ही कारण हैं ।

तथ्यप्रकाश--१- चाहे किसीके पैरमें सोनेकी बेड़ी पड़ी हो, बन्धन दोनोंका एक-समान है । २- चाहे किसीके कृतकर्म शुभ हों, चाहे किसीके कृतकर्म अशुभ हों दोनों ही कर्म जीवके लिये बन्धन ही हैं । ३- जो पुरुष भोगाकांक्षासे रूप सौभाग्य इन्द्रादि पदके लाभको

शुभमशुभं च कर्माविशेषेणैव पुरुषं बध्नाति बंधत्वाविशेषात् कांचनकालायसनिगलवत् ॥ १४६ ॥

जीव प्राणधारणे, शुभ शोभने, डुकृञ् करणे। **पदविवरण**—सौवर्णिकं–प्रथमा एकवचन। अपि–अव्यय। निगलं–प्रथमा एक०। बध्नाति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। कालायसं–प्रथमा एकवचन। यथा–अव्यय। पुरुषं, जीवं–द्वितीया एकवचन। शुभं, अशुभं–प्रथमा एकवचन कर्तृविशेषण। वा–अव्यय। कृतं–प्रथमा एकवचन कृदन्त। कर्म–प्रथमा एकवचन कर्तृकारक ॥१४६॥

इच्छासे व्रत तप आदि करता है वह राख पानेके लिये चंदनवनको जलानेकी तरह व्रतादिक को व्यर्थ नष्ट करता है। ४– जो शुद्धात्मभावनाके साधनके लिये तपश्चरणादिक करता है वह परम्परया मोक्ष प्राप्त कर लेता है। ५– भले ही ज्ञानी जीवको शेषभवपर्यंत पुण्यकर्म तत्काल बन्धनरूप है तो भी पुण्य व पुण्यफलमें राग न होनेसे एवं चित्स्वभाव उपास्य होनेसे वह मोक्षमार्गी है।

सिद्धान्त—१–द्रव्यप्रत्यय नवकर्मास्रवके साक्षात् निमित्तभूत हैं। २–कर्मविपाकोदय याने वही द्रव्यप्रत्यय जीवविकारका साक्षात् निमित्तभूत है।

दृष्टि—१–निमित्तदृष्टि (५३अ)। २–उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (५३)।

प्रयोग—पुण्य पापके बंधनसे हटनेके लिये बन्धनरहित अविकार सहज ज्ञानस्वरूप मात्र अपनेको मनन करना चाहिये ॥१४६॥

अब शुभ अशुभ दोनों ही कर्मोंका निषेध करते हैं—[**तस्मात् तु**] इस कारण [**कुशीलाभ्यां**] उन दोनों कुशीलोंसे [**रागं**] प्रीति [**मा कुरुत**] मत करो [**वा**] अथवा [**संसर्गं च**] संबंध भी [**मा**] मत करो [**हि**] क्योंकि [**कुशीलसंसर्गरागेण**] कुशीलके संसर्ग और रागसे [**विनाशः स्वाधीनः**] विनाश होना स्वाधीन है।

तात्पर्य–कोई कुशीलोंसे राग व संसर्ग करे तो उसका विनाश होना प्राकृतिक ही है।

टीकार्थ—कुशील शुभ-अशुभ कर्मके साथ राग और संसर्ग करना दोनों ही निषिद्ध हैं, क्योंकि ये दोनों ही कर्मबंधके कारण हैं। जैसे कुशील, मनको रमाने वाली अथवा नहीं रमाने वाली कुट्टनी हथिनीके साथ राग और संगति करने वाले हाथीका विनाश अपने आप है सो राग व संसर्ग उस हाथीको नहीं करने चाहिये।

प्रसंगविवरण––अनन्तरपूर्व गाथामें बताया था कि पुण्य-पाप दोनों ही कर्मबन्धहेतु हैं। अब इस गाथामें उन दोनों ही कर्मोंको दूर करनेका उपदेश किया गया है।

तथ्यप्रकाश—१– शुभ (पुण्य), अशुभ (पाप) दोनों ही कर्म कुशील हैं। २– बंधके कारणभूत होनेसे दोनों ही कुशील कर्मोंका राग करना व संसर्ग करना निषिद्ध किया गया है।

अशोभयं कर्म प्रतिषेधयति—

तह्मा दु कुसीलेहिय रायं मा कुणह मा व संसग्गं ।
साधीणो हि विणासो कुसीलसंसग्गरायेण ॥१४७॥

इससे मत राग करो, नहिं संसर्ग दोनों कुशीलोंसे ।
स्वाधीन घात निश्चित, कुशीलसंसर्ग अनुरतिसे ॥१४७॥

तस्मात्तु कुशीलाभ्यां रागं मा कुरुत मा वा संसर्गं । स्वाधीनो हि विनाशः कुशीलसंसर्गरागेण ॥ १४७ ॥

कुशीलशुभाशुभकर्मभ्यां सह रागसंसर्गौ प्रतिषिद्धौ बंधहेतुत्वात् कुशीलमनोरमामनोरमकरेणु कुट्टिनीरागसंसर्गवत् ॥१४७॥

प्राकृतशब्द—त, दु, कुसील, राय, मा, संसग्ग, साधीण, हि, विणास, कुशीलसंसग्गराय । **प्राकृतधातु**—रज्ज रागे, नस्स नाशे । **प्रकृतिशब्द**—तत्, तु, कुशील, राग, मा, संसर्ग, मा, वा, संसर्ग, स्वाधीन, हि, विनाश, कुशीलसंसर्गराग । **मूलधातु**—शील समाधौ, रन्ज रागे भ्वादि दिवादि, सृञ् विसर्गे दिवादि तुदादि । **पदविवरण**—तस्मात्—पंचमी एकवचन । तु—अव्यय । कुशीलाभ्यां, रागं—द्वितीया एकवचन । मा—अव्यय । कुरुत—आज्ञायां लोट् मध्यम पुरुष बहुवचन । वा—अव्यय । संसर्ग—द्वि० ए० । स्वाधीनः—प्रथमा एक० । विनाशः—प्र० ए० । कुशीलसंसर्गरागेण—तृतीया एकवचन ॥ १४७ ॥

सिद्धान्त—(१) भावकर्ममें राग करनेसे याने दर्शनमोहसे जीव बेसुध होता है । (२) भावकर्ममें संसर्ग करना चारित्रमोह है, इससे आत्मा क्षुब्ध होता है ।

दृष्टि— १— कारककारकि अशुद्ध सद्भूतव्यवहार (७३अ) । २— कारककारकि अशुद्ध सद्भूतव्यवहार (७३अ) ।

प्रयोग—पुण्य-पाप दोनोंको विकार जानकर इनमें न तो हितबुद्धि रखना और न इनमें लगाव बनाना, इनसे उपेक्षा ही करना ॥१४७॥

अब दोनों कर्मोंके निषेधको दृष्टान्तसे दृढ़ करते हैं—[**यथा नाम**] जैसे [**कोपि**] कोई [**पुरुषः**] पुरुष [**कुत्सितशीलं**] खोटे स्वभाव वाले [**जनं**] किसी पुरुषको [**विज्ञाय**] जानकर [**तेन समकं**] उसके साथ [**संसर्गं**] संगति [**च रागकरणं**] और राग करना [**वर्जयति**] छोड़ देता है [**एवं एव च**] इसी तरह [**स्वभावरताः**] स्वभावमें प्रीति रखने वाले ज्ञानी जीव [**कर्मप्रकृतिशीलस्वभावं**] कर्मप्रकृतियोंके शील स्वभावको [**कुत्सितं ज्ञात्वा**] निन्दनीय जानकर [**वर्जयंति**] उससे राग छोड़ देते हैं [**च**] और [**तत्संसर्गं**] उसकी संगति भी [**परिहरंति**] छोड़ देते हैं ।

तात्पर्य—बुद्धिमान पुरुष विनाशकारी पदार्थसे प्रीति और सम्बन्ध छोड देते हैं ।

टीकार्थ—जैसे कोई चतुर वनका हाथी अपने बन्धनके लिये समीप आने वाली, चंचल

अथोभयं कर्म प्रतिषेध्यं स्वयं दृष्टांतेन समर्थयते—

जह णाम कोवि पुरिसो कुच्छियसीलं जणं वियाणित्ता ।
वज्जेदि तेण समयं संसग्गं रायकरणं च ॥१४८॥
एमेव कम्मपयडी सीलसहावं च कुच्छिदं णाउं ।
वज्जंति परिहरंति य तस्संसग्गं सहावरया ॥१४९॥ (युग्मम्)

जैसे कोई मानव, कुशीलमय जानकर किसी जनको ।
तज देता उसके प्रति, संसर्ग व रागका करना ॥१४८॥
वैसे ही कर्म-प्रकृति-को कुत्सितशील जानकर ज्ञानी ।
तज देते हैं उसका, संसर्ग व रागका करना ॥१४९॥

यथा नाम कोऽपि पुरुषः कुत्सितशीलं जनं विज्ञाय । वर्जयति तेन समकं संसर्गं रागकरणं च ॥ १४८ ॥
एवमेव कर्मप्रकृतिशीलस्वभावं च कुत्सितं ज्ञात्वा । वर्जयंति परिहरंति च तत्संसर्गं स्वभावरताः ॥ १४९ ॥

यथा खलु कुशलः कश्चिद्वनहस्ती स्वस्य बंधाय उपसर्पन्तीं चटुलमुखीं मनोरमाममनोरमां वा करेणुकुट्टिनीं तत्त्वतः कुत्सितशीलां विज्ञाय तया सह रागसंसर्गौ प्रतिषेधयति । तथा

प्राकृतशब्द—जह, णाम, क, वि, पुरिस, कुच्छियसील, जण, त, समय, संसग्ग, रायकरण, एमेव, कम्मपयडि, सीलसहाव, कुच्छिद, य, तस्संसग्ग, सहावरय । **प्राकृतधातु**—कुच्छ निन्दायां, वज्ज वर्जने, परि-हर हरणे । **प्रकृतिशब्द**—यथा, नाम, किं, अपि, पुरुष, कुत्सितशील, जन, तत्, समय, संसर्ग, समकं, रागकरण, च, एवं, एव, कर्मप्रकृतिशीलस्वभाव, च, कुत्सित, च, तत्संसर्ग, स्वभावरत । **मूलधातु**- पुर-अग्रगमने, कुत्स अवक्षेपणे चुरादि, शील समाधौ, ज्ञा अवबोधने, वृजी वर्जने अदादि रुधादि चुरादि, परि-हृञ हरणे भ्वादि । **पदविवरण**—यथा—अव्यय । नाम—अव्ययार्थे । कः—प्र० ए० । अपि—अव्यय । पुरुषः—

मुखको लीलारूप करती मनको रमाने वाली, सुन्दर अथवा असुन्दर कुट्टिनी हथिनीको बुरी समझकर उसके साथ राग तथा संसर्गके नहीं करता, उसी प्रकार रागरहित ज्ञानी आत्मा अपने बन्धके लिये समीप उदय आती शुभरूप अथवा अशुभरूप सभी कर्मप्रकृतियोंको परमार्थसे बुरी जानकर उनके साथ राग और संसर्गको नहीं करता । **भावार्थ**—जैसे हाथीके पकड़नेको कोई जंगलमें बड़ा गड्ढा खोदकर उसपर बाँसपंच बिछाकर बांसपंचसे ऊपर बांस व कागजसे झूठी हथिनी बनाकर हथिनी दिखलावे, तब हाथी कामांध हुआ उससे राग तथा संसर्ग कर गड्ढेमें पड़ पराधीन होकर दुःख भोगता है, किन्तु (चतुर) हाथी उससे राग, संसर्ग नहीं करता, उसी प्रकार कर्मप्रकृतियोंको अच्छी समझ अज्ञानी जन उनसे राग तथा संसर्ग करता है, तब बन्धमें पड़ संसारके दुःख भोगता है, परन्तु ज्ञानी उनसे संसर्ग तथा राग कभी नहीं करता ।

किलात्माऽरागो ज्ञानी स्वस्य बंधाय उपसर्पंतीं मनोरममनोरमां वा सर्वामपि कर्मप्रकृतिं तत्त्वतः कुत्सितशीलां विज्ञाय तया सह रागसंसर्गौ प्रतिषेधयति ॥१४८-१४९॥

प्र० ए०। कुत्सितशीलं, जनं–द्वि० ए०। विज्ञाय–असमाप्तिकी क्रिया। वर्जयति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। तेन–तृतीया एक०। समकं–अव्यय। संसर्गं, रागकरणं, कर्मप्रकृतिशीलस्वभावं, कुत्सितं–द्वितीया एकवचन। ज्ञात्वा–असमाप्तिकी क्रिया। वर्जयंति, परिहरंति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन क्रिया। तत्संसर्ग–द्वि० ए०। स्वभावरतः–प्रथमा बहुवचन ॥ १४८-१४९ ॥

प्रसंगविवरण—अनंतरपूर्व गाथामें बताया था कि पुण्य-पाप दोनोंका राग संसर्ग निषिद्ध है। अब इसी तथ्यका दृष्टान्तपूर्वक समर्थन इस गाथायुगलमें किया गया है।

तथ्यप्रकाश—१–सुशील पुरुष विज्ञात कुशीलके साथ राग व संसर्ग नहीं करता चाहे वह कितना ही मनोरम हो। २– आत्मस्वभावरुचिक पुरुष कुशील शुभ अशुभ कर्मके साथ राग व संसर्ग नहीं करता, चाहे वह कर्म कितना ही सुहावना हो। ३– शुभ अशुभ सभी कर्मों का सान्निध्य बन्धके लिये ही होता है।

सिद्धान्त— १– राग व संसर्गका निमित्त पाकर पर वस्तु बन्धनरूप हो जाती है। २–शुभ अशुभ सभी कर्म कर्मत्व परिणामसे कलंकित हैं।

दृष्टि—१–उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (५३)। २– अशुद्धनिश्चयनय (४७)।

प्रयोग—सभी कर्म व कर्मफलोंको स्वभावविरुद्ध जानकर उनसे उपेक्षा करके निष्कर्म सहज ज्ञायकभावमय अन्तस्तत्त्वकी दृष्टि बनाये रहनेका पौरुष करना ॥१४८–१४९॥

अब कहते हैं कि सभी कर्मोंका निषेध किया है तो मुनि किसके आश्रय मुनिपद पाल सकेंगे ? उसके निर्वाहका काव्य कहते हैं—**निषिद्धे** इत्यादि। अर्थ—शुभ तथा अशुभ आचरणरूप सभी कर्म निषिद्ध होनेपर क्रियाकर्मरहित निवृत्ति अवस्थामें प्रवृत्ति करते हुए मुनि अशरण नहीं है। निवृत्ति अवस्था होनेपर इन मुनियोंके ज्ञानमें ज्ञानका ही आचरण करना जो हो रहा है वह शरण है। वे मुनि उस ज्ञानमें लीन हुए परम अमृतको भोगते हैं।

भावार्थ—सब कर्मका त्याग होनेसे ज्ञानका ज्ञानमें रम जाना यह बहुत बड़ा शरण है, उस ज्ञानमें लीन होनेसे सब आकुलताओंसे रहित परमानन्दका अनुभव होता है। इसका स्वाद ज्ञानी ही जानता है। अज्ञानी जीव कर्मको ही सर्वस्व जानकर उसमें लीन हो जाता है, वह ज्ञानानन्दका स्वाद नहीं जानता।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें दृष्टान्तपूर्वक शुभ अशुभ दोनों कर्मोंको प्रतिषेध्य बताया गया था। अब इस गाथामें सिद्धान्त द्वारा कर्मबन्धहेतुभूत दोनों कर्मोंकी प्रतिषेध्यता सिद्ध की है।

अथोभयं कर्मबंधहेतुं प्रतिषेध्यं चागमेन साधयति—

रत्तो बंधदि कम्मं मुंचदि जीवो विरागसंपत्तो।
एसो जिणोवदेसो तह्मा कम्मेसु मा रज्ज ॥१५०॥

रागी विधिको बांधे, छोड़े विधिको विराग विज्ञानी।
यह भागवत वचन है, इससे विधिमें न राग करो ॥१५०॥

रक्तो बध्नाति कर्म मुच्यते जीवो विरागसम्प्राप्तः। एष जिनोपदेशः तस्मात् कर्मसु मा रज्यस्व ॥१५०॥

यः खलु रक्तोऽवश्यमेव कर्म बध्नीयात् विरक्त एव मुच्येतेत्ययमागमः स सामान्येन रक्तत्वनिमित्तत्वाच्छुभमशुभमुभयं कर्माविशेषेण बंधहेतुं साधयति तदुभयमपि कर्म प्रतिषेधयति च। कर्म सर्वमपि सर्वविदो यद्बंधसाधनमुशन्त्यविशेषात्। तेन सर्वमपि तत्प्रतिषिद्धं ज्ञानमेव विहितं शिवहेतुः ॥१०३॥ निषिद्धे सर्वस्मिन् सुकृतदुरिते कर्मणि किल, प्रवृत्ते नैष्कर्म्ये न खलु मुनयः संत्यशरणाः। तदा ज्ञाने ज्ञानं प्रतिचरितमेषां हि शरणं, स्वयं विन्दन्त्येते परममृतं तत्र निरताः ॥१०४॥ ॥१५०॥

प्राकृतशब्द—रत्त, कम्म, जीव, विरागसंपत्त, एत, जिणोवदेस, त, कम्म, मा। **प्राकृतधातु**—रज्ज रागे, बंध बंधने, मुंच त्यागे। **प्रकृतिशब्द**—रक्त, कर्मन्, जीव, विरागसंप्राप्त, एतत्, जिनोपदेश, तत्, कर्मन्, मा। **मूलधातु**—रन्ज रागे, बन्ध बन्धने, डुकृञ् करणे, मुच्लृ मोक्षणे तुदादि, सम्-प्र-आप्लृ प्रापणे, जि जये अभिभवे च भ्वादि। **पदविवरण**—रक्तः—प्रथमा एकवचन। बध्नाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। कर्म—द्वितीया एक०। मुच्यते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन भावकर्मप्रक्रिया क्रिया। विरागसंप्राप्तः, एषः, जिनोपदेशः—प्रथमा एक०। तस्मात्—पंचमी एकवचन हेत्वर्थे। कर्मसु—सप्तमी बहु०। मा—अव्यय। रज्यस्व—आज्ञार्थे लोट् मध्यम पुरुष एकवचन क्रिया ॥ १५० ॥

तथ्यप्रकाश—(१) जो रागादिमें रक्त है उसके संसारविषयक कर्मबन्धन होता है। (२) जो रागादिसे विरक्त होकर भी कर्मविपाकवश रागी बनता है उसके शरीरविषयक कुछ काल तक कर्मबन्धन होता। (३) जो पूर्णतया विकारसे विरक्त है वह कर्मसे छूट जाता है। (४) शुभ अशुभ दोनों ही कर्म राग उपरागके निमित्तभूत होनेसे बन्धहेतु हैं, अतः दोनों ही कर्म प्रतिषेध्य हैं। (५) नैष्कर्म्य अवस्था होनेपर ज्ञानी अशरण नहीं होता, किन्तु ज्ञानमें ज्ञान समाया होनेसे वह वास्तविक सशरण है और परम अमृत तत्त्वका अनुभव करता है।

सिद्धान्त—(१) रागी जीव कर्म बांधता है यह उपचार कथन है। (२) रागका निमित्त पाकर कार्माणवर्गणायें कर्मरूप परिणत होती हैं यह अशुद्ध द्रव्यार्थिकनयका सिद्धान्त है। (३) अशुद्धद्रव्यार्थिकका प्रतिपादन व्यवहार है, उपचार नहीं। (४) रागरहित जीव कर्मसे शून्य हो जाता है।

अथ ज्ञानं मोक्षहेतुं साधयति—

परमट्ठो खलु समओ सुद्धो जो केवली मुणी णाणी ।
तह्मि ट्ठिदा सहावे मुणिणो पावंति णिव्वाणं ॥१५१॥

परमार्थ समय जो यह, शुद्ध तथा केवली मुनी ज्ञानी ।
इस ही स्वभावमें रत, मुनिजन निर्वाणको पाते ॥१५१॥

परमार्थः खलु समयः शुद्धो यः केवली मुनिर्ज्ञानी । तस्मिन् स्थिताः स्वभावे मुनयः प्राप्नुवंति निर्वाणं ।

ज्ञानं हि मोक्षहेतुः, ज्ञानस्य शुभाशुभकर्मणोरबंधहेतुत्वे सति मोक्षहेतुत्वस्य तथोपपत्तेः । तत्तु सकलकर्मादिजात्यंतरविविक्तचिज्जातिमात्रः परमार्थ आत्मेति यावत्, स तु युगपदेकीभाव-

---

प्राकृतशब्द— परमट्ठ, खलु, समय, सुद्ध, केवलि, मुणि, णाणि, त, ट्ठिद, सहाव, मुणि, णिव्वाण । **प्राकृतधातु**—आव प्राप्तौ, गुण ज्ञाने । **प्रकृतिशब्द**—परमार्थ, खलु, समय, शुद्ध, यत्, केवलिन्, मुनि, ज्ञानिन्, तत्, स्थित, स्वभाव, मुनि, निर्वाण । **मूलधातु**—ऋ गतिप्रापणयोः भ्वादि जुहोत्यादि, सम्-अय

दृष्टि—१— परकर्तृत्व अनुपचरित असद्भूतव्यवहार (१२६) । २— उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (५३) । ३— उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिक प्रतिपादक व्यवहार (७६) । ४— शुद्ध भावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४ब) ।

प्रयोग—परभावसे राग होनेको बन्धनका मूल जानकर समग्र रागादि परभावोंसे उपेक्षा करके रागरहित ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वमें रति, संतुष्टि व तृप्ति करना चाहिये ॥१५०॥

अब ज्ञानको मोक्षका कारण सिद्ध करते हैं—[**खलु**] निश्चयसे [**यः**] जो [**शुद्धः**] शुद्ध है [**केवली**] केवली है [**मुनिः**] मुनि है [**ज्ञानी**] ज्ञानी है [**परमार्थः समयः**] वह परमार्थ समय है [**तस्मिन् स्वभावे**] उस स्वभावमें [**स्थिताः**] स्थित [**मुनयः**] मुनि [**निर्वाणं**] मोक्षको [**प्राप्नुवंति**] प्राप्त होते हैं ।

तात्पर्य—वास्तवमें सहजशुद्ध आत्मा ही परमार्थ है उसमें जो उपयुक्त होते हैं वे मोक्ष पाते हैं ।

टीकार्थ—ज्ञान ही मोक्षका कारण है, क्योंकि ज्ञानके ही शुभ अशुभ कर्मबंधको हेतुता न होनेपर मोक्षकी हेतुता ज्ञानके ही बनती है । यह ज्ञान ही समस्त कर्मोंको आदि लेकर अन्य पदार्थोंसे भिन्न जात्यंतर चिज्जाति मात्र परमार्थस्वरूप आत्मा है, और वह एक ही काल में एकरूप प्रवृत्त ज्ञान और परिणमनमय होनेसे समय है । यही समस्त धर्म तथा धर्मीके ग्रहण करने वाले नयोंके पक्षोंसे न मिलने वाला पृथक् ही ज्ञानत्व रूप असाधारण धर्मरूप होनेसे शुद्ध है । वही एक चैतन्यमात्र वस्तुत्व होनेसे केवली है । वही मननमात्र अर्थात् ज्ञानमात्र भावरूप होनेसे मुनि है और वही स्वयमेव ज्ञानरूप होनेसे ज्ञानी वही अपने ज्ञानस्वरूपके

प्रवृत्तज्ञानगमनमयतया समयः । सकलनयपक्षासंकीर्णैकज्ञानतया शुद्धः । केवलचिन्मात्रवस्तुतया केवली । मननमात्रभावमात्रतया मुनिः । स्वयमेव ज्ञानतया ज्ञानी । स्वस्य ज्ञानस्य भावमात्रतया स्वभावः स्वतश्चितो भवनमात्रतया सद्भावो वेति शब्दभेदेऽपि न च वस्तुभेदः ॥१५१॥

गतौ, शुध शौचे, मनु अवबोधने तनादि, ज्ञा अवबोधने, ष्ठा गतिनिवृत्तौ, प्र-आप्लृ प्रापणे, निर् वन संभक्तौ । **पदविवरण**—परमार्थः—प्रथमा एक० । खलु—अव्यय । समयः, शुद्धः, यः, केवली, मुनिः, ज्ञानी—प्रथमा एकवचन । तस्मिन्—सप्तमी एक० । स्थिताः—प्रथमा बहुवचन । स्वभावे—प्र० एक० । मुनयः—प्रथमा बहु० । प्राप्नुवन्ति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन । निर्वाणं—द्वितीया एकवचन ॥ १५१ ॥

सत्तारूप प्रवर्तनके कारण स्वभाव है तथा अपनी चेतनाका सत्तारूप होनेसे सद्भाव है । ऐसे शब्दोंके भेद होनेपर भी वस्तुभेद नहीं है । **भावार्थ**—मोक्षका उपादान कारण आत्मा ही है और आत्माका परमार्थसे ज्ञानस्वभाव है, अतः जो ज्ञान है वह आत्मा ही है, आत्मा है वह ज्ञान ही है, इसलिये ज्ञानको ही मोक्षका कारण कहना युक्त है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें सिद्धान्त द्वारा शुभ अशुभ कर्मको प्रतिषेध्य बताकर सिद्ध किया था कि शुभ अशुभकर्म दोनों बंधहेतु है । इस विवरणपर यह जिज्ञासा होती है कि तब फिर मोक्षहेतु क्या है ? इसी जिज्ञासाका समाधान इस गाथामें किया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) ज्ञान ही मोक्षहेतु है, क्योंकि मात्र ज्ञान ही रहना, पूर्णतया परसे पृथक् हो जाना मोक्ष है सो वह मोक्ष परविविक्त सहजज्ञानस्वरूपकी आराधनासे ही हो सकता है । (२) ज्ञान शुभाशुभकर्मके बन्धका हेतु नहीं हो सकता, क्योंकि स्वरूप व स्वभाव बन्धके लिये नहीं होता । (३) ज्ञान (ज्ञानमय आत्मा) ही परमार्थ है, क्योंकि ज्ञानभाव समस्त कर्मादिसे न्यारा चिज्ज्योतिमात्र वस्तु है । (४) ज्ञान (ज्ञानमय आत्मा) ही समय है, क्योंकि यह चेतन पदार्थ ही एक साथ स्वयं जानता व परिणमता है अथवा सम्यक् अय (ज्ञान) वाला है अथवा समरसीभावसे शुद्धस्वरूपमें इसका गमन है । (५) यह ज्ञान शुद्ध है, क्योंकि यह केवल चिन्मात्र वस्तु है । (७) यह ज्ञान मुनि है, क्योंकि यह ज्ञानभाव मननमात्र भाव है । (८) यह ज्ञान ज्ञानी है, क्योंकि यह स्वयं ज्ञानस्वरूप है । (९) विशुद्ध यह ज्ञान (ज्ञानमय आत्मा) अपने भवनमें जाननस्वरूपमें निर्विकल्प स्थित होकर निर्वाणको प्राप्त करता है ।

सिद्धान्त—(१) शुद्ध चित्स्वभावकी आराधनासे कर्ममोक्ष होता है । (२) यह ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्व अभेद शुद्ध चिज्ज्योतिमात्र है ।

दृष्टि—१– शुद्ध भावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४ब) । २– शुद्धनय (४९) ।

प्रयोग—केवल चित्प्रकाशमात्र अन्तस्तत्त्वमें स्थित होनेका पौरुष करना, क्योंकि इस विधिसे ही निर्वाण प्राप्त होता है ॥ १५१ ॥

अथ ज्ञानं विधापयति—

परमट्ठम्हि दु अठिदो जो कुणदि तवं वदं च धारेई ।
तं सव्वं बालतवं बालवदं बिंति सव्वण्हू ॥ १५२ ॥

परमार्थमें न ठहरा, जो कोई तप करे व व्रत धारे ।
सर्वज्ञ देव कहते, बालतपहि बालव्रत उसको ॥ १५२ ॥

परमार्थे स्वस्थितः यः करोति तपो व्रतं च धारयति । तत्सर्वं बालतपो बालव्रतं वदन्ति सर्वज्ञाः ॥ १५२ ॥

ज्ञानमेव मोक्षस्य कारणं विहितं परमार्थभूतज्ञानशून्यस्याज्ञानकृतयोर्व्रततपःकर्मणोः

प्राकृतशब्द—परमट्ठ, दु, अठिद, जे, तव, वद, त, सव्व, बालतव, बालवद, बिंति, सव्वण्हु । **प्राकृतधातु**—ट्ठा गतिनिवृत्तौ, कुण करणे । **प्रकृतिशब्द**—परमार्थ, तु, अस्थित, यत्, तपस्, व्रत, च, तत्, सर्व, बालतपस्, बालव्रत, सर्वज्ञ । **मूलधातु**—ॠ गतिप्रापणयोः, ष्ठा गतिनिवृत्तौ, डुकृञ् करणे, तप संतापे ऐश्वर्ये भ्वादि दिवादि, वद व्यक्तायां वाचि भ्वादि, ज्ञा अवबोधने क्र्यादि । **पदविवरण**—परमार्थे—सप्तमी एक० । तु—

अब उस ज्ञानकी विधि बतलाते हैं—[परमार्थे तु] ज्ञानस्वरूप आत्मामें [अस्थितः] अस्थित [यः] जो [तपः करोति] तप करता है [च] और [व्रतं धारयति] व्रतको धारण करता है [तत्सर्वं] उस सब तप व्रतको [सर्वज्ञाः] सर्वज्ञदेव [बालतपः] अज्ञान तप [बालव्रतं] और अज्ञान व्रत [विदंति] कहते हैं ।

टीकार्थ—ज्ञान ही मोक्षका कारण कहा गया है, क्योंकि परमार्थभूत ज्ञानसे शून्य अज्ञानसे किये तप और व्रतरूप कर्म ये दोनों बंधके कारण हैं, इसलिये बालतप व बालव्रत उन दोनोंका बाल ऐसा नाम कहकर प्रतिषेध किये जानेपर पूर्वकथित ज्ञानके ही मोक्षका कारणपना बनता है ।

भावार्थ—अज्ञानमें किये तप व्रत बंधके ही कारण हैं अतः ज्ञानको ही मोक्ष कारणपना बनता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि ज्ञान ही मोक्षहेतु है । अब इसी ज्ञानकी महिमाको अज्ञानदौर्गत्य बताकर इस गाथामें वर्णित किया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) ज्ञान ही मोक्षका कारण है, क्योंकि वह स्वभावतः परविविक्त है । (२) ज्ञानशून्य पुरुषके अज्ञानकृत व्रत तप आदि कर्मबन्धके ही कारणभूत हैं । (३) अज्ञानकृत तप व्रत बालतप व बालव्रत कहलाते हैं । (४) अज्ञानकृत व्रत तप कर्म मोक्षमार्गमें प्रतिषिद्ध हैं ।

सिद्धान्त—(१) अज्ञानभावसे किये हुए व्रत तप आदि कर्म कर्मबंधके निमित्तभूत हैं । (२) ज्ञानभावमें अज्ञान न होनेसे ज्ञान ही मोक्षहेतु है ।

बंधहेतुत्वाद्बालव्यपदेशेन प्रतिषिद्धत्वे सति तस्यैव मोक्षहेतुत्वात् ॥ १५२ ॥

। अव्ययस्थितः, यः–प्र० ए०। करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया। तपः–द्वितीया एक०। व्रतं–द्वि० ए०। धारयति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। तत् सर्वं, बालतपः, बालव्रतं–द्वि० ए०। वदंति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु०। सर्वज्ञाः–प्रथमा बहुवचन ॥ १५२ ॥

दृष्टि—१– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (५३)। २– शुद्धनिश्चयनय (४६)।

प्रयोग—परमार्थमें न ठहर सकने वाले जीवकी क्रियायें सब दुर्गतिके हेतुभूत जानकर परमार्थ सहज ज्ञानस्वरूपमें उपयुक्त होनेका पौरुष करना ॥ १५२ ॥

अब ज्ञान और अज्ञान दोनोंको क्रमशः मोक्ष और बंधका हेतु निश्चित करते हैं— [**व्रतनियमान्**] व्रत और नियमोंको [**धारयंतः**] धारण करते हुए [**तथा**] तथा [**शीलानि च तपः कुर्वंतः**] शील और तपको करते हुए भी [**ये**] जो [**परमार्थबाह्याः**] परमार्थभूत ज्ञान-स्वरूप आत्मासे बाह्य हैं [**ते**] वे [**निर्वाणं**] मोक्षको [**न**] नहीं [**विंदंति**] पाते।

तात्पर्य—सहज ज्ञानस्वभावमय अन्तस्तत्त्वसे अपरिचित जन कैसा भी व्रत नियम तप धारण करें तो भी वे मोक्षको नहीं पाते हैं।

टीकार्थ—ज्ञान ही मोक्षका हेतु है, क्योंकि ज्ञानका अभाव होनेपर स्वयं अज्ञानरूप हुए अज्ञानियोंके अन्तरङ्गमें व्रत, नियम, शील, तप आदि शुभकर्मका सद्भाव होनेपर भी मोक्ष का अभाव है। अज्ञान ही बंधका हेतु है, क्योंकि अज्ञानका अभाव होनेपर स्वयं ज्ञानरूप हुए ज्ञानियोंके बाह्य व्रत, नियम, शील, तप आदि शुभकर्मका असद्भाव होनेपर भी मोक्षका सद्भाव है। **भावार्थ**—ज्ञान होनेपर ज्ञानीके व्रत नियम शील तपोरूप शुभकर्म बाह्यमें विशेष न होने पर भी मोक्ष होता है। और अज्ञानीके बहुत अधिक बाह्य तप व्रत नियमकी प्रवृत्ति हो तो भी उनको मोक्ष नहीं है।

इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**यावेत** इत्यादि। **अर्थ**—जो यह ज्ञानस्वरूप आत्मा ध्रुव और निश्चल ज्ञानस्वरूप हुआ शोभायमान होता है, तब ही यह मोक्षका कारण है, क्योंकि आप स्वयमेव मोक्षस्वरूप है और इसके सिवाय जो अन्य है वह बन्धका कारण है, क्योंकि वह स्वयमेव बन्धस्वरूप है। इस कारण ज्ञानस्वरूप अपना होना ही अनुभूति है, इस प्रकार निश्चयसे बन्धमोक्षके हेतुका विधान किया है। **भावार्थ**—ज्ञानात्मक आत्मपदार्थका ज्ञानात्मकपनेसे प्रवर्तना ही मोक्षका हेतु है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाद्वयमें ज्ञानकी मोक्षहेतुता व अज्ञानकी बंधहेतुताका संकेत दिया गया था। अब उसी तथ्यका एक ही इस गाथामें नियमरूप वर्णन किया गया है।

तथ्यप्रकाश–(१) ज्ञानशून्य अज्ञानीजन लगनसे व्रतादि कर शुभभाव करें तो भी ज्ञान

अथ ज्ञानाज्ञाने मोक्षबंधहेतू नियमयति—

वदणियमाणि धरंता सीलाणि तहा तवं च कुव्वंता ।
परमट्ठबाहिरा जे णिव्वाणं ते ण विंदंति ॥१५३॥

व्रत नियमोंको धरते, शील तथा तप अनेक करते भो ।
परमार्थ बाह्य जो हैं, वे नहिं निर्वाणको पाते ॥१५३॥

व्रतनियमान् धारयंतः शीलानि तथा तपश्च कुर्वन्तः । परमार्थबाह्या ये निर्वाणं ते न विंदंति ॥ १५३ ॥

ज्ञानमेव मोक्षहेतुस्तदभावे स्वयमज्ञानभूतानामज्ञानिनामन्तर्व्रततनियमशीलतपःप्रभृतिशुभकर्मसद्भावेऽपि मोक्षाभावात् । अज्ञानमेव बंधहेतुः, तदभावे स्वयं ज्ञानभूतानां ज्ञानिनां बहिर्व्रततनियमशीलतपःप्रभृतिशुभकर्मासद्भावेऽपि मोक्षसद्भावात् । यदेतद् ज्ञानात्मा ध्रुवमचलमाभाति भवनं, शिवस्यायं हेतुः स्वयमपि यतस्तच्छिव इति । अतोऽन्यद्बंधस्य स्वयमपि यतो बंध इति तत्, ततो ज्ञानात्मत्वं भवनमनुभूतिर्हि विहितं ॥१०५॥८॥ १५३ ॥

प्राकृतशब्द—वदणियम, सील तहा, तव, च, परमट्ठबाहिर, ज, णिव्वाण, त, ण । **प्राकृतधातु**—धर धारणे, कुव्व करणे, विद ज्ञाने । **प्रकृतिशब्द**—व्रतनियम, धारयत्, शील, तथा, तापस्, च, परमार्थबाह्य, यत्, निर्वाण, तत्, न । **मूलधातु**—नि यम परिवेषणे चुरादि भ्वादि, शील समाधौ, तप संतापे ऐश्वर्ये च, डुकृञ् करणे, विद्ल् लाभे तुदादि । **पदविवरण**—व्रतनियमान्–द्वितीया बहु० । धारयंतः–प्रथमा बहु० कृदन्त । शीलानि–द्वि० बहु० । तथा–अव्यय । तपः–द्वितीया एक० । च–अव्यय । कुर्वन्तः–प्रथमा बहु० । परमार्थबाह्याः, ये–प्रथमा बहु० । निर्वाणं–द्वि० एक० । ते–प्रथमा बहु० । न–अव्यय । विन्दन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन ॥ १५३ ॥

का अभाव होनेके कारण उनको मोक्ष नहीं होता । (२) अज्ञानरहित ज्ञानी जीवके बाह्य सुविदित हों, ऐसे व्रतादि शुभ क्रियाकांड नहीं तो भी ज्ञानभावके कारण उनको मोक्ष हो जाता है ।

सिद्धान्त—(१) क्रियाकाण्डमें ज्ञान नहीं । (२) ज्ञानमें क्रियाकाण्ड नहीं । (३) अज्ञानमय दुर्भावोंको तत्काल रोकनेका बाह्य साधन शुभ क्रियाकाण्ड है ।

दृष्टि—१– प्रतिषेधक शुद्धनय (४६अ) । २– प्रतिषेधक शुद्धनय (४६अ) । ३– निमित्तदृष्टि (५३अ) ।

प्रयोग—जिस ज्ञानभावके अभावमें अनेक शुभ क्रियाकाण्ड भी मोक्षसाधन नहीं बनते उस ज्ञानभावमें अपने ज्ञानको उपयुक्त करनेका पौरुष करना ॥ १५३ ॥

अब फिर भी पुण्यकर्मके पक्षपातीके प्रतिबोधनके लिये कहते हैं—[ये] जो [परमार्थबाह्याः] परमार्थसे बाह्य हैं [ते] वे जीव [मोक्षहेतुं] मोक्षका कारण ज्ञानस्वरूप आत्माको [अजानंतः] नहीं जानते हुए [संसारगमनहेतुं अपि] संसारमें गमनका हेतुभूत होनेपर भी [पुण्यं] पुण्यको [अज्ञानेन] अज्ञानसे [इच्छंति] चाहते हैं ।

अथ पुनरपि पुण्यकर्मपक्षपातिनः प्रतिबोधनायोपक्षिपति—

परमट्ठबाहिरा जे ते अण्णाणेण पुण्णमिच्छंति ।
संसारगमणहेदुं वि मोक्खहेउं अजाणंता ॥१५४॥

परमार्थबाह्य जो हैं, वे नहिं मोक्षके हेतुको जानें ।
संसारभ्रमण कारण, पुण्यहि अज्ञानसे चाहें ॥१५४॥

परमार्थबाह्या ये ते अज्ञानेन पुण्यमिच्छंति । संसारगमनहेतुं अपि मोक्षहेतुमजानंतः ॥ १५४ ॥

इह खलु केचिन्निखिलकर्मपक्षक्षयसंभावितात्मलाभं मोक्षमभिलषंतोऽपि तद्धेतुभूतं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रस्वभावपरमार्थभूतज्ञानभवनमात्रमैकाग्र्यलक्षणं समयसारभूतं सामायिकं प्रतिज्ञायमानाः प्रतिनिवृत्तस्थूलतमसंक्लेशपरिणामकर्मतया प्रवर्त्तमानस्थूलतमविशुद्धपरिणामकर्मणः

प्राकृतशब्द—परमट्ठबाहिर, ज, त, अण्णाण, पुण्ण, संसारगमणहेदु, वि, मोक्खहेतु । **प्राकृतधातु**—जाण अवबोधने, मुंच त्यागे, इच्छ इच्छायां । **प्रकृतिशब्द**—परमार्थबाह्य, यत्, तत्, अज्ञान, पुण्य, संसारगमनहेतु, अपि, मोक्षहेतु, अपि, मोक्षहेतु, अजानत् । **मूलधातु**—ऋ गतौ जुहोत्यादि (अर्यते इति अर्थः) ज्ञा अवबोधने, पूञ् पवने क्र्यादि, इषु इच्छायां तुदादि । **पदविवरण**—परमट्ठबाहिरा परमार्थबाह्याः—

तात्पर्य—अज्ञानियोंको मोक्षहेतुभूत अन्तस्तत्त्वदृष्टि नहीं मिली, अतः पुण्यको ही मोक्षका कारण समझकर सेवते हैं ।

टीकार्थ—इस लोकमें कई एक जीव समस्त कर्मके पक्षका क्षय होनेसे सम्भावित निजस्वरूपके लाभरूप मोक्षको चाहते हुए भी और उस मोक्षके कारणभूत सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्रस्वभाव परमार्थभूत ज्ञानके होनेमात्र एकाग्रतालक्षण समयसारभूत सामायिक चारित्रकी प्रतिज्ञा लेकर भी दुरंत कर्मके समूहके पार होनेकी असामर्थ्यसे परमार्थभूत ज्ञानके होनेमात्र जो सामायिक चारित्रस्वरूप आत्माका स्वभाव उसको न पाते हुए अत्यन्त स्थूल संक्लेश परिणामस्वरूप कर्मसे तो निवृत्त हुए हैं और अत्यन्त स्थूल विशुद्ध परिणामस्वरूप कर्म के द्वारा प्रवृत्ति करते हैं, वे कर्मके अनुभवकी गुरुता और लघुताकी प्राप्तिमात्रसे ही संतुष्ट चित्त वाले हुए स्थूल लक्ष्यतारूप स्थूल अनुभवगोचर संक्लेशरूप कर्मकांडको तो छोड़ते हैं, परन्तु समस्त कर्मकांडको मूलसे नहीं उखाड़ते । सो वे स्वयं अपने अज्ञानसे केवल अशुभकर्म को बंधका कारण मान व्रत, नियम, शील, तप आदिक शुभकर्म बंधके कारणको बंधका कारण नहीं जानते हुए उसको मोक्षका कारण अङ्गीकार करते हैं ।

भावार्थ—कितने ही जीव अधिक संक्लेशपरिणामरूप कर्मको तो बंधका कारण जानकर छोड़ देते हैं और मोटी विशुद्धता परिणाम रूप कर्मसहित वर्तते हैं । वे बाहरी प्रवृत्तिको ही बंध-मोक्षका कारण जानते हैं तथा सकल कर्मोंसे रहित अपने स्वरूपको मोक्षका कारण

कर्मानुभवगुरुलाघवप्रतिपत्तिमात्रसंतुष्टचेतसः स्थूललक्ष्यतया सकलं कर्मकांडमनुन्मूलयंतः स्वयमज्ञानादशुभकर्म केवलं बंधहेतुमध्यास्य च व्रतनियमशीलतपःप्रभृतिशुभकर्मबंधहेतुमप्यजानंतो मोक्षहेतुमभ्युपगच्छंति ॥ १५४ ॥

प्रथमा बहु० । जे ये–प्रथमा बहु० । ते ते–प्र० बहु० । अण्णाणेण अज्ञानेन–तृतीया एक० । पुण्णं पुण्यं–द्वि० एक० । इच्छंति इच्छन्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० क्रिया । संसारगमणहेदुं संसारगमनहेतुं–द्वितीया एक० । वि अपि–अव्यय । मोक्खहेउं मोक्षहेतुं–द्वितीया एकवचन । अजाणंता [अजानन्तः–प्रथमा बहुवचन कृदन्त ॥ १५४ ॥

नहीं जानते । वे अशुभकर्मको छोड़ अज्ञानसे व्रत, नियम, शीलतपरूप शुभकर्मको ही मोक्षका कारण मान शुभकर्मको ही अङ्गीकार करते हैं ।

प्रसंगविवरण—अवान्तरपूर्व गाथामें यह नियम बता दिया गया था कि ज्ञान मोक्षका हेतु है और अज्ञान बंधका हेतु है । फिर भी पुण्यकर्मके पक्षपाती लोगोंको समझानेके लिये इस गाथामें बताया गया है कि अज्ञानी जन पुण्यकर्मको मोक्षका हेतु मानकर मोक्षके लिये पुण्यकर्मको ही चाहते रहते हैं ।

तथ्यप्रकाश—(१) समस्त कर्मपक्षका क्षय होनेसे जिसमें निजस्वरूपका लाभ होता है वह मोक्ष है । (२) मोक्षका कारण समयसारभूत परमसमरसभावमय सामायिक है । (३) सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्रस्वभाव परमार्थभूत ज्ञानका सतत होना परमरसभाव है । (४) अज्ञानी जन मोक्षकी चाह करते हुए भी, सामायिककी प्रतिज्ञा करके भी कर्मपक्षका अतिक्रमण न कर पानेसे परमार्थ ज्ञानानुभवमात्र आत्मस्वभावरूप सामायिकको प्राप्त नहीं कर पाते । (५) अज्ञानी जन मोटे-मोटे संक्लेश परिणाम निवृत्त होनेसे व साधारण विशुद्ध परिणाम होनेसे ही मैंने धर्म कर लिया ऐसा भाव करके संतुष्ट हो जाते हैं । (६) अज्ञानी जन अशुभकर्मको तो बंधका कारण समझकर व्रत नियमादि शुभकर्मोंको बन्धका कारण न जानकर शुभकर्मोंका ही मोक्षका कारण मानते हैं । (७) अज्ञानी जन "सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रमय अभेद रत्नत्रय मोक्षका कारण है" यह नहीं मान पाते हैं । (८) परमार्थज्ञानस्वभावसे विमुख जीव अज्ञानसे पुण्यको मोक्षहेतु मानकर पुण्यकर्मको ही चाहते हैं ।

सिद्धांत—(१) समस्त कर्मपक्षके क्षयसे उत्पन्न शुद्धात्मभावना कर्मनिर्जराका कारण है । (२) कर्मपक्षकी भावना कर्मबन्धका कारण है ।

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४ब) । २– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) ।

प्रयोग—ज्ञानस्वभावस्थितिरूप धर्मपालनके उद्देश्यसे पापकर्माक्रमणसे बचनेके लिये

अथ परमार्थमोक्षहेतुं तेषां दर्शयति—

जीवादीसद्दहणं सम्मत्तं तेसिमधिगमो णाणं ।
रायादीपरिहरणं चरणं एसो दु मोक्खपहो ॥१५५॥

जीवादिक तत्त्वोंका, प्रत्यय सम्यक्त्व बोध संज्ञान ।
रागादि त्याग चारित, यही त्रितय मोक्षका पथ है ॥१५५॥

जीवादिश्रद्धानं सम्यक्त्वं तेषामधिगमो ज्ञानं । रागादिपरिहरणं चरणं एष तु मोक्षपथः ॥ १५५ ॥

मोक्षहेतुः किल सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि । तत्र सम्यग्दर्शनं तु जीवादिश्रद्धानस्वभावेन ज्ञानस्य भवनं । जीवादिज्ञानस्वभावेन ज्ञानस्य भवनं ज्ञानं । रागादिपरिहरणस्वभावेन

प्राकृतशब्द—जीवादीसद्दहण, सम्मत्त, त, अधिगम, णाण रायादीपरिहरण, चरण, एत, दु, मोक्खपह । **प्राकृतधातु**—परि-हर हरणे, सम्-अंच-पूजासंकोचनसंचयेषु, चर गतौ । **प्रकृतिशब्द**—जीवादि-श्रद्धान, सम्यक्त्व, तत्, अधिगम, ज्ञान, रागादिपरिहरण, चरण, एतत्, तु, मोक्षपथ । **मूलधातु**—श्रद्-

शुभकर्मप्रवर्तन करनेपर भी शुभकर्मको अनात्मस्वभाव जानकर उससे उपेक्षा कर शुभाशुभकर्म से हटकर अपने अन्तःप्रकाशमान ज्ञानस्वरूपमें रत होकर सहज संतुष्ट होनेका पौरुष करना ॥ १५४ ॥

अब उन जीवोंको परमार्थस्वरूप मोक्षका कारण दिखलाते हैं—[जीवादिश्रद्धानं] जीवादिक पदार्थोंका श्रद्धान तो [सम्यक्त्वं] सम्यक्त्व है और [तेषां] उन जीवादि पदार्थोंका [अधिगमः] अधिगम [ज्ञानं] ज्ञान है तथा [रागादिपरिहरणं] रागादिकका त्याग [चरणं] चारित्र है [एष तु] सो यही [मोक्षपथः] मोक्षका मार्ग है ।

तात्पर्य—निश्चयतः सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्रकी एकता ही मोक्षमार्ग है ।

टीकार्थ—मोक्षका कारण निश्चयसे सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र है । उनमें जीवादि-पदार्थोंके यथार्थ श्रद्धान स्वभावसे ज्ञानका होना तो सम्यग्दर्शन है; जीवादिपदार्थोंके ज्ञानस्व-भावसे ज्ञानका होना सम्यग्ज्ञान है; तथा रागादिके त्याग स्वभावसे ज्ञानका होना सम्यक्चा-रित्र है । इस कारण ज्ञान ही परमार्थरूपसे मोक्षका कारण है । **भावार्थ**—सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र ये तीनों ज्ञानके ही परिणमन हैं । अतः ज्ञानको ही मोक्षका कारण कहा है । ज्ञान अभेदविवक्षासे आत्मा ही है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि पुण्यकर्मके पक्षपाती जन पुण्यकर्मको ही मोक्षहेतु समझकर पुण्यको ही चाहते हैं । इस विवरण पर यह जिज्ञासा हुई कि फिर मोक्षका हेतु क्या है ? इस जिज्ञासाका समाधान इस गाथामें किया है ।

तथ्यप्रकाश—१– ज्ञान ही परमार्थभूत मोक्षका कारण है । २– मोक्षका कारण जो

ज्ञानस्य भवनं चारित्रं । तदेवं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राण्येकमेव ज्ञानस्य भवनमायातम् । ततो ज्ञानमेव परमार्थमोक्षहेतुः ॥१५५॥

डुधाञ् धारणपोषणयोः जुहोत्यादि, सम्-अंचु विशेषणे चुरादि, अधि-गम्लृ गतौ, ज्ञा अवबोधने, रन्ज रागे' परि-हृञ हरणे, चर गत्यर्थः भ्वादि, पथे गतौ भ्वादि, पथि-गतौ चुरादि । **पदविवरण**—जीवादीसद्दहणं जीवादिश्रद्धानं–प्रथमा एकवचन । सम्मत्तं सम्यक्त्वं–प्र० ए० । तेसिं तेषां–षष्ठी बहु० । अधिगमो अधिगमः–प्रथमा एक० । णाणं ज्ञानं–प्र० ए० । रायादीपरिहरणं रागादिपरिहरणं–प्र० ए० । चरणं चरणं–प्र० एक० । एसो एषः–प्र० ए० । दु तु–अव्यय । मोक्खपहो मोक्षपथः–प्रथमा एकवचन ॥१५५॥

सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्र बताया गया है वह ज्ञानका ही उस प्रकारसे होना है । ३–किन्हीं भी लक्षणोंसे सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्रका लक्षण किया जावे वह सब ज्ञानका उस प्रकारसे होना विदित होगा । ४–जीवादिक तत्त्वोंका यथार्थ श्रद्धान होना सम्यग्दर्शन है । ५– भूतार्थसे जाने गये जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध व मोक्ष सम्यक्त्व है याने सम्यक्त्वके कारण हैं । ६– भूतार्थाभिगत पदार्थोंका शुद्धात्मासे भिन्न रूपमें सम्यक् अवलोकन होना सम्यग्दर्शन है । ७– ज्ञानका जीवादिश्रद्धान स्वभावसे होना सम्यग्दर्शन है । ८– जीवादिक पदार्थोंका संशय, विपर्यय अनध्यवसायसे रहित यथार्थ ज्ञान होना सम्यग्ज्ञान है । ९–जीवादिक नाना पदार्थोंका शुद्धात्मतत्त्वसे भिन्न रूपमें निश्चय होना सम्यग्ज्ञान है । १०–जीवादिज्ञानस्वभावसे ज्ञानका परिणमना सम्यग्ज्ञान है । ११–जीवादिपदार्थविषयक रागादिका परिहार होना सम्यक्चारित्र है । १२– जीवादिक नाना पदार्थोंको शुद्धात्मासे भिन्नरूपमें निश्चय करके रागादिविकल्परहितरूप रूपसे निजशुद्धात्मामें अवस्थान होना सम्यक्चारित्र है । १३–रागादिपरिहरणस्वभावसे ज्ञानका होना सम्यक्चारित्र है ।

सिद्धान्त—१– जीवादिक पदार्थोंका श्रद्धान सम्यग्दर्शन है यह उपचार कथन है । २– जीवादिश्रद्धान स्वभावसे ज्ञानका (ज्ञानमय आत्माका) परिणमना सम्यग्दर्शन है यह निश्चयकथन है । ३– जीवादिक पदार्थोंका ज्ञान होना सम्यग्ज्ञान है, यह उपचार कथन है । ४–ज्ञानका जीवादि ज्ञानस्वभावसे परिणमना सम्यग्ज्ञान है यह निश्चयकथन है । ५– बाह्यपदार्थोंका त्याग छोड़ना, षट्कायके जीवोंकी रक्षा करना आदि उपचार कथन है । ६–रागादिपरिहरणस्वभावसे ज्ञानका परिणमना सम्यक्चारित्र है, यह निश्चयकथन है ।

दृष्टि—१–अपरिपूर्ण उपचरित स्वभावव्यवहार (१०५अ) । २–शुद्धनिश्चयनय (४६) । ३– अपरिपूर्ण उपचरित स्वभावव्यवहार (१०५अ) । ४– शुद्धनिश्चयनय (४६) । ५–अपरिपूर्ण उपचरित स्वभावव्यवहार (१०५अ) । ६–शुद्धनिश्चयनय (४६) ।

अथ परमार्थमोक्षहेतोरन्यत् कर्म प्रतिषेधयति—

मोत्तूण णिच्छयट्ठं ववहारे ण विदुसा पवट्ठंति ।
परमट्ठमस्सिदाण दु जदीण कम्मक्खओ विहिओ ॥१५६॥

परमार्थ छोड़ करके, ज्ञानी व्यवहारमें नहीं लगते ।
क्योंकि परमार्थदर्शी, मुनिके क्षय कर्मका होता ॥१५६॥

मुक्त्वा निश्चयार्थं व्यवहारे न विद्वांसः प्रवर्तंते । परमार्थमाश्रितानां तु यतीनां कर्मक्षयो विहितः ॥१५६॥

यः खलु परमार्थमोक्षहेतोरतिरिक्तो व्रततपःप्रभृतिशुभकर्मात्मा केषांचिन्मोक्षहेतुः स सर्वोऽपि प्रतिषिद्धस्तस्य द्रव्यान्तरस्वभावत्वात् तत्स्वभावेन ज्ञानभवनस्याभवनात् । परमार्थमोक्ष

प्राकृतशब्द—णिच्छट्ठ, ववहार, विदुस, परमट्ठ, अस्सिद, दु, जदि, कम्मक्खय, विहिअ । **प्राकृतधातु**—मुंच त्यागे, प-वत्त वर्तने । **प्रकृतिशब्द**—निश्चयार्थं, व्यवहार, न, विद्वस्, परमार्थ, आश्रित, तु, यति, कर्मक्षय, विहित । **मूलधातु**—मुच्लृ मोक्षणे तुदादि, विद ज्ञाने, प्र-वृतु वर्तने भ्वादि, श्रिञ् सेवायां

प्रयोग—सर्वत्र ज्ञानभावको ही मोक्षहेतु जानकर विशुद्ध ज्ञानात्मक स्वमें ही रत हो कर अपनेको सकलसंकट रहित करनेका पौरुष करना ॥१५५॥

अब परमार्थरूप मोक्षके कारणसे भिन्न कर्मका निषेध करते हैं—[**विद्वांसः**] पंडित जन [**निश्चयार्थं**] निश्चयनयके विषयको [**मुक्त्वा**] छोड़कर [**व्यवहारे**] व्यवहारमें [**न प्रवर्तन्ते**] प्रवृत्ति नहीं करते हैं [**तु**] क्योंकि [**परमार्थं**] परमार्थभूत-आत्मस्वरूपका [**आश्रितानां**] आश्रय करने वाले [**यतीनां**] यतीश्वरोंके ही [**कर्मक्षयः**] कर्मका नाश [**विहितः**] कहा गया है ।

तात्पर्य—व्यवहार क्रियामें ही प्रवृत्ति रखनेसे मोक्ष नहीं होता, किन्तु परमार्थ सहज ज्ञानमय अन्तस्तत्त्वके आश्रयसे ही मोक्ष होता है, तप व्रत आदि तो अशुभसे बचाकर शुद्धताके लिये अवसर देने वाले है ।

टीकार्थ—परमार्थभूत मोक्षके कारणसे रहित और व्रत तप आदिक शुभकर्मस्वरूप ही किन्हींके मतमें मोक्षका हेतु है सो वह सभी निषिद्ध किया गया है, क्योंकि व्रत तप आदि अन्यद्रव्यस्वभाव है, उस स्वभावसे ज्ञानका परिणमन नहीं होता तथा परमार्थभूत मोक्षका कारण एक द्रव्यस्वभावरूप होनेके कारण स्वभावसे ही ज्ञानका परिणमन होता है । **भावार्थ**—मोक्ष आत्माको होता है सो उसका कारण भी आत्माका स्वभाव ही होना चाहिए । जो अन्य द्रव्यका स्वभाव है उससे आत्माको मोक्ष कैसे होगा ? इसलिए शुभ कर्म पुद्गलद्रव्यका स्वभाव है वह आत्माके मोक्षका कारण नहीं है । ज्ञान आत्माका स्वभाव है, वही आत्माके परमार्थभूत मोक्षका कारण है ।

हेतोरेवैकद्रव्यस्वभावत्वात् तत्स्वभावेन ज्ञानभवनस्य भवनात् । वृत्तं ज्ञानस्वभावेन ज्ञानस्य भवनं सदा । एकद्रव्यस्वभावत्वान्मोक्षहेतुस्तदेव तत् ॥१०६॥ वृत्तं कर्मस्वभावेन ज्ञानस्य भवनं न हि । द्रव्यांतरस्वभावत्वान्मोक्षहेतुर्न कर्म तत् ॥१०७॥ मोक्षहेतुतिरोधानाद्बंधत्वात्स्वयमेव च । मोक्षहेतुतिरोधायिभावत्वात्तन्निषिध्यते ॥१०८॥ ॥१५६॥

भ्वादि, क्षि क्षये भ्वादि, वि-हि गतौ वृद्धौ च भ्वादि । **पदविवरण**—मोत्तूण मुक्त्वा—असमाप्तिकी क्रिया । णिच्छयदु निश्चयार्थं—द्वितीया एक० । ववहारे व्यवहारे—सप्तमी एक० । ण न—अव्यय । विदुसा विद्वांसः—प्रथमा बहु० । पवट्टंति प्रवर्तन्ते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० । परमट्ठं परमार्थं—द्वि० एक० । अस्सिदाण आश्रितानां—षष्ठी बहु० । दु तु—अव्यय । जदीण यतीनां—षष्ठी बहु० । कम्मक्खओ कर्मक्षयः—प्रथमा ए० । विहिओ विहितः—प्रथमा एकवचन कृदन्त ॥ १५६ ॥

अब इसी अर्थके कलश रूप दो श्लोक कहते हैं—**वृत्तं** इत्यादि । **अर्थ**—ज्ञानस्वभाव से वर्तना ही ज्ञानका होना है और वही मोक्षका कारण है क्योंकि ज्ञान ही एक आत्मद्रव्य-स्वभाव है । **वृत्तं** इत्यादि—कर्मस्वभावसे वर्तना ज्ञानका होना नहीं है, वह (कर्मका वर्तना) मोक्षका कारण नहीं है क्योंकि कर्म अन्यद्रव्यस्वभाव है । **भावार्थ**—मोक्ष आत्माको होता है इसलिए आत्माका स्वभाव ही मोक्षका कारण हो सकता है और चूँकि ज्ञान आत्माका स्वभाव है, अतः वही मोक्षका कारण है । तथा कर्म अन्य (पुद्गल) द्रव्यका स्वभाव है इस लिए वह आत्माके मोक्षका कारण नहीं होता, यह युक्ति आगम और अनुभवसे सिद्ध है ।

मोक्षहेतु इत्यादि—चूंकि कर्मसे मोक्षहेतुका तिरोधान होता है, कर्म स्वयं बंधस्वरूप है, तथा कर्म मोक्षके कारणोंका आच्छादक है, अतः इन तीन हेतुओंसे मोक्षमार्गमें कर्मका निषेध किया गया है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें परमार्थमोक्षहेतु बताया गया था । अब परमार्थ मोक्षहेतुके अतिरिक्त जो भी कर्म है उसका निषेध इस गाथामें किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१—ज्ञानका ज्ञानरूप रहना ही मोक्षका हेतु है । २—परमार्थमोक्षहेतुके सिवाय जितने भी व्रत तप आदि कर्म हैं वे अन्य द्रव्यका स्वभाव होनेसे मोक्षहेतु नहीं हैं, क्यों कि कर्मक्रियावोंके स्वभावसे ज्ञानका होना नहीं होता । ३—निश्चयरत्नत्रयात्मक ज्ञानभाव एक निज आत्मद्रव्यका स्वभाव होनेसे मोक्षहेतु है, क्योंकि आत्मस्वभावसे ज्ञानका होना होता है ।

सिद्धान्त—१—परमार्थका आश्रय करने वाले यतियोंको मोक्ष होता है । २—शुद्धोप-योगसे पूर्व होने वाले शुभोपयोगके आश्रयभूतके प्रति योग उपयोग करना उपचारसे धर्म है ।

दृष्टि—१—उपादानदृष्टि (४६ब) । २—अतिसामीप्ये तत्त्वोपचारक व्यवहार (१४७) ।

प्रयोग—व्यवहारधर्मप्रवर्तनसे अशुभोपयोगका निवारण कर परमार्थबोधका अभ्यास

अथ कर्मणो मोक्षहेतुतिरोधानाकरणं साधयति--

वत्थस्स सेदभावो जह णासेदि मलमेलणासत्तो ।
मिच्छत्तमलोच्छण्णं तह सम्मत्तं खु णायव्वं ॥१५७॥
वत्थस्स सेदभावो जह णासेदि मलमेलणासत्तो ।
अण्णाणमलोच्छण्णं तह णाणं होदि णायव्वं ॥१५८॥
वत्थस्स सेदभावो जह णासेदि मलमेलणासत्तो ।
कसायमलोच्छण्णं तह चारित्तं पि णादव्वं ॥१५९॥ (त्रिकलम)

ज्यों वस्त्र श्वेतरूपक, मलमेलन लिप्त होय ढक जाता ।
त्यों यह सम्यक्त्व यहां, मिथ्यात्वमलसे ढक जाता ॥१५७॥
ज्यों वस्त्र श्वेतरूपक, मलमेलनलिप्त होय ढक जाता ।
त्यों जानो ज्ञान यहां, अज्ञानमलसे ढक जाता ॥१५८॥
ज्यों वस्त्र श्वेतरूपक, मलमेलनलिप्त होय ढक जाता ।
त्यों जानो चारित यह, कषायमलसे हि ढक जाता ॥१५९॥

वस्त्रस्य श्वेतभावो यथा नश्यति मलमेलनासक्तः । मिथ्यात्वमलावच्छन्नं तथा सम्यक्त्वं खलु ज्ञातव्यं ।
वस्त्रस्य श्वेतभावो यथा नश्यति मलमेलनासक्तः । अज्ञानमलावच्छन्नं तथा ज्ञानं भवति ज्ञातव्यं ।
वस्त्रस्य श्वेतभावो यथा नश्यति मलमेलनासक्तः । कषायमलावच्छन्नं तथा चारित्रमपि ज्ञातव्यं ।

ज्ञानस्य सम्यक्त्वं मोक्षहेतुः स्वभावः, परभावेन मिथ्यात्वनाम्ना कर्ममलेनावच्छन्नत्वात् तिरोधीयते परभावभूतमलावच्छन्नश्वेतवस्त्रस्वभावभूतश्वेतस्वभाववत् । ज्ञानस्य ज्ञानं मोक्षहेतुः

प्राकृतशब्द—वत्थ, सेदभाव, जह, मलमेलणासत्त, मिच्छत्तमलोच्छण्ण, तह, सम्मत्त, खु, वत्थ, सेदभाव, जह, मलमेलणासत्त, अण्णाणमलोच्छण्ण, तह, णाण, णायव्व, वत्थ, सेदभाव, जह, मलमेलणासत्त, कसायमलोच्छण्ण, तह, चारित्त, वि, णादव्व । प्राकृतधातु—नस्स नाशे, च्छाद संवरणे, जाण अवबोधने, हो-सत्तायां, नस्स नाशे, कस तनूकरणे । प्रकृतिशब्द—वस्त्र, श्वेतभाव, यथा, मलमेलनासक्त, मिथ्यात्वमलावच्छन्न, तथा, सम्यक्त्व, खलु, ज्ञातव्य, वस्त्र, श्वेतभाव, यथा, मलमेलनासक्त, अज्ञानमलावच्छन्न, तथा, ज्ञान, ज्ञातव्य, वस्त्र, श्वेतभाव, यथा, मलमेलनासक्त, कषायमलावच्छन्न, चारित्र, अपि, ज्ञातव्य ।

करके व्यवहारप्रवर्तनको छोड़कर परमार्थ ज्ञानस्वभावका आश्रय करनेका पौरुष करना ॥१५६॥

अब मोक्षके कारणभूत दर्शन, ज्ञान और चारित्रका आच्छादक कर्म है यह बताते हैं—[यथा] जैसे [वस्त्रस्य] वस्त्रका [श्वेतभावः] श्वेतपना [मलमेलनासक्तः] मलके मिलनेसे लिप्त होता हुआ [नश्यति] नष्ट हो जाता है [तथा] उसी भांति [मिथ्यात्वमलावच्छन्नं] मिथ्यात्वमलसे व्याप्त हुआ [सम्यक्त्वं] आत्माका सम्यक्त्वगुण [खलु] निश्चयसे

स्वभावः, परभावेनाज्ञाननाम्ना कर्ममलेनावच्छन्नत्वात्तिरोधीयते परभावभूतमलावच्छन्नश्वेत-वस्त्रस्वभावभूतश्वेतस्वभाववत् । ज्ञानस्य चारित्रं मोक्षहेतुः स्वभावः, परभावेन कषायनाम्ना

मूलधातु—णस नाशे दिवादि, छद अपवारणे, मिल श्लेषणे, मिल संगमे तुदादि, मल धारणे भ्वादि, कष हिंसार्थः । पदविवरण—वत्थस्स वस्त्रस्य—षष्ठी एक० । सेदभावो श्वेतभावः—प्रथमा एकवचन । जह यथा—अव्यय । णासेदि नश्यति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । मलमेलणासत्तो मलमेलनासक्तः—प्र० ए० । मिच्छत्तमलोच्छण्णं मिथ्यात्वमलावच्छन्नं—प्र० ए० । तह तथा—अव्यय । सम्मत्तं सम्यक्त्वं—प्र० एक० । खु खलु—अव्यय । णायव्वं ज्ञातव्यं—प्र० एक० कृदन्त । वत्थस्स वस्त्रस्य—षष्ठी एक० । सेदभावो श्वेतभावः—प्र० ए० । जह यथा—अव्यय । णासेदि नश्यति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । मलमेलणाससो मल-मेलनासक्तः—प्रथमा एकवचन । कसायमलोच्छण्णं कषायमलावच्छन्नं—प्र० ए० । तह तथा—अव्यय । णाणं

[ज्ञातव्यं] आच्छादित हो रहा है ऐसा जानना चाहिए । [यथा] जैसे [वस्त्रस्य श्वेतभावः] वस्त्रका श्वेतपना [मलमेलनासक्तः] मलके मेलसे लिप्त होता हुआ [नश्यति] नष्ट हो जाता है है [तथा] उसी प्रकार [अज्ञानमलावच्छन्नं] अज्ञानमलसे व्याप्त हुआ [ज्ञानं] आत्माका ज्ञान भाव [भवति ज्ञातव्यं] आच्छादित होता है ऐसा जानना चाहिये तथा [यथा] जैसे [वस्त्र-स्य श्वेतभावः] कपड़ेका श्वेतपना [मलमेलनासक्तः] मलके मिलनेसे व्याप्त होता हुआ [नश्यति] नष्ट हो जाता है [तथा] उसी तरह [कषायमलावच्छन्नं] कषायमलसे व्याप्त हुआ [चारित्रं अपि] आत्माका चारित्र भाव भी आच्छादित हो जाता है ऐसा [ज्ञातव्यं] जानना चाहिये ।

तात्पर्य—कर्मद्वारा रत्नत्रय तिरोहित होता है अतः कर्मका प्रतिषेध करना बताया है ।

टीकार्थ—ज्ञानका सम्यक्त्व मोक्षका कारणरूप स्वभाव है, किंतु वह परभावस्वरूप मिथ्यात्वकर्ममैलसे व्याप्त होनेके कारण तिरोभूत हो जाता है जैसे कि परभावभूत मैलसे व्याप्त सफेद वस्त्रका स्वभावभूत श्वेत स्वभाव तिरोभूत हो जाता है । ज्ञानका ज्ञान मोक्षका कारणरूप स्वभाव है, वह परभावरूप अज्ञान नामक कर्मरूपी मलसे व्याप्त होनेसे तिरोहित किया जाता है, जैसे परभावरूप मैल (रंग) से व्याप्त हुआ श्वेत वस्त्रका स्वभावभूत सफेदपन तिरोहित किया जाता है । ज्ञानका चारित्र भी मोक्षका कारणरूप स्वभाव है, वह परभाव-स्वरूप कषायनामक कर्मरूपी मैलसे व्याप्त होनेसे तिरोहित किया जाता है, जैसे परभावस्वरूप मैल (रंग) से व्याप्त हुआ सफेद कपड़ेका स्वभावभूत सफेदपन तिरोहित किया जाता है । इस कारण मोक्षके कारणरूप सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्रका तिरोधान करनेसे कर्मका निषेध किया गया है । भावार्थ—सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र रूप ज्ञानके परिणमनस्वरूप मोक्षमार्गके प्रति-बंधक मिथ्यात्व अज्ञान कषायरूपी कर्म हैं । इसलिये कर्मका निषेध आगममें बताया गया है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें परमार्थमोक्षहेतुके अतिरिक्त अन्य कर्मके मोक्ष-

कर्ममलेनावच्छन्नत्वात्तिरोधीयते परभावभूतमलावच्छन्नश्वेतवस्त्रस्वभावभूतश्वेतस्वभाववत् । अतो मोक्षहेतुतिरोधानकरणात् कर्म प्रतिषिद्धं ॥ १५७-१५९ ॥

णायव्वं ज्ञातव्यं—प्रथमा एकवचन कृदन्त । वत्थस्स वस्त्रस्य—षष्ठी एक० । सेदभावो श्वेतभावः—प्रथमा एक० । जह यथा—अव्यय । णासेदि नश्यति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । मलमेलणासत्तो मलमेलनासक्तः—प्रथमा एक० । कसायमलोच्छण्णं कषायमलावच्छन्नः—प्रथमा एक० । तह तथा—अव्यय । चारित्तं चारित्रं—प्रथमा एक० । पि अपि—अव्यय । णादव्वं ज्ञातव्यं—प्रथमा एकवचन कृदन्त ॥ १५७-१५९ ॥

हेतुत्वका प्रतिषेध किया था । अब प्रतिषेध्य उन्हीं कर्मोंको मोक्षहेतुतिरोधायिता इस गाथामें प्रसिद्ध की है ।

तथ्यप्रकाश—१—समस्त कर्म रत्नत्रयस्वरूप मोक्षहेतुका तिरोधान करते हैं, अतः कर्म प्रतिषेध्य हैं । २—ज्ञानका सम्यक्त्व स्वभाव (सम्यक्पना) मोक्षका हेतु है वह मिथ्यात्व कर्ममल परभावसे तिरोहित है । ३—ज्ञानका ज्ञानस्वभाव मोक्षका हेतु है वह अज्ञान (ज्ञानावरण) नामक कर्ममल परभावसे तिरोहित है । ४—ज्ञानका चारित्रस्वभाव मोक्षका हेतु है वह कषाय कर्ममल परभावसे तिरोहित है । ५- ये पौद्गलिक कर्म निमित्तरूपसे मोक्षहेतुके बाधक हैं और इन कर्मोंके निमित्तभूत व नैमित्तिकभूत शुभाशुभ कर्म निजमें मोक्षहेतुके बाधक हैं । ६—शुद्धोपयोगसे पूर्व होने वाले शुभोपयोगके साधनभूत कर्म मोक्षहेतुके परम्परया साधक हैं, साक्षात् बाधक हैं ।

सिद्धान्त—(१) पौद्गलिक कर्मविपाक मोक्षहेतुका निमित्तरूपसे बाधक है । (२) शुभाशुभभाव मोक्षहेतुका उपादानतया बाधक है ।

दृष्टि—१- निमित्तदृष्टि (५३अ) । २- उपादानदृष्टि (४९ब) ।

प्रयोग—पुण्यपापकर्मको व पुण्यपापभावको अलक्षित करके अन्तःप्रकाशमान परमार्थ-मोक्षहेतुभूत ज्ञानस्वभावमें उपयुक्त होनेका पौरुष करना ॥ १५७-१५९ ॥

अब कर्म स्वयमेव बंध है, यह सिद्ध करते हैं;—[सः] वह आत्मा स्वभावतः [सर्वज्ञानदर्शी] सबका जानने देखने वाला है तो भी [निजेन कर्मरजसा] अपने कर्मरूपी रजसे [अवच्छन्नः] आच्छादित हुआ [संसारसमापन्नः] संसारको प्राप्त होता हुआ [सर्वतः] सब प्रकार से [सर्वं] सब वस्तुको [न विजानाति] नहीं जानता ।

तात्पर्य—ज्ञाता द्रष्टा स्वभाव होनेपर भी संसारस्थ प्राणी कर्मावच्छादित होनेसे सर्वज्ञाता नहीं हो पाता ।

टीकार्थ—जिस कारण स्वयमेव ज्ञानरूप होनेसे सब पदार्थोंको सामान्य विशेषतासे

अथ कर्मणः स्वयं बंधत्वं साधयति—

सो सव्वणाणदरिसी कम्मरएण णियेणवच्छण्णो ।
संसारसमावण्णो ण विजाणदि सव्वदो सव्वं ॥१६०॥

यह सर्वज्ञानदर्शी तो भि निज कर्मरजसे आच्छादित ।
संसारमें भटक कर, यह सबको जान नहिं सकता ॥१६०॥

स सर्वज्ञानदर्शी कर्मरजसा निजेनावच्छन्नः । संसारसमापन्नो न विजानाति सर्वतः सर्वम् ॥ १६० ॥

यतः स्वयमेव ज्ञानतया विश्वसामान्यविशेषज्ञानशीलमपि ज्ञानमनादिस्वपुरुषापराधप्रव-

---

नामसंज्ञ—त, सव्वणाणदरिसि, कम्मरय, णिय, अवच्छण्ण, संसारसमावण्ण, ण, सव्वदो, सव्व । **धातुसंज्ञ**—दरिस दर्शनायां, अव-च्छण हिंसायां, जाण अवबोधने । **प्रातिपदिक**—तत्, सर्वज्ञानदर्शिन्, कर्मरजस्, निज, अवच्छन्न, संसारसमापन्न, न, सर्वतः, सर्व । **मूलधातु**—दृशिर् प्रेक्षणे, छद अपवारणे संवरणे भ्वादि चुरादि, वि-ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**—सो सः—प्रथमा ए० । सव्वणाणदरिसी सर्वज्ञानदर्शी कम्म-

---

जाननेके स्वभाव वाला होनेपर भी ज्ञान अनादिकालसे अपने पुरुषापराधसे प्रवर्तमान कर्मरूप मलसे आच्छादितपना होनेके कारण परभावबन्धरूप बंधावस्थामें सब प्रकारके सब ज्ञेयाकाररूप अपने स्वरूपको नहीं जानता हुआ अज्ञानभावसे ही यह आप स्थित है । इस कारण निश्चय हुआ कि कर्म स्वयं ही बंधस्वरूप है । इसीलिये स्वयं बंधरूप होनेसे कर्मका प्रतिषेध किया गया है । **भावार्थ**—यहाँ ज्ञान शब्दसे आत्माका ही ग्रहण किया गया है । सो यह ज्ञानस्वभावसे तो सबको देखने और जानने वाला है, परन्तु अनादिसे आप अपराधी है, इसलिये बाँधे हुए कर्मोंसे आच्छादित है । अतः अपने सम्पूर्ण रूपको नहीं जानता हुआ, अज्ञानरूप हुआ आप स्थित है, सो आप तो अपने अज्ञानभावरूप परिणमन करता है और तब कर्म स्वयमेव बन्धरूप हो जाते हैं, इसीलिए कर्मका प्रतिषेध करना बताया है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाद्विकमें यह बताया गया था कि शुभकर्म मोक्षहेतुका तिरोधान करते हैं । अब इस गाथामें बताया है कि कर्म स्वयं जीवको बन्धन है ।

तथ्यप्रकाश—(१) यह ज्ञान (आत्मा) ज्ञानस्वरूप होनेसे स्वयं ही सर्वज्ञता व सर्वदर्शिताके स्वभाव वाला है । (२) यह जीव अनादिकालसे स्वपुरुषापराधसे चले आये कर्ममल से आक्रान्त होनेसे इस संसारदशामें अज्ञानभावके कारण सबको नहीं जान सकता है । (३) अज्ञानरूप शुभाशुभकर्म जीवको स्वयं ही बन्धन हैं । (४) शुभाशुभ कर्म स्वयं बन्धरूप होनेसे प्रतिषेध्य हैं ।

सिद्धान्त—(१) आत्मा स्वयं सहज परमज्ञानविकास स्वभाव वाला है । (२) पौद्गलिक कर्मविपाकोदयसे यह जीव संसारसमापन्न है । (३) अपने अज्ञानापराधसे यह जीव कलु-

तंमानकर्ममलावच्छन्नत्वादेव बंधावस्थायां सर्वतः सर्वस्यापि भगवतः सिद्धस्यात्मनो ज्ञानभावेनैवेदमेवमवतिष्ठते । ततो नियतं स्वयमेव कर्मैव बंधः अतः स्वयं बंधत्वात्कर्म प्रतिषिद्धं ॥१६०॥

रयेण कर्मरजसा–तृतीया एक० । णियेण निजेन–तृ० एक० । अवच्छण्णो अवच्छन्नः–प्रथमा एक० । संसारसमावण्णो संसारसमापन्नः–प्रथमा एक० । ण न–अव्यय । विजाणदि विजानाति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । सव्वदो सर्वतः–अव्यय पंचम्यर्थे । सव्वं सर्वं–द्वितीया एक० ॥ १६० ॥

षित व विकल्पसंकटापन्न है ।

दृष्टि– १– परमशुद्धनिश्चयनय (४४) । २– उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (५३) । ३– अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग–शुभाशुभभावोंको साक्षात् परमार्थदृष्टिका बाधक जानकर उनसे उपेक्षा करके अबाधस्वभाव शाश्वत अन्तःप्रकाशमान ज्ञानस्वरूपके अभिमुख रहनेका पौरुष करना ॥१६०॥

अब कर्मका मोक्षहेतुतिरोधायीपना दिखलाते हैं–[**सम्यक्त्वप्रतिनिबद्धं**] सम्यक्त्वको रोकने वाला [**मिथ्यात्वं**] मिथ्यात्व है ऐसा [**जिनवरैः**] जिनवरदेवोंने [**परिकथितं**] कहा है [**तस्योदयेन**] उसके उदयसे [**जीवः**] यह जीव [**मिथ्यादृष्टिः**] मिथ्यादृष्टि हो जाता है [**इति-ज्ञातव्यः**] ऐसा जानना चाहिये । [**ज्ञानस्य प्रतिनिबद्धं**] ज्ञानको रोकने वाला [**अज्ञानं**] अज्ञान है ऐसा [**जिनवरैः परिकथितं**] जिनवर देवोंने कहा है [**तस्योदयेन**] उसके उदयसे [**जीवः**] यह जीव [**अज्ञानी**] अज्ञानी [**भवति**] होता है ऐसा [**ज्ञातव्यः**] जानना चाहिए । [**चारित्रप्रतिनिबद्धः**] चारित्रको रोकने वाला [**कषायः**] कषाय है ऐसा [**जिनवरैः**] जिनेन्द्रदेवोंने [**परिकथितः**] कहा है [**तस्य उदयेन**] उसके उदयसे [**जीवः**] यह जीव [**अचारित्रः**] अचारित्री [**भवति**] हो जाता है ऐसा [**ज्ञातव्यः**] जानना चाहिये ।

तात्पर्य—मिथ्यात्व अज्ञान व कषायके उदयसे जीव मिथ्यादृष्टि अज्ञानी व अचारित्री हो जाता है ।

टीकार्थ—सम्यक्त्व जोकि मोक्षका कारणरूप स्वभाव है उसको रोकने वाला अज्ञान है, वह स्वयं कर्म ही है, उसके उदयसे ज्ञानके अज्ञानपना है; और चारित्र जो कि मोक्षका कारणरूप स्वभाव है उसका प्रतिबंधक कषाय है, वह स्वयं कर्म ही है, उसके उदयसे ही ज्ञानके अचारित्रपना है । इस कारण कर्ममें स्वयमेव मोक्षके कारणभूत सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्रका तिरोधायिपना होनेसे कर्मका प्रतिषेध किया गया है । **भावार्थ**—मोक्षके कारणरूप स्वभाव हैं सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र । इन तीनोंके प्रतिपक्षी कर्म मिथ्यात्व, अज्ञान और कषाय ये तीन हैं इसलिये वे इन तीनोंको प्रकट नहीं होने देते, इस कारण कर्मका प्रतिषेध किया गया है । अशुभ कर्म मोक्षका हेतु तो क्या है बाधक ही है, परन्तु शुभकर्म भी बंधरूप ही है । इस

अथ कर्मणो मोक्षहेतुतिरोधायिभावत्वं दर्शयति—

सम्मत्तपडिणिबद्धं मिच्छत्तं जिणवरेहि परिकहियं ।
तस्सोदयेण जीवो मिच्छादिट्ठिति णायव्वो ॥१६१॥
णाणस्स पडिणिबद्धं अण्णाणं जिणवरेहि परिकहियं ।
तस्सोदयेण जीवो अण्णाणी होदि णायव्वो ॥१६२॥
चारित्तपडिणिबद्धं कसायं जिणवरेहि परिकहियं ।
तस्सोदयेण जीवो अचरित्तो होदि णायव्वो ॥१६३॥ (त्रिकलम्)

सम्यक्त्वका विरोधक, जिनवरने मिथ्यात्वको बताया ।
उसके उदयसे आत्मा, मिथ्यादृष्टी कहा जाता ॥१६१॥
ज्ञानका प्रतिनिबन्धक, मुनीश अज्ञानको बताते हैं ।
उसके उदयसे आत्मा, अज्ञानी वर्तता जानो ॥१६२॥
चारित्रका विरोधक, मुनीन्द्रने है कषाय बतलाया ।
इसके उदयसे आत्मा, हो जाता है अचारित्री ॥१६३॥

सम्यक्त्वप्रतिनिबद्धं मिथ्यात्वं जिनवरैः परिकथितं । तस्योदयेन जीवो मिथ्यादृष्टिरिति ज्ञातव्यः ॥१६१॥
ज्ञानस्य प्रतिनिबद्धं अज्ञानं जिनवरैः परिकथितं । तस्योदयेन जीवोऽज्ञानी भवति ज्ञातव्यः ॥१६२॥
चारित्रप्रतिनिबद्धः कषायो जिनवरैः परिकथितः । तस्योदयेन जीवोऽचारित्रो भवति ज्ञातव्यः ॥१६३॥

सम्यक्त्वस्य मोक्षहेतोः स्वभावस्य प्रतिबंधकं किल मिथ्यात्वं, तत्तु स्वयं कर्मैव तदुदयादेव ज्ञानस्य मिथ्यादृष्टित्वं । ज्ञानस्य मोक्षहेतोः स्वभावस्य प्रतिबंधकं किलाज्ञानं, तत्तु स्वयं कर्मैव तदुदयादेव ज्ञानस्याज्ञानत्वं । चारित्रस्य मोक्षहेतोः स्वभावस्य प्रतिबंधकः किल कषायः, स तु स्वयं कर्मैव तदुदयादेव ज्ञानस्याचारित्वत्वं । अतः स्वयं मोक्षहेतुतिरोधायिभावत्वात् कर्म

नामसंज्ञा—सम्मत्तपडिणिबद्ध, मिच्छत्त, जिणवर, परिकहिय, तस्स, उदय, जीव, मिच्छादिट्ठि, इत्ति, णायव्व, णाण, पडिणिबद्ध, अण्णाण, जिणवर, परिकहिय, तस्स, उदय, जीव, अण्णाणि, णादव्व, चारित्त-

---

कारण इसका भी कर्म सामान्यके प्रतिषेधके कथनमें प्रतिषेध ही जानना ।

अब इसी अर्थका कलशरूप काव्य कहते हैं—**संन्यस्त** इत्यादि । **अर्थ**—मोक्षके चाहने वालोंको यह समस्त कर्म ही त्यागने योग्य हैं । इस तरह समस्त ही कर्मके छोड़नेपर पुण्य व पापकी तो कथा ही क्या है (कर्म सामान्यमें दोनों ही आ जाते हैं) । यों समस्त कर्मोंका त्याग होनेपर ज्ञान, सम्यक्त्व आदिक अपने स्वभावरूप होनेसे मोक्षका कारण हुआ कर्मरहित अवस्थासे जिसका रस प्रतिबद्ध (उद्धत) है ऐसा अपने आप दौड़ आता है । **भावार्थ**—कर्मके

प्रतिषिद्धं । संन्यस्तव्यमिदं समस्तमपि तत्कर्मैव मोक्षार्थिना, संन्यस्ते सति तत्र का किल कथा पुण्यस्य पापस्य वा । सम्यक्त्वादिनिजस्वभावभवनान्मोक्षस्य हेतुर्भवन्नैष्कर्म्यप्रतिबद्धमुद्धतरसं ज्ञानं स्वयं धावति ॥१०६॥ यावत्पाकमुपैति कर्मविरतिर्ज्ञानस्य सम्यङ् न सा, कर्मज्ञानसमुच्चयोऽपि विहितस्तावन्न काचित्क्षतिः । किंत्वत्रापि समुल्लसत्यवशतो यत्कर्म बंधाय तन्मोक्षाय

पडिणिबद्ध, कसाय, जिणवर, परिकहिय, तस्स, उदय, जीव, अचरित्त, णादव्व । **धातुसंज्ञ**—पडि-णि-बंध बंधने, परि-कह वाक्यप्रबन्धे, जाण अवबोधने, हो सत्तायां । **प्रातिपदिक**—सम्यक्त्वप्रतिनिबद्ध, मिथ्यात्व,

---

दूर होनेपर ज्ञान, स्वयं अपने मोक्षके कारणमय स्वभावरूप हुआ निर्बाध प्रगट होता है ।

प्रश्न—अविरत सम्यग्दृष्टि आदिके जब तक कर्मका उदय है, तब तक ज्ञान मोक्षका कारण कैसे हो सकता है तथा कर्म और ज्ञान दोनों एक साथ किस तरह रहते हैं ? इसके समाधानमें काव्य कहते हैं—**यावत्** इत्यादि । **अर्थ**—जब तक कर्म उदयको प्राप्त है और ज्ञानके सम्यक् विरतिभाव नहीं है, तब तक कर्म और ज्ञान दोनोंका समुच्चय (एकत्रीकरण) भी कहा गया है और तब तक भी इसमें कुछ क्षति नहीं । किन्तु, इस आत्मामें अवशपने जो कर्म प्रकट होता है वह तो बंधके ही लिये है और मोक्षके लिये एक परम ज्ञान ही निर्णीत है जो कि स्वतः विमुक्त है अर्थात् सदैव परद्रव्यभावोंसे भिन्न है । **भावार्थ**—जब तक सम्यग्दृष्टि के संज्वलनकषायका भी उदय है तब तक उसके ज्ञानधारा व कर्मधारा दोनों चलती हैं । कर्म तो अपना कार्य करता ही है और वहींपर ज्ञान है, वह भी अपना कार्य करता है । एक ही आत्मामें ज्ञान और कर्म दोनोंके इकट्ठे रहनेमें भी विरोध नहीं आता । जैसे मिथ्याज्ञान और सम्यग्ज्ञानका परस्पर विरोध है, उस प्रकार कर्मसामान्यके और ज्ञानके विरोध नहीं है ।

अब कर्म और ज्ञानका नयविभाग दिखलाते हैं—**मग्नाः** इत्यादि । **अर्थ**—कर्मनयके अवलम्बनमें तत्पर याने कर्मनयके पक्षपाती तो डूबे हुए हैं ही, क्योंकि वे ज्ञानको नहीं जानते हैं, पर जो परमार्थ ज्ञानको तो जानते नहीं और ज्ञाननयके पक्षपाती हैं वे भी डूबे हुए हैं, क्योंकि वे आवश्यक क्रियाकांडको छोड़कर स्वच्छन्द हो मन्द उद्यमी हैं, किन्तु जो आप निरन्तर ज्ञानरूप हुए कर्मको तो करते नहीं तथा प्रमादके वश भी नहीं होते, स्वरूपमें उत्साहवान हैं, वे लोकके ऊपर तैरते हैं ।

भावार्थ—यहां सर्वथा एकान्त अभिप्रायका निषेध किया गया है क्योंकि सर्वथा एकान्तका अभिप्राय होना ही मिथ्यात्व है । परमार्थभूत ज्ञानस्वरूप आत्माको तो जानना नहीं और व्यवहार दर्शन, ज्ञान और चारित्ररूप क्रियाकांडके आडम्बरको ही मोक्षका कारण जान उसमें ही तत्पर रहना और उसीका पक्षपात करना है, सो कर्मनय है । कर्मनयके पक्षपाती, ज्ञानको तो जानते नहीं हैं और इस कर्मनयमें ही खेदखिन्न हैं वे संसार समुद्रमें मग्न ही हैं ।

स्थितमेकमेव परमं ज्ञानं विमुक्तं स्वतः ॥११०॥ मग्नाः कर्मनयावलम्बनपरा ज्ञानं न जानंति ये, मग्ना ज्ञाननयैषिणोऽपि यदतिस्वच्छंदमंदोद्यमाः । विश्वस्योपरि ते तरंति सततं ज्ञानं भवंतः स्वयं, ये कुर्वंति न कर्म जातु न वशं यांति प्रमादस्य च ॥१११॥ भेदोन्मादं भ्रमरसभरान्नाट-

---

जिनवर, परिकथित, तत्, जीव, मिथ्यादृष्टि, इति, ज्ञातव्य, ज्ञान, प्रतिनिबद्ध, अज्ञान, जिनवर, परिकथित तत्, उदय, जीव, अज्ञानिन्, ज्ञातव्य, चारित्रप्रतिनिबद्ध, कषाय, जिनवर, परिकथित, तत्, उदय, जीव, अचारित्र, ज्ञातव्य । **मूलधातु**—प्रति-नि-बन्ध् बंधने, परि-कथ आख्यप्रबन्धे, दृशिर् प्रेक्षणे, ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**—सम्मत्तपडिणिबद्धं सम्यक्त्वप्रतिनिबद्धं–प्रथमा एक० । मिच्छत्तं मिथ्यात्वं–प्रथमा ए० । जिनवरैः–तृतीया बहु० । परिकहियं परिकथितं–प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया । तस्स तस्य–षष्ठी एक० । उदयेण उदयेन–तृतीया एक० । जीवो जीवः–प्रथमा एकवचन । मिच्छादिट्ठि मिथ्यादृष्टिः–प्रथमा एक० । इति–अव्यय । णायव्वो ज्ञातव्यः–प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया । णाणस्स ज्ञानस्य–षष्ठी एक० । पडिणिबद्धं प्रतिनिबद्धं–प्रथमा एक० कृदन्त । अण्णाणं अज्ञानं–प्र० ए० । जिणवरेहि जिनवरैः–तृतीया बहु० । परिकहियं

किन्तु जो परमार्थभूत आत्मस्वरूपको यथार्थ तो जानते नहीं और सर्वथा एकांतियोंके उपदेशसे अथवा स्वयमेव कुछ अंतरंगमें ज्ञानका स्वरूप मिथ्या कल्पना करके उसमें पक्षपात करते हैं और व्यवहारदर्शन, ज्ञान और चारित्रके भक्ति कृतिकर्म आदि क्रियाकांडको निरर्थक जान छोड देने वाले स्वच्छन्द मनवाले ज्ञाननयके पक्षपाती हैं वे भी संसार समुद्रमें मग्न हैं, क्योंकि आवश्यक क्रियाको छोड़ स्वेच्छाचारी रहते हैं और स्वरूपमें मंद उद्यमी रहते हैं । इस कारण जो पक्षपातका अभिप्राय छोड़कर निरंतर ज्ञानस्वरूपमें जब तक न रहा जाय तब तक अशुभकर्मको छोड़ स्वरूपके साधनरूप शुभ कर्मकांडमें प्रवर्तकर निरंतर ज्ञानरूप हुए कर्मकांडको छोड़ते हैं वे ही कर्मका नाश कर संसारसे निवृत्त होते हैं ।

अब पुण्यपापाधिकारको सम्पूर्ण करते हुए आचार्य ज्ञानकी महिमा बताते हैं—**भेदोन्मादं** इत्यादि । **अर्थ**—पी ली है मोहमदिरा जिसने ऐसे तथा भ्रमरसके भारसे शुभाशुभकर्मके भेदके उन्मादको नचाने (प्रकट करने) वाले उस सभी कर्मको अपने आत्मबलसे मूलोन्मूल करके याने जड़से उखाड़ करके जिसने अज्ञानान्धकारको नष्ट कर दिया है, लीलामात्रसे विकसित परमकला (केवलज्ञान) के साथ क्रीडा आरम्भ की है, ऐसी यह ज्ञानज्योति अब वेगपूर्वक प्रकट होती है ।

भावार्थ—ज्ञानज्योतिके प्रतिबंधक कर्मको जो कि शुभ अशुभ भेदरूप होकर नाच रहा था और ज्ञानको भुला देता था उस कर्मको भेदविज्ञानमयी व अभेदअन्तस्तत्स्वस्पर्शी अपनी शक्तिसे नष्ट करके आप अपने सम्पूर्ण रूप सहित यह ज्ञानज्योति प्रकट हुई याने यथार्थ ज्ञानके उपयोगमें अब दो भेष नहीं रहे । क्योंकि कर्म सामान्य रूपसे एक ही है उसने शुभ-अशुभ दो भेदरूप स्वांग बनाकर रंगभूमिमें प्रवेश किया था । जब उसे ज्ञानने यथार्थ एकरूप

यस्पीतमोहं, मूलोन्मूलं सकलमपि तत्कर्म कृत्वा बलेन । हेलोन्मीलत्परमकलया सार्धमारब्ध-केलि, ज्ञानज्योतिः कवलिततमः प्रोज्जजृम्भे भरेण ॥११२॥ ॥ १६१-१६३ ॥

इति पुण्यपापरूपेण द्विपात्रीभूतमेकपात्रीभूय कर्म निष्क्रांतम् ।

इति श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचितायां समयसारव्याख्यायामात्मख्यातौ पुण्यपापप्ररूपकः तृतीयोऽङ्कः ॥ ३ ॥

परिकथितं–प्र० ए० । तस्स तस्य–षष्ठी एक० । उदयेण उदयेन–तृतीया एक० । जीवो जीवः–प्र० एक० । अण्णाणी अज्ञानी–प्रथमा एक० । होदि भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । णायव्वो ज्ञातव्यः–प्र० ए० कृदन्त क्रिया । चारित्तपडिणिबद्धं चारित्रप्रतिनिबद्धं–प्र० ए० । कसायं कषायः–प्र० ए० । जिणव-रेहि जिनवरैः–तृतीया बहु० । परिकहियं परिकथितं–प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया । तस्स तस्य–षष्ठी एक० । उदयेण उदयेन–तृतीया एक० । जीवो जीवः–प्रथमा एक० । अचरित्तो अचरित्रः–प्रथमा एक० । होदि भवति–वर्तमान अन्य० एक० क्रिया । णायव्वो ज्ञातव्यः–प्रथमा एकवचन कृदन्त क्रिया ॥ १६१–१६३ ॥

जान लिया तब वह कर्म रंगभूमिसे निकल गया । उसके बाद ज्ञान अपनी शक्तिसे यथार्थ प्रकाशरूप हुआ । इस प्रकार कर्म नृत्यके अखाड़ेमें पुण्य-पापरूप दो भेषमें बनकर नाचता था, उसे ज्ञानने जब यथार्थ जान लिया कि कर्म एकरूप ही है, तब कर्म एकरूप होकर निकल गया ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें कर्मको स्वयं बन्धस्वरूप बताया गया था । अब उसके समर्थनमें दिखाया गया है कि कर्म मोक्षहेतुका तिरोधायी है ।

तथ्यप्रकाश—(१) सम्यक्त्व स्वभावका प्रतिबंधक मिथ्यात्वकर्म है, उसके उदयका निमित्त पाकर ही ज्ञानके (आत्माके) मिथ्यादृष्टित्व होता है । (२) ज्ञानस्वभावका प्रतिबंधक अज्ञान (ज्ञानावरण) है उसके उदयसे ही ज्ञानके अज्ञानपना होता है । (३) चारित्रस्वभावका प्रतिबंधक कषायकर्म है, उसके उदयसे ही ज्ञानके अचारित्रता होती है । (४) शुभाशुभ कर्म मोक्षहेतुके प्रतिबंधक हैं ।

सिद्धान्त—(१) मिथ्यात्वकर्मके उदयसे जीवके मिथ्यात्व होता है । (२) ज्ञानावरण के उदयसे जीवके अज्ञान होता है । (३) कषायप्रकृतियोंके उदयसे जीवके अचारित्र होता है ।

दृष्टि—१, २, ३– उपाधिसापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिकनय (५३) ।

प्रयोग—निमित्तभूत व नैमित्तिकभूत शुभाशुभभावोंको अलक्षित कर परमार्थ ज्ञान-मात्र भावमें उपयुक्त होनेका पौरुष करना ॥ १६१-१६३ ॥

अथ आस्रवाधिकारः

अथ प्रविशत्यास्रवः ।

अथ महामदनिर्भरमंथरं समररंगपरागतमास्रवं ।
अयमुदारगभीरमहोदयो जयति दुर्जयबोधधनुर्धरः ॥ ११३ ॥

नामसंज्ञ—मिच्छत्त, अविरमण, कसायजोग, य, सण्णसण्ण, दु, बहुविहभेय, जीव, तस्स, एव, अणण्णपरिणाम, णाणावरणादीय, त, दु, कम्म, कारण, त, पि, जीवो, य, रागदोषादिभावकर । **धातुसंज्ञ**—अवि-रम क्रीडायां, कस तनूकरणे, जोय योजनायां, हो सत्तायां । **प्रातिपदिक**—मिथ्यात्व, अविरमण,

---

अब आस्रव प्रवेश करता है । सो यहाँ इस स्वांगको यथार्थ जानने वाले सम्यग्ज्ञानकी महिमारूप मंगल करते हैं—**अथ** इत्यादि । **अर्थ**—अब समरंगमें आये हुए महामदसे भरे हुए मदोन्मत्त आस्रवको यह उदार गंभीर महाउदय वाला दुर्जय ज्ञान धनुर्धर जीतता है । **भावार्थ**—यहां नृत्यके मंचपर सब जगतको जीतकर मत्त हुए आस्रवने प्रवेश किया है । उसकी पराजयका वर्णन यहां वीररसकी प्रधानतासे किया है कि दुर्जय बोधरूपधनुषधारी ज्ञान आस्रवको जीतता है । अर्थात् अन्तर्मुहूर्तमें कर्मका नाश करके यह ज्ञानस्वरूप आत्मा केवल-ज्ञान उत्पन्न कर लेता है । ऐसी ज्ञानकी सामर्थ्य व महिमा है ।

अब आस्रवका स्वरूप कहते हैं:—[**मिथ्यात्वं अविरमणं**] मिथ्यात्व, अविरति [**च कषाययोगौ**] और कषाय योग [**संज्ञासंज्ञाः तु**] ये चार आस्रव संज्ञ व असंज्ञ हैं याने चेतना के विकाररूप और जड़-पुद्गलके विकाररूप ऐसे भिन्न-भिन्न हैं । उनमें से [**जीवे**] जीवमें प्रकट हुए [**बहुविधभेदाः**] बहुत भेद वाले संज्ञ आस्रव हैं वे [**तस्यैव अनन्यपरिणामाः**] उस जीवके ही अभेदरूप परिणाम हैं [**तु ते**] परन्तु असंज्ञ आस्रव [**ज्ञानावरणाद्यस्य**] ज्ञानावरण आदि [**कर्मणः**] कर्मके बंधनेके [**कारणं**] कारण [**भवंति**] हैं [**च**] और [**तेषामपि**] उन असंज्ञ आस्रवोंका भी याने असंज्ञ आस्रवोंके नवीन कर्मबंधका निमित्तपना होनेका कारण अर्थात् निमित्त भी [**रागद्वेषादिभावकरः**] रागद्वेष आदि भावोंका करने वाला [**जीवः**] जीव [**भवति**] होता है ।

तात्पर्य—कर्मबन्धके निमित्तभूत उदयागत असंज्ञ आस्रवको इस निमित्तताका कारण रागद्वेषमोह है अतः राग द्वेष मोह ही आस्रव है ।

टीकार्थ—रागद्वेष मोह ही आस्रव हैं जो कि अपने परिणामके निमित्तसे हुए हैं सो जड़पना न होनेपर वे चिदाभास हैं याने उनमें चैतन्यका आभास है क्योंकि मिथ्यात्व, अवि-

तत्रास्रवस्वरूपमभिदधाति—

मिच्छत्तं अविरमणं कसायजोगा य सण्णसण्णा दु ।
बहुविहभेया जीवे तस्सेव अणण्णपरिणामा ॥१६४॥
णाणावरणादीयस्स ते दु कम्मस्स कारणं होंति ।
तेसिंपि होदि जीवो य रागदोसादिभावकरो ॥१६५॥ (युगलम्)

मिथ्यात्व तथा अविरति, कषाय अरु योग चेतनाचेतन ।
जीवमें विविध प्रत्यय, अभेद परिणाम हैं उसके ॥१६४॥
वे प्रत्यय होते हैं, ज्ञानावरणादि कर्मके कारण ।
उनका कारण होता, रागद्वेषादि भावयुत आत्मा ॥१६५॥

मिथ्यात्वमविरमणं कषाययोगौ च संज्ञासंज्ञास्तु । बहुविधभेदा जीवे तस्यैवानन्यपरिणामाः ॥ १६४ ॥
ज्ञानावरणाद्यस्य ते तु कर्मणः कारणं भवंति । तेषामपि भवति जीवः च रागद्वेषादिभावकरः ॥ १६५ ॥

रागद्वेषमोहा आस्रवाः इह हि जीवे स्वपरिणामनिमित्ताः, अजडत्वे सति चिदाभासाः, मिथ्यात्वाविरतिकषाययोगाः पुद्गलपरिणामाः, ज्ञानावरणादिपुद्गलकर्मास्रवणनिमित्तत्वात्कि-

---

कषाययोग, च, संज्ञासंज्ञ, तु, बहुविधभेद, जीव, तत्, एव, अनन्यपरिणाम, ज्ञानावरणाद्य, तत्, तु, कर्मन्, कारण, तत्, अपि, जीव, च, रागद्वेषादिभावकर । **मूलधातु**—रमु क्रीडायां, भिदिर विदारणे रुधादि, परिणम प्रह्वत्वे, भू सत्तायां, रन्ज रागे । **पदविवरण**—मिच्छत्तं मिथ्यात्वं—प्रथमा एक० । अविरमणं—प्र० ए० ।

रति, कषाय और योग पुद्गलके परिणाम ज्ञानावरण आदि पुद्गलोंके आनेके निमित्त होनेसे वे प्रकट आस्रव तो हैं, किन्तु उन असंज्ञ आस्रवोंमें ज्ञानावरणादि कर्मोंके आगमनके निमित्तपनाके निमित्त हैं, आत्माके अज्ञानमय राग, द्वेष, मोह परिणाम । इस कारण नवीन मिथ्यात्व आदिक कर्मके आस्रवके निमित्तपनाका निमित्तपना होनेसे राग द्वेष मोह ही आस्रव हैं और वे अज्ञानीके ही होते हैं ऐसा तात्पर्य गाथाके अर्थमें से ही प्राप्त होता है ।

भावार्थ—ज्ञानावरणादि कर्मोंके आस्रवणका निमित्त तो मिथ्यात्वादि कर्मके उदयरूप पुद्गलके परिणाम हैं और उन कर्मोंके आनेका निमित्त उदयागतकर्म बन जायें उस निमित्तपनेका निमित्त जीवके राग द्वेष मोहरूप परिणाम हैं, उनको चिद्विकार भी कहते हैं, वे जीवके अज्ञान अवस्थामें होते हैं । सम्यग्दृष्टिके अज्ञान अवस्था होती नहीं क्योंकि मिथ्यात्वसहित ज्ञानको अज्ञान कहते हैं । सम्यग्दृष्टि ज्ञानी हो गया है इसलिये यहाँ ज्ञान अवस्थामें अज्ञानमय रागादि नहीं हैं । फिर भी अविरत सम्यग्दृष्टि आदिके चारित्रमोहके उदयसे जो रागादिक होते हैं, उनका यह स्वामी नहीं है, उदयकी बलवत्ता है, उनको ज्ञानी रोगके समान समझकर

आस्रवाः । तेषां तु तदास्रवणनिमित्तत्वनिमित्तम् अज्ञानमया आत्मपरिणामा रागद्वेषमोहाः ।

कसायजोगा–प्रथमा बहु० । कषाययोगौ–प्र० बहु० । य च–अव्यय । सण्णसण्णा संज्ञासंज्ञाः–प्र० बहु० । दु तु–अव्यय । बहुविहभेया बहुविधभेदाः–प्र० बहु० । जीवे–सप्तमी एक० । तस्स तस्य–षष्ठी एक० । एव–अव्यय । अणण्णपरिणामा अनन्यपरिणामाः–प्र० बहु० । णाणावरणादीयस्स ज्ञानावरणाद्यस्य–षष्ठी ए० ।

मेटना चाहता है । इस अपेक्षासे ज्ञानीके राग नहीं है । मिथ्यात्वसहित जो रागादिक होते हैं, वे ही अज्ञानमय राग द्वेष मोह हैं और वे अज्ञानीके ही हैं, सम्यग्दृष्टिके नहीं हैं ।

सिद्धान्त—(१) एक द्रव्यके द्वारा दूसरा द्रव्य परिणमाया नहीं जा सकता । (२) द्रव्य स्वयंके परिणमनके द्वारा स्वयंको परिणति क्रियासे स्वयंमें परिणमता है ।

दृष्टि—१– प्रतिषेधक शुद्धनय (४९अ) । २– कारककारकिभेदक शुद्ध सद्भूत व्यवहारनय (७३) ।

प्रयोग—स्वभाव व परभावमें अभेदबुद्धि न होकर स्वभावमें उपयुक्त होनेपर कर्मलेप नहीं होता है ऐसे निर्णयके बलसे स्वभावके अभिमुख रहनेका पौरुष करना ॥ २१८-२१९ ॥

अब पूर्व गाथाके अर्थको दृष्टान्त द्वारा दृढ़ करते हैं—[**विविधानि**] अनेक प्रकारके [**सचित्ताचित्तमिश्रितानि**] सचित्त अचित्त और मिश्रित [**द्रव्याणि**] द्रव्योंको [**भुंजानस्यापि**] भक्षण करते हुए भी [**शंखस्य**] शंखका [**श्वेतभावः**] सफेदपना [**कृष्णकः कर्तुं**] काला किया जानेके लिये [**नापि शक्यते**] रंच भी शक्य नहीं [**तथा**] उसी तरह [**विविधानि**] अनेक प्रकारके [**सचित्ताचित्तमिश्रितानि**] सचित्त अचित्त और मिश्रित [**द्रव्याणि**] द्रव्योंको [**भुंजानस्यापि**] भोगते हुए भी [**ज्ञानिनः**] ज्ञानीका [**ज्ञानं अपि**] ज्ञान भी [**अज्ञानतां नेतुं न शक्यं**] अज्ञानपनेको किया जाना शक्य नहीं है । और जैसे [**स एव शंखः**] वही शंख [**यदा**] जिस समय [**तकं श्वेतस्वभावं**] अपने उस श्वेतस्वभावको [**प्रहाय**] छोड़कर [**कृष्णभावं**] कृष्णभावको [**गच्छेत्**] प्राप्त होवे [**तदा**] तब [**शुक्लत्वं**] सफेदपनको [**प्रजह्यात्**] छोड़ देता है [**तथा**] उसी तरह [**ज्ञानी अपि**] ज्ञानी भी [**खलु यदा**] निश्चयसे जब [**तकं ज्ञानस्वभावं**] अपने उस ज्ञानस्वभावको [**प्रहाय**] छोड़कर [**अज्ञानेन परिणतः**] अज्ञानरूपसे परिणत होवे [**तदा**] उस समय [**अज्ञानतां**] अज्ञानपनेको [**गच्छेत्**] प्राप्त होता है ।

तात्पर्य—ज्ञानी किसी भी परद्रव्यके द्वारा अज्ञानरूप नहीं हो सकता है ।

टीकार्थ—जैसे परद्रव्यको भक्षण करते हुए भी शंखका श्वेतपन परद्रव्यके द्वारा काला

भुंजंतस्सवि विविहे सच्चित्ताचित्तमिस्सिये दव्वे ।
संखस्स सेदभावो णवि सक्कदि किण्णगो काउं ॥२२०॥
तह णाणिस्स वि विविहे सच्चित्ताचित्तमिस्सिए दव्वे ।
भुंजंतस्सवि णाणं ण सक्कमण्णाणदं णेदुं ॥२२१॥
जइया स एव संखो सेदसहावं तयं पजहिदूण ।
गच्छेज्ज किण्हभावं तइया सुक्कत्तणं पजहे ॥२२२॥
तह णाणी वि हु जइया णाणसहावं तयं पजहिऊण ।
अण्णाणेण परिणदो तइया अण्णाणदं गच्छे ॥२२३॥

मिश्र सचित्त अचित्त हि, नाना भोगोंको भोगते भी सो ।
शंखका श्वेतरूपक, किया नहीं जा सके काला ॥२२०॥
ज्यों भोक्ता भी नाना, सजीव निर्जीव मिश्र द्रव्योंका ।
ज्ञानीका ज्ञान कहीं, अज्ञान किया न जा सकता ॥२२१॥
जब ही वह शंख कभी, उस श्वेत स्वभावको छोड़ करके ।
पावे कालापनको, तब ही शुक्लत्वको तजता ॥२२२॥
त्यों ज्ञानी भी जब ही, अपने उस ज्ञानभावको तजकर ।
हो अज्ञानविपरिणत, तब ही अज्ञानको पाता ॥२२३॥

नामसंज्ञा—भुंजंत, वि, विविह, सच्चित्ताचित्तमिस्सिय, दव्व, संख, सेदभाव, ण, वि, किण्णग, तह, णाणि, वि, विविह, सच्चित्ताचित्तमिस्सिय, दव्व, भुंजंत, वि, णाण, ण, सक्क, अण्णाणद, जइया, स, एव,

किया जानेके लिये शक्य नहीं है, क्योंकि परमें परभावस्वरूप करनेका निमित्तपना नहीं होता। उसी तरह परद्रव्यको भोगते हुए भी ज्ञानीका ज्ञान परके द्वारा अज्ञानरूप नहीं किया जा सकता, क्योंकि दूसरेमें परभावस्वरूप करनेका निमित्तपना नहीं है। इस कारण ज्ञानीके परापराधनिमित्तक बंध नहीं है। और जिस समय वही शंख परद्रव्यको भोगता हो अथवा न भोगता हो, परन्तु अपने श्वेतपनेको छोड़कर स्वयमेव कृष्णभाव स्वरूप परिणमता है उस समय इस शंखका श्वेतभाव अपने द्वारा ही किया गया कृष्णभाव स्वरूप होता है, उसी तरह वही ज्ञानी परद्रव्यको भोगता हो अथवा न भोगता हो, परन्तु जिस समय अपने ज्ञानको छोड़ स्वयमेव अज्ञानसे परिणमन करे उस समय इसका ज्ञान अपना ही किया अज्ञानरूप होता है।

भुंजानस्यापि विविधानि सचित्ताचित्तमिश्रितानि द्रव्याणि। शंखस्य श्वेतभावो नापि शक्यते कृष्णकः कर्तुं। तथा ज्ञानिनोऽपि सचित्ताचित्तमिश्रितानि द्रव्याणि। भुंजानस्यापि ज्ञानं न शक्यमज्ञानतां नेतुं ॥२२१॥ यदा स एव शंखः श्वेतस्वभावं तत्कं प्रहाय। गच्छेत् कृष्णभावं तदा शुक्लत्वं प्रजह्यात् ॥२२२॥ तथा ज्ञान्यपि खलु यदा ज्ञानस्वभावं तत्कं प्रहाय। अज्ञानेन परिणतस्तदा अज्ञानतां गच्छेत् ॥२२३॥

यथा खलु शंखरूप परद्रव्यमुपभुंजानस्यापि न परेण श्वेतभावः कृष्णीकर्तुं शक्येत परस्य परभावत्वनिमित्तत्वानुपपत्तेः। तथा किल ज्ञानिनः परद्रव्यमुपभुंजानस्यापि न परेण ज्ञानमज्ञानं कर्तुं शक्येत परस्य परभावत्वनिमित्तत्वानुपपत्तेः। ततो ज्ञानिनः परापराधनिमित्तो नास्ति बंधः। यथा च यदा स एव शंखः परद्रव्यमुपभुंजानोऽनुपभुंजानो वा श्वेतभावं प्रहाय स्वयमेव कृष्णभावेन परिणमते तदास्य श्वेतभावः स्वयंकृतः कृष्णभावः स्यात्। तथा यदा स

संख, सेदसहाव, तय, किण्हभाव, तइया, सुक्कत्तण, तह, णाणि, वि, हु, जइया, णाणसहाव, तय, अण्णाण, परिणद, तइया, अण्णाणद। **धातुसंज्ञ** भुंज भक्षणे भोगे च, सक्क सामर्थ्ये, कर करणे, ने प्रापणे, प-जहा त्यागे, मच्छ गतौ। **प्रातिपदिक**—भुंजान, अपि, विविध, सचित्ताचित्तमिश्रित, द्रव्य, शंख, श्वेतभाव, न, अपि, कृष्णक, तथा, ज्ञानिन्, अपि, विविध, सचित्ताचित्तमिश्रित, द्रव्य, भुंजान, अपि, ज्ञान, न, शक्य,

---

इस कारण ज्ञानीके परका किया बन्ध नहीं है आप ही अज्ञानी बने तब अपने अपराधके कारण से बंध होता है। **भावार्थ**—जैसे शंख सफेद है वह काले पदार्थको भक्षण करे तो भी काला नहीं होता, जब स्वयं ही कालिमारूप परिणमे तब काला होता है उसी प्रकार ज्ञानी उपभोग करता हुआ भी अज्ञानरूप नहीं होता जब वह स्वयमेव अज्ञानरूप परिणमन करे तब अज्ञानी होता है, तभी अज्ञानके कारण बंध करता है।

अब इस तथ्यको कलशरूप काव्यमें कहते हैं—**ज्ञानिन्** इत्यादि। **अर्थ**—हे ज्ञानी! तुझे कुछ भी कर्म करनेके लिये उचित नहीं है तो भी यदि यह कहा जा रहा है कि परद्रव्य मेरा कभी भी नहीं है और मैं उसे भोगता हूं सो यह बड़े खेदकी बात है कि जो तेरा नहीं उसको तू भोगता है सो तू खोटा खाने वाला है। यदि तू कहे कि परद्रव्यके उपभोगसे बंध नहीं होता ऐसा सिद्धान्तमें कहा इसलिये भोगता हूं, तो क्या तुझे भोगनेकी इच्छा है? तू ज्ञानरूप हुआ अपने स्वरूपमें निवास कर तो बंध नहीं है अन्यथा याने यदि भोगनेकी इच्छा करेगा तो तू निश्चित अपने अपराधसे बन्धको प्राप्त होगा। **भावार्थ**—परद्रव्यके भोगने वालेको तो लोकमें चोर अन्यायी कहते हैं। सिद्धान्तमें जो उपभोगसे बंध नहीं कहा है वह ऐसे है कि ज्ञानी यदि इच्छाके बिना परकी जबरजोरीसे उदयमें आयेको भोगे तो उसके बंध नहीं कहा और जो इच्छासे भोगेगा तो आप स्वयं अपराधी हुआ, तब बंध क्यों न होगा?

अब इसी अर्थका दृढ़ीकरण काव्यमें करते हैं—**कर्तारं** इत्यादि। **अर्थ**—कर्म अपने

एव ज्ञानी परद्रव्यमुपभुंजानोऽनुपभुंजानो वा ज्ञानं प्रहाय स्वयमेवाज्ञानेन परिणमेत तदास्य ज्ञानं स्वयंकृतमज्ञानं स्यात् । ततो ज्ञानिनः स्वापराधनिमित्तो बंधः ।। ज्ञानिन् कर्म न जातु कर्तुमुचितं किंचित्तथाप्युच्यते भुंक्ष्वे हंत न जातु मे यदि परं दुर्भुक्त एवासि भोः । बंधः स्या-दुपभोगतो यदि न तत्किं कामचारोऽस्ति ते ज्ञानं सन्वस बंधमेष्यपरथा स्वस्यापराधाद्ध्रुवं ।

अज्ञानता, यदा, तत्, एव, शंख, श्वेतस्वभाव, तक, कृष्णभाव, तदा, शुक्लत्व, तथा, ज्ञानिन्, अपि, खलु, यदा, ज्ञानस्वभाव, तक, अज्ञान, परिणत, तदा, अज्ञानता । **मूलधातु**—भुज-भोगे रुधादि, शक सामर्थ्ये दिवादि, डुकृञ् करणे, णिञ् प्रापणे तुदादि, प्र-ओहाक् त्यागे जुहोत्यादि, गम्लृ गतौ । **पदविवरण**—भुंज-तस्स भुंजानस्य—षष्ठी एक० । वि अपि—अव्यय । विविहे विविधान्—द्वि० बहु० । सच्चित्ताचित्तमिस्सिए सचित्ताचित्तमिश्रितानि—द्वितीया बहु० । दव्वे द्रव्याणि—द्वितीया बहु० । संखस्य शंखस्य—षष्ठी एक० ।

करने वाले कर्ताको अपने फलके साथ जबरदस्तीसे तो लगता ही नहीं कि मेरे फलको तू भोग । कर्मफलका इच्छुक ही कर्मको करता हुआ उस कर्मके फलको पाता है । इस कारण जो जीव उपयोगमें ज्ञानरूप हुआ, तथा जिसकी रागकी रचना कर्ममें दूर हो गई है ऐसा मुनि कर्मके फलका परित्यागरूप एक स्वभाव होनेसे कर्मको करता हुआ भी कर्मसे नहीं बंधता **भावार्थ**—कर्म तो कर्ताको जबरदस्तीसे अपने फलके साथ जोड़ता ही नहीं, परंतु जो कर्मको करता हुआ उसके फलकी इच्छा करता है वही उसका फल पाता है । इस कारण जो ज्ञानी ज्ञानरूप होता हुआ कर्मफलपरित्यागरूप भावनासहित होकर कर्मके करनेमें राग न करे तथा उसके फलकी आगामी इच्छा न करे वह मुनि कर्मोंसे नहीं बंधता ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्वकी दो गाथाओंमें बताया गया था कि परद्रव्यमें राग न करने वाला कर्मसे लिप्त नहीं होता और परद्रव्यमें राग करने वाला कर्मसे लिप्त हो जाता है । उसी विषयमें यहाँ यह बताया गया है कि ऐसा रागमूल अज्ञानपना उपभोगसे नहीं होता किन्तु ज्ञानस्वभावको तजकर अज्ञान परिणमन करनेसे होता है ।

तथ्यप्रकाश—१—उपभोग्य परद्रव्य जीवका अज्ञानपना नहीं कर सकता । २—वियोग-बुद्धिसे करना पड़ रहा उपभोग अज्ञानपना नहीं कर सकता । ३—शंखकीट द्वारा खाई जाने वाली मिट्टी श्वेत शंखदेहको काला नहीं कर सकती । ४—चारित्रमोहविपाकवश करना पड़ रहा उपभोग ज्ञानीको अज्ञानमय नहीं बना सकता । ५—भेदविज्ञान खो देनेपर विकारके लगाव के कारण आत्मा ज्ञानको छोड़कर अज्ञानरूप परिणम जाता है । ६—भोगनेकी इच्छा होनेपर "परद्रव्यके उपयोगसे बंध नहीं होता" ऐसी गप्प झाड़नेसे बन्ध नहीं रुकता ।

सिद्धान्त—१—कोई द्रव्य अन्यके भावका कर्ता नहीं होता । २—ज्ञानभावको छोड़कर जीव स्वयं ही अज्ञानरूप परिणमता है ।

कर्तारं स्वफलेन यत्किल बलात्कर्मैव नो योजयेत्, कुर्वाणः फललिप्सुरेव हि फलं प्राप्नोति यत्कर्मणः। ज्ञानं संस्तदपास्तरागरचनो नो बध्यते कर्मणा, कुर्वाणोऽपि हि कर्म तत्फलपरित्यागैकशीलो मुनिः ॥१५२॥ ॥ २२०-२२३ ॥

सेदभावो श्वेतभावः–प्रथमा एक०। ण न–अव्यय। वि अपि–अव्यय। सक्कदि शक्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन भावकर्मवाच्य क्रिया। किण्हगो कृष्णकः–प्रथमा एक०। काउं कर्तुं–कृदन्त प्रयोजनार्थे। तह तथा–अव्यय। णाणिस्स ज्ञानिनः–षष्ठी एक०। वि अपि–अव्यय। सच्चित्ताचित्तमिस्सिए सचित्ताचित्तमिश्रितानि–द्वि० बहु०। दव्वे द्रव्याणि–द्वितीया बहु०। भुंजंतस्स भुंजानस्य–षष्ठी एक०। वि अपि–अव्यय। णाणं ज्ञानं–प्रथमा एक०। ण न–अव्यय। सक्कं शक्यं–प्रथमा एक०। अण्णाणदं अज्ञानतां–द्वि० एक०। णेदुं नेतुं–कृदन्त प्रयोजनार्थे। जइया यदा–अव्यय। स सः–प्रथमा एक०। एव–अव्यय। संखो शंखः–प्रथमा एकवचन। सेदसहावं श्वेतस्वभावं–द्वितीया एक०। तयं तकं–द्वितीया एकवचन। पजहिदूण प्रहाय–असमाप्तिकी क्रिया। गच्छेज्ज गच्छेत्–विधिलिङ् अन्य पुरुष एकवचन। किण्हभावं कृष्णभावं–द्वितीया एकवचन। तइया तदा–अव्यय। सुक्कत्तणं शुक्लत्वं–द्वि० ए०। पजहे प्रजह्यात्–लिङ् अन्य पुरुष एक० क्रिया। तह तथा–अव्यय। णाणी ज्ञानी–प्र० ए०। णाणसहावं ज्ञानस्वभावं–द्वि० ए०। तयं तकं–द्वि० ए०। पजहिदूण प्रहाय–अव्यय। अण्णाणेण अज्ञानेन–तृ० ए०। परिणदो परिणतः–प्र० ए०। तइया तदा–अव्यय। अण्णाणदं अज्ञानतां–द्वि० ए०। गच्छेज्ज गच्छेत्–लिङ् अन्य पुरुष एकवचन ॥२२०–२२३॥

दृष्टि—१–अकर्तृत्वनय (१९०)। २–अशुद्धनिश्चयनय (४७)।

प्रयोग—वस्तुतः परद्रव्यका उपभोग किया ही नहीं जा सकता, मात्र मिथ्या विकल्प ही भोगा जा पाता यह तथ्य जानकर भोगनेकी इच्छा छोड़कर ज्ञानानुभूतिका ज्ञानरूप पौरुष करना। २२०–२२३॥

अब पूर्वोक्त गाथार्थको दृष्टांतसे दृढ़ करते हैं:— [**यथा**] जैसे [**इह**] इस लोकमें [**कोपि पुरुषः**] कोई पुरुष [**वृत्तिनिमित्तं तु**] आजीविकाके लिये [**राजानं**] राजाको [**सेवते**] सेवता है [**तत्**] तो [**स राजापि**] वह राजा भी उसको [**सुखोत्पादकान्**] सुखके उपजाने वाले [**विविधान्**] अनेक प्रकारके [**भोगान्**] भोगोंको [**ददाति**] देता है [**एवमेव**] इसी तरह [**जीवपुरुषः**] जीव नामक पुरुष [**सुखनिमित्तं**] सुखके लिये [**कर्मरजः**] कर्मरूपी रजको [**सेवते**] सेवता है [**तत्**] तो [**तत्कर्म अपि**] वह कर्म भी उसे [**सुखोत्पादकान्**] सुखके उपजाने वाले [**विविधान् भोगान्**] अनेक प्रकारके भोगोंको [**ददाति**] देता है [**पुनः**] और [**यथा**] जैसे [**स एव पुरुषः**] वही पुरुष [**वृत्तिनिमित्तं**] आजीविकाके लिये [**राजानं**] राजाको [**न सेवते**] नहीं सेवता है [**तत्**] तो [**स राजा अपि**] वह राजा भी उसे [**सुखोत्पादकान्**] सुखके उपजाने वाले [**विविधान्**] अनेक प्रकारके [**भोगान्**] भोगोंको [**न ददाति**] नहीं देता है [**एवमेव**] इसी तरह [**सम्यग्दृष्टिः**] सम्यग्दृष्टि [**विषयार्थं**] विषयोंके लिये [**कर्मरजः**] कर्म-

पुरिसो जह कोवि इह वित्तिणिमित्तं तु सेवए रायं ।
तो सोवि देदि राया विविहे भोए सुहुप्पाए ॥२२४॥
एमेव जीवपुरिसो कम्मरयं सेवदे सुहणिमित्तं ।
तो सोवि देइ कम्मो विविहे भोए सुहुप्पाए ॥२२५॥
जह पुण सो चिय पुरिसो वित्तिणिमित्तं ण सेवदे रायं ।
तो सो ण देइ राया विविहे भोए सुहुप्पाए ॥२२६॥
एमेव सम्मदिट्ठी विसयत्थं सेवए ण कम्मरयं ।
तो सो ण देइ कम्मो विविहे भोए सुहुप्पाए ॥२२७॥ (चतुष्कम्)

जैसे यहाँ कोई पुरुष, वृत्तिनिमित्त सेवितादि भूपतिको ।
तो वह राजा इसको, सुखकारी भोग देता है ॥२२४॥
वैसे यहाँ जीव पुरुष, सुखनिमित्त कर्म धूल सेता है ।
तो वह कर्म भि नाना, सुखकारी भोग देता है ॥२२५॥
जैसे वही पुरुष जब, वृत्तिनिमित्त नहिं सेवता नृपको ।
तो वह राजा भि नहीं, सुखकारी भोग देता है ॥२२६॥
त्यों ही सम्यग्दृष्टी, विषयनिमित्त कर्म धूल नहिं सेता ।
तो वह कर्म भी नहीं, सुखकारी भोग देता है ॥२२७॥

नामसंज्ञ—पुरिस, जह, क, वि, इह, वित्तिणिमित्त, तु, राय, तो, त, वि, राय, विविह, भोअ, सुहुप्पाद, एमेव, जीवपुरिस, कम्मरय, सुहणिमित्त, तो, त, वि, कम्म, विविह, भोअ, सुहुप्पाद, एमेव, सम्मदिट्ठि, विसयत्थं, ण, कम्मरय, तो, त, ण, कम्म, विविह, भोअ, सुहुप्पाद । **धातुसंज्ञ**—सेव सेवायां, दद दाने । **प्रातिपदिक** – पुरुष, यथा, किम्, अपि, इह, वृत्तिनिमित्त, तु, राजन्, तत्, तत्, अपि, राजन्, विविध, रूपो राजको [**न सेवते**] नहीं सेवता [**तत्**] तो [**तत्कर्म अपि**] वह कर्म भी उसे [**सुखोत्पादकान्**] सुखके उपजाने वाले [**विविधान् भोगान्**] अनेक प्रकारके भोगोंको [**न ददाति**] नहीं देता ।

तात्पर्य—कर्मफलकी इच्छासे कर्मसेवन करनेवालेको नवीन बद्ध कर्म आगे भी सुख दुःखादि फल देता है और कर्मफलकी इच्छासे कर्मसेवन करनेवालेको कर्मफल नहीं मिलता ।

टीकार्थ—जैसे कोई पुरुष फलके लिये राजाकी सेवा करता है तो वह कर्म उसे फल देता है । और जैसे वही पुरुष फलके लिये राजाकी सेवा नहीं करता तो राजा भी उसको

पुरुषो यथा कोपीह वृत्तिनिमित्तं तु सेवते राजानं। तत्सोऽपि ददाति राजा विविधान् भोगान् सुखोत्पादकान्। एवमेव जीवपुरुषः कर्मरजः सेवते सुखनिमित्तं। तत्तदपि ददाति कर्म विविधान् भोगान् सुखोत्पादकान्। यथा पुनः स एव पुरुषो वृत्तिनिमित्तं न सेवते राजानं। तत्सोऽपि न ददाति राजा विविधान् भोगान् सुखो०। एवमेव सम्यग्दृष्टिर्विषयार्थं सेवते न कर्मरजः। तत्तन्न ददाति कर्म विविधान् भोगान् सुखोत्पादकान्।

यथा कश्चित्पुरुषः फलार्थं राजानं सेवते ततः स राजा तस्य फलं ददाति। तथा जीवः फलार्थं कर्म सेवते ततस्तत्कर्म तस्य फलं ददाति। यथा च स एव पुरुषः फलार्थं राजानं न सेवते ततः स राजा तस्य फलं न ददाति। तथा सम्यग्दृष्टिः फलार्थं कर्म न सेवते ततस्तत्कर्म तस्य फलं न ददातीति तात्पर्यं। त्यक्तं येन फलं स कर्म कुरुते नेति प्रतीमो वयं, किन्त्वस्यापि कुतोऽपि किंचिदपि तत्कर्मावशेनापतेत्। तस्मिन्नापतिते त्वकंपपरमज्ञानस्वभावे स्थितो

भोग, सुखोत्पादक, एवं, एव, जीवपुरुष, कर्मरजस्, सुखनिमित्त, तत्, तत्, अपि, कर्मन्, विविध, भोग, सुखोत्पादक, यथा, पुनर्, तत्, एव, पुरुष, वृत्तिनिमित्त, न, राजन्, तत्, तत्, अपि, न, राजन्, विविध, भोग, सुखोत्पादक, एवं, एव, सम्यग्दृष्टि, विषयार्थं, न, कर्मरजस्, तत्, तत्, न, कर्मन्, विविध, भोग, सुखोत्पादक। **मूलधातु**—सेव सेवायां, डुदाञ् दाने जुहोत्यादि। **पदविवरण**—पुरिसो पुरुषः—प्रथमा ए०। जह यथा—अव्यय। को कः—प्रथमा एक०। वि अपि—अव्यय। इह—अव्यय। वित्तिणिमित्तं वृत्तिनिमित्तं—

फल नहीं देता। उसी तरह सम्यग्दृष्टि फलके लिये कर्मको नहीं सेवता तो वह कर्म भी उसको फल नहीं देता, यह कहनेका तात्पर्य है। **भावार्थ**— कोई फलकी इच्छासे कर्म करे तो उसका फल मिलता है इच्छाके बिना कर्म करे तो उसका फल नहीं मिलता। ज्ञानीपर पूर्वकर्मविपाकवश कुछ घटना बने तो भी उससे अलग रहता हुआ ज्ञानस्वभावमें ही रुचि रखता है, अतः न अब वैसा कर्मफल मिला और वैसा कर्मबन्ध न होनेसे आगे भी कर्मफल न मिलेगा।

अब यहाँ जिज्ञासा होती है कि जिनको फलकी इच्छा नहीं है, वह कर्म क्यों करेगा इसके समाधानमें काव्य कहते हैं—त्यक्तं इत्यादि। **अर्थ**—जिसने कर्मका फल छोड़ दिया है और कर्म करता है यह हम विश्वास नहीं करते परंतु यहाँ इतना विशेष है कि ज्ञानीके भी किसी कारणसे कुछ कर्म इसके वश बिना आ पड़ते हैं उनके आनेपर भी यह ज्ञानी निश्चल परमज्ञानस्वभावमें ठहरता हुआ कुछ कर्म करता है या नहीं करता यह कौन जानता है। **भावार्थ**— ज्ञानीके परवशतासे कर्म आ पड़े हैं, उनके होनेपर भी ज्ञानी ज्ञानसे चलायमान नहीं होता, ऐसे परमज्ञानस्वभावमें स्थित हुआ यह ज्ञानी कर्म करता है कि नहीं यह बात कौन जान सकता है, ज्ञानीकी बात ज्ञानी ही जानता है अज्ञानीका सामर्थ्य ज्ञानीके परिणामको जाननेका नहीं है। यहाँ ज्ञानी कहनेसे अविरत सम्यग्दृष्टिसे लेकर ऊपरके सभी ज्ञानी समझना। उनमें से अविरत सम्यग्दृष्टि, देशविरत तथा आहार विहार करने वाले मुनियोंकी बाह्यक्रिया प्रवर्तती है तो भी अंतरंग मिथ्यात्वके अभावसे तथा यथासंभव कषायके अभावसे परिणाम

ज्ञानी किं कुरुतेऽथ किं न कुरुते कर्मेति जानाति कः ॥१५३॥ सम्यग्दृष्टय एव साहसमिदं कर्तुं क्षमंते परं, यद्वज्रेऽपि पतत्यमी भयचलत्त्रैलोक्यमुक्ताध्वनि । सर्वमिव निसर्गनिर्भयतया शंकां

क्रियाविशेषण । तु–अव्यय । सेवए सेवते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । रायं राजानं–द्वितीया एक० । तो तत्–अव्यय । अवि अपि–अव्यय । देदि ददाति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । राया राजा–प्रथमा एकवचन । विविहे विविधान्–द्वितीया बहु० । भोए भोगान्–द्वि० बहु० । सुहुप्पाए सुखोत्पादकान्–द्वि० बहु० । एमेव एवमेव–अव्यय । जीवपुरिसो जीवपुरुषः–प्रथमा एकवचन । कम्मरयं कर्मरजः–द्वितीया ए० । सेवदे सेवते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । सुहणिमित्तं सुखनिमित्तं–यथा स्यात्तथा क्रियाविशेषण । सो सः–प्रथमा एक० । वि अपि–अव्यय । देइ ददाति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । कम्मो कर्म–प्रथमा एक० । विविहे विविधान्–द्वितीया बहु० । भोए भोगान्–द्वितीया बहु० । सुहुप्पाए सुखोत्पादकान्–द्वि०

उज्ज्वल हैं । उनके उजलापनको ज्ञानी ही जानते हैं मिथ्यादृष्टि उनका उजलापनको नहीं जानता । मिथ्यादृष्टि तो बहिरात्मा है बाहरसे ही भला बुरा मानता है, अंतरात्माकी परिणति को मिथ्यादृष्टि क्या जान सकता है ?

अब इसी अर्थके समर्थनमें ज्ञानीके निःशंकित नामक गुणकी सूचनारूप काव्य कहते हैं—**सम्यग्दृष्टयः** इत्यादि । **अर्थ**—ऐसा साहस एक सम्यग्दृष्टि ही कर सकता है कि जिस भय से तीन लोक अपना मार्ग छोड़ देते यानें चलायमान हो गये ऐसे वज्रपातके पड़नेपर भी वे स्वभावसे ही निर्भयपना होनेके कारण सब शंकाओंको छोड़कर जिसका ज्ञानरूपी शरीर किसीसे भी बाधित नहीं हो सकता ऐसे अपने आत्माको जानते हुए स्वयं ज्ञानमें प्रवृत्त होते हैं, ज्ञानसे च्युत नहीं होते । **भावार्थ**—वज्रपातके पड़नेपर भी ज्ञानी अपने स्वरूपको निर्बाध ज्ञानशरीररूप मानता हुआ ज्ञानसे चलायमान नहीं होता, वह ऐसी शंका नहीं रखता कि इस वज्रपातसे मेरा विनाश हो जायगा । पर्यायका विनाश होवे तो उसका विनाशीक स्वभाव है ही । ज्ञानी तो शुभाशुभ कर्मोदयमें भी ज्ञानरूप परिणमते हैं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाचतुष्कमें यह सिद्ध किया गया था कि ज्ञानदृष्टि छोड़कर यह जीव खुद अज्ञानरूप परिणमता है । अब इस गाथाचतुष्कमें दृष्टान्तपूर्वक उसी निष्कर्षके समर्थनमें कहा गया कि सरागपरिणामसे बंध होता है और वीतरागपरिणामसे मोक्ष होता है ।

तथ्यप्रकाश—(१) विषयसुखके निमित्त कर्मबन्ध करनेवाले अज्ञानीको वह बद्धकर्म सुखोत्पादक भोगका निमित्त कारण होता है । (२) शुभकर्मके निमित्तु सनिदान शुभकर्मका अनुष्ठान करने वाले जीवको भविष्यमें वह पापानुबन्धी पुण्य भोगलाभका निमित्त कारण होता है । (३) उदयागत कर्मफलको उपादेयबुद्धिसे न भोगने वाले ज्ञानीको अर्थात् विषय-

विहाय स्वयं जानंतः स्वमबध्यबोधवपुषं बोधाच्च्यवंते न हि ॥१५४॥ ॥ २२४-२२७ ॥

बहु० । जह यथा–अव्यय । पुण पुनः–अव्यय । सो सः–प्रथमा एक० । चिय चैव–अव्यय । पुरिसो पुरुषः–प्रथमा एक० । वित्तिणिमित्तं वृत्तिनिमित्तं–क्रियाविशेषण । ण न–अव्यय । सेवदे सेवते, रायं राजानम्–द्वि० एक० । सो सः–प्रथमा एक० । ण न–अव्यय । सम्मदिट्ठी सम्यग्दृष्टिः–प्र० ए० । विषयत्थं विषयार्थं–अव्यय । सेवए सेवते, ण न, कम्मरयं कर्मरजः–द्वि० ए० । सो सः, ण न, देइ ददाति, कम्मो कर्म–प्र० ए० । विविहे विविधान्, भोए भोगान्, सुहुप्पाए सुखोत्पादकान्–द्वितीया बहुवचन ॥ २२४-२२७ ॥

सुखके लिये नहीं सेवने वाले ज्ञानीको वह कर्म विषयसुखोत्पादक शुद्धात्मभावनाविनाशक रागादिभावोंका कारण नहीं बनता । (४) कर्मफलका परित्याग करने वाले ज्ञानीपर कर्म-विपाकवश कुछ परिस्थिति पड़नेपर भी वह तो निष्कंप ज्ञानस्वभावके ही अभिमुख रहता है ।

सिद्धान्त—(१) कर्मफलसे विरक्त शुद्धात्मभावनापरिणतके कर्मनिर्जरा होती है । (२) परभावरागसे बँधा कर्म उदयकालमें आकुलतारूप परभावोपभोगका निमित्त होता है ।

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब) । २– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) ।

प्रयोग—भोगोपभोगकी आकांक्षारहित होकर शुद्ध अन्तस्तत्त्वका लक्ष्य रखकर भी हो रहे कर्मविपाकका मात्र जाननहार रहनेका पौरुष करना ॥ २२४-२२७ ॥

अब सम्यग्दृष्टिका निःशंकित अंग कहते हैं—[**सम्यग्दृष्टयः जीवाः**] सम्यग्दृष्टि जीव [**निःशंका भवंति**] निःशंक होते हैं [**तेन**] इसी कारण [**निर्भयाः**] निर्भय हैं और [**यस्मात्**] चूँकि वे [**सप्तभयविप्रमुक्ताः**] सप्तभयसे रहित हैं [**तस्मात्**] इस कारण [**निःशंकाः**] निःशंक हैं ।

तात्पर्य—सम्यग्दृष्टि आत्मस्वरूपमें निःशंक होनेसे निर्भय है और निर्भय होनेसे निःशंक है ।

टीकार्थ— जिस कारण सम्यग्दृष्टि नित्य ही समस्त कर्मोंके फलको अभिलाषासे रहित होते हुए पूर्ण निरपेक्षतासे प्रवर्तन करते हैं इस कारण वे अत्यंत निःशंक सुदृढ़ निश्चयी होनेसे अत्यन्त निर्भय होते हैं ।

अब सप्तभयरहितका कलशकाव्योंमें वर्णन होगा उनमें इहलोक तथा परलोक संबंधी दो भयोंका निराकरण कहते हैं—**लोक** इत्यादि । **अर्थ**—यह चैतन्यस्वरूप लोक ही विविक्त आत्माका शाश्वत एक और सर्वकालमें प्रगट लोक है, क्योंकि मात्र चैतन्यस्वरूप लोकको यह ज्ञानी आत्मा स्वयमेव अकेला अवलोकन करता है । यह चैतन्यलोक ही तेरा है और इससे भिन्न दूसरा कोई लोक याने इहलोक या परलोक तेरा नहीं, ऐसा विचारते हुए ज्ञानीके इह-

सम्मादिट्ठी जीवा णिस्संका होंति णिब्भया तेण।
सत्तभयविप्पमुक्का जम्हा तम्हा दु णिस्संका ॥२२८॥

सम्यग्दृष्टी आत्मा, होते निःशंक हैं अतः निर्भय।
चूंकि वे सप्तभयसे, मुक्त इसीसे निशंक कहा ॥२२८॥

सम्यग्दृष्टयो जीवा निश्शंका भवंति निर्भयास्तेन। सप्तभयविप्रमुक्ता यस्मात्तस्मात्तु निश्शंकाः ॥२२८॥

येन नित्यमेव सम्यग्दृष्टयः सकलकर्मफलनिरभिलाषाः संतः, अत्यंतं कर्मनिरपेक्षतया वर्तन्ते तेन नूनमेते अत्यंतनिश्शंकदारुणाध्यवसायाः संतोऽत्यंतनिर्भयाः संभाव्यंते ॥ लोकः शाश्वत एक एष सकलव्यक्तो विविक्तात्मनः, चिल्लोकं स्वयमेव केवलमयं यं लोकयत्येककः। लोकोऽयं न तवापरस्तदपरस्तस्यास्ति तद्भीः कुतो, निश्शंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विंदति ॥१५५॥ एषैकैव हि वेदना यदचलं ज्ञानं स्वयं वेद्यते, निर्भेदोदितवेद्यवेदकबलादेकं सदानाकुलैः।

नामसंज्ञ—सम्मादिट्ठि, जीव, णिस्संक, णिब्भय, त, सत्तभयविप्पमुक्क, ज, त, दु, णिस्संक। **धातु-संज्ञ**—जीव प्राणधारणे, णिस्-संक शंकायां। **प्रातिपदिक**—सम्यग्दृष्टि, जीव, निश्शंक, निर्भय, तत्, सप्त-

---

लोक तथा परलोकका भय कैसे हो सकता है ? वह ज्ञानी तो स्वयं निःशंक हुआ हमेशा अपने को सहज ज्ञानस्वरूप अनुभवता है। **भावार्थ**—इस भवमें आजीवन अनुकूल सामग्री रहेगी या नहीं, ये लोग न मालूम मेरा क्या बिगाड़ करेंगे ऐसी चिन्ता रहना तो इस लोकका भय है और परभवमें न मालूम क्या होगा ऐसा भय रहना परलोकका भय है। किन्तु, ज्ञानी ऐसा जानता है कि मेरा लोक तो चैतन्यस्वरूपमात्र एक नित्य है जो सदा प्रगट है। सो मेरा लोक तो किसीका बिगाड़ा हुआ नहीं बिगड़ता। ऐसे विचारता हुआ ज्ञानी अपनेको सहज ज्ञानरूप अनुभवता है, उसके इहलोकका भय व परलोकका भय किस तरह हो सकता है ? कभी नहीं होता।

अब वेदनाके भयका निराकरण करते हैं—**एषैकैव** इत्यादि। **अर्थ**—भेदरहित उदित वेद्यवेदकके बलसे एक अचल ज्ञानस्वरूप ही स्वयं निराकुल पुरुषों द्वारा सदा वेदा जाता है, अनुभव किया जाता है। अन्यसे आई हुई वेदना ज्ञानीके होती ही नहीं है। इस कारण उस ज्ञानीके वेदनाका भय कैसे हो सकता है ? नहीं होता। वह तो निःशंक हुआ अपने सहज ज्ञानभावका सदा अनुभव करता है। **भावार्थ**—सुख दुःखको भोगनेका नाम वेदना है ज्ञानी तो एक अपने सहज ज्ञानमात्रस्वरूपको भोगता है। वह पुद्गलसे आई हुई वेदनाको वेदना ही नहीं जानता, इस कारण अन्य द्वारा आगत वेदनाका भय ज्ञानीको नहीं है। वह तो सदा निर्भय हुआ सहज ज्ञानका अनुभव करता है।

नैवान्यागतवेदनैव हि भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो, निश्शंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विंदति ॥१५६॥ यत्सन्नाशमुपैति तन्न नियतं व्यक्तेति वस्तुस्थितिर्ज्ञानं सत्स्वयमेव तत्किल ततस्त्रातं किमस्यापरैः । अस्यात्राणमतो न किंचन भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो, निःशंकः सततं

भयविप्रमुक्त, यत्, तत्, तु, निश्शंक । **मूलधातु**—जीव प्राणधारणे, निस्-शकि शंकायां भ्वादि । **पदविवरण**—सम्मादिट्ठी सम्यग्दृष्टिः—प्रथमा एक० । जीवा जीवाः—प्रथमा एक० । णिस्संका निःशंकाः—प्रथमा

अब अरक्षाके भयका निराकरण करते हैं—**यत्** इत्यादि । **अर्थ**—जो सत्स्वरूप है वह कभी भी नाशको प्राप्त नहीं होता ऐसी नियमसे वस्तुकी मर्यादा है । यह ज्ञान भी (ज्ञानमय आत्मा भी) स्वयं सत्स्वरूप वस्तु है उसका निश्चयसे दूसरेके द्वारा रक्षण कैसा ? इस प्रकार उस ज्ञानकी अरक्षा करने वाला कुछ भी नहीं है इस कारण ज्ञानीके अरक्षाका भय कैसे हो सकता है ? ज्ञानी तो निःशंक होता हुआ अपने सहज ज्ञानस्वरूपका सदा स्वयं अनुभव करता है । **भावार्थ**—ज्ञानी ऐसा जानता है कि सत् कभी नष्ट नहीं होता, ज्ञान स्वयं सत्स्वरूप है इस कारण ज्ञान स्वयं ही रक्षित है । ज्ञानीके अरक्षाका भय नहीं । वह तो निःशंक रहता हुआ अपने सहज ज्ञानका सदा अनुभव करता है ।

अब अगुप्तिभयका निराकरण करते हैं—**स्वं रूपं** इत्यादि । **अर्थ**—निश्चयतः वस्तुका निजरूप ही वस्तुकी परम गुप्ति है, स्वरूपमें अन्य कोई प्रवेश नहीं कर सकता । और अकृत सहजज्ञान ही पुरुषका स्वरूप है । अतः ज्ञानीके कुछ भी अगुप्ति नहीं है, ज्ञानीको अगुप्तिका भय कैसे हो सकता है ज्ञानी तो निःशंक हुआ निरंतर स्वयं सहज अपने ज्ञानभावका सदा अनुभव करता है । **भावार्थ**—जिसमें किसी चोर आदिका प्रवेश नहीं हो सके ऐसे गढ़ दुर्गादिकका नाम गुप्ति है, उसमें यह प्राणी निर्भय होकर रहता है । और जो गुप्त प्रदेश न हो, खुला हुआ हो, वहाँ रहनेसे जीवको भय उत्पन्न होता है । ज्ञानी ऐसा जान चुका है कि जो वस्तुका निज स्वरूप है उसमें दूसरी वस्तुका प्रवेश नहीं हो सकता है यही परमगुप्ति है । आत्माका स्वरूप ज्ञान है उसमें किसीका प्रवेश नहीं है । इसलिये ज्ञानीको भय कैसे हो सकता है ? ज्ञानी तो अपने सहज ज्ञानस्वरूपका निःशंक होकर निरंतर अनुभव करता है ।

अब मरणभयका निराकरण करते हैं—**प्राणो** इत्यादि । **अर्थ**—प्राणोंके उच्छेद होने को मरण कहते हैं सो आत्माका प्राण निश्चयतः ज्ञान है, वह स्वयमेव शाश्वत है इसका कभी उच्छेद नहीं हो सकता, इस कारण आत्माका मरण नहीं है । तब फिर ज्ञानीके मरण का भय कैसे हो ? ज्ञानी तो निःशंक हुआ निरन्तर अपने सहज ज्ञानभावका स्वयं सदा अनुभव करता है । **भावार्थ**—इंद्रियादिक प्राणोंके विनाशको मरण कहते हैं, आत्माके इंद्रियादिक प्राण

स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विंदति ॥१५७॥ स्वं रूपं किल वस्तुनोऽस्ति परमा गुप्तिः स्वरूपे न य-च्छक्तः कोऽपि परः प्रवेष्टुमकृतं ज्ञानं स्वरूपं च नुः । अस्यागुप्तिरतो न काचन भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो, निश्शंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विंदति ॥१५८॥ प्राणोच्छेदमुदाहरंति मरणं प्राणाः किलास्यात्मनो, ज्ञानं तत्स्वयमेव शाश्वततया नो छिद्यते जातुचित् । तस्यातो मरणं न किंचन भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो, निश्शंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विंदति ॥१५९॥

बहु० । होंति भवंति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० । णिब्भया निर्भयाः–प्रथमा बहु० । तेण तेन–तृतीया एक० । सत्तभयविप्पमुक्का सप्तभयविप्रमुक्ताः–प्र० बहु० । जम्हा यस्मात्–पंचमी एक० । तम्हा तस्मात्–

परमार्थ स्वरूप नहीं हैं । परमार्थतः आत्माका ज्ञान ही प्राण है वह ज्ञान प्राण अविनाशी है, अतः आत्माके मरण नहीं । इस कारण ज्ञानीको मरणका भय नहीं है । ज्ञानी तो अपने ज्ञानस्वरूपका निःशंक होता हुआ निरंतर स्वयं अनुभव करता है ।

अब आकस्मिक भयका निराकरण करते हैं—**एकं** इत्यादि । **अर्थ**—ज्ञान एक है, अनादि है, अनंत है, अचल है, और निश्चयतः स्वतः ही सिद्ध है सो जब तक वह है तब तक सदा वही है, इसमें दूसरेका उदय नहीं है, इस कारण इसमें आकस्मिक कुछ भी नहीं है । तब ज्ञानीको आकस्मिक भय कैसे हो सकता है । ज्ञानी तो निःशंक हुआ निरंतर अपने सहज ज्ञानस्वभावका सदा अनुभव करता है । **भावार्थ**—अकस्मात् भयानक पदार्थसे प्राणीके भय उत्पन्न होनेको आकस्मिक भय कहते हैं । सो आत्माका ज्ञानस्वरूप अविनाशी, अनादि, अनन्त अचल, एक है, इसमें दूसरेका प्रवेश नहीं है, अतः आत्मामें नवीन अकस्मात् कुछ नहीं होता । ऐसा ज्ञानी जानता है फिर, उसके अकस्मात् भय कैसे हो ? इस लिये ज्ञानी अपने ज्ञानभाव का निःशंक निरंतर अनुभव करता है इस प्रकार सात भय ज्ञानीके नहीं हैं ।

अब सम्यग्दृष्टिके निःशंकितादि अंगोंका प्रताप काव्यमें कहते हैं—**टंकोत्कीर्ण** इत्यादि । **अर्थ**—चूंकि टंकोत्कीर्णवत् एकस्वभाव निजरससे व्याप्त ज्ञानसर्वस्वको अनुभवने वाले सम्यग्दृष्टि के निःशंकितादि लक्षण समस्त कर्मोंका हनन करते हैं, इस कारण फिर भी याने कभी भी सम्यग्दृष्टिके शंकादिदोषकृत कर्मबन्ध लेशमात्र भी नहीं होता और पूर्वबद्ध कर्मको भोगते हुए उसके निश्चित निर्जरा ही होती है । **भावार्थ**—पूर्वबद्ध भयादि प्रकृतियोंका अनुभाग प्रतिफलित होता है उसे भोगते हुए भी ज्ञानीके शंकादिकृत बन्ध रंच भी नहीं होता, प्रत्युत निर्जरा ही होती है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाचतुष्कमें यह प्रसिद्ध किया गया था कि सरागपरिणामसे बंध होता है और वीतराग परिणामसे मोक्ष होता है । अब इस गाथामें बताया है कि

एकं ज्ञानमनाद्यनंतमचलं सिद्धं किलैतत्स्वतो, यावत्तावदिदं सदैव हि भवेन्नात्र द्वितीयोदयः। तन्नाकस्मिकमत्र किंचन भवेत्तद्धीः कुतो ज्ञानिनो, निश्शंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विंदति ॥ १६० ॥ टंकोत्कीर्णस्वरसनिचितज्ञानसर्वस्वभाजः, सम्यग्दृष्टेर्यदिह सकलं घ्नंति लक्षमाणि कर्म। तत्तस्यास्मिन्पुनरपि मनाक्कर्मणो नास्ति बंधः, पूर्वोपात्तं तदनुभवतो निश्चितं निर्जरैव ॥१६१॥ ॥ २२८ ॥

पंचमी एकवचन। दु तु—अव्यय। निस्संका निश्शंकाः—प्रथमा बहुवचन ॥ २२८ ॥

फलाकांक्षारहित तत्त्वज्ञ आत्मा निःशङ्क और निर्भय रहते हैं।

तथ्यप्रकाश—(१) ज्ञानी कर्मफलाकांक्षारहित होनेसे कर्मनिरपेक्ष रहते हैं। (२) कर्मनिरपेक्ष रहनेसे ज्ञानीको स्वभावाभिमुख रहनेमें निःशङ्क वृत्ति रहती है। (३) आत्मविषयमें अत्यन्त निःशङ्क होनेसे ज्ञानी अत्यन्त निर्भय रहते हैं। (४) निज सहज परमात्मतत्त्वकी भावनारूप अमृतके स्वादसे तृप्त सम्यग्दृष्टि घोर उपसर्गमें भी अविकार सहजस्वरूपकी लगनको नहीं छोड़ते। (५) सप्तभयरहित होनेसे ज्ञानी शुद्धात्मस्वरूपमें निष्कम्प निःशङ्क होते हुए स्वरूपसे च्युत नहीं होते। (६) ज्ञानी सहज स्वयं अमर ज्ञानस्वरूपको ही लोक व पर (उत्कृष्ट) लोक माननेके कारण इहलोक परलोकभयसे रहित होते हैं। (७) वस्तुतः ज्ञानस्वरूप यह निज आत्मा ही सदा वेदा जाता है अन्य पदार्थ नहीं, इस निर्णयके कारण ज्ञानी वेदनाभयसे रहित होते हैं। (८) अविनाशी निज सत्त्वको देखकर ज्ञानी अत्राणभयसे रहित होते हैं। (९) परप्रवेशरहित सहज गुप्त अन्तस्तत्त्वको निरखकर ज्ञानी अगुप्तिभयसे रहित होते हैं। (१०) दर्शनज्ञानमय वास्तविक प्राणकी शाश्वतता निरखकर ज्ञानी मरणभयसे रहित होते हैं। (११) अन्य परिणामसे अत्यन्त विविक्त अचल आत्मस्वभावको निरखकर ज्ञानी आकस्मिक भयसे रहित होते हैं।

सिद्धान्त—(१) सम्यग्दृष्टि जीव शुद्ध निर्दोष सहजपरमात्मतत्त्वकी आराधना करते हुए निःशङ्क रहते हैं।

दृष्टि—१– उपादानदृष्टि (४९ब)।

प्रयोग—निर्दोष सहजसिद्ध चिन्मात्र अन्तस्तत्त्वकी आराधनाके पौरुषके बलसे निःशङ्क व निर्भय रहना ॥ २२८ ॥

अब अष्ट अङ्गोंमें से प्रथम निःशङ्कित अङ्गका प्रताप कहते हैं—[यः] जो [चेतयिता] आत्मा [कर्मबंधकरान्] कर्मबन्धके हेतुभूत मोहके करने वाले [तान् चतुरोपि पादान्] मिथ्यात्वादिभावरूप चारों पादोंको [छिनत्ति] काटता है [सः] वह आत्मा [निःशंकः सम्यग्दृष्टिः]

जो चत्तारिवि पाए छिंददि ते कम्मबंधमोहकरे ।
सो णिस्संको चेदा सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२२९॥

विधिबंध मोहकारी, आस्रव चारों हि छेदते हैं जो ।
सो निशंक आत्मा है, सम्यग्दृष्टी उसे जानो ॥२२९॥

यश्चतुरोपि पादान् छिनत्ति तान् कर्मबंधमोहकरान् । स निश्शंकश्चेतयिता सम्यग्दृष्टिर्मन्तव्यः ॥२२९॥

यतो हि सम्यग्दृष्टिः, टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन कर्मबंधशंकाकरमिथ्यात्वादिभावा-

---

नामसंज्ञ—ज, चउ, वि, पाद, त, कम्मबंधमोहकर, त, णिस्संक, चेदा, सम्मादिट्ठि, मुणेयव्व । **धातुसंज्ञ**—च्छिद छेदने, मुण ज्ञाने । **प्रातिपदिक**—यत्, चतुर्, अपि, पाद, तत्, कर्मबन्धमोहकर, तत्, निश्शंक, चेतयितृ, सम्यग्दृष्टि, ज्ञातव्य । **मूलधातु**—छिदिर् द्वैधीकरणे रुधादि, मन ज्ञाने दिवादि । **पदविवरण**—जो यः—प्रथमा एकवचन । चत्तारि चतुरः—द्वितीया बहु० । वि अपि—अव्यय । पाए पादान्—द्वितीया

निःशङ्क सम्यग्दृष्टि है [ज्ञातव्यः] ऐसा जानना चाहिये ।

तात्पर्य—संसारविषवृक्षके मूलभूत मिथ्यात्वादि भावोंका घात करनेसे यह ज्ञानी निःशंक है ।

टीकार्थ—जिस कारण सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक भावमयपनेके कारण कर्मबंध की शंकाको करने वाले मिथ्यात्वादि भावोंका अभाव होनेसे निःशंक है, इस कारण इसके शंकाकृत बन्ध नहीं है, किन्तु निर्जरा ही है । **भावार्थ**—सम्यग्दृष्टिके किसी पदवीमें कर्मका उदय आता है किंतु उसका स्वामीपनेके अभावसे वह कर्ता नहीं होता इस कारण भयप्रकृतिका उदय आनेपर भी शंकाके अभावसे ज्ञानी स्वरूपसे भ्रष्ट नहीं होता, निःशंक रहता है । अतएव इसके शंकाकृत बन्ध नहीं होता, किन्तु कर्मोदय रस खिराकर क्षयको प्राप्त हो जाता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि सम्यग्दृष्टि जीव निर्भय व निःशंक होते हैं । अब इस गाथामें बताया गया है कि सम्यग्दृष्टिकी निःशंकताका कारण यह है कि उसने मिथ्यात्व, अविरति, कषाय व योगरूप विकार भावको ज्ञान द्वारा निज शुद्धस्वरूपसे जुदा कर डाला है ।

तथ्यप्रकाश—(१) सहजात्मा तो निष्कर्म अन्तस्तत्त्व है, किन्तु मिथ्यात्वादि भाव कर्म करने वाले हैं । (२) सहजात्मा तो निर्मोह अन्तस्तत्त्व है, किन्तु मिथ्यात्वादि भाव मोह करने वाले हैं । (३) सहजात्मा तो निर्बाध सहजानन्दमय परमपदार्थ है, किन्तु मिथ्यात्वादि भाव बाधा करने वाले हैं । (४) शुद्ध अन्तस्तत्त्वमें निःशंक होकर ज्ञानी स्वसम्वेदन ज्ञान खड्गसे मिथ्यात्वादि संसारविषवृक्षमूलोंको काट डालता है । (५) शुद्धात्मशंकाकृत बन्ध

भावान्निश्शंकः, ततोऽस्य शंकाकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥२२९॥

बहु० । छिंददि छिनत्ति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । ते तान्–द्वितीया बहु० । कम्मबंधमोहकरे कर्मबन्धमोहकरान्–द्वितीया बहु० । सो सः–प्रथमा एकवचन । णिस्संको निःशंकः–प्रथमा एक० । चेदा चेतयिता–प्रथमा एक० । सम्मादिट्ठी सम्यग्दृष्टिः–प्रथमा एक० । मुणेयव्वो मन्तव्यः–प्रथमा एकवचन कृदन्त क्रिया ॥ २२९ ॥

सम्यग्दृष्टिके नहीं है । (६) शुद्ध चिन्मात्र अन्तस्तत्त्वमें निःशंक निर्भय निष्कम्प ज्ञानीके पूर्वबद्धकर्मनिर्जरा निश्चित है ।

सिद्धान्त—(१) निरास्रव शुद्ध अन्तस्तत्त्वकी भावना परिणत ज्ञानीके पूर्वबद्ध कर्म निर्जीर्ण हो जाते हैं ।

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब) ।

प्रयोग—निरास्रव शुद्ध चिन्मात्र अन्तस्तत्त्वमें आत्मत्वकी अनुभूतिका पौरुष करना ॥ २२९ ॥

आगे निःकांक्षित गुण कहते हैं:—[**यः चेतयिता**] जो आत्मा [**कर्मफलेषु**] कर्मोंके फलोंमें [**तथा**] तथा [**सर्वधर्मेषु**] समस्त वस्तुधर्मोंमें [**कांक्षां**] वांछा [**न तु**] नहीं [**करोति**] करता है [**सः**] वह आत्मा [**निष्कांक्षः सम्यग्दृष्टिः**] निःकांक्ष सम्यग्दृष्टि है [**ज्ञातव्यः**] ऐसा जानना चाहिये ।

तात्पर्य—किसी भी परभावमें व परद्रव्यमें ज्ञानी इच्छा नहीं करता है अतः वह निःकांक्ष है ।

टीकार्थ—जिस कारण सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक भावपनेसे सब ही कर्मोंके फलोंमें तथा सभी वस्तुके धर्मोंमें वांछाके अभावसे निर्वांछक है, इस कारण इसके कांक्षा (इच्छा) कृत बंध नहीं है किन्तु निर्जरा ही है । **भावार्थ**—सम्यग्दृष्टिके कर्मफलमें तथा सब धर्मोंमें अर्थात् कांच सोना आदि पदार्थोंमें निन्दा प्रशंसा आदिक वचनरूप पुद्गलके परिणमन में अथवा एकान्तिवादियों द्वारा माने हुए अनेक प्रकारके सर्वथा एकांतरूप व्यवहार धर्मके भेदोंमें वांछा नहीं है । इस कारण ज्ञानीके वांछाकृत बंध नहीं है । वर्तमानको पीड़ा सही नहीं जानेसे उसके मेटनेके इलाजकी वांछा चारित्रमोहके उदयसे है । सो यह उसका आप कर्ता नहीं होता, कर्मका उदय जानकर उसका ज्ञाता है । इस कारण ज्ञानीके वांछाकृत बंध नहीं है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें निःशंकित अङ्गधारी सम्यग्दृष्टिका वर्णन किया । अब क्रमप्राप्त इस गाथामें क्रमप्राप्त निःकांक्षित अङ्गधारीका वर्णन किया है ।

जो दु ण करेदि कंखं कम्मफलेसु तह सव्वधम्मेसु ।
सो णिक्कंखो चेदा सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२३०॥

जो नहिं करता वाञ्छा, कर्मफलों तथा सर्व धर्मोंमें ।
वह निःकांक्ष पुरुष है, सम्यग्दृष्टी उसे जानो ॥२३०॥

यस्तु न करोति कांक्षां कर्मफलेषु तथा सर्वधर्मेषु । स निष्कांक्षश्चेतयिता सम्यग्दृष्टिर्मन्तव्यः ॥२३०॥

यतो हि सम्यग्दृष्टिः, टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन सर्वेष्वपि कर्मफलेषु सर्वेषु वस्तुधर्मेषु च कांक्षाभावान्निष्कांक्षस्ततोऽस्य कांक्षाकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥२३०॥

नामसंज्ञ—ज, दु, ण, कंख, कम्मफल, तह, सव्वधम्म, त, णिक्कंख, चेदा, सम्मादिट्ठि, मुणेयव्व । **धातुसंज्ञ**—कर करणे, कंख वांछायां, मुण ज्ञाने । **प्रातिपदिक**—यत्, तु, न, कांक्षा, कर्मफल, तथा, सर्वधर्म, तत्, निष्कांक्ष, चेतयितृ, सम्यग्दृष्टि, मन्तव्य । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, मन ज्ञाने दिवादि । **पदविवरण**—जो यः—प्रथमा एक० । दु तु—अव्यय । ण न—अव्यय । करेदि करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । कंखं कांक्षां—द्वितीया एकवचन । कम्मफलेसु कर्मफलेषु—सप्तमी बहु० । तह तथा—अव्यय । सव्वधम्मेसु सर्वधर्मेषु—सप्तमी बहु० । सो सः—प्रथमा एक० । णिक्कंखो निष्कांक्षः—प्रथमा एक० । चेदा चेतयिता—प्र० एक० । सम्मादिट्ठी सम्यग्दृष्टिः—प्रथमा एक० । मुणेयव्वो मन्तव्यः—प्रथमा एकवचन ॥२३०॥

तथ्यप्रकाश—१—सहजशुद्धात्मभावनाजन्य परम आनन्दमें तृप्त होनेके कारण सम्यग्दृष्टि कुछ भी इच्छा नहीं करता । २—सम्यग्दृष्टि इन्द्रियविषय सुखरूप कर्मफलमें वाञ्छा नहीं करता । ३—सम्यग्दृष्टि समस्त वस्तुधर्मोंमें वाञ्छा अनुराग नहीं करता । ४—सम्यग्दृष्टि विषयसुखके कारणभूत पुण्यरूप धर्ममें वाञ्छा नहीं करता । ५—सम्यग्दृष्टि इहलोक परलोककी आकांक्षा नहीं करता । ६—सम्यग्दृष्टि समस्त परसमय प्रणीत कुधर्मोंमें वाञ्छा नहीं करता । ७—विषयसुखवाञ्छाकृत बन्ध सम्यग्दृष्टिके नहीं है । ८—अनाकांक्ष सम्यग्दृष्टिके पूर्वबद्धकर्म की निर्जरा निश्चित है ।

सिद्धान्त—१— एक ज्ञायकभावमयताके कारण ज्ञानीके न तो कांक्षा है और न कांक्षाकृत बन्ध है ।

दृष्टि—१—प्रतिषेधक शुद्धनय (४९अ) ।

प्रयोग—अविकार सहजात्मतत्त्वकी भावनासे अनाकांक्ष होकर सहजज्ञानानंदके अनुभवसे तृप्त रहना ॥२३०॥

अब निर्विचिकित्सा गुण कहते हैं—[**यः चेतयिता**] जो जीव [**सर्वेषामेव**] सभी [**धर्माणां**] वस्तुधर्मोंमें [**जुगुप्सां**] ग्लानि [**न करोति**] नहीं करता [**सः**] वह जीव [**खलु**] निश्चयसे [**निर्विचिकित्सः**] विचिकित्सादोषरहित [**सम्यग्दृष्टिः**] सम्यग्दृष्टि है [**ज्ञातव्यः**]

जो ण करेदि जुगुप्पं चेदा सव्वेसिमेव धम्माणं ।
सो खलु णिव्विदिगिच्छो सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२३१॥

जो नहिं करे जुगुप्सा, समस्त धर्मों व वस्तुधर्मोंमें ।
है वह निर्विचिकित्सक, सम्यग्दृष्टी उसे जानो ॥२३१॥

यो न करोति जुगुप्सां चेतयिता सर्वेषामेव धर्माणां । स खलु निर्विचिकित्सः सम्यग्दृष्टिर्मन्तव्यः ॥२३१॥

यतो हि सम्यग्दृष्टिः टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन सर्वेष्वपि वस्तुधर्मेषु जुगुप्साऽभावान्निर्विचिकित्सः ततोऽस्य विचिकित्साकृतो नास्ति बंधः किंतु निर्जरैव ॥२३१॥

नामसंज्ञ—ज, ण, जुगुप्प, चेदा, सव्व, एव, धम्म, त, खलु, णिव्विदिगिच्छ, सम्मादिट्ठि, मुणेयव्व । **धातुसंज्ञ**—कर करणे, मुण ज्ञाने । **प्रातिपदिक**—यत्, न, जुगुप्सा, चेतयितृ, सर्व, एव, धर्म, तत्, खलु, निर्विचिकित्स, सम्यग्दृष्टि, मन्तव्य । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, मन ज्ञाने दिवादि । **पदविवरण**—जो यः—प्रथमा एकवचन । ण न—अव्यय । करेदि करोति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । जुगुप्पं जुगुप्सा—द्वितीया एक० । चेदा चेतयिता—प्रथमा एक० । सव्वेसिं सर्वेषां—षष्ठी बहु० । एव—अव्यय । धम्माणं धर्माणां—षष्ठी बहु० । सो सः—प्रथमा एक० । खलु—अव्यय । णिव्विदिगिंछो निर्विचिकित्सः—प्रथमा एक० । सम्मादिट्ठी सम्यग्दृष्टिः—प्र० ए० । मुणेयव्वो मन्तव्यः—प्रथमा एकवचन कृदन्त ॥ २३१ ॥

ऐसा जानना चाहिये ।

तात्पर्य—जो क्षुधादि दोषोंमें उद्विग्नता व अशुचि पदार्थोंमें ग्लानि नहीं करता वह निर्विचिकित्स सम्यग्दृष्टि है ।

टीकार्थ—जिस कारण सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक भावमयपने से सभी वस्तु धर्मोंमें जुगुप्साके अभावसे निर्विचिकित्स याने ग्लानिरहित है इस कारण इसके विचिकित्साकृत बंध नहीं है, किन्तु निर्जरा ही होती है । **भावार्थ**—सम्यग्दृष्टि क्षुधादि कष्टोंमें उद्विग्नता नहीं करता तथा विष्टा आदि मलिन द्रव्योंमें ग्लानि नहीं करता व जुगुप्सानामक कर्मप्रकृतिके उदय से जो भाव आता है वह परभाव है उसका कर्ता नहीं होता है । इस कारण ज्ञानीके जुगुप्साकृत बंध नहीं है । प्रकृति रस (फल) खिराकर निकल जाती है इस कारण निर्जरा ही है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें सम्यग्दृष्टिके निःकांक्षित अंगका वर्णन किया गया था । अब इस गाथामें क्रमप्राप्त निर्विचिकित्सित अंगका वर्णन किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१—सहजशुद्धात्मतत्त्वकी भावना होनेके कारण सम्यग्दृष्टि समस्त वस्तुधर्मोंमें ग्लानि, निंदा, दोष व द्वेष नहीं करता । २—सम्यग्दृष्टि दुर्गन्धादिकमें खेद नहीं मानता । ३—सम्यग्दृष्टि क्षुधा आदि वेदनाओंमें म्लान नहीं होता । ४—सम्यग्दृष्टि धर्मात्मा जनोंकी सेवामें ग्लानि अनिन्दा, दोष व द्वेष दृष्टि नहीं करता । ५—परद्रव्यद्वेषनिमित्तक बन्ध सम्यग्दृष्टिके नहीं

जो हवइ असम्मूढो चेदा सव्वेसु कम्मभावेसु ।
सो खलु अमूढदिट्ठी सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२३२॥

जो समस्त भावोंमें, मूढ न हो सत्य दृष्टि रखता है ।
वह है अमूढदृष्टी, सम्यग्दृष्टी उसे जानो ॥२३२॥

यो भवति असंमूढः चेतयिता सर्वेषु कर्मभावेषु । स खलु अमूढदृष्टिः सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः ॥२३२॥

यतो हि सम्यग्दृष्टिः, टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन सर्वेष्वपि भावेषु मोहाभावादमूढ-

---

नामसंज्ञ—ज, असम्मूढ, चेदा, सव्व, कम्मभाव, त, खलु, अमूढदिट्ठि, सम्मादिट्ठि, मुणेयव्व । **धातु-संज्ञ**—हव सत्तायां, मुण ज्ञाने । **प्रातिपदिक**—यत्, असंमूढ, चेतयितृ, सर्व, कर्मभाव, तत्, अमूढदृष्टि, सम्यग्दृष्टि, मन्तव्य । **मूलधातु**—भू सत्तायां, मन ज्ञाने । **पदविवरण**—जो यः—प्रथमा एक० । असम्मूढो

है । ६—वीतद्वेष स्वभावानुरत सम्यग्दृष्टिके पूर्वबद्धकर्मकी निर्जरा निश्चित है ।

सिद्धान्त—१—कर्मविपाकज भावोंसे पृथक् ज्ञानमात्र अपनेको निरखनेके कारण ज्ञानी के परभावोंसे म्लानपना नहीं आता ।

दृष्टि—१—शुद्धभावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४ब) ।

प्रयोग—कर्मोदयज परभावोंसे अपनेको पृथक् ज्ञानमात्र निरखकर परभावोंसे म्लान न होकर ज्ञानस्वभावमें रत होनेका पौरुष करना ॥२३२॥

अब अमूढ़दृष्टि अंग कहते हैं—[**यः**] जो [**चेदा**] आत्मा [**सर्वेषु**] समस्त [**कर्मभावेषु**] शुभाशुभ कर्मभावोंमें [**असंमूढः**] मूढ नहीं [**हवइ**] होता है [**सः**] वह ज्ञानी जीव [**खलु**] निश्चयसे [**अमूढदृष्टिः**] अमूढ़दृष्टि [**सम्यग्दृष्टिः**] सम्यग्दृष्टि है [**ज्ञातव्यः**] ऐसा जानना चाहिये ।

तात्पर्य—जो आत्मा अनात्मभावोंमें कभी व्यामुग्ध नहीं होता है वह ज्ञानी अमूढ-दृष्टि है ।

टीकार्थ—निश्चयसे सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक भावमयपनेसे सब भावोंमें मोह के अभावसे अमूढदृष्टि है, इस कारण इसके मूढदृष्टिकृत बंध नहीं है, किन्तु निर्जरा ही है । **भावार्थ**—सम्यग्दृष्टि सब पदार्थोंका स्वरूप यथार्थ जानता है, उनपर रागद्वेष मोह न होनेसे अयथार्थ दृष्टि नहीं होती और जो चारित्रमोहके उदयसे इष्टानिष्ट भाव उत्पन्न होते हैं उनको उदयकी बलवत्ता जान उनसे विरक्त रहता उन भावोंका कर्ता नहीं होता एवं सहज ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वके अभिमुख रहता है । इस कारण मूढदृष्टिकृत बंध ज्ञानीके नहीं है, किन्तु निर्जरा ही है याने प्रकृति रस खिराकर क्षीण हो जाती है ।

दृष्टिः ततोऽस्य मूढदृष्टिकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥२३२॥

असंमूढः–प्रथमा एक० । चेदा चेतयिता–प्रथमा एक० । सव्वेसु सर्वेषु–सप्तमी बहु० । कम्मभावेषु कर्मभावेषु–सप्तमी बहु० । सो सः–प्रथमा एक० । अमूढदिट्ठी अमूढदृष्टिः–प्र० एक० । सम्मादिट्ठी सम्यग्दृष्टिः–प्रथमा एक० । मुणेयव्वो मन्तव्यः–प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया ॥ २३२ ॥

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें सम्यग्दृष्टिके निर्विचिकित्सित अङ्गका वर्णन किया गया था । अब इस गाथामें अमूढदृष्टि अंगका वर्णन किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१–सम्यग्दृष्टि निजसहजात्मत्वके श्रद्धान ज्ञान आचरणके बलसे शुभाशुभकर्मजनित परिणामोंमें निर्मोह रहता है । २–सम्यग्दृष्टि बाह्यविषयोंमें अमूढ रहता है । ३–सम्यग्दृष्टि परसमयमें मूढ नहीं है । ४–सम्यग्दृष्टिके मूढताकृत बन्ध नहीं है ।

सिद्धान्त—१–निश्चयरत्नत्रयभावनाके बलसे जीव परभावोंमें मूढ नहीं होता ।

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब) ।

प्रयोग—कर्मविपाकज समस्त भावोंको आत्मस्वरूपसे भिन्न जानकर उनमें सर्वथा असम्मूढ रहना ॥२३२॥

अब उपगूहन गुण कहते हैं—[यः] जो जीव [सिद्धभक्तियुक्तः] सिद्धोंकी भक्तिसे युक्त हो [तु] और [सर्वधर्माणां] औपाधिक सब धर्मोंका [उपगूहनकः] गोपने वाला हो [सः] वह [उपगूहनकारी] उपगूहनकारी [सम्यग्दृष्टिः] सम्यग्दृष्टि है [ज्ञातव्यः] ऐसा जानना चाहिये ।

तात्पर्य—जो विकारभावोंको प्रकट न होने दे और आत्मशक्तिको बढ़ावे वह ज्ञानी स्थितिकरणपालक है ।

टीकार्थ—सम्यग्दृष्टि निश्चयसे टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायक भावपनेसे समस्त आत्मशक्तियोंको बढ़ानेसे उपबृंहक होता है, इस कारण इसके जीवशक्तिके दुर्बलपनेसे किया गया बंध नहीं है किंतु निर्जरा ही है । **भावार्थ**—सम्यग्दृष्टि जीव आश्रयभूत पदार्थका त्यागकर विकार भावोंको प्रकट नहीं होने देता और अन्तःप्रकाशमान निज ज्ञायक भावको ही ज्ञानमें रखता है, वह सम्यग्दृष्टि उपगूहक है व उपबृंहक है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें सम्यग्दृष्टिके अमूढदृष्टि अंगका वर्णन किया गया था । अब इस गाथामें क्रमप्राप्त उपगूहन अंगका वर्णन किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—१–सम्यग्दृष्टि शुद्धात्मभावनारूप पारमार्थिक सिद्धिभक्तिसे युक्त है । २– सम्यग्दृष्टि मिथ्यात्वरागादिविभावधर्मोंका प्रच्छादक होता है, विनाशक होता है ।

जो सिद्धभत्तिजुत्तो उवगूहणगो दु सव्वधम्माणं ।
सो उवगूहणकारी सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२३३॥

जो सिद्धभक्तितत्पर, मलिनभावोंको दूर करता है ।
वह बुध उपगूहक है, सम्यग्दृष्टी उसे जानो ॥२३३॥

यः सिद्धभक्तियुक्तः उपगूहनकस्तु सर्वधर्माणां । स उपगूहनकारी सम्यग्दृष्टिर्मन्तव्यः ॥२३३॥

यतो हि सम्यग्दृष्टिः टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन समस्तात्मशक्तीनामुपबृंहणादुप बृंहकः, ततोऽस्य जीवस्य शक्तिदौर्बल्यकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥२३३॥

नामसंज्ञ—ज, सिद्धभत्तिजुत्त, उवगूहणग, दु, सव्वधम्म, त, उवगूहणकारि, सम्मादिट्ठि, मुणेयव्व । **धातुसंज्ञ**—उप-ग्रह संवरणे, भज सेवायां, मुण ज्ञाने । **प्रातिपदिक**—यत्, सिद्धभक्तियुक्त, उपगूहनक, तु, सर्वधर्म, तत्, उपगूहनकारिन्, सम्यग्दृष्टि, मन्तव्य । **मूलधातु**—उप-गुह संवरणे भ्वादि, भज सेवायां भ्वादि, मन ज्ञाने दिवादि । **पदविवरण**— जो यः—प्रथमा एक० । सिद्धभत्तिजुत्तो सिद्धभक्तियुक्तः—प्रथमा एक० । उवगूहणगो उपगूहनकः—प्रथमा एक० । दु तु—अव्यय । सव्वधम्माणं सर्वधर्माणां—षष्ठी बहुवचन । सो सः—प्र० ए० । उवगूहणकारी उपगूहनकारी—प्र० ए० । सम्मादिट्ठी सम्यग्दृष्टिः—प्रथमा एक० । मुणेयव्वो मन्तव्यः—प्रथमा एकवचन ॥ २३३ ॥

३—सम्यग्दृष्टि समस्त आत्मशक्तियोंकी विकासवृद्धि करने वाला होनेसे उपबृंहक है । ४—अनुपगूहनकृत बंध सम्यग्दृष्टिके नहीं होता । ५—सम्यग्दृष्टिके शक्तिदौर्बल्यकृत बंध नहीं है ।

सिद्धान्त—१—शुद्धात्मभावनाके बलसे सम्यग्दृष्टि विकारभावोंका विनाशक होता है ।

दृष्टि—१—शुद्धभावनापेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिकनय (२४ ब) ।

प्रयोग—अविकार सहजसिद्ध चैतन्यस्वरूपके अवलंबनके बलसे समस्तविकारभावोंसे अलग रहना ॥२३३॥

अब स्थितिकरण गुण कहते हैं:—[यः] जो जीव [उन्मार्गं गच्छंतं] उन्मार्ग चलते हुए [स्वकं अपि] अपनी आत्माको भी [मार्गे] मार्गमें [स्थापयति] स्थापित करता है [सः चेतयिता] वह ज्ञानी [स्थितिकरणयुक्तः] स्थितिकरणगुणसहित [सम्यग्दृष्टिः] सम्यग्दृष्टि है [ज्ञातव्यः] ऐसा जानना चाहिये ।

टीकार्थ—सम्यग्दृष्टि निश्चयसे टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायकस्वभावमयपनेके कारण सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्रस्वरूप मोक्षमार्गसे च्युत हुए अपनेको उसी मार्गमें स्थित करनेसे स्थितिकारी है । इस कारण इसके मार्गच्यवनकृत बंध नहीं है किन्तु निर्जरा ही है । **भावार्थ**—जो अपने स्वरूपमय मोक्षमार्गसे चिगे हुएको उसी मार्गमें स्थापन करे वह स्थितिकरणगुणयुक्त है । उसके मार्गसे छूट जानेका बंध नहीं होता, मात्र उदय आये हुए कर्म रस खिराकर निर्जीर्ण हो

उम्मग्गं गच्छंतं सगंपि मग्गे ठवेदि जो चेदा।
सो ठिदिकरणाजुत्तो सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२३४॥

उन्मार्गमें पतित निज, परको जो मार्गमें लगाता है।
वह मार्गस्थापक है, सम्यग्दृष्टी उसे जानो ॥२३४॥

उन्मार्गं गच्छंतं स्वकमपि मार्गे स्थापयति यश्चेतयिता। स स्थितिकरणयुक्तः सम्यग्दृष्टिर्मन्तव्यः ॥२३४॥

यतो हि सम्यग्दृष्टिः टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन मार्गात्प्रच्युतस्यात्मनो मार्गे एव स्थितिकरणात् स्थितिकारी ततोऽस्य मार्गच्यवनकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥२३४॥

नामसंज्ञ—उम्मग्ग, गच्छंत, सग, पि, मग्ग, ज, चेदा, त, ठिदिकरणाजुत्त, सम्मादिट्ठि, मुणेयव्व। **धातुसंज्ञ**—गच्छ गतौ, ट्ठव स्थापनायां। **प्रातिपदिक**—उन्मार्ग, गच्छत्, स्वक, अपि, मार्ग, यत्, चेतयितृ, तत्, स्थितिकरणयुक्त, सम्यग्दृष्टि, मंतव्य। **मूलधातु**—गम्लृ गतौ, ष्ठा गतिनिवृत्तौ णिजंत। **पदविवरण**—उम्मग्गं उन्मार्ग–द्वितीया एक०। गच्छंतं–द्वि० ए०। सगं स्वकं–द्वि० ए०। पि अपि–अव्यय। मग्गे मार्गे–सप्तमी एक०। ठवेदि स्थापयति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। जो यः–प्रथमा एक०। चेदा चेतयिता–प्रथमा एक०। सो सः–प्रथमा एक०। ठिदिकरणाजुत्तो स्थितिकरणयुक्तः–प्रथमा एक०। सम्मादिट्ठी सम्यग्दृष्टिः–प्र० ए०। मुणेयव्वो मन्तव्यः–प्रथमा एकवचन कृदन्त क्रिया ॥ २३४ ॥

जाते हैं इसलिये निर्जरा ही है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें सम्यग्दृष्टिके उपगूहन अंगका वर्णन किया गया था। अब क्रमप्राप्त स्थितिकरण अंगका इस गाथामें वर्णन किया गया है।

तथ्यप्रकाश—१–कर्मविपाकवश मिथ्यात्वरागादिरूप उन्मार्गमें जानेके अवसरमें स्वयं को सम्यग्दृष्टि अध्यात्मयोग पौरुषसे रत्नत्रयरूप सन्मार्गमें स्थापित करता है। २–उन्मार्गमें जाते हुए परको सम्यग्दृष्टि सद्वचनादिके सहयोगसे सन्मार्गमें स्थापित करता है। ३–मार्ग-च्यवन कृत बन्ध सम्यग्दृष्टिके नहीं है।

सिद्धान्त—१–ज्ञानमयताके कारण ज्ञानी अपनेको शिवमार्गमें स्थित रखता है।

दृष्टि—१–कारककारकिभेदक सद्भूत व्यवहारनय (७२)।

प्रयोग—अपनेको ज्ञानमात्र निरखते हुए अपने रत्नत्रयमार्गमें स्थित रहनेका उपयोग रखना ॥२३४॥

आगे वात्सल्य गुणकी गाथा कहते हैं—[यः] जो जीव [**मोक्षमार्गे**] मोक्षमार्गमें स्थित [**त्रयाणां साधूनां**] आचार्य उपाध्याय साधुवोंका अथवा सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र तीनों सम्यग् भावोंका [**वत्सलत्वं**] वात्सल्य [**करोति**] करता है [**सः**] वह [**वत्सलभावयुतः**] वत्सलभावसहित [**सम्यग्दृष्टिः**] सम्यग्दृष्टि है [**ज्ञातव्यः**] ऐसा जानना चाहिये।

जो कुणदि वच्छलत्तं तिण्हं साहूण मोक्खमग्गम्मि ।
सो वच्छलभावजुदो सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२३५॥

मोक्षपथस्थित तीनों, साधन व साधुवोंमें रति करता ।
जो बुध वह है वत्सल, सम्यग्दृष्टी उसे जानो ॥२३५॥

यः करोति वत्सलत्वं त्रयाणां साधूनां मोक्षमार्गे । स वात्सल्यभावयुतः सम्यग्दृष्टिर्मन्तव्यः ॥२३५॥

यतो हि सम्यग्दृष्टिः टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणां स्वस्मादभेदबुद्ध्या सम्यग्दर्शनान्मार्गवत्सलः, ततोऽस्य मार्गानुपलंभकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥२३५॥

नामसंज्ञ–ज, वच्छलत्त, ति, साहु, मोक्खमग्ग, त, वच्छलभावजुद, सम्मादिट्ठि, मुणेयव्व । **धातुसंज्ञ**–कुण करणे, मग्ग अन्वेषणे । **प्रातिपदिक**—यत्, वत्सलत्व, त्रि, साधु, मोक्षमार्ग, तत्, वात्सल्यभावयुत, सम्यग्दृष्टि, मन्तव्य । **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, मृग अन्वेषणे चुरादि । **पदविवरण**—जो यः–प्रथमा एक० । कुणदि करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । वच्छलत्तं वत्सलत्वं–द्वितीया एक० । तिण्हं त्रयाणां–षष्ठी बहु० । साहूण साधूनां–षष्ठी बहु० । मोक्खमग्गम्हि मोक्षमार्गे–सप्तमी एक० । सो सः–प्रथमा एक० । वच्छलभावजुदो वात्सल्यभावयुतः–प्रथमा एकवचन । सम्मादिट्ठी सम्यग्दृष्टिः–प्रथमा एकवचन । मुणेयव्वो मन्तव्यः–प्रथमा एकवचन कृदन्त क्रिया ॥ २३५ ॥

तात्पर्य—सम्यग्दृष्टि पुरुषका रत्नत्रयमें व रत्नत्रयधारी पुरुषोंमें निश्छल वात्सल्य होता है ।

टीकार्थ—निश्चयसे सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायकभावमयपनेसे सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान व सम्यक्चारित्रभावोंका अपनेसे अभेद बुद्धि द्वारा अच्छी तरह देखनेसे मोक्षमार्गका वत्सल है, अतिप्रीतियुक्त है । इस कारण इसके मार्गकी अप्राप्तिसे किया गया कर्मबंध नहीं है, किन्तु निर्जरा ही है । **भावार्थ**—वत्सलपना प्रीतिभावको कहते हैं । जो मोक्षमार्गरूप अपने स्वरूपमें अनुरागी हो उसके मार्गकी अप्राप्ति नहीं और मार्गानुपलम्भकृत कर्मबंध नहीं । कर्म रस (फल) मात्र प्रतिफलित होकर खिर जाता है इसलिए निर्जरा ही है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें सम्यग्दृष्टिके स्थितिकरणाङ्गका निर्देश किया गया था । अब इस गाथामें क्रमप्राप्त वात्सल्याङ्गका वर्णन किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) सम्यग्दृष्टि मोक्षमार्गसाधक स्वकीय रत्नत्रय धर्मकी वत्सलता व भक्ति रखता है । (२) सम्यग्दृष्टि रत्नत्रयके आधारभूत धर्मात्मावोंकी वत्सलता व भक्ति करता है । (३) सम्यग्दृष्टि सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्रको अपनेसे अभेदरूप अनुभवनेके कारण मार्गवत्सल है । (४) मार्गानुपलम्भकृत अथवा अवात्सल्यकृत बन्ध सम्यग्दृष्टिके नहीं है ।

विज्जारहमारूढो मणोरहपहेसु भमइ जो चेदा ।
सो जिणणाणपहावी सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो ॥२३६॥

विद्यारथ आरोही, जो हितकर मार्गको प्रकट करता ।
वह है ज्ञानप्रभावी, सम्यग्दृष्टी उसे जानो ॥ २३६ ॥

विद्यारथमारूढः मनोरथपथेषु भ्रमति यश्चेतयिता । स जिनज्ञानप्रभावी सम्यग्दृष्टिर्मन्तव्यः ॥ २३६ ॥

यतो हि सम्यग्दृष्टिः टंकोत्कीर्णैकज्ञायकभावमयत्वेन ज्ञानस्य समस्तशक्तिप्रबोधेन प्रभावजननात्प्रभावनाकरः ततोस्य ज्ञानप्रभावनाऽप्रकर्षकृतो नास्ति बंधः किं तु निर्जरैव ॥ रुन्धन्

नामसंज्ञ—विज्जारह, आरूढ, मणोरहपह, ज, चेदा, जिणणाणपहावि, सम्मादिट्ठि, मुणेयव्व । **धातुसंज्ञ**—भम भ्रमणे । **प्रातिपदिक**—विद्यारथ, आरूढ, मनोरथपथ, यत्, चेतयितृ, तत्, जिनज्ञानप्रभाविन्, सम्यग्दृष्टि, मन्तव्य । **मूलधातु**—भ्रम अनवस्थाने दिवादि । **पदविवरण**—विज्जारहं विद्यारथं—द्वितीया एकवचन । आरूढो आरूढः—प्रथमा एक० । मणोरहपहेसु मनोरथपथेषु—सप्तमी बहु० । भमइ

सिद्धान्त—(१) ज्ञानी अपनेमें अपने स्वभावपरिणमनको अपनेसे अभेदबुद्धिसे स्वयं देखता है ।

दृष्टि—१– कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (७३) ।

प्रयोग—अपनेमें आत्मत्वकी प्रतीति सहित अपने सहजस्वरूपको जानते हुए ज्ञानमात्र अपनेमें अपनी उपासना करना ॥ २३५ ॥

आगे प्रभावना गुण कहते हैं—[**यः**] जो जीव [**विद्यारथं आरूढः**] विद्यारूपी रथ पर आरूढ हुआ [**मनोरथपथेषु**] मनोरथके मार्गमें [**भ्रमति**] भ्रमण करता है [**सः चेतयिता**] वह ज्ञानी [**जिनज्ञानप्रभावी**] जिनेश्वरके ज्ञानकी प्रभावना करने वाला [**सम्यग्दृष्टिः**] सम्यग्दृष्टि है [**ज्ञातव्यः**] ऐसा जानना चाहिये ।

टीकार्थ—निश्चयसे चूंकि सम्यग्दृष्टि टंकोत्कीर्ण एक ज्ञायकभावमयपनेसे ज्ञानकी समस्त शक्तिके जगानेके द्वारा प्रभावके उपजानेसे प्रभावना करने वाला है, इस कारण इसके ज्ञानकी प्रभावनाके अप्रकर्षकृत बन्ध नहीं होता, किन्तु निर्जरा ही होती है ।

भावार्थ—प्रभावना नाम प्रकृष्टरूपसे हुवानेका है, जो अपने ज्ञानको निरंतर अभ्यास से प्रगट करता है, बढ़ाता है उसके प्रभावना अङ्ग होता है, ज्ञानीके ज्ञानविकास वृद्धिगत है उसके अप्रभावनाकृत कर्मका बन्ध नहीं है । ज्ञानीकी भूमिकामें कर्म रस देकर खिर जाता है इस कारण निर्जरा ही है । यहाँ गाथामें ऐसा कहा है कि जो विद्यारूपी रथमें आत्माको स्थापन करके भ्रमण करता है वह ज्ञानकी प्रभावनायुक्त सम्यग्दृष्टि है सो यह निश्चय प्रभावना

बंधं नवमिति निजैः संगतोऽष्टाभिरंगैः, आग्रबद्धं तु क्षयमुपनयन् निर्जरोज्जृम्भणेन । सम्यग्दृष्टिः

आम्यति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । जो यः–प्रथमा एक० । जिणणाणपहावी जिनज्ञानप्रभावी–प्र०

है । व्यवहारमें जिनबिम्बको रथमें विराजमान कर नगर उपवन आदिमें विहार कराके धर्मकी प्रभावना की जाती है, निश्चयसे ज्ञानकी प्रभावना करके धर्मकी प्रभावना की जाती है ।


नामसंज्ञ—जह, णाम, को, वि, पुरिस, बंधणय, चिरकालपडिबद्ध, तिव्व, मंदसहाव, काल, च, तस्, जइ, ण, वि, छेद, ण, बंधणवस, सं, काल, उ, बहुय, वि, ण, स, णर, विमोक्ख । **धातुसंज्ञ**—वि जाण

अब क्रमप्राप्त मोक्षाधिकारका प्रारम्भ होता है जिसमें सर्वप्रथम मोक्षाधिकारके आदिमें सम्यग्ज्ञानकी महिमा बतलाते हैं—द्विधाकृत्य इत्यादि । **अर्थ**—अब प्रज्ञारूप करोंतसे विदारण के द्वारा बन्ध और पुरुषको पृथक् करके निजस्वरूपके अनुभवसे सुनिश्चित पुरुषको साक्षात् मोक्ष प्राप्त कराता हुआ जयवंत प्रवर्त रहा है । वह ज्ञान अपने स्वाभाविक परम आनन्दसे सरस (रस भरा) है, उत्कृष्ट है और जिसने करने योग्य समस्त कार्य कर लिये हैं याने अब

यथा नाम कोऽपि पुरुषो बंधनके चिरकालप्रतिबद्धः । तीव्रमंदस्वभावं कालं च विजानाति तस्य ॥२८८॥
यदि नापि करोति छेदं न मुच्यते तेन बंधनवशः सन् । कालेन तु बहुकेनापि न स नरः प्राप्नोति विमोक्षं ॥
इति कर्मबंधनानां प्रदेशस्थितिप्रकृतिमेवमनुभागं । जानन्नपि न मुच्यते मुच्यते स चैव यदि शुद्धः ॥२९०॥

आत्मबंधयोर्द्विधाकरणं मोक्षः । बंधस्वरूपज्ञानमात्रं तद्धेतुरित्येके तदसत्, न कर्मबद्धस्य

अवबोधने, कुण करणे, मुच्ल त्यागे, प आप्ल प्राप्तौ । **प्रातिपदिक**—यथा, नामन्, किम्, अपि, पुरुष, बन्धनक, चिरकालप्रतिबद्ध, तीव्रमंदस्वभाव, काल, च, तत्, यदि, न, अपि, छेद, न, तत्, बन्धनवश, सत्, काल, तु, बहुक, अपि, न, तत्, नर, विमोक्ष, इति, कर्मबन्धन, प्रदेशस्थितिप्रकृति, एवं, अनुभाग, जानत्, अपि, न, तत्, च, एव, शुद्ध । **मूलधातु**—वि ज्ञा अवबोधने, डुकृञ् करणे, मुच्लृ मोक्षणे, प्र आप्लृ व्याप्तौ स्वादि ।

कुछ करना नहीं रहा ऐसा है । **भावार्थ**—ज्ञान बंध और पुरुषको पृथक् करके पुरुषको मोक्ष प्राप्त कराता हुआ अपना सम्पूर्ण स्वरूप प्रगट करके जयवंत प्रवर्त रहा है इस प्रकार ज्ञानका सर्वोत्कृष्टपना प्रकट करना यही उपादेय मोक्षतत्त्वके वर्णनके प्रारम्भमें है ।

अब मोक्षकी प्राप्ति कैसे होती है ? इसका समीक्षण करते हैं—[**यथा नाम**] जैसे [**बंधनके**] बंधनमें [**चिरकालप्रतिबद्धः**] बहुत कालका बंधा हुआ [**कश्चित् पुरुषः**] कोई पुरुष [**तस्य**] उस बन्धनके [**तीव्रमंदस्वभावं**] तीव्र मंद स्वभावको [**च**] और [**कालं**] कालको [**विजानाति**] जानता है कि इतने कालका बंध है । [**तु यदि**] किन्तु यदि उस बन्धनको आप [**छेदं न करोति**] काटता नहीं है [**तेन न मुच्यते**] तो वह उस बन्धसे नहीं छूट पाता [**अपि**] [**बंधनवशः सन्**] उस बन्धनके वश हुआ [**स नरः**] वह पुरुष [**बहुकेन**] बहुत [**कालेन अपि**] कालमें भी [**विमोक्षं न प्राप्नोति**] उस बन्धसे छूटने रूप मोक्षको प्राप्त नहीं करता [**इति**] उसी प्रकार जो पुरुष][**कर्मबंधनानां**] कर्मके बन्धनोंके [**प्रदेशस्थितिप्रकृति एवं अनुभागं**] प्रदेश स्थिति प्रकृति और अनुभागको [**जानन्नपि**] जानता हुआ भी [**न मुच्यते**] कर्मबन्धसे नहीं छूटता [**च यदि स एव शुद्धः**] किन्तु यदि वह स्वयं रागादिकको दूर करके शुद्ध होता है [**मुच्यते**] तो मोक्ष पाता है ।

तात्पर्य—बन्धके स्वरूप ज्ञानमात्रसे मोक्ष नहीं होता, अतः बन्धकी चर्चा करके ही अपनेको मोक्षोपाय वाला नहीं मान लेना चाहिये ।

टीकार्थ—आत्मा और बन्धका द्विधाकरण करना पृथक् करना मोक्ष है । वहाँ कोई कहते हैं कि बन्धका स्वरूप जानना मात्र ही मोक्षका कारण है । किन्तु वह ठीक नहीं है, कर्मसे बँधे हुए पुरुषको बंधके स्वरूपका ज्ञानमात्र ही मोक्षका कारण नहीं है, क्योंकि जिस प्रकार बेड़ी आदिसे बँधे हुए पुरुषको बेड़ी आदि बन्धनके स्वरूपका जानना ही बेड़ी आदि कटनेका कारण नहीं होता उसी तरह कर्मसे बँधे हुए पुरुषको कर्मके बन्धका स्वरूप जानना

बंधस्वरूपज्ञानमात्रं मोक्षहेतुरहेतुत्वात् निगडादिबद्धस्य बंधस्वरूपज्ञानमात्रवत्। एतेन कर्मबंध-प्रपंचरचनापरिज्ञानमात्रसंतुष्टा उत्थाप्यंते ॥ २८८-२९० ॥

पदविवरण- जह यथा–अव्यय। णाम नाम–अव्यय या प्रथमा एक०। को कः–प्रथमा एक०। वि अपि–अव्यय। पुरिसो पुरुषः–प्रथमा एक०। बंधणयम्हि बन्धनके–सप्तमी एक०। चिरकालपडिबद्धो चिरकाल-प्रतिबद्धः–प्रथमा एक०। तिव्वं तीव्रं–द्वितीया एक०। मंदसहावं मंदस्वभावं–द्वि० ए०। कालं–द्वि० एक०। च–अव्यय। वियाणये विजानाति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। तस्स तस्य–षष्ठी एक०। यदि जइ–अव्यय। ण वि न अपि–अव्यय। कुणइ करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। छेदं–द्वि० एक०। ण न–अव्यय। मुच्चए मुच्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन भावकर्मवाच्य क्रिया। तेण तेन–तृतीया एक०। बंधणवसो बन्धनवशः–प्रथमा एक०। सं सन्–प्र० ए०। कालेण कालेन–तृ० एक०। उ तु–अव्यय। बहुएण बहुकेन–तृ० एक०। वि अपि–अव्यय। ण न–अव्यय। सो सः–प्र० एक०। णरो नरः–प्र० एक०। पावइ प्राप्नोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। विमोक्खं विमोक्षं–द्वि० एक०। इय इति वि अपि एवं ण न च एव जइ यदि–अव्यय। कम्मबंधणाणं कर्मबन्धयानां–षष्ठी बहु०। पएसठिइपयडि प्रदेशस्थितिप्रकृति–द्वि० एक०। अनुभागं–द्वि० ए०। जाणंतो जानन्–प्र० ए०। मुच्चइ मुच्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० भावकर्मवाच्य क्रिया। सो सः–प्र० ए०। सुद्धो शुद्धः–प्रथमा एकवचन ॥ २८८-२९० ॥

मात्र ही कर्मबन्धसे छूटनेका कारण नहीं है। इस कथनसे जो लोग कर्मके बन्धके विस्तारकी रचनाके जानने मात्रसे ही मोक्ष मानते हैं, अतः उसके ज्ञानमात्रमें ही सन्तुष्ट हैं उनका खंडन किया है। **भावार्थ**––जाननेमात्रसे ही बन्ध नहीं कटता, बन्ध तो कटनेसे ही कटता है।

प्रसंगविवरण––भूयत्थेणाभिगया इत्यादि अधिकार गाथाके अनुसार जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा व बन्ध तत्त्वका वर्णन अब तक हो चुका। अब क्रमप्राप्त मोक्षतत्त्वका वर्णन किया जाता है।

तथ्यप्रकाश––(१) आत्मा और कर्मबन्धके अलग-अलग हो जानेको मोक्ष कहते हैं। (२) कर्म व कर्मबन्धके स्वरूपका ज्ञान भर कर लेना मोक्षका कारण नहीं। (३) कर्मबन्धके विस्तार व रचनाके ज्ञानमात्रसे ही सन्तुष्ट होनेमें कल्याण नहीं है। (४) कर्मबन्धको अलग हटा देना मोक्षका हेतु है। (५) मिथ्यात्व रागादिरहित होकर अनन्तज्ञानादिगुणात्मक परमात्मस्वरूपमें स्थित होता हुआ ही जीव कर्मबन्धोंको छोड़ देता है। (६) स्वरूपोपलब्धिरहित पुरुषोंको कर्मबन्ध रचनादि परिज्ञानसे व चर्चासे मन्दकषायके कारण मात्र पुण्यबन्ध होता है, मोक्षमार्ग नहीं।

सिद्धान्त––(१) सहज स्वशुद्धज्ञानमय अन्तस्तत्त्वकी आराधना होनेपर कर्मबन्धसे मुक्ति होती है।

दृष्टि––१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब)।

जह बंधे चिंतंतो बंधणबद्धो ण पावइ विमोक्खं।
तह बंधे चिंतंतो जीवोवि ण पावइ विमोक्खं ॥२९१॥

ज्यों बन्ध चिन्तता भी, बन्धनबद्ध नहिं मुक्तिको पाता।
त्यों बन्ध चिन्तता भी, यह जीव भि मोक्ष नहिं पाता ॥२९१॥

यथा बंधान् चिंतयन् बंधनबद्धो न प्राप्नोति विमोक्षं। तथा बंधांश्चिंतयन् जीवोऽपि न प्राप्नोति विमोक्षं।

बंधचिंताप्रबंधो मोक्षहेतुरित्यन्ये तदप्यसत्, न कर्मबद्धस्य बंधचिंताप्रबंधो मोक्षहेतुरहेतुत्वात् निगडादिबद्धस्य बंधचिंताप्रबंधवत्। एतेन कर्मबंधविषयचिंताप्रबंधात्मकविशुद्धधर्मध्यानांधबुद्धयो बोध्यंते ॥ २९१ ॥

नामसंज्ञा—जह, बंध, चिंतंत, बंधणबद्ध, ण, विमोक्ख, तह, बन्ध, चिंतंत, जीव, वि, ण, विमोक्ख। **धातुसंज्ञा**—प आव प्राप्तौ। **प्रातिपदिक**—यथा, बन्ध, चिन्तत्, बन्धनबद्ध, न, विमोक्ष, तथा, बन्ध, चिन्तत्, जीव, न, अपि, विमोक्ष। **मूलधातु**—प्र आप्लृ व्याप्तौ। **पदविवरण**—जह यथा-ण न तह वि ण तथा अपि न-अव्यय। बंधे बन्धान्-द्वितीया बहु०। चिंतंतो चिन्तन्-प्रथमा एक०। बंधणबद्धो बन्धनबद्धः-प्रथमा एक०। पावइ प्राप्नोति-वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। विमोक्खं विमोक्षं-द्वि० एक०। जीवो जीवः-प्रथमा एकवचन ॥ २९१ ॥

प्रयोग—संसारमूल कर्मबन्धनसे छुटकारा पानेके लिये सहज ज्ञानस्वभावमात्र अन्तस्तत्त्वको निरखते रहना ॥ २८८-२९० ॥

अब कहते हैं कि बन्धकी चिंता करनेसे भी बन्ध नहीं कटता—[यथा] जैसे कोई [बंधनबद्धः] बन्धनसे बँधा हुआ पुरुष [बंधान् चिंतयन्] उन बंधोंको विचारता हुआ [विमोक्षं] मोक्षको [न प्राप्नोति] नहीं प्राप्त कर पाता [बंधान् चिंतयन्] कर्मबन्धकी चिंता करता हुआ [जीवोपि] जीव भी [विमोक्षं] मोक्षको [न प्राप्नोति] नहीं प्राप्त कर पाता।

तात्पर्य—मात्र कर्मबन्धके चिन्तन व कर्मफलके अपायके चिन्तनरूप शुभोपयोग परिणामसे भी मोक्ष नहीं होता।

टीकार्थ—बंधकी चिंताका प्रबन्ध मोक्षका कारण है, ऐसा कोई अन्य लोग मानते हैं वह मानना भी असत्य है। कर्मबन्धनसे बँधे हुए पुरुषके उस बँधकी चिंताका प्रबन्ध कि यह बन्ध कैसे छूटेगा वह भी बन्धके अभावरूप मोक्षका कारण नहीं है; क्योंकि यह चिंताका प्रबंध बन्धसे छूटनेका हेतु नहीं है। जैसे कि बेड़ी (सांकल) से बँधे हुए पुरुषको बन्धके स्वरूपका ज्ञानमात्र बन्धसे छूटनेका उपाय नहीं है। इस कथनसे कर्मबन्धविषयक चिंताप्रबन्धस्वरूप विशुद्ध धर्मध्यानसे जिनकी बुद्धि अंधी है उनका उत्थान किया गया है। **भावार्थ**—कर्मबन्धकी कर्मफलके अपायकी चिन्तामें धर्मध्यानरूप शुभपरिणाम है। जो केवल शुभपरिणामसे ही मोक्ष

कस्तर्हि मोक्षहेतुः ? इति चेत्--

जह बंधे छित्तूण य बंधणबद्धो तु उ पावइ विमोक्खं ।
तह बंधे छित्तूण य जीवो संपावइ विमोक्खं ॥ २९२ ॥

ज्यों बन्ध काट करके, बन्धनबद्ध नर मुक्तिको पाता ।
त्यों बन्ध काट करके, आत्मा भी मोक्षको पाता ॥२९२॥

यथा बन्धांश्छित्वा च बन्धनबद्धस्तु प्राप्नोति विमोक्षं । तथा बन्धांश्छित्वा च जीवः संप्राप्नोति विमोक्षं ।

कर्मबद्धस्य बंधच्छेदो मोक्षहेतुः, हेतुत्वात् निगडादिबद्धस्य बंधच्छेदवत् । एतेन उभये-

---

नामसंज्ञ--जह, बन्ध, य, बन्धणबद्ध, उ, विमोक्ख. तह, बन्ध, य, जीव, विमोक्ख । **धातुसंज्ञ**--छिदिर् छेदने, प आव प्राप्तौ, सं प आव प्राप्तौ । **प्रातिपदिक**—यथा, बन्ध, च, बन्धनबद्ध, तु, विमोक्ष, तथा, बन्ध, च, जीव, विमोक्ष । **मूलधातु**—छिदिर् द्वैधीकरणे, प्र आप्लृ व्याप्तौ, सं प्र आप्लृ व्याप्तौ ।

मानते हैं, उनको उपदेश है कि शुभपरिणामसे मोक्ष नहीं होता ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथात्रिकमें बताया था कि कर्मबन्धरचनाके ज्ञानमात्रसे मोक्ष नहीं है । अब इस गाथामें बताया है कि कर्मबन्धविषयक चिन्तासे भी मोक्ष नहीं है ।

तथ्यप्रकाश—(१) कर्मकी प्रकृति आदिके बन्धका चिन्तवन करने मात्रसे मोक्ष नहीं है । (२) कर्मसे रागसे कैसे छूटूं इतने मात्र धर्म्यध्यानसे भी मोक्ष नहीं है । (३) सहज चिदानन्दैकस्वरूप अन्तस्तत्त्वके ध्यानसे रहित जीवके कर्मबन्धचिन्तवनरूप सरागधर्मध्यानसे पुण्यबंध तो हो लेगा, मोक्ष नहीं ।

सिद्धान्त—(१) सरागधर्म्यध्यान शुभकर्मबन्धका हेतु है ।

दृष्टि---१– निमित्तदृष्टि, उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (५३अ, ५३) ।

प्रयोग--कर्मबन्धविनाशचिन्तनसे गुजरकर निर्विकल्प सहजात्मसंवेदनमें उपयोगको रमाना ॥ २९१ ॥

प्रश्न---यदि बन्धके स्वरूपके ज्ञानसे भी मोक्ष नहीं होता और उसकी चिन्ता करनेसे भी मोक्ष नहीं होता तो मोक्षका कारण क्या है ? **उत्तर**—[**यथा च**] जैसे [**बंधनबद्धः**] बन्धनसे बँधा पुरुष [**बंधान् छित्वा तु**] बन्धको छेदकर ही [**विमोक्षं**] मोक्षको [**प्राप्नोति**] प्राप्त करता है [**तथा च**] उसी प्रकार [**बंधान् छित्वा**] कर्मके बन्धनको छेदकर [**जीवः**] जीव [**विमोक्षं प्राप्नोति**] मोक्षको प्राप्त करता है ।

तात्पर्य---बन्धके विनाशसे ही मुक्तिकी प्राप्ति होती है ।

टीकार्थ---कर्मबद्धपुरुषके बन्धनको छेदन करना मोक्षका कारण है, ऐसा ही हेतुपना

ऽपि पूर्वं आत्मबंधयोर्द्विधाकरणे व्यापार्यन्ते ॥ २९२ ॥

जह यथा य च उ तु तह तथा य च–अव्यय। बन्धे बन्धान्–द्वितीया बहु०। छित्तूण छित्त्वा–असमाप्तिकी क्रिया। बन्धणबद्धो बन्धनबद्धः, पावइ प्राप्नोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया। विमोक्खं विमोक्षं–द्वि० ए०। बंधे बन्धान्–द्वितीया बहु०। जीवो जीवः–प्रथमा एक०। संपावइ संप्राप्नोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया। विमोक्खं विमोक्षं–द्वितीया एकवचन ॥ २९२ ॥

होनेसे जैसे कि बेड़ी सांकल आदिसे बँधे हुए पुरुषके सांकलका बन्ध काटना ही छूटनेका कारण है। इस कथनसे पहले कहे गये दोनों ही प्रकारके पुरुष आत्मा और बन्धके पृथक्-पृथक् करने में पौरुष करनेके लिये प्रेरित किये गये हैं।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बतलाया गया था कि कर्मबन्धविषयक चिन्तनसे भी कर्ममोक्ष नहीं होता। अब इस गाथामें मोक्षहेतु क्या है यह बताया है।

तथ्यप्रकाश—(१) बन्धका छेदन ही मोक्षका साक्षात् हेतु है। (२) बन्धछेदन निर्विकल्प सहज चिदानन्दैकस्वभाव अन्तस्तत्त्वके आश्रयके बलसे होता है।

सिद्धान्त—(१) स्वशुद्धात्मतत्त्वकी अभेदोपासनाके बलसे बद्ध कर्म सब दूर हो जाते हैं। (२) उपाधिके अभावसे मोक्ष होता है।

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब)। २– उपाध्यभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४अ)।

प्रयोग—सहजानन्दमय निज शुद्धात्मलाभके लिये सहजशुद्ध चैतन्यस्वरूपकी अभेदोपासनामें मग्न होना ॥ २९२ ॥

प्रश्न—कर्मबन्धनका ही छेदना मोक्षका कारण कहा गया सो क्या यही मोक्षका कारण है? **उत्तर**—[**बंधानां च स्वभावं**] बन्धोंके स्वभावको [**च**] और [**आत्मनः स्वभावं**] आत्माके स्वभावको [**विज्ञाय**] जानकर [**यः**] जो पुरुष [**बंधेषु**] बन्धोंके प्रति [**विरज्यते**] विरक्त होता है [**सः**] वह पुरुष [**कर्मविमोक्षणं करोति**] कर्मोंसे विमोक्षण करता है।

तात्पर्य—अविकार सहज चित्प्रकाशमय आत्मस्वभावको व विकाररूप बन्धस्वभावको जानकर जो बन्धोंसे हटता है वह कर्मरहित होता है।

टीकार्थ—जो ही पुरुष निर्विकार चैतन्यचमत्कारमात्र आत्मस्वभावको और उस आत्माके विकारको करनेवाले बन्धोंके स्वभावको जानकर उन बन्धोंसे विरक्त होता है वही पुरुष समस्त कर्मोंसे मुक्त होता है। इससे आत्मा और बंधके पृथक्-पृथक् करनेके ही मोक्षके कारणपनेका नियम किया गया है। **भावार्थ**—आत्मा व बंधका पृथक्करण ही मोक्षका हेतु है।

किमयमेव मोक्षहेतुः ? इति चेत्—

बंधाणं च सहावं वियाणिओ अप्पणो सहावं च ।
बंधेसु जो विरज्जदि सो कम्मविमोक्खणं कुणई ॥२९३॥

विधि बन्ध स्वभावोंको, अरु आत्मस्वभावको भी जो ।
बन्धविरक्त हुआ बुध, सो कर्मविमोक्षको करता ॥२९३॥

बन्धानां च स्वभावं विजानात्यात्मनः स्वभावं च । बन्धेषु यो विरज्यते स कर्मविमोक्षणं करोति ॥२९३॥

य एव निर्विकारचैतन्यचमत्कारमात्रमात्मस्वभावं तद्विकारकारकं बन्धानां च स्वभावं विज्ञाय बंधेभ्यो विरमति स एव सकलकर्ममोक्षं कुर्यात् । एतेनात्मबंधयोर्द्विधाकरणस्य मोक्ष-हेतुत्वं नियम्यते ॥ २९३ ॥

नामसंज्ञ—बन्ध, च, सहाव, अप्प, सहाव, च, बन्ध, ज, त, कम्मविमोक्खण । **धातुसंज्ञ**—वि जाण अवबोधने, वि रज्ज रागे, कुण करणे । **प्रातिपदिक**—बन्ध, च, स्वभाव, आत्मन् स्वभाव, च, बन्ध, यत्, तत्, कर्मविमोक्षण । **मूलधातु**—वि ज्ञा अवबोधने, वि रज्ज रागे दिवादि. डुकृञ् करणे । **पदविवरण**—बन्धाणं बन्धानां–षष्ठी बहु० । च–अव्यय । सहावं स्वभावं–द्वितीया एक० । वियाणिओ विज्ञाय–असमाप्तिकी क्रिया । अप्पणो आत्मनः–षष्ठी एक० । सहावं स्वभावं–द्वि० एक० । बन्धेसु बन्धेषु–सप्तमी बहु० । जो यः–प्रथमा एक० । विरज्जदि विरज्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । सो सः–प्रथमा एकवचन । कम्मविमोक्खणं कर्मविमोक्षणं–द्वितीया एकवचन । कुणइ करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ २९३ ॥

प्रसंगविवरण—अनंतरपूर्व गाथामें बताया गया था कि बन्धको छेद करके जीव मोक्ष प्राप्त करता है । अब इस गाथामें उसी मोक्षके उपायको स्पष्ट बताया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) बंधका छेदन बंधसे विरक्त होने याने विमुख होनेसे होता है । (२) बंधसे विरक्ति बन्धका स्वभाव व आत्माका स्वभाव जाननेसे होती है । (३) आत्मस्वभाव है निर्विकार चैतन्यचमत्कारमात्र । (४) बन्धका स्वभाव है आत्मामें विकार करना । (५) बन्ध स्वभावसे आत्मस्वभाव अलग है । (६) आत्मस्वभावमें विकार नहीं । (७) बन्धोंसे जो हट जाता है वह कर्ममोक्षको प्राप्त होता है ।

सिद्धान्त—(१) बन्धसे विरक्ति होनेसे, स्वभावमें मग्नता होनेसे मोक्ष प्राप्त होता है ।

दृष्टि—१– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब) ।

प्रयोग—शुद्धात्मलाभके लिये आत्मस्वभाव व बन्धस्वभावको जानकर बन्धसे विरक्त होकर शुद्धात्मतत्त्वकी भावना करना ॥ २९३ ॥

प्रश्न—आत्मा और बंध ये दोनों किस उपायसे पृथक् किये जाते हैं ? **उत्तर**—[जीवः च बंधः] जीव और बन्ध ये दोनों [नियताभ्यां] निश्चित [स्वलक्षणाभ्यां] अपने-

केनात्मबंधौ द्विधा क्रियेते ? इति चेत्—

जीवो बंधो य तहा छिज्जंति सलक्खणेहिं णियएहिं ।
पण्णाछेदणएण उ छिण्णा णाणत्तमावण्णा ॥२९४॥

प्रज्ञा छेनी द्वारा, अपने अपने विशिष्ट चिह्नोंसे ।
जीव तथा बन्धोंमें, भेद किये भिन्न वे होते ॥२९४॥

जीवो बन्धश्च तथा छिद्येते स्वलक्षणाभ्यां नियताभ्यां । प्रज्ञाछेदकेन तु छिन्नौ नानात्वमापन्नौ ॥ २९४ ॥

आत्मबंधयोर्द्विधाकरणे कार्ये कर्तुरात्मनः करणमीमांसायां निश्चयतः स्वतो भिन्नकरणासंभवात् भगवती प्रज्ञैव छेदनात्मकं करणं । तया हि तौ छिन्नौ नानात्वमापद्येते ततः प्रज्ञयैवात्मबंधयोर्द्विधाकरणं । ननु कथमात्मबंधौ चेत्यचेतकभावेनात्यंतप्रत्यासत्तेरेकीभूतौ भेदविज्ञानाभावादेकचेतकवद्व्यवह्रियमाणौ प्रज्ञया छेत्तुं शक्येते ? नियतस्वलक्षणसूक्ष्मांतःसंधिसावधाननिपातनादिति बुध्येमहि । आत्मनो हि समस्तशेषद्रव्यासाधारणत्वाच्चैतन्यं स्वलक्षणं तत्तु प्रवर्तमानं यद्यदभिव्याप्य प्रवर्तते निवर्तमानं च यद्यदुपादाय निवर्तते तत्तत्समस्तमपि सहप्रवृत्तं

नामसंज्ञ—जीव, बंध, य, तहा, सलक्खण, णियय, पण्णाछेदणअ, उ, छिण्ण, णाणत्त, आवण्ण । **धातुसंज्ञ**—च्छिद छेदने, आ वण्ण वर्णने । **प्रातिपदिक**—जीव, बन्ध, च, तहा, स्वलक्षण, नियत, प्रज्ञाछेदक,

---

अपने लक्षणोंसे [**प्रज्ञाछेदकेन**] बुद्धिरूपी छेनीसे [**तथा**] उस तरह [**छिद्येते**] छेदे जाते हैं [**तु**] कि जिस तरह [**छिन्नौ**] छेदे हुए वे [**नानात्वं**] नानापनको [**आपन्नौ**] प्राप्त हो जायें ।

तात्पर्य—अपने-अपने नियत लक्षणसे जीव और बन्धको अलग-अलग जानकर प्रज्ञा छेनीसे उन्हें अलग-अलग कर देना चाहिये ।

टीकार्थ—आत्मा और बन्धको भिन्न-भिन्न करनेरूप कार्यके विषयमें कर्ता आत्माके करणविषयक विचार किया जानेपर निश्चयतः आत्मासे पृथक् किसी करणकी असंभवता होनेसे भगवती प्रज्ञा याने ज्ञानस्वरूप बुद्धि ही छेदनस्वरूप करण है । उस प्रज्ञाके द्वारा ही छेदे गये वे दोनों याने आत्मा व बन्ध नानापनेको अवश्य प्राप्त होते हैं अर्थात् पृथक्-पृथक् हो जाते हैं । इस कारण प्रज्ञाके द्वारा ही आत्मा और बन्धका पृथक्-पृथक् करना होता है । **प्रश्न**—आत्मा और बन्ध जो कि चेत्यचेतक भावके द्वारा अत्यन्त निकटताके कारण एकीभूत हो रहे हैं और भेदविज्ञानके अभावसे एक चेतककी तरह जो व्यवहारमें प्रवर्तते देखे जाते हैं वे प्रज्ञासे कैसे छेदे जा सकते हैं ? **समाधान**—आत्मा और बन्धके निश्चित स्वलक्षणकी सूक्ष्म अन्तरंग संधिमें इस प्रज्ञा छेनीको सावधान होकर पटकनेसे दोनोंको याने आत्मा और बंधको छेदा जा सकता है, पृथक्-पृथक् किया जा सकता है । वहाँ आत्माका तो निश्चयसे समस्त

क्रमप्रवृत्तं वा पर्यायजातमात्मेति लक्षणीयं तदेकलक्षणलक्ष्यत्वात्, समस्तसहक्रमप्रवृत्तानंतपर्यायाविनाभावित्वाच्चैतन्यस्य चिन्मात्र एवात्मा निश्चेतव्यः इति यावत् । बंधस्य तु आत्मद्रव्यासाधारणा रागादयः स्वलक्षणं । न च रागादय आत्मद्रव्यसाधारणतां बिभ्राणाः प्रतिभासंते नित्यमेव चैतन्यचमत्कारादतिरिक्तत्वेन प्रतिभासमानत्वात् । न च यावदेव समस्तस्वपर्यायव्यापि चैतन्यं प्रतिभाति तावंत एव रागादयः प्रतिभांति । रागादीनंतरेणापि चैतन्यस्यात्मलाभसंभावनात् । यत्तु रागादीनां चैतन्येन सहैवोल्लवनं तच्चेत्यचेतकभावप्रत्यासत्तेरेव नैकद्रव्यत्वात्,

---

तु, छिन्न, नानात्व, आपन्न । मूलधातु—छिदिर् छेदने रुधादि, आ-पद गतौ । पदविवरण—जीवो जीवः—

अन्य द्रव्योंसे असाधारणपना होनेसे याने अन्य द्रव्यमें न पाया जानेसे चैतन्य स्वलक्षण है । वह चैतन्य स्वलक्षण प्रवर्तता हुआ जिस-जिस पर्यायको व्याप्त कर प्रवर्तता है तथा निवर्तता हुआ जिस-जिस पर्यायको ग्रहण कर निवृत्त होता है वह वह समस्त ही सहवर्ती और क्रमवर्ती पर्यायों का समूह आत्मा है ऐसा लखना चाहिये । क्योंकि आत्मा उसी एक लक्षणसे लक्ष्यमें होता है । तथा समस्त सहवर्ती व क्रमवर्ती अनन्त पर्यायोंके साथ चैतन्यका अविनाभावीपना होनेसे चिन्मात्र ही आत्मा है ऐसा निश्चय करना चाहिये, इस प्रकार ही समझना । परन्तु बन्धका स्वलक्षण आत्मद्रव्यसे असाधारण रागादिक हैं, क्योंकि ये रागादिक आत्मद्रव्यसे साधारणपन को धारण करते हुए प्रतिभासित नहीं होते, वे रागादिक सदा ही चैतन्यचमत्कारसे भिन्नपने से प्रतिभासित होते हैं । और जितना अपने समस्त पर्यायोंमें व्यापने स्वरूप चैतन्य प्रतिभासित होता है, उतने ही रागादिक प्रतिभासित नहीं होते, क्योंकि रागादिकके बिना भी चैतन्यका आत्मलाभ सम्भव है । हाँ, जो रागादिकका चैतन्यके साथ ही उत्पन्न होना दीखता है वह इस ज्ञेयज्ञायक भावके अति निकट होनेसे ही दीखता है एक द्रव्यपनेके कारण नहीं । वहाँ चेत्यमान रागादिक आत्माके चेतकपनको याने ज्ञायकपनेको ही विस्तारते हैं, रागादिकपनको नहीं विस्तारते, जैसे कि दीपकके द्वारा प्रकाशमान घटादिक दीपकके प्रदीपकपनेको ही विस्तारते हैं, रागादिकपनको नहीं विस्तारते, ऐसा होनेपर भी आत्मा और बन्ध दोनोंके अत्यन्त निकटपने से भेदकी सम्भावनाका अभाव होनेसे इस अज्ञानीके अनादिकालसे एकत्वका भ्रम है । लेकिन वह भ्रम प्रज्ञाके द्वारा छेदा जाता ही है ।

भावार्थ—आत्मा तो अमूर्तिक है और बन्ध सूक्ष्म पुद्गलपरमाणुओंका स्कन्ध है इस वजहसे ये दोनों पृथक् अज्ञानीके ज्ञानमें नहीं आते, एकीभूत दीखता है, यह अज्ञान अनादिसे चला आया है । सो श्रीगुरुओंका उपदेश पाकर ज्ञानबलसे इन दोनोंको न्यारा-न्यारा ही जानना कि चैतन्यमात्र तो आत्माका लक्षण है और रागादिक बन्धका लक्षण है । ये दोनों

चेत्यमानस्तु रागादिरात्मनः प्रदीप्यमानो घटादिः प्रदीपस्य प्रदीपकतामिव चेतकतामेव प्रथयेन्न पुना रागादीन्, एवमपि तयोरत्यंतप्रत्यासत्त्या भेदसंभावनाभावादनादिरस्त्येकत्वव्यामोहः स तु प्रज्ञयैव छिद्यत एव ।। प्रज्ञा छेत्री शितेयं कथमपि निपुणैः पातिता सावधानैः सूक्ष्मेऽन्तःसंधिबंधे

प्रथमा एक० । बंधो बन्धः—प्रथमा एकवचन । य च तह तथा—अव्यय । सलक्खणेहि—तृतीया बहु० । स्व-लक्षणाभ्यां—तृतीया द्विवचन । णियएहि—तृ० बहु० । नियताभ्यां—तृतीया द्विवचन । छिज्जंति—वर्तमान लट्

अज्ञानवश ज्ञेयज्ञायकभावकी अतिनिकटतासे एकसे हो रहे दीखते हैं, लेकिन तीक्ष्णबुद्धिरूपी छैनीको इनकी सूक्ष्म संधिपर ज्ञानाभिमुख होकर पटकना । उसके पड़ते ही दोनों अलग-अलग दीखने लगते हैं और तब आत्माको ज्ञानभावमें ही रखना और बन्धको अज्ञानभावमें डालना ।

अब इसी अर्थको काव्यमें कहते हैं—प्रज्ञा इत्यादि । **अर्थ**—प्रवीण व सावधान प्रमादरहित पुरुषोंके द्वारा आत्मा और कर्म इन दोनोंके सूक्ष्म भीतरी संधिपर पटकी हुई यह तीव्र प्रज्ञारूपी छैनी शीघ्र ही अन्तरङ्गमें तो स्थिर और स्पष्ट प्रकाशरूप देदीप्यमान तेज वाले चैतन्यके प्रवाहमें मग्न आत्माको तथा अज्ञानभावमें नियमित बन्धको भिन्न-भिन्न करती हुई आत्मकर्मोभयकी संधिपर गिरती है । **भावार्थ**—यहाँ कार्य तो है आत्मा और बन्धको भिन्न-भिन्न करना । उसका कर्ता आत्मा है । और जिसके द्वारा कार्य हो वह करण भी आत्मा है । निश्चयनयतः कर्तासे पृथक् करण होता नहीं है । इस कारण आत्मासे अभिन्न यह प्रज्ञा ही इस कार्यमें करण है । सो प्रज्ञा द्वारा शरीरसे, ज्ञानावरणादिक द्रव्यकर्मसे तथा रागादिक भाव-कर्मसे भिन्न एक चैतन्य भावमात्र अपना अनुभव रखना ही इनको भिन्न करना है । इसी विधिसे सब कर्मोंका नाश हो जाकर सिद्धपद प्राप्त हो जाता है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें आत्मा और बन्धको अलग करनेके प्रसङ्गमें मोक्ष का उपाय स्पष्ट बताया था । अब इस गाथामें यह बताया है कि आत्मा और बन्ध किस साधनसे अलग-अलग किये जाते हैं ।

तथ्यप्रकाश—(१) आत्मा और बन्धको अलग करनेरूप कार्यका कर्ता आत्मा ही होगा । (२) आत्माके जिस करणसे आत्मबन्धका द्विधाकरण होगा वह आत्मासे अभिन्न ही होगा । (३) आत्मबन्धके द्विधाकरणका साधन प्रज्ञा ही है । (४) प्रज्ञाके द्वारा छेदे गये वे दोनों अवश्य ही अलग-अलग हो जाते हैं । (५) बन्ध चेत्य है, आत्मा चेतक है इस निकटता से वे दोनों यद्यपि एकीभूतसे लग रहे हैं तथापि प्रज्ञा द्वारा उनके अपने-अपने स्वलक्षणोंको जुदा-जुदा पहचाननेसे वे छिन्न हो जाते हैं । (६) आत्माका लक्षण चैतन्य है जो किसी अन्य द्रव्यमें नहीं पाया जाता और आत्मामें सदा तन्मय रहता है । (७) बन्धका लक्षण रागादिक

निपतितरभसादात्मकर्मोभयस्य । आत्मानं मग्नमंतःस्थिरविशदलसद्धाम्नि चैतन्यपूरे बंधं चाज्ञा-
नभावे नियमितमभितः कुर्वती भिन्नभिन्नौ ॥१८१॥ ॥ २९४ ॥

अन्य पुरुष बहु० कर्मवाच्य क्रिया । छिद्येते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष द्विवचन कर्मवाच्य क्रिया । पण्णाछेदण-
ऐण प्रज्ञाछेदकेन—तृतीया एक० । उ तु—अव्यय । छिण्णा—प्रथमा बहु० । छिन्नौ—प्रथमा द्विवचन । णाणत्त
नानात्व—द्वितीया एक० । आवण्णा—प्रथमा बहु० । आपन्नौ—प्रथमा द्विवचन ॥ २९४ ॥

है जो सब आत्मावोंमें नहीं पाया जाता और चैतन्यस्वरूपसे अत्यन्त विलक्षण है । (८) चेत्य-
मान रागादिक आत्माकी चेतकताको ही प्रसिद्ध करते हैं रागादिकताको नहीं बताते । (९)
प्रकाशमान घटादिक दीपककी प्रकाशकताको ही प्रसिद्ध करते हैं । (१०) चेत्यचेतक भावकी
अतीव प्रत्यासत्तिके कारण उनमें भेदज्ञानकी सम्भावना न होनेपर होने वाला एकपनेका मोह
प्रज्ञाके द्वारा ही नष्ट किया जाता है ।

सिद्धान्त—(१) भेदविज्ञानके द्वारा आत्मा व कर्मबन्ध इनको पृथक्-पृथक् कर दिया
जाता है ।

दृष्टि—१– वैलक्षण्यनय (२०३) ।

प्रयोग—विवेकबुद्धि द्वारा जीव और बन्धको अपने-अपने लक्षणोंसे जुदा-जुदा करके
जीवस्वभावको निहारते रहना ॥ २९४ ॥

प्रश्न—आत्मा और बंधको द्विधा करके क्या करना ? उत्तर—[जीवः] जीव [च]
और [बंधः] ये दोनों [नियताभ्यां] निश्चित [स्वलक्षणाभ्यां] अपने-अपने लक्षणोंसे [तथा]
उस प्रकार [छिद्येते] छेदे जाते हैं कि [बंधः छेत्तव्यः] बन्ध तो छिदकर अलग हो जाना
चाहिये [च] और [शुद्धः आत्मा गृहीतव्यः] शुद्ध याने केवल आत्मा ग्रहण कर लिया जाना
चाहिये ।

तात्पर्य—आत्मा और बन्धको अलग जान लेनेका प्रयोजन यह है कि बन्ध तो छूट
जाना चाहिये और आत्मा ग्रहणमें आना चाहिये ।

टीकार्थ—आत्मा और बन्ध इन दोनोंको पहले तो अपने-अपने निश्चित लक्षणके ज्ञान
से सर्वथा ही भिन्न करना चाहिये । तत्पश्चात् रागादिक लक्षण वाले समस्त बन्धको तो
छोड़ना चाहिये तथा उपयोगलक्षण वाले केवल शुद्ध आत्माको ही ग्रहण करना चाहिये । यही
निश्चयसे आत्मा और बन्धके भिन्न-भिन्न करनेका प्रयोजन है कि बन्धके त्यागसे शुद्ध आत्मा
को ग्रहण करना । भावार्थ—आत्मा और बन्धको द्विधा करके क्या करना ? इस प्रश्नका
उत्तर यह है कि बन्धका तो त्याग करना और शुद्ध आत्माको ग्रहण करना ।

आत्मबंधौ द्विधा कृत्वा किं कर्तव्यं ? इति चेत् --

जीवो बंधो य तहा छिज्जंति सलक्खणेहिं णियएहिं ।
बंधो छेएदव्वो सुद्धो अप्पा य घेत्तव्वो ॥ २९५ ॥

जीव तथा बन्धोंसे, नियत लक्षणोंसे भेद यों करता ।
बन्ध वहां हट जावे, शुद्धात्मा गृहीत हो जावे ॥२९५॥

जीवो बन्धश्च तथा छिद्येते स्वलक्षणाभ्यां नियताभ्यां । बन्धश्छेत्तव्यः शुद्ध आत्मा च गृहीतव्यः ॥ २९५ ॥

आत्मबंधौ हि तावन्नियतस्वलक्षणविज्ञानेन सर्वथैव छेत्तव्यौ, ततो रागादिलक्षणः समस्त एव बंधो निर्मोक्तव्यः, उपयोगलक्षणः शुद्ध आत्मैव गृहीतव्यः । एतदेव किलात्मबन्धयोर्द्विधाकरणस्य प्रयोजनं यद्बंधप्रत्ययोन्मुक्तमात्मोपादानम् ॥ २९५ ॥

नामसंज्ञ—जीव, बन्ध, य, तहा, सलक्खण, णियअ, बन्ध, छेएदव्व, सुद्ध, अप्प, य, घेत्तव्व । **धातुसंज्ञ**—च्छिद छेदने गह उपादाने । **प्रातिपदिक**— जीव, बन्ध, च, तथा, स्वलक्षण, नियत, बन्ध, छेत्तव्य, शुद्ध, आत्मन्, गृहीतव्य । **मूलधातु**—छिदिर छेदने रुधादि, गिण्ह ग्रहणे । **पदविवरण**—जीवो जीवः—प्रथमा एकवचन । बन्धो बन्धः—प्रथमा एक० । य च—अव्यय । तह तथा—अव्यय । छिज्जंति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहु० कर्मवाच्य क्रिया । छिद्येते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष द्विवचन कर्मवाच्य क्रिया । सलक्खणेहि—तृ० बहु० । स्वलक्षणाभ्यां—तृ० द्विवचन । णियएहि—तृ० बहु० । नियताभ्यां—तृ० द्विवचन । बन्धो बन्धः—प्रथमा एक० । छेएदव्वो छेत्तव्यः—प्रथमा एक० । सुद्धो शुद्धः—प्रथमा ए० । अप्प आत्मा—प्रथमा एकवचन । य च—अव्यय । घेत्तव्वो गृहीतव्यः—प्रथमा एकवचन कृदन्त क्रिया ॥ २९५ ॥

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि आत्मा और बन्धके नियत स्वलक्षणोंको जानकर प्रज्ञा द्वारा उन्हें अलग-अलग कर दिया जाता है । अब इस गाथामें बताया है कि आत्मा और बन्धको अलग-अलग करके क्या करना चाहिये ?

तथ्यप्रकाश—(१) स्वलक्षणविज्ञानसे आत्मा और बन्धको अलग-अलग परख लिया जाता है । (२) आत्मा तो मात्र उपयोगस्वरूप है । (३) बन्ध रागादि लक्षण वाला है । (४) आत्मा और बन्धको अलग-अलग करके बन्धको तो छोड़ देना चाहिये और मात्र सहज सिद्ध आत्माको उपयोगमें रखना चाहिये ।

सिद्धान्त—(१) आत्मा और बन्धका भेदविज्ञान कल्याणका प्रारम्भ है । (२) बन्धको छोड़कर मात्र चैतन्यस्वरूप आत्माका अनुभव करना कल्याणलाभ है ।

दृष्टि—१— वैलक्षण्यनय (२०३) । २— शून्यनय (१७३) ।

प्रयोग—भेदविज्ञानसे उपयोगस्वरूप आत्माको और रागादि बन्धनको अलग-अलग जानकर उपयोगस्वरूप सहजात्मतत्त्वमें उपयोग लगाना ॥ २९५ ॥

कह सो घिप्पइ अप्पा पण्णाए सो उ घिप्पए अप्पा ।
जह पण्णाइ विहत्तो तह पण्णाएव घित्तव्वो ॥२९६॥

किमि गृहीत हो आत्मा, प्रज्ञासे वह गृहीत होता है ।
ज्यौं प्रज्ञासे भेदा, त्यौं प्रज्ञासे ग्रहण करना ॥२९६॥

कथं स गृह्यते आत्मा प्रज्ञया स तु गृह्यते आत्मा । यथा प्रज्ञया विभक्तस्तथा प्रज्ञयैव गृहीतव्यः ॥ २९६ ॥

ननु केन शुद्धोयमात्मा गृहीतव्यः ? प्रज्ञयैव शुद्धोयमात्मा गृहीतव्यः, शुद्धस्यात्मनः

नामसंज्ञ—कह, त, अप्प, पण्णा, त, उ, अप्प, जह, पण्णा, विहत्त, तह, पण्णा, एव, घित्तव्व । **धातुसंज्ञ**—गिण्ह ग्रहणे । **प्रातिपदिक**—कथं, तत्, आत्मन्, प्रज्ञा, तत्, तु, आत्मन्, यथा, प्रज्ञा, विभक्त, तथा, प्रज्ञा, एव, गृहीतव्य । **मूलधातु**—ग्रह उपादाने क्र्यादिगणे । **पदविवरण**—कह कथं—अव्यय । सो सः—प्रथमा एकवचन । उ तु—अव्यय । घिप्पइ गृह्यते—वर्तमान लट् प्रथम पुरुष एक० कर्मवाच्य क्रिया । अप्पा आत्मा—प्रथमा एक० । पण्णाए प्रज्ञया—तृतीया एकवचन । सो सः—प्रथमा एक० । उ तु—अव्यय ।

आत्मा और बन्धको प्रज्ञासे तो भिन्न किये, परन्तु आत्माको ग्रहण किसके द्वारा किया जाय ? इस प्रश्नोत्तरको गाथा कहते हैं— **प्रश्न**—**[स आत्मा]** वह शुद्धात्मा **[कथं]** कैसे **[गृह्यते]** ग्रहण किया जाता है ? **उत्तर**—**[स तु आत्मा]** वह शुद्धात्मा **[प्रज्ञया]** प्रज्ञाके द्वारा ही **[गृह्यते]** ग्रहण किया जाता है । **[यथा]** जिस प्रकार पहले **[प्रज्ञया]** प्रज्ञाके द्वारा **[विभक्तः]** भिन्न किया **[तथा]** उसी प्रकार **[प्रज्ञयैव]** प्रज्ञाके द्वारा ही **[गृहीतव्यः]** ग्रहण किया जाना चाहिये ।

तात्पर्य—ज्ञानके द्वारा ही तो आत्मस्वभाव व बन्धको भिन्न-भिन्न किया जाता है और ज्ञानके ही द्वारा आत्माको ग्रहण किया जाता है ।

टीकार्थ—**प्रश्न**—यह शुद्ध आत्मा किस तरह ग्रहण किया जाना चाहिये ? **उत्तर**—यह शुद्धात्मा प्रज्ञासे ही ग्रहण किया जाना चाहिये । क्योंकि स्वयं अपने शुद्ध आत्माको ग्रहण करते हुए शुद्ध आत्माके जैसे कि पहले भिन्न करते हुएके प्रज्ञा ही एक करण था उसी प्रकार ग्रहण करते हुए भी वही प्रज्ञा एक करण है, भिन्न करण नहीं है । अतः जैसे प्रज्ञाके द्वारा भिन्न किया था वैसे प्रज्ञाके द्वारा ही ग्रहण करना चाहिये । **भावार्थ**—आत्मा और बन्धको भिन्न करनेमें और केवल आत्माके ग्रहण करनेमें पृथक् करण नहीं है इसलिये प्रज्ञाके द्वारा ही तो भिन्न किया और प्रज्ञाके द्वारा ही ग्रहण करना चाहिये ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि आत्मा और बन्धको अलग-अलग करके मात्र आत्माको ग्रहण करना चाहिये । अब इस गाथामें बताया है कि मात्र आत्मतत्त्वको कैसे ग्रहण कर लेना चाहिये ।

स्वयमात्मानं गृह्णतो विभजत इव प्रज्ञैककरणत्वात्। अतो यथा प्रज्ञया विभक्तस्तथा प्रज्ञयैव गृहीतव्यः ॥ २९६ ॥

घिप्पए गृह्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन कर्मवाच्य क्रिया। अप्पा आत्मा–प्रथमा एकवचन कर्मवाच्यमें कर्म। जह यथा–अव्यय। पण्णाइ प्रज्ञया–तृ० एक० करणकारक। विहत्तो विभक्तः–प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया, तह तथा–अव्यय। पण्णाइ प्रज्ञया–तृ० एक०। एव–अव्यय। घित्तव्वो गृहीतव्यः–प्रथमा एकवचन कृदन्त क्रिया ॥ २९६ ॥

तत्त्वप्रकाश—(१) आत्मा और बन्धको अलग-अलग कर देनेका प्रयोजन शुद्ध आत्माका ग्रहण करना है। (२) प्रज्ञाके द्वारा ही आत्मा और बन्धको अलग-अलग किया जाता है। (३) प्रज्ञाके द्वारा ही शुद्ध आत्माको ग्रहण किया जाता है। (४) आत्मा और बन्धके छेदनकी तरह शुद्ध आत्माको ग्रहण करना भी एक प्रज्ञाकरणके द्वारा ही सम्भव है।

सिद्धान्त—(१) ज्ञान द्वारा ज्ञानमें ज्ञानस्वरूप आत्माको सुसिद्ध किया जाता है। (२) निर्विकल्प सम्वेदन द्वारा शाश्वत ज्ञानस्वभावमें उपयोग अभेदरूपसे रम जाता है।

दृष्टि—१– ज्ञाननय (१६४)। २– नियतिनय (१७७)।

प्रयोग—ज्ञानमात्र आत्माको निरखकर इसी शाश्वत ज्ञानस्वभावमें उपयोगको लगाना व रमाना ॥ २९६ ॥

प्रश्न—आत्माको प्रज्ञाके द्वारा किस प्रकार ग्रहण करना चाहिए? **उत्तर**—[**यः चेतयिता**] जो चेतनस्वरूप आत्मा है [**निश्चयतः**] निश्चयसे [**सः तु**] वह ही तो [**अहं**] मैं हूं ऐसा [**प्रज्ञया**] प्रज्ञाके द्वारा [**गृहीतव्यः**] ग्रहण करना चाहिये [**अवशेषाः**] और अवशेष [**ये भावाः**] जो भाव हैं [**ते**] वे [**मम परा**] मुझसे पर हैं याने भिन्न हैं [**इति ज्ञातव्याः**] इस प्रकार जानना चाहिये।

तात्पर्य—जो ज्ञानमात्र हूं, जाननहार हूं वही मैं हूं ऐसा अन्तः अनुभव करना ही आत्माको ग्रहण करना है।

टीकार्थ—निश्चयसे जो निश्चित निजलक्षणको अवलम्बन करने वाली प्रज्ञाके द्वारा विभक्त किया गया जो चैतन्यस्वरूप आत्मा है वही यह मैं हूं और जो ये अवशेष अन्य अपने लक्षणसे पहचानने योग्य व्यवहाररूप भाव हैं, वे सभी व्यापक आत्माके व्याप्यपनेमें नहीं आते हुए मुझसे अत्यन्त भिन्न हैं। इस कारण मैं ही, अपने द्वारा ही, अपने ही लिये, अपनेसे ही, अपनेमें ही, अपनेको ही ग्रहण करता हूं। जो मैं निश्चयतः ग्रहण करता हूं वह आत्माकी चेतना ही एक क्रिया होनेसे मैं उस क्रियासे चेतता ही हूं, चेतता हुआ ही चेतता हूं, चेतते

कथमयमात्मा प्रज्ञया गृहीतव्यः ? इति चेत्—

पण्णाए घित्तव्वो जो चेदा सो अहं तु णिच्छयदो ।
अवसेसा जे भावा ते मज्झ परेत्ति णायव्वा ॥२९७॥

प्रज्ञासे यों गहना, जो चेतक सो हि मैं हुं निश्चयसे ।
अवशिष्ट भाव मुझसे, भिन्न तथा पर पृथक् जानो ॥२९७॥

प्रज्ञया गृहीतव्यो यश्चेतयिता सोऽहं तु निश्चयतः । अवशेषा ये भावाः ते मम परा इति ज्ञातव्याः ॥२९७॥

यो हि निखातस्वलक्षणालक्षिता प्रज्ञया प्रविभक्तश्चेतयिता सोऽयमहं । ये त्वमी अवशिष्टा अन्यस्वलक्षणलक्ष्या व्यवह्रियमाणा भावाः, ते सर्वेऽपि चेतयितृत्वस्य व्यापकस्य व्याप्यत्वमनायांतोऽत्यंतं मत्तो भिन्नाः । ततोऽहमेव मयैव मह्यमेव मत्त एव मय्येव मामेव गृह्णामि । यत्किल गृह्णामि तच्चेतनैककियत्वादात्मनश्चेतये एव, चेतयमान एव चेतये, चेतयमानेनैव

नामसंज्ञा-- पण्णा, घित्तव्व, ज, चेदा, त, अम्ह, तु, णिच्छयदो, अवसेस, ज, भाव, त, अम्ह, पर, इत्ति, णायव्व । धातुसंज्ञा—गिण्ह गहणे, चेत करणावबोधनयोः, जाण अवबोधने । प्रातिपदिक—प्रज्ञा,

---

हुएसे ही चेतता हूं, चेतते हुएके लिये ही चेतता हूं, चेतते हुएसे ही चेतता हूं, चेतते हुएमें ही चेतता हूं, चेतते हुएको ही चेतता हूं अथवा न तो चेतता हूं, न चेतता हुआ चेतता हूं, न चेतते हुएसे चेतता हूं, न चेतते हुएके लिये चेतता हूं, न चेतते हुएसे चेतता हूं, न चेतते हुएमें चेतता हूं, न चेतते हुएको चेतता हूं । किन्तु मैं तो सर्व विशुद्ध चिन्मात्र भाव हूं । **भावार्थ**—पहिले प्रज्ञाके द्वारा आत्माको बन्धसे भिन्न किया था तब उसीसे यह चैतन्यस्वरूप आत्मा मैं हूं ऐसा अपनेको ग्रहण किया । सो यहाँ अभिन्न छह कारकोंसे ग्रहण किया कि मैं, मुझको, मेरे द्वारा, मेरे लिये, मुझसे अपनेमें जानता हूं अब और सामान्यकी ओर वृत्ति हुई सो उससे मैं चेतता हूं, अपनेको चेतता हूं, अपने द्वारा चेतता हूं, अपने लिये चेतता हूं, अपनेसे चेतता हूं, अपनेमें चेतता हूं यों अनुभवा । फिर और सामान्य हुए तो इन अभिन्न कारकोंके भेदका भी निषेध करके मैं शुद्ध चैतन्यमात्र भाव हूं, एक अभेद हूं, इस तरह बुद्धिके द्वारा आत्माको ग्रहण करना ।

अब इस अर्थको काव्यमें कहते हैं—भित्त्वा इत्यादि । **अर्थ**—जो कुछ भी भेदा जा सकता है उस सबको निज लक्षणके बलसे भेदकर चैतन्य चिह्नसे चिह्नित, विभागरहित महिमा वाला मैं शुद्ध चैतन्य ही हूं । यदि प्रतिबोधनार्थ कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, अधिकरण—ये छः कारक और सत्त्व, असत्त्व, नित्यत्व, अनित्यत्व आदिक धर्म व ज्ञान, दर्शन आदिक गुण ये भेदरूप हों तो हों, परन्तु विशुद्ध, समस्त विभावोंसे रहित, शुद्ध,

चेतये, चेतयमानार्थेव चेतये, चेतयमानादेव चेतये, चेतयमाने एव चेतये, चेतयमानमेव चेतये। अथवा न चेतये, न चेतयमानश्चेतये, न चेतयमानेन चेतये, न चेतयमानाय चेतये, न चेतयमानाच्चेतये, न चेतयमाने चेतये, न चेतयमानं चेतये। किंतु सर्वविशुद्धचिन्मात्रो भावोऽहम ॥ भित्त्वा सर्वमपि स्वलक्षणबलाद्भेत्तुं हि यच्छक्यते। चिन्मुद्रांकितनिर्विभागमहिमा शुद्धश्चिदेवास्म्यहं। भिद्यंते यदि कारकाणि यदि वा धर्मा गुणा वा यदि। भिद्यंतां न भिदास्ति काचन विभौ भावे विशुद्धे चिति ॥१८२॥ ॥ २९७ ॥

गृहीतव्य, यत्, चेतयितृ, तत्, अस्मद्, तु, निश्चयतः, अवशेष, यत्, भाव, तत्, अस्मद्, पर, इति, ज्ञातव्य। **मूलधातु**—ग्रह उपादाने क्र्यादि, ज्ञा अवबोधने। **पदविवरण**—पण्णाए प्रज्ञया—तृतीया एक०। घित्तव्वो गृहीतव्यः—प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया। जो यः—प्रथमा एक०। चेदा चेतयिता—प्र० एक०। सो सः—प्रथमा एक०। अहं—प्र० एक०। तु—अव्यय। णिच्छयदो निश्चयतः—अव्यय पंचम्यर्थे। अवसेसा अवशेषाः—प्रथमा बहुवचन। जे ये—प्रथमा बहु०। भावा भावाः—प्र० बहु०। ते—प्र० बहु०। मज्झ मम—षष्ठी एक०। परा परे—प्रथमा बहु०। इदि इति—अव्यय। णायव्वा ज्ञातव्याः—प्रथमा बहुवचन कृदन्त क्रिया ॥ २९७ ॥

सब गुणपर्यायोंमें व्यापक ऐसे चैतन्यभावमें तो कोई भेद नहीं है। **भावार्थ**—इस चैतन्यभावसे अन्य अपने स्वलक्षणसे भेदे गये जो कुछ भी कारकभेद धर्मभेद और गुणभेद हैं तो रहें, शुद्ध चैतन्यमात्रमें कुछ भी भेद नहीं है। शुद्धनयसे आत्माको अभेदरूप चिन्मात्र अनुभवना चाहिये।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि आत्माको प्रज्ञा द्वारा ग्रहण करना चाहिये। अब इस गाथामें बताया है कि प्रज्ञाके द्वारा आत्मा किस ढंगसे ग्रहण किया जाता है।

तत्त्वप्रकाश—(१) प्रज्ञा नियत स्वलक्षणका अवलम्बन करती है। (२) प्रज्ञासे जिस शुद्ध आत्माको विभक्त निरखा गया वह चैतन्यमात्र आत्मा मैं हूं, ऐसा प्रज्ञाके द्वारा सहज शुद्ध आत्मतत्त्वका ग्रहण किया जाता है। (३) प्रज्ञाके द्वारा ही यह निर्णीत किया गया कि चेतनालक्षणसे शून्य रागादिबन्धन मुझ ज्ञानस्वरूप आत्मतत्त्वसे अत्यन्त भिन्न हैं। (४) आत्माके ग्रहणमें मैं ही मेरे द्वारा मेरे लिये मुझसे मुझमें अपनेको ग्रहण करता हूं। (५) आत्माको ग्रहण करनेका अर्थ है आत्माको चेतना। (६) मैं ही चेतता हूं। (७) मैं चेतता हुआ ही चेतता हूं। (८) मैं चेतते हुएके द्वारा ही चेतता हूं। (९) मैं चेतते हुएके लिये ही चेतता हूं। (१०) मैं चेतते हुएसे ही चेतता हूं। (११) मैं चेतते हुएमें ही चेतता हूं। (१२) मैं चेतते हुएको ही चेतता हूं। (१३) इस अभेदसंचेतनमें कारकभेद न होनेसे चेतन करना भी कुछ नहीं यह तो शुद्ध चिन्मात्र भाव ही हूं मैं।

सिद्धान्त—(१) प्रारम्भमें आत्माको अभिन्न कारकोंमें ग्रहण किया जाता है। (२)

पण्णाए घित्तव्वो जो दट्ठा सो अहं तु णिच्छयओ ।
अवसेसा जे भावा ते मज्झ परेत्ति णायव्वा ॥२९८॥
पण्णाए घित्तव्वो जो णादा सो अहं तु णिच्छयदो ।
अवसेसा जे भावा ते मज्झ परेत्ति णादव्वा ॥२९९॥ (युग्मम्)

प्रज्ञासे यों गहना, जो द्रष्टा सो हि मैं हूं निश्चयसे ।
अवशिष्ट भाव मुझसे, भिन्न तथा पर पृथक् जानो ॥२९८॥
प्रज्ञासे यों गहना, जो ज्ञाता सो हि मैं हूं निश्चयसे ।
अवशिष्ट भाव मुझसे, भिन्न तथा पर पृथक् जानो ॥२९९॥

प्रज्ञया हीतव्यो यो द्रष्टा सोऽहं तु निश्चयतः । अवशेषा ये भावास्ते मम परा इति ज्ञातव्याः ॥ २९८ ॥
प्रज्ञया हीतव्यो यो ज्ञाता सोऽहं तु निश्चयतः । अवशेषा ये भावास्ते मम परा इति ज्ञातव्याः ॥ २९९ ॥

चेतनाया दर्शनज्ञानविकल्पानतिक्रमणाच्चेतयितृत्वमिव द्रष्टृत्वं ज्ञातृत्वं चात्मनः स्वलक्षणमेव । ततोहं द्रष्टारमात्मानं गृह्णामि यत्किल गृह्णामि तत्पश्याम्येव, पश्यन्नेव पश्यामि, पश्यन्नेव पश्यामि, पश्यते एव पश्यामि, पश्यत एव पश्यामि, पश्यत्येव पश्यामि, पश्यंतमेव

नामसंज्ञ—पण्णा, घित्तव्व, ज, दट्ठार, त अम्ह, तु, णिच्छयओ, अवसेस, ज, भाव, त, अम्ह, पर, इत्ति, णादव्व, पण्णा, घित्तव्व, ज, णादार, त, अम्ह, तु, णिच्छयदो अवसेस इत्यादि । **धातुसंज्ञ**—गिण्ह ग्रहणे जाण अवबोधने । **प्रातिपदिक**—प्रज्ञा, गृहीतव्य, यत्, द्रष्टृ, तत् अस्मद्, तु, निश्चयतः, अवशेष,

आत्मग्रहणका अभ्यास हो चुकनेपर आत्माका अभेदानुभव होता है ।

दृष्टि—१– कारककारकिभेदक सद्भूतव्यवहार (७३) । २– शुद्धनय (४६) ।

प्रयोग—आत्माको उपयोगस्वलक्षणसे ज्ञानमात्र परखकर ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्वका निर्विकल्प अनुभव करना ॥ २९७ ॥

अब कहते हैं कि सामान्य चेतना दर्शनज्ञानसामान्यमय है इसलिये अनुभवमें दर्शनज्ञानस्वरूप आत्माका ऐसे भी ग्रहण होता है—[**प्रज्ञया गृहीतव्यः**] प्रज्ञाके द्वारा इस प्रकार ग्रहण करना चाहिये कि [**यो द्रष्टा**] जो देखने वाला है [**स तु**] वह तो [**निश्चयतः**] निश्चयसे [**अहं**] मैं हूं [**अवशेषा ये भावाः**] अवशेष जो भाव हैं [**ते मम पराः**] वे मुझसे पर हैं [**इति ज्ञातव्याः**] ऐसा जानना चाहिये तथा [**प्रज्ञया गृहीतव्यः**] प्रज्ञाके द्वारा ऐसा ही ग्रहण करना चाहिये कि [**यो ज्ञाता**] जो जानने वाला है [**स तु**] वह तो [**निश्चयतः**] निश्चयसे [**अहं**] मैं हूं [**अवशेषा ये भावाः**] अवशेष जो भाव हैं [**ते**] वे [**मम पराः**] मुझसे पर हैं [**इति ज्ञातव्याः**] ऐसा जानना चाहिये ।

पश्यामि । अथवा—न पश्यामि, न पश्यन् पश्यामि, न पश्यता पश्यामि, न पश्यते पश्यामि, न पश्यतः पश्यामि, न पश्यति पश्यामि, न पश्यंतं पश्यामि । किंतु सर्वविशुद्धो दृङ्मात्रो भावोस्मि । अपि च—ज्ञातारमात्मानं गृह्णामि यत्किल गृह्णामि तज्जानाम्येव, जानन्नेव जानामि, जानतैव जानामि, जानते एव जानामि, जानत एव जानामि, जानत्येव जानामि, जानंतमेव जानामि । अथवा—न जानामि, न जानन् जानामि, न जानता जानामि, न जानते जानामि, न जानतो जानामि, न जानति जानामि न जानंतं जानामि । किंतु सर्वविशुद्धो ज्ञप्तिमात्रो

यत्, भाव, तत्, अस्मद्, पर, इति, ज्ञानव्य, ज्ञातृ । मूलधातु—ग्रह उपादाने, ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**—पण्णाए प्रज्ञया—तृतीया एक० करणकारक । णिच्छयओ गृहीतव्यः—प्रथमा एक० कृदन्त क्रिया । जो य—प्र० एक० । दट्ठा द्रष्टा—प्रथमा एक० । सो सः—प्र० एक० । अहं—प्र० ए० । तु—अव्यय । णिच्छयओ निश्चयतः—

तात्पर्य—समस्त पर व परभावसे विभक्त दर्शनज्ञानसामान्यात्मक अपनेको अनुभवना परमार्थतः आत्मद्रव्यका अनुभव है ।

टीकार्थ—चेतनाके दर्शन ज्ञानके भेदका उल्लंघन नहीं होनेके कारण चेतकत्वकी तरह दर्शकपना व ज्ञातापना आत्माका निज लक्षण ही है । अतः मैं देखने वाले आत्माको ग्रहण करता हूं, जो निश्चयसे ग्रहण करता हूँ सो देखता हूं, देखता हुआ ही देखता हूं, देखते हुएके द्वारा ही देखता हूं, देखते हुएके लिये ही देखता हूं, देखते हुएसे ही देखता हूँ, देखते हुएमें ही देखता हूं और देखते हुएको ही देखता हूं अथवा न देखता हूं, न देखता हुआ देखता हूं, न देखते हुएके द्वारा देखता हूं, न देखते हुएके लिये देखता हूं, न देखते हुएसे देखता हूं, न देखते हुएमें देखता हूं, न देखते हुएको देखता हूं । किन्तु मैं सर्वविशुद्ध एक दर्शनमात्र भाव हूं । तथा और भी···मैं ज्ञाता आत्माको ग्रहण करता हूं, जो ग्रहण करता हूं सो निश्चयसे जानता ही हूं, जानता हुआ भी जानता हुआ ही जानता हूं, जानते हुएसे ही जानता हूं, जानते हुएके लिये ही जानता हूं, जानते हुएसे ही जानता हूं, जानते हुएमें ही जानता हूं, जानते हुएको ही जानता हूं । अथवा नहीं जानता, न जानता हुआ जानता हूं, न जानते हुएके द्वारा जानता हूं, न जानते हुएके लिये जानता हूं, न जानते हुएसे जानता हूं, न जानते हुएमें जानता हूं, न जानते हुएको जानता हूं । किन्तु सर्वविशुद्ध एक जाननक्रियामात्र भाव मैं हूं । **भावार्थ**—इस तरह ज्ञानपर छह कारक भेदरूप लगाकर फिर अभेदरूप करनेको कारक भेदका निषेध कर ज्ञानमात्र अपना अनुभव करना ।

प्रश्न—चेतना दर्शन ज्ञान भेदको कैसे उल्लंघन नहीं करती कि जिससे आत्मा द्रष्टा ज्ञाता हो जावे । **उत्तर**—वास्तवमें चेतना प्रतिभासरूप है, ऐसी चेतना दोरूप-

भावोऽस्मि । ननु कथं चेतना दर्शनज्ञानविकल्पौ नातिक्रामति येन चेतयिता द्रष्टा ज्ञाता च स्यात् ? उच्यते—चेतना तावत्प्रतिभासरूपा सा तु सर्वेषामेव वस्तूनां सामान्यविशेषात्मकत्वात् द्वैरूप्यं नातिक्रामति । ये तु तस्या द्वे रूपे ते दर्शनज्ञाने, ततः सा ते नातिक्रामति । यद्यतिक्रामति ? सामान्यविशेषातिक्रांतत्वाच्चेतनैव न भवति । तदभावे द्वौ दोषौ—स्वगुणोच्छेदाच्चेतनस्याचेतनापत्तिः व्यापकाभावे व्याप्यस्य चेतनस्याभावो वा । ततस्तद्दोषभयाद्दर्शनज्ञानात्मिकैव

पंचम्यर्थे अव्यय । अवसेसा अवशेषाः—प्रथमा बहु० । जे ये—प्र० बहु० । भावा भावाः—प्र० बहु० । ते—प्रथमा बहु० । मज्झ मम—षष्ठी एक० । परा पराः—प्रथमा बहुवचन । इति इति—अव्यय । णादव्वा ज्ञातव्याः—

पनेको उल्लंघन नहीं करती, क्योंकि सभी वस्तुओंकी सामान्यविशेषात्मकता है । जो उसके दो रूप हैं वे दर्शन, ज्ञान हैं । इस कारण वह चेतना दर्शन, ज्ञान इन दोनोंको उल्लंघन नहीं करती । यदि चेतना इन दो स्वरूपोंको लांघे तो सामान्य विशेषरूपके उल्लंघनपनेसे चेतना ही नहीं रहती । उस चेतनाका अभाव होनेपर दो दोष आते हैं—एक तो अपने गुणका उच्छेद होनेसे चेतनके अचेतनपनकी प्राप्ति आती है और दूसरे व्यापक चेतनका अभाव होने पर व्याप्य जो चेतन आत्मा उसका अभाव होता है । इस कारण इन दोषोंके भयसे चेतना दर्शनज्ञानस्वरूप ही अङ्गीकार करना चाहिये । **भावार्थ**—चेतनाको ज्ञानरूपमें ग्रहण करना, सामान्यप्रतिभासरूपमें ग्रहण करना, इन भेदोंको छोड़ चिन्मात्र अनुभवना ।

अब इस अर्थको काव्यमें कहते हैं—**अद्वैतां** इत्यादि । **अर्थ**—जगतमें निश्चयसे चेतना अद्वैत होनेपर भी यदि वह दर्शन ज्ञानरूपको छोड़ दे तो सामान्यविशेषरूपके अभावसे वह चेतना अपने अस्तित्वको ही छोड़ देगी और जब चेतना अपने अस्तित्वको ही छोड़ दे तो चेतनके जड़पना हो जायगा तथा व्यापक चेतनाके बिना व्याप्य आत्मा अन्तको प्राप्त हो जायगा अर्थात् आत्माका नाश हो जायगा, इस कारण चेतना नियमसे दर्शनज्ञानस्वरूप ही है । **भावार्थ**—वस्तुका स्वरूप सामान्यविशेषरूप है । चेतना भी वस्तु है सो वह यदि दर्शन ज्ञान विशेषको छोड़ दे तो वस्तुपनेका नाश हो जानेसे, चेतनाका अभाव हो जानेसे चेतनके जड़पना आ जायेगा । इस कारण चेतनाको दर्शनज्ञानस्वरूप ही जानना चाहिए । जो सामान्य चेतनाको ही मानकर एकान्त करते हैं, उनकी भूल दूर करनेके लिये भी 'वस्तुका स्वरूप सामान्यविशेषरूप है सो चेतनाको भी सामान्यविशेषरूप अंगीकार करना' ऐसा बतलाया है ।

अब युक्तिपूर्वक कहते हैं कि चिन्मयभाव तो उपादेय है और परभाव हेय हैं—**एक** इत्यादि । **अर्थ**—चेतनका तो एक चिन्मय ही भाव है । और जो दूसरे भाव हैं वे प्रगट रीति से परके भाव हैं । इस कारण एक चिन्मयभाव ही ग्रहण करने योग्य है और परभाव सभी

चेतनाभ्युपगंतव्या ।। अद्वैतापि हि चेतना जगति चेद्दृग्ज्ञप्तिरूपं त्यजेत् तदा सामान्यविशेषरूपविरोधात्सास्तित्वमेव त्यजेत् । तत्त्यागे जडता श्वितोऽपि भवति व्याप्यो विना व्यापकादात्मा चांतमुपैति तेन नियतं दृग्ज्ञप्तिरूपास्ति चित् ।।१८३।। एकश्चितश्चिन्मय एव भावो भावाः परे ये किल ते परेषां । ग्राह्यस्ततश्चिन्मय एव भावो भावाः परे सर्वत एव हेयाः ।।१८४।। ।। २९८-२९९ ।।

प्रथमा बहुवचन कृदन्त क्रिया । पादा ज्ञाता—प्रथमा एकवचन । शेष पूर्ववत् ।। २९८-२९९ ।।

त्यागने योग्य हैं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि आत्माको चेतनेमात्रकी क्रिया से ग्रहण करना चाहिये । अब चूंकि चेतना दर्शन व ज्ञानरूप है सो द्रष्टापन व ज्ञातापनके रूपसे आत्माको ग्रहण करनेका विधान इस गाथामें बताया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) चेतना दर्शन और ज्ञानरूप है । (२) आत्माका लक्षण जैसे चेतयितापन है, ऐसे ही द्रष्टापन व ज्ञातापन स्वलक्षण ही है । (३) चेतना सामान्यविशेषात्मक है । (४) चेतनासामान्य दर्शन है । (५) चेतनाविशेष ज्ञान है । (६) आत्मा यदि दर्शनज्ञानस्वरूप न हो तो सामान्यविशेषात्मकता न होनेसे चेतनाका अस्तित्व ही संभव नहीं है । (७) चेतनाका अभाव होनेपर चेतन अचेतन हो जायगा अथवा चेतनका ही अभाव हो जायगा यह आपत्ति आती है । (८) चेतना दर्शनज्ञानात्मिका ही होती है । (९) मैं द्रष्टा आत्माको ग्रहण करता हूं सो कैसा ? मैं देखता ही हूं । (१०) देखता हुआ ही मैं देखता हूं । (११) देखते हुए के द्वारा ही देखता हूं । (१२) देखते हुएके लिये ही देखता हूं । (१३) देखते हुएसे ही देखता हूं । (१४) देखते हुएमें ही देखता हूं । (१५) देखते हुएको ही देखता हूं । (१६) इस अभेदसंदर्शनमें कारकभेद न होनेसे देखना भी कुछ नहीं, यह तो सर्वविशुद्ध दृशिमात्र भाव ही हूं मैं । (१७) मैं ज्ञाता आत्माको ग्रहण करता हूं सो कैसा ? मैं जानता ही हूं । (१८) जानता हुआ ही मैं जानता हूं । (१९) जानते हुएके द्वारा ही जानता हूं । (२०) जानते हुएके लिये ही जानता हूं । (२१) जानते हुएसे ही मैं जानता हूं । (२२) जानते हुएमें ही जानता हूं । (२३) जानते हुएको ही जानता हूं । (२४) यह अभेदसंज्ञान कारकभेद न होनेसे जानना भी कुछ नहीं, यह तो सर्वविशुद्ध ज्ञप्तिमात्र भाव हूं मैं । (२५) दर्शनज्ञानात्मिका चेतनाके अतिरिक्त अन्य सर्व भाव हेय ही हैं ।

सिद्धान्त—(१) प्रारम्भमें आत्माको अभिन्न कारकोंमें देखा जाता है । (२) आत्मग्रहणका अभ्यास हो चुकनेपर आत्माका अभेदानुभव होता है ।

को णाम भणिज्ज बुहो णाउं सव्वे पराइए भावे ।
मज्झमिणंति य वयणं जाणंतो अप्पयं सुद्धं ॥३००॥

सब परभावोंको पर, आत्माको शुद्ध जानने वाला ।
कौन बुध यह कहेगा, परभावोंको कि ये मेरे ॥३००॥

को नाम भणेद् बुधो ज्ञात्वा सर्वान् परकीयान् भावान् । ममेदमिति च वचनं जानन्नात्मानं शुद्धं ॥ ३०० ॥

यो हि परात्मनोर्नियतस्वलक्षणविभागपातिन्या प्रज्ञया ज्ञानी स्यात् स खल्वेकं चिन्मात्रं भावमात्मीयं जानाति शेषांश्च सर्वानेव भावान् परकीयान् जानाति । एवं च जानन् कथं परभावान्ममामी इति ब्रूयात् ? परात्मनोर्निश्चयेन स्वस्वामिसंबंधस्यासंभवात् । अतः सर्वथा चिद्भाव एव गृहीतव्यः शेषाःसर्वे एव भावा. प्रहातव्या इति सिद्धांतः ॥ सिद्धांतोऽयमुदात्तचित्तचरितैर्मोक्षार्थिभिः सेव्यतां शुद्धं चिन्मयमेकमेव परमं ज्योतिः सदैवास्म्यहं । एते ये तु समुल्लसंति

नामसंज्ञ—क, णाम, बुह, सव्व, पराइअ, भाव, अम्ह, इम, जि, य, वयण, जाणंत, अप्पय, सुद्ध । **धातुसंज्ञ**—भण कथने, जाण अवबोधने । **प्रातिपदिक**—किम्, नामन्, बुध, सर्व, परकीय, भाव, अस्मद्, इदम्, इति, च, वचन, जानत्, आत्मन्, शुद्ध । **मूलधातु**—भण शब्दार्थः, ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**—को कः—प्रथमा एक० । णाम नाम—प्रथमा एक० अथवा अव्यय । भणिज्ज भणेत्—लिङ् विधौ अन्य पुरुष एक-

---

दृष्टि—१— कारककारकिभेदक सद्भूत व्यवहार (७३) । २— शुद्धनय (४६) ।

प्रयोग—आत्माको दर्शनज्ञानोपयोग स्वलक्षणसे परखकर दर्शन ज्ञानमात्र अन्तस्तत्त्व का निर्विकल्प अनुभव करना ॥ २६८-२६६ ॥

अब परभावकी हेयता इस गाथामें कहते हैं—[**सर्वान् भावान् परकीयान्**] सभी परकीय भावोंको [**ज्ञात्वा**] जानकर [**इदं मम**] ये मेरे हैं [**इति च वचनं**] ऐसा वचन [**आत्मानं**] अपने आत्माको [**शुद्धं जानन्**] शुद्ध जानता हुआ [**कः नाम बुधः**] कौन बुद्धिमान [**भणेत्**] कहेगा ? ज्ञानी पंडित तो नहीं कह सकता ।

तात्पर्य—शुद्ध आत्मतत्त्वको जानने वाला परभावोंको अपना नहीं मान सकता ।

टीकार्थ—जो पुरुष आत्मा और परके निश्चित स्वलक्षणके विभागमें पड़ने वाली प्रज्ञाके द्वारा ज्ञानी होता है, वह पुरुष निश्चयतः एक चैतन्यमात्र अपने भावको तो अपना जानता है और बाकीके सभी भावोंको परके जानता है । और ऐसा जानता हुआ ज्ञानी परके भावोंको 'ये मेरे हैं' ऐसा किस तरह कह सकता है ? क्योंकि पर और आपमें निश्चयसे स्वस्वामिपनाका सम्बन्ध असम्भव है । इस कारण सर्वथा चिद्भाव ही एक ग्रहण करना चाहिये, अवशेष सभी भाव त्यागना चाहिये, ऐसा सिद्धान्त है । **भावार्थ**—जैसे लोकमें यह न्याय है कि सुबुद्धि और न्यायवान पुरुष परके धनादिकको अपना नहीं कहता, उसी तरह सम्यग्ज्ञानी

विविधा भावा पृथग्लक्षणाः तेऽहंनास्मि यतोऽत्र ते मम परद्रव्यं समग्रा अपि ॥१८५॥ परद्रव्यग्रहं कुर्वन् बध्येतैवापराधवान् । बध्येतानपराधो न स्वद्रव्ये संवृतो मुनिः ॥१८६॥ ॥३००॥

वचन क्रिया । बुहो बुधः—प्रथमा एक० । णाउं ज्ञात्वा—कृदंत असमाप्तिकी सम्बंधार्थक्रिया प्रक्रिया, अव्यय । सव्वे सर्वान् पराइए परकीयान् भावे भावान्—द्वितीया बहु० । मज्झं मम—षष्ठी एक० । इणं इदम्—प्रथमा एक० । इति—अव्यय । वयणं वचनं—द्वितीया एक० कर्मकारक । जाणंतो जानन्—प्र० एक० कृदन्त कर्त्रर्थ-प्रक्रिया । अप्पयं आत्मानं—द्वि० एक० । सुद्धं शुद्धं—द्वितीया एकवचन ॥ ३०० ॥

भी समस्त परद्रव्यको अपना नहीं बनाता, अपने निज भावको ही अपने जान अनुभवता है ।

अब इसी अर्थको कलशरूपमें कहते हैं—**सिद्धांतो** इत्यादि । **अर्थ**—उदात्त चित्तके चरित्र वाले मोक्षके इच्छुक पुरुष इस सिद्धान्तका सेवन करें कि मैं तो सदा शुद्ध चैतन्यमय एक परमज्योति ही हूं और जो ये अनेक प्रकारके भिन्न लक्षणरूप भाव हैं वे मैं नहीं हूं, क्योंकि वे सभी भाव मेरे लिये परद्रव्य हैं । **भावार्थ**—स्वरूप निरखकर सदा ऐसा अनुभव करना चाहिये कि मैं शुद्ध चैतन्यमात्र हूं ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाद्वयमें बताया गया था कि प्रज्ञासे दर्शनज्ञानात्मिका चेतना ही ग्रहण करना चाहिये, चेतनाके अतिरिक्त अन्य सभी भाव हेय हैं । अब इस गाथामें उन्हीं अन्य सर्व भावोंकी हेयताका समर्थन किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) जो आत्मा व परके नियत स्वलक्षण विभागमें पड़े, वह प्रज्ञा है । (२) प्रज्ञा द्वारा जो स्व-परका विभाग कर स्वको स्वरूपसे, परको पररूपसे जाने वह ज्ञानी है । (३) ज्ञानी एक चिन्मात्र भावको आत्मस्वरूप जानता है । (४) ज्ञानी चेतनातिरिक्त सर्व भावोंको परकीय जानता है । (५) स्वकीय व परकीय भावोंको जानता हुआ ज्ञानी परभावोंको अपना मान ही नहीं सकता । (६) पर व आत्मामें निश्चयसे स्वस्वामीसम्बन्ध रंच भी नहीं है । (७) सर्व उपायोंसे चैतन्यभाव ही ग्रहण किया जाने योग्य है । (८) चेतनातिरिक्त सर्वभाव छोड़ने योग्य ही हैं ।

सिद्धान्त—(१) मुझमें परपदार्थका द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव कुछ भी नहीं है । (२) मुझमें स्वका ही द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव है ।

दृष्टि—१– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२६) । २– स्वद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२५) ।

प्रयोग—परकीयभावको पर जानकर उनसे उपयोग हटाना और निज शाश्वत सहज चैतन्यस्वरूपको आत्मस्वरूप जानकर इस निज अन्तस्तत्त्वमें उपयोग लगाना ॥३००॥

थेयाई अवराहे कुव्वदि जो सो उ संकिदो भमई ।
मा वज्झेज्जं केणवि चोरोत्ति जणम्मि वियरंतो ॥३०१॥
जो ण कुणइ अवराहे सो णिस्संको दु जणवए भमदि ।
णवि तस्स वज्झिदुं जे चिंता उप्पज्जदि कयाइ ॥३०२॥
एवं हि सावराहो वज्झामि अहं तु संकिदो चेया ।
जइ पुण णिरवराहो णिस्संकोहं ण वज्झामि ॥३०३॥

चौर्यादिक अपराधों-को जो करता सशंक भ्रमता है ।
और समझकर लोगों-के द्वारा मैं न बँध जाऊँ ॥३०१॥
जो अपराध न करता वह निःशंक हो जगतमें भ्रमता ।
उसको बँध जानेकी, चिन्ता उत्पन्न नहिं होती ॥३०२॥
यों सापराध बनकर, शंकित मैं कर्मफंदसे बँधता ।
यदि होऊँ निरपराधी, तो मैं निःशंक नहिं बँधता ॥३०३॥

स्तेयादीनपराधान् करोति यः स तु शङ्कितो भ्रमति । मा बध्ये केनापि चौर इति जने विचरन् ॥ ३०१ ॥ यो न करोत्यपराधान् स निश्शंकस्तु जनपदे भ्रमति । नापि तस्य बद्धुं यत् चिन्तोत्पद्यते कदाचित् ॥३०२॥ एवं हि सापराधो बध्येऽहं तु शङ्कितश्चेतयिता । यदि पुनर्निरपराधो निश्शंकोऽहं न बध्ये ॥३०३॥

यथात्र लोके य एव परद्रव्यग्रहलक्षणमपराधं करोति तस्यैव बंधशंका संभवति । यस्तु तं न करोति तस्य सा न संभवति । तथात्मापि य एवाशुद्धः सन् परद्रव्यग्रहणलक्षणमपराधं

नामसंज्ञ—थेयाइ, अवराह, ज, त, उ, संकिद, मा, क, वि, चोर, इति, जण, वियरंत, ज, ण, अवराह, त, णिस्संक, दु, जणवअ, ण, वि, त, जे, चिंता, कयाइ, एवं, हि, सावराह, अम्ह, तु, संकिद, चेया, जइ, पुण, णिरवराह, णिस्संक, अम्ह, ण । **धातुसंज्ञ**—कुव्व करणे, भम भ्रमणे, बन्ध बन्धने, उव पज्ज

अब कहते हैं कि परद्रव्यको जो ग्रहण करता है वह अपराधी है और बन्धमे पड़ता है, किंतु जो निज द्रव्यमें नियन्त्रित है वह निरपराधी है वह नहीं बँधता—**परद्रव्य** इत्यादि । **अर्थ**—परद्रव्यको ग्रहण करता हुआ जीव अपराधी है और वह बंधमें पड़ता है; किन्तु अपने द्रव्यमें ही नियत रहने वाला यतीश्वर अपराधरहित है वह नहीं बँधता । **भावार्थ**—जो परद्रव्यको अपनाता है वही बँधता है और जो आत्मस्वरूपको अपनेरूप स्वयं अनुभवता है वह बन्धनरहित होता है ।

अब दृष्टान्तपूर्वक सापराध निरपराध बन्धन अबन्धनका वृत्त गाथामें कहते हैं—[यः]

करोति एतेन बंधशंका संभवति, यस्तु शुद्धः संस्तं न करोति तस्य सा न संभवति इति नियमः।

गतौ। **प्रातिपदिक**—स्तेयादि, अपराध, यत्, तत्, तु, शंकित, मा, किम्, अपि, चौर, इति, जन, विचरत्, यत्, न, अपराध, तत्, निःशङ्क, तु, जनपद, न, अपि, तत्, यत्, चिन्ता, कदाचित्, एवं, हि, सापराध, अस्मद्, तु, शङ्कित, चेतयितृ, यदि, पुनर्, निरपराध, निःशङ्क, अस्मद्, न। **मूलधातु**—डुकृञ् करणे, भ्रमु चलने, बन्ध बंधने, उत् पद गतौ। **पदविवरण**—येयाई स्तेयादीन्—द्वितीया बहुवचन। कृव्वदि करोति—

जो पुरुष [**स्तेयादीन् अपराधान्**] चोरी आदि अपराधोंको [**करोति**] करता है [**स तु**] वह [**जने विचरन्**] लोकमें विचरता हुआ मैं [**चोर इति**] चोर हूँ, ऐसा ज्ञात हुआ मैं [**केनापि मा बध्ये**] किसीके द्वारा पकड़ा न जाऊँ [**शंकितो भ्रमति**] इस प्रकार शंकासहित हुआ भ्रमण करता है [**यः**] जो [**अपराधान्**] कोई भी अपराध [**न करोति**] नहीं करता [**स तु**] वह पुरुष [**जनपदे**] देशमें [**निःशंकः भ्रमति**] निःशङ्क घूमता है [**यत्**] क्योंकि [**तस्य**] उसके [**बद्धुं चिंता**] बँधनेकी चिंता [**कदाचित् अपि**] कभी भी [**न उत्पद्यते**] नहीं उत्पन्न होती। [**एवं**] इसी प्रकार [**सापराधः**] अपराधसहित होता हुआ [**तु**] तो [**अहं**] मैं बँधूंगा ऐसा [**शङ्कितः**] शङ्कायुक्त [**चेतयिता**] आत्मा भ्रमण करता है [**यदि पुनः**] और यदि [**निरपराधः**] निरपराध रहूँ तो [**अहं**] मैं [**न बध्ये**] नहीं बँधूंगा। ऐसा [**निशंकः**] निःशङ्क रहता है।

तात्पर्य—मोह-राग-द्वेषरूप अपराध करने वाला जीव ही बँधता है, आत्मोपासक निरपराध आत्मा नहीं बँधता।

टीकार्थ—जैसे इस लोकमें जो पुरुष परद्रव्यको ग्रहण करनेके अपराधको करता है, उसीके बंधकी शङ्का होती है। और जो अपराध नहीं करता है उसके शङ्का सम्भव ही नहीं है। उसी प्रकार आत्मा भी जो ही अशुद्ध होता हुआ परद्रव्यको ग्रहण करनेरूप अपराधको करता है, उसीके बन्धकी शङ्का होती है। परन्तु जो आत्मा शुद्ध हुआ उस अपराधको नहीं करता उसके वह शङ्का नहीं होती, यह नियम है। इस कारण सर्वथा समस्त परद्रव्यके भाव के त्याग द्वारा शुद्ध आत्माको ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि ऐसा करनेपर ही निरपराधपना होता है।

भावार्थ—यदि कोई चोरी आदि अपराध करे तो उसको बँधनेकी शङ्का हो, निरपराधके शङ्का क्यों हो? उसी प्रकार यदि आत्मा परद्रव्यको ग्रहण करनेका अपराध करे तो उसको बन्धकी शङ्का होती ही है, यदि अपनेको शुद्ध अनुभवे, परको नहीं ग्रहण करे तो बंध की शङ्का कैसे हो? इस कारण परद्रव्यको छोड़कर शुद्ध आत्माका ग्रहण करनेसे ही जीव निरपराध होता है, ऐसा जानकर आत्माराधना करके निरपराध होओ।

अतः सर्वथा सर्वपरकीयभावपरिहारेण शुद्ध आत्मा गृहीतव्यः, तथा सत्येव निरपराधत्वात् ॥ ३०१-३०३ ॥

वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । जो यः सो सः–प्रथमा एकवचन । उ तु–अव्यय । संकिदो शंकितः–प्रथमा एक० । भमई भ्रमति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । मा–अव्यय । बज्झेज्झं बध्ये–वर्तमान लट् उत्तम पुरुष एक० कर्मवाच्य क्रिया । केण केन–तृतीया एक० । वि अपि–अव्यय । चोरो चोरः–प्रथमा एक० । इत्ति इति–अव्यय । जणम्हि जने–सप्तमी एक० । वियरंतो विचरन्–प्र० एक० । जो यः–प्रथमा एकवचन । ण न–अव्यय । कुणई करोति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । अवराहे अपराधान्–द्वितीया बहु० । सो सः–प्रथमा एक० । णिस्संको निःशंकः–प्रथमा एक० । उ तु–अव्यय । जणवए जनपदे–सप्तमी एक० । भमई भ्रमति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । ण न वि अपि–अव्यय । तस्स तस्य–षष्ठी एक० । बज्झिहदु बद्धुं–कृदन्त । जे यत्–अव्यय । चिंता–प्र० ए० । उप्पज्जइ उत्पद्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । कयाइ कदाचित्–अव्यय । सावराहो सापराधः–प्र० ए० । बज्झामि बध्ये–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० कर्मवाच्य क्रिया । अहं–प्र० एक० । संकिदो शंकितः–प्र० एक० । चेदा चेतयिता निरवराहो निरपराधः णिस्संको निश्शंकः–प्रथमा एक० । अहं–प्रथमा एकवचन । बज्झामि बध्ये–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन ॥ ३०१-३०३ ॥

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथामें बताया गया था कि स्व शुद्ध आत्माको जानता हुआ कौन ज्ञानी परको अपनायगा, परभाव तो सभी हेय हैं । अब इस गाथामें उन्हीं परभावों को ग्रहण करने वालेको अपराधी प्रसिद्ध किया गया है ।

तथ्यप्रकाश—(१) चोरी, परस्त्रीसेवनके अपराधकी तरह रागादि परद्रव्यका ग्रहण करना, स्वीकार करना अपराध है । (२) रागादि परभावको आत्मरूप माननेसे जीव स्वस्वभावसे च्युत हो जाता है, अतः परभावका स्वीकरण अपराध है । (३) यह अपराधी जीव बन्धनकी शङ्कासहित भ्रमण करता है, कर्मोंसे बँध जाता है, विषाद मरण आदि दण्ड पाता है । (४) जो रागादि परभावोंको स्वीकार नहीं करता, परकीय जानकर उनसे हटा रहता है वह निरपराध है । (५) निरपराध आत्मा निःशङ्क रहता है । (६) निरपराध आत्माको बन्धनकी शङ्का नहीं रहती । (७) निरपराध आत्मा कर्मसे मुक्त होता है । (८) मिथ्यात्व रागादि परभावोंकी स्वीकारतासे कर्मबन्धन होता । (९) अविकार परम चैतन्यस्वभावकी स्वीकारतासे जीव मुक्त होता है । (१०) आत्महितैषियोंको चैतन्यमात्र भाव ही ग्रहण करने योग्य है, शेष सर्व भाव छोड़ने योग्य है ।

सिद्धान्त—(१) परभावको स्वीकार करने वाला अपराधी जीव निश्चयतः अपने विकार वासना संस्कारोंसे बँध जाता है । (२) अपराधी जीवके विकारका निमित्त पाकर ज्ञानावरणादि कर्मोंका बन्ध होता है ।

को हि नामायमपराधः ?—

संसिद्धिराधसिद्धं साधियमाराधियं च एयट्ठं।
अवगयराधो जो खलु चेया सो होइ अवराधो ॥३०४॥
जो पुण णिरवराधो चेया णिस्संकिओ उ सो होइ।
आराहणाइ णिच्चं वट्टेइ अहं ति जाणंतो ॥३०५॥ (युग्मम्)

संसिद्धि राध साधित, आराधित सिद्ध सर्व एकार्थक।
जो जीव राध अपगत, सो आत्मा है निरपराधी ॥३०४॥
जो जीव निरपराधी, वह निःशंक निःशल्य हो जाता।
निजको निज लखता यह, लगता आत्मानुराधनमें ॥३०५॥

संसिद्धिराधसिद्धं साधितमाराधितं चैकार्थं। अपगतराधो यः खलु चेतयिता स भवत्यपराधः ॥ ३०४ ॥ यः पुनर्निरपराधश्चेतयिता निश्शंकितस्तु स भवति। आराधनया नित्यं वर्तते, अहमिति जानन् ॥ ३०५ ॥

परद्रव्यपरिहारेण शुद्धस्यात्मनः सिद्धिः साधनं वा राधः, अपगतो राधो यस्य चेतयितुः सोऽपराधः। अथवा अपगतो राधो यस्य भावस्य सोऽपराधस्तेन सह यश्चेतयिता वर्तते स

नामसंज्ञ—संसिद्धिराधसिद्ध, साधिय, आराधिय, च, एयट्ठ, अवगयराध, ज, खलु, चेया, त, अवराध, ज, पुण, णिरवराध, चेया, णिस्संकिअ, उ, त, आराहणा, णिच्चं, अम्ह, ति, जाणंत। धातुसंज्ञ—

दृष्टि—१– अशुद्धनिश्चयनय (४७)। २–निमित्तदृष्टि, निमित्तत्वनिमित्तदृष्टि (५३अ, २०१)।

प्रयोग—निःशङ्क निर्बन्ध रहनेके लिये परद्रव्य व परभावके ग्रहणका अपराध नहीं नहीं करके स्वभावमें उपयुक्त होना ॥ ३०१-३०३ ॥

प्रश्न—यह अपराध क्या है ? उत्तर—[संसिद्धिराधसिद्धं] संसिद्धि, राध, सिद्ध [साधितं च आराधितं] साधित और आराधित [एकार्थं] ये एकार्थ शब्द हैं। [यः खलु चेतयिता] जो आत्मा [अपगतराधः] राधसे रहित हो [सः] वह आत्मा [अपराधः भवति] राधरहित याने अपराधी है [यः पुनः] और जो [चेतयिता] आत्मा [निरपराधः] अपराधरहित है [सः तु] वह [निःशंकितः] शंकारहित [भवति] है और सहजस्वरूप अपनेको [अहं इति] मैं हूं ऐसा [जानन्] जानता हुआ [आराधनया] आराधना द्वारा [नित्यं वर्तते] हमेशा वर्तता है।

तात्पर्य—आत्माकी दृष्टि न होना अपराध है, ऐसा अपराध करने वाला ही संसारमें

सापराधः स तु परद्रव्यग्रहणसद्भावेन शुद्धात्मसिद्ध्यभावाद्बंधशंकासंभवे सति स्वयमशुद्धत्वादनाराधक एव स्यात् । यस्तु निरपराधः स समग्रपरद्रव्यपरिहारेण शुद्धात्मसिद्धिसद्भावाद्बंधशंकाया असंभवे सति, उपयोगैकलक्षणशुद्ध आत्मैक एवाहमिति निश्चिन्वन् नित्यमेव शुद्धात्मसिद्धिलक्षणयाराधनया वर्तमानत्वादाराधक एव स्यात् ॥ अनवरतमनंतैर्बध्यते सापराधः स्पृशति

राह् राधने, साह् साधने, सिज्भ् निष्पत्तौ, हो सत्तायां, वृत्तु वर्तने, जाण् अवबोधने । **प्रातिपदिक**—संसिद्धि-राधसिद्ध, साधित, आराधित, च, एकार्थ, अपगतराध, यत्, खलु, चेतयितृ, तत्, अपराध, यत्, पुनर्, निरपराध, चेतयितृ, निःशंकित, तु, आराधना, नित्यं, अस्मद्, इति, जानत् । **मूलधातु**—साध संसिद्धौ स्वादि, राध संसिद्धौ स्वादि, षिधु संसिद्धौ दिवादि, भू सत्तायां, वृतु वर्तने भ्वादि, जाण अवबोधने । **पदविवरण**—संसिद्धिराधसिद्धं—प्रथमा एकवचन । साधियं साधितं—प्रथमा एक० । आराधियं आराधितं—प्रथमा एक० ।

रुलता है निरपराध आत्मा आत्ममग्न होता है ।

टीकार्थ—परद्रव्यके परिहार द्वारा शुद्ध आत्माकी सिद्धि अथवा साधन होना राध है । जिस आत्माके राध अर्थात् शुद्ध आत्माकी सिद्धि अथवा साधन अपगत हो वह आत्मा अपराध है । अथवा जिस भावका राध अपगत हो गया हो याने दूर हो गया हो वह भाव अपराध है । उस अपराधसे सहित जो आत्मा रहता है वह आत्मा सापराध है । ऐसा आत्मा परद्रव्यके ग्रहणके सद्भावसे, शुद्ध आत्माकी सिद्धिके अभावसे, उसके बंधकी शङ्काका संभव होनेपर स्वयं अशुद्धपना होनेसे आराधना करने वाला नहीं है । परन्तु जो आत्मा निरपराध है वह समस्त परद्रव्यके परिग्रहके परिहार द्वारा शुद्ध आत्माकी सिद्धिके सद्भावसे उसके बंध की शङ्काके न होनेपर "मैं उपयोगलक्षण वाला एक शुद्ध आत्मा ही हूँ" ऐसा निश्चय करता हुआ वह आत्मा नित्य ही शुद्ध आत्माकी सिद्धि लक्षणवाली आराधनासे युक्त सदा बर्तता होने से आराधक ही है । **भावार्थ**—संसिद्धि, राध, सिद्धि, साधित और आराधित—इन शब्दोंका अर्थ एक आत्मावलोकन ही है । जिसके यह आत्मदर्शन नहीं है वह आत्मा सापराध है, और जिसके यह हो वह निरपराध है । सापराधके बंधकी शंका होती है, इसलिये अनाराधक है, और निरपराध निश्शंक हुआ अपने उपयोगमें लीन होता है, निरपराधोको बंधकी शंका नहीं होती, तब वह सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र तपका एक भावरूप निश्चय आराधनाका आराधक ही है ।

अब इसी अर्थको कलशमें कहते हैं—**अनवरत** इत्यादि । **अर्थ**—सापराध आत्मा निरंतर अनंत पुद्गल परमाणुरूप कर्मोंसे बँधता है; निरपराध आत्मा बंधनको कभी स्पर्शता नहीं करता । तो अपने आत्माको नियमसे अशुद्ध ही सेवन करता हुआ आत्मा तो सापराध ही होता है और अच्छी तरह शुद्ध आत्माका सेवन करने वाला आत्मा निरपराध होता है ।

निरपराधो बंधनं नैव जातु । नियतमयमशुद्धं स्वं भजन् सापराधो भवति निरपराधः साधु शुद्धात्मसेवी ॥१८७॥ ॥ ३०४-३०५ ॥

एयट्ठ एकार्थ–प्रथमा एक० । अवराहो अपराधः–प्र० ए० । जो यः–प्र० ए० । खलु–अव्यय । चेदा चेतयिता–प्र० ए० । सो सः–प्र० ए० । होइ भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । अवरद्धो अपराधः–प्र० ए० । णिरावराधो निरपराधः–प्र० ए० । णिस्संकिओ निःशंकितः–प्र० ए० । आराहणाइ आराधनया–तृतीया एक० । णिच्चं नित्यं–अव्यय । वट्टेइ वर्तते–प्र० एक० । अहं–प्र० एक० । ति इति–अव्यय । जाणंतो जानन्–प्रथमा एकवचन ॥ ३०४-३०५ ॥

भावार्थ–जो आत्मा अपनेको सहज अविकार स्वरूप निरखता है वह निरपराध है व निर्बन्ध है ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथात्रयमें बताया था कि अपराधी जीव सशंक होता हुआ कर्मबद्ध हो जाता है और निरपराध आत्मा निःशंक और अबन्ध रहता है । अब उसी अपराधके विषयमें इन दो गाथाओंमें बताया गया है कि वह अपराध क्या है और निरपराध की स्थिति क्या होती है ?

तथ्यप्रकाश—(१) राध आत्मसिद्धिको कहते हैं । (२) जिसके राध नहीं है उस भावको अपराध कहते हैं । (३) राधके इतने और नाम भाव समझनेके लिये जानना—१– संसिद्धि, २– सिद्धि, ३– साधन व ४– आराधना । (४) विभावपरिणामरहित निर्विकल्प-समाधिमें स्थित होकर निज शुद्धात्माकी उपलब्धि होना संसिद्धि है । (५) परद्रव्यका परिहार करके शुद्ध आत्मामें मग्नता होना सिद्धि है । (६) सर्वविकारभावोंसे हटकर शुद्ध चैतन्यस्व-रूपकी सेवा करना साधन है । (७) विकारभावका परिहार करके शुद्ध चित्स्वरूप आत्माकी उपासना करना आराधना है । (८) जिसके परद्रव्यका ग्रहण है, परभावमें आत्मरूपकी मान्यता है उसके शुद्धात्मसिद्धिका अभाव है । (९) जिसके शुद्धात्मसिद्धि नहीं है वह सापराध है । (१०) सापराधके सदैव बन्धशङ्का रहती है व बन्ध होता है, क्योंकि वह शुद्धात्मतत्त्वका अनाराधक है । (११) जो समग्र परद्रव्योंका परिहार करता है उसके शुद्धात्मसिद्धि होती है । (१२) जिसके शुद्धात्मसिद्धि है उसके बन्धशङ्काकी असंभवता है, क्योंकि उसके ज्ञानमात्र शुद्ध अन्तस्तत्त्वकी उपासना बनी रहनेसे वह आराधक ही है ।

सिद्धान्त—(१) शुद्ध अन्तस्तत्त्वके आराधक शुद्धात्मसेवी निरपराध हैं । (२) अशुद्ध सोपाधि सविकार आत्माकी सेवा करने वाले सापराध हैं । (३) निरपराध आत्मा निर्बन्ध होते हैं । (४) सापराध जीव अनन्त कर्मोंको बाँधते हैं ।

दृष्टि—१– शुद्धनिश्चयनय (४६) । २– अशुद्धनिश्चयनय (४७) । ३– प्रतिषेधक शुद्धनय (४६अ) । ४– परकर्तृत्व असद्भूत व्यवहार (१२६) ।

ननु किमनेन शुद्धात्मोपासनप्रयासेन यतः प्रतिक्रमणादिनैव निरपराधो भवत्यात्मा सापराधस्याप्रतिक्रमणादेस्तदनपोहकत्वेन विषकुम्भत्वे सति प्रतिक्रमणादेस्तदपोहकत्वेनामृतकुम्भत्वात्। उक्तं च व्यवहाराचारसूत्रे—अप्पडिकमणं अपडिसरणं अप्पडिहारो अधारणा चेव। अणियत्ती य अणिंदाऽगरुहाऽसोहीय विसकुंभो ॥१॥ पडिकमणं पडिसरणं परिहारो धारणा णियत्ती य। णिंदा गरुहा सोही अट्ठविहो अमयकुंभो दु ॥२॥ अत्रोच्यते—

पडिक्कमणं पडिसरणं परिहारो धारणा णियत्ती य।
णिंदा गरहा सोही अट्ठविहो होइ विसकुंभो ॥३०६॥
अप्पडिकमणं अप्पडिसरणं अप्परिहारो अधारणा चेव।
अणियत्ती य अणिंदाऽगरहाऽसोही अमयकुंभो ॥३०७॥

प्रतिक्रमण अथवा प्रति-सरण परिहार धारण निवृत्ती।
निन्दा गर्हा शुद्धी, ये हैं विषकुम्भ आठों ही ॥३०६॥
अप्रतिक्रमण अप्रति-सरण परिहार धारणा अगर्हा।
अनिवृत्ती व अनिन्दा, अशुचि अमृतकुम्भ ये आठों ॥३०७॥

नामसंज्ञ—पडिकमण, पडिसरण, परिहार, धारणा, णियत्ति, य, णिंदा, गरहा, सोहि, अट्ठविह, विसकुंभ, अप्पडिकमण, अप्पडिसरण, अप्परिहार, अधारणा, च, एव, अणियत्ति, य, अणिंदा, अगरहा,

प्रयोग—निःशंक निर्बन्ध होनेके लिये अपनेको ज्ञानमात्र निरखना ॥३०४-३०५॥

प्रश्न—इस शुद्ध आत्माके सेवनके प्रयाससे क्या लाभ है? क्योंकि प्रतिक्रमण आदि से ही आत्मा निरपराध हो जाता है। इसका भी कारण यह है कि सापराधके अप्रतिक्रमणादि में अपराधकी अपोहकता न होनेसे विषकुम्भपना होनेपर प्रतिक्रमणादिकके ही अपराधकी अपोहकता होनेसे अमृतकुंभपना होता है। यही व्यवहारविषयक आचारसूत्रमें भी कहा है—**अप्पडि** इत्यादि। **अर्थ**—अप्रतिक्रमण, अप्रतिसरण, अपरिहार, अधारणा, अनिवृत्ति, अनिंदा, अगर्हा और अशुद्धि, विषकुम्भ है। प्रतिक्रमण, प्रतिसरण, परिहार, धारणा निवृत्ति, निंदा, गर्हा और शुद्धि, अमृतकुंभ है? **उत्तर**—[**प्रतिक्रमणं प्रतिसरणं परिहारः धारणा निवृत्तिः निंदा गर्हा**] अज्ञानीका व क्रियारतका प्रतिक्रमण, प्रतिसरण, परिहार, धारणा, निवृत्ति, निंदा, गर्हा [**च शुद्धिः**] और शुद्धि इस तरह [**अष्टविधः**] आठ प्रकारका तो [**विषकुम्भः**] विषकुंभ [**भवति**] है; [**च**] और ज्ञानीका व सहजस्वभावके अनुभवीका [**अप्रतिक्रमणं अप्रतिसरणं अपरिहारः अधारणा**] सहज अप्रतिक्रमण, अप्रतिसरण, अपरिहार, अधारणा [**अनिवृत्तिः**

प्रतिक्रमणं प्रतिसरणं परिहारो धारणा निवृत्तिश्च । निंदा गर्हा शुद्धिः अष्टविधो भवति विषकुंभः ॥३०६॥
अप्रतिक्रमणमप्रतिसरणमपरिहारोऽधारणा चैव । अनिवृत्तिश्चानिंदाऽगर्हाऽशुद्धिरमृतकुम्भः ॥३०७॥

यस्तावदज्ञानिजनसाधारणोऽप्रतिक्रमणादिः स शुद्धात्मसिद्ध्यभावस्वभावत्वेन स्वयमेवापराधत्वाद् विषकुम्भ एव किं तस्य विचारेण । यस्तु द्रव्यरूपः प्रतिक्रमणादिः स सर्वापराधविषदोषापकर्षणसमर्थत्वेनामृतकुम्भोऽपि प्रतिक्रमणाऽप्रतिक्रमणादिविलक्षणाप्रतिक्रमणादिरूपां तार्तीयकीं भूमिमपश्यतः स्वकार्यकरणासमर्थत्वेन विपक्षकार्यकारित्वाद्विषकुम्भ एव स्यात् । अप्रतिक्रमणादिरूपा तृतीयभूमिस्तु स्वयं शुद्धात्मसिद्धिरूपत्वेन सर्वापराधविषदोषाणां सर्वंकष-

---

असोहि, अमयकुंभ । **धातुसंज्ञ**-- पडि-क्कम पादविक्षेपे, पडि-सर गतौ, पडि-हर हरणे, नि इ गतौ, निंद निंदायां, गरह निन्दायां, सुज्झ नैर्मल्ये । **प्रातिपदिक**--प्रतिक्रमण, प्रतिसरण, परिहार, धारणा, निवृत्ति, च, निन्दा, गर्हा, शुद्धि, अष्टविध, विषकुम्भ, अप्रतिक्रमण, अप्रतिसरण अपरिहार, अधारणा, अनिवृत्ति, अनिन्दा, अगर्हा, अशुद्धि, अमृतकुम्भ । **मूलधातु**--प्रति क्रमु पादविक्षेपे भ्वादि, प्रति सृ गतौ भ्वादि, गुहो-

अनिंदा अगर्हा] अनिवृत्ति, अनिंदा, अगर्हा **[च एव]** और **[अशुद्धिः]** अशुद्धि यह आठ प्रकार का **[अमृतकुम्भः]** अमृतकुंभ है ।

तात्पर्य—विकल्परत रहना विषकुम्भ है, स्वभावरत रहना अमृतकुम्भ है ।

टीकार्थ—वास्तवमें अज्ञानी जनोंमें साधारणतया पाया जाने वाला जो अप्रतिक्रमणादि है वह शुद्ध आत्माकी सिद्धिके अभावरूप स्वभाव वाला होनेके कारण स्वयमेव अपराधरूप होनेसे विषकुम्भ ही है; उसका विचार करनेका प्रयोजन ही क्या है ? क्योंकि वे तो प्रथम ही त्यागने योग्य हैं किन्तु जो द्रव्यरूप प्रतिक्रमण आदि है वह समस्त अपराधविषदोषको हटानेमें समर्थ होनेसे अमृतकुंभ होनेपर भी प्रतिक्रमण-अप्रतिक्रमणादिसे विलक्षण अप्रतिक्रमणादि रूप तीसरी भूमिकाको न देखने वाले पुरुषको वह द्रव्य-प्रतिक्रमणादि अपराध काटने रूप अपना कार्य करनेको असमर्थ होनेसे विपक्ष अर्थात् बंधका कार्य करने वाला होनेसे विषकुम्भ ही है । परंतु अप्रतिक्रमणादिरूप तीसरी भूमि स्वयं शुद्धात्माकी सिद्धिरूप होनेके कारण समस्त अपराधरूपी विषके दोषोंको सर्वथा नष्ट करने वाली होनेसे साक्षात् स्वयं अमृतकुम्भ है । और, इस प्रकार वह तीसरी भूमि व्यवहारसे द्रव्यप्रतिक्रमणादिके भी अमृतकुम्भपना साधती है । और उस तीसरी भूमिसे ही आत्मा निरपराध होता है । उस तीसरी भूमिके अभावमें द्रव्यप्रतिक्रमणादि अपराध ही है । इस कारण तीसरी भूमिसे ही निरपराधत्व है यह सिद्ध होता है । उसकी प्राप्तिके लिये ही यह द्रव्यप्रतिक्रमणादि है । ऐसा होनेसे यह नहीं मानना कि निश्चयनयका शास्त्र द्रव्यप्रतिक्रमणादिको छुड़ाता है । किन्तु मात्र द्रव्यप्रतिक्रमणादि द्वारा छुड़ा नहीं देता, इसके अतिरिक्त अन्य भी, प्रतिक्रमण-अप्रतिक्रमणादिसे अगोचर अप्रतिक्रम-

त्वात् साक्षात्स्वयममृतकुम्भो भवतीति व्यवहारेण द्रव्यप्रतिक्रमणादेरपि, अमृतकुंभत्वं साधयति। तयैव च निरपराधो भवति चेतयिता। तदभावे द्रव्यप्रतिक्रमणादिरप्यपराध एव। अतस्तृतीयभूमिकयैव निरपराधत्वमित्यवतिष्ठते, तत्प्राप्त्यर्थ एवायं द्रव्यप्रतिक्रमणादिः, ततो मेति मंस्था यत्प्रतिक्रमणादीन् श्रुतिरत्याजयति किंतु द्रव्यप्रतिक्रमणादिना न मुंचति अन्यदीयप्रतिक्रमणाप्रतिक्रमणाद्यगोचराप्रतिक्रमणादिरूपं शुद्धात्मसिद्धिलक्षणमतिदुष्करं किमपि कारयति। वक्ष्यते

त्यादि, परि-हृञ हरणे, धृञ धारणे भ्वादि, नि-वृतु वरणे दिवादि, णिदि कुत्सायां भ्वादि, गर्ह कुत्सायां भ्वादि, शुध शौचे दिवादि। **पदविवरण**—पडिक्कमणं प्रतिक्रमणं पडिसरणं प्रतिसरणं परिहारो परिहारः

णादि रूप, शुद्ध आत्माकी सिद्धि जिसका लक्षण है ऐसा अतिदुष्कर कुछ करवाता है। **भावार्थ**—व्यवहारनयावलंबीने कहा था कि अब लगे हुए दोषोंका प्रतिक्रमणादि करनेसे ही आत्मा शुद्ध होता है, तो शुद्धात्माके आलम्बनका श्रम करनेसे लाभ क्या? उसका उत्तर यह है कि द्रव्यप्रतिक्रमणादि दोषके मेटने वाले हैं, परंतु शुद्ध आत्माके स्वरूपके आलम्बनके बिना तो द्रव्यप्रतिक्रमणादिक दोषस्वरूप ही हैं वे दोषके मेटनेको समर्थ नहीं हैं; क्योंकि निश्चयसे युक्त ही व्यवहारनय मोक्षमार्गमें प्रयोजक है, केवल व्यवहारका पक्ष मोक्षमार्गमें नहीं है, वह तो बंधका ही मार्ग है। अतः सिद्ध है कि अज्ञानीके जो अप्रतिक्रमणादिक हैं वे विषकुंभ ही हैं, उनकी तो कथा क्या? परन्तु जो व्यवहारचारित्रमें प्रतिक्रमणादिक कहे हैं वे भी निश्चयनयसे विषकुंभ ही हैं। क्योंकि आत्मा तो अप्रतिक्रमण व प्रतिक्रमणादिकसे रहित सहज शुद्ध अप्रतिक्रमणादि स्वरूप है।

अब इसी कथनको काव्यमें कहते हैं—**अतो हताः** इत्यादि। **अर्थ**—इस कथनसे सुखसे बैठे हुए प्रमादी जीव ताडित हुए तथा निश्चयनयैकान्ती जनोंकी चपलता प्रलीन हुई। स्वच्छन्दी जीवोंके परद्रव्योंका आलम्बन दूर किया है। व्यवहारके आलम्बनसे जो चित्त अनेक प्रवृत्तियोंमें भ्रमण करता था उसे शुद्ध आत्मामें ही लगाया है जब तक कि सम्पूर्ण विज्ञानघन आत्माकी प्राप्ति न हो। **भावार्थ**—प्रतिक्रमणसंबंधी निश्चय व्यवहारकथनसे प्रमाद और चंचलता मिटाकर ज्ञानमग्न होने तक चित्तको आत्मामें स्थापित कराया गया है।

यहाँ निश्चयनयसे प्रतिक्रमणादिकको विषकुम्भ कहा और अप्रतिक्रमणादिकको अमृतकुम्भ कहा, इस कथनसे कोई उल्टा समझकर प्रतिक्रमणादिको छोड़कर प्रमादी न हो जावे, अतः उसे इस कलशरूप काव्यमें समझाते हैं—**यत्र** इत्यादि। **अर्थ**—जहाँ प्रतिक्रमण ही विष कहा है वहाँ अप्रतिक्रमण कैसे अमृत हो सकता है? इसलिये यह मनुष्य नीचे-नीचे गिरता हुआ प्रमादरूप क्यों होता है? निष्प्रमादी होकर ऊँचा-ऊँचा क्यों नहीं चढ़ता। **भावार्थ**—

चात्रैव—कम्मं जं पुव्वकयं सुहासुहमणेयवित्थरविसेसं । तत्तो णियत्तए अप्पयं तु जो सो पडिकम्मणं । इत्यादि । अतो हताः प्रमादिनो यतः सुखासीनताम् । प्रलीनं चापलमुन्मीलितमालंबनं । आत्मन्येवालानितं चित्तमासंपूर्णविज्ञानघनोपलब्धेः ॥१८८॥ यत्र प्रतिक्रमणमेव विषं प्रणीतं तत्राप्रतिक्रमणमेव सुधा कुतः स्यात् । तत्किं प्रमाद्यति जनः प्रपतन्नधोऽधः किं नोर्ध्वमूर्ध्वमधिरोहति निष्प्रमादः ॥१८९॥ प्रमादकलितः कथं भवति शुद्धभावोऽलसः कषायभरगौरवादलसता

धारणा णियत्ती निवृत्तिः णिंदा निन्दा गरहा गर्हा सोही शुद्धिः अट्ठविहो अष्टविधः विसकुंभो विषकुंभः—प्रथमा एकवचन । होइ भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । अप्पडिक्कमणं अप्रतिक्रमणं अप्पडिसरणं

अज्ञानावस्थामें जो अप्रतिक्रमणादिक थे उनका तो कथा ही क्या ? वे तो विषकुम्भ हैं ही । यहाँ तो जो द्रव्यप्रतिक्रमणादिक शुभप्रवृत्तिरूप थे, उनका एकांत पक्ष छुड़ानेको उन्हें विषकुम्भ कहा है, क्योंकि शुभप्रवृत्तियाँ कर्मबन्धकी ही कारण हैं । अप्रतिक्रमण व प्रतिक्रमणसे रहित जो तीसरी भूमि शुद्ध आत्मस्वरूप है वह अमृतकुम्भ कहा गया है, उस भूमिमें चढ़नेको उपदेश किया है । प्रतिक्रमणादिकको विषकुम्भ सुनकर जो प्रमादी होता है उसको कहते हैं कि यह जन नीचे नीचे क्यों गिरता है तीसरी भूमिमें ऊँचा-ऊँचा क्यों नहीं चढ़ता ?

अब इसी अर्थको दृढ़ करनेके लिये काव्य कहते हैं—**प्रमाद** इत्यादि । **अर्थ**—प्रमादयुक्त आलस्य भाव कैसे शुद्ध भाव हो सकता है ? क्योंकि कषायके बोझके गौरवसे हितकार्यमें आलस्य होना ही तो प्रमाद है । इस कारण आत्मीकरससे भरे स्वभावमें निश्चल हुआ मुनि परम शुद्धताको प्राप्त होता है और थोड़े समयमें ही कर्मबन्धसे छूट जाता है । **भावार्थ**—प्रमाद तो कषायकी प्रचुरतासे होता है, इसलिये प्रमादीके शुद्धभाव नहीं होते । जो मुनि उद्यम करके स्वभावमें प्रवर्तता है वह शुद्ध होकर मोक्षको प्राप्त होता है ।

अब मुक्त होनेका अनुक्रम काव्यमें कहते हैं—**त्यक्त्वा** इत्यादि । **अर्थ**—जो पुरुष निश्चयसे अशुद्धताके करने वाले सब परद्रव्योंको छोड़कर स्वयं अपने निजद्रव्यमें लीन होता है, वह पुरुष नियमसे सब अपराधोंसे रहित हुआ बंधके नाशको प्राप्त होकर नित्य उदयरूप हुआ अपने स्वरूपके प्रकाशरूप ज्योतिसे निर्मल उछलता जो चैतन्यरूप अमृतका प्रवाह उससे जिसकी महिमा पूर्ण है, ऐसा शुद्ध होता हुआ कर्मोंसे छूटता है । **भावार्थ**—मुमुक्षु पहले तो समस्त परद्रव्यका त्यागकर अपने आत्मस्वरूपमें लीन होता है, सो सब रागादिक अपराधोंसे रहित होकर आगामी बंधका नाश करता है सो फिर नित्य उदयरूप केवलज्ञानको पाकर शुद्ध होकर समस्त कर्मोंका नाशकर मोक्षको प्राप्त करता है । यही मोक्ष होनेकी रीति है । इस तरह मोक्षकी विधि बताकर मोक्षाधिकार पूर्ण किया जा रहा है ।

प्रमादो यतः । अतः स्वरसनिर्भरे नियमितः स्वभावे भवन्मुनिः परमशुद्धतां व्रजति मुच्यते चाचिरात् ॥१९०॥ त्यक्त्वाऽशुद्धिविधायि तत्किल परद्रव्यं समग्रं स्वयं स्वे द्रव्ये रतिमेति यः स नियतं सर्वापराधच्युतः । बंधध्वंसमुपेत्यनित्यमुदितः स्वज्योतिरच्छोच्छलच्चैतन्यामृतपूरपूर्ण-

अप्रतिसरणं अप्परिहारो अपरिहारः अधारणा अधारणा अणियत्ती अनिवृत्तिः अणिंदा अनिन्दा अगरहा

अब मोक्षाधिकारको पूर्ण करते समय मंगलरूपज्ञानकी महिमा कलशरूप काव्यमें कहते हैं—**बंध** इत्यादि। **अर्थ**—कर्मके बंधके छेदनेसे अविनाशी अतुल मोक्षका अनुभव करता हुआ नित्य उद्योतसे विकसित स्वाभाविक अवस्था युक्त अत्यंत शुद्ध, अपने ज्ञानमात्र आकारके निजरसके भारसे अत्यंत गंभीर व धीर यह पूर्ण ज्ञान किसी प्रकार नहीं चले ऐसी अचल अपनी महिमामें लीन हुआ है। **भावार्थ**—कर्मका नाश करके मोक्षरूप हुआ अपनी स्वाभाविक अवस्थारूप अत्यन्त शुद्ध समस्त ज्ञेयाकारको गौण कर निज ज्ञानका प्रकाश "जिसकी थाह नहीं व जिसमें आकुलता नहीं" ऐसा प्रकट देदीप्यमान होकर अपनी महिमामें लीन हुआ है।

इस प्रकार उपयोग रंगभूमिमें मोक्षतत्त्वका स्वांग आया था। सो जब सहज ज्ञान-स्वरूपमें ज्ञानका ज्ञान प्रकट हुआ तब मोक्षका स्वांग निकल गया।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाद्वयमें शुद्धात्माराधकको निरपराध बताया गया था। उस सम्बन्धमें यह जिज्ञासा हुई कि चरणानुयोगमें बताया गया कि प्रतिक्रमण आदि करनेसे दोष दूर होते हैं, प्रतिक्रमण करने वाला निरपराध हो जाता है, फिर शुद्धात्माराधना पर बल क्यों दिया जाता है इसका समाधान इन दो गाथाओंमें आया है।

तथ्यप्रकाश—१–अप्रतिक्रमण दो प्रकारका होता है—(१) अज्ञानीजनसाधारण अप्रतिक्रमण, (२) प्रतिक्रमणाप्रतिक्रमणादिविलक्षण अप्रतिक्रमण। २– प्रतिक्रमण विधिनिषेध सम्बन्धित तीन भूमिकायें हैं—(१) अज्ञानियोंका अप्रतिक्रमण, (२) द्रव्यरूप प्रतिक्रमण, (३) ज्ञानियोंका अप्रतिक्रमण। ३– द्रव्यरूप प्रतिक्रमणके कुछ अनर्थान्तर ये हैं—सराग-चारित्ररूप शुभोपयोग, व्यवहारप्रतिक्रमण। ४–ज्ञानिजनाश्रित अप्रतिक्रमणके कुछ अनर्थान्तर ये हैं— परमोपेक्षारूप संयम, निर्विकल्पसमाधि, निश्चयप्रतिक्रमण, शुभाशुभास्रवदोष-निराकरण, वीतरागचारित्र, सम्यक् त्रिगुप्तिरूप रत्नत्रय, निर्विकल्प शुद्धोपयोग। ५– अज्ञानियोंका अप्रतिक्रमण सर्वथा विषकुम्भ है। ६– अज्ञानियोंका अप्रतिक्रमण मिथ्यात्वविषय-कषायपरिणतिरूप है अतः वह नरकादि दुःखोंका कारणभूत है। ७– द्रव्यरूपप्रतिक्रमण लगे हुए दोषोंके निराकरणके लिये है, अतः अमृतकुम्भ है तथापि तृतीयभूमिकाको न देखने वाले

महिमा शुद्धो भवन्मुच्यते ॥१९१॥ बंधच्छेदात्कलयदतुलं मोक्षमक्षय्यमेतन् नित्योद्योतस्फुटित-सहजावस्थमेकांतशुद्धं । एकाकारस्वरसभरतोऽत्यंतगंभीरधीरं पूर्णं ज्ञानं ज्वलितमचले स्वस्य लीनं महिम्नि ॥१९२॥ इति मोक्षो निष्क्रांतः ।

इति श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचितायां समयसारव्याख्यायामात्मख्यातौ
मोक्षप्ररूपकः अष्टमोऽङ्कः ॥ ८ ॥

अगर्हा सोही शुद्धिः अमयकुंभो अमृतकुंभः—प्रथमा एकवचन ॥ ३०६-३०७ ॥

पुरुषोंको बन्धकारी होनेसे विषकुम्भ है । ८— तृतीयभूमिका अर्थात् निश्चयप्रतिक्रमणरूप वीतराग अप्रतिक्रमण स्वयं शुद्धात्मसिद्धिरूप होनेसे सर्वदोषोंको समूल नष्ट करता है अतः यह ज्ञानिजनाश्रित अप्रतिक्रमण साक्षात् अमृतकुम्भ है । ९— ज्ञानिजनाश्रित अप्रतिक्रमणका संबंध हो तो द्रव्यप्रतिक्रमण भी अमृतकुम्भ कहलाता है । १०— वास्तवमें आत्मा ज्ञानिजनाश्रित अप्रतिक्रमणरूप तृतीय भूमिका द्वारा ही निरपराध होता है । ११— तृतीय भूमिकाके अर्थात् निश्चयप्रतिक्रमणके अभावमें द्रव्यप्रतिक्रमण भी अपराध ही है । १२— द्रव्यप्रतिक्रमण तृतीय-भूमिकाके लिये अर्थात् निर्विकल्प समाधिके लिये ही किया जाता है । १३— चरणानुयोगमें द्रव्यप्रतिक्रमणको अमृतकुम्भ कहा है वह एक विधानकी दृष्टिसे युक्त है, किन्तु निश्चयप्रतिक्रमणके बिना मात्र द्रव्यप्रतिक्रमणसे मुक्ति नहीं है यह तथ्य भी साथ-साथ जानना । १४— प्रतिक्रमण अप्रतिक्रमणका अगोचर अप्रतिक्रमणरूप शुद्धात्मसिद्धिलक्षण निश्चयप्रतिक्रमण ही अलौकिक सिद्धि प्रदान करता है । १५— उक्त १४ बातें प्रतिसरण, परिहार, धारणा, निवृत्ति, निन्दा, गर्हा व शुद्धिके विषयमें भी घटित करना ।

सिद्धान्त— १— ज्ञानिजनाश्रित अप्रतिक्रमण शुद्धात्मतत्त्वकी परम अभेद आराधना है । २— अज्ञानिजनाश्रित अप्रतिक्रमण विकारोंमें अभेदबुद्धिरूप है ।

दृष्टि— १— शुद्धनय (४९) । २— अशुद्धनिश्चयनय (४७) ।

प्रयोग— अज्ञानिजनाश्रित अप्रतिक्रमणको सर्वथा छोड़कर सरागचारित्रसे गुजर कर प्रतिक्रमणादि करते हुए निश्चयप्रतिक्रमणमें विहार कर प्रतिक्रमण अप्रतिक्रमण आदि सर्व विकल्पोंके अगोचर परमोपेक्षासंयममें रहनेका पौरुष करना ॥ ३०६-३०७ ॥

इति श्रीमत्कुन्दकुन्दाचार्यविरचित समयसार व उसकी श्रीमदमृतचंद्रसूरिविरचित
समयसारव्याख्या आत्मख्यातिकी सहजानन्दसप्तदशाङ्गी टीकामें
मोक्षप्ररूपक आठवां अंक समाप्त हुआ ।

अथ सर्वविशुद्धज्ञानाधिकारः

अथ प्रविशति सर्वविशुद्धं ज्ञानम् । नीत्वा सम्यक् प्रलयमखिलान् कर्तृभोक्त्रादिभावान् दूरीभूतः प्रतिपदमयं बंधमोक्षप्रक्लृप्तेः । शुद्धः शुद्धः स्वरसविसरापूर्णपुण्याचलार्चिष्टंकोत्कीर्ण-प्रकटमहिमा स्फूर्जति ज्ञानपुञ्जः ॥१६३॥ कर्तृत्वं न स्वभावोस्य चितो वेदयितृत्ववत् । अज्ञानादेव कर्तायं तदभावादकारकः ॥१६४॥ अथात्मनोऽकर्तृत्वं दृष्टांतपुरस्सरमाख्याति—

नामसंज्ञ – दविय, ज, गुण, त, त, अणण्ण, जह, कडयादि, दु, पज्जय, कणय, अणण्ण, इह, जीव, अजीव, दु, ज, परिणाम, दु, देसिय, सुत्त, त, जीव, अजीव, वा, त, अणण्ण, ण, कुदोचि, वि, उप्पण, ज,

---

अब यहाँ मोक्षतत्त्वका भी स्वाङ्ग निकलनेके पश्चात् सर्वविशुद्धज्ञान प्रवेश करता है। रङ्गभूमिमें जीवाजीव, कर्ता-कर्म, पुण्य-पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बन्ध और मोक्ष—ये आठ स्वाङ्ग आये थे उनका नृत्य हुआ। वे आठों विकल्प अपना-अपना स्वरूप दिखाकर निकल गये। अब सब स्वाङ्गोंके दूर होनेपर एकाकार सर्वविशुद्ध ज्ञान प्रवेश करता है।

यहाँ प्रथम ही मंगलरूप ज्ञानपुञ्ज आत्माकी महिमा बतलाते हैं—**नीत्वा** इत्यादि। **अर्थ**—समस्त कर्ता-भोक्ता आदि भावोंको सम्यक् प्रकारसे नाशको प्राप्त कराके पद-पदपर अर्थात् कर्मोंके क्षयोपशमके निमित्तसे होने वाली प्रत्येक पर्यायमें बन्धमोक्षकी रचनासे दूर वर्तता हुआ, शुद्ध-शुद्ध अर्थात् रागादिमल तथा आवरणसे रहित विस्तारसे परिपूर्ण तथा टंकोत्कीर्णवत् प्रकट महिमा वाला ज्ञानपुञ्ज आत्मा प्रगट होता है। **भावार्थ**—शुद्धनयका विषय सहज ज्ञानस्वरूप आत्मा है वह कर्ता-भोक्तापनेके भावोंसे रहित है, बन्धमोक्षकी रचनासे रहित है, परद्रव्योंसे और सब परद्रव्योंके भावोंसे रहित होनेके कारण शुद्ध है और अपने निजरसके प्रवाहसे पूर्ण देदीप्यमान ज्योतिस्वरूप टंकोत्कीर्णवत् अचल है, ऐसा ज्ञानपुञ्ज आत्मा प्रगट होता है।

अब सर्व विशुद्ध ज्ञानको बतलानेके प्रारम्भमें प्रथम ही सहज ज्ञानब्रह्मको कर्ता-भोक्ता भावसे भिन्न दिखलाते हैं—**कर्तृत्वं** इत्यादि। **अर्थ**—इस चित्स्वरूप आत्माका जिस प्रकार भोक्तापना स्वभाव नहीं है, उसी तरह कर्तापना भी स्वभाव नहीं है। यह आत्मा अज्ञानसे ही कर्ता माना जाता है, सो अज्ञानका अभाव होनेपर वह कर्ता नहीं है।

दवियं जं उप्पज्जइ गुणेहिं तं तेहिं जाणसु अणण्णं ।
जह कडयादीहिं दु पज्जएहिं कणयं अणण्णमिह ॥३०८॥
जीवस्साजीवस्स दु जे परिणामा दु देसिया सुत्ते ।
तं जीवमजीवं वा तेहिमणण्णं वियाणाहि ॥३०९॥
ण कुदोचि वि उप्पण्णो जह्मा कज्जं ण तेण सो आदा ।
उप्पादेदि ण किंचिवि कारणमवि तेण ण स होइ ॥३१०॥
कम्मं पडुच्च कत्ता कत्तारं तह पडुच्च कम्माणि ।
उप्पंजंति य णियमा सिद्धी दु ण दीसए अण्णा ॥३११॥ (चतुष्कम्)

जो द्रव्य जिन गुणोंमें, परिणमता वह अनन्य उनसे ।
त्यों कटकादि दशावों-से अनन्य है सुवर्ण यहां ॥३०८॥
जीव व अजीवकी जो, परिणतियां हैं बताइ ग्रन्थोंमें ।
उनसे अनन्य जानो, उस जीव अजीव वस्तूको ॥३०९॥
नहिं उत्पन्न किसीसे, इस कारण कार्य है नहीं आत्मा ।
उत्पन्न नहीं करता, परको इससे न कारण वह ॥३१०॥
कर्मोंको आश्रय कर, कर्ता कर्ताको कर्म आश्रय कर ।
होते उत्पन्न यहां, जानो नहिं अन्यथा सिद्धी ॥३११॥

कज्ज, ण, त, त, अत्त, ण, किंचि, वि, कारण, अवि, ण, त, कम्म, कत्तार, तह, कम्म, य, णियम, सिद्धि, दु, ण, अण्णा । **धातुसंज्ञ** -पज्ज गती, जाण अवबोधने, हो सत्तायां, पडि इ गतौ, दिस प्रेक्षणे । **प्रातिपदिक**—द्रव्य, यत्, गुण, तत्, तत्, अन्यत्, यथा, कटकादि, तु, पर्याय, कनक, अनन्यत्, इह, जीव, अजीव,

---

अब आत्माका अकर्तापन दृष्टान्तपूर्वक प्रसिद्ध करते हैं—[यत् द्रव्यं] जो द्रव्य [गुणैः] जिन गुणोंसे [उत्पद्यते] उपजता है [तत्] वह [तैः] उन गुणोंसे [अनन्यत्] अनन्य [जानीहि] जानो, [यथा] जैसे [इह] लोकमें [कनकं] सुवर्ण [कटकादिभिः] अपने कटक कड़े आदि [पर्यायैः] पर्यायोंसे [अनन्यत् तु] अनन्य है याने कटकादि है वह सुवर्ण ही है । उसी तरह [जीवाजीवस्य तु] जीव और अजीवके [ये परिणामाः तु] जो परिणाम [सूत्रे दर्शिताः] सूत्र में कहे हैं [तैः] उन परिणामोंसे [तं जीवं अजीवं वा] उस जीव अजीवको [अनन्यं] अनन्य [विजानीहि] जानो याने जो परिणाम हैं वे द्रव्य ही हैं । [यस्मात्] जिस कारण [स आत्मा]

द्रव्यं यदुत्पद्यते गुणैस्तत्तेजानीह्यनन्यत् । यथा कटकादिभिस्तु पर्यायैः कनकमनन्यदिह ॥३०८॥
जीवस्याजीवस्य तु ये परिणामास्तु दर्शिताः सूत्रे । तं जीवमजीवं वा तैरनन्यं विजानीहि ॥३०९॥
न कुतश्चिदप्युत्पन्नो यस्मात्कार्यं न तेन स आत्मा । उत्पादयति न किंचित्कारणमपि तेन न स भवति ॥
कर्म प्रतीत्य कर्ता कर्तारं तथा प्रतीत्य कर्माणि । उत्पद्यंते च नियमात्सिद्धिस्तु न दृश्यतेऽन्या ॥३११॥

जीवो हि तावत्क्रमनियमितात्मपरिणामैरुत्पद्यमानो जीव एव नाजीवः, एवमजीवोऽपि क्रमनियमितात्मपरिणामैरुत्पद्यमानोऽजीव एव न जीवः, सर्वद्रव्याणां स्वपरिणामैः सह तादात्म्यात् कंकणादिपरिणामैः कांचनवत् । एवं हि जीवस्य स्वपरिणामैरुत्पद्यमानस्याप्यजीवेन सह

तु, यत्, परिणाम, तु, दर्शित, सूत्र, तत्, जीव, अजीव, वा, तत्, अन्य, न, कुतश्चित्, अपि, उपपन्न, यत्, कार्य, न, तत्, तत्, आत्मन्, न, किंचित्, कारण, अपि, तत्, न, तत्, कर्मन्, कर्तृ, तथा, कर्मन्, च, नियम,

---

वह आत्मा [**कुतश्चिदपि**] किसीसे भी [**न उत्पन्नः**] उत्पन्न नहीं हुआ है [**तेन**] इस कारण वह [**कार्यं**] किसीका कार्य [**न भवति**] नहीं है और [**किंचिदपि**] किसी अन्यको भी [**न उत्पादयति**] उत्पन्न नहीं करता [**तेन**] इस कारण [**सः**] वह [**कारणमपि**] किसीका कारण भी [**न**] नहीं है। [**नियमात्**] नियमसे [**कर्म प्रतीत्य**] कर्मको आश्रय करके ही तो [**कर्ता**] कर्ता होता है [**तथा च**] और [**कर्तारं प्रतीत्य**] कर्ताको आश्रय करके [**कर्माणि**] कर्म [**उत्पद्यंते**] उत्पन्न होते हैं [**अन्या तु सिद्धिः**] अन्य प्रकार कर्ता-कर्मकी सिद्धि [**न दृश्यते**] नहीं देखी जाती।

तात्पर्य—वास्तवमें कर्ता-कर्म भिन्न-भिन्न द्रव्यमें नहीं होते, इस कारण जीव किसी अन्यका न तो कर्ता है और न किसी अन्यका कार्य है।

टीकार्थ—जीव प्रथम तो क्रमनियमित अपने परिणामोंसे उत्पन्न हुआ अजीव ही है जीव नहीं है, क्योंकि सभी द्रव्योंका अपने परिणामोंके साथ तादात्म्य है, जैसे कंकणादि परिणामोंसे सुवर्ण उत्पन्न होता है वह कंकणादिसे अन्य नहीं है उनसे तादात्म्यस्वरूप है उसी तरह सब द्रव्य हैं। इस प्रकार अपने परिणामोंसे उत्पन्न हुए जीवका अजीवके साथ कार्यकारणभाव सिद्ध नहीं होता; क्योंकि सब द्रव्योंका अन्य द्रव्यके साथ उत्पाद्य-उत्पादक भावका अभाव है। और उस कार्यकारणभावकी सिद्धि न होनेपर अजीवके जीवकर्मत्व सिद्ध नहीं होता और अजीवके जीवकर्मत्व सिद्ध न होने परसे कर्ता-कर्मके अनन्यापेक्ष सिद्ध होनेसे जीवके अजीवका कर्तापना सिद्ध नहीं होता। इस कारण जीव परद्रव्यका अकर्ता ही ठहरता है।
भावार्थ—सब द्रव्योंके परिणाम पृथक्-पृथक् हैं। अपने-अपने परिणामोंके सब कर्ता हैं। प्रत्येक पदार्थ स्वयं अपने परिणामोंके कर्ता हैं वे परिणाम उनके कर्म हैं। निश्चयतः किसी का किसीसे भी कर्ताकर्मसम्बन्ध नहीं है, इस कारण जीव अपने परिणामोंका कर्ता है जीवके

कार्यकारणभावो न सिद्धयति, सर्वद्रव्याणां द्रव्यांतरेण सहोत्पाद्योत्पादकभावाभावात्। तदसिद्धौ चाजीवस्य जीवकर्मत्वं न सिद्धयति। तदसिद्धौ च कर्तृकर्मणोरनन्यापेक्षसिद्धत्वात् जीवस्याजीवकर्तृत्वं न सिद्धयति, अतो जीवोऽकर्ता अवतिष्ठते। अकर्ता जीवोऽयं स्थित इति

सिद्धि, तु, न, अन्या। **मूलधातु**—उत् पद गतौ, ज्ञा अवबोधने, भू सत्तायां, प्रति इण् गतौ, हशिर् प्रेक्षणे। **पदविवरण**—दवियं द्रव्यं–प्रथमा एकवचन। दु तु–अव्यय। पज्जएहि पर्यायैः–तृतीया बहुवचन। कणयं कनकं–प्रथमा एक०। अणण्णं अनन्यं–प्रथमा एक०। इह–अव्यय। जीवस्स जीवस्य अजीवस्स अजीवस्य–षष्ठी एक०। दु तु–अव्यय। जे ये परिणामा परिणामाः–प्रथमा बहु०। देसिया देशिताः–प्रथमा बहु०। सुत्ते सूत्रे–सप्तमी एक०। तं जीवं अजीवं–द्वितीया एक०। तेहिं तैः–तृ० बहु०। अणण्णं अनन्यं–द्वितीया एक०। वियाणाहि विजानीहि–आज्ञार्थे लोट् मध्यम पुरुष एकवचन। ण न–अव्यय। कुदोचि कदाचित्–अव्यय। वि अपि ण न ण न ण न य च दु तु ण न–अव्यय। उप्पण्णो उत्पन्नः–प्रथमा एक०। जम्हा यस्मात्–पंचमी एक०। कज्जं कार्यं–प्रथमा एकवचन। तेण तेन–तृ० एक०। आदा आत्मा–प्र० एक०। उप्पादेदि उत्पादयति–वर्तमान लट् प्रथम पुरुष एकवचन णिजन्त क्रिया। किंचि किंचित्–अव्यय। कारणं–

परिणाम ही जीवके कर्म हैं। इसी तरह अजीव अपने परिणामोंका कर्ता है उसके परिणाम उसके कर्म हैं। इस प्रकार जीव अन्यके परिणामोंका अकर्ता है।

अब इस अर्थके कलशरूप काव्यमें जीव अकर्ता है तो भी इसके बंध होता है यह अज्ञानकी महिमा है ऐसा कहते हैं—**अकर्ता** इत्यादि। **अर्थ**—इस तरह अपने निज रससे विशुद्ध और स्फुरायमान चैतन्यज्योतिसे व्याप्त हुआ है लोकका मध्य जिसके द्वारा ऐसा यह जीव अकर्ता स्थित है तो भी इसके इस लोकमें प्रकट कर्म प्रकृतियोंसे बंध होता है, सो यह निश्चयतः अज्ञानकी ही कोई गहन महिमा है। **भावार्थ**—जिसका ज्ञान सब ज्ञेयोंमें व्यापने वाला है ऐसा यह जीव शुद्धनयसे अकर्ता ही है तो भी इसके कर्मका बंध होता है यह कोई अज्ञानकी बड़ी करतूत है।

प्रसंगविवरण—"भूयत्थेणाभिगया" इत्यादि अधिकार गाथामें कथित जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध, मोक्ष इन नव पदार्थोंका वर्णन किया जा चुका। अब अन्तमें समयसारके लक्ष्यभूत सर्वविशुद्ध ज्ञानका वर्णन करनेके लिये सर्वविशुद्धज्ञानाधिकार नामका अंतिम अधिकार आया है। इसमें सर्वप्रथम दृष्टान्तपूर्वक आत्माका अकर्तृत्व प्रकट किया गया है।

तथ्यप्रकाश—१– प्रत्येक पदार्थ अपने-अपने परिणामोंसे (पर्यायोंरूपसे) उत्पद्यमान होता रहता है। २– परिणाम दो प्रकारके होते हैं—(१) सहनियमित परिणाम, (२) क्रमनियमित परिणाम। ३–सहनियमित परिणाम गुणोंको याने शक्तियोंको कहते हैं, क्योंकि अनंत

विशुद्धः स्वरसतः स्फुरच्चिज्ज्योतिर्भिश्छुरितभुवनाभोगभवनः । तथाप्यस्यासौ स्याद्यदिह किल बंधः प्रकृतिभिः स खल्वज्ञानस्य स्फुरति महिमा कोपि गहनः ॥१९५॥ ॥ ३०८-३११ ॥

प्रथमा एक० । तेण तेन–तृतीया एक० । स सः–प्र० एक० । होइ भवति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन । कम्मं कर्म–द्वि० एक० । पडुच्च प्रतीत्य–असमाप्तिकी क्रिया । कत्ता कर्ता–प्रथमा एक० । कत्तारं कर्तारं–द्वि० एक० । कम्माणि कर्माणि–द्वि० बहु० । उप्पज्जंति उत्पद्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन । णियमा नियमात्–पंचमी एक० । सिद्धी सिद्धिः–प्र० एक० । दीसए दृश्यते–वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । अण्णा अन्या–प्रथमा एकवचन ॥ ३०८-३११ ॥

गुण सब एक ही समयमें हैं । ४– क्रमनियमित परिणाम पर्यायोंको कहते हैं, क्योंकि पर्यायें सब एक साथ नहीं रहते, किन्तु एक-एक समयमें पदार्थका एक-एक ही परिणमन होता है । ५– सर्व द्रव्योंकी एक-एक पर्याय रहनेसे एक समयमें अनन्त पर्यायका होना कहना गुणदृष्टिके आश्रित कथन है । ६– कोई भी पदार्थ किसी दूसरे पदार्थकी पर्यायोंसे उत्पन्न नहीं होता । ७– जीव अपनी पर्यायोंसे उत्पन्न होता हुआ जीव ही तो है । ८– अजीव (प्रकृतमें कर्म) अपनी पर्यायोंसे उत्पन्न होता हुआ अजीव ही तो है । ९– अपनी पर्यायोंसे ही उत्पद्यमान जीवका अजीव न तो कार्य है और न कारण है । १०– अपनी पर्यायोंसे ही उत्पद्यमान अजीव (प्रकृतमें कर्म) का जीव न कार्य है, न कारण है । ११– जीवके विकारभावका निमित्त पाकर कार्मणवर्गणाएँ अपने परिणामसे कर्मरूप हो जाती हैं । १२– कर्मके उदयादिका निमित्त पाकर जीव अपने परिणमन विकार विचार आदिरूप परिणम जाता है । १३– निमित्तनैमित्तिक भावके कारण लोक जीवको कर्मका कर्ता कह देते हैं । १४– निमित्तनैमित्तिक भावके कारण लोक कर्मको जीवके विकल्प विचार आदिका कर्ता कह देते हैं । १५– जीवके गुण, पर्यायें जीवसे अभिन्न हैं । १६– अजीवकी गुण, पर्यायें अजीवसे अभिन्न हैं ।

सिद्धान्त—१– जीवके विकल्प विचार आदि जीवसे अभिन्न हैं । २– अजीवके द्वारा जीवका गुण पर्याय आदि कुछ भी नहीं हो सकता । ३– जीव कर्म आदि समस्त परभावका अकर्ता है । ४– सभी पदार्थ अपने-अपने परिणामके ही कर्ता होते हैं । ५– उपचारसे जीवको कर्मका कर्ता कहा जाता है । ६– उपचारसे ही कर्मको जीवके रागादिविकारका कर्ता कहा जाता है ।७– उपचारसे ही कर्मको जीवके रागादिविकारका कर्ता कहा जाता है ।

दृष्टि—१– सभेद अशुद्ध निश्चयनय (४७अ) । २– परद्रव्यादिग्राहक द्रव्यार्थिकनय (२९) । ३– प्रतिषेधक शुद्धनय (४९अ) । ४– उपादानदृष्टि (४९ब) । ५, ६, ७– परकर्तृत्व अनुपचरित असद्भूतव्यवहार ।

प्रयोग—अपने अपराधसे अपना विकारपरिणमन होना जानकर नैमित्तिक मोह

चेया उ पयडीयट्ठं उप्पज्जइ विणस्सइ ।
पयडीवि चेययट्ठं उप्पज्जइ विणस्सइ ॥३१२॥
एवं बंधो उ दुण्हंपि अण्णोण्णप्पच्चया हवे ।
अप्पणो पयडीए य संसारो तेण जायए ॥३१३॥ (युग्मम्)

आत्मा प्रकृतिके निमित, उपजता विनशता तथा ।
प्रकृति भी जीवके निमित, उपजती विनशती तथा ॥३१२॥
होता यों बन्ध दोनोंका, परस्परके निमित्तसे ।
आत्मा तथा प्रकृतिके, होता भव इस बन्धसे ॥३१३॥

चेतयिता तु प्रकृत्यर्थमुत्पद्यते । विनश्यति प्रकृतिरपि चेतकार्थमुत्पद्यते विनश्यति ॥ ३१२ ॥
एवं बंधस्तु द्वयोरपि अन्योन्यप्रत्ययाद्भवेत् । आत्मनः प्रकृतेश्च संसारस्तेन जायते ॥ ३१३ ॥

अयं हि आसंसारत एव प्रतिनियतस्वलक्षणानिर्ज्ञानेन परात्मनोरेकत्वाध्यासस्य करणात्कर्ता सन् चेतयिता प्रकृतिनिमित्तमुत्पादविनाशावासादयति । प्रकृतिरपि चेतयितृनिमित्त-

---

नामसंज्ञ—चेया, उ, पयडियट्ठं, पयडि, वि, चेययट्ठं, एवं, बन्ध, उ, दु, पि, अण्णण्णोणपच्चय, अप्प, पयडि, य, संसार, त । **धातुसंज्ञ**—उब पज्ज गतौ, वि नस्स नाशे, हव सत्तायां, जा प्रादुर्भावे । **प्रातिपदिक**—चेतयितृ, तु, प्रकृत्यर्थ, प्रकृति, अपि, चेतकार्थ, एवं, बंध, तु, द्वि, अपि, अन्योन्यप्रत्यय, आत्मन्, प्रकृति, च, संसार, तत् । **मूलधातु**—उत् पद गतौ, वि णस अदर्शने दिवादि, भू सत्तायां, जनी

रागादि अपराधको अन्तर्दृष्टिके बलसे दूर करना और सर्वविशुद्ध ज्ञानभावमें आपा अनुभवना ॥ ३०८-३११ ॥

अब इस अज्ञानकी महिमाको प्रकट करते हैं:— [**चेतयिता तु**] चेतयिता आत्मा तो [**प्रकृत्यर्थं**] ज्ञानावरणादि कर्मकी प्रकृतियोंके निमित्तसे [**उत्पद्यते**] उत्पन्न होता है [**विनश्यति**] तथा विनाशको प्राप्त होता है और [**प्रकृतिरपि**] प्रकृति भी [**चेतकार्थं**] चेतक आत्माके लिये [**उत्पद्यते**] उत्पन्न होती है [**विनश्यति**] तथा विनाशको प्राप्त होती है । [**एवं**] इस तरह [**आत्मनः च प्रकृतेः**] आत्मा और प्रकृति [**द्वयोः**] दोनोंके [**अन्योन्यप्रत्ययात्**] परस्पर निमित्तसे [**बंधः**] बंध होता है [**च तेन**] और उस बंधसे [**संसारः जायते**] संसार उत्पन्न होता है ।

तात्पर्य—जीव और अजीवकर्ममें परस्पर कर्ता-कर्मभाव तो नहीं है, किन्तु दोनोंके विकारपरिणमनमें वे दोनों परस्पर एक दूसरेके निमित्तभूत हैं ।

टीकार्थ—यह आत्मा अनादि संसारसे ही अपने और बंधके पृथक्-पृथक् लक्षणका

मुत्पत्तिविनाशावासादयति च, एवमनयोरात्मप्रकृत्योः कर्तृकर्मभावाभावेप्यन्योन्यनिमित्तनैमित्तिकभावेन द्वयोरपि बंधो दृष्टः, ततः संसारः तत एव च तयोः कर्तृकर्मव्यवहारः ॥३१२-३१३॥

प्रादुर्भवि। **पदविवरण**--चेया चेतयिता--प्रथमा एक०। उ तु एवं पयडीयट्ठं प्रकृत्यर्थं चेययट्ठं चेतकार्थं पि अपि य च--अव्यय। उप्पज्जइ उत्पद्यते--वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन। विणस्सइ विनश्यते--वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक०। एवं--अव्यय। बंधो बन्धः--प्र० एक०। दुण्हं--षष्ठी बहु०। द्वयोः--षष्ठी द्विवचन। अण्णोण्णप्पच्चया अन्योन्यप्रत्ययात्--पंचमी एक०। हवे भवेत्--विधिलिङ् अन्य पुरुष एकवचन। अप्पणो आत्मनः--षष्ठी ए०। पयडीए प्रकृतेः--षष्ठी एक०। संसारो संसार--प्र० एक०। तेण तेन--तृ० एक०। जायए जायते--वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ ३१२-३१३ ॥

भेदज्ञान न होनेसे पर और आत्माके एकपनेका अध्यास करनेसे परद्रव्यका कर्ता होता हुआ ज्ञानावरण आदि कर्मकी प्रकृतिके निमित्तसे उत्पत्ति और विनाशको प्राप्त होता है। और प्रकृति भी आत्माके निमित्तसे उत्पत्ति और विनाशको प्राप्त होती है याने आत्माके परिणामके अनुसार परिणमती है। इस तरह आत्मा और प्रकृति इन दोनोंके परमार्थसे कर्ताकर्मपनेके भावका अभाव होनेपर भी परस्पर निमित्तनैमित्तिक भावसे दोनोंके ही बंध देखा जाता है उस बंधसे संसार होता है, और उसीसे दोनोंके कर्ता-कर्मका व्यवहार चलता है। **भावार्थ**—आत्मा और प्रकृतिके परमार्थसे कर्ता-कर्मपनेका अभाव है तो भी परस्पर निमित्तनैमित्तिक भावसे कर्ता-कर्म भाव है इससे ही बन्ध है और बंधसे ही संसार है।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व गाथाचतुष्कमें जीवको अकर्ता बताते हुए यह संकेत किया गया है कि वास्तवमें अकर्ता होनेपर भी जीवका प्रकृतियोंके साथ जो बन्ध होता है वह अज्ञान की ही लीला है। अब इन दो छन्दोंमें उसी अज्ञानलीलाका दिग्दर्शन कराया गया है।

तथ्यप्रकाश—(१) अन्य-अन्य द्रव्य होनेके कारण आत्मा और प्रकृतिमें कर्तृकर्मभाव बिल्कुल नहीं है। (२) आत्मा और प्रकृतिमें कर्तृकर्मत्व न होनेपर भी उनका बन्ध मात्र निमित्तनैमित्तिक भावसे होता है। (३) निमित्तनैमित्तिक भावके कारण जीव और प्रकृतिमें कर्तृत्व व्यवहार कर लिया जाता है। (४) जीवके विकाररूप नैमित्तिक भाव होनेका मूल कारण आत्मभाव व कर्मभावमें एकत्वबुद्धि है। (५) जीवकर्मैकत्वबुद्धिका कारण प्रतिनियत स्वलक्षणोंका अज्ञान है। (६) जीव प्रकृतिके निमित्तसे अपना उत्पाद विनाश करता है। (७) प्रकृति जीवके निमित्तसे अपना उत्पाद विनाश करता है। (८) अथवा जीव प्रकृतिके लिये याने प्रकृतिबंधादि होनेके लिये उत्पाद विनाश करता है अर्थात् विभावरूप परिणमता है। (९) प्रकृति जीवके लिये याने साता असाता रागद्वेष आदि होनेके लिये अपना उत्पाद विनाश करता है अर्थात् उदय उदीरणा निर्जरादि करता है। (१०) आत्मा और प्रकृतिके

जा एसो पयडीयट्टं चेया णेव विमुंचए ।
अयाणओ हवे ताव मिच्छादिट्ठी असंजओ ॥३१४॥
जया विमुञ्चए चेया कम्मप्फलमणंतयं ।
तया विमुत्तो हवइ जाणओ पासओ मुणी ॥३१५॥

प्राकृतिक इन तंत्रोंको, जब तक जीव न छोड़ता ।
अज्ञानी बना तब तक, मिथ्यादृष्टी असंयमी ॥३१४॥
जब छोड़ देता आत्मा, अनन्त सब कर्मफल ।
तब निर्बन्ध हो होता, ज्ञायक दर्शक व संयमी ॥३१५॥

यावदेष प्रकृत्यर्थं चेतयिता नैव विमुंचति । अज्ञायको भवेत्तान्मिथ्यादृष्टिरसंयतः ॥ ३१४ ॥
यदा विमुंचति चेतयिता कर्मफलमनंतकं । तदा विमुक्तो भवति ज्ञायको दर्शको मुनिः ॥ ३१५ ॥

यावदयं चेतयिता प्रतिनियतस्वलक्षणानिर्ज्ञानात् प्रकृतिस्वभावमात्मनो बंधनिमित्तं न मुञ्चति तावत्स्वपरयोरेकत्वज्ञानेनाज्ञायको भवति । स्वपरयोरेकत्वदर्शनेन मिथ्यादृष्टिर्भवति ।

नामसंज्ञा—जा, एत, पयडीयट्ठं, चेया, ण, एव, अयाणअ, ताव मिच्छादिट्ठि, असंजअ, जया, चेया, कम्मप्फल, अणंतय, तया, विमुत्त, जाणअ, पासअ, मुणि । **धातुसंज्ञा**—वि-मुंच त्यागे, हव सत्तायां । **प्राति-**

बंधनसे संसार देखा जाता है । (११) इसी बंध और संसार होनेके कारण जीव और प्रकृतिके कर्तृकर्मत्वका व्यवहार होता है । (१२) निश्चयसे जीव और प्रकृतिमें कर्तृकर्मत्व नहीं है ।

सिद्धान्त—(१) कर्मोदयविपाकके सान्निध्यमें जीव विकाररूप परिणमता है । (२) जीवके विकारभावके निमित्तसे कर्मबन्ध होता है ।

दृष्टि—१– उपाधिसापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४) । २– निमित्तदृष्टि (५३अ) ।

प्रयोग—भेदविज्ञानके अभावसे यह सब कर्मबन्धन व संसारसंकट हो रहा है यह जानकर आत्मस्वभाव और कर्मस्वभावके लक्षणका यथार्थ परिचय प्राप्त करना ॥३१२-३१३॥

अब कहते हैं कि जब तक आत्मा प्रकृतिके निमित्तसे उपजना विनशना न छोड़े तब तक वह अज्ञानी मिथ्यादृष्टि असंयत है—[**एष चेतयिता**] यह आत्मा [**यावत्**] जब तक [**प्रकृत्यर्थं**] प्रकृतिके निमित्तसे उपजना विनशना [**नैव विमुञ्चति**] नहीं छोड़ता [**तावत्**] तब तक [**अज्ञायकः**] अज्ञानी, [**मिथ्यादृष्टिः**] मिथ्यादृष्टि, [**असंयतः**] असंयमी [**भवेत्**] है । [**यदा**] और जब [**चेतयिता**] आत्मा [**अनंतकं**] अनन्त [**कर्मफलं**] कर्मफलको [**विमुञ्चति**] छोड़ देता है [**तदा**] उस समय [**विमुक्तः**] बन्धसे रहित, [**ज्ञायकः दर्शकः**] ज्ञाता, द्रष्टा [**मुनिः**

स्वपरयोरेकत्वपरिणत्या चासंयतो भवति। तावदेव परात्मनोरेकत्वाध्यासस्य करणात्कर्ता भवति। यदा त्वयमेव प्रतिनियतस्वलक्षणनिर्ज्ञानात् प्रकृतिस्वभावमात्मनो बंधनिमित्तं मुञ्चति तदा स्वपरयोर्विभागज्ञानेन ज्ञायको भवति। स्वपरयोर्विभागदर्शनेन दर्शको भवति। स्वपरयो-

---

पदिक--यावत्, एतत्, प्रकृत्यर्थं, चेतयितृ, एव, अज्ञायक, तावत्, मिथ्यादृष्टि, असंयत, यदा, चेतयितृ, कर्म-फल, अनन्तक, तदा, विमुक्त, ज्ञायक, दर्शक, मुनि। **मूलधातु**--लि मुक्लृ मोक्षणे, भू सत्तायां। **पदविवरण**--जा यावत् ण न एव ताव तावत् जया जदा तया तदा--अव्यय। एस एषः--प्रथमा एक०। पयडीयट्ठं प्रकृत्यर्थं--अव्यय। चेया चेतयिता--प्र० ए०। विमुंचए विमुंचति--वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया।

भवति] संयमी है।

तात्पर्य—जब तक यह जीव कर्मफलमें एकत्वबुद्धिको नहीं छोड़ता है तब तक यह जीव अपने मिथ्या अध्याससे अज्ञानी है व कर्ता-भोक्ता है।

टीकार्थ—जब तक यह आत्मा अपने और प्रकृतिके पृथक्-पृथक् प्रतिनियत स्वभावरूप लक्षणके भेदज्ञानके अभावसे अपने बन्धको निमित्तभूत प्रकृतिस्वभावको नहीं छोड़ता, तब तक अपने और परके एकपनेके ज्ञानसे अज्ञायक होता है, अपने परके एकपनेके दर्शन (श्रद्धान) से मिथ्यादृष्टि होता है, अपनी परके एकपनेकी परिणतिसे असंयत होता है, और तभी तक पर और आत्माके एकपनेका अध्यास करनेसे कर्ता होता है। परन्तु जिस काल यही आत्मा अपने और प्रकृतिके पृथक्-पृथक् प्रतिनियत स्वलक्षणके निर्णयरूप ज्ञानसे अपने बन्धके निमित्तभूत प्रकृतिस्वभावको छोड़ देता है उस काल अपने परके विभागके ज्ञानसे ज्ञायक होता है, अपने और परके विभागके श्रद्धानसे दर्शक होता है, अपने परके विभागकी परिणतिसे संयत होता है और उसी समय अपने परके एकपनेका अध्यास न करनेसे अकर्ता होता है। **भावार्थ**—यह आत्मा जब तक अपना और परका प्रतिनियत लक्षण नहीं जानता, तब तक भेदज्ञानके अभाव से कर्मप्रकृतिके उदयको अपना समझकर वैसे विकल्परूपसे परिणमता है। यों वह मिथ्यादृष्टि अज्ञानी असंयमी होकर कर्ता होता हुआ कर्मका बन्ध करता है। किन्तु जब भेदज्ञान हो जाता है तब उसका न कर्ता बनता है न कर्मका बन्ध करता है केवल ज्ञाता द्रष्टा रहता हुआ स्व-भावके अनुरूप परिणमता है।

अब भोक्तापन भी आत्माका स्वभाव नहीं है इसकी सूचना करते हैं--**भोक्तृत्वं** इत्यादि। **अर्थ**—कर्तापनकी तरह भोक्तापन भी इस चैतन्यका स्वभाव नहीं है यह अज्ञानसे ही भोक्ता है। अज्ञानका अभाव होनेसे भोक्ता नहीं होता। **भावार्थ**—कर्मफलसे निराला ज्ञानमात्र आत्मस्वरूपका सानुभव ज्ञान पा लेनेके बाद ज्ञानी कर्मफलका अभोक्ता है।

विभागपरिणत्या च संयतो भवति तदैव च परात्मनोरेकत्वाध्यासस्याकरणादकर्ता भवति ॥
भोक्तृत्वं न स्वभावोऽस्य स्मृतः कर्तृत्ववच्चितः । अज्ञानादेव भोक्तायं तदभावादवेदकः ॥१६६॥
॥ ३१४-३१५ ॥

अयाणओ अज्ञायकः—प्र० ए० । हवे भवेत्—विधिलिङ् अन्य पुरुष एक० । मिच्छाइट्ठी मिथ्यादृष्टिः—प्रथमा एक० । असंजओ असंयतः—प्र० ए० । कम्मप्फलं कर्मफलं—द्वितीया एक० । अणंतयं अनंतकं—द्वितीया एक० । विमुत्तो विमुक्तः—प्र० ए० । हवइ भवति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० । जाणओ ज्ञायकः पासओ दर्शकः मुणी मुनिः—प्रथमा एकवचन ॥ ३१४-३१५ ॥

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व छन्दोंमें बताया गया था कि जीव भेदविज्ञानके अभावसे प्रकृतिके निमित्त अपना विचित्र उत्पाद विनाश करता हुआ बद्ध और संसारी बनता है । अब इन दो छन्दोंमें बताया है कि यह जीव जैसे ही कर्मफलको छोड़ देता है वैसे ही यह ज्ञाता द्रष्टा संयमी निर्बन्ध होता है ।

तथ्यप्रकाश—(१) जब तक जीवके आत्मस्वभाव व कर्मस्वभावके विषयमें यथार्थ ज्ञान नहीं है तब तक जीव रागादिकर्मोदयरूप प्रकृत्यर्थको नहीं छोड़ता है । (२) जब तक जीव प्रकृत्यर्थको नहीं छोड़ता तब तक वह रागादिरूप अपनेको श्रद्धान करनेसे मिथ्यादृष्टि है । (३) जब तक जीव प्रकृत्यर्थको नहीं छोड़ता तब तक वह चैतन्यमात्र अपनेको न जाननेसे अज्ञानी है । (४) जब तक जीव प्रकृत्यर्थको नहीं छोड़ता तब तक वह अपनेको रागादिरूप अनुभवनेसे रागादिरूप आचरण करनेसे असंयमी है । (५) जब तक जीवके परभावमें आत्मत्वका अध्यास है तब तक वह कर्ता होता है । (६) जब यह जीव आत्मस्वभाव व कर्मस्वभावके प्रतिनियत स्वलक्षणका यथार्थ ज्ञान कर लेता है तब यह जीव प्रकृत्यर्थको अर्थात् कर्मफलको छोड़ देता है । (७) कर्मफलको छोड़ देने वाला आत्मा शुद्धबुद्धैकस्वभाव आत्मतत्त्वका श्रद्धानी होनेसे सम्यग्दृष्टि है । (८) कर्मफलको छोड़ देने वाला आत्मा भूतार्थ अन्तस्तत्त्वका ज्ञाता होनेसे सम्यग्ज्ञानी है । (९) कर्मफलको छोड़ देने वाला आत्मा ज्ञानस्वरूप अंतस्तत्त्वके अनुरूप ज्ञानवृत्तिरूप परिणमनेसे संयमी है । (१०) कर्मफलको छोड़ देने वाला आत्मा आत्मस्वभाव व कर्मस्वभावमें एकत्वका अध्यास न कर सकनेसे अकर्ता है ।

सिद्धान्त—(१) भेदविज्ञानके प्रतापसे आत्मा स्वरूपकी उपलब्धि करता है । (२) कर्मफलको त्यागकर ज्ञानवृत्तिमात्रसे परिणमनेके प्रतापसे आत्मा कर्मसे विमुक्त होता है ।

दृष्टि—१– ज्ञाननय (१९४) । २– शुद्धभावनापेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिकनय (२४ब) ।

प्रयोग—प्रकृतिस्वभाव रागादिभावको छोड़कर चैतन्यचमत्कारमात्र अन्तस्तत्त्वमें उपयोग लगाना ॥ ३१४-३१५ ॥

अण्णाणी कम्मफलं पयडिसहावट्ठिओ दु वेदेइ ।
णाणी पुण कम्मफलं जाणइ उदियं ण वेदेइ ॥३१६॥

अज्ञानी विधिफलको, प्रकृतिस्वभावस्थ होय अनुभवता ।
ज्ञानी उदित कर्मफल-को जाने भोगता नहिं है ॥३१६॥

अज्ञानी कर्मफलं प्रकृतिस्वभावस्थितस्तु वेदयते । ज्ञानी पुनः कर्मफलं जानाति उदितं न वेदयते ॥ ३१६ ॥

अज्ञानी हि शुद्धात्मज्ञानाभावात् स्वपरयोरेकत्वज्ञानेन, स्वपरयोरेकत्वदर्शनेन, स्वपरयोरेकत्वपरिणत्या च प्रकृतिस्वभावे स्थितत्वात् प्रकृतिस्वभावमप्यहंतया अनुभवन् कर्मफलं वेदयते । ज्ञानी तु शुद्धात्मज्ञानसद्भावात्स्वपरयोर्विभागज्ञानेन स्वपरयोर्विभागदर्शनेन स्वपरयोर्विभागपरिणत्या च प्रकृतिस्वभावादपसृतत्वात् शुद्धात्मस्वभावमेकमेवाहंतयानुभवन् कर्मफलमुदितं ज्ञेय-

---

नामसंज्ञ—अण्णाणि, कम्मफल, पयडिसहावट्ठिअ, णाणि, पुण, कम्मफल, उदिय, ण । **धातुसंज्ञ**—वेद वेदने, जाण अवबोधने । **प्रातिपदिक**—अज्ञानिन्, कर्मफल, प्रकृतिस्वभावस्थित, तु, ज्ञानिन्, पुनर्, कर्म-

---

अब ज्ञानीके भोक्तृत्वका निरूपण करते हैं—[**अज्ञानी**] अज्ञानी [**प्रकृतिस्वभावस्थितः**] प्रकृतिके स्वभावमें ठहरता हुआ [**कर्मफलं**] कर्मके फलको [**वेदयते**] भोगता है [**पुनः**] और [**ज्ञानी**] ज्ञानी [**उदितं**] उदयमें आये हुए [**कर्मफलं**] कर्मके फलको [**जानाति**] जानता है [**तु**] परन्तु [**न वेदयते**] भोगता नहीं है ।

तात्पर्य—अज्ञानी तो कर्मविपाकमें आत्मीयबुद्धिसे परिणत होकर कर्मफलको भोगता है, किन्तु ज्ञानी कर्मफलको परभाव जानकर अपने ज्ञानस्वभावके अभिमुख होता हुआ कर्मफल को मात्र जानता है, भोगता नहीं ।

टीकार्थ—अज्ञानी निश्चयसे शुद्ध आत्माके ज्ञानके अभावके कारण स्व-परके एकपनेके ज्ञानसे स्व-परके एकत्वके श्रद्धानसे और स्व-परके एकपनेकी परिणतिसे प्रकृतिके स्वभावमें स्थित होनेसे प्रकृतिके स्वभावको ही अहंबुद्धिपनेसे अनुभव करता हुआ कर्मके फलको भोगता है । परन्तु ज्ञानी शुद्ध आत्माके ज्ञानके सद्भावके कारण अपने और परके भेदज्ञानसे, अपने परके विभागके श्रद्धानसे और स्व-परकी विभागरूप परिणतिसे प्रकृतिके स्वभावसे दूरवर्ती होने से शुद्ध आत्माके स्वभावको एकको ही अहंरूपसे अनुभव करता हुआ उदयमें आये हुए कर्मके फलको ज्ञेयमात्रताके कारण जानता ही है, परन्तु उसका अहंरूपसे अनुभव किया जानेके लिये अशक्यता होनेसे भोगता नहीं है । **भावार्थ**—अज्ञानीको शुद्ध आत्मतत्त्वका ज्ञान नहीं है, इस कारण जो कर्म उदयमें आता है उसीको अपना स्वरूप जान भोगता है, और ज्ञानीके शुद्ध आत्मानुभव हो गया है, इस कारण प्रकृतिके उदयको अपना स्वभाव नहीं जानता सो उसका

मात्रत्वात् जानात्येव न पुनस्तस्याहंतयाऽनुभवितुमशक्यत्वाद्वेदयते ॥ अज्ञानी प्रकृतिस्वभाव-निरतो नित्यं भवेद्वेदको ज्ञानी तु प्रकृतिस्वभावविरतो नो जातुचिद्वेदकः । इत्येवं नियमं निरूप्य निपुणैरज्ञानिता त्यज्यतां शुद्धैकात्ममये महस्यचलितैरासेव्यतां ज्ञानिता ॥१९७॥ ॥ ३१६ ॥

फल, उदित, न । **मूलधातु**—विद चेतनाख्याननिवासेषु, ज्ञा अवबोधने । **पदविवरण**—अण्णाणी अज्ञानी—प्रथमा एक० । कम्मफलं कर्मफलं—द्वितीया एक० । पयडिसहावट्ठिओ प्रकृतिस्वभावस्थितः—प्र० एक० । दु तु पुण पुनः ण न—अव्यय । वेदेइ वेदयते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । णाणी ज्ञानी—प्रथमा एक० । कम्मफलं कर्मफलं—द्वि० एक० । जाणइ जानाति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एक० क्रिया । उदियं उदितं—द्वि० ए० । वेदेइ वेदयते—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया ॥ ३१६ ॥

ज्ञाता ही रहता है भोक्ता नहीं होता ।

अब इसी अर्थको कलशरूप काव्यमें कहते हैं—**अज्ञानी** इत्यादि । **अर्थ**—अज्ञानी जीव प्रकृतिस्वभावमें लीन होता हुआ सदाकाल उसका भोक्ता है, और ज्ञानी प्रकृतिस्वभावसे विरक्त रहता हुआ कभी भी भोक्ता नहीं है । सो इस प्रकार तत्त्वनिपुण पुरुषोंको ज्ञानीपने और अज्ञानीपनेके नियमको विचार करके अज्ञानीपनेको तो छोड़ना चाहिये और शुद्ध आत्म-मय एक तेज (प्रताप) में निश्चल होकर ज्ञानीपनेको सेवना चाहिये ।

प्रसंगविवरण—अनन्तरपूर्व दो छन्दोंमें बताया गया था कि जब तक जीव प्रकृतिस्व-भावको नहीं छोड़ता है तब तक वह अज्ञानी है और जब ही कर्मफलको अर्थात् प्रकृतिस्वभाव को छोड़ देता है तब ही वह निर्बन्ध ज्ञाता द्रष्टा हो जाता है । अब इस गाथामें उस अज्ञानीही व ज्ञानीके विषयमें बताया है कि अज्ञानी तो कर्मफल भोगता है और ज्ञानी मात्र कर्मफलको जानता है ।

तथ्यप्रकाश—(१) अज्ञानीको सहज शुद्ध आत्मस्वरूपका ज्ञान नहीं है । (२) शुद्धात्मत्वका ज्ञान न होनेसे अज्ञानी स्व व परमें एकत्वका ज्ञान दर्शन व परिणमन करता है । (३) स्व-परमें एकत्वका ज्ञान श्रद्धान परिणमन होनेसे जीव प्रकृतिस्वभावमें स्थित कहलाता है । (४) प्रकृतिस्वभावमें स्थित होनेसे जीव प्रकृतिस्वभावको अहंरूपसे अनुभव करता है । (५) प्रकृतिस्वभावको अहंरूपसे अनुभवता हुआ जीव कर्मफलको भोगता है । (६) ज्ञानीको सहज शुद्ध आत्मस्वरूपका ज्ञान है । (७) शुद्धात्मस्वरूपका ज्ञान होनेसे ज्ञानीके स्व व परमें भिन्नताका ज्ञान है, भिन्नताका श्रद्धान है और विभागरूपसे परिणमन है । (८) स्वपरविभाग का ज्ञाता प्रकृतिस्वभावसे हट जाता है । (९) प्रकृतिस्वभावसे हटनेके कारण ज्ञानी शुद्ध सहज आत्मस्वरूपको ही अहंरूपसे अनुभवता है । (१०) एक शुद्धात्मस्वरूपको अहंरूपसे अनुभवता हुआ जीव उदित कर्मफलको ज्ञेयमात्रपना होनेसे मात्र जानता है । (११) कर्मफलमें अहंरूपसे

अज्ञानी वेदक एवेति नियम्यते—

ण मुयइ पयडिमभव्वो सुट्ठुवि अज्झाइऊण सत्थाणि ।
गुडदुद्धं पि पिबंता ण पण्णया णिव्विसा हुंति ॥३१७॥

नहिं छोड़ता प्रकृतिको, अभव्य अच्छे भि शास्त्रको पढ़कर ।
गुड़ दूध पान कर ज्यों, न सर्प निर्विष कभी होते ॥३१७॥

न मुंचति प्रकृतिमभव्यः सुष्ठ्वपि अधीत्य शास्त्राणि । गुडदुग्धमपि पिबंतो न पन्नगा निर्विषा भवंति ॥३१७॥

यथात्र विषधरो विषभावं स्वयमेव न मुञ्चति, विषभावमोचनसमर्थसशर्करक्षीरपानाच्च न मुञ्चति । तथा किलाभव्यः प्रकृतिस्वभावं स्वयमेव न मुञ्चति प्रकृतिस्वभावमोचनसम-

---

नामसंज्ञा—ण, पयडि, अभव्व, सुट्ठु, वि, सत्थ, गुडदुद्ध, पि, पिबंत, ण, पण्णय, णिव्विस । **धातुसंज्ञा**—मुंच त्यागे, अहि इ अध्ययने, हो सत्तायां । **प्रातिपदिक**—न, प्रकृति, अभव्य, सुष्ठु, अपि, शास्त्र, गुडदुग्ध, अपि, पिबन्त्, न, पन्नग, निर्विष । **मूलधातु**—मुच्लृ मोक्षणे, अधि इङ् अध्ययने अदादि, पा पाने भ्वादि, भू सत्तायां । **पदविवरण**—ण न सुट्ठु सुष्ठु वि अपि—अव्यय । मुयइ मुंचति—वर्तमान लट् अन्य पुरुष एकवचन क्रिया । पयडि प्रकृति—द्वितीया एक० । अभव्वो अभव्यः—प्रथमा एकवचन । अज्झाइऊण

अनुभव किया जाना अशक्य होनेसे ज्ञानी जीव कर्मफलको भोगता नहीं है ।

सिद्धान्त—(१) अज्ञानी कर्मफलका भोक्ता है । (२) ज्ञानी कर्मफलका मात्र साक्षी है ।

दृष्टि—१– भोक्तृनय (१६१) । २– अभोक्तृनय (१६२) ।

प्रयोग—विकारको अपनानेसे दुःख भोगना पड़ता है यह जानकर परभाव विकारसे उपेक्षा करके शुद्ध एक आत्ममय चैतन्यमें उपयोगको स्थिर करना ॥ ४१६ ॥

अब अज्ञानी भोक्ता ही है ऐसा नियम कहते हैं—[**अभव्यः**] अभव्य [**सुष्ठु**] अच्छी तरह [**शास्त्राणि**] शास्त्रोंको [**अधीत्य अपि**] पढ़कर भी [**प्रकृतिं न मुञ्चति**] प्रकृतिको अर्थात् प्रकृतिस्वभावको नहीं छोड़ता [**पन्नगाः**] जैसे कि सर्प [**गुडदुग्धं**] गुड़सहित दूधको [**पिबंतः अपि**] पीते हुए भी [**निर्विषाः**] निर्विष [**न भवंति**] नहीं होते ।

तात्पर्य—विकारमें अहंपनेका श्रद्धान होनेसे शास्त्रोंको पढ़कर भी अभव्य विकारके लगावको नहीं छोड़ता, अतः वह कर्मफलको भोगता ही है ।

टीकार्थ—जैसे इस लोकमें सर्प अपने विषभावको स्वयं नहीं छोड़ता तथा विषभावके मेटनेको समर्थ ऐसे मिश्रीसहित दूधके पीनेसे भी नहीं छोड़ता उसी तरह अभव्य वास्तवमें प्रकृतिस्वभावको स्वयमेव भी नहीं छोड़ता और प्रकृतिस्वभावके छुड़ानेको समर्थ द्रव्यश्रुतके ज्ञानसे भी नहीं छोड़ता । क्योंकि इसके नित्य ही भावश्रुतज्ञानरूप शुद्धात्मज्ञानका अभाव होने

र्थद्रव्यश्रुतज्ञानाच्च न मुञ्चति, नित्यमेव भावश्रुतज्ञानलक्षणशुद्धात्मज्ञानाभावेनाज्ञानित्वात् । अतो नियम्यतेऽज्ञानी प्रकृतिस्वभावे स्थितत्वाद्वेदक एव ॥ ३१७ ॥

अधीत्य–असमाप्तिकी क्रिया कृदन्त, सत्थाणि शास्त्राणि–द्वितीया बहु० । गुडदुद्धं गुडदुग्धं–द्वितीया एक० । पिबंता पिबन्तः–प्रथमा बहु० । पण्णया पन्नगाः–प्रथमा बहु० । णिव्विसा निर्विषाः–प्रथमा बहु० । हुंति भवंति–वर्तमान लट् अन्य पुरुष बहुवचन क्रिया ॥ ३१७ ॥

